अदिति (ती), (स्त्री०) न+दा+डिति वा ङीष् । दातुं छेत्तुं अयोग्यायां भुवि । काटी न जानेहारी पृथिवी, दैत्योंकी माताका नाम "दिति" (ती) है । यहां न० त० होसेने देवताओंकी माता । दक्षप्रजापतिकी कन्या । कश्यपकी स्त्री । पुनर्वसु नक्षत्र (तारा) जिसका देवता अदिति (ती) मानागयाहै । दो+क्तिन् दितिः खण्डस्तद्रहितः । विभागके बिना (त्रि०).

अदितिज, (पु०) अदितेर्जायते जन्+ड ५ त० देवता.

अदीन, (त्रि०) दी+क्त न० त० । जो कायर न हो । उदार । खुलादिल.

अदृष्ट, (न०) दृश्+क्त न० त० । न देखागया । पुण्य और पापरूप भाग्य (इन्द्रियोंसे तो इसका प्रत्यक्ष नहिं होता इसलिये अदृष्ट संज्ञा है)। भयआदि (अदृष्टहेतुक)

अदृष्टपूर्व, (त्रि०) न पूर्वं दृष्टः सह सुपेति स० परनिपातः । जिसे पहिले नहिं देखा । नयादेखागया.

अदृष्टि, (स्त्री०) विरुद्धा दृष्टिः विरोधार्थे न०त० । दया रहित देखना । क्रोधके साथ टेढ़ादेखना । न देखना ब० जिसकी नजर नहो (त्रि०).

अद्धा, (अव्य०) अत्यते अत् तां, सन्ततगमनं, ज्ञानं वा दधाति क्विप् । सच्चाई । सत्यता । सामने । साफ । निश्चय । बहुत । अचानक.

अद्भुत, (न०) अततीत्यत् अव्ययं आकस्मिकार्थे तथा भातिभा+डुतच् । उल्कापात आदि जो अचानकही होजाताहै । अलङ्कारशास्त्रमें प्रसिद्ध नव रसोंके बीचमें एकरस जिसका स्थायिभाव विस्मय है.

अद्भुतस्वन, (पु०) अद्भुतः स्वनो यस्य, स्वन्+अच् ब० महादेव । आश्चर्यशब्द । आश्चर्य्यशब्दवाला (त्रि०)

अद्य, (अव्य०) अस्मिन्नहनि इदम् शब्दस्य निपातः सप्तम्यर्थे आजका दिन । आजसे लेकर.

अद्यतन, (त्रि०) अद्यभवः, अद्य+ट्युर्तुडागमश्च । आजकी वस्तु स्त्रियां ङीप् । अद्यतनी । आजवाली चीज. [अव.

अद्यत्वे, (अव्य०) इदम् शब्दस्य इदानीमित्यर्थे निपातः

अद्यश्वीना, (स्त्री०) अद्य श्वः परदिने वा प्रसोष्यते अद्य+श्वस्+खटिलोपः । आज वा कल्ह जनेगी । वह गर्भवती स्त्री कि जिसका प्रसव निकट आरहाहो.

अद्रि, (पु०) अद्+क्रिन् । पर्वत । वृक्ष । सूर्य । एकप्रकारका माप.

अद्रिकर्णी, (स्त्री०) अद्रिः अद्रिनामिका गिरिबालमूषिका तस्याः कर्णः कर्णतुल्यं पत्रं यस्याः गौरादित्वात् ङीष् बालमूषिकाके समान पत्तोंवाली अपराजिता नाम एक बेल.

अद्रिकीला, (स्त्री०) अद्रयः कुलाचलाः कीलाः शङ्कव इव यस्याः ब० बड़े २ पर्वत जिसके मानों कील हैं । पृथिवी.

अद्रिज्, (न०) अद्रौ जायते जन्+ड ७ त० । शिलाजतु इस नामसे प्रसिद्ध गन्धद्रव्य । गेरी नामसे प्रसिद्ध द्रव्य । जो कुछ पहाड़पर उत्पन्न हो.

अद्रितनया, (स्त्री०) अद्रेर्हिमाचलस्य तनया । पार्बती.

अद्रिभित् (द्), (पु०) अद्रिं भिनत्ति भिद्+क्विप् ६ त० । इन्द्र । पर्वतोंको काटनेहारा.

अद्रिभू, (स्त्री०) अद्रावपि भवति भू+क्विप् ७ त० । अपराजिता नामी बेल (यह पर्वतपर उत्पन्न होतीहै)

अद्रिराज्, (पु०) अद्रीणां राजा टच् समा० । हिमालय पर्वत. [समान दृढ़ हो.

अद्रिसार, (पु०) अद्रेः सार इव लोहा । जो पत्थरके

अद्रीश, (पु०) अद्रीणां अद्रेर्वा ईशः ६ त० । हिमालय, शिव, पर्वतका स्वामी.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अद्वय, (न०) द्व्यवयवं नञ्भाव० । सजातीय (अपने समान) विजातीय (अपनेसे विरुद्ध) स्वगत (अपनेमें भेद जैसे वृक्षका पत्र फूल फलके साथ) भेदशून्य परब्रह्म । अपने समान दूसरेके बिना । कोई वस्तु जो दोनोंसे शून्य हो (त्रि०) जिसके मतमें दो न हो । बुद्धभेद (पु०).

अद्वयवादिन्, (पु०) अद्वयं वदति । वद्+णिनि । सर्वही चैतन्यस्वरूप है, इससे भिन्न कुछ नहिं, ऐसा बोलनेवाला । अद्वैतवादी (एकबिन दूसरी वस्तु न माननेवाला) वेदान्तशास्त्रको माननेहारा । बाहिर अर्थके अभावसे सम्पूर्ण वस्तुज्ञानस्वरूपस्वीकार करनेहारा बौद्ध । स्त्रियां ङीप् । वादिनी.

अद्वितीय, (त्रि०) न द्वितीयः सदृशो यस्य न० ब० । अपने समान दूसरेके बिना । केवल । एक परमात्मा । ब०.

अद्वैत, (त्रि०) द्विधा इतं भेदं गतं द्वीतं तस्य भावः द्वैतं तन्नास्ति यस्य ब० । सजातीयादि भेदशून्य केवल परमात्मा.

अद्वैतवादिन्, (त्रि०) अद्वैतं सर्वं एव चिदात्मकं वदतीति, वद्+णिनि । जो कुछ है सबी चैतन्यस्वरूप है ऐसा बोलनेहारा । सीपीमें चांदी, और रस्सीमें जैसे साँपकी प्रतीति होतीहै और उनके यथार्थ ज्ञान होनेपर जैसे चांदी और साँपकी बुद्धि निवृत्त होजातीहै, वैसे ही यह चराचरप्रपञ्च चैतन्य आत्मामें प्रतीत होरहाहै, और चैतन्य आत्माके यथार्थ ज्ञान होनेपर सम्पूर्ण बाह्य आडम्बर निवृत्त होजाताहै, इस प्रकार कथन करनेहारा वेदान्ती । बुद्धविशेष (जो सम्पूर्ण बाहिरकी वस्तुओंको ज्ञानस्वरूप स्वीकार कर्ताहै).

अधःक्षिप्त, (त्रि०) अधोमुखेन क्षिप्तम्, क्षिप्+क्त-शाक० त० । नीचेमुखके भार रक्खा गया । झुकाया गया । औंधे मुँ किया गया । नीचे रक्खागया.

अधःपुष्पी, (स्त्री०) अधोमुखानि पुष्पाणि अस्याः, जातित्वात् ङीष् । सुल्फा नामसे प्रसिद्ध अवाक्पुष्पी वृक्ष.

अधन, (त्रि०) नास्ति धनं स्वाधीनतया यथेष्टं उपयोक्तुं यस्य ब० । भार्या, पुत्र, दास आदिके पास धनहोनेपर भी वे उस धनको अपनी इच्छापूर्वक अपने स्वामीकी आज्ञाबिन भोग नहिं सक्ते क्योंकि वे जो कुछ लाभ कर्ते हैं वह उनके स्वामीका है इसलिये वे तीनों निर्धन हैं । धनरहित । जिसके पास थोड़ा धन हो । "भार्या-पुत्रश्च दासश्च त्रय एवाधनाः स्मृताः । यत्ते समधिगच्छन्ति यस्यैते तस्य तद्धनम्" इति स्मृतिवचनम्.

अधम, (त्रि०) अव+अम धादेशः अधोभवः अधस्+मः, अन्त्यलोपो वा । कुत्सित । निन्दाके योग्य । नीच । बुरेकाम करनेहारा.

अधमर्ण, (त्रि०) अवश्यदेयं ऋणं तत् अधमं शोध्यं यस्य ब० । ऋण लेनेहारा । कर्ज़ा उठानेहारा कर्ज़ाई.

अधमाङ्ग, (न०) अधमं अङ्गं कर्म० । चरण । पाँव । पाद.

अधर, (पु०) न ध्रियते, धृङ्+अच् न० त० ऊपर वा नीचेका ओठ (होठ) । पृथिवीके साथ न मिलाहुआ । नीचे । तल (त्रि०).

अधरात्, (अव्य०) अधस्+प्रथमायाः पञ्चम्याः सप्तम्या वा आति अन्त्यलोपः । नीचेका भाग । नीचेसे.

अधरेण, (अव्य०) अधरस्मिन् देशे, काले दिशि वा अधर+एनप् नीचे । पश्चिम दिशा.

अधरेद्युस्, (अव्य०) अधरस्मिन्नह्नि, अधर+एद्युस् । परदिन । परसों जो आवेगा.

अधर्म्म, (पु०) ध्रियतेऽनेन, धृ+मनिन्, विरोधे न०त० । धर्म्मका विरोधी वेदद्वारा निषेध किये गये कामसे उत्पन्न हुआ पाप । जीवोंको मारना । पुण्यरूप धर्म्मसे शून्य (त्रि०) गुण किम्वा धर्म्मसे रहित परब्रह्म (न०).

अधश्चरः, (पु०) अधःकर्मणि स्तेयादौ चरतीति चर्+ट चोर । नीचस्थानमें जानेहारा (त्रि०) स्त्रियां ङीप्.

अधःशय्या, (स्त्री०) शीङ्+क्यप् शय्या ७ त० । पृथिवीपर लेटना, भूमिशयन.

अधस्, (अव्य०) अधर+असि, अधरशब्दस्थाने अधादेशश्च । पाताल । कोई स्थान जो नीचे हो । अर्थवशसे प्रथमा पञ्चमी और सप्तमी विभक्तिके अर्थ भी अनुमान किये जाते हैं. [भांति नीचेका अर्थ.

अधस्तात्, (अव्य०) अधर+अस्ताति । अधःशब्दकी

अधि, (अव्य०) न+धा+कि । अधिकार । ऐश्वर्य्य । हक़ । ज्यादती । आधीयते दुःखमनेनेति आ+धा+किंवा ह्रस्व । मनकी पीड़ा (पु०). [कारभेद.

अधिक, (त्रि०) अधि+क । ज्यादा । अनेक । अर्थालं-

अधिकरण, (न०) अधि+कृ+ल्युट् । आश्रय (जैसे न्यायाधिकरण) व्याकरणशास्त्रमें प्रसिद्धकर्ता और कर्म्मद्वारा क्रियाका आश्रय अधिकरण नाम कारक (अर्थात् सप्तमी विभक्ति) जैसे "गेहे स्थाल्यामन्नं पचति" इत्यादि उदाहरणमें घर कर्ताद्वारा, और थाली कर्म्मद्वारा, परम्परासे पकानारूप क्रियाका आश्रय है । "अधिक्रियते निर्णयार्थं विचारोऽस्मिन्" पूर्वोत्तरमीमाँसाशास्त्रमें प्रसिद्ध एक अर्थको प्रतिपादन करनेहारा न्यायसमूह विषय, संशय, पूर्वपक्ष, सिद्धांत, निर्णयस्वरूप पाँच अंगोंको बोधन करनेहारा वाक्यसमुदाय । तत्र विचारनेके योग्य वाक्यको विषय, क्या यह ठीक है वा नहिं इस प्रकार विषयीभूत वाक्यार्थमें संशय करना विकल्प, संशयास्पद दोनों पक्षोंके बीच असत् (झूठे) पक्षमें युक्तिदर्शनवाक्य पूर्वपक्ष, पूर्वपक्षोक्त युक्तिको खण्डन कर सत् (सच्चे) पक्षमें युक्तिको दिखानेहारा वाक्य सि-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

द्धान्त, अनन्तर सिद्धान्तमें सिद्ध हुए अर्थका उपसंहार (समाप्त) करनेहारा वाक्य निर्णायकवाक्य कहाजाता है। (इसका विस्तार वाचस्पत्यभिधानमें वहुत पायाजाताहै).

अधिकरणविचाल, (पु०) अधिकरणस्य विचालः अन्यथाकरणं, वि+चल्+घञ् ६ त०। द्रव्यकी दशाके भेदसे संख्याका भेद करना। एकको अनेक बनाना वा अनेकको एक करना इति भाष्यम्। एक राशिके पाँच भाग करने किम्वा पञ्चस्वरूपको इकट्ठा करलेना (पांचोंका एक करना)। यह अधिकरणकी संख्याका विचाल समझना.

अधिकर्मिक, (पु०) (न०) अधिकृत्य हट्टं कर्म्मणेऽलं अधि+कर्म्मण्+ठ। दुकानका मालिक। हट्टका स्वामी। दुकानदारोंसे किराया लेनेहारा.

अधिकाङ्ग, (पु०) अधिकोऽङ्गात्। कवचको धारण करनेहारे योधाओंसे कवचकी दृढ़ताके लिये वांधीगई पट्टिका आदि। ब० जिसका अंग अधिक हो। बड़े हुवे वा ज़ियादा अंगवाला (त्रि०).

अधिकार, (पु०) अधि+कृ+घञ्। अरम्भ। स्वामित्व (इच्छापूर्वक क्रयविक्रयको सम्पादन करनेहारा) पैतृकाधिकार। स्वत्व (हक़)। विनियोज्यपुरुषका सम्बन्धी जैसे विहितकर्म्ममें ब्राह्मणादिका अधिकार है। राजाओंका छत्रचिह्नादिधारणमें अधिकार है। जैसे इस व्यक्तिको छाता पकडनेका अधिकार है। प्रकरण। व्याकरणशास्त्रमें प्रथमसूत्रमें ग्रहण कियेगये पदादिकी उत्तरसूत्रमें अनुवृत्ति करनी (अधिकारसूत्र).

अधिकारविधि, (पु०) अधिकारे फलस्वाम्ये विधिर्विधानं, वि+धा+कि ७ त० कर्म्मसे उपजा फल भोगनेवालेको जतानेहारी विधि (नियम) जैसे "यजेत" इससे यज्ञसे उपजे फलको भोगनेवाला स्वर्गका अभिलाषी बोधन किया है.

अधिकार्थवचन, (न०) अधिकार्थस्य स्तुतिनिन्दाभ्यां आरोपितस्य वस्तुधर्म्मात् अतिरिक्तस्य वचनम्, वच्+ल्युट् ६ त० स्तुति वा निन्दासे आरोप कियेगये वस्तुके धर्म्मसे भिन्नका कथन करना। स्तुत्यर्थवाद। निन्दार्थवाद.

अधिकृत, (पु०) अधि+कृ+क्त। आमदनी औ खर्चको देखनेहारा। मालिक। कर्म्मजन्य फलका सम्बन्धी। जिसको किसी कामका अधिकार दिया गया हो (त्रि०).

अधिक्षिप्त, (त्रि०) अधि+क्षिप्+क्त। रक्खागया। निन्दाकिया गया। तिरस्कार कियागया.

अधिक्षेप, (पु०) अधि+क्षिप्+घञ्। तिरस्कार.

अधिगत, (पु०) अधि+गम्+क्त। जानागया। पायागया। स्वीकार कियागया.

अधिगम, (पु०) अधि+गम्+घञ्। जान्ना। पाना। मान्ना।

अधित्यका, (स्त्री०) अधि+त्यकन्। पर्वतके ऊपरकी भू

अधिदेवता, (स्त्री०) देव एव देवता, अधिका देव देवताया अपि ईश्वरत्वात्। सूर्य आदि ग्रहस्वरूप दे ईश्वर रुद्र आदि (जिसका आश्रय ले सूर्य आदि अप काम कर रहेहैं).

अधिदैवत, (न०) देवतैव स्वार्थे अण्। हिरण्यग अन्तर्यामी पुरुष (पु०) वह चक्षुरादि इन्द्रियोंके अ ष्ठाता (आश्रय) सूर्यादि देवताओंको अपने २ का लगाकर चक्षुरादि इन्द्रियोंपर अनुग्रह कर्ता है इ उसे सम्पूर्ण देवताओंका ईश्वर कहते हैं.

अधिप, (त्रि०) अधि+पा+क। राजा। प्रभु। स्वामी

अधिपति, (पु०) अधि+पा+डति। प्रभु। स्वामी.

अधिभू, (पु०) अधिभवति स्वामीभवति। स्वाम्यर्थेऽ धिः, भू+क्विप् प्रभु। नायक। मालिक.

अधिमांसक, (पु०) अधिको मांसो यत्र ब० कप्। ए प्रकारका दांतोंका रोग। "हनुस्थे पश्चिमे दन्ते महा थो महारुजः। कालाम्रायी कफकृतो विज्ञेयः सोधिमां कः" वैद्यकं.

अधिमास, (पु०) अधिको रविमासात् अतिरिक्तः शु प्रतिपदादिदर्शान्तश्चान्द्रो मासः प्रा० स०। मलमा अधिकमास। सूर्य्यकी संक्रान्तिसे भिन्न मास। जिस हीनेमें दो अमावस हों। लोंदका महीना.

अधिराज, (पु०) अधिको राजा प्रा० स० टच्। सार्वभौ चक्रवर्ती। राजोंका राजा। बारह मण्डलका राजा.

अधिरोहिणी, (स्त्री०) अधिरुह्यतेऽनया। अधि+रुह करणे ल्युट् "सीड़ि" इस नामसे प्रसिद्ध लकड़ी आदि बना ऊंचे स्थानपर चढ़नेका साधन। पौडिआं.

अधियज्ञ, (पु०) अधिकृतः स्वामितया यज्ञो यस्य ब० विष्णु.

अधियोग, (पु०) अधि+युज्+घञ्। अधिको योगः प्र स०। ज्योतिष्शास्त्रमें प्रसिद्ध यात्राके लिये शुभ योग वह यह है कि गमनसमयके लग्नमें, किम्वा लग्न चौथे, पाँचवे, सातवें, नववें, वा दसवें स्थानमें बुध बृह ति शुक्रके मध्यमें दोनोंका एकस्थानपर होना। ऐसे यो में यात्रा करनेवालेका कल्याण और शत्रुहानि यह फल

अधिवास, (पु०) अधि+वस्+घञ्। निवास। चन्द माला आदिसे संस्कार। अधिवासयति देवता अने अधि+वस्+णिच्+करणे घञ्। यज्ञके आरम्भ होने प्रथम दिवस जिसमें देवतास्थापन आदि कर्म्म कि जाताहै.

अधिवासन, (न०) अधि+वस्+णिच् अधिकरणे ल्युट् यज्ञारंभ होनेसे पहिला दिन, जिसमें देवताका स्थापना कर्म्म कियाजाता है। भावे ल्युट्। गन्धमाल्यादिसे पूज दिका संस्कार करना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अधिविन्ना, (स्त्री०) विद्+भावेक्त । अधि उपरि विन्नं विवाहोऽस्याः । प्रथम विवाहिता स्त्री । जिसपर सौति न आई हो । "आधिविन्नस्त्रियै देयम्" इति स्मृतिः.

अधिश्रयण, (न०) अधि उपरि श्रयणं पाकार्थं स्थापनं, श्रीञ् भावे ल्युट् । चुल्लीके ऊपर टिकाना । चुल्लीके ऊपर रखकर पकाना । अधिकरणे ल्युट् । पाक करनेका स्थान । करणे ल्युट्, टित्वात्ङीप् । चुल्ली । चूला (प्रसिद्ध).

अधिष्ठातृ, (त्रि०) अधि+स्था+तृच् षत्वं । अध्यक्ष । मालिक । जो हरएक कामके होने न होनेको देखता है । प्रबंध करनेहारा । मुन्तज़िम.

अधिष्ठान, (न०) अधि+स्था+ल्युट् । वेदान्तशास्त्रमें प्रसिद्ध आरोपका अधिकरण " अधिष्ठानावशेषो हि विनाशः कल्पितवस्तुनः" अधिकरणे ल्युटि । नगर । करणे ल्युटि । पहिया । प्रभाव. [पढ़ना (न०).

अधीत, (त्रि०) अधि+इङ्+क्त । पढ़ाहुवा । भावे क्त ।

अधीतिन्, (त्रि०) अधीतं अनेन । अधीत+इनि । जो पढ़चुका हो. [त्त । काबूमें आगया । अधि+ख.

अधीन, (त्रि०) अधिगतं इनं प्रभुं, गति० स० । आय-

अधीर, (त्रि०) धीरः धैर्य्यान्वितः, न० त० । चञ्चल । जो अपनेको काबूमें नहिं रख सक्ता.

अधीश, (त्रि०) अधिक ईशः प्रा० स० । अधिकप्रभु । सार्वभौम । चक्रवर्ती । शाहँनशाह.

अधीश्वर, (त्रि०) अधिक ईश्वरः प्रा० स० । चक्रवर्ती स्त्रियां ङीष् । अधीश्वरी.

अधीष्ट, (न०) अधि+इष्+भावे क्त । आदरके साथ किसी बातके लिये आज्ञा देना । कर्म्मणि क्त । आदरसे नियोग किया गया. [इस समय । अब.

अधुना, (अव्य०) अस्मिन् काले इदम् शब्दस्य नि०

अधुनातन, (त्रि०) भवार्थे अधुना+टयुल् । अब होनेवाला । अबका.

अधृष्ट, (त्रि०) धृष् निर्लज्जत्वे+क्त न० त० । लज्जाशील.

अधृष्य, (त्रि०) धृष्-अर्हार्थे+यत्, न० त० । जिसे निरादर करना वा दबाना उचित नहीं.

अधोंऽशुक, (न०) अधर+प्रथमार्थे असि । अधरस्य अधादेशश्च । पहिरनेका कपड़ा । नीचेका कपड़ा.

अधोऽक्षज, (पु०) अक्षात् इन्द्रियात् जायते अक्षजं प्रत्यक्षज्ञानं, जन्+ड ५त० अधरं अग्राहकत्वात् हीनं तद्यस्य ब० । जिसका इन्द्रियोंसे प्रत्यक्ष नहिं होता । विष्णु । " अधो न क्षीयते यस्मात् तस्मादधोऽक्षजः"इति.

अधोजिह्विका, (स्त्री०) अल्पा जिह्वा जिह्विका अल्पार्थे क, अधोऽधरा जिह्विका कर्म्म० । आलजिभ इस नामसे प्रसिद्ध तालुमें रहनेहारी जीभ । तालुस्थजिह्विका.

अधोभुवन, (न०) अधोऽधरं भुवनं लोकः कर्म्म० । भूमीके नीचेका भाग । पाताललोक.

अधोमुख, (त्रि०) अधो मुखं यस्य ब० । जिसका मुख नीचेकी ओर हो । ज्योतिष्शास्त्रमें प्रसिद्ध नक्षत्र (कईएक तारे) । यथा " मूलाश्लेषा कृत्तिका च विशाखा भरणी तथा । मघा पूर्वात्रयं चैव अधोमुखगणः स्मृतः" । गोजिह्वानामी वृक्ष (स्त्री०) टाप्. [नीचे । पाताल.

अधोलोक, (पु०) अधोऽधरो लोकः, कर्म० । भूमीके

अध्यक्ष, (त्रि०) अधिगतोऽक्षं व्यवहारं, अत्या० स० । राजाके छाते पकड़ने आदिका काम जिसे दियागया हो । आमदनी और खर्चका हिसाब रखनेहारा । अध्यक्ष्णोति व्याप्नोति अधि+अक्ष+अच् । व्यापक । चारोंओर फैलाहुआ । अधिगतं मूलतया अक्षं इन्द्रियं, गति० स० । प्रत्यक्षज्ञान । अर्शआदित्वात् अचि । प्रत्यक्षज्ञानका विषय । जो सामने दीखसके.

अध्यग्नि, (अव्य०) अग्नौ अग्निसमीपे वा विभक्त्यर्थे सामीप्यर्थे वा अव्ययी० । आगमें वा आगके पास । अग्निकी साक्षीमें विवाहके समय स्त्रिओंके तईं दियागया धन आदि (न०) धर्म्मशास्त्रमें इसी अर्थका नियम कियागया है । यथा । "विवाहकाले यत् स्त्रीभ्यो दीयते ह्यग्निसन्निधौ । तदध्यग्निकृतं सद्भिः स्त्रीधनं परिकीर्तितम्" इति-

अध्यधीन, (त्रि०) अधिकोऽधीनः । प्रा० स० । जो बहुत आधीन हो । दास.

अध्ययन, (न०) अधि+इङ्+ल्युट् । पढ़ना । गुरुके मुखसे बोलेगयेके अनुसार बोलना । केवल अक्षरोंका पाठ करना " अध्ययन" है, यह वैदिकमत है, अर्थसहित अक्षरोंका ग्रहण करना " अध्ययन" है यह मीमांसकोंका मत समझना चाहिये. [जो अपने आधेके साथ हो.

अध्यर्द्ध, (त्रि०) अधिकं अर्धं यस्य ब० । कोई चीज

अध्यवसाय, (पु०) अधि+अव+सो+घञ् । " यह ऐसेहीहै" इस प्रकार किसी विषयके विचारमें निश्चय करना । " वह आत्मका धर्म्म है " यह नैयायिक कहते हैं । "बुद्धिका धर्म्म है" यह सांख्यादिका मत समझना । सांख्यतत्वकौमुदीमें इसका लक्षण यूं लिखाहै कि जिस समय इन्द्रियें विषयोंको ग्रहण कर्ती हैं तो प्रत्येक विषयकी भिन्न वृत्तियें उपजतीहैं ऐसे समयमें रजस्तमोगुणको तिरस्कार कर बुद्धिवृत्तिका जो सत्वगुणको प्रबल करना उसीका नाम अध्यवसाय किम्वा भला काम करनेकी इच्छा कहतेहैं । अथवा चित् सान्निध्यसे प्राप्तचैतन्या बुद्धिका " करना चाहिये " यह निश्चयरूप परिणाम अध्यवसाय है । उत्साह । दिलेरी । शौक.

अध्यात्म, (अव्य०) आत्मनि देहे मनसि वा विभक्त्यर्थे अव्ययी० । आत्मा, देह, किम्वा चित्तका अधिकरण (आश्रय) । वह विद्या जिसमें आत्मतत्वका विचार हो । "स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते" इति गीतावचनात् । स्वभाव ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

भावका स्वरूप। व्यापक चैतन्य परब्रह्म। इसी अध्यात्म-विद्या आदि शब्दोंका वेदान्तादिमें यही अर्थ प्रसिद्ध है.

अध्यापक, (त्रि०) अधि+इङ्+णिच्+ण्वुल्। ऊपर कहे गये अध्ययनको करानेहारा। पढ़ानेहारा। उपाध्याय.

अध्यापन, (न०) अधि+इङ्+णिच्+भावेल्युट्। पढ़ाना। युचि तु स्त्रीत्वात् टापि। अध्यापना। इसी अर्थमें.

अध्याय, (पु०) अधि+इङ्+घञ्। पढना। वेदादिशास्त्र-का अंशविशेष जो किसी एक अर्थके विषयकी समाप्तिको प्रकाश कर्ताहै। इसे कई नामोंसे निर्देश कर्ते हैं जैसे सर्ग, वर्ग, परिच्छेद, उद्घात, अध्याय, अङ्क, संग्रह, उच्छ्वास, परिवर्त, पटल, काण्ड, स्थान, प्रकरण, पर्व, उल्लास, आह्निक, और परिच्छेदप्रभृति. [नेहारा। अधिक.

अध्यारूढ, (त्रि०) अधि+आ+रुह्+क्त (कर्तरि) चढ़-

अध्यारोप, (पु०) अधि+आ+रुह्+णिच्-पुक्च् घञ्। औरमें दूसरेकी बुद्धि करना। मिथ्याज्ञान। कुछ आश्रय ले औरही मान बैठना जो वहां नहिं है जैसे असर्पभूता रज्जु (रस्सी)में सांपको मानना, वैसेही जगत्से भिन्नरूप ब्रह्ममें जगत्रूप चढ़ादेना (मानलेना) ऐसा झूठा ज्ञान.

अध्यावाहनिक, (न०) अध्यावाहनं पितृगृहात् भर्तृगृहागमस्तत्काले लब्धं। अधि+आ+वह्+ल्युट् ततः लब्धार्थे ठन् ठस्येक। वह धन जो स्त्रीको पिताके घरसे भर्ताके घरमें जानेके समय मिलता है। जैसे "यत् पुनर्लभते नारी नीयमाना हि पैतृकात्। अध्यावाहनिकं नाम स्त्रीधनं परिकीर्तितं"इति स्मृतिः। स्त्रीधन (एकप्रकारका).

अध्याशन, (न०) अधि+आ+अश्+ल्युट्। भोजनपर भोजन। एकवार भोजन करके फिर भोजन करलेना.

अध्यास, (पु०) अधि+अस्+घञ्। औरमें औरकी बुद्धि करना। अध्यारोप (मिथ्याज्ञान)। अधि+आस्+घञ्। बैठनेका स्थान। आसन.

अध्यासित, (त्रि०) अधि+आस्+क्त। अधिष्ठित। आश्रित। आसरा दिया गया। णिचि। निवेशित। स्थापन कियागया। रक्खागया। कायम कियागया.

अध्याहार, (पु०) अधि+आ+हृ+घञ्। अस्पष्टार्थवाक्यस्य शब्दान्तरकल्पनाद्वारा स्पष्टकरणम्। वह वाक्य जो साफ समझमें नहिं आसक्ता, उसे किसी दूसरे शब्दकी कल्पना कर साफ कर देना। वाक्यको पूरा करनेके लिये शब्दका जोड़ना। आकाङ्क्षित पदका अनुसन्धान करना। ऊहा। तर्क। दलील। अपूर्वोत्प्रेक्षण.

अध्यूढ, (पु०) अधि+वह्+क्त। प्रभु। धनी। चढ़नेहारा (त्रि०) अधि उपरि ऊढ उद्वाहो यस्याः, ब०। एक स्त्रीके होतेहुए दूसरा विवाह करनेवालेकी पहिली स्त्री (स्त्री०) कृतसापत्निका स्त्री.

अध्येषण, (न०) अधि+इष्-प्रेरणे+ल्युट्। प्रार्थना। दूसरेसे कोई वस्तु लेनेके लिये सत्कारपूर्वक प्रार्थना करना.

अध्रुव, (त्रि०) ध्रु+क, न० त०। चञ्चल। विकारवा... अनित्य। अस्थिर (जो कायम न रहे).

अध्वग, (पु०) अध्वन्+गम्+ड। पथिक। रास्तेमें ...नेहारा। सूर्य्य। ऊंठ। जो कोई रास्तेमें चले (त्रि० ...ङ्गा (स्त्री०).

अध्वगभोग्य, (पु०) अध्वगेन अतिसौलभ्यात् अय... भ्यफलत्वाच्च भोग्यं ३ त०। पथिकको सहजसे ... सकताहै इसीलिये भोगनेके योग्य है। आमड़ानाम... सिद्ध आम्रातकका दरख्त.

अध्वजा, (स्त्री०) अध्वनि जायते, जन्+ड० त०। ...ना नामसे प्रसिद्ध स्वर्णपुष्पीका दरख्त.

अध्वस्, (पु०) अधि (बलं) अद्+क्वनिप् (धादे... पथ। मार्ग। बहुत कठिनाईसे चढ़ना। (सबको ख... नेसे) काल। मारनेहारा जीव। अद्यते खण्डशो भक्ष्यते ... न करणे घञ्। अवयव। भाग. [पथि

अध्वनीन, (त्रि०) अध्वानं अलं गच्छति, अध्वन्+...

अध्वन्य, (त्रि०) अध्वानं अलं गच्छति, अध्वन्+... पथिक.

अध्वर, (पु०) अध्वानं सत्पथं राति, रा+क। यज्ञ... ध्वरति कुटिलो न भवति, ध्व+अच्, न० त०। सा... न। आठ वसुओंमें दूसरा वसु.

अध्वरथ, (पु०) अध्वैव रथो यस्य ब०। मार्गकी भ... भांति जानेहारा दूत। अध्वने हितः पर्याप्तो रथो ... ब०। मार्गमें जाने योग्य रथ.

अध्वर्य्यु, (पु०) अध्वरं इच्छति, अध्वर,+क्यच्+यु... ततोऽन्त्याकारलोपः। यजुर्वेदको जानेहारा होम... ऋत्विज (पुरोहित).

अन्-जीना, अदा० पर० अक० सेट्। अनिति-आ...

अन्-जीना, दिवा० आत्म० अक० सेट्। अन्यते-आ...

अनक्ष, (त्रि०) नास्ति अक्षं चक्रं, नेत्रादिकमिन्द्रियं... यस्य-ब०। चक्रके बिना। नेत्र आदि इन्द्रियोंसे रहि...

अनक्षर, (न०) अप्रशस्तानि अक्षराणि यत्र, ब०। ... अच्छे अक्षर न हों। अच्छे गुणोंको छिपाकर दोषोंको ...काश करनेहारा वचन। न कहनेयोग्य। निन्दाका ...न। गालि नामसे प्रसिद्ध दुष्ट वचन.

अनक्षि, (पु०) अप्रशस्तं मन्दं अक्षि, न० त०। ... नेत्र। ब०। तद्वति तत्र अनक्ष इत्येव टच् समासान्... जिसकी आंख मन्द हो.

अनग्नि, (पु०) नास्ति अग्निः श्रौतः स्मार्तो वा अस्य। ... वा स्मार्त विधिसे अग्निको स्थापन न करनेहारा ... आदि। सर्वथा अग्निसे शून्य संन्यासी.

अनघ, (त्रि०) नास्ति अघं पापं दुःखं व्यसनं काङ्क्षा... यस्य। पापशून्य। दुःखहीन। व्यसन (बुरी आद... शून्य। स्वच्छ.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनङ्ग, (न०) नास्ति अङ्गं आकारो यस्य । आकाश । चित्त । कामदेव (पु०) जिसके अङ्ग न हों ऐसा कोई (त्रि०). [मसे गुरु लघु अक्षरोंकी रचना होती है.

अनङ्गशेखर, (पु०) दण्डकभेद छन्दोविशेष। जहां क-

अनच्छ, (त्रि०) न अच्छः निर्मलः न० त० । कलुष । अप्रसन्न । मैला.

अनञ्जन, (न०) न अज्यते लिप्यते, अञ्ज कर्मणि ल्युट् न० त० । आकाश जिसका किसीसे सम्बन्ध नहिं । परब्रह्म । अञ्जनं दोषस्तद्रहिते नारायणे । दोषरहित नारायण । (पु०) कोई वस्तु जो दोषरहित हो (त्रि०).

अनडुह्, (पु०) अनः शकटं वहति, नि० एड़ा नामसे प्रसिद्ध गौ । बैल । स्त्रियां गवि ङीपि । अनडुही, और अनड्वाही.

अनध्याय, (पु०) अध्यायोऽध्ययनं अभावार्थे, न० त०। न पढ़ना । न अधीयतेऽस्मिन् कालेइति अधिकरणे घञ्। वह समय जब पढ़ना न चाहिये । जैसे " चातुर्मास्यद्वितीयायां मन्वादिषु युगादिषु । अष्टकासु च संक्रान्तौ शयने बोधने हरेः । अनध्यायं प्रकुर्वीत" और भी जब बिजली गिरे । पृथिवी काँपे इत्यादि अनध्यायके काल हैं.

अनन्त, (पु०) नास्ति अन्तः गुणानां यस्य, ब० । जिसके गुणोंका अन्त न हो । " गन्धर्व, अप्सरा, सिद्ध, किन्नर, उरग, और चारण जिसके गुणोंका पार नहिं पासक्ते इसीसे वह अनन्त कहाजाता है" ऐसे लक्षणवाला विष्णु । बादल । शेषनाग जिसका बहुत सिर होनेसे अन्त नहिं आसक्ता । शेषनागका अवतार बलभद्र (बलराम) । अन्तः परिच्छेदः देशतः कालतः वस्तुतश्च यस्य नास्ति । देश, काल, और वस्तुसे जिसका परिमाण नहिं हो सक्ता अर्थात् परब्रह्म । आकाश । (न०) बडा फैलाहुआ सिन्धुवार नाम वृक्ष । (पु०) अवधि (हद) शून्य । इयत्ता (वह इतना है) शून्य । ऐसी कोई वस्तु जिसकी अवधि वा इयत्ता नहिं (त्रि०).

अनन्तव्रत, (न०) अनन्तस्य व्रतं उपासनार्थत्वात् ६ त० भादोंके शुक्लपक्षकी चतुर्दशीके दिन करने योग्य अपने नामसे प्रसिद्ध एक व्रत.

अनन्ता, (स्त्री०) नास्ति अन्तोऽस्याः ब० । जिसका अन्त न हो । विशल्यानामी औषध । एक प्रकारकी जड़ जिसका नाम अनन्तमूल है । पार्वती । पृथिवी । कुशा । हरीतकी (हरीड़) । आमलकी (आवला) । गुड़ूची । अग्निमन्थ वृक्ष । अग्निशिखा वृक्ष । श्यामलता । पिप्पली.

अनन्यज, (पु०) नास्ति अन्यत् यस्मात् तस्मात् जायते जन्+ड ५त० । जिस्से भिन्न और कुछ नहिं अर्थात् सम्पूर्ण वस्तुओंका भेद उसीका स्वरूप है, तात्पर्य, विष्णु। उस्से उपजा अर्थात् कामदेव.

अनन्यवृत्ति, (त्रि०) न अन्यस्मिन् ध्येयभिन्ने वृत्तिर्यस्य ब० । जिसकी ध्येयके विना दूसरेमें वृत्ति नहो । एकान्त चित्त.

अनन्वय, (त्रि०) नास्ति अन्वयो यत्र ब० । अन्वयशून्य सम्बन्धरहित । अर्थालङ्कारका एक भेद.

अनय, (पु०) अयः शुभावहो विधिः तदन्यः न० त० । अशुभदैव । दौर्भाग्य (बुरी किसमत) । जूआ खेलनेवालोंके दहिनी ओर जाना । नयोनीतिः नी+अच् न० त० । नीतिका न होना । ब० । वह जो नीतिसे शून्य व्यवहार करे (त्रि०).

अनर्गल, (त्रि०) अर्गलं द्वाररोधकस्तम्भः ब० । दर्वाजेको रोकनेवाले थम्भेके बिना । (होड़ेके बिना) । प्रतिबन्धकशून्य । बिन रोक. [मोल नहो.

अनर्घ, (त्रि०) अर्घो मूल्यं न० ब० । अमूल्य । जिसका

अनर्थ, (पु०) अर्थः प्रयोजनं विरोधे न० त० । प्रयोजनके विरुद्ध । अनिष्ट (न चाहागया) । ब० । अभीष्ट रहित विष्णु (पु०) आप्तकाम होनेसे । अर्थोभिधेयः प्रयोजनं वा नास्ति यस्य ब० । जिसका अर्थ न हो । जिसका प्रयोजन नहो । अर्थरहित मात्र (त्रि०).

अनर्थक, (न०) अर्थोऽभिधेयोऽप्राशस्त्ये नञा ब०। उरः-प्रभृति० कप्समासान्तः । समुदायार्थशून्य प्रलाप। अर्थसे बिना बचन । सम्बन्धरहित वाक्य। अर्थ (त्रि०).

अनर्थान्तरम्, (न०) अन्योऽर्थः अर्थान्तरं मयूर० त० ततः न० त० । दूसरे अर्थके विना । अभेद । जिसका एकही अर्थ हो.

अनल, (पु०) नास्ति अलः पर्याप्तिर्यस्य बहुदाह्यदहनेऽपि तृप्तेरभावात् ब० । बहुत वस्तुओंको जलाने परभी जिसे तृप्ति नहिं होती । अग्नि । आठ वसुओंमेंसे पाँचवाँ वसु । कृत्तिकानामी नक्षत्र जिसका देवता अग्नि है । चिता नामसे विख्यात चित्रक वृक्ष । (पु०) भेला नामसे प्रसिद्ध भल्लातकवृक्ष । देहमें स्थित, आयुको धारण करनेहारा पित्तनामी धातु । अव्ययी० । नलभिन्न । तृण आदिसे भिन्न । अन्+कलच् । साठ वर्षोंमें पचासवां वर्ष.

अनलप्रभा, (स्त्री०) अनलस्य प्रभेव प्रभा यस्य ब० । ज्योतिष्मतीनामी बेल.

अनलि, (पु०) अनितीत्यन्, अन्+क्विप् अन् अलिर्यत्र ब० बकनामी वृक्ष (इस वृक्षके मधु अर्थात् पुष्परसोंसे भौंरे जीवन धारण कर्त्ते हैं).

अनवधानता, (स्त्री०) अवधीयते, मनः संयुज्यते, कर्त्तव्यकर्मणि यथास्थितं प्रवर्त्ततेऽनेन, अव+धा+करणे ल्युट् अवधानं चित्तवृत्तिभेदः तन्नास्ति यस्य तस्य भावः । जिस्से कर्त्तव्यकर्म्ममें मन ठीक न लग सके । प्रमाद । भूल । कर्त्तव्यको अकर्त्तव्य जान न करना । अकर्त्तव्यको कर्त्तव्य जान करना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनवरत, (त्रि०) अव+रम्+भावेक्त अवरतम् तन्नास्ति यस्य ब० । लगातार । निरन्तर । उत्कृष्ट । अच्छा.

अनवलोभन, (न०) पुंसवनके अनन्तर चौथे मासमें कर्त्तव्य गर्भका संस्कारविशेष इस नामसे प्रसिद्ध.

अनवसर, (त्रि०) अवसरति अत्र, अव+सृ+अच्, अवसरः उचितः कालः स नास्ति यस्य ब० । जिसका ठीक समय नहिं । न० त० । ठीक समयका न होना । बेमौका.

अनवस्कर, (त्रि०) अवस्क्रियते शोध्यते, अव+कृ+अच् सुडागमः । अवस्करो मलः स नास्ति यस्य ब० । मलसे रहित । साफ । निर्मल । विमल.

अनवस्था, (स्त्री०) अव+स्था+अङ् अवस्थितिः न० त० अवस्थाका अभाव । दरिद्रता । तर्कका दोषविशेष । उपपाद्यको सिद्ध करनेके लिये उपपादकका अनुसरण करना तर्क है. जिस तर्कमें उपपाद्य और उपपादककी विश्रान्ति नहिं वह तर्क अनवस्था दोषसे दूषित है.

अनवस्थान, (न०) अव+स्था+ल्युट् न० त० अवस्थानाभाव । न ठहरना । ब० । वायु (पु०) चञ्चलमात्र (त्रि०)।

अनशन, (न०) अश्+ल्युट् न० त० अशनाभाव । न खाना । उपवास । ब० । भोजनशून्य (त्रि०)

अनस्, (न०) अनिति शब्दायते, अन्+असुन् । शकट । गड्डा । छकड़ा । करणेल्युट् । ओदन । भात । चावल । माता । (स्त्री०).

अनसूया, (स्त्री०) असू+कण्ड्वादित्वात् यक्+अङ् न० त०। गुणोंमें दोष आरोपकरना असूया है उसका न होना । गुणोंको गुण कहना । अत्रिमुनिकी स्त्री.

अनाकुल, (त्रि०) न आकुलः न० त० । न घबड़ाया हुआ । अव्यग्र । एकाग्र । स्थिर । असंकीर्ण वाक्य । न मिलाहुआ वचन । साफवचन.

अनाक्रान्ता, (स्त्री०) आक्रमितुं अयोग्या सर्वतःकण्टकावृतत्वात् आ+क्रम्+क्त न० त० चारोंओर कांटोंसे घिराहुआ होनेके कारण जो दबाया नहिं जा सक्ता । कण्टकारिवृक्ष । जो आक्रमण नहिं किया गया (त्रि०).

अनागत, (त्रि०) आ+गम्+क्त, आगतः, न० त० । भावी । आगे होनेवाला । न जानागया । जो वर्त्तमान नहिं । आनेवालेसे भिन्न.

अनागतार्त्तवा, (स्त्री०) ऋतोः स्त्रीपुष्पस्येदं विकाशनं आर्त्तवं+ऋतु+अण् न आगतं आर्त्तवं यस्याः ब० । स्त्रीधर्म्मसे (जो स्त्रियोंको प्रतिमास रज आता है) शून्य । लग्निका कन्या.

अनाचार, (पु०) आ+चर्+घञ् । अप्राशस्त्येऽभावे वा नञा त० । बुरा आचार । आचारका न होना । ब० । आचारहीन (त्रि०).

अनातप, (पु०) आ+तप्+अच् न० त० । धूपका न होना । छाया । न० । आतपशून्य (त्रि०).

अनात्मन्, (पु०) अतति सातत्येन तिष्ठति, अत्+मनिन् अप्राशस्त्ये भेदार्थे च न० त० । आत्मासे भिन्न । अनात्मा देहादि । "अप्राप्तः प्राप्यते योऽयं अत्यन्तं त्यज्यतेऽथवा । जानीयात्तमनात्मानं बुध्यन्तं वपुरादिकम्"

अनादर, (पु०) आ+दृ+अच्, आदरः गौरवहेतुका सम्मनना विरोधे नञ् त० । परिभव । तिरस्कार (वह आदरका विरोधि होता है) ब० । आदरशून्य (त्रि०).

अनादि, (पु०) आदिः कारणं पूर्वकालो वा स नास्ति यस्य । जिसका सबसे पहिला समय नहिं जाना जाय । परमेश्वर । नास्ति आदिः प्राथमिको यस्मात् ५ब० । हिरण्यगर्भ(पु०)वही सृष्टिसे पहिले उपजा था । आदिशून्य(त्रि०)

अनामन्, (न०) अननं अनः अन्+अच्, अनं जीवं अमयति, रुजति, अम्+अनि । जीवनको विगाड़नेहारा बवासीरका रोग । जिसका नाम न हो ऐसा मलमास (पु०) इस मासमें वैदिककर्म्म नहिं होते इसलिये नामरहित है । नामशून्य (त्रि०).

अनामय, (पु०) अम्+घञ्, आमं तापं याति अनेन, या+क आमयो रोगः न० त० । रोगका न होना आरोग्य । आराम । न० ब० । रोगशून्य (त्रि०).

अनामा, (स्त्री०) ब्रह्मणः शिरश्छेदनसाधनतया ग्रहणायोग्यत्वात् नास्ति नाम ग्रहणयोग्यं यस्याः ब० । मत्वात् टाप् । इस नामसे प्रसिद्ध मध्यमा और कनिष्ठा अंगुलीके बीचकी अङ्गुली । स्वार्थेकः । इसे अनामिकाभी कहते हैं, इसी अंगुलीसे महादेवने ब्रह्माके सिरको काटा था, ऐसा पुराणमें प्रसिद्ध है; इसीलिये इस अङ्गुलीको पवित्र करनेके आशयसे इसमें पवित्रनामक कुश धारण कियाजाता है.

अनायास, (पु०) आ+यस्+घञ्, अल्पार्थे न० त० प्रयत्नका न होना । अल्प यत्न । थोड़ी मिहनत । बिना क्लेश । ब० । जो प्रयत्न नहिं करता । (त्रि०).

अनायासकृत, (न०) अनायासेन अल्पप्रयत्नेन कृतं ३ त० थोड़ेही परिश्रमसे सिद्ध होने योग्य क्वाथ आदि । थोड़ी मिहनतसे किया गया ।

अनारत, (न०) आ+रम्+क्त, आरतं विरतिः, अल्पाभावे न० त० । कभी न ठहरना । सन्तत । अविरत । अविच्छेद । लगातार । ब० । कभी न ठहरनेहारा(त्रि०)

अनार्ज्जव, (पु०) ऋजोर्भाव आर्जवं सरलता स्वाच्छ्य नञा ७ ब० । कुटिलता । रोग । सरलताका न होना । कुटिल (त्रि०).

अनार्य्यक, (ज०) न० अनार्य्यदेशे आर्यावर्तादिभिन्न द्वीपान्तरादौ भवः । अनार्य्य+क । अगुरुकाष्ठ । जः पक्षे तस्मिन् जायते जन्+ड । अनार्य्यदेशमें उत्पन्न हुआ (त्रि०).

अनार्य्यतिक्त, (पु०) अनार्य्यप्रियस्तिक्तः शाक० त० चिराता नामसे प्रसिद्ध भूनिम्ब वृक्ष ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनावृत्ति, (स्त्री०) आ+वृत्+क्तिन्। न० त० अभ्यासका न होना। आगमनका न होना। बहु०। तद्वति (त्रि०) न अभ्यास करनेवाला। न दुहरानेहारा.

अनावृष्टि, (स्त्री०)आ+ईषत्–वृष्+क्तिन् न० त० थोड़ीसी वर्षाका न होना। खेतीको नाश करनेहारा उपद्रव। ईतिओंमेंसे एक।

अनाशक, (पु०) आ सम्यक् यथेच्छं आशः अशनं, आ+अश्+घञ् न०त०। यथेच्छ भोगाभाव। अपनी इच्छाके अनुसार भोगका न होना "तमेतं ब्राह्मणा विविदिषन्ति वेदानुवचनेन तपसाऽनाशकेनेति" श्रुतिः.

अनाशिन्, (पु०) न नश्यति, नश्+णिनि, न० त०, न अश्नाति कर्म्मफलं अश्+णिनि, न० त० वा। नाशशून्य। कर्म्मफलके न भोगनेहारा। परमेश्वर. [नहिं किया.

अनाश्वन्, (त्रि०) न+अश्+क्वसु नि० जिसने भोजन

अनास्था, (स्त्री०) आ+स्था+अङ् आस्था आदरः न० त० अनादर। आदरका न होना। ब०। जिसका आदर न हो.

अनाहत, (न०) आ+हन्+भावेक्त आहतं छेदो भोगो वा न० ब० नया कपडा जो न फटा और न दूसरेसे भोगा गया हो। तन्त्रशास्त्रमें प्रसिद्ध हृदयमें स्थित द्वादशदल (१२ पत्तोंवाला) कमल "शब्दो ब्रह्ममयः शब्दोऽनाहतो यत्र दृश्यते। अनाहताख्यं तत् पद्मं मुनिभिः परिकीर्त्तितम्" इस लक्षणवाला। परा, पश्यन्ती, मध्यमा, और वैखरी इस प्रकार प्रसिद्ध वृत्तिओंमें मध्यमावाक् अनाहत शब्दसे कही जाती है, क्योंकि वह हृदयपद्ममें उपजती है। ब०। कोई वस्तु जो आघात (चोट)से रहित है, (त्रि०).

अनिकेत, (त्रि०) नास्ति निकेतः नियमेन वासो यस्य ब०। नियतनिवासशून्य। जो नियमसे एक स्थानपर नहिं रहता। संन्यासी.

अनिमिष, (मेष) (पु०) नास्ति निमिषः चक्षुःस्पन्दनं यस्य, मिष् घञ् कुटादि० न गुणः मिष् भ्वादि० घञ्-वा ६ ब। चक्षुःस्पन्दनशून्य। जिसकी आंख नहिं झुमकती। देवता। मच्छली। निमेषो दृष्टिप्रतिबन्धकस्तच्छून्ये विष्णौ च। जिसकी आंख कहिं नहिं रुकती। विष्णु। न निमिषति चलतीति, नि+मिष्+क न० त०। काल। कोई वस्तु जो क्रियासे शून्य हो (त्रि०).

अनियन्त्रित, (त्रि०) नि+यन्त्र-चु+क्त न० त० नियमसे बाहिर। संकलसे निकल गया। काबूमें न आनेहारा(ब०).

अनिरुद्ध, (पु०) न केनापि युद्धेन निरुद्धः, नि+रुध्+क्त, न० त० कामदेवका पुत्र। उषाका पति। स्वतन्त्र(त्रि०) घोडा बांधनेकी रस्सी। वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, और अनिरुद्धनामी चतुर्व्यूहपरमेश्वरका न निषेध किया जानेहारा अत्यन्त चञ्चलचित्तका आश्रय अनिरुद्धनामी अंश। (त्रि०).

अनिरुद्धपथ, (न०) निरुद्धः पन्था यत्र न० ब०। आकाश। वहां किसीको रोका नहिं जा सक्ता। जो मार्ग रुका न हो (त्रि०).

अनिर्देश्य, (त्रि०) निर्देश्यं जातिगुणक्रियासंज्ञाभिर्निर्देष्टुमशक्यम्। निर्+दिश्+शक्यार्थे ण्यत् न० त०। जाति, गुण, क्रिया, और संज्ञासे जिसे कह नहिं सक्ते। निर्विशेष निधर्मिक परमात्मा (उसको जाति गुण आदि न होनेसे "वह यह है" इस रीति निर्देश नहिं किया जा सक्ता)।

अनिर्वचनीय, (पु०) निर्वचनं निरुक्तिः लक्षणादिना ज्ञापनं तदगोचरतया निर्वक्तुमशक्ये वियदादौ। जिसे लक्षणादिसे जता नहिं सक्ते। आकाश काल आदि। परमात्मा.

अनिल, (पु०) अनिति अनेन अन्+इलच्। वायु (इसीसे सब जीव प्राण धारण कर्त्ते हैं)। स्वाती नक्षत्र जिसका देवता वायु है "वातः पञ्चाशदूनका" इसमें कहे हुएके अनुसार गणदेवताका भेद। आठ वसुओमेंसे पाँचवाँ वसु.

अनिलघ्नक, (पु०) अनिलं वातरोगं हन्ति, हन्+क ततः प्राशस्त्ये क। (बयडा) इस नामसे प्रसिद्ध वृक्ष। इसका फल वातरोगको नाश करता है. [का मित्र। अग्नि.

अनिलसख, (पु०) अनिलस्य वायोः सखा टच्। वायु-

अनिलान्तक, (पु०) अनिलो वातरोगस्तस्यान्तकः, अन्तं करोतीति, अन्त+णिच् ण्वुल्। जीयापुति नामसे प्रसिद्ध वृक्ष. [वातरोग.

अनिलामय, (पु०) अनिलकृत आमयः, शाक० त०।

अनिवार, (त्रि०) नास्ति निवारो निवारणं यस्य। जिसका निवारण न हो। अविच्छेद। सतत। निरन्तर। अनिवार्य्य। न हटाने लायक। न निवारण करनेके योग्य.

अनिश, (त्रि०) निशा चेष्टाव्याघातः सा नास्ति यस्य ब०। जो सदाही कोई न कोई व्यापार कर्त्ता रहे। अविरत। निरन्तर। सदा होनेहारी वस्तु। रात्रिके विना.

अनिष्ट, (त्रि०) इष्+क्त विरोधे नञा त०। इष्टस्य सुखादेर्विरोधिनि प्रतिकूलवेदनीये दुःखे। सुखका विरोधी। जो अपनेको प्रतिकूल जान पड़े। दुःख। दुःखका साधन। पाप। विषाद। अपकार। न चाहा हुआ.

अनीक, (न०) अनित्यनेन, अन्० ईकन्। सेना (क्योंकि वह जीवनको बचाती है) न नीयते अपसार्य्यतेऽस्मात्। नी+क्विप् ब० कप् ह्रस्वाभावः। युद्ध (यहां कोई किसीको मरनेसे नहिं हटाता). [सेना.

अनीकस्थ, (पु०) अनीके युद्धे तिष्ठति, स्था+क। युद्धमें

अनीकिनी, (स्त्री०) अनीकं युद्धं प्रयोजनतया अस्त्यस्याः अनीक+इनि। जिसका प्रयोजन लड़ाई करना है। सेना। हाथी आदिकी विशेषसंख्यावाली सेना। वह संख्या यह है कि हाथी २१८७। रथ २१८७। घोडे ६५६१। पैदल १०९३५ सम्पूर्णयोग २१८७०.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनीश, (पु०) नास्ति ईशो नियन्ता यस्य ब० । जिसपर आज्ञा चलानेहारा कोई नहिं । सबको नियमपर चलानेहारा विष्णु । न० त० । ईश्वरभिन्न । स्वामीसे भिन्न.

अनीह, (त्रि०) ईह्+अङ् न० ब० । जिसकी कोई इच्छा न हो । जिसे कोई चेष्टा (व्यापार) न हो.

अनु, (अव्य०) अन्+उ । उपसर्गविशेष । सह । पीछे । निकृष्ट । सादृश्य । लक्षण । वीप्सा । इत्थम्भाव । भाग । हीन । आयाम । समीप आदि अर्थोंमें आता है.

अनुक, (त्रि०) अनुकामयते, अनु+कम्+ड । कामनावाला । कामी । जिसको विषयकी इच्छा बहुत हो. [दलील.

अनुकम्, (अव्य०) अनुकामयते,अनु+कम्+क्विप् । वितर्क ।

अनुकम्पा, (स्त्री०) अनु+कम्प+अ । दया । थोडासा हिलना.

अनुकरण, (न०) सादृश्ये, अनु+कृ+ल्युट् । अनुकरण । नकल (वह देश, भाषा, अङ्गादिसे समान कर दिखाना)। अनुक्रियतेऽनेनेति करणेल्युट् । नकल करनेका साधन.

अनुकर्ष, (ण) (पु०) अनुकृष्यते स्वसंबद्धेन चक्रेण, अनु+कृष्+घञ् । रथके नीचे रहनेहारी पहियेके ऊपर बंधीहुई लकड़ी । प्रथम सूत्रमें ग्रहण किये गये पद आदिको अगले सूत्रमें अन्वयके लिये खेंचना.

अनुकल्प, (पु०) कल्प्यते विधीयते इति, क्लृप्+णिच्+अच् । कल्पो विहितः अनु हीनः कल्पो मुख्यकल्पादधमः, प्रा० स० । गौणकल्प । प्रतिनिधि । एकके स्थानमें दूसरी वस्तुकी कल्पना करना । जैसे " यदि शहत न हो तो गुड़से काम चलाना " यह अनुकल्प है.

अनुकामीन, (त्रि०) कामस्य अभिलाषस्य सदृशं अनुकामं सादृश्येऽव्ययी० ततः गच्छतीत्यर्थे ख । अपनी इच्छापूर्वक गमन करनेहारा. [सदृशकरना.

अनुकार, (पु०) अनु+कृ+घञ् । देश, भाषा, आदिसे

अनुकूल, (त्रि०) कूलं आवरणं स्नेहेनानुबन्धमिति यावत् अनुगतस्तं अत्या० स० । सहचर । साथ चलनेहारा । सहाय । अपना पक्षपाती । अलङ्कारशास्त्रमें प्रसिद्ध एक प्रकारका नायक । सा० ३ परि०.

अनुक्रम, (पु०) अनु+क्रम्+घञ् न वृद्धिः । परिपाटी क्रम । आनुपूर्व्येऽव्ययी० । नियमानुसार.

अनुक्रमणिका, (स्त्री०) अनुक्रम्यते यथोत्तरं परिपाट्या आरभ्यतेऽनया अनु+क्रम्+करणेल्युट् स्त्रीत्वात् ङीप् स्वार्थेके ह्रस्वः । परिपाटीको जतानेहारी । भूमिका (दीवाचह) स्वार्थक भावे । अनुक्रमणी । (यहभी) । जिसमें किसी ग्रन्थका विषय संक्षेपसे दिखाया जाय.

अनुक्रोश, (पु०) अनुक्रोशति अनेन क्रुश् बुलाना और रोना+घञ् । दया । अनुगतः क्रोशं गति स० । जो एक कोसपर पहुंचा हो (त्रि०). [स्वामी । नौकर.

अनुग, (त्रि०) अनु+गम्+ड । पीछे जानेहारा । सहचर ।

अनुगत, (त्रि०) अनु+गम्+क्त । शरणापन्न । आधी[न] पीछे जानेहारा । साथ जानेहारा । सामान्य धर्मके ग्रह[ण] जो सम्पूर्ण विशेषधर्म्मका ग्रहण कियाजाय.

अनुगम, (पु०) अनु+गम्+घञ्, वृद्ध्यभावः । पीछे जा[ना] सहायी होना । आधीन होना । सामान्य धर्मसे स[म्पूर्ण] विशेषरूपोंका संग्रह करना.

अनुगुण, (त्रि०) अनुकूलो गुणो यस्य । अनुकूल । अ[नु]गत । आज्ञापर चलनेहारा । किसी बातमें विरोध दिखानेहारा.

अनुग्रह, (पु०) अनु+ग्रह+अप् । अभीष्ट सम्पादनेच्छा रूपे प्रसादे । इस प्रकारकी प्रसन्नता दिखानी कि जि[स] दूसरेका मनोरथ पूर्ण हो । अनुकूलता । ऐसी कृपा जिसमें किसीका वा अपना अनिष्ट निवारण कर [इष्ट] साधन किया जाय । " विरूप, उन्मत्त, निर्धन इ[नको] निन्दारहित दान और मानसे पूरण करनेका नाम अनु[ग्रह] कहा है" दरिद्र आदिका पोषण करना । ग्रहो ग्रहणं [सू]र्यादि ग्रहो वा अनुगतस्तं गतिस० ग्रहके पास । [सू]र्य आदि ग्रहके पास.

अनुचर, (त्रि०) अनु+चर्+ट । सहचर । साथ जानेहारा पीछे जानेहारा । दास आदि । स्त्रियां ङीप् । अनुगत[श्च] दूतं गतिस० । दूतानुग । दूतके पीछे जानेहारा (त्रि०)

अनुज, (त्रि०) अनु पश्चात् जायते जन् ड । पीछे उत्[पन्न] हुआ सहोदर भ्राता । वैसीही भगिनी (बहिन) (स्त्री०)

अनुजीविन्, (पु०) अनुजीवितुं, आश्रयितुं शीलमस्य अनु+जीव+णिनि । सेवक । आश्रित.

अनुज्ञा, (स्त्री०) अनु+ज्ञा+अङ् । आदेश । हुकम.

अनुतर्ष, (न०) अनुतृष्यतेऽनेन करणे घञ् । सुरापा[न] पात्र । मद्यपीनेका कटोरा वा पियाला । मद्य । मद्यपान भावे घञ् । अभिलाष । पीनेकी इच्छा.

अनुताप, (पु०) अनु+तप्+घञ् । इदमनुचितं कृतमि[ति] स्वकृतवस्तुनो दुःखजनकतया ज्ञानेन पश्चात्तापे । [ब] अयोग्य किया है इस प्रकार अपनी कीहुई बातके जा[नने] दुःखजनकताके कारण पश्चात्ताप करना । पश्चात्ताप पछताना.

अनुत्तर, (त्रि०) उत्तर उत्तमः नञा ५ ब० । अत्य[न्त] श्रेष्ठ । बहुत अच्छा ६ ब० उत्तरके बचनसे रहित । [जि]सका उत्तर नहिं दिया गया । न० त० । उत्तरकी दिशा[से] भिन्न (और) (स्त्री०)

अनुदात्त, (पु०) उच्चैरात्तः उच्चारितः उदात्तः न० त[०] अक्षर बोलनेके स्थान कण्ठ आदिमें किसी स्वरको नी[चे] बोलनेका यत्नविशेष । स्वरोंका नीचा स्वर.

अनुदित, (पु०) उत+इण्+क्त ईषदर्थे न० त० । [व]ह समय कि जिसमें थोड़ासा सूर्य उदय हो और कहीं २ तारे दृष्टिगोचर हों " उदितेऽनुदिते चैव" इति मनुः.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनुद्रुत (त्रि०) अनु+द्रु+क्त । पश्चाद्गत । पीछे गया । " आधी मात्राको द्रुत और द्रुतके आधेको अनुद्रुत कहते हैं " ऐसे लक्षणवाला बजानेके लिये समय विशेष.

अनुधावन, (न०) अनु+धाव्+ल्युट् । पीछेजाना । तत्व-निश्चयके लिये पीछे जाना । अनुसन्धान । तालाशकरना । पीछे भागना.

अनुध्या, (स्त्री०) अनु+ध्यै+अङ् । अनुचिंतन । अनुग्रह । आसक्ति । वारवारसोचना । कृपा करना । एक वातमें लगजाना । किसी विषयमें विशेष संगकरना.

अनुनय, (पु०) अनु+नी+अच् । विनय । प्रार्थना । प्रणिपात । झुकना । सान्त्वन (ठंडाकरना).

अनुनासिक, (पु०) अनुगता नासां अत्या०स० तत्रोच्चार्यमाणार्थे ठ । वर्गोंके अन्त्याक्षर ङ,ञ,ण,न,म, जिनका नासासहित मुखसे उच्चारण किया जाता है.

अनुपद, (अव्य०) पदस्य पश्चात् अव्ययी० । पीछे जाना । अव्यवधान । बिना फरक । अनुगतं पदं । अत्या० स० पीछेजानेहारा (त्रि०).

अनुपदिन्, (त्रि०) अनुपदं अन्वेष्टा, अनुपद+ अन्वेष्टरीत्यर्थे इनि । अन्वेषणाकर्ता । खोजनेहारा । गौओंकी तालाशकरनेहारा (कई ऐसा कहते हैं (स्त्रियां ङीप् ।

अनुपदीना, (स्त्री०) अनुपदस्य आयामतुल्यायामः आयामेऽव्ययी० अनुपदं कद्वा इत्यर्थे ख । पांव बराबर लम्बी पांवमें बांधी गई खडाओं । मौजा इसनामसे प्रसिद्ध.

अनुपपत्तिः (त्रि०) उप+पद+ क्तिन् । उपपत्तिर्युक्तिः न० त० । युक्ति (दलील) का न होना । असङ्गत जिसका सम्बन्ध न बने.

अनुपम (त्रि०) उप+मा+अञ् न० त० । उपमाशून्य । सादृश्यरहित । उत्तम । जिसके बराबर और कोई न हो । कुमुद नाम दिशाके हाथीकी स्त्री (स्त्री०).

अनुपरत, (त्रि०) उप+रम्+क्त+न० त० । न हटाहुआ । जिसकी इच्छा निवृत्त न हो.

अनुपलब्धि, (स्त्री०) उपलभ्+क्तिन्+ न० त० । लाभका न होना । न मिलना । प्रत्यक्षका अभाव । आंखसे न दीखना । अनुपलब्धिमें कई एक कारण हैं " अतिदूरात् सामीप्यात् इन्द्रियघातात् मनोऽनवस्थानात् । सौक्ष्म्यात् व्यवधानात् अभिभवात् समानाभिहारात् च" इस प्रकार सांख्यकारिकामें कहे हैं.

अनुपसंहारिन्, (पु०) उप+सम्+हृ+णिच्+णिनि । न्यायमतमें कहागया एक प्रकारका हेत्वाभास (दुष्टहेतु)। ऐसा हेतु कि जिसमें अन्वय एवं व्यतिरेकका कोई दृष्टान्त न बन सके । जैसे " सर्वं अनित्यं प्रमेयत्वात्" इस अनुमानमें " सर्व" को " पक्षत्व" होनेसे अन्वयमें दृष्टान्त नहिं हो सक्ता और नांही व्यतिरेकमें दृष्टान्त बनता है क्योंकि " सर्व " को प्रमेयता होनेसे उसका अभाव (अप्रमेयत्व) कहींभी सिद्ध नहिं हो सक्ता.

अनुपाकृत, (त्रि०) उप+आ+कृ+क्त न० त० । मन्त्रोंसे यज्ञमें पशुका पूजन आदि संस्कार उपाकरण कहलाता है. उससे रहित.

अनुपात, (पु०) अनु+पत्+करणे घञ् । अङ्कशास्त्रमें प्रसिद्ध त्रैराशिक । पहिले अङ्क आनेके अनुसार दूसरे अङ्कका आना । भावे घञ् । पीछे गिरना.

अनुपातक, (न०) अनुपातयति स्वानुरूपं नरकं गमयति अनु+पत्+णिच्+ण्वुल् । ब्रह्महत्या आदि महापातकके समान वेदनिन्दा आदिसे उत्पन्न हुआ एक प्रकारका पाप । ये सम्पूर्ण पाप पैंतीस कारणोंसे उत्पन्न होनेके कारण संख्यामें ३५ हैं.

अनुपान, (न०) अनु भेषजेन सह पश्चात् वा पीयते कर्मणि ल्युट् । औषध (दवाई)का अङ्ग । उसके साथ वा पीछे पीने योग्य मधु गुड़ आदि । जलके पास (अव्य०) जल सामीप्ये अव्य०. [सिलसिलेवार.

अनुपूर्व्व, (पु०) अनुगतं पूर्वं परिपाटीं गति स० यथाक्रम ।

अनुप्रास, (पु०) अनु+प्र+अस्+घञ् । स्वरवैषम्य (स्वरभेद) होने परभी तुल्यवर्णोंकी रचनावाला अलङ्कार । काव्यालङ्कारविशेष । तुल्यवर्णोंकी रचना.

अनुप्लव, (पु०) अनु+प्लु+अच् । सहाय करनेहारा । अनुचर । दास.

अनुबन्ध, (पु०) अनु+बन्ध्+यथायथं भावादौ घञ् । बांधना । इच्छापूर्वक दोष करना । वातपित्तादि दोषोंमेंसे अप्रधान, । धातु, प्रत्यय, आगम, और आदेशमें गुण, वृद्धि आदि कार्यविशेषके लिये लगाया गया कोई वर्ण, जो कि पदकी सिद्धिकालमें इत् होकर लोप हो जाता है । मुख्यको अनुसरण करनेहारा अप्रधान । कथन किये गयेको अनुसरण करनेहारा संबन्ध । पीछे होनेवाला शुभ परिणाम । शास्त्रके प्रारम्भमें कथन करनेके उचित अधिकारी, विषय, प्रयोजन और सम्बन्धकी रचना । फलका साधन । पुत्र, वा शिष्य जो अपने माता पिता वा आचार्य्यका अनुसरण कर्ता है । निरन्तर वंशका होना.

अनुबन्धिन्, (त्रि०) अनुबध्नाति, अनु+बन्ध्+णिनि । सहचर । अनुचर, व्यापक । दास । फैलाहुआ । स्त्रियां ङीप्.

अनुबन्धी, (स्त्री०) अनुबध्यतेऽतिश्वासेन व्याप्रियतेऽनया, अनु+बन्ध्+घञ् गौरा० ङीष् । हिक्का रोग । हिचकी । तृष्णा.

अनुबन्ध्य, (त्रि०) वधार्थे बन्धोऽनुबन्धः ण्यत् । मारनेके लिये बांधीगई गौ आदि यज्ञमें.

अनुबोध, (पु०) अनु+बुध्+णिच् घञ् । पहिले लेप किये-गये चन्दन आदिके गन्धको उद्दीपनकरनेके लिये फिर मर्दन करना । पीछे जानना.

अनुभव, (पु०) अनु+भू+अप् । वह ज्ञान जो स्मरणसे

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

भिन्न हो. सबसे पहिला ज्ञान (जो किसी संस्कारके बिना हो).

अनुभाव, (पु०) अनुभावयति उद्बोधयत्यनेन, अनु+भू+णिच्+करणे घञ् । राजाओंका विशेष तेज जो कोष दण्ड आदिसे उत्पन्न होता है । सामर्थ्य । कर्तरि अच् । अलङ्कारशास्त्रमें प्रसिद्ध रसको प्रकट करनेहारा । " जो मनोगतभावको साक्षात् प्रकट करें वे अनुभाव कहे जाते हैं" इस प्रकारके लक्षणवाला भौंका चढाना आदि.

अनुमत, (त्रि०) अनु+मन्+क्त । आपही किसी काममें लगनेपर " हां यह कीजिये " ऐसे प्रोत्साहनके लिये मानागया । सम्मत । मंजूर.

अनुमति, (स्त्री०) अनु+मन्+क्तिन् । मान लेना । अनुज्ञा करना । सलाह । अनुमन्यते कलाहीनत्वेऽपि पूर्णिमाविहित यागादिकरणायानुज्ञायतेऽस्यां, अधिकरणे क्तिन् । कलासे हीन चन्द्रमावाली शुक्ल चतुर्दशीयुक्त पूर्णिमा तिथि ।

अनुमन्तृ, (त्रि०) अनु+मन्+तृच्+ । आप उदासीन रहकर कार्यमें प्रवृत्तहुए दूसरेका उत्साह बढानेके लिये अनुज्ञा करनेहारा, मान्नेहारा.

अनुमरण, (न०) अनु+मृङ्+ल्युट् । भर्ता मरगया इसका देह न मिला तो उसकी खडाओं आदि ले पृथक् चितापर चढ़ स्त्रियोंका शरीर छोडना । पीछे मरना.

अनुमान, (न०) अनु+मि+मा वा+भावादौ ल्युट । व्याप्त (थोडे देशमें रहनेहारे)का निश्चय करना । जैसे अग्नि धूमका व्यापक है तो धूम उसका व्याप्तहुआ इस प्रकार दोनोंका कईवार पाकस्थान आदिमें सहचार (इकठ्ठा रहना) देख पीछे कभी पर्वत आदिमें उठरही शिखावाले धूमका दर्शन कर वहां (पर्वत आदिमें) "आग है" यह निश्चय होता है । करणेल्युट् । अनुमानका साधन धूम आदि । श्रुतिहीको स्वतःप्रामाण्य है, जहां साक्षात् श्रुति नहिं सुनीजाती वहां स्मृतिवाक्यसे श्रुतिवाक्यका अनुमान करना इसप्रकार श्रुतिका अनुमान करानेहारा स्मृतिवाक्यभी अनुमानपदसे कहाजाता है ऐसा मीमांसक कहते हैं. [किसी चीजको जान्ना.

अनुमिति, (स्त्री०) अनु+मि मा-वा क्तिन् । हेतु वा तर्कसे

अनुमोद, (पु०) अनु+मुद्+घञ् । " तूने जो किया वह मुझको अच्छा लगा " इस प्रकार बोलना । औरके सुखसे सुखी । आनंद । खुशी.

अनुयाज, (पु०) अनु+यज्+घञ् कुत्वाभावः । अमावास्या और पौर्णिमासीके अंग प्रयाज आदि पांचयाग.

अनुयायिन्, (त्रि०) अनु+या+णिनि । सदृश । अनुचर. पीछे जानेहारा । दास आदि । स्त्रियां ङीप्.

अनुयोग, (पु०) अनुयुज्यते कथनाय नियुज्यते, अनु+युज्+घञ् । प्रश्न । प्रश्न होनेपर पूछागया कहनेको होता है.

अनुराग, (पु०) अनु+रञ्ज्+घञ् । अत्यन्तप्रीति । "अनुरूपो रागः" प्रा० स० । बहुत प्रीति करनेहारा(त्रि

अनुराधा, (स्त्री०) २७ नक्षत्रोंमें १७ वां नक्षत्र " गता राधां विशाखां" अत्या० स०.

अनुरूप, (अव्य०) रूपस्य सादृश्ये योग्यत्वे वा अव्यये समानता । एक जैसा । मानिन्द । योग्यता । " आद्यचि" सदृश । योग्य (त्रि०).

अनुरोध, (पु०) अनु+रुध्+घञ् । रुकावट । अनुसर पीछा करना । सेवा करने योग्य स्वामी आदिकी लाषाको पूरा करनेकी इच्छा. [वारवार क

अनुलाप, (पु०) अनु वारं वारं लप्यते, लप्+घ

अनुलेप, (पु०) अनु+लिप्+भावे घञ् । चन्दन आदि मलना । " कर्मणि घञ् " मलागया चन्दनादि.

अनुलोम, (पु०) अनु+लोमन्+यथाक्रमे अव्ययी० अ यथाक्रम । क्रमानुसार सिलसिलेवार.

अनुलोमज, (पु०) अनुलोमेन यथा क्रमेण जातः, ज ड । विवाहगई क्षत्रिया आदि स्त्रियोंमें ब्राह्मण उत्कृष्टवर्णोंसे उत्पन्नहुआ मूर्धाभिषिक्त आदि सं (मिलाहुआ) वर्ण.

अनुवर्तन, (पु०) अनुगतो वर्तनमाराध्यादेरिष्टसम्पा अत्या० स० । अनु+वृत्+ल्युट् । स्वामी आदिकी इच्छा पूरा करना । अनुरोध । लिहाज़ । रुकावट । पीछा करना

अनुवाक, (पु०) अनु+उच्यते-वच्+घञ् कुत्वं । गानरूप ऋग्विशेष । ऋग् और यजुःसमूह । वेदका अंश वेदका भाग । शास्त्रनामसे प्रसिद्ध.

अनुवाक्या, (स्त्री०) अनु+वच्+ण्यत् कुत्वं । प्रशा नामी ऋत्विग्भेदसे पढाने योग्य देवताके बुलानेका मन्त्र वैदिकस्तोत्र । वैदिकविधि.

अनुवाद, (पु०) अनु+वद्+घञ् । जानेगये अर्थको वर्ण करना । सिद्ध (बनाहुआ)की रचना । दूसरे प्रमाण जानेहुए अर्थको शब्दसे कहना । कहेहुएको दूस भाषामें कहना । तर्जुमा.

अनुवासन, (न०) अनु+चु०-वस्+ल्युट् । धूप आदि सुगन्धियुक्त करना । स्नेहयुक्त करना.

अनुवृत्त, (त्रि०) अनु+वृत्+क्त । फैलाहुआ । पालागया पीछे गया । प्रीतिवाला । पीछा करनेहारा.

अनुवृत्ति, (स्त्री०) अनु+वृत्+क्तिन् । प्रवाहरूप पीछा करना । अनुरोध । सेवा । दूसरेकी इच्छापर चलना आनुकूल्य । व्याकरणशास्त्रमें प्रसिद्ध पहिले सूत्रोंमें नष्ट कियेगये पद आदिको अगले सूत्रोंमें खेंचना रूप अध्याहार

अनुव्रज्या, (स्त्री०) अनु+व्रज्+क्यप् । अनुसरण आदि रूप सेवन । सेवा । पीछा करना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनुशय, (पु०) अनु+शीङ्+अच् । अत्यन्त द्वेष । बहुत वैर । पश्चात्ताप, पहिला वैर । खोजने योग्य वस्तु.

अनुशयिन्, अनु+शीङ्+इनि । कर्म्मके नाश होनेतक चन्द्रमाके लोकमें रहकर पश्चात्तापयुक्त भूमिलोकमें जन्म लेनेके लिये आनेको प्रवृत्त हुआ जीव. । पश्चात्तापवाला (त्रि०).

अनुशासन, (न०) अनु+शास्+ल्युट् । शासन । आज्ञा । हुक्म । उपदेश । हुक्म करना । " शिष्यते आख्यायते लक्षणादिना" इति करणे ल्युट् । अतथाभूत (जो उपदेश करनेके योग्य नहिं) शब्दोंमेंसे पृथक्कर उपदेश करने योग्य शब्दोंका समझाना जैसे व्याकरणमें असाधुशब्दों- मेंसे साधुशब्दोंकी विवेचना कर बोधन किया जाता है.

अनुशीलन, (न०) अनु+चु०–शील्+ल्युट् । वार वार विचारना, वार वार अभ्यास करना.

अनुशोचन, (न०) अनु+शुच्+ल्युट् । शोक । "स्वार्थे णिच्चि युचि " शोक करना (उसी अर्थमें) "अनुशोच- ना " (स्त्री०).

अनुश्रव, (पु०) अनुश्रूयते गुरुपरम्परया उच्चारणात् अनु अभ्यस्यते, श्रूयते एव न तु केनापि क्रियते वा अनु+श्रु+ अप् । गुरुपरम्परासे उच्चारणके अनन्तर जिसका अभ्यास किया जाता है, अथवा सुनाही जाता है किसीसे किया नहिं जाता । वेद । (इसका सुना जानाही सबने माना है) बुद्धिमान्.

अनुषङ्ग, (पु०) अनु+सञ्ज+घञ् कुत्वं । दया । आसक्ति (किसी वस्तुमें लग जाना) । एक स्थानमें सुने गये पदको दूसरे स्थानमें अन्वयके लिये खेंचना । सम्बन्ध । प्रणाम.

अनुष्टुप्, (स्त्री०) अनु+स्तुम्भ्+क्विप् षत्वं । सरस्वती । आठ आठ अक्षरके पादका छन्द (अष्टाक्षरछन्द).

अनुष्ठान, (न०) अनु+स्था+भावेल्युट् षत्वं । वेदशास्त्रमें विधान किये गये कर्मका करना.

अनुष्ण, (त्रि०) उष्णः दक्षः न० त० आलसी । उष्णसे भिन्न (शीत) । कमल (न०) । आलसी जीव शीतकी पीड़ाके न होनेपरभी शीत पीड़ाका अभिनय (अवस्था- नुकरण-नकल) करताहुआ करने योग्य काममें जड़ (मूर्ख)की नाईं होता है परन्तु चतुर, शीत होनेपरभी उसे कुछ न मानकर कर्त्तव्य करनेको अजड़ (बुद्धि- मान्) हुआ लग जाता है, इस प्रकार उन (मूर्खबुद्धि- मान्)को उष्ण और अनुष्ण कहा जाता है । (एक काम करनेके लिये गरम और दूसरा अर्थात् मूर्ख शीतकी नाईं होता है) । (यहां करनेवालेके अर्थमें कन् प्रत्यय लाकर) " अनुष्णक " शब्दभी सिद्ध होता है.

अनुष्णवल्लिका, (स्त्री०) अनुष्णा शीतला वल्लीव, इवार्थे क, टापि, अत । जो बेलकी नाईं शीतल हो । "स्वार्थे क" शीतलवेल.

अनुसन्धान, (न०) अनु+सम्+धाञ्+ल्युट् । अन्वेषण (तलाश करना–ढूंडना) । चिन्ता करना (सोचना).

अनुसरण, (न०) अनु+सृ+ल्युट् । पीछे जाना । पीछा करना, एक जैसा बनाना । " भावे घञ् " । अनुसार (इसी) अर्थमें.

अनुस्यूत, (त्रि०) अनु+सिव्+क्त ऊट् । ग्रथित । (गुथा- हुआ) निरन्तर मिलाहुआ (जैसे आकाश कालप्रभृति).

अनुस्वार, (पु०) अनु+स्वृ+घञ् । उदात्तादि स्वरवत्त्वात् स्वरवर्णा एव स्वाराः अनुगतः स्वारान् अत्या० स० । उदात्तादि स्वरवाले होनेसे स्वरवर्णही स्वार हैं उनका पीछा करनेहारा (स्वरके आश्रयसे उच्चारण कियेगये बिन्दुमात्रसे प्रकाश कियागया मुखसहित नासिकासे बोलागया (अनुनासिक) वर्णोंका एक भेद " अनुस्वार और विसर्ग " इस प्रकार प्रारम्भ कर " वे आश्रय- स्थानके भागी होते हैं " ऐसा कहनेसे अनुस्वारको तथात्व (ऊपर कहा गया लक्षण) हो सक्ता है । बिन्दु(ं).

अनुहरण, (पु०) अनु+हृ+ल्युट् । देश, भाषा, चेष्टा आदिसे एक जैसा करना वा दिखाना । समान धर्मका आविष्कार करना.

अनूक, (पु०) अनु+उच्-समवाये-क-कुत्वं नि० । पिछला जन्म । कुल । स्वभाव (न०) ।

अनूचान, (पु०) अनु+वच्+कान नि० । शिक्षा आदि छ अङ्गोंसहित वेदको पढनेहारा । वेदोंके अर्थको अनुवचन (वर्णन) करनेमें समर्थ.

अनून, (त्रि०) ऊन+क न० त० । न थोड़ा । परिपूर्ण (भराहुआ) । सारा । अहीन (नकम) । नूनं (निश्चितं) न० त० । अनिश्चित जिसका निश्चय न हो.

अनूप, (त्रि०) अनुगता आपो यत्र ७ ब० । अच् स० । आत उत्वं । जलप्राय देश (ऐसा स्थान कि जहां जलही जल हो) । उस स्थानमें सदा वास करनेहारा महिष (भैंसा) " वह देश कि जहां बहुत जल, वृक्ष, वात, श्लेष्म, रोग हों उसे अनूप कहते हैं " एक देशविशेष (पु०) । अनूपसरनामसे प्रसिद्ध एक देश.

अनूपज, (न०)अनूपे (जलप्रायदेशे)जायते जन्+ड ७ त० । आदा वा अदरक इस नामसे प्रसिद्ध आर्द्रक । वह प्रायः जलमें उत्पन्न होता है । जो कुछ सजल देशमें उत्पन्न हो (त्रि०).

अनूरु, (पु०) न स्त ऊरू यस्य ब० । सूर्य्यका सारथि अरुण । विनताका सबसे बड़ा पुत्र । अभी गर्भ पूर्ण नहिं हुआ और माताने अण्डेको फोड़ डाला इस्से ऊरु आदि अंगोंमें विकलता होगई ऐसा पुराणमें प्रसिद्ध है.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अनूरुसारथि, (पु०) अनूरुः सारथिः (रथनियन्ता) यस्य ब० । जिसके रथको अनूरु हांकता है । सूर्य्य.

अनृच, (पु०) नास्ति अभ्यस्ततया ऋक् यस्य अच् स० । जिसने ऋक् अर्थात् ऋगादि वेदोंका अभ्यास नहिं किया । ऋक्शून्य अनुपनीत (जिसका यज्ञोपवीत नहिं हुआ) बालक.

अनृत, (न०) ऋतं (सत्यं) न० त० । सत्यसे भिन्न अयथार्थ (झूठ) । लोकमें प्रायः झूठा व्यवहार कथनमें ही देखाजाता है, कंही वस्तुमेंभी जैसे रङ्ग (राङ्-धातुभेद) में चांदी आदि वहां चांदी ऐसा ज्ञानभी होता है (वह मिथ्याज्ञान है) । तद्वति (त्रि०) ७ ब० । वाणिज्य (व्यापार) (न०) इसमें झूठ बहुत होता है.

अनेक, (त्रि०) इक+न० त० । एकसे भिन्न बहुत "पतन्त्यनेके जलधेरिवोर्म्मयः" इति माघः.

अनेकप, (पु०) अनेकाभ्यां (मुखशुण्डाभ्यां) द्वाभ्यां पिबति पा+क । जो मुख और सूंडसे पीता है । हाथी.

अनेकरूप, (त्रि०) अनेकानि बहूनि रूपाणि अस्य ब० । जिसके बहुत रूप हों । चित्ररूप (जिसके रूप नानाप्रकारके हों).

अनेकान्त, (त्रि०) न एक एव अन्तः परिच्छेदो यस्य ब० । जो एक रूपसे नहिं मापा वा विचार किया जाता । जिसके रूपका कुछ नियम न हो । जिस्से अधिक और कोई न हो.

अनेकान्तवादिन्, (पु०) अस्ति नास्ति वा इति एकान्तं न वदति । वद्+णिनि २ त० । है, वा नहिं है, इस प्रकार नियमसे जो नहिं बोलता । बौद्ध भेद.

अनेडमूक, (त्रि०) एडो बधिरो मूको वचनशक्तिरहितः नास्ति यस्मात् ५ ब० । (काला, बोवा) इस प्रकार प्रसिद्ध सुन्ने और बोलनेकी शक्तिसे रहित । (डोरा, गुङ्गा) । शठ । धूर्त.

अनेहस्, (पु०) न हन्यते, हन्+असि (धातुको "एह" आदेश हो जाता है) । जिसे मारा नहिं जाता । काल.

अनैकान्तिक, (पु०) एकान्तं नियतं व्याप्नोति, एकान्त+ठक् न० त० । व्यभिचारी (हेतु और साध्यका साहचर्य्याभाव अर्थात् इकट्ठा न रहना) दुष्ट हेतु । जैसे धूमको सिद्ध करनेके लिये अग्निको हेतु कहना । जिसकी व्याप्ति (साहचर्य्यनियम) नियत नहिं "अनेकान्त" भी इस अर्थमें हो सक्ता है.

अनोऽकह, (पु०) अनसः शकटस्य अकं गतिं हन्ति-हन्+ड । जो गड्डेकी गतिको रोकता है । वृक्ष.

अन्त, (न०) अम्+तन् । स्वरूप स्वभाव । शेषे-पु० न० नाश । कोना । सीमा (हद्द) । निश्चय । अवयव(अंग) । (पु०) निकट । मनोहर.

अन्तःकरण, (न०) कृ+करणे ल्युट् । अन्तरमभ्यन्तरं तद्वृत्तिपदार्थानां ज्ञानादीनां वा करणं कर्म० ६ ... भीतरका साधन । अथवा भीतर रहनेहारे ज्ञान ... साधन । अथवा ज्ञान, सुख आदिका साधन ... इन्द्रिय जो मन, बुद्धि, चित्त आदि पदोंसे बोला जा...

अन्तःकुटिल, (पु०) अन्तर्मध्ये कुटिलः । जो ... कुटिल (टेढ़ा) हो बीचमें टेढे आकारके अवयव... शंख । जिसका मन (अन्तःकरण) टेढा हो.

अन्तःपुर, (न०) अन्तराभ्यन्तरं पुरं गृहं, कर्म... (अन्दर) इस प्रकार प्रसिद्ध राजाओंकी स्त्रियोंके ... योग्य घर । वहां रहनेसे "राजाकी स्त्री" यह भी ... बनता है । इसी अर्थमें "अन्तःपुरी" यह भी होता...

अन्तःसत्वा, (स्त्री०) अन्तरभ्यन्तरे गर्भे सत्वं प्राणी... ब० । जिसके गर्भमें प्राणी रहे । गर्भिणी स्त्री.

अन्तःस्वेद, (पु०) अन्तः स्वेदो मदस्यन्दनं घर्मजलं... ब० । जिसके भीतर मद वहे अथवा पसीनेका जल... मद वहानेहारा हाथी । मस्तहाथी.

अन्तक, (पु०) अन्तं करोति, अन्त+तत् करोतीत्यर्थे ण्वुल् । अन्त करनेहारा । यम । नाश करनेहारा (त्रि...

अन्तकर, (त्रि०) अन्तं नाशं करोति, कृ+ट, उप० ... नाश करनेहारा.

अन्तग, (त्रि०) अन्तं अवसानं गच्छति, गम्+ड । ... जानेहारा । किसी कामके अवसानतक पहुंच गया ... अन्त गत=यह इसी अर्थमें.

अन्तर्, (अव्य०) अन् तुडागमश्च । मध्य । बीच । प्र... स्वीकार । चित्त.

अन्तर, (न०) अन्तं राति ददाति, रा+क । अवका... अवधि । हद्द । पहिरनेका कपड़ा । छिपना । भेद ... आपसमें विलक्षण हो । विशेष । उसका अर्थ । ... अपना । बिना । बाहिर । फरक । बीच+सदृश । (वाचस्... प्रत्येकका उदाहरण है).

अन्तरङ्ग, (त्रि०) अन्तर्मध्येऽङ्गानि यस्य । अपना । ... करणशास्त्रमें प्रकृति (धातु) और प्रत्ययके कार्य... प्रकृतिके आश्रित कार्य्य. [...

अन्तरा, (अव्य०) अन्तरेति इण्+डा । निकट । म...

अन्तरात्मा, (पु०) अन्तर्वर्ती आत्मा । भीतर वर्ति... आत्मा । अन्तःकरण (मन) । सर्वान्तर्यामी परमेश्... अन्तःकरणका अभिमानी जीव.

अन्तराय, (पु०) अन्तरं व्यवधानं अयते, अय्+अ... विघ्न । रुकावट । फरक डालनेहारा (त्रि०).

अन्तराल, (न०) अन्तरं मध्यसीमां आराति गृ... आ+रा+क, रस्य लत्वं । मध्य । बीच । स्वार्थे ... "आन्तराल" भी होता है.

अन्तरिक्ष, (न०) अन्तःस्वर्गपृथिव्योर्मध्ये ईक्ष्यते, ई... कर्मणि घञ् । अन्तः ऋक्षाणि वा यस्य पृषो० पक्षे ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

इदम्, (त्रि०) (अयं-पु०; इयं-स्त्री० इदं-न०) किसी ऐसी चीज़को जतलाताहै जो कहनेहारेके निकट हो । सामने दिखलाई देरहा चराचर । यह ।

इदानीम्, (अव्य०) सम्प्रति । अब । इसवक्त । बरुक । अब.

इद्ध, (न०) इन्ध्+भावे क्त । आतप । धूप । प्रकाश । आश्चर्य्य । "कर्त्तरि क्त" वृद्ध । बूढ़ा । लि-साफ़ (त्रि०). [लिये

इध्म, (न०) इन्ध्+मक् । समिधि । लकड़ी । आग ज-

इन, (पु०) इण्+नक् । सूर्य्य । प्रभु । मालिक । शेष । एक राजा.

इन्दिरा, (स्त्री०) इदि+इर । लक्ष्मी । धनकी देवी.

इन्दि (न्दी) वर, (न०) इन्दिरिन्दीवालक्ष्मीस्त-अभीष्टम् । लक्ष्मीका पियारा । नीलोत्पल । नीला कमल.

इन्दु, (पु०) उनत्ति चन्द्रिकया भुवं क्लिन्नां करोति । उ आदेरिच । जो चांदनीसे पृथिवीको गीला चन्द्र । चांद । मृगशिर नक्षत्र । एक संख्या । कर्पूर ।

इन्दुकलिका, (स्त्री०) इन्दुरिव शुभ्रा कलिका यस्य चांदकी नाँई जिसकी कली सपेद हो । केतकी । केवडेका

इन्दुकान्त, (पु०) इन्दुः कान्तोऽभीष्टोऽस्य । जिसे चांद यारा लगे । चन्द्रकान्तमणि । यह चांदके सामने पिघल

इन्दुजनक, (पु०) ६ त० । चांदको पैदा करने-समुद्र. [ली नर्म्मदा

इन्दुजा, (स्त्री०) इन्दोर्जायते । जन्+ड । चांदसे

इन्दुपुत्र, (पु०) ६ त० । बुधग्रह । चांदका पुत्र.

इन्दुभृत्, (पु०) इन्दुं बिभर्ति । भृ+क्विप् । शिवजी महा

इन्दुमती, (स्त्री०) इन्दु+प्राशस्त्ये मतुप् । पूर्णिमा अजराजकी स्त्री. [(चांददेवता होने

इन्दुरत्न, (न०) ६ त० चांदका रत्न । मुक्ता ।

इन्दुलेखा, (स्त्री०) इन्दोर्लेखेव । चांदकी कला । लता । अमृतालता । यमानिकालता.

इन्द्र, (पु०) इदि+र । देवताओंका स्वामी । परमे-ज्येष्ठानक्षत्र । बारह सूर्य्योंमेंसे एक । चौदहकी सं-

इन्द्रक, (न०) इन्द्रस्य कं सुखं इव कं यत्र । जहां इन्द्रका सुख है । सभागृह । सभाका घर । कमेटीघर

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

इन्द्रकील, (पु०) इन्द्रस्य कील इव अत्युच्चत्वात् । बहुत ऊंचा होनेसे इन्द्रकी मेख है । मन्दरपर्वत.

इन्द्रगोप, (पु०) इन्द्रो गोपो रक्षकोऽस्य वर्षाभवत्वात् । वर्षामें उपजनेसे इन्द्र जिसकी रक्षा कर्ताहै । इन्द्रसे रक्षा किया गया लाल रंगका कीड़ा । पटवीजना.

इन्द्रजाल, (न०) इन्द्रेण कौशलाद्यैश्वर्य्येण जालं द्रष्टुर्नेत्रावरणम् । आश्चर्य्य चतुराईसे नेत्रोंपर पड़दा डालदेना जिसमें वस्तुका असली स्वरूप नहिं दीख सक्ता । मन्त्र वा औषध आदिसे वस्तुका और स्वरूपसे नज़र आना । कुहक । बाजी । मायाका काम । छल.

इन्द्रजालिक, (त्रि०) इन्द्रजालं शिल्पं अस्य । ठन् । कुहककारी । माया रचनेहारा । मदारी । छलिया । कुछका कुछ दिखानेवाला.

इन्द्रजित्, (पु०) इन्द्रं जितवान् । जि+भूते क्विप् । जो इन्द्रको जीतगया । रावणसुत । रावणका बेटा । मेघनाद.

इन्द्रधनुस्, (न०) इन्द्रस्य धनुरिव । मानो इन्द्रका धनुष् है । आकाशमें वायुसे चलाई गंई धनुष्के स्वरूपमें बदलीं सूर्य्यकी किरणें.

इन्द्रनील, (पु०) इन्द्र इव नीलः । इन्द्रकी नाँई नीला । जो दूधमें डालनेसे उसे नीला बनादे । पन्ना । मरकतमणि । नीलम.

इन्द्रप्रस्थ, (न०) इन्द्रस्य तत्स्थानमेरोः प्रस्थ इव । इन्द्रके स्थान सुमेरु पर्वतकी मानों एक चोटी है । दिल्ली शहर.

इन्द्रवंशा, (स्त्री०) वर्णवृत्त छन्दोभेद । १२ह अक्षरोंके प्रतिपादवाला छन्दका भेद. [वाला छन्दोभेद.

इन्द्रवज्रा, (स्त्री०) वर्णवृत्त । ११ह अक्षरोंके प्रतिपाद-

इन्द्रशत्रु, (पु०) इन्द्रः शत्रुः शातयिता यस्य । इन्द्र जिसका शत्रु है । वृत्रासुर.

इन्द्रसुत, (पु०) ६ त० । जयन्त । इन्द्रका बेटा । मध्यम पाण्डव । अर्जुन । अर्जुनवृक्ष । बाली नाम वानर.

इन्द्राणी, (स्त्री०) इन्द्रस्य पत्नी-ङीष्-आनुक्च । इन्द्रकी स्त्री । शची । सिन्धुवारवृक्ष । मोटी इलायची । छोटी इलायची । गौरी आदि १६ ह माताओंमें पहिली माता । एक प्रकारकी लता.

इन्द्रायुध, (न०) इन्द्रस्य आयुधं धनुरिव । मानों इन्द्रका धनुष् है । इन्द्रका धनुष् । सूर्य्यकी किरणोंसे उपजताहै.

इन्द्रिय, (न०) इन्द्रस्य प्रत्यगात्मनः अनुमापकं लिङ्गम् । सर्वव्यापी परमात्माको जतानेका चिह्न (निशान) । "इन्द्र+घ" । ईश्वरसे रचागया । ज्ञान और कर्म्मके साधन आंख वगैरह । चक्षुः, श्रोत्र, घ्राण, रसना, त्वचा (ज्ञानेन्द्रिय) । वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ (कर्म्मेन्द्रिय) प्राण, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार.

इन्द्रियार्थ, (पु०) इन्द्रियाणां अर्थो विषयः । इन्द्रियोंके विषय (जाननेलायक) शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध (ये पाँच विषय). [शरीर । जिसम.

इन्द्रियायतन, (न०) ६ त० । इन्द्रियोंका विश्रामस्थान ।

इन्द्रियार्थसन्निकर्ष, (पु०) इन्द्रियाणां अर्थैः (स्वस्वविषयैःसह) सन्निकर्षः सम्बन्धः । इन्द्रियोंका अपने अपने विषयोंके साथ सम्बन्ध (रिश्ता) । प्रत्यक्ष ज्ञानका कारण इन्द्रिय और विषयका संयोग (मेल).

इन्ध्-चमकना, भ्वादि०आ०अक०सेट् । इन्धते । ऐन्धिष्ट.

इन्धन, (न०) इध्यतेऽग्निरनेन । इन्ध्+करणे ल्युट् । जिससे आग जलतीहै । काष्ठ लकड़ी । बाह्लन.

इभ, (पु०) इण्+भ-किच्च । हस्ती । हाथी । आठकी संख्या । फ़ील. [प्पली । पीपल.

इभकणा, (स्त्री०) इभोपपदा कणा । शाक०त० । गजपि-

इभनिमीलिका, (स्त्री०) इभं हस्तिनं अपि निमीलयति (सेवनात् निद्रापयति) । जिसका सेवन करनेसे हाथीकोभी नींद आजाय । भङ्गा । भांग । विजया । भांगबूटी.

इभपालक, (पु०) इभं पालयति । जो हाथीको पालताहै । हस्तिपक । महौत. [आढ्य । राजा.

इभ्य, (त्रि०) इभं हस्तिनं अर्हति-यत् । बड़े धनवाला ।

इभ्या, (स्त्री०) इभ+यत्+टाप् । हस्तिनी । हथिनी.

इयत्, (त्रि०) इदं परिमाणं अस्य । इदम्+वतुप् । एतावत् । इतना.

इयत्ता, (स्त्री०) इयतो भावः तल् । इतनेका होना । सीमा । हद्द । परिमाण । माप । संख्या । गिनती.

इरम्मद, (पु०) इरया जलेन माद्यति वर्द्धते । इरा+मद्+खश् ह्रस्वः मुम्च । जो पानीसे बढ़े । वज्राग्नि । बिजली । वाड़वानल । समुद्रकी आग (जो घोड़ीकी शकलमें है).

इरा, (स्त्री०) इण्+रक् । इं-कामं-राति । रा+कवा । भूमि । पृथ्वी । वाणी । सुरा । मद्य । शराब । जल । अन्न । कश्यपकी स्त्री.

इरावती, (स्त्री०) इरां भूमिं अवति । अव+शतृ+ङीप् । वटपत्रवृक्ष । एक नदीका नाम जो पंजाबमें है, जिसे रावीभी कहते हैं । वह पत्थरोंकोभी फाडकर ज़मीनपर आतीहै.

इरिण, (न०) ऋ+इन्+किच्च । ऊषरभूमि (जहां बीज-बोयागया नहिं उपजता) । आसरेकेबिना । शून्य । सूना.

इरेश, (पु०) ६ त० । वरुण । बृहस्पति । राजा । विष्णु.

इर्वारु (लु), (स्त्री०) उर्व+आरु-पृषो० । काकुड़ । कर्कटी । आलु. [सेट् । इलति.

इल, सोना अक० । जाना-फेंकना सक० । तुदा० पर०

इल, फेंकना-चुरा०उभ०सक०सेट् । एलयति-ते । ऐलिलत्-त.

इलविला, (स्त्री०) पुलस्त्यमुनिकी स्त्री । कुबेरकी माता । इसी संबंधसे कुबेरका नाम ऐलविल है.

इला, (स्त्री०) इल्+क । भूमि । पृथिवी । गौ । वाणी ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

जम्बुद्वीपके९वर्षोंमेंसे एक। वैवस्वतमनुकी कन्या। बुधकी स्त्री (वह विष्णुके वरसे पुरुष होकर महादेवके शापसे स्त्री होगई बुधने उसे विवाह कर पुरूरवाको उत्पन्न किया यह पुराणमें प्रसिद्ध है).

इलावृत, (न०) इला पृथिवी वृता येन। जो पृथिवीको घेरे हुए है। जम्बुद्वीपके नौ वर्षोंमेंसे एक। चारो सीमावाला देश। "पश्चान्माल्यवतः प्राच्यां गन्धमादनशैलतः। इलावृतं नीलगिरेर्याम्यतो निषधादुदक्" जगत्के ९ भागोंमेंसे एक. [छोटी तरवार.

इली, (स्त्री०) इल्+इन्-ङीष्। हाथछुरी। करवालिका।

इल्वल, (पु०) इल्+वलच्-नि० गुणाभाव। अत्यन्त चञ्चल मत्स्यविशेष। एकप्रकारका मच्छ। दैत्यभेद (जिसे वसिष्ठने नाश किया। मृगशिरके पाँच तारे (स्त्री०).

इवू, फैलना। इदित। भ्वा०पर०सक०सेट्। इन्वति। ऐन्वीत्.

इव, (अव्य०) सादृश्य। बराबरी। उत्प्रेक्षा। मानों। थोड़ा। वाक्यालङ्कार.

इषू, जाना-सरकना। दिवा०पर०सक०सेट्। इष्यति। ऐषीत्.

इषू, चाहना। तुदा०पर०सक०सेट्। इच्छति। ऐषीत्। एषिता-एष्टा.

इष, (पु०) इष्-जाना+क्विप्। जिसमें जयकी इच्छा करनेहारे यात्रा कर्तेहैं। आश्विनमास। अस्सुका महिना.

इषु, (पु०) (स्त्री०) ईष्यते हिंस्यतेऽनेन। जिस्से मारते हैं। इष्+उकित् ह्रस्वश्च। बाण। तीर। पाँचकी संख्या.

इषुधि, (पु०) (स्त्री०) इषवो धीयन्तेऽत्र। धा+कि। बाणाधारतूण। बाणका आश्रय तूण। तर्केश। जहां बाण रक्खे जाँय.

इष्ट, (त्रि०) इष्+क्त। पूजित। आदर कियागया। अभिलषित। चाहागया। पियारा। "यज्+क्त" यज्ञादिका काम) एरण्डका वृक्ष (पु०)। संस्कार (न०)। चाह। धर्म्मका कार्य्य.

इष्टका, (स्त्री०) इष्+तकन्। मट्टी आदिका बनाहुआ एक प्रकारका मट्टीका टुकड़ा। ईंट. [जंडीका दरख्त

इष्टा, (स्त्री०) इज्यतेऽनया। यजु-करणे क्त। शमीवृक्ष।

इष्टापूर्त्त, (न०) इष्टञ्च पूर्तञ्च द्वयोः समाहारः पूर्वपददीर्घः। अग्निहोत्र, तप, सत्य, यज्ञ, दान, वेदरक्षा, आतिथ्य, वैश्वदेव और ध्यान आदि धर्म्मकार्य्य (इष्ट), और बावली, खूआ, तालाव, देवमन्दिर, अन्नदान और बागका लगाना आदि पूर्त कहाजाताहै। बहुतोंकी भलाईका काम.

इष्टि, (स्त्री०) यज्+क्तिन्। यज्ञ। दर्शपौर्णमास यज्ञभेद। "इष्+क्तिन्" अभिलाष। इच्छा। चाह। ख्वाहिश.

इष्वसन, (पु०) अस्यते क्षिप्यतेऽनेन। अस्+ल्युट्। ६ त०। धनुष्.

इष्वास, (पु०) इषवः अस्यन्तेऽनेन। अस+घञ। ६ त०। जिस्से तीर फेंकतेहैं। चाप। धनुष्। "इषून् अण्" बाण चलानेहारा (त्रि०). [इस

इह, (अव्य०) अस्मिन् काले। इससमय। इस

(ई)

ई, (स्त्री०) अस्य विष्णोः पत्नी ङीष्। विष्णुकी लक्ष्मी। (पु०) कामदेवका नाम। (अव्य०) टूटना। दरद। शोक। गुस्सा। अनुकम्पा। मि प्रत्यक्ष। पुकारना. [अनिट्। एति।

ई, चाहना-अक०। जाना और फैलना-सक० अदा०

ई, जाना-दिवा० आत्म० सक० अनिट्। ईयते।

ईक्षू, देखना। भ्वा०आत्म०सक०सेट्। ईक्षते।

ईक्षण, (न०) ईक्ष्+भावे ल्युट्। दर्शन। देखना। णे ल्युट्" नेत्र। आंख.

ईक्षणिक,(त्रि०)ईक्षणं शुभाशुभदर्शनं शिल्पं अस्य ठन् यां टाप्। जिसका जीवन अच्छे वा बुरे फल कहनेसे है। हाथकी रेखापर फल कहनेहारा। दैवज्ञ। ज्यो

ईक्षा, (स्त्री०) ईक्ष्+अ। दर्शन। देखना.

ईड़, स्तुति करना-तारीफ़ करना-चुरा० उभ० सक० ईड़यति-ते। ऐड़िड़त् त. [इट्टे-ईड़िषे-ईड़िध्वे।

ईड़, स्तुति करना-सराहना। अदा० आत्म० सक०

ईड़ा, (स्त्री०) ईड़+अ। स्तुति। प्रशंसा। तारीफ़

ईड़ित, (त्रि०)इड़+क्त। स्तुत। स्तुति कियागया।

ईति, (स्त्री०) ईयतेऽनया। ई+क्तिन्। खेतीके छः उपद्रव जैसे बहुत वर्षा, वर्षा न होना, मकड़ी, मूसा, राजाओंका नज़दीक आना। सफर करना। कष्ट.

ईदक्ष, (त्रि०) अस्येव दर्शनं अस्य। इदम्+दृश् इशादेशे दीर्घः। जो इसकी नाँई दीखताहै। इसके सदृश.

ईदृश, (त्रि०) अस्येव दर्शनं अस्य। इदम्+दृश् इशादेशे दीर्घः। एतादृश। जो देखनेमें ऐसा है। "ट" ईदृशः। इसी अर्थमें। स्त्रियां ङीप्। ईदृशी.

ईप्सित, (त्रि०) आप्+सन्+क्त। आप्तुमिष्ट। चाहागया। इष्ट। चाहागया। अपेक्षित। जरूरी.

ईर्, जाना। चुरा० उभ०। पक्षे-भ्वा० पर० सक०। ईरयति-ते ईरति। ऐरिरत्-त। ऐरीत्.

ईर्म्म, (न०) ईर्+मक्। व्रण। घाव। फोड़ा। ज "ईर्म्म" भी होताहै. [

ईर्ष्य्, ईर्षा करना- हसद करना। भ्वा० पर०अक०

ईर्ष्या (र्षा), (स्त्री०) ईर्ष्य+अ। परोत्कर्षासहि दूसरेकी बड़ाईको न सहारना। वैर। हसद।

ईर्षालु, (त्रि०) ईर्षा लाति। ला+डु। ईर्षायुक्त। की वृद्धि न देखसकनेहारा. [

ईला, (स्त्री०) ईड्+क-डस्य लत्वम्। पृथिवी। वाणी।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ईलित, (त्रि०) ईड्+क्त-ड्स्य लत्वम् । स्तुत । तारीफ़ कियागया.

ईश्, (पु०) ऐश्वर्य होना-हुकूमत करना । अदा०आत्म० सक० सेट् । ईष्टे-ईशिषे । ईषिध्वे । ऐषिष्ट.

ईशान, (पु०) ईश्+शानच् । महादेव । परमेश्वर । शिवजीकी आठ मूर्तिओंमेंसे सूर्य्यकी मूर्ति । शमीवृक्ष । स्वामी (त्रि०).

ईशिता, (स्त्री०) ईशिनो भावः तल् । अणिमादि आठ ऐश्वर्य्योंमें सबपर मालिकपना । " ईशित्वम् " इसी अर्थमें.

ईश्वर, (पु०) ईश्+वरच् । महादेव । कामदेव । पातञ्जलके अनुसार क्लेश कर्म्मविपाकाशयोंसे न छूआहुआ पुरुषविशेष । चैतन्यात्मा । सर्व सामर्थ्यवाला परमेश्वर । प्रभवादिके मध्यमें एक बरिसका नाम । पहिला । स्वामी (त्रि०) "स्त्री० ङीष्" ईश्वरी । दुर्गा । लताभेद.

ईष, (पु०) ईश्+क । (त्रि०) स्वामी । मालिक । महादेव । परमेश्वर.

ईषत्, (अव्य०) अल्प । थोडा । किञ्चित् । कुछ.

ईषत्कर, (पु०) ईषत्+कृ०खल् । लेश । अल्प । थोडासा । अल्पप्रयाससाध्य (त्रि०) थोडे यत्नसे सिद्ध होनेहारा. [थोडा तपाहुआ (गरम).

ईषदुष्ण, (पु०) ईषदकृतेति-त० । अल्पतप्त । मन्दोष्ण ।

ईषा, (स्त्री०) ईष्+क । हलदण्ड । हलका डण्डा (फ़ाल).

ईषिका, (स्त्री०) ईषेव "इवे प्रतिकृतौ" इति कन् । हस्तिनेत्रगोलक । हाथीकी आँखका गोलक (डेला) । तूलिका । मूरत लिखनेवालेकी कलम । अस्त्रभेद.

ईह, चेष्टाकरना-हर्कत करना । भ्वा० आ० अक० सेट् । ईहते । ऐहिष्ट.

ईहा, (स्त्री०) ईह्+अ । चेष्टा । उद्यम । वाञ्छा । कोशिश.

ईहित, (त्रि०) ईह+क्त । मृगित । खोजागया । ढूंडागया । चाहागया । प्रार्थना कियागया । " भावे क्त " इच्छा । चाह.

(उ)

उ, शब्द करना-आवाज़करना-भ्वा-आत्म० सक- अनिट् । अवते-औष्ट.

उ, (अव्य०) सम्बोधन । बुलाना । क्रोधका वचन । गुस्सेसे बोलना । दया । हुकम । विस्मय । हैरानी । "अत्+ड्" शिवजी.

उक्त, (त्रि०) वच्+क्त । कथित । कहागया । एक अक्षरके पादका छन्द (स्त्री०) " भावे क्त " कथन । कहना (न०).

उक्ति, (स्त्री०) वच्+क्तिन् । कथन । कहना.

उक्थ, (न०) वच्+थक । नौ प्रकारके सामवेदका एक भाग । सामवेदका प्रधान अङ्ग । महाव्रताख्य यज्ञ । प्राण.

उक्थशास, (पु०) उक्थानि सामावयवशस्त्राणि शंसति शंस+क्विप्-नि० । जो सामभागकी प्रशंसा कर्त्ता है । यजमान. [उक्षांबभूव.

उक्ष्,-सीचना (भ्वा०पर०सक०सेट्) । उक्षति । औक्षीत् ।

उक्षतर, (पु०) तनुरुक्षा, उक्षन्० तनुत्वेर्थे ष्टरच् । तीसरी अवस्थाको पहुंचा हुआ बैल । बडा बैल । महावृषभ.

उख्,-जाना । भ्वा०पर०सक०सेट् । ओखति । औखीत् । उवोख. [देचका । हाँडी.

उखा, (स्त्री०) उख+क । पाकपात्र । पकानेकेलिये पात्र ।

उग्र, उच्०रक । गश्चान्तादेशः । महादेव । वायुकी मूर्ति धारणा करनेहारे शिवजी । क्षत्रियसे विवाहीगई शूद्रामें उत्पन्न संकीर्ण (दोगला) वर्ण । सुहांजना । उत्कट (त्रि०) जोरका । बड़ा । सख्त । वचा । यवानी । कोपी । गुस्साकरनेहारा । नक्षत्रसमूह । एक प्रकारका विष । (स्त्री० ङीप्) उग्री । निर्दय (बेरहम) स्त्री.

उग्रकाण्ड, (पु०) उग्रः काण्डोऽस्य । करेला । कारवेल्लवृक्षभेद.

उग्रगन्ध, (पु०) उग्रः गन्धः पुष्पेऽस्य । जिसके फूलमें बडी गन्ध हो । चम्पक । चमेली । चम्बा । कटफल । अर्जकवृक्ष । लशुन । लसन । हींग (न०) तेजगन्धवाला (त्रि०).

उग्रधन्वन्, (पु०) उग्रं धनुर्यस्य ब० अनङ्स० । जिसका धनुष् बडा तेज हो । शिव । इन्द्र । तेज धनुष्वाला (त्रि०).

उग्रश्रवस्, (पु०) उग्रं उत्कटं श्रवः कर्णौ यस्य । जिसका कान तेज हो अर्थात् उपदेशको झटही ग्रहण करले । रोमहर्षणका पुत्र पौराणिक (पुराणजाननेहारा).

उग्रसेन, (पु०) उग्रा सेना अस्य । जिसकी सेना जोरावर हो । यदुवंशमें हुआ आहुक नाम कंसका पिता । राजा । मथुरा नगरीका राजा । धृतराष्ट्रका पुत्र.

उच्, इकट्ठा करना-लायक होना । दि०पर०सक०सेट् । उच्यति । औचत् । औचीत्.

उचित, (त्रि०) उच्+क्त । वच्+कितच्वा । लायक । मुनासिब । यथार्थ । ठीक । रख्खागया । परिचित । जुड़ाहुआ. [भुजा उठाकर पकड़े । उन्नत । ऊंचा..

उच्च, (त्रि०) उत्क्षिप्य बाहू चीयते । उद्+चि+ड । जो

उच्चतरु, (पु०) कर्म्म० नारिकेल । नरेलका दरख्त.

उच्चाटन, (न०) उद्+चट्+णिच्+ल्युट् । उत्पाटन । उखाडना । अपनी जगहसे अलग करना । तन्त्रोक्त "अभिचारभेद" । "उच्चाटनं स्वदेशादेर्भ्रंशनं परिकीर्तितम्".

उच्चार, (पु०) उद्+चर्+णिच्+घञ् । उच्चारण । कहना । "कर्म्मणि घञ्" विष्ठा । मल.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उच्चावच, (त्रि०) उदक् उत्कृष्टश्च अवाक् अपकृष्टश्च । मयू० नि० । बड़े छोटे कईभेद । तरहतरहके । अनेक प्रकारके.

उच्चूलन (ड), (पु०) उन्नता चूड़ा यस्य डस्य लत्वम् । जिसकी चोटी उंचे हो । ध्वजोर्द्ध्वस्थित वस्त्रखण्ड । झण्डेके ऊपरका कोना । झण्डा । झण्डेके ऊपर बंधाहुआ भूषण.

उच्चैःश्रवस्, (पु०) उच्चैरुन्नतं श्रवोऽस्य । जिसके कान ऊंचेहों । उंचे कानवाला समुद्रमेंसे उपजा इन्द्रका वाहन (सवारी) घोड़ा । "उच्चैः उच्चशब्दं श्रृणोति-श्रु+असुन्" बधिर । बहिरा. [रा । डौण्डी.

उच्चैर्घुष्ट, (न०) "उच्चैस्+घुष्+क्त । उच्चघोषणा । ढण्डो-

उच्चैस्, (अव्य०) ऊंचा बड़ा । लम्बा । पूरा २.

उच्छास्त्र,(त्रि०) उद्गतं शास्त्रात् । ग०स० । अतिक्रान्तशास्त्र । शास्त्रको लांघगया । शास्त्रविरुद्ध । अधर्म्मका काम.

उच्छिख, (त्रि०) उद्गता शिखा यस्य । प्रा० ब० । जिसकी लाट वा जिसका आगेका भाग ऊंचा हो । आगेसे ऊंचा.

उच्छित्ति, (स्त्री०) उद्+छिद्+क्तिन् । उच्छेद । नाश । तबाह.

उच्छिलीन्ध्र, (न०) उच्छिखं शिलीन्ध्रं । ऊपरको उठा शिलीन्ध्र । छत्राक । खुंब । मशरूमसे भराहुआ.

उच्छिष्ट, (त्रि०) उद्+शिष्+क्त । भुक्तावशिष्ट । खानेसे बचरहा । छोड़ागया । जूठा.

उच्छीर्षक, (न०) उत्थापितं शय्यात उत्तोल्य स्थापितं शीर्षं यस्मिन् ब० कप् । छेजसे उठाकर जिसपर सिर रक्खाजाय । शीर्षोपधान । तकिया । सिर्हाना । बालिश.

उच्छून,(त्रि०) उद्+श्वि+क्त । स्फीत । फूलाहुआ । बढ़ाहुआ.

उच्छृङ्खल, (त्रि०) उद्गतं श्रृङ्खलातः । ग० स० । जो संकलीसे निकलगया । बंधनरहित । मालिकबिना । बिनरुकावट । खुल्लमखुल्ला । बगैर डरके । नियमके बिना । तरीकेको छोडकर. [विनाशन । तबाह करना.

उच्छेद, (पु०) उद्+छिद्+घञ् । छेदन । तोड़ना ।

उच्छोषण, (त्रि०) उद्+शुष्+णिच्+ल्युट् । सन्तापक । सुकानेहारा.

उच्छ्वासन, (न०) उद्+श्वस्+ल्यु । सांसलेना । प्राण.

उच्छ्राय, (पु०)उद्+श्रि+अच्-घञ्वा । उच्चता । ऊंचापन । ऊंचाई. [बंधाहुआ.

उच्छ्रित, (त्रि०) उद्+श्रि+क्त । ऊंचा । बढ़ाहुआ ।

उच्छ्वास, (पु०) उद्+श्वस्+घञ् । अन्तर्मुखश्वास । भीतरकी ओर जानेहारा सांस । आख्यायिकाका अध्याय । प्राण. [उञ्छति । औञ्छीत्.

उञ्छ्, दानोंका बटोरना । तुदा० इदित् पर० सक० सेट् ।

उच्छ्, बांधना-समाप्तकरना । तुदा०पर०सक०सेट् । उच्छति.

उज्जयि (य) नी, (स्त्री०) विक्रमादित्यकी राजधानी । अवन्तीपुरी. [मारण । मारना.

उज्ज्ञासन, (न०) उद्+जस+मारना+स्वार्थे णिच्+ल्युट् ।

उज्जृम्भ, (पु०) उद्+जृम्भि+घञ् । विकाश । स्फुटन । फूटना.

उज्ज्वल, (त्रि०) उद्+ज्वल्+अच् । दीप्त । चम साफ़ । खिलाहुआ । स्वर्ण । (न०) श्रृङ्गाररस

उज्झ्, छोड़ना-तुदा०पर०सक०सेट् । उज्झति । औ

उञ्छन, (पु०) (न०) उछि+ल्युट् । धान्य बाजारआदिमें गिरेहुए वेचनेके पीछे बचरहे आदिकी कणिओंका लेना.

उटज, (पु० न०) उटेभ्यो जायते-जन्+ड । पत्तों हुई शाला । मुनि वा ऋषिओंका घर । घर । प

उड्, इकट्ठाकरना-पर०अक०सेट् । ओड़ति । औड़ीत्

उडु, (स्त्री० न०) उड़+डु । नक्षत्र । तारा । "स्त्रीलिङ्गमें वा ऊङ्" [(पु०)

उडु(डू)प, (पु०न०) उडूनि जले पाति-पा+क । प्लव

उडु(डू)पति, (पु०) उडूनां पतिः । तारोंका मालिक । जलका स्वामी । वरुण.

उड्डामर, (त्रि०) उत्कटं डामरं । अत्यन्त बड़ेजोरका । सबसे ऊंचा. [

उड्डीन, (न०) उद्+डी+क्त । पक्षिओंका ऊपर

उत, (अव्य०) विकल्प । समुच्चय । वितर्क । अत्यर्थ । बहुतही । सन्देह । और । भी । क्या । अथवा. [का बड़ा

उतथ्य, (पु०)अङ्गिरासे श्रद्धा स्त्रीमें उत्पन्नहुआ बृह

उताहो, (अव्य०) विकल्प । सन्देह । प्रश्न । कि ऐसा वा ऐसा.

उत्क, (त्रि०) उद्गतं मनोऽस्य । उद्+क-नि० नस्क । जिसका मन और जगह चलागया । उखड़ेमन

उत्कट, (पु०) अतीव । उद्+कटच् । बहुत । लालगन्ना । बाण । दारचीनी । (न०) । मस्तहाथी

उत्कण्ठा, (स्त्री०) उद्+कठि+अ । इष्ट लाभके करनेके लिये मनकी चिन्ता । फिकर । चाहीगई में देरको न सहारना । दुःख । बे आरामी । कि यारी चीज़की ख्वाहिश । शोक.

उत्कर, (पु०) उद्+कृ+अप् । धान आदिका करना । फैलाना । हाथ पांव आदिका फैलाना । फैलाना.

उत्कर्ष, (पु०)उद्+कृष्+घञ् । अतिशय । बुहुत जि

उत्कल, (पु०) जगन्नाथके पासका देश । उड़ीसा "उत्कः सन् लाति ला+क" व्याध । शिकारी । वाहक । बोझा उठानेहारा. [आदिसे याद

उत्कलिका, (स्त्री०) उद्-कल्+वुन् । उत्कण्ठा

उत्कार, (पु०) उद्+कृ+घञ् । धानोंको इकट्ठा क और ऊपर उछालना । फेंकना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उत्कीर्ण, (त्रि०) उद्+कृ०क्त। फेंकागया। फैलायागया। खिलाया गया। उल्लिखित। कृतवेध। वेधागया। घड़ागया.

उत्कुण, (पु०) उद्+कुण्+क । जूं। वालोंका कीड़ा.

उत्कोच, (पु०) उद्+कुच्+घञ्। अन्यायका काम करनेके लिये वादी (मुद्दइ) किम्वा प्रतिवादी (मुद्दालह) से धन लेना। घुस। रिशवत। वड्डी.

उत्क्रम, (पु०) उद्+क्रम्+घञ्-अवृद्धिः। व्युत्क्रम। उलटा। उलटाक्रम। उछलना। नियमविरुद्ध। सिलसिला छोडकर. [चिल्लाना.

उत्क्रोश, (पु०) उद्+कुश्+अच्। कुररीपक्षी। कूंज। [गया.

उत्क्षेपण, (न०) उद्+क्षिप्+ल्युट्। ऊर्ध्वक्षेपण। ऊपर फेंकना। " कर्मणि ल्युट् " पंखा। " करणे ल्युट् " धान मलनेकी लकडी.

उत्खात, (त्रि०) उद्+खन्+क्त। उत्पाटित। उखाडा-

उत्तंस, (पु०) उद्+तसि+अच्। कर्णाभरण। कानका भूषण। शिरोभूषण। शिरका ज़ेवर.

उत्तप्त, (त्रि०) उद्+तप्+क्त । सन्तप्त। तपाहुआ। गरम। स्नात। नहायाहुआ । शुष्क मांस। सूकाहुआ मांस (न०).

उत्तमर्ण, (पु०) उत्तमं ऋणं अस्य । जिसका कर्ज़ा अच्छा हो। कर्ज़ देनेहारा। महाजन। ऋणदाता.

उत्तमसाहस, (न०) दण्डभेद। बड़ी सजा। १००० वा कईओंके मतमें ५०००० हजार पणकी सजा। बडी दिलेरी. [का सबसे अच्छा अंग.

उत्तमाङ्ग, (न०) कर्म० मस्तक। माथा। सिर। शरीर-

उत्तम्भ, (पु०) उद्+स्तम्भ्+घञ्। ठहरना। पकड़ना। रोकना। आसरा देना। बुराईसे हटजाना। आराम करना.

उत्तर, (न०) उत्तीर्य्यते प्रकृताभियोगोऽनेन। उद्+तृ+अप्। जिसके द्वारा कियेगये सवालको तरसकें। राजाके निकट वादीसे किये हुए सवालको साफ़ करना। उत्तर नाम व्यवहारका अङ्ग। दोषके तोड़नेका वचन। विराटराजाका पुत्र (पु०)। उदीची (उत्तर) दिशा। विराटराजाकी कन्या (स्त्री०)। अच्छा। ऊंचा। लायक। पीछे. [न्द्रजीकी जन्मभूमि.

उत्तरकोशला, (स्त्री०) अयोध्या नाम नगरी। रामच-

उत्तरङ्ग, (न०) उत्तरं अङ्गं। कर्म०। शकन्ध्वादि०। द्वारोर्ध्वस्थदारु। दर्वाज़ेके ऊपरकी लकडी। ऊंची तरङ्गोंवाला (त्रि०).

उत्तरच्छद, (पु०) कर्म०। शय्योपर्य्यास्तरणवस्त्र। छेजके ऊपर बिछानेका कपड़ा। विछौना। ऊपरका कपड़ा.

उत्तरपक्ष, (पु०) वाद (मुबाहिसा) में पूर्वपक्ष। पहिले उठायागया सवाल। मलदेने योग्य। सिद्धान्तपक्ष (फैसलेका जबाब).

उत्तरमीमांसा, (स्त्री०) कर्म०। अगला विचार। फैसलेकी बात। ब्रह्ममीमांसा (ब्रह्मका विचार)। वेदान्तदर्शन.

उत्तरा, (स्त्री०) प्रेतकी पितृत्वप्राप्ति होनेपर सपिण्डीकरणके अनन्तर जो पितृसम्बंधी क्रिया की जाती है। सपिण्डीकरणके पीछेकी श्राद्धक्रियायें। उत्तरदिशा, काल, देश (अव्य०). [काल.

उत्तरात्, (अव्य०) उत्तरदिशा। उत्तरकी ओर। उत्तर-

उत्तराधिकारिन्, (त्रि०) उत्तरं अधिकरोति। अधि+कृ+णिनी। पहिले स्वामीका सत्व (कब्जा) समाप्त होनेपर उसी सम्बंधसे कब्जा क़ायम करनेहारे अधिकारको पाये पुत्र पौत्र आदि दायाद। वारिस। शरीक.

उत्तराभास, (पु०) उत्तरमिवाभासते। आ+भास्+अच्। जो उत्तरकी नाई प्रतीत हो। दुष्टोत्तर। खराब जबाब। बुरा जबाब.

उत्तरायण, (न०) माघसे लेकर दो २ महीनेके छय ऋतु (मौसमबहार) होते हैं, उन्मेंसे पहीले तीन ऋतु अर्थात् माघसे लेकर छ मासका समय। जिस समय सूर्य उत्तरकी ओर झुकते जाते हैं.। सूर्य्यके मकर राशिमें जानेका दिन.

उत्तरासङ्ग, (पु०) उत्तरे ऊर्ध्वभागे आसज्यते। आ+सञ्ज्+घञ्। जो ऊपरकी ओर लगाया जाता है। ऊपरका कपड़ा। चादर। दुपट्टा.

उत्तरीय, (न०) उत्तरस्मिन् देहभागे भवः छ। शरीरके ऊपरवाले भागपर धारण करनेका कपडा। दुपट्टा.

उत्तरेण, (अव्य०) उत्तर+एनप्। (ये षष्ठी वा द्वितीया विभक्तिके साथ आताहै)उत्तर। उत्तरकी ओर। "निषधस्योत्तरेण" दक्षिणेन वृक्षवाटिकां सरः.[अगला दिन। कल्ह.

उत्तरेद्युस्, (अव्य०) उत्तर+एद्युस्। उत्तरदिन।

उत्तान, (त्रि०) उद्गतस्तानो विस्तारो यस्मात्। जिसकी फ़ैलावट जातीरही। विस्तारशून्य। ऊंचे मुख ठहरना। मुं ऊपर करके पीठके भार ठहरना। फैलाहुआ। ऊंचे मुं.

उत्तानपाद, (पु०) स्वायम्भुव मनुका पुत्र। ध्रुवका पिता। एकराजा.

उत्तानशय, (त्रि०) उत्तानः ऊर्द्धमुखः सन्नेव शेते। शी+अच्। जो मुंको ऊंचेही करके सोताहै। छोटा बच्चा। (उसकी उस समय नीचे मुं करके सोनेकी सामर्थ्य नहिं होती). [सन्ताप.

उत्ताप, (पु०) उद्+तप्+घञ्। उष्णता। गरमी। दुःख।

उत्तार, (त्रि०) उद्गता तारा यस्य। तारा (आंखकी पुतली) को उठाये हुए नेत्रवाला। बहुत ऊंचा। अच्छे तारेवाला.

उत्ताल, (त्रि०) चुरा० तल्-प्रतिष्ठाकरना-इजतकरना+अच्। प्रतिष्ठित। इज्जतवाला। बड़ा त्वरित। काल़ा। ऊंचा। मज़बूत। भयानक। डरावना। वन्दर (पु०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उत्तीर्ण, (त्रि०) उद्+तॄ+क्त । मुक्त । छूटगया । पारचलागया । पासहोगया.

उत्तुङ्ग, (त्रि०) उत्कटं तुङ्गं । बड़ा ऊंचा । अत्युन्नत.

उत्तुष, (पु०) उद्गतः तुषोऽस्मात् । जिस्से भूसी अलग होजाय । लाजा (फुल्लियें) नाम भुनेहुए धान । खील.

उत्तेजना, (स्त्री०) उत्+तिज्+णिच्+युच् । प्रेरणा । घबराना । चमकाना । तेज़ तरना. [तोलना.

उत्तोलन, (न०) उद्+तुल्-तोलना+ल्युट् । ऊंचे उठाकर

उत्थान, (न०) उद्+स्था+ल्युट् । ऊंचे गिरना । खड़ेहोना । उद्यम । ऊंचे होनेकी कोशिश करना । उठना । "करणे ल्युट्"रण । लड़ाई । मन्दिर । वेड़ा । चौगान । सेना.

उत्थानैकादशी, (स्त्री०) उत्थानस्य हरेः निद्रातः प्रबोधस्य काले एकादशी । विष्णुके जागनेकी एकादशी । कार्तिक (कतक) के शुक्लपक्षकी एकादशी.

उत्पत, (पु०) उत्पतति ऊर्द्ध्वं गच्छति । उद्+पत+अच् । जो ऊंचे जाताहै । पक्षी.

उत्पत्ति, (स्त्री०) उद्+पत्+क्तिन् । जन्म । जीवका देहसे मिलना । सांख्यमतमें आविर्भाव (जाहिर होना).

उत्पल, (न०) उद्+पल्+अच् । नीला कमल । बिनमांस । कमज़ोर । कुष्ठोषध. [उखाडना । पट्टना.

उत्पाटन, (न०) उद्+पट्+णिच्+ल्युट् । उन्मूलन ।

उत्पात, (पु०) उद्+पत्+घञ् । उपद्रव । बड़ी मुसीबत । गजब । अचानक पैदाहुआ प्राणिओंके शुभ और अशुभको सूचन करनेहारा दैवका निमित्त भूकम्पवगैरह । (भूचाल) आदि.

उत्पादक, (पु०) ऊर्ध्वं स्थिताः पादा अस्य कप् । ऊंचे पाँववाला । आठ पांववाला शरभनामी मृगविशेष । (इसके चार पाँव पीठपर होतेहैं) उत्+पद्०णिच्+ण्वुल् । पिता । पैदा करनेहारा (त्रि०).

उत्पादशय, (पु०) उत्पाद ऊर्द्धक्षिप्तपादः सन् शेते । शी+ल्यु । जो अपने पांवको ऊंचे करके सोताहै । टिट्टिभपक्षी । टिटहरा. [उपहास । हसना.

उत्प्रास, (पु०) उद्+प्र+अस्-चमकना आदि+घञ् ।

उत्प्रेक्षा, (स्त्री०) उद्+प्र+ईक्ष्+अ । पर्वाह न करना । समानता । अर्थालङ्कारभेद कि जिसमें असली विषयको छोड़कर दूसरेके साथ एकही होनेका ख़याल कियाजाय.

उत्प्लवन, (न०) उद्+प्लु+ल्युट् । उलङ्घन । उछलना । कूदना । पानीपर कूदना कि जिसमें ऊपर ही रहें । छाल लगाना (पानीपर तैरना).

उत्प्लवा, (स्त्री०) उत् जलादेरुपरि प्लवते । प्लु+अच् । जो पानीके उपर तरतीहै । नौका । बेड़ी.

उत्फुल्ल, (त्रि०) उत्+फुल्+क्त । पत्तोंके आपसमें अलग अलग होनेसे खिलेहुए फूल वगैरह । खिलाहुआ,

उत्स, (पु०) उद्+स । पर्वत आदिसे वहेहुए [...] गिरनेकी जगह । बहताहुआ पानी । झरना । [...]

उत्सङ्ग, (पु०) उद्+सञ्ज्+घञ् । क्रोड़ । गोद । [...] गोदसे निकलगया (त्रि०). [अपानवायुका

उत्सर्ग, (पु०) उद्+सृज्+घञ् । व्याकरणमें [...] सामान्य नियम । न्याय । छोड़ना । देना । [...]

उत्सर्पण, (न०) उद्+सृप्+ल्युट् । छोड़कर आ[...] लांघना. [काम । विवाह आदि [...]

उत्सव, (पु०) उद्+सू+अप् । आनन्दको उत्पन्न क[...]

उत्सवसंकेत, (पु० ब०) हिमालयकी जंगली [...] लोग (जहां स्त्रीपुरुषोंमें क्रीड़ाके लिये आप[...] होजाताहै अर्थात् अनुरागही कारण होताहै जि[...] से चाहा स्त्री बना लिया) "शरैरुत्सवसङ्केतान्" [...]

उत्सादन, (न०) उद्+सद्+णिच्+ल्युट् । नि[...] नाश करना । ख़ारिज करना । सुगन्धि लगाना । [...] खेतमें दोबार हलचलाना । मैला साफ़ करना । [...] वाली वस्तुओंसे स्नान करना । वटना । मलना.

उत्सारण, (न०) उद्०सृ+णिच्+ल्युट् । निकाल[...] करना । चालना । हिलाना । किसी चीज़को दूसरे[...] पर करदेना.

उत्साह, (पु०) उद्+सह+घञ् । उद्यम । निश्च[...] लायक कामोंमें पक्की कोशिश । राजाओंका [...] गुण । सुख । इच्छा.

उत्सिक्त, (त्रि०) उद्+सिच्+क्त । गर्वित । [...] उद्धत । जोशवाला । वर्धित । बढ़ा हुआ । ऊ[...] हुआ । नहाये हुए । त्यक्तमर्य्याद । नियम तो[...]

उत्सुक, (त्रि०) उद्+सू+क्विप्-कनि ह्रस्वः । पिया[...] को पानेके लिये लगा हुआ । अभीष्ट जाव[...] उखड़े हुए दिलवाला । बेआराम । शौकसे चाह रहा [...] के लिये शोकमें पड़ा. [[...]

उत्सृष्ट, (त्रि०) उद्+सृज्+क्त । त्यक्त । छो[...]

उत्सेक, (पु०) उद्+सिच्+घञ् । अहंकार । जि[...] उठाकर बाहिर सींचना.

उत्सेध, (पु०) उद्+सिच्+घञ् । ऊंचाई । शरीर [...]

उदक, (न०) उन्द+ण्वुल्-नलोपश्च-नि० । जल । [...] " उदम् " इसीमें.

उदक्या, (स्त्री०) उदकं शुद्ध्यर्थं स्नानजलं [...] अर्हति । यत् । जो चौथे दिन नहाकर शुद्ध [...] ऋतुमती स्त्री. [[...]

उदगद्रि, (पु०) उदक् उत्तरस्यां अद्रिः । उत्तर[...]

उदगयन, (न०) उदक् उदीच्यां अयनम् । [...] आश्रय लेना । सूर्य्यका उत्तरकी ओर जाना । [...] यण,

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उदग्र, (त्रि०) उद्गतं अग्रं यस्य । ऊंचा । उन्नत.

उदङ्क, (पु०) उदच्यते उद्ध्रियतेऽत्र । उद्+अच्+घञ् । चमड़ेका बनाहुआ घी आदिका पात्र । कुप्पा.

उदञ्चन, (न०) उद्+अञ्च्+करणे ल्युट् । ढांकनेका पात्र । ढक्कन " भावे ल्युट्" ऊपर फेंकना.

उदधि, (पु०) उदकानि धीयन्तेऽस्मिन् । धाञ्-आसरा लेना+कि-उदादेशः । जहां पानी रक्खे जाते हैं । समुद्र । घट । घड़ा.

उदन्त, (पु०) उद्गतोऽन्तो निर्णयो यस्मात् । जिस्से फैसला होताहै । बात । वृत्तान्त । कुशलादि कथन । साधु.

उदन्या, (स्त्री०) अतिलोभेन उदकं इच्छति क्यच् । उदन् भाव अः । बडी लालचसे पानी चाहता है । पिपासा पियास. [मत्स्य वः । समुद्र.

उदन्वत्, (पु०) उदकानि सन्ति अस्य मतुप् उदन्भावः-

उदपान, (पु० न०) उदकं पीयतेऽस्मिन् । पा+ल्युट्-उदादेशः । जहां पानी पीया जाय । खूएके पास थोडेसे पानीका आश्रय । चुबच्चा । खूआ । गढ़ा । खात.

उदय, उद्+इ+अच् । पूर्वका पर्वत । उठना । उंचाहोना । चमकना । हासिल.

उदयन, (पु०) उद्+इ+ल्यु । वत्सराज । अगस्त्यमुनि । कुसुमाञ्जलि आदि ग्रन्थके बनानेहारे उदयनाचार्य । " भावे ल्युट्" उदय । उठना.

उदर, (न०) उद्+ऋ+अप् । जठर । पेट । नाभि और स्तनोंका वीच । " आधारे अप् " युद्ध । लड़ाई । " उद्+दृ+अप्-उदो दलोपश्च " पेटका रोग.

उदरम्भरि, (त्रि०) उदरं बिभर्ति । भृ+खि+मुमृच । पांच यज्ञ किये बिन अपना पेटही भरनेहारा । क्षुधित । पेटू.

उदरावर्त, (पु०) उदरे आवर्त्त इव गम्भीरत्वात् । गहरी होनेसे पेटपर मानो पानीका भवर (चक्र) है । नाभि । नाफ । धुन्नी.

उदरिणी, (स्त्री०) उदरे गर्भोऽस्त्यस्याः इनि । जिसके पेटमें गर्भ हो । गर्भवती । गर्भवाली । अन्तर्वत्नी । हमलवाली.

उदर्क, (पु०) उद्+अर्क-अर्च+वा घञ् । उत्तरकालमें होनेवाले फलवाला शुभ वा अशुभ कर्म्म । नतीजा । परिणाम । फल.

उदर्चिस्, (पु०) उद् ऊर्द्ध्वं अर्चिः रश्मिः अस्य । ऊंची लाटवाला । ऊंची शिखावाली आग । अधिक कान्ति होनेसे कामदेव । ऊर्द्ध्वरेता (वीर्य्यका ऊपरजाना) होनेसे शिवजी । ऊंची लाट.

उदवसित, (न०) उद्+अव+सि+क्त । गृह । घर.

उदात्त, (पु०) उ+आ+दा+क्त । ऊंचे स्वरसे उच्चारण कियागया वर्ण (अक्षर) । मनोहर । बड़ा । दाता (त्रि०) अलङ्कारभेद । ऊंची आवाज़ । ऊंचा । अच्छा । चमकनेवाला । बड़ावाजा. [सांपका भेद.

उदान, (पु०) उद्+अन्+घञ् । गलेकी हवा । नाभि ।

उदार, (त्रि०) उद्+आ+रा+क । दाता । बड़ा । सीधा । चतुर । गम्भीर । असाधारण (खास) । खुलादिल.

उदासीन, (त्रि०) उद्+आस्+शानच् । रागद्वेषरहित । मध्यस्थ । दो जीतनेवालोंमें किसीकाभी पक्ष (लिहाज़) न करनेहारा । उपेक्षक । बेपर्वाह । किसीसे सम्बन्ध न रखनेहारा.

उदाहरण, (न०) उद्+आ+हृ+भावे ल्युट् । किसी बातको एक जगह दिखाकर सम्पूर्ण स्थानपर निश्चय करना । इष्टसिद्धिके लिये कहागया दृष्टान्त । प्रकृतकी सिद्धिके लिये निदर्शनरूप उपोद्घात । मिसाल.

उदाहृत, (त्रि०) उद्+आ+हृ+क्त । दृष्टान्तस्वरूपसे उपन्यास कियागया । मिसालके तौरपर दिखायागया । कहागया. [उठा । निकला । बढा.

उदित, (त्रि०) उद्+क्त । कहागया । उद्+इण्+क्त ।

उदीच्य, (त्रि०) उदीचि उत्तरकालादौ भवः यत् । उत्तरकाल (आनेवाला वक्त) में होनेहारी चीज़ । शरावती (सरस्वती) नदीके उत्तर पश्चिमका भाग । उत्तरका । बालानामी गन्धद्रव्य.

उदीरण, (न०) उद्+ईर्+ल्युट् । कहना । उच्चारण करना । बोलना ।

उदीर्ण, (त्रि०) उद्+ॠ+क्त । उदार । खुलादिल । महान् । बड़ा । बढ़ाहुआ. [धारणकिये । उठायेहुए.

उदूढ, (त्रि०) उद्+वह्+क्त । विवाहाहुआ । मोटा ।

उद्गत, (त्रि०) उद्+गम्+क्त । उदयहुआ । उत्पन्नहुआ । ऊंचे गया । निकालाहुआ. [दो साफ कपड़े.

उद्गमनीय, (न०) उद्+गम्+अनीयर् । धौतवस्त्रद्वय ।

उद्गाढ़, (न०) उद्+गाह्+क्त । अतिशय । जियादा । अत्यन्त । बहुतही. [दके गानेहारा.

उद्गातृ, (पु०) उच्चैर्गायति साम । उद्+गै+तृच् । सामवे-

उद्गार, (पु०) उद्+गॄ+घञ् । उद्गमन, कै । शब्द । आवाज. [(हिस्सह).

उद्गीथ, (पु०) उद्+गै+थक् । एक सामवेदका भाग

उद्गूर्ण, (त्रि०) उद्+गुरी-उद्यम करना+क्त । उद्यत । तय्यार.

उद्घर्षण, (न०) उद्+घृष्+ल्युट् । घिसना । रगड़ना । अंगोंकी रगड़ । खुजलीकरना.

उद्घाटक, (पु० न०) उद्+घट्+णिच्+ण्वुल् । खूयेसे पानी निकालनेके लिये एक प्रकारकी कला । अरघट । घुरना । "करणे ल्युट्" उद्घाटनम् । (न०) इसीअर्थमें होताहै) "भावे ल्युट्" प्रतिबंधनिरास । रुकावटका दूरकरना । बंधीहुई वस्तुका बंधन खोलना । कुञ्जी । चावी.

उद्घात, (पु०) उद्+हन्+घञ् । आरम्भ । शुरू । पाँवका

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पिसलना । प्राणायामके अङ्ग कुम्भकका भेद । ऊंचा । मुद्गर । शस्त्र । किसी ग्रन्थका भागविशेष. [आग.

उद्दान, (न०) उद्+दो+ल्युट् । बांधना । चुल्ली । समुद्रकी

उद्दामन, (त्रि०) उद्गतं दाम्नः । जो रस्सीसे बाहिर निकलगयाहो । बंधनसे रहित । खुला । विनरोक । स्वतन्त्र । खुदमुख्तार । बड़ासख्त । "उत्कृष्टं श्रेष्ठं दाम पाशाख्यं अस्त्रं यस्य" । जिसका पाशनामी अस्त्र बहुत अच्छाहो । वरुण (पु०).

उद्दिष्ट, (त्रि०) उद्+दिश्+क्त । उपदिष्ट । उपदेश कियागया । चाहागया । छन्दःशास्त्रमें प्रस्तारके विशेष ज्ञानका साधन (न०).

उद्दीपन, (न०) उद्+दीप्+णिच्+ल्युट् । प्रकाशन । रौशनी । चमकानेहारा । अलङ्कारशास्त्रमें कहेगये रस आदिको चमकानेहारे चन्द्रमा आदि विभाव । भड़काना.

उद्देश, (पु०) उद्+दिश्+घञ् । अनुसन्धान । ढूंड़ना । तलाश । खोजना । अभिलाष । इच्छा । चाह । निशान । लिये । नामपर । संक्षेप । वस्तुका नाम लेना.

उद्द्राव, (पु०) उद्+द्रु+घञ् । पलायन । भागना । दौड़ना.

उद्द्योत, (पु०) उद्+द्युत्+घञ् । प्रकाश । रौशनी । धूप । चमक.

उद्धत, (पु०) उद्+हन्+क्त । राजमल्ल । राजाओंका पहिलवान । (त्रि०) बोलनेमें बड़ा चञ्चल । विनाविचारे बोलनेवाला । अविनीत । न सीखाहुआ । बहशी । अहंकारी । मग़रूर । ऊपरको उठायेहुये । उठाहुआ । बड़ा सख्त । जोशवाला.

उद्धरण, (न०) उद्+हृ+भावे ल्युट् । छुटकारा । कै । कर्ज़उतारना । उखाड़ना "कर्म्मणि ल्युट्" वमन कियागया अन्न आदि.

उद्धर्ष, (न०पु०) उद्+हृष्+णिच्+घञ् । उत्सव । खुशी (विवाह आदि) । त्यौहार । बडीखुशी (विशेषकरके धर्म्मसम्बन्धी) शरदोत्सवादि.

उद्धर्षण, (न०) उद्+हृष्+णिच्+ल्युट् । रोमाञ्च । शरीरके रोमका खड़ा होना.

उद्धव, (पु०) उद्+हु+अप् । यज्ञका अग्नि । कृष्णदेवका पियारा यादव विशेष (यह कृष्णजीका बड़ाभक्त हुआहै) । उत्सव.

उद्धार, (पु०) उद्ध्रियते । उद्+हृ+कर्म्मणि घञ् । जो उठाया जाताहै । जिसे शोधन करना पडताहै । ऋण । कर्ज़ । "भावे घञ्" मुक्ति । छुटकारा । बचाना । बाहिर निकालना । सम्पदा.

उद्धूत, (त्रि०) उद्+धू+क्त। उत्क्षिप्त । उठायागया । फ़ेंकागया.

उद्धूनन, (न०) उद्+धू+णिच्+ल्युट् । उत्क्षेपण । ऊपर फेंकना । उछालना.

उद्धृत, (त्रि०) उद्+हृ-धृ वा क्त । उठायागया । उछालागया ।

छुडायागया । जुदा कियागया । नाश कियागया । छोड़ागया । रक्षा कियागया.

उद्बन्धन, (न०) उद्+बन्ध्+ल्युट् । गलेमें रस्सी अपनेको बांधना । पाशबंधन । फांसीलगाना । लटकादेना.

उद्बुद्ध, (त्रि०) उद्+बुध्+क्त । विकसित । खिला । जागाहुआ । जानीहूई वस्तुके सम्बन्धी ज्ञानसे ज... वस्तुका संस्कार । जैसे हाथीको देखकर अनुभव... हस्तिपक (महावत) का खयाल होजाना (ये ... मतमें स्वीकार कियागयाहै).

[...

उद्बोध, (पु०) उद्+बुध्+घञ् । थोडी समझ । प...

उद्भट, (पु०) उद्+भट्+अच् । कच्छु । छज्ज (... आदिके छांटनेका कामदेताहै) । अच्छे आशय... महाशय । प्रवर । बहुतअच्छा । ग्रन्थसे बाहिर... आदि । फुटकल । सूर्य्य । प्रसिद्ध । मशहूर. [नि...

उद्भव, (पु०) उद्+भू+अप् । उत्पत्ति । जन्म । पै...

उद्भिज्ज, (त्रि०) उद्+भिनत्ति-क्विप्–उद्भित् तस्मा... जायते-जन्+ड । पृथिवी फाड़कर उत्पन्नहुआ ... झाडी आदि । भाजी । नवा तात । सब स्थावर.

उद्भिद्, (त्रि०) भूमिं उद्भिनत्ति-उद्+भिद्+क्विप् । तृण, झाडी, बल्ली और लतारूप पाँच प्रकारका स्था... यज्ञ (पु०).

उद्भूत, (त्रि०) उद्+भू+क्त । उत्पन्न । प्रगटहु... न्यायमतमें प्रत्यक्ष योग्य । जिसे आंखसे देख स...

उद्भेद, (पु०) उद्भिद्यतेऽङ्गं अत्र घञ् । जिस्से ... ऊपरको उठताहै । रोमाञ्च । शरीरपर रोमका खड़ा हो... जन्म । पैदाइश । "भावे घञ्" फुरना.

उद्भ्रम, (पु०) उद्भ्राम्यत्यनेन । उद्+भ्रम्+घञ्-अवृ... जिस्से चित्त बहुत घूमताहै । उद्वेग । व्याकुल... घबराहट । सन्देहहोना । भूल । फिकर । घूमना.

उद्यत, (त्रि०) उद्+यम्+क्त । तयारहुआ । ऊंचेकि... गया । ग्रन्थका अध्याय.

उद्यम, (पु०) उद्+यम्+घञ्-अवृद्धिः । उद्योग । हिम्मत... दिलेरी । परिश्रम । मिहनत । कोशिश । तयारी.

उद्यान, (न०) उद्+या+आधारे ल्युट् । जाना । सैरक... बाग । चौक । आक्रीडन । विलासकरनेका बाग । इरा... आशय.

उद्योग, (पु०) उद्+युज्+घञ् । यत्न । चेष्टा । उद्य... उत्साह । कोशिश. [अधिक । बढ़ाहु...

उद्रिक्त, (त्रि०) उद्+रिच्+क्त । अतिशयित । ज़िया...

उद्रेक, (पु०) उद्+रिच्+घञ् । वृद्धिः । बढ़ना... उपक्रम । प्रारम्भ । नीमका पेड.

उद्वर्तन, (न०) उद्वर्त्यतेऽनेन । उद्+वृत्+णिच्+ल्युट्... जिससे शरीर अच्छा बनायाजाय । शरीरके साफ करने...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

द्रव्यआदि "भावे ल्युट्" विलेपन । चन्दन लगाना । घसना । उछलना.

उद्वह, (पु०) उद्वहति ऊर्ध्वं नयति पितॄन् । वह्+अच् । जो पितरोंको उपर (स्वर्गादि लोकमें) लेजाताहै । पुत्र । ऊर्ध्वं वहति+अच् "प्रवहवायुके ऊपरकी हवा".

उद्वान्त, (पु०) उद्गतं वान्तं अन्तर्जलं अस्मात् । प्रा० ब० । जिस्से भीतरका जल बाहिर निकलाहै । मद-रहित हाथी । उद्+वम्+क्त । उद्गीर्ण । बाहिर निकाला । कैकीया.

उद्वासन, उद्+चु०वस्+ल्युट् । मारण । मारना । "उद्+वस्+णिच्+ल्युट्" । विसर्जन । विदाकरवाना । छोड़ना.

उद्वाह, (पु०) उद्+वह्+घञ् । विवाह । शादी । परिणय.

उद्वाहु, (त्रि०) उद्गतो बाहुर्यस्य । जिसकी भुजा ऊंचे हो । भुजा ऊपरको उठाये.

उद्विग्न, (त्रि०) उद्+विज्+क्त । उद्वेगयुक्त । घबराया हुआ । दुःख दूर करनेकी शक्ति न होनेसे घबराये हुए दिल । खिजा हुआ.

उद्वृत्त, (त्रि०) उद्गतो वृत्तात् । गति० । अच्छी चालसे उखड़ गया । दुर्वृत्त । दुराचारी । जिसका चालचलन अ-च्छा नहो । "उद्+वृत्त+क्त । उत्क्षिप्त । फेंकागया (ऊ-परको).

उद्वेग, (पु०) उद्+विज्+घञ् । चित्तका व्याकुल होना । विरह (विछोडा) से दुःख उपजना । डर । " उद्गतो वेगोऽस्मात्" निश्चल । जो हिले नहिं । जल्दी जानेहारा.

उद्वेल, (त्रि०) उद्गतो वेलां । किनारेसे बाहिर होगया । मर्य्यादा तोडनेहारा.

उद्वेष्टन, (न०) उद्+वेष्ट्+ल्युट् । हाथ और पांवका बन्धन । जुरांबां । दस्ताने । पगडी । " उद्गतं वेष्ट-नात्" (त्रि०) खुलाहुआ (बंधनसे). [औन्दीत्.

उन्द, गीला करना-रुधा० पर० अक० सेट् । उनत्ति ।

उन्दरु, (पु०) उन्द+अरु मूषिक । चूहा । मूसा । "उन्दुर" उन्दुरु " तथा". [दयावाला.

उन्न, (त्रि०) उन्द+क्त । आर्द्र । गीला । भीजाहुआ ।

उन्नत, (त्रि०) उद्+नम्+क्त । उच्च । ऊंचा । महान् । बड़ा.

उन्नति, (स्त्री०) उद्+नम्+क्तिन् । वृद्धि । बढ़ती । उदय । गरुडकी स्त्री.

उन्नद्ध, (त्रि०) उद्+नह्+क्त । अच्छीतरहसे बंधाहुआ । बढ़ाहुआ. [कियागया.

उन्नमित,(त्रि०) उद्+नम्+णिच्+क्त । उठायागया । ऊंचे

उन्नयन, (न०) उद्+नी+ल्युट् । वितर्क । दलील । उठाना.

उन्नस, (न०) उन्नता नासा यस्य-नसादेशः । ऊंची नाकवाला.

उन्निद्र, (त्रि०) उद्गता निद्रा मुद्रा यस्य । जिसका मूंदना जाता रहा । खिलाहुआ । जागाहुआ.

उन्मज्जक, (पु०) उद्+मज्ज+ण्वुल् । गलेतक पानीमें खड़े होकर तपस्या करनेहारा तपस्वी । पानीपर तैरनेहारा (त्रि०).

उन्मत्त, (पु०) उद्+मद् करणे क्त । धतूरा । मुचकुन्द वृक्ष " कर्तरि क्त" उन्मादवाला । पागल । ग्रहके आ-वेशवाला (त्रि०).

उन्मद, (त्रि०) उद्गतो मदो हर्षोऽस्य । जिसे मद चढ-गया । पागल । " करणे अच्" मादक द्रव्य । नशेकी चीज.

उन्मनस्, (त्रि०) उद्भ्रान्तं मनोऽस्य । उखड़े हुए दिल-वाला । मन जिसका और जगह गया हो । जिसका दिल कायम नहिं. [करना.

उन्मथ, (पु०) उद्+मन्थ्+घञ् । वध । मारना । कतल

उन्माथ, (पु०) उन्मथ्यतेऽनेन । उद्+मथ्+करणे घञ् । मांस देकर मृग आदिके फंसानेके लिये लगाया गया कूटयन्त्र (फंदा) । " भावे घञ्" मारना । तवाह करना । लाचार करना.

उन्माद, (पु०) उद्+मद्+घञ् । चित्तविभ्रम । दिलका बहुत घूमना । भूतादि प्रवेश करनेसे चित्तका कायम न रहना । विछुड़ेहुओंकी कामदेवसे कीगई एक प्रकारकी दशा । किसी शरीरके रोगसे बुद्धिका स्थिर न रहना । पागलपना । पागल. [कामदेवका एक बाण.

उन्मादन, (पु०) उद्+मद्+णिच्+ल्युट् । उन्मत्त करनेहारा

उन्मान, (न०) उद्+मा+करणे ल्युट् । परिमाणका साधन । तोला मासा आदि । मापना.

उन्मिषित, (त्रि०) उद्+मिष्+क्त । प्रफुल्ल । फूलाहुआ । खिलाहुआ । थोड़ासा चमकाहुआ. [झिमकना । खिलना.

उन्मीलन, (न०) उद्+मील्+ल्युट् । उन्मेष । नेत्रका

उन्मुख, (त्रि०) उद्+ऊर्द्ध्वं मुखं अस्य । जिसका मुख ऊंचेहो । जो ऊंचे देखताहै । उद्यतहुआ । किसी काममें लगाहुआ. [जातारहा । त्यक्तमुद्र । खिलाहुआ.

उन्मुद्र, (त्रि०) उद्गता मुद्रा यस्मात् । जिस्से मूंदना

उन्मूलन, (न०) उन्मूल्+णिच्+ल्युट् । उत्पाटन । उखा-ड़ना । जड़से निकालना. [थोड़ा प्रकाश.

उन्मेष, (पु०) उद्+मिष्+घञ् । नेत्र आदिका खोलना ।

उप, (अव्य०) समीपता । पासहोना । अधिक । आसन्न । सादृश्य । आरम्भ.

उपकण्ठ, (त्रि०) उपगतः कण्ठं । अत्या० स० । गलेके पास पहुंचा । निकट । गलेकेपास । गाँवका पीछा । घोड़ोंकी उछलनेकी चाल.

उपकरण, (न०) उपक्रियतेऽनेन । उप+कृ+ल्युट् । जिस्से उपकार कियाजाताहै । प्रधान साधन । जैसे भोजनादिमें व्यञ्जन (सलूना-नालदा) । सोनेका साधन

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पलँग आदि, नहानेका साधन उबटन आदि । पूजामें फूल आदि । राजा आदिके लिये छाता, चौरी वगैरह साधन.

उपकार, (पु०) उप+कृ+घञ् । उपकृति । मदत । फैलायेहुए पुष्पआदि । अनुकूलता । नौकरी । मिहर्वानी.

उपकारक, (त्रि०) उप+कृ+ण्वुल् । उपकार करनेहारा । "स्त्रीत्वे टापि अक इत्वे उपकारिका" राजाका घर । कपड़ेका बनाहुआ राजाका घर । खेमा । तम्बू । पटभवन.

उपकार्य्य, (त्रि०) उप+कृ+ण्यत् । उपकारार्ह । उपकारके लायक राजगृह । राजाका घर (कपड़ेका बनाहुआ) । राजभवन (स्त्री०).

उपकूप, (पु०) उपगतः कूपं-अत्या०स० । खूएके पास गया । खूएके पासका खोदा हुआ जलाशय (जलका स्थान).

उपक्रम, उप+क्रम्+घञ् । उपायजानकर आरम्भ करना । पहिला । आरम्भ । इलाज । शुरू । हिकमत । भागना । बल.

उपक्रोश, (पु०) उप+क्रुश्-बुलाना+घञ् । निन्दा । कोसके निकट । कोसभर (त्रि०) तर्जना । झिडकना.

उपक्रोष्ट, (पु०) उप+क्रुश्+तृच् । गर्दभ । गधा । निन्दक । निन्दाकरनेहारा (त्रि०) ऊंचे चिल्लाना.

उपगत, (त्रि०) उप+गम्+क्त । स्वीकृत । मानागया । पहुंचा । जानागया. [अङ्गीकार । जान्ना.

उपगम, (पु०) उप+गम्+घञ्-अवृद्धिः । पासजाना ।

उपगीति, (स्त्री०) उप+गै+क्तिन् । आर्य्याछन्दका भेद । गाना. [मिलनेलायक "भावे ण्यत्" मिलना.

उपगूह्य, (त्रि०) उप+गुह्+ण्यत् । आलिङ्गनकरनेयोग्य ।

उपगूहन, (न०) उप+गुह्+ल्युट् । आलिङ्गन । मिलना । ग्रहण । पकड़ना.

उपग्रह, (पु०) उप+ग्रह्+अप् । कारावन्धन । जेलखाना । जेलमें डालना । मिहर्वानहोना । "कर्म्मणि घञ्" कैदी । धूमकेतु आदि ग्रह. [नजराना । मिहर्वानीके लायक.

उपग्राह्य, (न०) उप+ग्रह्+ण्यत् । उपढौकन । भेंटा ।

उपघात, (पु०) उप+हन्+घञ् । अपकार । नाश । रोग । चोट.

उपचय, (पु०) उप+चि+अच् । वृद्धि । बढ़ना । उन्नति । ज्योतिषमें लग्नसे ३ रा ६ ठा १० वां और ११ वां स्थान.

उपचरित, (त्रि०) उप+चर्+क्त । उपासित । सेवा कियागया । जनायागया. [सेवा.

उपचर्य्य, (स्त्री०) उप+चर्+क्यप् । चिकित्सा । हिकमत ।

उपचाय्य, (पु०) उपचीयते संस्क्रियतेऽसौ-नि० । जिसका संस्कार कियाजाताहै । यज्ञमें संस्कारकीगई आग.

उपचार, (पु०) उप+चर्+घञ् । चिकित्सा । हिकमत । सेवा । व्यवहार । रिश्वत । झूठीबातोंसे किसीको खुश करना.

उपचित, (त्रि०) उप+चि+क्त । दग्ध । सड़ाहुआ । बढ़ाहुआ । इकट्ठा कियाहुआ । तयार कियागया.

उपजाति, (स्त्री०) वर्णवृत्तछन्दोभेद । एकप्रकार...

उपजाप, (पु०) उप+जप+घञ् । भेद । फरक... होना । धीरे धीरे जपकरना.

उपजीविका, (स्त्री०) उपजीवयति । उप+जीव... टाप् । रोजी । जीनेका साधनवृत्ति । जीविका...

उपजीविन्, (त्रि०) उप+जीव+णिन् । ... आसरेमें पड़ाहुआ नौकर.

उपजीव्य, (त्रि०) उप+जीव्+ण्यत् । आश्रय...

उपज्ञा, (स्त्री०) उप+ज्ञा+कर्म्मणि अङ् । उपदेश... बिना आपही समझलेना । "भावे घञ्" पहिला...

उपढौकन, (न०) उप+ढौक्+कर्म्मणि ल्युट् । ... उपहार । उपायन.

उपत्यका, (स्त्री०) उप+त्यकन् । पर्वतके निकट...

उपदंश, (पु०) उप+दन्श्+घञ् । मद्यपानरोचक... शराब पीनेके साथ अच्छा लगनेवाली खानेकी ... चटनी । उपस्थरोगभेद । एक प्रकारकी डंकमारना । ... लिङ्गकी बीमारी । दंशन । डंकलगाना । डङ्कमार...

उपदर्शक, (पु०) उप+दृश्+णिच्+ण्वुल् । द्वार... दरवान । दिखलानेहारा (त्रि०). [बड़ी...

उपदा, (स्त्री०) उप+दा । अङ् । उत्कोच । ...

उपदेश, (पु०) उप+दिश्+घञ् । गुप्तवार्ताकथन... पीछूई बातका कहना । भलाईकी बात बताना । ... लाना । प्रवृत्त करानेहारा वचन.

उपद्रव, (पु०) उप+द्रु+अप् । उत्पात । मुसीबत... जुल्म । शुभ वा अशुभको सूचन करनेहारा ... (भूचाल) आदि । सख्ती. [मुसीबतमें पड़ा...

उपद्रुत, (त्रि०) उप+द्रु+क्त । व्याकुल । घबराया...

उपधा, (स्त्री०) उप+धा+अच् । धर्म्म अर्थादिकी र... से मन्त्रिओंकी परीक्षा करना । छल । व्याकरणमें ... छले अक्षरका पहिला.

उपधातु, (पु०) उपमितः धातुभिः । स्वर्ण आदि ... धातुओंके सदृश सात द्रव्य (स्वर्णमाक्षिक, तारमा... तुत्थ, कांस्य, रीति, सिन्दूर, शिलाजतु) । शरी... सात धातु (रससे दुग्ध, लोहूसे रज, मांससे ... मेदसे गर्म्मी, अस्थिसे दांत, मज्जासे बाल, वीर्य्यसे ओज...

उपधान, (न०) उपधीयते शिरोऽत्र । जहां सिर र... जाय । शिरोधान । सिहाना । बालिश । प्रणय । ... विष । एक प्रकारका व्रत.

उपधि, (पु०) उप+धा+कि । किसी वस्तुको ... प्रकारसे प्रकाश करना । कपट । छल । रथका पहि...

उपधूपित, (त्रि०) उप+धूप्+क्त । आसन्नमरण... सकी मौत नजदीक हो । सन्तापसे युक्त । ... पड़ाहुआ. [गया । पहुंचा । ...

उपनत, (त्रि०) उप+नम्+क्त । उपस्थित । हाज़िर ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पनय, (पु०) उप+नी+अच् । उपनयन । पास लेजायागया । शिक्षाके लिये गुरुके पास पहुंचाना । न्यायमतमें जो २ धूमवाला है वह वह वह्निवाला भी है । यह (पर्वत) भी वैसाही (धूमवाला) है, इत्यादि वाक्यरूप न्यायका एक अवयव (प्रतिज्ञादि पञ्चावयवोमेंसे) । ज्ञानलक्षणासे उत्पन्न हुआ ज्ञानका भेद.

पनयन, (न०) उप+नी+ल्युट् । स्मृतिमें कहागया एक संस्कार । यज्ञसूत्र । जनेऊ धारण करना.

पनाह, (पु०) उप+नह्+घञ् । बीनमें तारोंके बांधनेकी जगह । व्रण । घाव । फोडा आदिकी शान्तिके लिये लेप करनेकी चीज़ । मर्हम । मल्हम । बीन बाजेके बंद.

पनिधि, (पु०) उप+नि+धा+कि । न्यास । अमानत। विश्वाससे रक्खी गई चीज.

पनिषद्, (स्त्री०) उपनिषीदति प्राप्नोति ब्रह्मात्मभावोऽनया । उप+नि+सद्+क्विप् । जिसके द्वारा जीव ब्रह्मस्वरूप हो जाताहै । ब्रह्मविद्या । ब्रह्मविद्याको प्रतिपादन करनेहारा वेदका शिरोभाग । वेदान्त । परा विद्या । श्रीमद्भगवद्गीता । धर्म्म । जान्ना । पास पहुंचना । अज्ञाननिवारिणी विद्या.

पनेत्र, (न०) उपगतं नेत्रम् । नेत्रके पास आगया । आंखके पास रक्खा गया काच आदिसे बनाया हुआ नेत्रका उपकार करनेहारा द्रव्य । चशमा । ऐनक.

पन्यास, (पु०) उप+नि+ अस्+घञ् । वाक्योपक्रम । वचनरचना । पास रखना । अमानत । विचार । छल । बहाना । भूमिका.

पपति, (पु०) उपमितः पत्या । पतिके समान ख़याल कियागया । जार । दूसरा पति । गौणपति.

पपत्ति, (स्त्री०) उप+पद्+क्तिन् । युक्ति । दलील । सिद्धि । सङ्गति । मिलावट.

पपद, (न०) उपोच्चारितं पदम् । प्रा० स० । पास बोला गया पद । नामके पीछे उच्चारण किया गया शर्म्मवर्म्मादिरूप शब्द । व्याकरणमें प्रत्यय आदि विधान करनेहारा और सप्तम्यन्त पदसे निर्देश किया गया सूत्र । जैसे " कर्म्मण्यण् " इत्यादि स्थलमें कर्म्मणि यह सप्तम्यन्त पद और " अण् " प्रत्ययके विधानमें उपपद है । वह शब्द जो पहिले बोला जाय. [भराहुआ । मुनासिब । पाया.

पपन्न, (त्रि०) उप+पद्+क्त । युक्तियुक्त । दलीलसे

पपातक, (न०) उपमितं पातकेन । पातकसे उपमा दिया गया गोवधादिरूप पाप । गौको मारना आदि पाप । दूसरे दर्जेका पाप.

पपादन, (न०) उप+पद्+णिच्+ल्युट् । युक्तिसे समर्थन करना । दलीलसे साबित करना । अच्छीतरह बयान करना. [नगर । छोटा नगर ।

उपपुर, (न०) उप समीपे पुरं । नगरके पास । शाखा

उपपुराण, (न०) उपमितं पुराणेन । पुराणके समान । सनत्कुमार आदिसे कहे गये अठारह ग्रन्थ । सनत्कुमार, नारदीय, नारसिंह, शिव, कापिल, दुर्वासा, मानव, वरुण, उशनस, शाम्ब, नन्दिकेश्वर, सौर, पराशर, महेश्वर, आदित्य, वासिष्ठ, भागवत, ब्राह्म.

उपप्लव, (पु०) उप+प्लु+अप् । आकाशसे उल्कापात (रेखाके स्वरूपसे गिराहुआ तेजका समूह) आदि उपद्रवका होना । चन्द्रमा और सूर्यका ग्रहण.

उपप्लुत, (त्रि०) उप+प्लु+क्त । पीड़ित । मुसीबतमें पड़ाहुआ । पानीमें डूबगया । उपद्रुत.

उपभोग, (पु०) उप+भुज्+घञ् । भोजनादिसे उत्पन्नहुआ सुखका अनुभव । भोग। सुख। खाना। स्वादलेना.

उपमर्द्द, (पु०) उप+मृद्+घञ् । आलोडन । रिड़कना । हिंसन । मारना । पहिले धर्म्मको छिपाकर दूसरेको कायम करना । मलना. [बराबरी । अर्थालङ्कारभेद.

उपमा, (स्त्री०) उप+मा+अङ् । सादृश्य । समानता ।

उपमान, (न०) उपमीयतेऽनेन । उप+मा+ल्युट् । जिस्से समानता दिखलाई जाय । जैसे "चांदके समानमुख" यहां चन्द्र उपमान है क्योंकि इसीसे मुखकी उपमा दीगई "भावे ल्युट्" सादृश्यज्ञान । समानहोनेकी समझ.

उपमिति, (स्त्री०) उप+मि+क्तिन् । सादृश्यज्ञान । उपमा.

उपमेय, (त्रि०) उपमीयतेऽसौ उप+मि+यत् । सादृश्यका आश्रय। जैसे "चन्द्रके समान मुख" यहां मुख उपमेय है.

उपयन्तृ, (पु०) उप+यम्+तृच् । स्त्रीसे विवाहकरनेवाला । पति. ["उपयाम".

उपयम, (पु०) उप+यम्+घञ्-अवृद्धिः । विवाह । शादी ।

उपयाचितक, (न०) उप+याच्+क्त-स्वार्थे कन् । प्रार्थित । मांगा गया । अपनी इष्टसिद्धिके लिये देवताको देनेलायक पशु आदि बलि. [रचागया । खायाहुआ.

उपयुक्त, (त्रि०) उप+युज्+क्त । न्याय्य । ठीक २

उपयोग, (पु०) उप+युज्+घञ् । भला आचरण । इष्टसिद्धिके लिये व्यापार । भोजन । खुराक । जोडना । लगाना । इस्तिमाल.

उपयोगिता, (स्त्री०) उपयोगिनो भावः तल् । फ़ायदामन्द होना । लायकहोना । मौका । ज़रूरत । कृपा । मिहर्बानी । मतलब.

उपयोगिन्, (त्रि०) उप+युज्+घिनुण् । इष्टका साधन । अनुकूल । योग्य । काममें लगाना । इस्तिमाल करना । कामदेनेलायक । फायदामन्द । ठीक.

उपरक्त, (पु०) उप+रञ्ज्+क्त । रंगनेवाले द्रव्यसे रंगाहुआ। राहुसे पकडाहुआ चन्द्रमा और सूर्य्य। विपत्तिमें पड़ाहुआ.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उपरत, (त्रि०) उप+रम्+क्त । विरत । हटाहुआ । निहत । मारागया । मृत । मराहुआ । सबकामनाओंसे शून्य । ठहरगया.

उपरति, (स्त्री०) उप+रम्+क्तिन् । विरति । हटना । वस्तुकी प्राप्ति होनेपरभी उदासीन होना । विषयोंसे इन्द्रियोंको हटाना । जीवन, स्वामित्व, और विषयभोगादिके होनेपरभी अत्यन्त इच्छा न करना । " कर्म्मसे पुरुषका अर्थ सिद्ध नहि होसक्ता" ऐसी बुद्धिको उपरति कहतेहैं.

उपराग, (पु०) उप+रन्ज्+घञ् । सूर्य्य और चन्द्रका ग्रहण । राहु । उपद्रव । निन्दा । व्यसन । तक्लीफ़.

उपराम, (पु०) उप+रम्+घञ् । निवृत्ति । हटना । विषयोंसे वैराग्य । आराम । शान्ति.

उपरि, उपरिष्टात्, { अव्य० } ऊपर । ऊंचे (इनके साथ द्वितीया और षष्ठी विभक्ति मिलतीहैं).

उपरोध, (पु०) उप+रुध्+घञ् आनुकूल्यके लिये कथनरूप अनुरोध । अपनी ओर करनेके लिये रुकावट । पास । रोकना । इकरार । बड़ाई । सहायता । आसरा.

उपल, (पु०) उपनीयते उपस्तीर्य्यते गिरिरनेन । जिस्से पर्वत विछायाजाताहै । नी+ड, नस्य लत्वम् । पत्थर । रत्न.

उपलक्षण, (न०) समीपस्थस्य स्वसम्बन्धिनश्च लक्षणं ज्ञानं यस्मात् । पास रहनेहारे और अपनेसे सम्बन्धरखनेवालेका ज्ञान जिस्से हो । जैसे "कौओंसे दही बचाई जाय" यहां कौआ यह पद अपने और अपने भिन्न कुत्ते आदिकाभी बोधक है । अपना और अपनेसे भिन्नका अजहत्स्वार्था लक्षणद्वारा बोध करानेहारा शब्द.

उपलब्धि, (स्त्री०) उप+लभ्+क्तिन् । ज्ञान । जान्ना । प्राप्ति । हासिल.

उपवन, (न०) उपमितं वनेन । वनके समान । आपही लगाया गया वृक्षोंका समूह । बनावटी वन । उद्यान । बाग.

उपवर्ह, उप+वर्ह्+घञ् । शिरोधान । सिरका आसरा । सिहाना । बालिश । तकिया । "उपवर्हणम्" इसी अर्थमें.

उपवास, उप+वस्+घञ् । सूर्य्योदयसे लेकर आठ पहिरतक न खाना । अनाहार । भोजन न करना.

उपवाह्य, (पु० स्त्री०) उप+वह्+ण्यत् । राजाकी सवारी हाथी किम्वा हथिनी । राजाकी पालकी आदि.

उपवीत, (न०) उप+अज्+क्त-वीभावः । दक्षिण (दहिना) हाथ बाहिर निकालेहुए बायें भागमें रक्खागया कपाससे रचाहुआ यज्ञोपवीत (जनेऊ).

उपवीतिन्, (त्रि०) उपवीतं विद्यतेऽस्य । जिसका यज्ञोपवीत हो । यज्ञोपवीत धारण करनेहारा.

उपवृंहित, (त्रि०)उप+वृन्ह्+क्त । वर्धित । बढ़ाहुआ.

उपवेद, (पु०) उपमितः वेदेन । वेदके समान । आयुर्वेदादि.

उपशम, (पु०) उप+शम्+घञ् । इन्द्रियोंका ... तृष्णाका नाश । रोगका उपाय । शान्ति । आ...

उपशल्य, (न०) उपगतं शल्यं अस्थिस्थानं ... के पास । नगर वा गांवके पास खुली जगह (... ग्रामान्त.

उपश्रुति, (स्त्री०) उप+श्रु-क्तिन् । अङ्गीकार । कबूल ... देवसम्बन्धी शुभाशुभ प्रश्न । इकरार । भाग्य...

उपश्लेष, (पु०) उप ईषत् एकदेशेन श्लेषः (... एक ओरकी मिलावट । आधार और आधेय... ओरमें मिलना । जैसे घर और घड़ेका ... होता है.

उपष्टम्भक, (न०) उप+स्तम्भ्+ण्वुल् । स्थूणा । ... किला । ज़ियादती । घरका थम्भा । रोकनेवाला । ...

उपसंग्रह, (पु०) उप+सम्+ग्रह्+अप् । पाँवपर ... लगाकर नमस्कार करना । झुकना । चरणवन्दना...

उपसंयम, (पु०) उप०सम्+यम्+घञ् । उप... खेंचना । समाप्त करना । बांधना । रोकना । ... नाश.

उपसंख्यान, (न०) उपसंख्यायतेऽनेन । व्यञ्... पहिरनेका कपडा । धोती. [करना । ...

उपसंहार, (पु०) उप+सम्+हृ+घञ् । समाप्ति ...

उपसत्ति, (स्त्री०) उप+सद्+क्तिन् । सेवा । ... बयान । पूजा.

उपसर्ग, (पु०) उप+सृज्+घञ् । रोगका विकार । ... शुभाशुभको सूचन करनेहारा महाभूत वि... उत्पात । व्याकरणमें "परा" आदि जो क्रिया... जुड़ते है.

उपसर्ज्जन, (न०) उप+सृज्+ल्युट् । अमुख्य । अ... गौण । विशेषण । समासशास्त्रमें प्रथमान्तनिर्दि... पत्ति । छोड़ना । प्रतिनिधि । एककी जगहपर क... नेहारा.

उपसूर्य्यक, (न०) उपगतं सूर्य्यं सूर्यमिव चन्द्रं ... यां कन् । चन्द्रमा वा सूर्य्यके पास मण्डलाकार (... कृति) परिघ (घेरा) । सूर्य्यके पास पहुंचगया...

उपसृष्ट, (न०) उप+सृज्+क्त । मिलाहुआ । ... हुआ । मैथुन । भोग । "प्र" आदि उपसर्गवाला । ... (त्रि०).

उपसेक, (पु०) उप+सिच्+घञ् । सींचकर कोमल...

उपस्कर, (पु०) उप+कृ+अप्-सुट्च । व्यञ्... शुद्ध करनेका साधन । मसाला । घरमें रहनेके ... न । गृहकी वस्तु । साधन । सामग्री । भूषण । ... कलङ्क । दोष. [पहुंचगया । पुरोहि...

उपस्थातृ, (त्रि०) उप+स्था+तृच् । सेवक । ...

उपस्थान, (न०) उप+स्था+ल्युट् । उपेत्यस्थितिः ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

चकर ठहरना । निकट होना । नज़दीकी । नमस्कार । प्रार्थना । प्राप्ति । बहुत लोग.

उपस्थित, (त्रि०) उप+स्था+क्त । समीपस्थित । हाजिर। प्राप्त। पहुंचाहुआ। आया हुआ। शुद्ध कियाहुआ। उपासना कियागया.

उपस्पर्श, (पु०) उप+स्पृश्+घञ् । स्पर्श । छूना । नहाना "उपस्पृश्यन्ते इन्द्रियाणि अत्र" जिसमें इन्द्रियोंको छूते हैं । विधिसे पहिले जलको पीकर मुख आदिको स्पर्श करना । विधिसे आचमन करना । " तथेत्युपस्पृश्येति " रघुः.

उपस्पृष्ट, (त्रि०) उप+स्पृश्+क्त । नहाया गया । छूआ गया । आचमन कियागया । पास स्पर्श कियागया.

उपहार, (पु०) उप+हृ+घञ् । उपढौकन । भेट। नजर। " अव्य० स० " (समीपार्थे) हारके पास (न०).

उपहर, (पु०) उप+हृ+अप् । युद्ध । लढाई । निर्जन । एकान्त । निकट । नजदीक.

उपांशु, (अव्य०) उप+अनश्+उ । निर्जन । अकेलीजगह । अप्रकाश । छिपाहुआ । बिनाजाने । दूसरा न समझे, देवतामें मनको लगाकर अपनेही सुनेलायक जिसमें जीभ और ओठ थोडासा हिलें ऐसा जप उपांशु कहलाता है । धीरेसे मन्त्रादिका जप करना (पु०) " उपांशु स्याच्छतगुण " इति मनुः.

उपाकरण, (न०) उप+आ+कृ+ल्युट् । यज्ञोपवीत (जनेऊ) डाल कर वेदको पढ़ना । सावन महीनेकी पूर्णिमाके दिन करनेलायक वैधकर्म्म । संस्कार करके यज्ञमें पशुओंको मारना । प्रारम्भ.

उपाख्यान, (न०) उप+आ+ख्या+ल्युट् । पूर्ववृत्तकथन । प्राचीन वृत्तान्त कहना। पुराना हाल बयान करना-कहना। " रामोपाख्यानमत्रैव " इति महाभारतम्.

उपागम, (पु०) उप+आ+गम्+घञ् । स्वीकार । मानलेना । समीपागमन । पास आना । पहुंचना.

उपाङ्ग, (न०) उपमितं अङ्गेन । गति० । अङ्गके समान । प्रधानका सहायक । " शरीरके हाथ पांव आदि अङ्ग हैं तो अंगुलियें उपाङ्ग हुये ।" " साङ्गोपाङ्गैरिहोदिताः " इत्यमरः.

उपाजे, (अव्य०) दुर्बलकी सहायता करना.

उपात्त, (त्रि०) उप+आ+दा+क्त । गृहीत । लियागया । प्राप्त । हासिल । पकडा गया । वह हाथी कि जिसका मद प्रगट नहीं हुआ.

उपादान, (न०) उप+आ+दा+ल्युट् । ग्रहण । लेना । पकड़ना । अपने २ विषयोंसे इन्द्रियोंका हटानारूप प्रत्याहार । कार्य्य उपजानेके लिये ग्रहण किया गया कार्य्यके साथ मिलाहुआ कारण । जैसे मट्टी आदि घडे आदिके सोना आदि अलंकार (ज़ेवर) आदिके उत्पन्न करनेके लिये ग्रहण किया जाता है, और वह सदा कार्योंमें मिला हुआ है (मट्टीही घडा आदि है) । नियमसे कार्यके पहिले रहनेहारा कारण.

उपादेय, (त्रि०) उप+आ+दा+यत् । उत्कृष्ट । बहुत अच्छा । लेनेलायक । प्रधान । मुख्य । करनेलायक । मनोहर । उमदह.

उपाधि, (पु०) उप+आ+धाञ्+कि । धर्म्मकी चिन्ता । " विशेषणमें उपाधिका भेद होता है किन्तु उपाधिवालेका भेद कदापि नहिं हो सक्ता " सांख्यसूत्रम् । अपने धर्म्मको दूसरेमें लेजाकर चमकानेहारा । जैसे दर्पण (शीशा) अपने नीलेपनको मुखमें लेजाकर, और जवाका फूल अपनी लालीको स्फटिक (बिलौर)-में लेजाकर चमकाता है, इसलिये यहां दर्पण आदि नीलापन आदिके प्रकाश करनेमें उपाधि है । न्यायमतमें हेतुके व्यभिचार (हेतु और साध्यका इकट्ठा न रहना) को दिखानेहारा साध्यमें व्यापक और साधनमें अव्यापक पदका अर्थ । छल । नाम । चिह्न । कुटुम्ब पालनेकी घबराहट.

उपाध्याय, (पु०) उपेत्य अधीयतेऽस्मात् । उप+अधि+इङ्+घञ् । पास जाकर जिस्से पढा जाय । जो जीविकाके लिये वेद वा वेदाङ्गके किसी एक देशको पढ़ावे । पढ़ानेहारा । उस्ताद । " उपाध्यायी, उपाध्यायानी " (स्त्री०).

उपानह, (स्त्री०) उप+आ+नह्+क्विप् । उपसर्गको दीर्घ होजाता है । चर्म्मपादुका । चमडेकी खड़ावें । जूती.

कनीयस्, (त्रि०) अयं अनयोः अतिशयेन युवा अल्पो-वा ईयसु० कनादेशः। दोनोंमें बहुत छोटा। भाई। स्त्रीलिङ्गमें ङीप् होताहै. [ताम्र। तामा। तांबा.

कनीयस्, (न०) कनी दीप्तिः तस्मै यस्यति। यस्+अच्।

कन्तु, (पु०) कम्+तु। कामदेव। हृदय (न०) कं सुखं अस्तीति। कम् अस्त्यर्थे तु। सुखवाला। सुखी.

कन्था, (स्त्री०) कम्+थन्। मृण्मयभित्ति। मट्टीकी दीवार। कंद। सूतसे गुथे हुए पुराने कपड़ोंके चीथडे। गोदड़ी.

कन्द, (पु०) (न०) कन्दति कन्दयति, कन्दते वा कदि+अच् णिच् अच् घञ्वा। शस्यमात्रकी जड़। गृञ्जन। गाजर। मेघ। बादल (पु०).

कन्दर, (पु०) (स्त्री०) कं जलेन दीर्य्यते। कम्+दृ+अच्। घरके स्वरूपमें पर्वतका नितम्बदेश। गुहा। गुफ़ा। स्त्रीत्वे टाप् ङीप् च। आंकुस। अंकुश (पु०)। आर्द्रक (न०) अदरक. [रा हों। एकपहाड़.

कन्दराकर, (पु०) ६ त० पर्वत। जहां बहुतसी कन्द-

कन्दराल, (पु०) कन्दरा+अस्त्यर्थे लच्। गर्दभाण्डवृक्ष। प्लक्षवृक्ष। पाकुड़। आखोटवृक्ष। अखरोट.

कन्दर्प, (पु०) कं सुखं तेन तत्र वा दृप्यति। कम्+दृप्+अच्। कं कुत्सितो दर्पोऽस्मात् वा। सुखसे वा सुखमें अभिमान कर्ताहै। जिससे बुरा अहंकार उपजताहै। कामदेव। इसमें जीवको सुखका अभिमान होताहै.

कन्दर्प-कूप, (पु०) कन्दर्पस्य कूप इव। मानों कामदेवका कूआ है। स्त्रीचिह्नभेद। स्त्रीका चिह्न। योनि। कुस.

कन्दर्प-जीव, (पु०) कन्दर्पं जीवयति उद्दीपयति। जीव्+णिच्+अण् कामवर्द्धननाम वृक्ष। एकवृक्ष जो कामको बढ़ाताहै.

कन्दर्प-मूषल (पु०) कन्दर्पस्य मूषल इव। मानो कामदेवका सोला है। पुरुषका चिह्न। लिङ्ग.

कन्दली, (स्त्री०) कन्दे लीयते। ली+ड। एक प्रकारका हरिण। गुल्मविशेष। एकझाड़ी। पताका। झुण्ड। पद्मबीज। कमलडोडा.

कन्दु, (पु० स्त्री०) स्कन्द्+उ। सलोपः। अयोमयपाकपात्र। लोहेका पकानेका वर्तन। तवा.

कन्दुक, (पु०) कदि+उक। गेन्दुक। गेन्द। खिद्दो। खेन्नु.

कन्दुपक्व, (त्रि०) जलोपसेकं विना कन्दुपात्रे पक्वं। पानी लगायेविना तवेपर पकाहुआ। भुजीहुई चीज। चावलआदि. [नीलाकमल (न०).

कन्दोट, (पु०) कदि+ओटन्। श्वेतोत्पल। चिट्टाकमल।

कन्धर, (पु०) कं जलं धारयति धरः। जो पानीको धारण करे। मेघ। बादल। कंधा। ग्रीवा (गर्दन) (स्त्री०).

कन्धि, (स्त्री०) कं शिरो धीयतेऽस्मिन्। कम्+धा+कि। जिसपर सिर रक्खा जाताहै। ग्रीवा। गर्दन। गला.

कन्न, (न०) कद्+क्त। पातक। पाप। मूर्च्छा। ग़श। बेसुध होना.

कन्यका, (स्त्री०) अज्ञाता कन्या। कन्या+अज्ञातार्थे कन्। क्षिपकादि गणमें पाठ होनेसे इकार नहुआ। दस वर्षकी कुमारी। लड़की। कुवारी.

कन्या, (स्त्री०) कन्+यत्। अनूढ़ा कुमारी। न विवाही हुई लड़की। दस वर्षकी क्वारी। मेषसे छठी राशि। मोटी इलाइची। देवी.

कन्याकुब्ज, (पु०) कन्याः कुब्जा यत्र। कान्यकुब्ज (कन्नौज) देश। वहां वायुने सौ कन्याको कुबड़ा करदिया। यह रामायणकी कथा है.

कन्याट, (पु०) कन्या अटति अत्र। घञ्। जहां लडकियें खेलती हैं। वासभवन. [अकम्पिष्ट.

कप्, चलना-हिलना। भ्वा०इदित् आत्म०अक०सेट्।कम्पते।

कपट, (पु० न०) के मूर्द्धनि अग्रे पट इव आच्छादकः। माथेपर कपड़ेकी नाईं ढ़ाकनेहारा। अन्यथास्थित वस्तुको अन्यथारूपसे आच्छादन करना। छल। ठगी। लुचपना.

कपटिन्, (त्रि०) कपट+इनि। छलयुक्त। छलवाला। छलिया। लुच्चा.

कपर्द, (पु०) पर्व-भरना-क्विप्। रात् वलोपे पर्। कस्य

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

गंगाजलस्य, परा पूर्त्या दायति शुध्यति । क+पर्+दैप्+क । शिवजीकी जटा । कौड़ी. [महादेव । शंकर.

कपर्दिन्, (पु०) कपर्द+अस्त्यर्थे इनि । कपर्दवाला ।

कपाट, (स्त्री० न०) कं वातं पाटयति बहिर्गमयति । पट्+णिच्+अण् । जो वायुको बाहिर निकालताहै । दर्वाज़ेका पड़दा बनकर वायुको रोकनेहारा अपने नामसे प्रसिद्ध काष्ठआदि । किवाड । "कपाटी".

कपाल, (पु० न०) कं जलं पालयति अण् । घट आदिका अवयव । ठीकरा । सिरकी हड्डी । खोपरी । यतिओंका भीखमांगनेका पात्र । खप्पर । "कप्+कालन्" समूह । एक प्रकारका कोढ़.

कपालभृत्, (पु०) कपालं अस्थिमयं पात्रं बिभर्ति । भृ+क्विप् । जो हड्डिओंका पात्र धारण कर्ताहै । शिवजी महाराज.

कपालमालिन्, (पु०) कपालानां माला विद्यतेऽस्य इनि । खप्परोंकी मालावाला । शिवजी । दुर्गा (स्त्री०) ङीप्.

कपालिका, (स्त्री०) क्षुद्रं कपालं अल्पार्थे कन् अत इत्वम् । छोटा खप्पर । टूटेहुए मट्टीके टुकड़े । ठीकरियें । ठीकरा.

कपि, (पु०) कप्+इ । वानर । लालचंदन । वराह । सूअर । विष्णु । धूप.

कपिकेतन, (पु०) कपिः केतनं ध्वजरूपं चिह्नं यस्य । जिसकी ध्वजापर वानरका चिह्न हो । अर्जुन । "कपिध्वज" (त्रि०).

कपिञ्जल, (पु०) कमिव पिञ्जलं । पिजि+कलच् । गौरतित्तिर । गोरातीतर । चातक । पपीहा । "कपिञ्जलानालभेतेति" श्रुतिः.

कपित्थ, (पु०) कपिस्तिष्ठति अत्र । तत्फलप्रियत्वात् । स्था+क-पृषो० । जहां वानर बैठताहै, इसका फल उसे प्रिय होताहै । (कैतवेल) वृक्षभेद.

कपित्थास्य, (पु०) कपित्थं इव आस्यं यस्य । जिसका मुख कपित्थकी नांई हो । गोलाङ्गूलनामी वानरका भेद.

कपिप्रिय, (पु०) ६त० । आम्रातक वृक्ष । कपित्थका वृक्ष.

कपिरथ, (पु०) कपिः हनुमान् रथ इव वाहनं यस्य । हनुमान् जिसका रथकी नांई वाहन हो । रामचन्द्र । अर्जुन.

कपिल, (पु०) कप्+इलच्-पादेशः । अग्नि । वासुदेव । सांख्यशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि (वह कर्दमप्रजापतिसे देवहूतीमें भगवान्के अंशसे उत्पन्न हुआ) । कुत्ता । एकदैत्य । पीलारंग । पीलेरंगवाला (त्रि०) सोनेके रंगकी गौ । एक नदी । सुगन्धीवाली वस्तु । धूप । पुण्डरीकनाम दिग्गजकी हथिनी (स्त्री०).

कपिलधारा, (स्त्री०) कपिलेव शुद्धा धारा यस्याः । कपिलाकी नांई जिसकी धार साफ़ हो । स्वर्गकी नदी गंगा । एक तीर्थ जो काशीमें प्रसिद्ध है.

कपिलाश्व, (पु०) कपिलरूपेण अश्वहरणात् । कपिल-रूपमें घोड़ा चुरानेसे । कपिलवर्णाश्वयोगाच्च । ...गका घोड़ा होनेसे । इन्द्र । देवोंका राजा । देव...

कपिलोह, (न०) कपितुल्यं पिङ्गलं लोहधातुः । ... समान पीला लोहाधातु । पीतल । पित्तल.

कपिवक्त्र, (पु०) कपेर्वक्त्रमिव वक्त्रं अस्य । जिस... वानरके मुखसमान है । नारद (इसका मुख वानरका होगया था यह पुराणमें प्रसिद्ध है).

कपिवल्ली, (स्त्री०) कपिरिव तल्लोमतुल्या वल्ली । ... रोमोंके समान जिसकी वेल हो । गजपिप्पली.

कपिश, (पु०) कपिः कपिलवर्णोऽस्यास्ति । अस्त्य... जिसका रंग पीला हो । (शिलारस) सिल्हक । ... पीला मिलाहुआ रंग । वैसे रंगवाला (त्रि०) । ए... माधवीलता (स्त्री०).

कपिशीर्ष, (न०) कपीनां प्रियं शीर्षं अग्रं ... जिसका सिरा वानरोंको प्रिय है । प्राकाराग्र । ... अगली ओर. [वृक्ष । ए...

कपीज्य, (पु०) कपिभिः इज्यते । यज्+क्यप् । ...

कपीन्द्र, (पु०) कपिः इन्द्र इव । वानर मानो इन्द्र... हनुमान् । वानरोंका राजा । सुग्रीव.

कपीष्ट, (पु०) कपीनां इष्टः । राजादनवृक्ष । ...

कपूय, (त्रि०) कुत्सितं पूयते । कुत्सित । निन्दित... कमीना । बदशकल. [पक्षिमात्र । ...

कपोत, (पु०) को वातः पोत इव यस्य । पारावत । ...

कपोतक, (न०) कपोत इव कायति प्रकाशते । ... सौवीराञ्जन । सुरमा । जो कबूतरकी नांई चमकता...

कपोतपालिका, (स्त्री०) पालयति पाल्+ण्वुल्... महल आदिके सिरेपर काष्ठ आदिसे रचागया पक्षि... निवासका स्थान । विटङ्क । पायराखोप । दड़भा । ...ओंके रहनेके लिये छतरी । छज्जा । "कपोतपाली"...

कपोतवर्णी, (स्त्री०) कपोतस्य वर्ण इव वर्णो यस्याः । ... ङीष् । जिसका रंग कबूतरके समान हो । सूक्ष्म... छोटी इलाइची. [शत्रु । श्येनपक्षी । ...

कपोतारि, (पु०) कपोतस्य अरिः ६ त० । कबू...

कपोल, (पु०) कप्+ओलच् । गण्ड । गल्ल । गाल.

कफ, (पु०) केन जलेन फलति । फल्+ड । शरीरका... भेद । श्लेष्मा । बलगम.

कफकूर्चिका, (स्त्री०) कफं कूर्चति विकरोति । ... विकारहोना-बदलना ण्वुल् । लाला । लार । मूं... थूथु । थूक.

कफणि, (पु०) (स्त्री०) केन जलेन फणति स्फुरति । "... भुजाके वीचकी गांठ । कूर्पर । कुहुई । कोहनी । "... वा ङीप्".

कफविरोधिन्, (पु०न०) कफं विरुणद्धि । वि+रुध्+... मरिच । कफका विरोधी (त्रि०...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कफारि, (पु०) ६त०। कफका शत्रु। सुण्ठी। सोंठ.
कबंध, (पु०) कं मुखं बध्नाति। बन्ध्+अण्। मुखको बांधनेहारा। कं वध्यते छिद्यतेऽस्मात्। बन्ध्+घञ्। जिस्से सिर काटाजाताहै। केन वायुना वध्यते। वायुसे रुकनेवाला। उदर। पेट। धूमकेतु। राहु। राक्षसभेद। जल (न०)। सिरसे बिना क्रियाकरनेहारा शरीर। धड़। पानी। बोदीवाला तारा। बिनासिरके देह.
कम्, (अव्य०) पादपूरण। जल। पानी। मस्तक। मुख। मंगल। निंदा. [कमत। अचकमत.
कम्, चाहना। भ्वा०आत्म०सक०सेट्। कामयते। अची-
कमठ, (पु०) कम्+अठन्। कच्छप। कच्छु। संन्यासिओंका जलपात्र (न०).
कमण्डलु, (पु० न०) मण्डनं मण्डः कस्य जलस्य मण्डं लाति ला+कु। जो पानीकी सजावटको ग्रहण करे। संन्यासिओंका जलपात्र। मट्टी वा लकड़ीका पात्र जो भिक्षुलोक हाथमें रखतेहैं। प्लक्षवृक्ष। चौपाओंका भेद.
कमन, (त्रि०) कामयते। कम्+ल्यु। कामुक। कामी। अभिरूप। सुन्दर। अशोकवृक्ष.
कमनच्छद, (पु०) कमनः सुन्दरः छदोऽस्य। जिसका पत्ता सुन्दर है। कङ्कपक्षी। बगुला.
कमनीय, (त्रि०) कम्+अनीयर्। मनोहर। कामनायोग्य। चाहनेलायक। सुन्दर। बहुत उंदा.
कमल, (न०) कं जलं अलति भूषयति। कम्+अल्+अच्। जो जलको सज़ा देताहै। पद्म। कमल। फूल। ताम्र। तांबा। औषध। मृगविशेष। सारसपक्षी (पु०) जल (न०).
कमलख (ष) ण्ड, (न०) कमलानां समूहः। कमल+(ष) ण्डच्। पद्मसमूह.
कमला, (स्त्री०) कमलं विद्यतेऽस्याः। अर्शआदित्वात् अच्। लक्ष्मी। कम्+अलच्। वरस्त्री। सुन्दरस्त्री.
कमलालया, (स्त्री०) कमलं आलयो यस्याः। जो कमलमें वास कर्तीहै। लक्ष्मी. [आसन कमल है। ब्रह्मा.
कमलासन, (पु०) कमलं आसनं यस्य। जिसका
कमलिनी, (स्त्री०) कमलानां समूहः देशो वा। कमल+इनि। कमलोंका समूह। पद्मोंवाली लता. [म्भका फूल.
कमलोत्तर, (न०) कमलं इव उत्तरं उत्कृष्टम्। कुसु-
कमितृ, (त्रि०) कम्+तृच्। कामुक। कामी। शहवती। चाहनेहारा. [वेपथु.
कम्प, (पु०) कपि-चलना घञ्। शरीरआदिका कांपना।
कम्पिल (ल्ल), (पु०) कपि+इलच्। कमलागुंडा। रोचनी। एक वृक्ष। करंज. [हिलाहुआ.
कम्प्र, (त्रि०) कपि+र। कम्पान्वित। कांपाहुआ।
कम्ब, गति-जाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। कम्बति। अकम्बीत्.

कम्बल, (पु०) कम्ब्+कलच्। मेषादिलोमनिर्मित वसन। ऊनी कपड़ा। एक प्रकारका हरिण। साँप वा छोटा कीट। आसन. [रंगबरंगी। घोंगा.
कम्बु, (पु० न०) कम्+उ-बुक्। शंख। गज। हाथी।
कम्बुपुष्पी, (स्त्री०) कम्बुः शंख इव पुष्पं अस्याः। जिसके फूल शंखके समान हैं। शंखपुष्पी.
कम्बोज, (पु०) कवि+ओज। हाथीका भेद। शंखका भेद। देशभेद। हिन्दुस्तानके उत्तरमें एक देश.
कम्र, (त्रि०) कम्+र। भोगकी इच्छा करनेहारा। कामुक। मनोहर। सुंदर.
कर, (पु०) कॄ+अप्। कृ+अच् वा। हस्त। हाथ। किरण। राजाके लेनेयोग्य ख़िराज वा मसूल। वर्षोपल। ओला। गड़ा। हाथीकी सूंड। हस्तनामी नक्षत्र १३ वां.
करक, (पु०) कृ+वुन्। करंजवृक्ष। पक्षी। अनारका वृक्ष। कचनालका वृक्ष। बकुलवृक्ष। शरीर। नारियेलकी खोपरी। कमण्डलु (पु० न०)। "करस्वार्थेकन्" वर्षोपल। ओला। गड़ा.
करकंकणन्याय,(पु०)कङ्कणशब्दस्य करभूषणार्थत्वेपि यथा करशब्दप्रयोगस्तत्र तत्संलग्नताद्योतनार्थः तद्रूपे दृष्टान्ते। कंकणशब्द यद्यपि हाथके भूषणमेंही आताहै तौभी कर "कङ्कण" कहनेसे हाथसे लगाहुआ अभिप्राय है इस प्रकारकी मिसाल. [कांटा है। नख। नखून। नौं.
करकण्टक, (पु०) करस्य कण्टक इव। हाथका मानो
करकाजल, (न०) करकाया जलं ६ त० (वरफ़) करकास्यन्दिजल। ओलोंका वहा पानी.
करकाम्भस्, (पु०) करकाया अम्भ इव अम्भो यस्य। जिसका जल ओलोंके जलसमान हो। नारिकेल। नारियेल। नरेल.
करग्रह, (पु०) करस्य वधूकरस्य वरेण ग्रहो ग्रहणं यत्र। जहां वर वधूके हाथको पकड़ता है। विवाह। शादी। पाणिग्रहण.
करङ्क, (पु०) कीर्य्यते द्रव्यं अत्र। कृ+अप्। जहां कोई वस्तु फेंकी जातीहै। पात्रभेद। डब्बा। कमण्डलु। मस्तकखर्पर। माथेकी खोपरी। नारियेलकी हड्डी। खोल। "ताम्बूलकरङ्कवाहिनी" कादम्बरी.
करच्छद, (पु०) कर इवावरकः छदोऽस्य। जिसका पत्ता हाथकी नाईं हो। शाखोटवृक्ष। सिहोढ़ा। सिन्दूरपुष्पी.
करज, (पु०) करे जायते। जन्+ड। हाथमें उपजताहै। नख। नखून। नौं। व्याघ्रनखनाम गन्धद्रव्य। "कं शिरः जलं वा रञ्जति"। रञ्ज्+णिच्+अण् नि०जो सिर वा पानीको रंगदे। करञ्जुआ। कञ्ज.
करञ्ज, (पु०) कं शिरः जलं वा रञ्जयति अण्। करमचा नामी वृक्ष। करंजुआ.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

करट, (पु०) कृ+अटन्। गजगण्ड । हाथीकी गाल। कौआ। कुसुम्भवृक्ष। वह गौ जो दुःखसे दोहन कीजाय (स्त्री०) टाप्. [हस्ती। हाथी.

करटिन्, (पु०) करटः गजगण्डः ततः अस्त्यर्थे इनि।

करण, (न०) कृ+ल्युट्। क्रियाकी सिद्धिमें साक्षात् (विना फरकके) साधन। व्याकरणमें कहागया कारकका भेद। वर्ण। हेतु। क्षेत्र । इन्द्रिय। शरीर। "भावे ल्युट्" क्रिया। वैश्यसे शूद्रामें उत्पन्न कियागया जातिभेद। करण। कायस्थ (पु०)। वर्णसंकर.

करणाधिप, (पु०) करणानां इन्द्रियाणां अधिपः। इन्द्रियोंका स्वामी। जीव। आत्मा.

करण्ड, (पु०) कृ+अण्डन्। मधुचक्र। मधुमक्खिओंका छत्ता। खड्ग। तलवार। कारण्डव पक्षी। बांसआदिका रचाहुआ फूलोंका पात्र। पच्छी। समुद्र। संदूकड़ी। कलेजेकी बीमारी। यकृतरोग (स्त्री०) टाप्.

करतल, (पु०) ६ त०। हस्ततल। हाथकी तली। हाथ.

करताल, (न०) तल्-प्रतिष्ठा करना। आदर करना। ठहरना घञ्। करे तालो यस्य। जिसका ताल हाथपर हो। वाद्यभेद । (करताल) यह हाथपर रखकरही बजाया जाताहै। झांज। मंजीरा। कैंसी.

करताली, (स्त्री०) करौ ताड्येते यत्र। घञ्। ताड+घञ् ६ त०ङीप्। ड को ल। जहां हाथ बजाये जातेहैं। करतलध्वनि। खड़ताल.

करतोया, (स्त्री०) करस्य गौरीविवाहकाले शिवकरस्य तोयात् (स्ववद्धर्मवारितः) सम्भूतं तोयं यस्याः। पार्वतीके विवाहसमय महादेवके हाथसे वहेहुए पसीनेके पानीसे जिसका जल उत्पन्न होगया। कामरूपदेशमें अपने नामसे प्रसिद्ध एक नदी.

करपत्र, (न०) करात् पतति। पत्+ष्ट्रन्। हाथसे गिरताहै। करात। क्रकच। लकड़ीको फाड़नेहारा। आरा। "करौ एव पत्रं वाहनं यत्र" हाथही जहां सवारीहै। जलक्रीड़ा। पानीकी खेल.

करपत्रवत्, (पु०) करपत्रं इव पत्रवृन्तोऽस्त्यस्य मतुप्। जिसके पत्तेकी जड़ आरेके समान हो। तालवृक्ष। ताड़दरख़्त.

करपर्ण, (पु०) करः हस्त इव पर्णं यस्य। जिसका पत्ता हाथकी नाईं हो। भ्येंट। भिण्डातकवृक्ष। रक्त एरण्ड। लाल हिरंड. [पत्तेकी नाईं। अंगुली.

करपल्लव, (पु०) करस्य हस्तस्य पल्लव इव। हाथके

करपात्र, (न०) कर एव पात्रं जलनिक्षेपपात्रं यत्र। जहां हाथही जल फेंकनेका पात्र है। हाथोंसे उठाकर आपसमें पानी देने वा उछालनेकी खेल। कर्म०। हस्तरूप पात्र। हाथका पात्र.

करपाल, (पु०) करं पालयति। पाल+अण्। हाथको

बचाताहै। खड्ग। तलवार। "संज्ञायां कन् ... इत्वं"। हाथकी लकड़ी। सोटा.

करपीड़न, (न०) करस्य वधूकरस्य वरेण पीडनं मर्दनं यत्र। वधूके हाथका वरके हाथसे ... मलना जहांहो। विवाह.

करबाल, (पु०) करस्य बालः शिशुरिव। हाथका बच्चा है। नख। नखून। नौं। "करे वालो ..." हाथमें जिसकी गति है। खड्ग। तलवार.

करभ, (पु०) कृ+अभच्। करे भाति। भा+क ... बंधसे ले कनिष्ठातक हाथका बाह्यदेश। कोहनीसे उंगलीतक हाथका बाहिरला भाग। हाथीका बच्चा ... का बच्चा। नखीनाम गन्धद्रव्य। ऊंठ। "करभ... डारं" इति माघः. [करंचा। हाथ...

करमर्द्दन, (पु०) करं मृद्नाति। मृद्+ल्यु। करमर्द...

करमाला, (स्त्री०) करः कराङ्गुलिपर्व मालेव जप... हेतुत्वात्। अंगुलिओंकी गांठे जपकी गिनतीका ... होनेसे मानो मालाकी नाईं हैं। अनामिकाके मध्यसे ... दहिनीओर तर्जनीके मूलपर्य्यन्त करमाला है। अङ्गु... में दस गांठोकी माला जो जप संख्याके लियेहै.

करम्ब, (त्रि०) कृ+अम्बच्। मिश्रित। मिला... मिश्रण। मिलना (पु०).

करम्बित, (त्रि०) करम्बो मिश्रणं जातोऽस्य ... जिसका मेल हुआहै। मिश्रित। मिलाहुआ। जुड़ा... "मधुकरनिकरकरम्बित" जयदेवः.

करम्भ, (पु०) केन जलेन रभ्यते सिच्यते। रभ... सुमुच। दहीसे मिलेहुए सत्तू। जलसे सींचा जाता...

कररुह, (पु०) करे रोहति। रुह्+क। हाथमें उग... नख। नखून। नौं.

करवाल, (पु०) करं वालयति रक्षति (पु०) वल... नकरना+अण्। हाथको बचाताहै। कृपाण। तलवा...

करवीर, (पु०) करं वीरयति । चुरा०। वीर-विक्रम करना-बल दिखलाना+अच्। हाथको बल देताहै। ... तरवार। कृपण। सूम। कंजूस। एक वृक्ष। ... मसान। एक देशका नाम। "स्वार्थे कन्" अर्जुन... कणेरका वृक्ष. [...

करशाखा, (स्त्रीं०) करस्य शाखेव। मानों हाथकी डा...

करशीकर, (पु०) करस्य हस्तिहस्तस्य शीकरः ... सूंड़की बूंदें। हाथीकी सूंडसे निकलाहुआ पानी... (कतरा). [सूई है। नख...

करशूक, (पु०) करस्य शूकः सूचीव। मानो ...

करसूत्र, (न०) ६ त०। विवाहआदिके समय ... मंगलके लिये बांधागया सूत। कंगना.

करहाट, (पु०) करं हाटयति दीपयति। हट्-प्र...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रना+णिच्+अण्। किरणको चमकाताहै। पद्मआदिका मूल (जड़)। मदनवृक्ष। पिण्डीवृक्ष। देशका भेद.

करहाटक, (पु०) करं हाटयति। हट्-चमकना+णिच्+ण्वुल्। हाथको प्रकाश कर्ताहै। मदनवृक्ष। ६ त०। हस्तका भूषण। सुवर्ण। हाथका ज़ेवर। सोना.

कराल, (त्रि०) कृ+अप्। करो विक्षेपः तस्मै अलति पर्याप्नोति। अल्-पूरा-होना+अच्। जो विक्षेप (भय आदि) के लिये पूरा है। विकट। भयानक। तेलका भेद (गर्ज्जनतैल)। सर्जरसवाला तेल। तैलधुना (न०)। दन्तुर। नतोन्नत। ऊंचानीचा। ऊंचा (त्रि०)। अनन्तमूलनामी वृक्षका भेद.

करास्फोट, (पु०) करेण आस्फोटः शब्दो यत्र। जहां हाथकी आवाज़ होतीहै। वक्षःस्थल। छातीकी जगह। सिकोड़कर रक्खीगई एक भुजा। दुसरे हाथकी चोटसे शब्द करना। ताल ठोकना ३ त०। भुजाका ठोकना.

करिणी, (स्त्री०) करिन्+ङीप्। हस्तिनी। हथिनी। गौ। देवताभेद. [हाथीको फाड़ताहै। सिंह। शेर.

करिदारक, (पु०) करिणं दृणाति हिनस्ति। दृ+ण्वुल्।

करिन्, (पु०) करः शुण्डादण्डः अस्ति इत्यर्थे इनिः। जिसका सूंडका डंडा हो। हस्ती। हाथी.

करीर, (पु०) कॄ+ईरन्। घट। घड़ा। वंशाङ्कुर। वांसकी फूट। झिल्ली। करीरका वृक्ष। हस्तिदन्तमूल। हाथीके दांतकी जड़ (स्त्री०). [सूखा गोबर.

करीष, (पु० न०) कॄ+ईषन्। शुष्कगोमय। सूका गोया।

करुण, (पु०) कृ+उन। करुणनामी रसका भेद। करुणनामी वृक्षका भेद। दीन। अनाथ। दुःखित। करुणावाला। (दयालु) (त्रि०) दया (स्त्री०) टाप्.

करुणविप्रलम्भ, (पु०) करुणरसान्वितो विप्रलम्भः। करुणारसवाला विछोड़ा। अलंकारप्रसिद्ध श्रृङ्गाररसमें विप्रलम्भभेद। विछोड़ेमें प्रेमका अनुभव करना.

करुणामय, (त्रि०) करुणा+प्राचुर्य्ये मयट्। बडी दयावाला। करुणामयी (स्त्री०).

करूष, (पु०) कॄ+ऊष। देशभेद. [(स्त्री०).

करेणु, (पु०) कृ+एनु। गज। हाथी। हस्तिनी। हथिनी

करोट, (पु० न०) के शिरसि रोटते। रुट्-चमकना। अच्। सिरपर चमकतीहै। सिरकी हड्डी। खोपड़ी। "करोटि" यही अर्थ.

कर्क्, हसना। पर०अक०सेट्। कर्कति। अकर्कीत्.

कर्क, (पु०) करोति कृणोति क्रियते वा। कृ+क। तस्य न इत्वम्। वह्नि। आग। चिट्टा घोड़ा। दर्पण। शीशा। कुलीर। केकड़ा। कर्कटवृक्ष। कण्टक। मेष आदिसे चौथी राशि। घट। घड़ा। (पु० स्त्री०) वा ङीप्.

कर्कट, (पु०) कर्क+अटन्। छोटा आवला। कटफल। कर्करेटपक्षी। जलजन्तुका भेद। कुलीर। केकड़ा। चौथी राशि। शाल्मलीवृक्ष। सिम्बलका पेड़। "स्वार्थे कन्" कर्कटक। यही अर्थ.

कर्कटश्रृङ्गी, (स्त्री०) कर्कट इव श्रृङ्गं यस्याः। जिसका सींग केकड़ेकी नांई हो (कक्कड़सिङ्गी) वृक्षभेद। "स्वार्थे कन्" कर्कटश्रृङ्गिका.

कर्कन्धू, (स्त्री०) कर्कं कण्टकं दधाति। धा+कू। नि० मुम् (जो कांटेको धारण कर्ताहै)। बदरीफल। बेर। वृक्षविशेष। उनाब.

कर्कश, (पु०) करे कशति। कश्-आवाज़करना। अच्। पृषो०। कर्कः काठिन्यं अस्त्यर्थे श। कृ-फेंकना+विच्। कर्। कश्-मारना +अच्-कर्म०वा। करञ्ज (करमचा)। खांसीको दूरकरनेहारा। इक्षु। गन्ना। तरवार। खरस्पर्श। तेजछूना। कठोर। साहसी। क्रूर। निर्दय। बेरहम। खरस्पर्शवाला (त्रि०).

कर्कसार, (न०) कर्कं हासं श्वेततां सरति गच्छति। सृ+अण्। करम्भ। दधिसक्तु। दहीसे मिलाहुआ आटा वा मांस. [कूष्माण्ड। पेठा.

कर्कारु, (पु०) कर्कं हासं श्वेततां ऋच्छति। ऋ+उण्।

कर्कोट, (पु०) कर्क+ओट। सांपका भेद। नागराज। "स्वार्थे कन्" कर्कोटकनाम सांप जिसे दृष्टिविष (देखनेहीसे जिसकी जहर चढ़-जातीहै) कहतेहैं। बिल्वका वृक्ष। कांकदोलनामी दरख्त. [हरिताल.

कर्च्चूर, (पु०) कर्ज्ज्०ऊर। पृषो०। (कचूर) गन्धद्रव्य।

कर्ज्, पीड़ाकरना। भ्वा० पर० सक० सेट्। कर्ज्जति। अकर्ज्जीत्.

कर्ण, फाड़ना। चुरा० उभ० सक० सेट्। कर्णयति-ते। अचकर्णत्-त "आ उपसर्गके साथ इसका अर्थ सुन्ना होजाताहै" आकर्णयति। आकर्णयते.

कर्ण, (पु०) कृ+नन्। कर्ण्-फाड़ना। अच्। शब्द ग्रहणकरनेके लिये जो फेंकाजाताहै। कॄ+नन्। वा। श्रोत्रेन्द्रिय। कानकी इन्द्रिय। अंगदेशका राजा। कुन्तीका पुत्र। सूर्य्यका बेटा। तीन भुजावाला क्षेत्र। अरित्र। बेड़ीके चलानेकी लकड़ी। चप्पा. [छोटाकीड़ा। कनखजूरह.

कर्णकीटी, (स्त्री०) कर्णः स्वल्पः कीटः। अल्पार्थे ङीप्।

कर्णगूथ, (न०) ६ त० कर्णमल। कानकी मैल.

कर्णजलूका, (स्त्री०) कर्णे जलूकेव। शतपदी। कनखजूरह। "कर्णजलौकस्". [कानकी जड़.

कर्णजाह, (न०) कर्णस्य मूलं। कर्ण+जाह। कर्णमूल।

कर्णधार, (पु०) कर्णं नौकाचालनदण्डं धारयति। धृ+णिच्+अण्। जो बेड़ी चलानेके दण्ड (चप्पा वा हाला) को पकड़ताहै। नाविक। मल्लाह.

कर्णपाली, (स्त्री०) कर्णं पालयति। पाल्+अण्। कानका वाला। एक प्रकारका कानका भूषण। वाली। वाला.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कर्णपूर, (पु०) कर्णं पूरयति । पूर+अण् । जो कानको भरताहै । कर्णाभरण । कानका भूषण । नीलोत्पल । नीलाकमल । शिरीषका वृक्ष । अशोक वृक्ष । इनके फूलोंसे स्त्रीके कान भूषित किये जातेहैं । "कर्णपूरक".

कर्णवर्जित, (त्रि०) ३ त० । बधिर । बहिरा । जिसका कान नहिं । सांप (पु०).

कर्णवेध, (पु०) विध्+घञ् । ६ त० । वह संस्कार जिसमें कानोंको वेधन करते हैं.

कर्णवेष्ट, (पु०) कर्णौ वेष्ट्येते अनेन । जिससे कान घेरे जाते हैं । कुण्डल । वाला । "ण्वुल्" कर्णवेष्टक । इसी अर्थमें । "भावे ल्युट्" कर्णावरण (कानका पड़दा) (न०).

कर्णशष्कुली, (स्त्री०) कर्णस्य शष्कुलीव । कर्णगोलक । कानके बीचका आकाश । कानका छेक जो पतली झिल्लीसे ढका हुआ होता है, जिसपर वायुके लगनेसे शब्द सुनाई देताहै.

कर्णाट, (पु०) रामनाथसे लेकर श्रीरंगतक देश । काव्यकी रीति (स्त्री०) ङीप्. [कंड़िआरी । (स्त्री०) ङीप्.

कर्णि, (पु०) कर्ण+इन् । शरभेद । तीर । कण्टकारिका ।

कर्णिका, (स्त्री०) कर्ण+ण्वुल् । करिहस्ताग्र । हाथीके सूंडकी नोक । हाथके बीचकी अंगुली (मध्यमा)। कानका भूषण । पद्मबीजकोष । लेखनी । कुट्टिनी । कलम । अग्निमन्थ वृक्ष । अजशृङ्गी वृक्ष.

कर्णिकार, (पु०) कर्णिकां ऋच्छति । ऋ+अण् उप० (गणियारी) वृक्षभेद । कनेरका दरख्त । कनेरका फूल । छोटा सन्दल.

कर्णीरथ, (पु०) कर्णः सामीप्येन अस्ति अस्य कर्णी । जिसके पास कान रहे । स्कन्धः । तत्र ई शोभा यस्य । जिसकी शोभा कन्धेपर हो । स चासौ रथो रथतुल्यं वाहनं कर्म० ऐसी रथके समान सवारी । कंधेपर उठाई जानेवाली सवारी । पालकी । डोली आदि.

कर्णीसुत, (पु०) कर्ण्याः कंसमातुः सुतः । कंसकी माका बेटा । कंसासुर । कंसराक्षस.

कर्णेजप, (पु०) कर्णे जपति । जप्+अच् । सप्तम्यां अलुक् । कानमें धीरेसे बोलता है । सूचक । चुगलखोर । पिशुन । खल । नीच । बुरी सलाह देनेवाला.

कर्त्, शिथिल होना-ढीला होना । चुरा० उभ० अक० सेट् । कर्तयति-ते । अचकर्तत्-त.

कर्तन, (न०) कृती-काटना । कृत+ल्युट् । छेदन । काटना । रूईके ढेरसे सूत निकालनेका व्यापार । कातना.

कर्तरी, (स्त्री०) कृत्+घञ् । कर्त्तं राति । रा+क-ङीष् । कृपाणी । बरछी । कटारी । केश आदिके काटनेका साधन कैंची । अस्त्र.

कर्त्तव्य, (त्रि०) कृत्+तव्य । काटनेके लायक । "पुत्रः सखा वा भ्राता वा पिता वा यदि वा गुरुः । [...] वर्तन्तः कर्तव्या भूतिमिच्छता."

कर्तृ, (त्रि०) कृ+तृच् । कारक । करनेहारा । [...] कहागया दूसरे कारकोंका प्रेरक । क्रियाका आश्र[य] (खुदमुख्तार) । चतुरानन । ब्रह्मा (पु०).

कर्तका, (स्त्री०) कृत्+तृच्-इडभावः । सं[...] छोटी तरवार । चाकू.

कर्द्, -कुत्सित शब्द करना । बुरी आवाज़ करना [...] आवाज़ करना । भ्वा० पर० अक० सेट् । अकर्दीत्.

कर्द, (पु०) कर्द०अच् । कर्दम । कीचड़.

कर्दम, (पु०) कर्द+अम् । पङ्क । कीचड़ । पाप [...] छायामें उत्पन्नहुआ प्रजापतिविशेष । मांस [...] कीचड़वाला (त्रि०) । "कर्दमक" एक [...] धान.

कर्पट, (पु० न०) कृ+कर्म्मणि विच् । कर्-पटः [...] कपड़ा । चीथड़ा । मैला कपड़ा । "करस्य पटः" [...] गरमी आदि पोंछनेके लिये हाथमें रक्खाहुआ [...] का टुकड़ा । गेरीरंगका कपड़ा । रुमाल । उप[...]

कर्पर, (पु०) कृप्+अरन् । कपाल । खोपरी [...] एक प्रकारका शस्त्र । अंजीरका वृक्ष । कड़ाही [...] खोपरी. [खापरा । शर्करा । रेत [...]

कर्पराश, (पु०) कर्परस्य अंशः । कर्परक[...]

कर्पास, (पु० न०) कृ+पास । वस्त्रयोनि [...] कारण । कपास । कपा । वृक्षभेद । "कर्पासी" [...]

कर्पूरमणि, (पु०) कर्पूरवर्णो मणिः । कपूरके रंग[...] एक रत्नविशेष । जवाहिर । "कर्पूराश्मा".

कर्व्, -जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । कर्वति । [...]

कर्वूर, (पु०) कर्व्+ऊर । राक्षस । शठी । स्वर्ण [...] हरिताल (न०). [नौकर [...]

कर्मकर, (पु०) कर्म्म करोति । कृ+ट । यम [...]

कर्मकाण्ड, (पु०) कर्म्मणां समूहः । काण्ड[...] समूह । कर्म्मको प्रतिपादन करनेहारा वेदका [...]

कर्मकार, (पु०) कर्म्म+कृ+अण् । लौहकारक [...] कुम्हार । तनखाहके बिना काम करनेवाला [...] बैलवाहक.

कर्मक्षेत्र, (न०) कर्म्मणां तद्विधानाय उचितं [...] काम करनेका योग्य स्थान । भारतवर्ष । हिन्दु[स्तान]

कर्म्मठ, (त्रि०) कर्म्मणि कुशलः । कर्म्मन्+अठ [...] कुशल । काम करनेमें चालाक.

कर्म्मण्य, (त्रि०) कर्म्मणि साधुः । कर्म्मन्+यत् [...] योग्य । काममें चतुर । कामके लायक । वेतन [...] खाह (अस्त्री०).

कर्म्मदेवता, (स्त्री०) कर्म्मणा यागादिना देवत[...]

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रके देवता होगया। यज्ञके द्वारा देवपनको प्राप्तहुआ। इस कल्पमें अश्वमेध आदि कर्म्मकर बड़े पदको पा जो देवताओंसे पूजे जातेहैं वे कर्म्मदेवता कहलाते हैं.

र्मधारय, (पु०) व्याकरणमें कहागया अभेदान्वयसे समानविभक्तिक पदके साथ रचागया समासविशेष। विशेषण और विशेष्यका समास। जैसे "नीलोत्पलं."

र्मन्, (न०) कृ+मनिन्। क्रिया। व्याकरणमें कहागया कर्ताको इष्टतमरूप कारक। कर्ता जिसपर क्रियाका असर पहुंचाना चाहे.

र्मफल, (न०) कर्म्मणः फलं। कामका फल। कर्म्मके पकनेसे उत्पन्नहुआ सुख दुःख आदि.

र्मभू, (स्त्री०) कर्म्म कर्षणादि परिकर्म्म, पुण्यादि कर्म्म वा तस्य भूः। कृष्टभूमि। खेंचीगई ज़मीन। पुण्य आदिकर्म्मका स्थान। आर्य्यावर्त। भारतवर्ष। वेदमें कहेगये कर्म्म इसी वर्षमें कियेजाताहै और स्थानमें नहीं.

र्ममीमांसा, (स्त्री०) ६ त०। कर्म्मकाण्डप्रधान वेदके भागका विचारकरनेहारा जैमिनीसे रचागया ग्रन्थ.

र्ममूल, (न०) कर्म्मणां मूलं। कर्म्मोंकी जड़। कुशनामी तृण (घास) इसीसे सम्पूर्ण वैदिक आदि कर्म्म कियाजाता है.

र्मरङ्ग, (पु० न०) कर्म्मणि भोजनादौ रङ्गो रतिर्यसात्। रञ्ज+घञ्। जिस्से भोजनमें रुचि वढ़े। (कामराङ्गा) जम्बीरभेद। इसके भोजनसे भोजनमें रुचि होतीहै.

र्मविपाक, (पु०) विपच्यते। वि+पच्+कर्म्मणि घञ्। कर्म्मणो विपाकः। कर्म्मका पकना। शुभाशुभकर्म्मका फलरूप सुखदुःख आदि। एक पुस्तक जिसमें जीवके भले वा बुरे काम मालूम होतेहैं.

र्मव्यतिहार, (पु०) वि+अति+हृ+घञ्। कर्म्मणा व्यतिहारः ३ त०। आपसमें एकजातिका काम करना। कामका बदलना। जैसे आपसमें ताड़न कर्तेहैं.

र्मशूर, (पु०) कर्म्मणि शूरः। काममें वहादुर। बड़े यत्नसे प्रारम्भकियेगये कामको समाप्त करनेहारा। फलपर्य्यन्त कामकरनेहारा.

र्म्मसंग, (पु०) कर्म्मणि संगः आसक्तिः। सञ्ज+घञ्। यह मैं कर्ता हुं, इस्से यह फल भोगूंगा इसप्रकारका अभिनिवेश। काममें लगना.

र्म्मसंन्यासिन्, (पु०) जो वेदविहित कर्म्मोंको विधानसे त्याग कर्ताहै। सम्+नि+अस्+णिनि। सब कर्म्मको छोड़नेहारा यति.

र्म्मसाक्षिन्, (पु०) साक्षात् पश्यति। नी+। ६त०। सूर्य्य। चन्द्र। यम। काल। पृथिवी। जल। तेज। वायु। आकाश। ये नौ शुभ और अशुभ कर्म्मके साक्षी (गवाह) हैं. [प्राप्ति.

र्म्मसिद्धि, (स्त्री०) ६त०। इष्ट और अनिष्टके फलकी

कर्म्माध्यक्ष, (पु०) ७त०। क्रियासाक्षी। कामके देखनेहारा। किये और न कियेको देखनेवाला.

कर्म्मार, (पु०) कर्म ऋच्छति। ऋ+अण्। कर्म्मकार। लोहार। तरखान आदि जाति। एकप्रकारका वृक्ष। वांसका भेद.

कर्म्मिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन कर्म्मी। इष्ठन्। इनेर्लुक्। वहुत कामकरनेवाला। क्रियादक्ष जन। काममें चतुर। काममें लगाहुआ.

कर्म्मेन्द्रिय, (न०) कर्म्मणां क्रियाणां साधनभूतं इन्द्रियम्। क्रियाको सिद्ध करनेवाली इन्द्रिय। हाथ। पाँव आदि, इनसे पकड़ना चलना आदि क्रिया सिद्ध होती है.

कर्व्, अहंकार करना। भ्वा० पर० अक० सेट्। कर्व्वति। अकर्वीत्.

कर्वट, (पु०) कर्व्व्+अट। दोसौ गाँवमेंसे सुन्दर स्थान। जहां जाकर आसपासके देशके लोक इकट्ठे होकर ख़रीद फ़रोख्त कर्तेहैं। पुर। नगर। ज़िलहमेंसे वड़ाशहिर.

कर्वुर, (पु०) कर्व+उर। राक्षस। पाप। नानावर्ण। कईरंग। रंगवरंगी (त्रि०).

कर्ष, (पु०) (न०) कृष्+अच्। कर्मणि+घञ् वा। सोलहमासेका माप। उतने मापका सोना.

कर्षक, (पु०) कृष्+ण्वुल्। कृषीवल। किसान। खेंचनेवाला.

कर्षफल, (पु०) कर्षं तन्मात्रं फलं अस्य। जिसका फल सोलहमासेका हो। विभीतक वृक्ष। बहेड़ा। आमलकी। (स्त्री०) टाप्. [कविका। घोड़ेकी लगामका लोहा.

कर्षिणी, (स्त्री०) कृष्+णिनि। क्षीरिणीवृक्ष। खलीन।

कर्हि, (अव्य०) कस्मिन् काले। किम्+र्हिल् कादेशः। किससमय। कब.

कर्हिचित्, (अव्य०) कर्हि+चित्। किसीसमय.

कल्, गिनती करना। सक० आवाज़करना। अक०भ्वा० आत्म० सेट्। कलते। अकलिष्ट.

कल्, गति-जाना-गिनना। चुरा०उभ०सक०सेट्। कलयति-ते। अचीकलत्-त. [अचीकलत्-त.

कल्, प्रेरणकरना। चुरा० उभ०सक० सेट्। कालयति-ते।

कल, (पु०) कल्-शब्दकरना-घञ्-अवृद्धिः। मधुराव्यक्तशब्द। मीठी और धीमी आवाज़। सालवृक्ष। अजीर्ण। बदहज़मी.

कलकण्ठ, (पु०) कलः कलान्वितः कण्ठोऽस्य। जिसके गलेमें मीठी आवाज़ हो। कोकिल। कोइल। हंस। पारावत। कबूतर। "स्त्रियां ङीप्" कलकण्ठी.

कलकल, (पु०) कलप्रकारः प्रकारे द्वित्वं। कोलाहल। रौला। हौरा. [मीठी हो। कोइल.

कलघोष, (पु०) कलो घोषो यस्य। जिसकी आवाज़

कलङ्क, (पु०) कलयति क्विप् कल् चासौ अंकश्चेति। चिह्न।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

निशान । अपवाद । तामाआदि धातुओंकी मल (कलत्तन) अपयश । बेइज़ती । दाग़.

कलञ्ज, (पु०) केतिशब्दं लज्जति भाषते । विषसे लिपटेहुए अस्त्रसे मारागया मृग (हरिण वा पशुविशेष) । पक्षी । ताम्रकूट । दसरुपयोंका माप.

कलत्र, (न०) गड्+त्रन् । गस्य कः डस्य लः । नितम्ब । चूतड़ । अपनी स्त्री । भार्य्या.

कलधौत, (न०) कलः मलः धौतः अस्य । जिसका मल धोयागया । सोन्ना । चांदी । "कलधूतम्".

कलध्वनि, (पु०) ६ब० । कोकिल । कोइल । कबूतर । मोर । मीठा और धीमाशब्द.

कलन, (पु०) कल्+ल्यु । वेतसवृक्ष । बैंतका वृक्ष । "भावे ल्युट्" चिह्न । दाग़ । एक महीनेका गर्भ । पकड़ना । गिन्ना । "कलनात् सर्वभूतानाम्" इति स्मृतिः.

कलभ, (पु०) कल्+अभच् । पाँच वर्षका हाथीका बच्चा । धतूरेका पेड. [भेद.

कलम, (पु०) कल्+अम । लेखनी । चोर । धान्यका

कलम्ब, (पु०) कड्+अम्बच् । डस्य लः । नालिका शाक । कलमीशाक । शर । तीर.

कलरव, (पु०) रु+अप्=रवः । कलो रवोऽस्य । मीठी आवाज़वाला । कोइल । कबूतर । मीठा और धीमाशब्द.

कलल, (पु० न०) कल्+अलच् । जरायु नामक गर्भके ढ़ाकनेहारा चमड़ा.

कलविङ्क (ङ्ग), (पु०) फलं वङ्क (ङ्ग) ते । वकि (वगि) जाना । अच् पृषो० अतइलम् । चटक । चिड़िया । पक्षी । श्वेतचामर । इन्द्रयव । इन्द्रजौं.

कलश, (पु०) कलं शब्दं शवति । शु+जाना+ड । घट । घड़ा । गागर । चौतीस सेरका माप.

कलह, (पु०) (न०) कलं हन्ति । हन्+ड । विवाद । झगडा । युद्ध । लडाई । असिकोष । तलवारका मियान.

कलहंस, (पु०) कलप्रधानो हंसः । मीठी आवाज़वाला हंस । राजहंस । कादम्बहंस । राजाओंमें उत्तम । परमात्मा । तेरह अक्षरके पादवाला छन्दोभेद.

कला, (स्त्री०) कल्+अच् । चन्द्रमाके मण्डलका १६ वां भाग । दियेगये धनका लाभ होने योग्य अंश । सूद । समयका परिमाण । ज्योतिष्के अनुसार राशीके तीसवें भागका साठवां भाग । नौका । बेडी । कपट । विभूति । सामर्थ्य । संख्या । गिनती । मरीचिकी स्त्री । चौसठ प्रकारका गाना बजाना आदि.

कलाद, (पु०) कलां अंशं आदत्ते । आ+दा+क । अंशको लेताहै । स्वर्णकार । सुनार (वह भूषण बनानेके लिये दियेगये धनमेंसे अवश्य कोई न कोई अंश लेही लेताहै). [धा+कि । चन्द्रमा.

कलानिधि, (पु०) कला निधीयन्तेऽत्र । कला+नि+

कलानुनादिन्, (पु०) कलं अनुनदति । वारर शब्द करताहै । भ्रमर । भौंरा । चटक ।

कलाप, (पु०) कलां आप्नोति । कला+आ समूह । मोरकी पूंछ । अलंकार । मेखला । चांद । व्याकरणविशेष । एकगाँव.

कलापक, (पु०) कलाप+क । स्वार्थे कन् । अर्थमें । चार श्लोकका एक वाक्य.

कलापिन्, (पु०) कलापो बर्होऽस्यास्तीति । इनि मोर । मोरपंखके समान शाखावाला बट (कल+आप्+णिनि कोकिल । कोइल.

कलाभृत्, (पु०) कलां बिभर्ति । कला+भृ+क्विप् चांद. [कलावाला (

कलावत्, (पु०) कला+अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः ।

कलि, (पु०) कल्+इन् । विभीतकवृक्ष । वहेड़ा । लड़ाई । शूर । वहादर । सबसे पिछला युग । कली (स्त्री०).

कलिकारक, (पु०) कलिं करोति । कृ+ण्वुल् । झगड़ा करनेहारा (त्रि०) भूम्याट पक्षी । (पु

कलिङ्ग, (पु०) कलिं गच्छति । गम्+खच्-मुम् । वृक्ष । करंजुएका वृक्ष । शिरीषवृक्ष । सरीहा प्लक्षवृक्ष । जगन्नाथके पूर्वभागमें कृष्णाके दूसरे तीर

कलित, (त्रि०) कल्+क्त । जानागया । पा फ़ाड़ागया । पिसलगया । लियागया । कहागया । गया । विचाराहुआ । बांधागया.

कलिन्द, (पु०) कलिं ददाति द्यति वा खच्-मुम् पर्वत जहांसे यमुना नदी निकलीहै । विभीतक वृक्ष ।

कलिन्दकन्या, (स्त्री०) ६त० । यमुना । "कलि "कलिन्दोद्भवा". [मि

कलिल, (त्रि०) कल्+इलच् । गहन । गाढ़ा

कलुष, (पु० स्त्री०) कल्+उषच् । महिष । "लुष्-हिंसाकरना, कस्य सुखस्य लुषः घातकः" (न०) पापी (त्रि०).

कलेवर, (न०) कले शुक्रे वरं श्रेष्ठं । वीर्य्यसे होनेपर भी पवित्र है " सप्तमीका अलुक् हुआ" शरीर । जिस्म.

कल्क, (पु० न०) कल्+क । नेत्वम् । घी तेल शेष । पाखण्ड । विभीतक वृक्ष । विष्ठा । तुरस्कनामक द्रव्य । कानकी मैल । किट्ट । मैल । पाप । पापी (शठता । शरारत । कोई द्रव्य सिलपर पीसा सूका वा जलसे मिलाहुआ हो । चूर्ण । ओषधि

कल्कि, (पु०) कल्क+तत् करोति । णिच्+इन् । " ग्राममें प्रधान महात्मा ब्राह्मण विष्णुयशके कल्कि प्रगट होगा" इस प्रकारके लक्षणवाला अवतार । सबसे पिछला अवतार.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कल्किन्, (पु०) कल्क+इनि। (मत्स्य, कूर्म्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, रामचंद्र, कृष्ण, बुद्ध और कल्की ये दस अवतार हैं) दसवां अवतार.

कल्प, (पु०) कृप्+अच्-घञ् वा । यज्ञक्रियाओंका उपदेश करनेहारा शिक्षा, कल्प, व्याकरण आदिमेंसे एक वेदाङ्गभेद । बौधायनकृत अनुष्ठेय क्रमविधान । सूत्रस्वरूप कर्म्मपद्धति ग्रन्थ । ब्रह्माका दिन । प्रलय । विकल्प । कल्पवृक्ष । न्यायशास्त्र । सादृश्यअर्थमें कल्पप् प्रत्यय होता है "पितृकल्पः" "गुरुकल्पः" गुरुके समान.

कल्पक, (पु०) कृप्+णिच्+ण्वुल् । नापित । नाई । काटनेवाला । कल्पना करनेहारा (त्रि०).

कल्पतरु, (पु०) कल्पते फलदानाय । अच् । कर्म्म० । जो फल देनेकेलिये पूरा है । कल्पवृक्ष. [तिभेद.

कल्पन, (न०) कृ+भावे ल्युट् । रचना । काटना । अनुमि-

कल्पना, (स्त्री०) कृप्+णिच्+युच् । पलाने आदिसे हाथीका सिंगारना । अनुमितिभेद । रचना । उपाय.

कल्पान्त, (पु०) ७ ब० प्रलय । नाश.

कल्मष, (पु०) कर्म शुभकर्म्म स्यति । सो+क-पृषो० षलं रस्य लत्वं क । नरकभेद । पाप (न०) मैला । पापी (त्रि०).

कल्माष, (पु०) कलयति कल्+क्विप् । तं माषयति अभिभवति अण् माषः । उप० । राक्षस । चित्रवर्ण । रंगबरंगी । कालारंग । कालापीला रंग.

कल्माषकण्ठ, (पु०) कल्माषः कण्ठो यस्य । जिसका गला काला हो । शिवजी । वह आप तो श्वेत है, और विषयोगसे काला होनेसे वहां काला चिह्नापन पाया जाता है.

कल्य, (न०) कल्+यत् । कलासु साधुः । कला+यत् वा । प्रभात । सवेर । मधु । शहत । शराब । गतदिवस । बीत गया दिन । सज्जीभूत । तयार । रोगरहित । चतुर । सुखी जन (त्रि०).

कल्यजग्धि, (स्त्री०) अद्+क्तिन् । कल्ये प्रातः जग्धिः । प्रातःकालका भोजन । उपचारसे उस कालका खाना । सुबहकी खुराक.

कल्याण, (न०) कल्ये प्रातः अण्यते शब्द्यते । अण्+घञ् । जो प्रातःकाल पुकारा जाताहै । हेम । सुवर्ण । सोना । मङ्गल । खुशी । खुश (त्रि०).

कल्याणकृत, (त्रि०) कल्याणं शुभं शास्त्रविहितं करोति । कृ+क्विप् । शास्त्रके अनुसार काम करनेहारा.

कल्ल्,-कूजन-चिल्लाना-शब्दकरना । चुपरहना । भ्वा० आ० अक० सेट् । कल्लते । अकल्लिष्ट.

कल्ल, (त्रि०) कल्ल्+अच् । बधिर । बहिरा । डोरा । सुनेकी इन्द्रियसे रहित.

कल्लोल, (पु०) कल्+ओलच् । कं जलं लोलं चपलं यस्माद्वा । महातरङ्ग । बड़ीलहर । हर्ष । खुशी । वैरी (त्रि०).

कव्,-तारीफ़ करना-स्तुति करना । बयान करना-वर्णन करना । भ्वा० आ० सक० सेट् । कवते । अकविष्ट.

कवच, (पु०) कं वातं वञ्चयति । वञ्च्+क । गर्द्दभाण्ड वृक्ष । पटहवाद्य । जंगी बाजा । वर्म्म । ज़िरह । सञ्जोआ । भोजपत्रपर लिखकर धारण कियागया देवमन्त्र.

कवर, (पु० न०) कु+अरन् । अम्ल । खट्टा । तुरश । लवण । निमक । केशपाश । जुलफ़ । "कवरी" (स्त्री०) गुत्त. [पांचो वर्ण.

कवर्ग, (पु०) कघटितो वर्गः सजातिसंघः । कआदि

कवल, (पु०) केन वलते । वल्+अच् । ग्रास । मत्स्यभेद । बेलमच्छी.

कवलित, (त्रि०) कवलं ग्रासं करोति । णिच्+क्त । ग्रास किया गया । खायागया । फैलाहुआ । व्याप्त.

कवाट, (न०) कं वातं वटति । वट्-वेष्टनकरना-घेरलेना । अण् । दर्वाज़ेको रोकनेवाला काठका टुकड़ा । कीवाड़ । "कवाटी".

कवि, (पु०) कु+इ । शुक्र । वाल्मीकिमुनि । भास्कर । काव्यकर्त्ता । ब्रह्मा । पिछला अगला सब जाननेहारा । सूक्ष्म अर्थके देखनेहारा । पण्डित (त्रि०) । खलीन । लगाम कवी वा कवि (स्त्री०).

कविका, (स्त्री०) कु+इ । संज्ञायां कन् । खलीन । जो लोहेका बनाहुआ घोड़ेके मूंमें लगाम जोड़नेके लिये दियाजाताहै. [थोड़ा गर्मछूना.

कवोष्ण, (न०) ईषदुष्णं । कोः कवादेशः । ईषदुष्णस्पर्श ।

कव्य, (न०) कु+यत् । पितरोंके उद्देशसे दियागया अन्नादि. [अकशीत् । आकशीत्.

कश्,-शब्दकरना । भ्वा० अक० पर० सेट् । कशति ।

कशा, (स्त्री०) कश्+अच् । घोड़े आदिको चलानेके लिये चोटका साधनपदार्थ । कोड़ा । चाबुक.

कशिपु, (पु०) कश्+कु । नि० । भक्त । अन्न । वस्त्र । कपड़ा । भोजनाच्छादन । शय्या । बिछौना । "सत्यां क्षितौ किं कशिपोः प्रयासैः" भागवतम्.

कशेरु, (पु० न०) कं शृणाति । शृ-हिंसाकरना । उ एरङादेशः । पीठकी हड्डी । मेरुदण्ड । ब्रह्मदण्ड । जलमें उपजा मूलभेद. [मैल (स्त्री०).

कश्मल, (न०) कश्+कल-मुट्च । मूर्च्छा । मोह । पाप ।

कश्मीर, (पु०) कश्+ईरन्-मुट्च । कश्मीरनामी देश.

कश्मीरज, (पु०) कश्मीरे जायते । जन्+ड । कुङ्कुम । केसर । "कश्मीरजन्मा".

कश्यप, (पु०) कश्यं मद्यं पिबति । पा+क । मरीचिनामसे प्रसिद्ध ब्रह्माके पुत्रका बेटा । कश्य (मद्य) के पान

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

करनेसे कश्यप प्रसिद्ध हुआ । मुनिभेद । मृगभेद । मत्स्यभेद. [अकषीत् । अकाषीत्.

कष्-मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । कषति ।

कष, (न०) कष्+अच् । कष्टी । कसौटी । पत्थरका भेद.

कषण, (पु०) कष्+ल्यु । अपक्क । कच्चा । "भावे ल्युट्" घिसना । खुजली करना (न०).

कषाय, (पु०) कषति कण्ठं । कष+आय । श्योनाकवृक्ष । राग । क्रोध । अन्तःकरणका दोष । धववृक्ष । रसभेद । कसैला । लाल पीला मिलाहुआ रंग । क्काथ । काढा (पु०).

कषायित, (त्रि०) कषायो रक्तपीतवर्णो जातोऽस्य इतच् । जिसका लाल पीला रंग होगयाहै । कसैलवाला.

कष्ट, (न०) कष+क्त । पीड़ा । व्यथा । दर्द । पीड़ावाला । जंगल (त्रि०). [सेट् । कंस्ते । अकंसिष्ट.

कस्,-तेजकरना-और जाना । अदा० इदित् आत्म० सक०

कसनोत्पाटन, (पु०) कसनं कासरोगं उत्पाटयति । ल्यु । वासकवृक्ष "वासकः कासनाशकः" यह वैद्यककी उक्ति है.

कसेरु, कस+ड एरुन्नागमः । शूकरका पियारा जलकन्दभेद । एक प्रकारका घास । जिसका मूल सूअर खातेहैं.

कस्तीर, (पु० न०) कं जलं तीरयति । अच् । नि० सुट् । रङ्ग । राङ् धातु.

कस्तूरिका, (स्त्री०) कस्+ऊर-तुट् च । ङीप् । कस्तूरी । स्वार्थे क ह्रस्वे अत इत्वं । मृगमद । मृगनाभि.

कल्हार, (न०) के जले ह्लादते । ह्लाद्+अच् । पृषो० दस्य रः । चिट्टाकमल.

कांस्य, (न०) कंसेन निष्पादितं । कंस+ञ्य । एकप्रकारका वाजा । पानपात्र । पीनेका पात्र । ताम्बे और राङ्के मेलका बनाहुआ उपधातु । "स्वार्थे कन्" कांस्यक (वही अर्थ). [जातिभेद.

कांस्यकार, (पु०) कांस्य+कृ+अण् । उप० । कसेरा ।

काक, (पु०) कै-शब्दकरना । कन् तस्य नेत्वम् । अपने नामसे प्रसिद्ध पक्षी । कौआ । खञ्ज । लंगड़ा.

काकचिञ्चा, (स्त्री०) जिसके फलका सिरा कौएके रंगका हो । गुञ्जा । रत्ती । पृषो० "काकचिञ्चिः" "काकचिञ्ची" "काकचञ्चा" यही अर्थ.

काकच्छद, (पु०) काकस्य छदः पक्ष इव छदो यस्य । कौएके परके समान जिसका पर हो । खञ्जनखग । ममोला.

काकतालीय, (न०) काक (कौए) के गमनसमय अचानकही तालफलका गिरना । एक प्रकारका न्याय । अचानक होजानेवाली बात । अतर्कितसम्भव व्यापार । छ (ईय) प्रत्ययः. [कुचला.

काकतिन्दुक, (पु०) काकवर्णः तिन्दुकः । काकपीलुक ।

काकपक्ष, (पु०) काकस्य पक्ष इव । कौएके परके समान मस्तकके दोनों भागमें एक प्रकारकी केशरचना । कोंकी शिखाको काकपक्ष कहतेहैं । कांबोदिआँ । ...

काकपुष्ट, (पु०) काकेन पुष्टः । कौएसे पालागया । कोइल । खोइल कौएके बिलसे कौएके बच्चेको ... उसके स्थानमें अपने बच्चेको रखदेतीहै, और ... अपने बच्चेकी बुद्धिसे उसे पालती है, यह प्रसिद्ध है.

काकभीरु, (पु०) काकात् भीरुः । पेचक । उल्लू.

काकली, (स्त्री०) कल्+इ । ईषत् कलिः कादेशः वा ... सूक्ष्म मधुरशब्द । धीमी मीठी आवाज़.

काकलीरव, (पु०) काकली मधुराव्यक्तो रवो ... मीठे धीमे शब्दवाली । कोइल । कोकिल.

काकाक्षिगोलकन्याय, (पु०) जैसे कौएका एक ... दोनों गोलकमें घूमजाताहै, वैसे जहां एकपदार्थका ... मेलहो वह दृष्टान्त । उभयसम्बन्ध दृष्टान्त.

काकिणी, (स्त्री०) कक्-चञ्चल होना, तं अणति अण् ... पणका चौथा अंश बीस कौडी । एक दमड़ी । एकमा... का चौथा भाग । "काकिनी" यही अर्थ.

काकी, (स्त्री०) काक+ङीप् । कौएकी स्त्री । कौएका ... होनेसे वायसीलता । एक प्रकारकी वेल । कौनी.

काकु, (स्त्री०) काक+उण् । शोक और भय आ... शब्दका बदलना । अलंकारमें प्रसिद्ध विरुद्ध अर्थ ... कल्पना करनेहारा नञ्आदि शब्द । वक्रोक्ति.

काकुत्स्थ, (पु०) काकुत्स्थः सूर्य्यवंशीयः नृपभेदः । त... पत्यं अण् । सूर्य्यवंशी राजा । इक्ष्वाकु राजा । श्रीराम...

काकुद, (न०) काकुं ध्वनिभेदं ददाति । धत्ते । दा... तालु । जिह्वा इन्द्रियका आश्रयस्थान । तालुया.

काकेष्ट, (पु०) काकानां इष्टः । कौओंका पियारा । नि... नीम । इसका फल कौओंको पियारा लगताहै.

काकोदर, (पु०) कुत्सितं अकति । अक्+अच् । ... कादेशः । काकं ईषद् गतिमत् उदरं यस्य । जिसका ... धीरे चलताहै । सर्प । सांप.

काकोल, (पु०) कक्-चञ्चलहोना-स्वार्थे णिच्-ओल ... द्रोणकाक । पहाड़ीकौआ । सांप । एक प्रकारका सू... नरकभेद । विषभेद (पु० न०) । वायसी । कौ... अश्वगंधा (स्त्री०).

काङ्क्ष, (चाहना) भ्वा०उभ०इदित्-सक०सेट् । काङ्क्ष... काङ्क्षते । अकाङ्क्षीत् । अकाङ्क्षिष्ट.

काक्ष, (त्रि०) ईषत् कुत्सितं अक्षि यस्य कोः कादेशः ... जिसकी आंख थोडीसी बुरी हो । बुरी आंखवाला ज... थोडासा आंखके कोनेमें देखना (न०).

काक्षीव, (पु०) ईषत् क्षीवति अस्मात् । क्षीव्+घञ् ... कादेशः । जिससे थोडासा मस्त होजाताहै । शोभाञ्जन... सुहाजना.

काङ्क्षा, (स्त्री०) काङ्क्ष्+अ । इच्छा । चाह.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

काच, (पु०) कच्यतेऽनेन । कच्-बांधना-चमकना । घञ् । एक प्रकारकी मणि । रेत और एक प्रकारकी खारसे उत्पन्न पदार्थ । मोम । कच्च । शिका । खार । मट्टी.

काचलवण, (न०) काचस्य लवणम् । शोरा । कालालूण.

काचित, (त्रि०) काचे शिक्ये चितं धृतं पृषो० । शिक्यधृतपदार्थ । छिंकेपर रक्खी हुई वस्तु.

काञ्चन, (पु०) काचि-चमकना+ल्यु । एकवृक्ष । चम्पक । चंबा । नागकेशर । उदुम्बर । धत्तूरा । सोना । पद्मकी तिरी । काञ्चन आदि फूल । दीप्ति । चमक । (न०).

काञ्चनक, (पु०) काञ्चनं इव कायति प्रकाशते । कै+क । जो सोनेके समान चमकताहै । पक्षिभेद । कोविदार वृक्ष । कचनालका दरख्त । हरिताल (न०).

काञ्चनदली, (स्त्री०) काञ्चनं इव दलं यस्याः । जिसके पत्ते सोनेकी नाईं हों । स्वर्णकदली । सोनेकी कदली.

काञ्चनक्षीरी, (स्त्री०) काञ्चनं इव क्षीरं यस्याः । ङीष् । जिसका दूध सोनेकी नाईं हो । क्षीरिणीलता.

काञ्चनाल, (पु०) काञ्चनाय दीप्तौ अलति पर्य्याप्नोति अल्+अच् । कोविदार वृक्ष । कचनालके दरख्त.

काञ्चि (ञ्ची), (स्त्री०) । काचि-इन् वा ङीप् । स्त्रीकी कमरका भूषण । एकलड़ा हार । गुञ्जा । रत्ती । एकपुरी । तडागी. [एक आंखवाला (त्रि०) काणा.

काण, (पु०) कण-बन्दकरना । घञ् । काक । कौआ ।

काण्ड, (पु० न०) कण्-शब्दकरना । ड दीर्घः । स्तम्भ । थम्भा । तिनके आदिका गुच्छा । वृक्षका स्कंध । बाण । अवसर । मौका । प्रस्तर । पत्थर । नाड़िओंका समूह । बहुतसे हिस्सोंवाला ग्रन्थका प्रकरण । अध्याय । निर्जन-स्थान । अकेली जगह । अखरोटका वृक्ष (पु०).

काण्डकटुक, (पु०) काण्डे स्कन्धेऽपि कटुकः तिक्तः । कारवेल्ल । करेला.

काण्डतिक्त, (पु०) काण्डे तिक्तः । भूनिम्ब । चिरायता.

काण्डपट, (पु०) काण्ड इव पटः । कनात । पटभेद । जिसे सिकोड़नेपर काण्डरूपता होजातीहै.

काण्डपृष्ठ, (त्रि०) काण्डानि पृष्ठे यस्य । शस्त्राजीव । जो शस्त्रपर जीताहो । सिपाही । अपने कुलकी कुछभी पर्वाह न करके जो दूसरे कुलमें जाय इसी दुष्ट चरित्रसे वह ऐसा कहलाता है (पु०) । मुतवन्ना.

काण्डीर, (त्रि०) काण्डो बाणोऽस्यास्तीति । ईर । जिसका बाण हो । तीरन्दाज । बाणधारणकरनेहारा । अपामार्ग (न०) मजीठ । कारवेल (स्त्री०).

काण्डेक्षु, (पु०) काण्डेन स्कन्धेन इक्षुरिव । जो शाखामें गन्नेकीसी मालूम दे । तालमखाना । तृणभेद.

काण्व, (पु०) कण्वेन अधीतः अण् । कण्वसे पढ़ागया । यजुर्वेदकी एक शाखाका भेद । "अपत्यार्थे अण्" कण्वका पुत्र (त्रि०).

कातर, (त्रि०) ईषत्तरति स्वं कार्य्यं कर्तुं शक्नोति । जो अपना काम थोड़ासा करसक्ताहै । अधीरं । घबरायाहुआ । व्यसनाकुल । दुःखमें पड़ाहुआ । भीत । डराहुआ । विवश । वेवस । चञ्चल । "के जले आरति ल्लवते नतु विशेषतो मज्जति" जो पानीमें तैरताहै, बहुतसा नहिं डूबता । उडुप । पूल. [बुरा घास.

कातृण, (न०) कुत्सितं तृणं कादेशः । कुत्सिततृण ।

कात्यायन, (पु०) कत्यस्य अपत्यं फक् । कात्यका बेटा । एक मुनि (वह धर्म्मशास्त्रका बनानेवाला है) । वररुचि-नामी व्याकरणके वार्तिकका बनानेहारा.

कात्यायनी, (स्त्री०) कत्यस्य अपत्यं स्त्री० फञ् । दुर्गा (वह कल्पान्तरमें कत्यकी सन्तान थी) । आधी बूढ़ी । गेरुएकपड़े पहिननेवाली विधवा (बेवा औरत).

कादम्ब, (पु०) कद्+णिच् अम्बच् । बालहंस । कलहंस । बाण । इक्षु । गन्ना । "कदम्बे भवः अण्" कादम्बं (यही अर्थ).

कादम्बरी, (स्त्री०) कुत्सितं मलिनं अम्बरं यस्य । कोः कदादेशः कदम्बरो बलभद्रः तस्य प्रिया अण् । जिसका कपड़ा मैला हो अर्थात् बलभद्र (मद्यपानकरनेसे) उसकी पियारी । बलभद्रको पियारी लगनेवाली मदिरा । "कादम्बं रसं राति रा+क-ङीष्" कोकिला । कोइल । सरस्वती । सारिका । मैना । शराब.

कादम्बिनी, (स्त्री०) कादम्बाः कलहंसा बलाका वा अनुधावकत्वेन सन्ति अस्याः इनि । जिसके पीछे कलहंस-वा बलाका भागतेहैं । मेघमाला । बादलोंकी कतार.

कादाचित्क, (त्रि०) कदाचिद् भवः । ठञ् । कभी २ होने-वाला.

काद्रवेय, (पु०) कद्र्वाः अपत्यं ढक् । कद्रूकी सन्तान । देवयोनिभेद । नागविशेष । सर्प । सांप. [ब्रह्माका मुख.

कानन, (न०) कन्-चमकना । ल्युट्-युच् वा । बन । घर ।

काननाग्नि, (पु०) ६ त० । शमीवृक्ष । जंडीका दरख्त । (इस्से उत्पन्न हुई अग्निसे वनका दाह होताहै).

कानीन, (पु०) कन्याया अनूढाया अपत्यं अण् कनीन-देशश्च । विना विवाहीकी सन्तान । पुत्रभेद । जैसे व्यास । कर्ण.

कान्त, (पु०) कन्+क्त । कम्+क्त वा । पति । लोहा । सूर्य्यकान्तमणि । चन्द्रकान्तमणि । वसन्त । हिज्जलवृक्ष । वासुदेव । केसर । लोहविशेष (न०) । मनोहर । शोभन । अभीष्ट । बहुत पियारा (त्रि०) नारी । प्रियंगुवृक्ष (स्त्री०).

कान्तलौह, (पु०) कान्तो लौहो यस्य । जिसका लोहा अच्छा हो । अयस्कान्त । चुम्बक पत्थर । लौहसार.

कान्तार, (पु०) कस्य जलस्य सुखस्य अन्तस्तं कान्तं मनोहरं वा ऋच्छति ऋ+अण् । कोविदारवृक्ष । कचनालका

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

दरख्त । इक्षुभेद । गन्नेका भेद । उपद्रव । ज़ंगल । पद्मभेद । बड़ाबन । कठिन मार्ग । गर्त्त । खाल । टोआ.

कान्ति, (स्त्री०) कम्+क्तिन् । शोभा । दीप्ति । चमक । अभिलाष । चाह. [दीप्तिदेनेवाला (त्रि०).

कान्तिदा, (स्त्री०) कान्ति+दा+क । सोमराजी लता ।

कान्दव, (न०) कन्दौ भर्जनपात्रे संस्कृतं अण् । ज़िसे कड़ाईमें पकायागयाहै । मिठाई । पक्वान्न । भक्ष्यभेद.

कान्दविक, (त्रि०) कान्दवं पण्यं अस्य । ठक् । मिठाई जिसका सौदा हो । पूडे बनानेवाला । मिठाई बनानेवाला हलवाई.

कान्दिशीक, (त्रि०) कां दिशं यामि इत्याह । ठक् । पृषो० । कहां चलाजाऊं ऐसा कहनेहारा । डरसे भागाहुआ.

कान्यकुब्ज, (न०) कन्याः कुब्जा यत्र । कन्याकुब्ज+स्वार्थेण् । पृषो० । जहां वायुने एकसौ कन्याको कुबड़ी करदिया । देशभेद । कन्नौज । विप्रभेद । कन्नौजिआ.

कापटिक, (त्रि०) कपटेन चरति । ठक् । कपटसे व्यवहार करनेहारा शठ । दूसरेके मर्मको जान्नेहारा । छात्रभेद । एकतरहका विद्यार्थी (पु०).

कापथ, (पु०) कुत्सितः पन्थाः अच् समा० कादेशः । निन्द्य वर्त्म । बुरा रास्ता.

कापालिक, (पु०) कपालेन मस्तककर्परेण व्यवहरति भोजनपानादिकं करोति । ठक् । जो माथेकी खोपड़ीसे खानेपीनेका व्यवहार कर्त्ता है । अपने नामसे प्रसिद्ध वर्ण । कुलाचारिभेद । वामाचारी । एक प्रकारका योगी.

कापिल, (पु०) कपिलेन प्रोक्तं अधीतेऽण् । जो कपिलसे कहेगये शास्त्रको पढ़ताहै । सांख्यशास्त्रको जान्नेहारा । पीला रंग । पीले रंगवाला (त्रि०).

कापिश, (न०) कपिशवर्णोऽस्त्यस्य । अण् । मद्यभेद । एक प्रकारकी शराब. [पुरुष । बुराआदमी.

कापुरुष, (पु०) कुत्सितः पुरुषः । कोः कादेशः । निन्दित

कापोत, (न०) कपोतानां समूहः अण् । कबूतरोंका समूह । कपोतस्येदं "अण्" कबूतरका । सौवीराञ्जन । सुरमा । कबूतरजैसारंग.

काम, (न०) कम्+णिच्+अच् । शुक्र । वीर्य । "कम्+घञ्" पियारी वस्तुकी अभिलाषी । "पुरुषको जो विषयकी अपेक्षा होती है उसे काम कहते हैं" शहबतका देवता । कामदेव । (पु०).

कामकला, (स्त्री०) कामस्य कला प्रिया । कामदेवकी पियारी । कलाओंकी कारण कामदेवकी पत्नी । रति । कामप्रिया.

कामकार, (त्रि०) कामं काम्यं करोति अण् । जो इच्छाको कर्ताहै । अपनी इच्छासे विचरनेहारा । कामतः प्रवृत्त । आजाद. [करनेहारा । जार । सुरतक्रिया । यार.

कामकेलि, (पु०) कामेन केलिर्यस्य । कामक्रीड़ा

कामचार, (पु०) कामेन स्वेच्छया चरति । चर+... चारः । अपनी इच्छासे कर्त्ता है । यथेष्टाचरणशील... चाहता है सो कर्त्ता है.

कामद, त्रि०) कामान् ददाति । दा+क । इच्छा... देनेहारा । अभीष्टदायक । कामना पूरी करनेहारा का...

कामदुघा, (स्त्री०) कामं दोग्धि । दुह्+क+घ... कामनाओंको देनेहारी । अभीष्टको सम्पादन करने... सुरभी गौ । कामधेनु । स्वर्गकी गौ.

कामदुह्, (स्त्री०) कामं दोग्धि । दुह्+क्विप् । ... अनुसार देनेहारी । कामधेनु । स्वर्गकी गाय.

कामध्वंसिन्, (पु०) कामं ध्वंसयति । ध्वंस्+... णिनि । कामको नाश करनेहारा । शिवजी महारा...

कामपाल, (पु०) कामान् पालयति । पाल् । रक्षा... अण् । कामनाओंको बचानेहारा । बलराम । श्री... जीका बड़ा भाई । बलभद्र.

कामम्, (अव्य०) अनुमति । राय । प्रकाम ... पर्य्याप्त । पूरा । चाहे । स्वीकार । हां.

कामरूप, (पु०) अपने नामसे प्रसिद्ध देश । "का... यस्य" इच्छा जिसका रूप है । अपनी इच्छा... बनानेहारा । सुन्दररूपवाला (त्रि०) । "इति"... धर । मनोहर रूपवाला । अपनी इच्छासे रूप ... वाला (त्रि०).

कामल, (पु०) कामेन लस्यति । लस्+ड । वसन्त... "मत्वर्थे लच्" कामयुक्त । कामी । शहवती (त्रि... "कामं कान्तिं लुनाति लू+ड ।" रोगभेद । एकप्र... बीमारी । (पु० स्त्री०).

कामवल्लभ, (पु०) ६ त० । कामका पियारा । ... वृक्ष । (इसकी कली कामकी पियारी है).

कामसुत, (पु०) ६ त० । कामका बेटा । अनिरु...

कामसख, (पु०) ६ त० । कामस्य सखा+टच् सम... कामका मित्र । बसन्तकाल । कामको भड़का... चन्द्रमा.

कामसूत्र, (न०) कामस्य तत्तन्त्रस्य सूत्रम् । काम... का सूत्र । कामशास्त्रको प्रतिपादन करनेहारा वात्स... मुनिसे रचागया ग्रन्थ.

कामात्मन्, (त्रि०) कामे फलतृष्णायां आत्मा ... करणं यस्य । जिसका मन फलकी चाहमें लगा हो । ... की कामना करनेहारा । जिसका चित्त कामसे ... हो । कामही जिसका स्वरूप होगया है । अर्थात् ... तरहकी विषयवासनाओंमें डूब रहाहै.

कामान्ध, (पु०) कामं यथेष्टं अन्धयति स्वरेण विर... पुरा० अन्ध्+अच् । जो अपनी आवाज़से दूसरेको ... अंधा करदे । कोकिल । कोइल । कामेन अन्धः ... विचारहीन (त्रि०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कामावशा (सा) यिता, (स्त्री०) कामान् अवशेते । अव+शीङ्+णिनि तस्य भावः तल् । अणिमादि आठ प्रकारके ऐश्वर्य्यमें सत्यसंकल्पता (जो इच्छा करे सो पूरा हो जाय) रूप ऐश्वर्य्य । " कामान् अवसातुं निश्चेतुं शीलं अस्य । स्यतेः णिनि । "ततस्तल्" "कामावसायिता" यह भी इसी अर्थमें है.

कामिन्, (पु०) काम+णिनि । चकवा । कबूतर । चिड़िया । सारसपक्षी (इन सबको काम अधिक होनेसे कामीपना है) । कामी (त्रि०) कामिनी (स्त्री०) डरपोक औरत । मदिरा.

कामुक, (पु०) कम्+णिङ्+उक । अशोक वृक्ष । अतिमुक्तक । माधवीलता । चटक । चिड़िआ । जिसे बहुतही संभोग (मैथुन)की इच्छा रहे । (त्रि०) "स्त्रियां" कामुकी । जब "चाहनेवाली" ऐसा अर्थ करें तो "कामुका".

काम्पिल्य, (पु०) कम्पिलाया नद्या अदूरभवो देशः (ष्य) । कम्पिला नदीके पासका देश । उत्तरकी ओर एक देश । वहां उत्पन्न होनेवाली गुण्डारोचना नामी लता.

काम्बविक, (पु०) कम्बुः शंखः शिल्पं अस्य । शंखका काम करनेवाला । शंखकार.

काम्बोज, (पु०) कम्बोजो देशोऽभिजनो निवासो वा यस्य अण् । कम्बोजदेशका वासी । कम्बोज देशमें उपजा घोड़ा । पुन्नागवृक्ष । म्लेच्छका भेद । धवलखदिर । माषपर्णी । हयपुच्छी (स्त्री०).

काम्य, (न०) कम्+णिङ्+यत् । अभिलषणीयकार्य्य । चाहागया काम । कुछ न कुछ फलकी कामनासे कियागया यज्ञ, दान, व्रत, पाठ और तपस्यादि । वह काम कि जिसके करनेमें बड़ा क्लेश हो । सुन्दर (त्रि०) चाहनेके लायक.

काय, (पु०) चीयतेऽन्नादिभिः चिञ्+घञ् । नि० । जो अन्नादिसे बढ़ताहै । देह । शरीर । कः प्रजापतिः ब्रह्मा वा देवताऽस्य अण् । जिसका देवता प्रजापति वा ब्रह्मा है । प्राजापत्यविवाह । ब्राह्मतीर्थ । लक्ष्य । निशान । स्वभाव । मूलधन । ब्रह्मा.

कायस्थ, (पु०) काये तिष्ठति । काय+स्था+क । शरीरमें स्थित होताहै । परमात्मा । लिपिका काम करनेहारा । बाबू । कएत । जातिभेद । "कायस्तिष्ठति अनया" स्था+क+टाप् । जिसके द्वारा शरीर रह सक्ताहै । हरीतकी । हरीड़ । आमलकी (स्त्री०).

कायिक, (त्रि०) कायेन निर्वाह्यं । ठक् । जो शरीरसे कियाजाय । शारीरिक । दैहिक.

कार, (पु०) कृ-मारना । कृ-करना । वा भावे घञ् । वध्य । मारनेलायक । निश्चय । यत्न । क्रिया । काम । हिमालय । यति । मारना । बलि । बरफ़से आच्छादित पर्वत.

कारक, (त्रि०) कृ+ण्वुल् । क्रियाजनक । करनेवाला । जिसका साक्षात् क्रियासे सम्बन्ध हो ऐसे व्याकरणमें कर्ता कर्म्म आदि छ (न०). [सा० १० प०.

कारकदीपक, (न०) अलङ्कारशास्त्रमें अर्थालङ्कारविशेष ।

कारण, (न०) कृ+णिच्+करणे ल्युट् । हेतु । जिसके विना कार्य्यकी उत्पत्ति नहिं हो सक्ती । जैसे दण्डके विना घटकी उत्पत्ति नहिं होती, इससे दण्ड घटका कारण है । साधन । इन्द्रिय । देह । "कृञ्" मारना । स्वार्थे णिच् । भावे ल्युट् । वध । मारना । "क्रियते इति कर्म्मणि" बाजेका भेद । "कृञ्-मारना । णिच्+युच्+टाप्"कारणा । पीड़ा (स्त्री०).

कारणमाला, (स्त्री०)अर्थालङ्कारभेद । साहि० १० परि०.

कारणोत्तर, (न०) कारणेन उत्तरं । मतलब दिलमें रखकर उत्तर देना । व्यवहारोंमें वादी (मुद्दई)से उपन्यासकी गई बातको सत्यरूपसे मानकर उसके विरुद्ध कारण बताना । जैसे "इसने मेरा सौरुपया देनाहै" ऐसा सवाल करनेपर ये कहे कि "हां ठीक लियाथा परन्तु मैं तो उतार चूकाहूं" और "ये मेरी पृथिवीका भोग कर रहाहै" ऐसा सवाल किया जानेपर ये कहे कि"हां इसीकी भूमि है किंतु इसने तो मुझे दान करदीथी अथवा मैं तो इससे मोलपर लेचुकाहूं" इसप्रकार उत्तर कहना । सच्ची प्रतिज्ञा करके उसके विरुद्ध उत्तर देना.

कारण्डव, (पु०) रम्+ड । रण्डः । ईषत् रण्डः कारण्डः तं वाति । वा कः । हंसभेद । एकप्रकारका हंस.

कारव, (पु०) केति रवोऽस्य जिसकी आवाज़ कुक् हो । काक । कौआ. [किम्पालवृक्ष.

कारस्कर, (पु०) कारं करोति । कृ+अप् । नि०सुट् ।

कारा, (स्त्री०) कृ+अङ् । नि०दीर्घः । बंधनागार । जेलखाना । कैदखाना । दूती । वीणके नीचे काठका पात्र (तुम्बा) । सुवर्णकारिका । सुनारिन.

कारागार, (न०) कारैव आगारं । बंधनालय । जेलखाना.

कारापथ, (पु०) लक्ष्मणके पुत्र अङ्गद और चन्द्रकेतुका राज्यविषय । देशभेद. [गर (त्रि०).

कारि, (स्त्री०) कृ+इञ् । क्रिया । काम । शिल्पी । कारी-

कारिका, (स्त्री०) कृ+ण्वुल् । क्रिया । काम । "कर्तरि ण्वुल्" नटकी स्त्री । ऐसा श्लोक कि जिसमें अक्षर थोड़े होनेपरभी अर्थ बहुत हो । शिल्प । कारीगरी । "कृ+भावे ल्युट्" यातना । पीडा । दर्द । कृ+वुण् । नाई आदिका काम । वृद्धिभेद । सूद.

कारीरी, (स्त्री०) कं जलं ऋच्छति । क+ऋ+विच् । कारमेघः, तं ईरयतीति । इर्+अण् । वृष्टिको सम्पादन करनेहारी यज्ञक्रिया । पानी बर्सानेवाली यज्ञकी क्रिया.

कारु, (त्रि०) कृ+उक । शिल्पी । कारीगर । कारक । करनेवाला । विश्वकर्म्मा (पु०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कारुज, (पु०) कं जलं आरुजति । कुत्सितं रुजति वा रुज+क करभ । हाथीका बच्चा । वल्मी । वर्मी । नागकेशर । गैरिक (गेरी) । शरीरमें आपही उपजा तिल आदि चिह्न.

कारुणिक, (त्रि०) करुणा शीलं अस्य ठक् । दया । जिसका स्वभावही दयालु हो । दयाशील । दयाकरनेवाला.

कारुण्य, (न०) करुणस्य भावः । करुणैव वा घञ् । दया । मेहर्बानी.

कार्तस्वर, (न०) कृतस्वरे आकरभेदे भवः । कृतस्वर नाम कानमें होनेवाला । "कृताः पठिताः स्वरा येन तस्मै वैदिकाय ब्राह्मणाय वा इदं वा अण्" जो वस्तु वेदजाननेहारे ब्राह्मणके लिये हो, स्वर्ण । सोना । धतूरा । काञ्चनवृक्ष.

कार्तिक, (पु०) कृत्तिकायां जातः अण् । कृत्तिकामें उपजा । स्कन्द । स्वामिकार्तिक । कृत्तिकानक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी कार्तिकी सा यत्र मासे ठक् । कृत्तिका नक्षत्रवाली पूर्णिमा (कार्तिकी) जिस मासमें हो । कत्तकका महीना । कत्तककी पूनो । शरत् ऋतुका दूसरा महीना.

कार्तिकेय, (पु०) कृत्तिकानां अपत्यं तत्पालितत्वात् ढक् । कृत्तिकाओंकी सन्तान (उनके पालन करनेसे) । स्कन्द । स्वामिकार्तिक । शिवपुत्र.

कार्तिकोत्सव, (पु०) ७ त० । कार्तिकके शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन करने योग्य दीपोत्सव । दीवोंके चमकानेका मेला. [सारासारा । साकल्य । सामग्र्य । पूरा२.

कार्त्स्न्य, (न०) कृत्स्नस्य भावः ष्यञ् । सारेका होना ।

कार्पटिक, (पु०) कर्पटेन काषायवस्त्रेण चरति ठक् । गेरुये कपड़ोंसे विचरताहै । तीर्थयात्राके लिये तयार-हुआ । तीर्थसेवा.

कार्पण्य, (न०) कृपणस्य भावः ष्यञ् । सूमपन । उचितव्यय (खर्च) को न करके धन इकट्ठा करनेकी इच्छा करना । दीनता.

कार्पास, (पु०) कार्पास्याः फलं अण् तस्य लुक् तस्य विकारे वा अण् । तूल । रुई । कार्पासीफल । उस्से उत्पन्न हुआ कपड़ा आदि । कर्पास । कपा. [कपास । कपा.

कार्पासी, (स्त्री०) कृ+पास्+स्वार्थेऽण् । वृक्षविशेष ।

कार्म्मण, (त्रि०) कर्म्मणि कुशलः । अण् । क्रियामें चतुर । काममें होशियार । योगविद्या । जादू वा यन्त्र, मन्त्रचलाना.

दिव्यगंध, (पु०) दिव्यो मनोहरो गन्धोऽस्य । जिसका मनोहर गंध है। गंधक । लौंग (न०)। छोटी इलायिची (स्त्री०)। कर्म० उत्तम गंध (पु०).
दिव्यगायन, (न०) कर्म० । अजीब गानेहारा । गंधर्व (देवताओंका गवैया).
दिव्यतेजस्, (स्त्री०) दिव्यं तेजो यस्याः । जिसका आश्चर्य तेज हो । ब्राह्मी लता । एक प्रकारकी बेल.
दिव्यदोहद, (न०) अभीष्टसिद्धि (चाहीगई चीज़की कामयाबी)के लीये जो पदार्थ देवताओंको दिया जाता है.
दिव्यचक्षुस्, (पु०) दिव्यं चक्षुः यस्य । जिसकी अजीब आँख हो । जिसके सुन्दर नेत्र हों । जो ज्ञानकी आँख रखता है । अंधा. [अजीब दवाई.
दिव्यौषधि, (स्त्री०) कर्म्म० । मनःशिला । गेरीआदि ।
दिश्,-दान-देना-हुक्मकरना । तुदा० उभ० सक० अनिट् । दिशति । अदिक्षत्.
दिश्, (शा) (स्त्री०) दिश्+क्विप् । आशा (दिशा)। तरफ़.
दिश्य, (त्रि०) दिशि भवं-दिग्भ्य उपनीतं वा यत् । दिशामें होनेवाला । दिशाओंसे लायागया । जो कुछ दिशामें हो.
दिष्ट, (न०) दिश्+क्त । भाग्य । क़िस्मत । समय (वक्त) (पु०)। उपदेश कियागया (त्रि०).
दिष्टान्त, (पु०) दिष्टस्य (भाग्यस्य) अन्तः । भाग्यका अन्त । मरण । मौत. [हूं.
दिष्ट्या, (अव्य०) मङ्गल । हर्ष । भाग्यसे । मैं बहुत प्रसन्न
दिहू,-लेपन-लीपना-चंदन आदि लगाना । अदा० उभ० सक० अनिट् । देग्धि-दिग्धे । अधिक्षत्-अधिक्षत । अदिग्ध.
दी, -क्षय -घटना -नाशहोना । दि० आ० अ० अनिट् । दीयते अदास्त । दिग्ये । दीनः.
दीक्ष, -मुंडवाना -यज्ञकरना -यज्ञोपवीत करना-नियम वा व्रतकी आज्ञा करना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । दीक्षते अदीक्षिष्ट.
दीक्षा, (स्त्री०) दीक्ष+अ । नियम । संस्कार " विवाहदीक्षां निरवर्तयद्गुरुः " इति रघुः । अभीष्ट देनेहारे मन्त्रका लेना (तन्त्रमें)। मन्त्रका उपदेश और यज्ञ । देवी. [उपदेशका दाता.
दीक्षागुरु, (पु०) मन्त्रआदिका उपदेश करनेहारा गुरु ।
दीक्षान्त, (पु०) दीक्षायाः (प्रधानयागस्य) अन्तः (तत्समापको यागभेदः) अवभृथरूप यागभेद । बड़े यज्ञके अन्तमें जो उसका अंगरूप छोटा यज्ञ किया जाता है.
दीक्षित, (त्रि०) दीक्ष+क्त । सोमयाग आदिमें संकल्प करके नियम लिया गया । " दीक्षा जाता अस्य-इतच् " जिसने तन्त्रके अनुसार दीक्षा (मन्त्रका उपदेश) लीहो.
दीदिवि, (पु०) दिव्-किन् -अभ्यास और दीर्घ । बृहस्पति (देवताओंका गुरु)। अन्न (पु० न०)। उदयहुआ (उठाहुआ) (त्रि०)। उबलेहुए चावल (पु०न०).
दीधिति, (स्त्री०) दीधि+क्तिन्-इट्-और इकारका लोप । किरण । शुआ.
दीन, (त्रि०) दी+क्त-तको न । दुःखित । निर्धन । भीत (डराहुआ)। तगरका फूल (न०).
दीनार, (पु०) दी+आरक्-नुट्च । सोनेका भूषण (गहना, ज़ेवर)। मोहर । बत्तीस रत्तीभर सोना । सोनेका सिक्का.
दीप्,-दीप्ति -चमकना । दिवा० आत्म० अक० सेट् । दीप्यते । अदीपि-अदीपिष्ट । दीप्तः. [लैंप.
दीप, (पु०) दीप्+क । प्रदीप । दीपक । दीया । चराग ।
दीपक, (पु०) दीप्+स्वार्थे कन् । दीआ । बाज पक्षी । एक प्रकारका राग । केसर । एकप्रकारका अर्थालंकार

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

(न०) । कुशल । कामको प्रकाश करनेहारा (त्रि०) "स्त्रियां टाप् -अको इ" एक ग्रंथका नाम.

दीपन, (पु०) दीपयति भक्षणात् जठराग्निं उत्तेजयति । दीप्+णिच्+ल्यु (अन)। जो खानेसे पेटकी आगको भड़काताहै । तगरकी जड़ । पलाण्डु (प्याज)। केसर । और खांसीको दूर करनेहारे । चमकानेवाला (त्रि०)। मेथी (स्त्री०).

दीपमालिका, (स्त्री०) दीपानां माला यस्यां कप् -अको इ होती है । जिसमें दीवोंकी कतार हो । दीवोंवाली अमावस्या । दीवाली । ६ त०। दीवोंका समूह.

दीप्त, (पु०) दीप्+क । नींबू और सिंह (शेर)। सोना और हींग (न०) जलाहुआ । सड़ाहुआ । चमकाहुआ (त्रि०).

दीप्तजिह्वा, (स्त्री०) दीप्ता ज्वलन्ती जिह्वा यस्याः । जिसकी जीभ जलरही है । उल्कामुखी (चुआतीमुंई)। एक प्रकारकी गीदड़ी (इसकी जीभ रातको जलती है यह प्रसिद्ध है).

दीप्ताग्नि, (पु०) दीप्तः अग्निः जठरानलो यस्य। जिसकी पेटकी आग चमक रही है । अगस्त्यमुनि । तेज पेटकी आगवाला (त्रि०).

दीप्ति, (स्त्री०) दीप्+क्तिन् (ति)। कान्ति । बहुत बढ़गई सुन्दरता । स्त्रिओंका एक प्रकारका गुण । चमक । भड़क.

दीर्घ, (पु०) दॄ+घञ् (द्राघीयस् -द्राघिष्ठ)। लताशालका वृक्ष । ऊंठ । दो मात्राका अक्षर जैसे "आ"। लंबा (आयत) (त्रि०).

दीर्घकण्ठ, (पु०) दीर्घः कण्ठो यस्य । जिसका लंबा गला हो । बक । बगुला । लंबे गलेवाला (त्रि०).

दीर्घग्रन्थि, (पु०) दीर्घो ग्रन्थिः पर्व यस्य । जिसकी गांठ लंबी हो । गजपिपली.

दीर्घग्रीव, (पु०) दीर्घा ग्रीवा यस्य । लंबी गर्दनवाला । [ऊंठ.

दीर्घच्छद, (पु०) दीर्घा च्छदा यस्य । जिसके लंबे पत्ते हों । इक्षु । गन्ना. [ऊंठ । बगुला.

दीर्घजङ्घ, (पु०) दीर्घा जङ्घा यस्य। जिसकी लंबी लातें हों।

दीर्घजिह्व, (पु०) दीर्घा जिह्वा यस्य । जिसकी लंबी जीभ है । सर्प । सांप.

दीर्घदर्शिन्, (पु०) दीर्घात् पश्यति । दृश्+णिनि । दूरसे देखनेहारा । दूरदर्शी । पण्डित और रीछ (भल्लूक)। आनेवाले कामको जान्नेहारा। दूरसे देखनेवाला (त्रि०).

दीर्घदृष्टि, (पु०) दीर्घा दृष्टिः अस्य । जिसकी लंबी नजर हो । पण्डित। दीर्घा दूरगा दृष्टिः यया। ३ ब०। दूर जाती है नजर जिस्से । दूरवीक्षण । दूरबीन । एकप्रकारकी कला.

दीर्घनाद, (पु०) दीर्घो नादः अस्य । (दूर ... जिसकी लंबी आवाज़ हो। शंख (इसका शब्द दूर ...

दीर्घनिद्रा, (स्त्री०) कर्म्म० । लंबी नींद । मृत्यु (... बहुत देरकी नींद.

दीर्घपल्लव, (पु०) दीर्घः पल्लवः अस्य । जिसका ... पत्ता हो । सनका वृक्ष । "कर्म्म०" लंबा पत्ता (न०)। लंबे पत्तेवाला (त्रि०).

दीर्घपादप, (पु०) कर्म्म० । लंबा वृक्ष । तालका ... सुपारीका वृक्ष. [सर्प।

दीर्घपृष्ठ, (पु०) दीर्घं पृष्ठं अस्य । जिसकी लंबी पीठ ...

दीर्घरागा, (स्त्री०) दीर्घो (बहुकालस्थायी) (रञ्जनं) यस्याः । जिसका रंग बहुत देरतक रहे ... हरिद्रा । हल्दी । बड़ा पियार करनेवाली औरत.

दीर्घरात्र, (न०) कर्म्म० । लंबीरात । ७ ब०। ... रात्रवाला । देरतक.

दीर्घसत्र, (न०) कर्म० । बहुत कालमें होनेहारे ... प्रकारका यज्ञ। ६ ब०। उस यज्ञको करनेहारा (... "हविषे दीर्घसत्रस्य सा चेदानीं प्रचेतसः" इति ...

दीर्घसूत्र, (त्रि०) दीर्घेण (बहुकालेन) सूत्रं (... षितकर्म्म) यस्य । जिसका चाहागया काम ... होता है । प्रारम्भ कियेगये कामको देरसे समाप्त ... हारा । ढिलंगी । "कर्म्म" लंबी तांत (न०).

दीर्घायुष्य, (पु०) दीर्घं आयुष्यं यस्य । जिसकी ... उमर हो । मार्कण्डेय.

दीर्घायुस्, (पु०) दीर्घं आयुः (जीवनकालः) ... जिसका जीनेका समय लंबा है । कौआ । सिंवल ...

दीर्घिका, (स्त्री०) दीर्घा एव । जिसकी फैलावट लंबी ... एक प्रकारका जलका स्थान । बावली.

दीर्ण, (त्रि०) दॄ+क्त। विदारित । फाड़ागया । डर ... "भावे क्त" फाड़ना । डरना (न०).

दु, -उपतापन-दुःख देना-तपाना । स्वा० पर० सक० ... दुनोति । अदावीत् -अदौषीत् । दूनः । दवथुः ...

दुःख, -दुःख करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । ... यति-ते.

दुःख, (न०) दुःख्+अच् घञ् वा । जो अपनेको ... न लगे। चित्तका धर्म्म । (न्यायमतमें) आ ... धर्म्म । पीड़ा । तकलीफ और कष्ट । दुःख दे ... पदार्थ और दुःखवाला (त्रि०).

दुःखत्रय, (न०) ६ त०, तीन दुःख (आध्यात्मिक ... आधिभौतिक और आधिदैविक).

दुःशासन, (पु०) दुःखेन शिष्यतेऽसौ । शास् ... (अन)। जिसे दुःखसे आज्ञामें रक्खाजाय । दु ... का छोटा भाई । धृतराष्ट्रका पुत्र (भारतमें प्रसिद्ध ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

दुःसहा, (स्त्री०) दुःखेन सह्यते । दुर्-सह्-खल् । जो दुःखसे सहारी जाय । नागदमनी.

दुःस्थ, (त्रि०) दुःखेन तिष्ठति । स्था+क । दुःखसे रहता है । दीन । मूर्ख । लोभी । लालची.

दुःस्थित, (त्रि०) दुर्+स्था+क्त । अनवस्थित । (जिसका चित्त कायम नहिं-कभीकुछ २) । वेचारह । दुःखमें पड़ा.

दुःस्पर्श, (पु०) दुःखेन स्पृश्यतेऽसौ । जिसे दुःखसे छूते हैं । दुर्+स्पृश+ण्वुल् । दुरालभा (स्त्री०) आकाशवेल । कंडिआरी.

दुकूल, (न०) दु+ऊलच्-कुक्च । पृ० । क्षौमाम्बर । रेशमी कपड़ा । चिकना कपड़ा । महीन कपड़ा । दुवट्टा.

दुग्ध, (न०) दुह्+क्त । दूध । स्त्रीजातिके स्तनोंसे वहाहुआ द्रव्य । " कर्मणि क्त " चोईगई (कृतदोहा) धेनु (गौ) आदि (स्त्री०) । प्रपूरित (बहुत भराहुआ) (त्रि०) । " भावेक्त " दोहन (चोना) (न०).

दुन्दुभि, (पु०) दुन्दु इति शब्देन उभति (पूरयति) उभ्+क । शक० दूं दूं शब्दसे भरतीहै । बृहड्का । बड़ानगारा (नौबत) । वरुण । एक दैत्य । एक राक्षस । विष । ज़हर । ६०वर्षोंमें एक वर्ष । पाशक (पास्सा)(स्त्री०).

दुर (स), (अव्य०) दुष्ट । निन्दा । निषेध । दुःख.

दुरक्ष, (पु०) दुष्टः अक्षः । छलका पास्सा । " दुष्टोऽक्षो यत्र " । जहां कपटका पास्सा है । छलका जूआ । दुष्टदूत.

दुरत्यय, (त्रि०) दुःखेन अतीयते । दुर्+अति+इ+खल् (अ) । जिसे मुश्किलसे लांघसकें । दुरतिक्रमणीय । दुःखसे लांघने योग्य । दुस्तर । जिसे दुःखसे तरसकें.

दुरदृष्ट, (न०) दुष्टं अदृष्टं । बुरी किस्मत । दुर्भाग्य । पाप । दुर्गम । जहां पहुंचना कठिन है । जिसे कठिनतासे जानसकें.

दुरधिगम, (त्रि०) दुःखेन अधिगम्यते । दुर+अधि+गम्+खल् । जो दुःखसे हासिल किया जाय । दुष्प्राप्य । मुश्किलसे मिलने लायक. [मार्ग । बुरीसड़क.

दुरध्व, (पु०) दुष्टः अध्वा (अच्) । बुरारास्ता । दुष्ट-

दुरन्त, (त्रि०) दुष्टः अन्तः (अवसानं) यस्य । जिसका नतीजा बुरा है । द्यूत (शिकार), जूआ, मद्य (शराब) आदिका पीना आदि व्यसन (बुरीआदतें) । क्योंकि ये सब पहिले सुख देकर अन्तमें दुःख देते हैं । " दुर्ज्ञेयः अन्तः (परिच्छेदः) यस्य " । जिसका विचार न करसकें । दुर्ज्ञेय । गभीर । गहिरा.

दुराग्रह, (पु०) दुष्ट आग्रहः (निर्बन्धः) । बुराहठ । युक्तिरहित अभिनिवेश । (दलीलके विनाहठ) ६ ब० । हठीला (त्रि०).

दुराचार, (पु०) दुष्ट आचारः । बुरा चालचलन । विरुद्धाचरण । ६ ब० । बुरे आचारवाला (त्रि०) । "अपिचेत्सुदुराचारः " गीता.

दुरात्मन्, (त्रि०) दुष्ट आत्मा (चित्तं) यस्य । बुरेदिलवाला । दुष्टचित्त जन । दुष्ट चित्तवाला जन (पुरुष वा स्त्री).

दुराधर्ष, (पु०) दुष्टान् (राक्षसान्) आधर्षयति । अच् । जो राक्षसोंका तिरस्कार करे । चिट्टी सरिओं (श्वेतसर्षप) इसके फेंकनेसे भूत आदि भाग जाते हैं । " दुःखेन (ईषदपि धर्षयितुं शक्यम् " -दुर्+आ+धृष्+खल् (अ) " जिसे मुश्किलसे थोड़ासाभी झिड़क नहिं सक्ते " (त्रि०).

दुरारोह, (पु०) दुःखेन आरुह्यते । दुर+आ+रुह्+खल् । जहां चढ़ना कठिन है । सिंबलका पेड़ (शाल्मली) । मुश्किलसे चढनेवाला (त्रि०).

दुरालाप, (पु०) दुष्ट आलापः । बुरावचन । बुरा वचन कहना । ग्लानिका प्रकाशकरना । ६ ब० । बुरा बोलनेहारा (त्रि०).

दुरासद, (त्रि०) दुःखेन आसद्यते (गम्यते) असौ । जिसके पास पहुंचना कठिन है । दुर्+आ+सद्+खल् । दुर्गम्य । दुर्धर्ष । जिसका सामना नहिं कर सक्ते । " बभूव दुरासदः " इति रघुः.

दुरित, (न०) दुष्टं इतं (गमनं) नरकादिप्राप्तिः अनेन । जिस्से नरक आदि बुरे स्थानकी प्राप्ति हो । पाप । बुरा काम. [लानत.

दुरुक्त, (न०) दुष्टं उक्तं । बुरा कहागया । शाप ।

दुरुच्छेद, (त्रि०) दुःखेन उच्छिद्यते असौ । दुर्+उद्+छिद्+खल् । जिसे मुश्किलसे हटाया जाय । दुर्निवार.

दुरुत्तर, (त्रि०) दुःखेन उत्तीर्य्यते । दुर्+उद्+तॄ+खल् । जिसे कठिनतासे तरसकें । दुस्तर । " दुष्टं उत्तरं " बुरा उत्तर (न०).

दुरूह, (त्रि०) दुःखेन ऊह्यते (वितर्क्यते) । " ऊह+खल् " जो बहुत दुःखसे ख़यालमें लाया जाय । दुर्विज्ञेय.

दुरोदर, (पु०) दुष्टं समन्तात् उदरं अस्य । चारो ओरसे जिसका परिणाम (नतीजा) खराब हो । बुरा है पेट जिसका । द्यूतकार । जुवारिआ । पण । शर्त । दा । पास्सा । जूआ (न०) " दुरोदरच्छद्मकृतां " भारविः.

दुर्ग, (पु०) दुःखेन गम्यते असौ । कर्मणि ड । जिसके पास मुश्किलसे पहुंचसकें । एक दैत्य । उस दैत्यको मारनेहारी देवी (स्त्री०) । " दुःखेन गच्छति अत्र " दुर्+गम्+आधारे ड । जहां पहुंचना कठिन है । ऐसा देश पर्वत जो आदिसे कठिन स्थान वनगया । कोट । किला । गढ़ (न०) । दुर्गमदेश । ऊंचा दुःखसे

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मिलनेलायक (त्रि०)। काम क्रोध आदि दुःखके कारण कठिनतासे तराजानेवाला संसार (न०).

दुर्गत, (त्रि०) दुर्गच्छति । दुर्+गम्+क्त । दोषको प्राप्त हुआ । बुरी दशामें पहुंचा. [निर्धनता.

दुर्गति, (स्त्री०) दुर्+गम्+क्तिन् । बुरी दशा । नरक ।

दुर्गन्ध, (पु०) दुष्टः गंधः । बुरी गंध । ६ ब० । बुरी गंधवाला (त्रि०) गंदा (पु०).

दुर्गानवमी, (स्त्री०) ६ त० । दुर्गा (देवी)की नवमी । कार्तिकके शुक्लपक्षकी नवमी (इस दिन जगद्धात्रीनामक दुर्गाकी पूजा होती है).

दुर्ज्जन, (त्रि०) दुष्टः जनः । बुरा आदमी (जिसकी नाईं आचरण (चालचलन) करनेसे साधु (भला)भी दूषित हो जाता है । नीच (पु०).

दुर्ज्जर, (त्रि०) जॄ+अङ्-जरा । दुःखेन जरा यस्य । जो मुश्किलसे पुरानीहो । वह पदार्थ जो मुश्किलसे जीर्ण होता है । ज्योतिष्मती लता (स्त्री०).

दुर्जात, (न०) दुष्टं जातं । प्रा० । व्यसन (बुरीआदत)। आपद (मुसीबत) ६ ब० । जो अच्छा नहीं हुआ और अनुचित (नामुनासिब) (त्रि०).

दुर्णामा, (त्रि०) दुष्टं निन्दितं नाम अस्य । बुरेनामवाला.

दुर्दान्त, (पु०) दुष्टं दान्तं (दमनं) यत्र । जहां रोकना मुश्किल है । कलह (झगड़ा)। दुःखेन दम्यतेस्म । मुश्किलसे रोकागया । अशान्त (जिसे शान्ति नहिं) बछड़ा (त्रि०).

दुर्दिन, (न०) यति तमः इति दिनं । दुष्टं दिनं । प्रा० । मेघों (बादलों)के आच्छादन (ढांकना) आदिसे अंधेरेको दूर न करसकनेवाला दिन कि जिनका स्वरूप प्रतीत नहो । बादलोंसे अंधेरा । वर्सना । पानीका बरसना.

दुर्धर, (पु०) दुर्+धृ+खल् । एक नरक । एक दैत्य । " दुःखेन मुमुक्षुभिर्हृदये धार्य्यते, केनापि न धार्य्यते वा खल् " मोक्षके चाहनेहारे जिसे मुश्किलसे हृदयमें धारण करते हैं वा जो किसीसे भी पकडा नहिं जाता । विष्णु । वह पदार्थ कि जिसका पकड़ना वा धारण करना मुश्किल है (त्रि०).

दुर्द्धर्ष, (त्रि०) दुःखेन धृष्यते । जो मुश्किलसे पकड़ा वा सहाराजाय । जिसका सामना करना मुश्किल है । अक्षोभ्य । जो व्याकुलतासे रहित है.

दुर्बल, (त्रि०) दुष्टं बलं यस्य । जिसका जोर बुरा है । निर्बल । कमजोर । कृश । थोड़े मांसवाला.

दुर्भग, (त्रि०) दुष्टं भगं (भाग्यं) यस्य । जिसकी बुरी किस्मत है । अल्पभाग्य । अभागा । वह स्त्री जो पतिसे प्रेम नहिं कर्ती (स्त्री०).

दुर्भिक्ष, (अव्य०) भिक्षाया अभावः । अन्नका न मि[...] अकाल । कैहत । काल.

दुर्मति, (त्रि०) दुष्टा मतिर्यस्य । जिसकी बुरी अ[...] विचारको रोकनेवाले पापसे काली बुद्धिवाला । अकिल । बेवकूफ़ । ६० वर्षोंमेंसे एक (पु०) [...]स० । बुरी अक़िल.

दुर्मनस्, (त्रि०) दुष्टं मनः अस्य । जिसका मन ([...]न्ता आदिसे) व्याकुल (घबराया) है । विमन[...] जिसका दिल बिगड़ा हुआ है.

दुर्मुख, (पु०) दुष्टं मुखं अस्य । जिसका मुं खराब [...] घोड़ा । बन्दर । एक प्रकारका हाथी । एक दैत्य । [...] प्रियवादी । कड़वा वचन बोलनेहारा (त्रि०).

दुर्मेधस्, (त्रि०) दुष्टा मेधा अस्य । असिच् समा[...] जिसकी बुरी बुद्धि है । मंदबुद्धि । जो चित्तसे [...] नहिं कर सक्ता.

दुर्य्योधन, (पु०) दुःखेन युध्यते असौ । युध[...] (खल्के अर्थमें) जिसके साथ लड़ाई करना कठि[न] धृतराष्ट्रराजाका बड़ा पुत्र । एक राजा । दुःखसे [...] करने योग्य (त्रि०).

दुर्लभ, (पु०) दुर्+लभ्+खल् । जिसका मिलना मु[श्किल] है । कचूर । जो मुश्किलसे मिले (त्रि०)। "[...] दुर्लभं लोके " इति पुराणम्.

दुर्ललित, (न०) दुष्टं ललितं (इष्टं) । लल्-ई[...] चाहना+क्त । बुरी चाहना । चन्द्रमा आदि न मिल[ने] वाले पदार्थोंमें चाहना । दुश्चेष्टित (बुरी चाल)। दुर[...] शयवाला । दुश्चेष्ट (बदचलन) (त्रि०).

दुर्व्व, -वध (मारना) भ्वा० पर० सक० सेट् । दु[...] अदूर्वीत् । दूर्त्तः.

दुर्वर्ण, (न०) दुष्टोऽपि वर्ण्यते (रज्यते) अनेन [...] बुरे (वस्त्रआदि) को रंग देता है । अथवा जो [...] भी सुन्दर बना देता है । रजक । रंगरेज । दु[...] वाला । मैला (त्रि०).

दुर्विध, (त्रि०) दुष्टा विधा यस्य । जिसका [...] (हालत) बुरा है । दरिद्र (निर्धन) । गरीब । "[...] गर्वदुर्विधं " नैषधं । नीच । मूर्ख.

दुर्हृद्, (त्रि०) दुष्टं हृदयं यस्य । बुरे हृदयवाला ([...] अर्थमें नित्यही हृद्का आदेश होता है) शत्रु (दु[...] बुरे चित्तवाला । " दुर्हृदयः " इसी अर्थमें होताहै.

दुल्, -उत्क्षेप (ऊपर फेंकना-झुलाना) चुरा० उभ० [...] सेट् । दोलयति -ते । अदूदुलत्-त.

दुलि (ली), (स्त्री०) । दुल्+इन्-नि० । कमठी । क[...] स्त्री । एक मुनिका नाम (पु०).

दुश्चर्मन्, (पु०) दुष्टं चर्म्म यस्य । बुरे चमड़े[...]

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

महापातकसे उपजे चिह्नवाला । "दुश्चर्मा गुरुतल्पी स्यात्" इति स्मृतिः.

दुश्च्यवन, (पु०) दुःखेन च्यवनं पतनं यस्य । जो मुश्किलसे गिरे अथवा जिस पर च्यवन मुनि क्रुद्ध हुआ । इन्द्र । च्यवनने किसीसमय इसे कुपित होकर अपने पदसे गिरादिया. [अनिट् । दुष्यति-अदुषत् अदुक्षत्.

दुष्, -वैकृत-बदल जाना -वैर करना । दिवा० पर० अक०

दुष्कर, (न०) दुःखेन कीर्य्यते । कृ+खल् । जो मुश्किलसे खिंडाया जाय वा फेंका जाय । आकाश (आस्मान) "कृ+खल्" मुश्किलसे करने लायक (त्रि०).

दुष्कर्मन्, (न०) कर्म्म० प्रा० स० । बुरा काम । पाप । ६ ब० । पापवाला (त्रि०).

दुष्कृत, (न०) दुष्टं कृतं कृतिः । बुरा काम । पाप । ६ ब० । पापी (त्रि०.)

दुष्ट, (त्रि०) दुष्+क्त । दुर्बल । कमजोर । अधम । नीच । दुर्जन । बद आदमी आदि । दोषवाला (ऐबी)। कोढ़ (कुष्ट) (पु०) । व्यभिचारिणी (बदमाश) स्त्री (औरत) (स्त्री०).

दुष्य (ष्म) न्त, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा । भरतराजाका पिता । शकुन्तलाका पति.

दुह्, -दोह-चोना । अदा० उभ० अक० अनिट् । दोग्धि-दुग्धे-अधुक्षत्- त- अदुग्ध.

दुह्, -वध -मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । दोहति । अदुहत् । अदोहीत्. [पति । जवाई.

दुहितुःपति, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० । लड़कीका

दुहितृ, (स्त्री०) दुह्+तृच् -गुण न हुआ -और इट् हो गया -नि० सुता । लड़की -बेटी.

दू, -खेद-तकलीफ उठाना । दिवा-आत्म० अक० सेट् । दूयते । अदविष्ट । दून.

दूत, (पु०) दु+क्त -दीर्घश्च । संदेश (खबर)को लेजानेहारा । बात पहुंचानेवाला । कासिद.

दूति (ती), (स्त्री०) । दू+क्तिच् वा ङीप् । संदेशा पहुंचानेहारी स्त्री.

दूत्य, (न०) दूतस्य दूत्या वा भावः कर्म्म वा यत् । दूत वा दूतीका होना वा काम । दूतका काम । दूतका स्वभाव.

दून, (त्रि०) दू+क्त । रास्ते (मार्ग)में चलने आदिसे श्रान्त (थका) हुआ । बहुत तपाहुआ । बहुत दुःखी-हुआ.

दूर, (त्रि०) दुःखेन ईयते (प्राप्यते) दुर+इण्+रक् इन्का लोप । विप्रकृष्ट । दूर । अगोचर । जो आंखोंसे परे है. [दृश्+युच् । गृध्र । गीध.

दूरदर्शन्, (पु०) दूरात् पश्यति । दूरसे देखता है ।

दूरदर्शिन्, (पु०) दूरात् (कार्य्योत्पत्तेः प्राक्) पश्यति । जो कार्य्यके उपजनेसे पहिले देखता है । दृश् -णिनि । पण्डित । दूरसे देखनेहारा (त्रि०).

दूर्वा, (स्त्री०) दूर्व् -हिंसा-मारना-अ । एक प्रकारका घास ।

दूर्वाकाण्ड, (न०) दूर्वाणां समूहः काण्डच् । दूर्वाका समूह । घासका ढेर.

दूषण, (पु०) रावणकी मास्सीका बेटा । एक राक्षस । दुष्+णिच्+ल्युट् । दोषदान । ऐब लगाना । ऐब (न०).

दूषिका, (स्त्री०) दूषयति (नेत्रं क्लिन्नं करोति) दुष्+णिच्+ण्वुल् । नेत्रमल । आंखकी मैल । गिड्ड.

दूषित, (त्रि०) दुष्+णिच्+क्त । अभिशस्त । शापदियागया । निन्दा कियागया । दोष लगायागया । तोहमत लगाया हुआ.

दूष्य, (न०) दुष्+णिच्+य । कपड़ेका बनाहुआ घर । तंबू । दूषण देनेके लायक (त्रि०) । हाथीकी बेटी (स्त्री०). [अदार्षीत्.

दृ, -वध-मारना । स्वा० पर० सक० अनिट् । दृणोति ।

दृ, -आदर करना । तुदा० आत्म० सक० अनिट् । इसके पहिले आङ् उपसर्ग रहता है । आद्रियते । आदृत.

दृक्प्रसाद, (पु०) दृशं प्रसादयति । जो नज़रको साफ़ करे । कुलत्था । इसका अंजन डालनेसे आँखें साफ़ हो जाती हैं.

दृढ़, (न०) दृह्+क्त-नि० । लोहा । अतिशय और बहुत । मोटा । गाढा । बलवाला । ताक़तवाला और सख्त (त्रि०).

दृढ़भूमि, (त्रि०) दृढ़ा भूमिः अस्य । दृढ़ (मजबूत) भूमिवाला । योगाभ्याससे संस्कृतअंतःकरणवाला । ऐसा चित्त कि जिसे विषयसुखकी प्रीतिसे चला नहिं सक्के.

दृढ़मुष्टि, (पु०) दृढ़ा मुष्टिः यत्र यस्मात् वा । जहां पक्की मुट्ठी है । खड्ग (तरवार) । इसके धारण करनेसे मुट्ठी पक्की होती है. । "दृढ़ा (अशिथिला) मुष्टिः यस्य" । जिसकी मुट्ठी ढीली नहिं होती । कृपण । सूम । कंजूस । वह धन आदिको मुट्ठीमें रख न देनेकी इच्छासे दृढ़तर बांधलेताहै (मुट्ठीसे निकालता नहिं).

दृढ़व्रत, (त्रि०) दृढं व्रतं नियमः अस्य । जिसका पक्का नियम हो । प्रारम्भ कियेगये कामको फलोदयपर्य्यन्त (नतीजा निकलनेतक) न छोड़नेहारा । एक इक़रार करनेहारा. [जोड़वाला.

दृढ़सन्धि, (त्रि०) दृढः सन्धिः सन्धानं यस्य । पक्के

दृता, (स्त्री०) द्रियते । दृ+क्त+जीरक । जीरा.

दृति, (पु०) दृ+क्तिच् । चमड़ेका बनाहुआ पानीका पात्र । मशक । एकप्रकारकी मच्छी. [सांप । पहिया.

दृन्भू, (पु०) दृभ्+उ नि० । नृप । राजा । वज्र । सूर्य्य ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

दृप्,-बाधन-तकलीफ़ पहुंचाना । तुदा० पर० सक० सेट् । दृपति.

दृप्,-सन्दीपन-भड़काना । वा चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । दर्पयति-ते । दर्पति । अदीदृपत्-त अददर्पत्-त । अदर्पीत्.

दृप्,-हर्ष-खुशहोना-गर्व-अहंकार करना । दिवा० पर० अक० सेट् । दृप्यति । अदृपत् । अदर्पीत् । दर्पित्वा । दृप्त्वा.

दृप्त, (त्रि०) दृप्+क्त । गर्वित । मगरूर हुआ.

दृफ,-क्लेश-तकलीफ़ उठाना । तुदा० पर० अक० सेट् । दृम्फति. [डराहुआ.

दृब्ध, (त्रि०) दृभ्+क्त । ग्रथित । गुथा हुआ । भीत ।

दृभ्,-ग्रथन-गांठना वा चुरा० उभ० पक्षे तुदा० पर० सक० सेट् । दर्भयति-ते । दर्भति.

दृश,-प्रेक्षण-देखना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । पश्यति । अदर्शत्-अद्राक्षीत्.

दृश् (शा), (स्त्री०) दृश्-भावे क्विप् । वा टाप् । देखना । जान्ना । "करणे क्विप्" नेत्र । आँख । दोकी संख्या । "कर्त्तरि क्विप्" साक्षी । गवाह । देखने और जान्नेहारा (त्रि०).

दृश (ष) द्, (स्त्री०) दृ फाड़ना+आदि सुक् (शुक्) वा ह्रस्वः । पाषाण । पत्थर । पीसनेकी सिल । सिला.

दृश (ष) द्वती, (स्त्री०) दृशद्+मतुप् (मकोव) । एक नदी "सरस्वतीदृष (श) द्वत्योः" इति मनुः । आर्य्यावर्तकी पूर्वा सीमाको बनानेहारी सरस्वतीमें गिरती है.

दृष्ट, (न०) दृश्+क्त । अपनी वा शत्रुकी सेनाका भय । देखा गया डर । देखागया । और लौकिक (दुनिआवी) (त्रि०). [बुझारत.

दृष्टकूट, (न०) कर्म्म० । कूटप्रश्न । मुश्किल सवाल । पहेली ।

दृष्टान्त, (पु०) दृष्टः अन्तः यस्मिन् । जिसमें नाश सीमा और विचार देखा गया हो । मरण । मौत । शास्त्र । उदाहरण । मिसाल । एक प्रकारका अर्थालङ्कार.

दृष्टि, (स्त्री०) दृश्+भावे क्तिन् । दर्शन । देखना । बुद्धि । अकिल । "करणे क्तिन्" नेत्र । आंख । दोकी संख्या । मनका व्यापार.

दृह्, -बढ़ना । भ्वा० पर० अक० सेट् । दर्हति । अदर्हीत् । (यह इदित् भी होता है) दृंहति । अदृंहीत्.

दृ, -डरना । भ्वा० पर० सक० सेट् । दरति । अदारीत् (णिच्) दरयति. [दृणाति । अदारीत्.

दृ, -फाड़ना । दिवा० क्र्या० पर० सक० सेट् । दीर्य्यति ।

दे, -पालन -बचाना । भ्वा० आ० सक० अनिट् । दयते । अदास्त.

देव्,-खेलना । भ्वा० आ० अक० सेट् । देवते । अदेविष्ट.

देव, (पु०) दिव्+अच् । अमर । देवता । प्रकाशस्वरूप आत्मा । परमेश्वर । ब्राह्मणकी उपाधि । और ... (न०) । पूजाके लायक (त्रि०) नाट्योक्ति... (पु०). [पिता । ...

देवक, (पु०) श्रीकृष्णका नाना (मातामह) । ...

दे (दै) वकी, (स्त्री०) देवकराजाकी कन्या । ... की माता । वसुदेवकी स्त्री । "अपत्यार्थेऽण्" ... यही अर्थ. [देवका बेटा "देव...

दे (दै) वकीनन्दन, (पु०) ६ त० । श्रीकृष्ण...

देवकुसुम, (न०) देवानां प्रियं (योग्यं) वा ... देवताओंके लायक फूल वा शाक । लवङ्ग । लौंग.

देवखात, (न०) देवेन खातं । खन्+क्त । देवता... अकृत्रिम जलाशय । ऐसा सरोवर (तालाव) जो कि... नहिबनाया । देवताके पास खोदा गया तालाव ...

देवखातबिल, (न०) देवेन खातं (विदारितं) ... देवतासे फाड़ी गई बिल (सुराख) । गुहा । गु...

देवगायन, (पु०) ६ त० । देवताओंका ... गन्धर्व.

देवतरु, (पु०) ६ त० । देवताओंका गुह । वृक्ष...

देवच्छन्द, (पु०) देवैः छन्द्यते (प्रार्थ्यते) ... कर्म्मणि घञ् । देवताओंसे प्रार्थना कियाजाता ... सौलडोंवाला हार.

देवगुरु, (पु०) ६ त० । देवताओंका वृक्ष । ... पारिजात, सन्तान, कल्पवृक्ष और हरिचन्दन ... वृक्ष.

देवता, (स्त्री०) देव+स्वार्थे तल् । इन्द्र आदि ...

देवदत्त, (पु०) देवाः एनं देयासुः । आशिषि ... "देवता इसे देवें" (स्वर्गवास) । देवताको अर्पण ... गया । इसनामवाला कोई जन । अर्जुनका ... उबासी लानेवाला वायु (हवा) "देवाय ... देवताके उद्देश छोड़ा हुआ (त्रि०).

देवदारु, (न०) देवानां प्रियं दारु यस्य । जिसकी ... ड़ी (चन्दन) देवताओंको पियारी है । एक ... "यह पुंलिङ्गमें भी होता है" "अमुं पुरः पश्य... दारुम्" इति रघुः.

देवदासी, (स्त्री०) देवं (इन्द्रियं) दास्यति ... मारना+अण् । जो इन्द्रियको मारती है । ... कंजरी । बनका तर्बूज.

देवदीप, (पु०) देवेषु (इन्द्रियेषु) दीप इव । ... में मानों (रूपका प्रकाश करनेसे) दीपक ... दीआ है । नेत्र । आंख । लोचन.

देवदेव, (पु०) देवेषु मध्ये दीव्यति । दिव्+अच् ... ताओंमें चमकता है" । महादेव । शंकर.

देवन, (पु०) दीव्यति अनेन । दिव्+करणे ल्युट् ... खेलता है । पाशक । पास्सा । "भावे ल्युट्" ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

खेल। चमक। व्यवहार। जीतनेकी इच्छा। स्तुति। तारीफ़। (न०) "दीव्यति अत्र -आधारे ल्युट्" जहां खेलता है। खेलनेका बाग। कमल.

देवनदी, (स्त्री०) ६ त०। देवताओंकी नदी। गङ्गा। "असंबाधा देवनदी" म० भा०.

देवपथ, (पु०) देवैः उपलक्षितः पन्थाः। अच् -समा०। देवताओंसे पहिचाना गया मार्ग। उत्तरका रास्ता। देवताओंका रास्ता। छायापथ (यमका मार्ग).

देवपुरोधस्, (पु०) ६ त०। देवताओंका पुरोहित। बृहस्पति. [मन्दिर है। स्वर्ग। बहिश्त.

देवभवन, (न०) देवानां भवनं इवं। मानों देवताओंका

देवभूय, (न०) देवस्य भावः। भू+क्यप्। देवताका होना। देवत्व। देवपन। देवसायुज्य.

देवमणि, (पु०) देवेषु मणिरिव प्रकाशकत्वात्। देवताओंमें (प्रकाशक होनेसे) मानो मणि है। शिवजी। घोड़ेके गलेमें रोमावर्त (वालोंकी गोलावट)। कौस्तुभ मणि.

देवयान, (न०) ६ त०। देवरथ। देवताकी गाड़ी। देवताओंका रास्ता। आर्चिरादिमार्ग। शुक्राचार्य्यकी कन्या (स्त्री०) ङीप्.

देवयोनि, (पु०) देवाः एव योनिः कारणं अस्य। देवताही जिसके कारण हैं। देवताओंकी अंशसे उपजे विद्याधर आदि.

देवर, (पु०) देव+अर। पतिका छोटाभाई.

देवराज, (पु०) देवानां राजा। टच् समा०। देवताओंका राजा। इन्द्र.

देवरात, (पु०) देवाः एनं रायासुः क्तच्। देवता इसे लें। अभिमन्युका पुत्र। परीक्षित राजा.

देवर्षि, (पु०) वेदद्रष्टा ऋषिः। देव एव सन्। ऋषि। जो देवताही वेदके देखनेहारा है। नारद आदि मुनि.

देवल, (पु०) एक मुनि। व्यासका शिष्य (चेला)। धौम्यऋषिका बड़ाभाई। "देवान् जीविकार्थं लातिला+क"। जो जीविकाके लिये देवताओंको ग्रहण कर्त्ता है। देवपर जीनेवाला। "स्वार्थे कन्" यही अर्थ। एकप्रकारका ब्राह्मण.

देवलोक, (पु०) ६ त०। देवताओंका लोक। स्वर्ग। ईश्वरकी सम्पदारूप लोक। भूरादि सात लोक.

देववर्द्धकि, (पु०) ६ त०। देवताओंका तर्खान। विश्वकर्म्मा.

देवव्रत, (पु०) देवं (इन्द्रियसंयमनं) व्रतं अस्य। इन्द्रिओंको रोकना जिसका नियम है। भीष्म। पितामह.

देवसात्, (अव्य०) देवेभ्यो देयं। देवताओंको देनेलायक। देवताओंके आधीन.

देवसायुज्य, (न०) युनक्ति-युज्+क। सह युजेन सयुजः तस्य भावः सायुज्यं। देवेन सायुज्यं। देवताके साथ एक आसनपर बैठनेकी योग्यता। देवताके साथ मेल.

देवसेना, (स्त्री०) इन्द्रकी कन्या। षष्ठीनामवाली कार्तिकेयकी स्त्री। सोलह माताओंमेंसे एक। ६ त०। देवताओंकी सेना.

देवसेनापति, (पु०) ६ त०। देवताओंकी सेनाका मालिक। कार्तिकेय। इन्द्रका पुत्र। देवसेनाका पति.

देवस्व, (न०) जो यज्ञ करनेवालोंका धन है। देवताओंका धन.

देवहूति, (स्त्री०) स्वायम्भुवमनुकी कन्या.

देवाजीव, (त्रि०) देवं (देवप्रतिमाद्रव्यं) आजीवति। जीव्+अण्। देवताकी प्रतिमाके द्रव्यसे जीनेहारा। पूजारि। देवल। "देवाजीवी" इसी अर्थमें है.

देवात्मन्, (पु०) देवो विष्णुः आत्मा यस्य। विष्णु जिसका स्वरूप है। पीपलका पेड़ (अश्वत्थ)। देवता जैसा (त्रि०).

देवानां प्रियः, (पु०) अलुक् समा०। देवताओंका पियारा। बकरा। मूर्ख (बेवकूफ) (त्रि०).

देवापि, (पु०) चन्द्रमाके वंशका एक राजा.

देवार्ह, (न०) देवान् अर्हति अण्। जो देवताओंके योग्य है। सुरपर्ण। सहदेवी लता (स्त्री०) देवयोग्य (त्रि०).

देवालय, (पु०) देवानां आलयः। देवताओंका स्थान (घर)। स्वर्ग। देवोंकी प्रतिमा (मूर्ति)ओंका घर "देवायतन" यही अर्थ.

देविका, (स्त्री०) दिव्+ण्वुल्। एक नदी (जो दो कोस चौड़ी और वीस कोस लंबी है)। धतूरा.

देवी, (स्त्री०) दीव्यति। दिव्+अण्। ङीष्। जो अनेकप्रकारसे खेलती है। दुर्गा। देवताकी स्त्री। ङीप्। (नाटकमें) कृताभिषेका राजवनिता (पटराणी)। ब्राह्मणस्त्रिओंकी उपाधि। "देव्यन्ता विप्रयोषितः" इत्युक्तेः.

देवृ, (पु०) दिव्+ऋ। देवर। स्वामीका छोटाभाई। योर.

देवेश, (न०) ६ त०। देवताओंका स्वामी। महादेव। उसकी स्त्री दुर्गा। ङीप्. [वनबीजपूरक (स्त्री०).

देवेष्ट, (पु०) देवानां इष्टः। देवोंका पियारा। गुग्गुल।

देवोद्यान, (न०) ६ त०। देवताओंका बाग। वैभ्राज, मिश्रक, सिद्धकारण, और नंदन ये चार वन.

देश, -दिश्+अच्। पृथिवीके गोलेका कोई विभाग। हिस्सा। मुल्क। कुरु पाञ्चाल आदि प्रसिद्ध जनपद (देश)। स्थान (जगह). [दूसरा मुल्क.

देशान्तर, (न०) अन्यो देशः। और देश। परदेश।

देशिक, (पु०) देशेषु प्रसितः ठन्। देशोंमें लगाहुआ। पथिक। राही। देशे। उपदेशे साधुः ठन् (इक)। उपदेश करनेमें अच्छा। गुरु। उपदेश करनेवाला.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

देशिनी, (स्त्री०) दिशति । दिश्+णिन् । जतलातीहै । अंगूठेको साथकी अंगुली । तर्जनी.

देश्य, (न०) दिश्+ण्यत् । पूर्वपक्ष । पहिली राय । देशं अर्हति । देशके लायक (त्रि०).

देह, (पु०) (न०) दिह्+घञ् । शरीर । जिस्म । (स्थूल, सूक्ष्म और कारणरूप) । ज्योतिषमें लग्नका स्थान । " घञ् " लेपन । लेप करना (चन्दन आदि लगाना).

देहधारक, (पु० न०) देहं धारयति । धृ+णिच्+ण्वुल् । जो शरीरको पकड़ता है । अस्थि । हड्डियें । शरीरकी हड्डी.

देहभृत्, (पु०) देहं बिभर्ति । जो देहको धारता वा पुष्ट कर्त्ता है । भृ+क्विप् । जीव । जीवात्मा । रूह.

देहयात्रा, (स्त्री०) देहो याति (गच्छति) अनेन । या+करणे ष्ट्रन् न ङीप् । जिस्से शरीर चलता है । शरीरकी रक्षाका साधन । भोजन । अन्न आदि खाना । ६ त० । शरीरका चलना । मरण (मौत).

देहली (लि), (स्त्री०) देहं (लेपनं) लाति (गृह्णाति) । ला+वा ङीष् पृ० वा ह्रस्वः । जहां लेपन दिया जाता है । लेप देने लायक दर्वाजेकी पिण्डिका (ड्योढ़ी) । ताकके नीचेकी लकड़ी. [मज्जा । मिज्ज.

देहसार, (पु०) ६ त० । देहका सार (असल) ।

देहात्मवादिन्, (पु०) देहं एव आत्मतया वदति । वद्+णिनि । जो शरीरहीको आत्माका स्वरूप बोलता है । चार्वाक । नास्तिक.

देहिन्, (त्रि०) देह+अस्ति अर्थे इनि । शरीरवाला । प्राणी । देहस्वरूप आत्माका अभिमान करनेहारा जीव. [अदासीत्.

दैप्,-साफ़ करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । दायति

दैतेय, (पु०) दितेः अपत्यं । दिति+ढक् (एय) । दितिकी सन्तान । असुर । दैत्य । " दैत्य " यही अर्थ.

दैत्यगुरु, (पु०) ६ त० । दैत्योंका गुरु । शुक्राचार्य्य । " दैत्याचार्य्य ".

दैत्यनिसूदन, (पु०) दैत्यान् निसूदति (हिनस्ति) । सूद्+णिच्+ल्यु । दैत्योंका नाश कर्त्ता है । विष्णु.

दैत्यमेदज, (पु०) दैत्यानां मेदाज्जायते । दैत्योंकी चर्वीसे बना । जन्+ड । गुग्गुल । पृथिवी । ज़मीन.

दैत्या, (स्त्री०) दैत्यस्य प्रिया यत् । दैत्यकी पियारी । दैत्यकी स्त्री । सुरा (शराब).

दैत्यारि, (पु०) ६ त० । दैत्योंके शत्रु । विष्णु.

दैन, (न०) दीनस्य भावः । दीनपन । कायरपन । " दिने भवं " । अण् दिनमें होनेहारा (त्रि०).

दैनन्दिन, (त्रि०) दिनं दिनं (प्रतिदिनं) तत्र भवं । अण् -नि० । प्रतिदिन होनेहारा । हररोज़ होनेवाला.

दैनन्दिनप्रलय, (पु०) ६ त० । ब्रह्माके अपने मापके अनुसार प्रति दिनका अन्त । सम्पूर्ण रचेहुए ... का क्षय (नाश).

दैन्य, (न०) दीनस्य भावः ष्यञ् (य) । ... दीन होना । दीनता । कायरपना । गरीबी । ... (सूमपना).

दैव, (न०) देवादागतं । देवतासे आया । "दे... वता अस्य " देव (विष्णु आदि) जिसका देव... " देवस्य इदं वा अण् " ये देवताका है । भाग्य... स्मत । पहिले जन्ममें अर्जन (इकट्ठा) कियाहुआ (काम) । दहिने हाथकी अंगुलिओंके आगे ... ओंका तीर्थ है । एक प्रकारका विवाह । तीन ... भूतोंकी रचना (पु०) । देवसम्बन्धी श्राद्धहोम... (त्रि०).

दैवज्ञ, (पु०) दैवं जानाति । ज्ञा+क । जो जीवोंके ... जन्ममें अर्जन किये गये शुभ वा अशुभको ... (उत्पत्तिका समय) आदिसे जानता है । ... गिन्नेवाला । ज्योतिर्विद् । ज्योतिषी । लक्षण ... शुभाशुभको जान्नेहारी स्त्री (स्त्री०) टाप्.

दैवत, (पु० न०) देव एव देवता (फिर अण्) ... देवताओंका समूह (अण्) (न०) । बहुतसे देवता...

दैवतन्त्र, (त्रि०) जो भाग्यहीके आधीन है । ... स्य तन्त्रं (आयत्तं) । भाग्याधीन.

दैवपर, (त्रि०) दैवं एव परं (श्रेष्ठं) यस्य । जो ... हीको अच्छा समझता है । दैवसार । "जो होगा ... गा" कहनेहारा.

दैवप्रश्न, (पु०) रातके समय अकस्मात् (अक... आकाश आदिमें सुनागया शुभाशुभको सूच... ताना) करनेहारा वाक्य (वचन).

दैववाणी, (स्त्री०) देवस्य इयं अण् कर्म्म० । दे... जो है । आकाशवाणी (संस्कृतवाणी) संस्कृत ...

दैवसर्ग, (पु०) देवकृतः (सत्वगुणकृतः) ... (सांख्यमें) सात्विकअंशकी सृष्टि (भूतोंकी रच...

दैवात्, (अव्य०) दैवे अतति । क्विप् । हठात् । ... कसे । ईश्वरकी इच्छासे.

दैविक, (न०) देवो देवता अस्य ठक् (इक) । ... ओंके उद्देशमें कियागया श्राद्ध । देवतोंसे आया ... सम्बन्धी । देवताका (त्रि०).

दैवी, (स्त्री०) देवस्य इयं अण् । देवताकी । ... प्रकृति । सत्व गुणका स्वभाव । देवसम्बन्धिनी । ... ओंकी । " दैवी सम्पद् विमोक्षाय " गीता.

दैवोदासी, (पु०) दिवोदासस्य अपत्यं । अ... दिवोदासकी सन्तान । प्रतर्द्दन राजा.

दैव..., (न०) देवेन कृतं देवानां इदं वा यज्...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कियागया। वा जो देवताओंका है। भाग्य। क़िस्मत। देवताका। (त्रि०).

दैशिक, (त्रि०) देशस्य इदं निर्वृत्तं देशेन वा ठक्। देशका। (न्यायमें) देशसे कियागया स्वरूपका भेद। विशेषणसम्बन्ध.

दैष्टिक, (त्रि०) दिष्टं (भागधेयं) एव सर्वसाधनं इति यस्य मतिः। ठक्। भाग्यही सबका साधन है ऐसी बुद्धिवाला। भाग्याधीनतावादी. [अदात्.

दो,-छेद-काटना। दिवा० पर० सक० अनिट्। द्यति।

दोःशिखर, (न०) ६ त०। भुजाकी चोटी। स्कन्ध। कंधा। मोढ़ा.

दोग्धृ, (पु०) दुह्+तृच्। दुहनेहारा। गोपाल। गुज्जर। वत्स। बछड़ा। सोनेवाला (त्रि०) गौ (स्त्री०) ङीप्.

दोर्दण्ड, (पु०) दोर्दण्ड इव। (लंबा और कामको सिद्ध करनेहारा होनेसे) भुजा (बाहु-बां) मानो डंडा है। "भुजदण्ड" यही अर्थ.

दोर्मूल, (न०) ६ त०। भुजाका मूल। कक्ष। कच्छ.

दोल, (पु०) दुल्+भावे घञ्। श्रीकृष्णका दोलनरूप उत्सव। दोलयात्रा। दोलोत्सव। कृष्णको झूलनेमें झूलाया जाता है.

दोला, (स्त्री०) दुल्+अच् टाप् अ वा। (डोली)। एक प्रकारकी सवारी। वाग आदिमें खेलनेकेलिये दोलनयन्त्र (झूलनेकी कला)। पींग आदि.

दोलायमान, (त्रि०) दोलां आमयते। अय+शानच्। दोलन कर्त्ताहुआ। झूलता हुआ। दोलायन्त्र (पघूंड़ा) परचढ़ा हुआ.

दोष, (पु०) दुष्+घञ्। दूषण। ऐब। पाप। गुनाह। वात, पित्त, कफ, तीन दोष। (अलंकारमें) रस आदि विगाड़नेहारा दुष्ट शब्द। (न्यायमें) राग, द्वेष, मोह.

दोषग्राहिन्, (त्रि०) दोषान् एव गृह्णाति न गुणान्। ग्रह्+णिनि जो दोषोंकोही लेता है गुणोंको नहिं। दुर्जन। "दोषग्राही गुणत्यागी चालनीव हि दुर्जनः".

दोषज्ञ, (त्रि०) दोषान् जानाति। ज्ञा+क। दोषोंको जानता है। पण्डित। वात आदि दोषोंको जान्नेहारा। चिकित्सक। हकीम. [कफ.

दोषत्रय, (न०) दोषाणां त्रयं। तीनदोष। वात, पित्त,

दोषा, (अव्य०) दुष्+अच्। रात्रि। रात.

दोषाकर, (पु०) दोषां (रात्रिं) करोति। जो रात बनाता है। चन्द्र। चांद। दोषोंका समूह। दोषोंका आश्रय। कसूरवार.

दोषैकदृक्, (त्रि०) दोषे एव न गुणे एका दृग् यस्य। गुणको छोड़कर जो केवल दोषहीको देखता है। खल। नीच। बहुत खराब. [वां। टापि षत्वम्.

दोस् (षा), (पु०) दस्-करना+डोमि। भुजा। बाहु।

दोह, (पु०) दुह्+कर्म्मणि घञ् (अ)। दुग्ध। दूध। "आधारे घञ्"। दोहनपात्र। चोनेका बर्त्तन (भांडा)। "भावे घञ्" दोहन। चोना.

दोहद, (पु० न०)। द्वयोः (गर्भिणीतदपत्ययोर्हृदयं) अत्र। निपा०। जहां दोनों (गर्भिणी और सन्तान)-का हृदय हो। गर्भ। "दोहं (आकर्षं) ददाति"। दा+का। गर्भिणीकी अभिलाषा (चाह)। लालसा। चिह्न (निशान) और गर्भका लक्षण (न०)। "पृ० औत्" "दौहदम्" यही अर्थ है.

दोहदिनी, (स्त्री०) दोहदः अस्ति अस्याः इनि। जिसका गर्भ हो। गर्भिणी। गर्भवाली। द्विहृदया। दो हृदयवाली.

दोहनी, (स्त्री०) दुह्यतेऽत्र। आधारे ल्युट्। जहां चोआ जाता है। चोनेका पात्र (दोहनपात्र).

दोहा, (स्त्री०) एक प्रकारका मात्राछन्द है (प्रायः भाषामें आता है).

दौत्य, (न०) दूतस्य भावः कर्म्म वा ष्यञ्। दूतका होना (दूतपना) वा उसका काम.

दौर्भागिनेय, (पु०) दुर्भगाया अपत्यं ठक् (ए य)। इनङ् आदेश दोनों पदोंको वृद्धि हो जाती है। दुर्भगा (पतिसे स्नेह न करनेवाली) स्त्रीका पुत्र.

दौर्मनस्य, (न०) दुर्मनसो भावः ष्यञ् (य)। बाहिरी वा भीतरके कई एक कारणोंसे मनका दौःस्थ्य (बेआरामी)। चित्तका बिगड़ना। फिकर। चिन्तासे घबराहट.

दौवारिक, (पु०) द्वारे नियुक्तः ठन् (इक)। दर्वाज़ेपर लगाया गया। द्वारपाल। दरवान। प्रतिहारी (स्त्री०) द्वाररक्षिका.

दौष्कुलेय, (त्रि०) दुष्कुलस्य अपत्यम्। ढक् (ए य) निन्दितकुलमें उपजा। खोटे खान्दान वा छोटी जातिओंमें उपजा. [का लड़का दोहतरा। दोहता.

दौहित्र, (पु०) दुहितुः अपत्यं अण्। दुहिता (लड़की)-

द्यावापृथिवी, (स्त्री० द्वि० व०) द्यौश्च पृथिवी च-द्यावादेशः। मिलेहुए स्वर्ग पृथिवीका इकट्ठा नाम। जमीन-आस्मान.

द्यु, (पु०) दिव+क्विप् -पृ० ह्रस्वः। अग्नि। सूर्य्य। आकका दरख्त। आकाश। दिन (न०).

द्युत्,-दीप्ति -चमकना। भ्वा० आ० सक० सेट्। द्योतते। अद्युतत्-अद्योतिष्ट. [चमक। प्रकाश.

द्युति (ती), (स्त्री०) द्युत्+इन् वा ङीप्। कान्ति। शोभा।

द्युपति, (पु०) ६ त०। दिनका पति। सूर्य्य। आकका वृक्ष। "द्युमणि". [बल। ज़ोर.

द्युम्न, (पु०) दिव। मनति। म्ना+क। धन। दौलत।

द्यूत, (न०) दिव्+क्त। जूआ। पासेकी खेल। कैतव। छल.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

द्यूतकर, (त्रि०) द्यूतं करोति । कृ+ठक् । पारसे आदिकी खेल करनेहारा । जुआरिआ । " ण्वुल् " "द्यूतकारक" " क्विप् " द्यूतकृत् (यही अर्थ).

द्यूतपूर्णिमा, (स्त्री०) द्यूतस्य (द्यूतार्थं वा) पूर्णिमा । जूएकी वा जूएके लिये पूर्णिमा । आश्विनपूर्णिमा । अस्सूकी पूर्णिमा.

द्यूतवृत्ति, (पु०) द्यूतं एव वृत्तिः जीविका यस्य । जूआही जिसकी जीविका है । सभिक । जूएपर जीनेवाला. [बहिश्त.

द्यो, (स्त्री०) द्युत्+डो । स्वर्ग । आकाश । आस्मान ।

द्योत, (पु०) द्युत्+घञ् (अ) । प्रकाश । आतप । धूप । चमक.

द्रढ़िमन्, (पु०) दृढ़स्य भावः । इमनिच्-द्रढ़ादेशः । दृढ़पन । दृढ़ता । दार्ढ्य । मज़बूती । पक्कापना.

द्रप्स्य (स), (न०) दृप्यन्ति अनेन । स । स्य । अमूच । गाढ़ा वा वहाहुआ दधि (दही) । मठा । छाछ । लस्सी.

द्रम्,-गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । द्रमति । अद्रमीत्. [(काहन).

द्रम्म, (पु०) एकप्रकारका परिमाण (माप) । सोलहपण

द्रव, (पु०) द्रु+अप् । रस । भागना । जाना । वेग । परिहास । मस्खरी । वहजानेवाला पदार्थ । वहना.

द्रवज, (पु०) द्रवात् (रसात्) जायते । जन्+ड । जो रससे निकलता है.

द्रवत्व, (न०) द्रवति (स्यन्दते) । द्रु+अच् । तस्य भावः । वहनापन, वहनेका कारण पृथिवी जल और तेजमें रहनेवाला एक गुण (न्यायमें).

द्रवद्रव्य, (न०) द्रवतीति द्रवं कर्म्म० । दूध । दही और घी आदि वहनेवाली चीज.

द्रवन्ती, (स्त्री०) द्रु+शतृ । नदी । शतमूलिका । मूषिकपर्णी. [व०.

द्रविड़, (पु०) एक देश । उस देशके निवासी । ब०

द्रविण, (न०) द्रु+इनन् । वित्त (धन) । सोना । पराक्रम । बल.

द्रव्य, (न०) द्रु+यत् । पीतल । धन । लीपनेका द्रव्य । (चंदन आदि) । दवाई । लाख । विनय । शराब (मद्य) । (न्यायमें) पृथिवी आदि नौ । (व्याकरणमें) वह पदार्थ कि जिसका लिङ्ग और संख्यासे अन्वय हो । " द्रोः (वृक्षस्य) विकारः " । वृक्षका विकार । वृक्षसम्बन्धी (त्रि०).

द्रष्टृ, (त्रि०) दृश्+तृच् । विचारमें कुशल । चेतन । (होशियार) । साक्षी (गवाह) । देखनेहारा.

द्रा,-स्वप्न-सोना-भागना । अदा० अक० अनिट् । द्राति । अद्रासीत्.

द्राक्, (अव्य०) द्रा+कु । शीघ्र । झटिति । जल्दी । झट.

द्राक्ष,-चाहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । द्रा... अद्राक्षीत्. [किसमिस ।

द्राक्षा, (स्त्री०) द्राक्षि+अ । नि० नकालोप । ...

द्राघिमन्, (पु०) दीर्घस्य भावः । इमनिच् । द्राघ... लंबापन । दीर्घत्व । लंबाई.

द्राघिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन दीर्घः इष्ठन् द्राघ... अतिलंबा । "-ईयसुन्" "द्राघीयस्" यहभी... अर्थमें । स्त्रियां ङीप्. [ए...

द्रावक, (पु०) द्रु+ण्वुल् । चन्द्रकान्तमणि । जार । ...

द्राविड़ी, (स्त्री०) द्रविडे जाता । अण् । द्रविड़में ... छोटी इलाइची. [

द्राह्,-जागना । भ्वा० आ० अक० सेट् । द्राहते । ...

द्रु,-जाना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । द्रवति । अद्रु...

द्रु, (पु०) द्रवति ऊर्ध्वं । द्रु+कु डु वा । जो ऊपरको ... है । वृक्ष । द्रख्त । शाखा । डाली.

द्रुघण, (पु०) द्रुं हन्ति अनेन । हन्+करणे अप् ... कुत्वञ्च । जिस्से वृक्षको मारते हैं । मुद्गर । कुल्हा... ब्रह्म । चारमुखवाला । भूमिचंपक (चम्बा).

द्रुड़्,-मज्जन-डुबकी मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । ...

द्रुण,-टेढ़ाकरना । तुदा० पर० सक० सेट् । द्रुणति । ... णीत्.

द्रुणस्, (त्रि०) द्रुः इव दीर्घा नासिका अस्य । जिसकी ... समान लंबी नासिका (नाक) हो । लंबेनाकवाला ... (शख़्स).

द्रुणी, (स्त्री०) द्रुण-क-ङीष् (ई) । काष्ठाम्बुवा... एक पात्र लकड़ीका जिस्से बेड़ीमेंसे पानी निकाल... कच्छपी । कछुई (कच्छूकी स्त्री) । कर्णजलौका । ... खजूरा । कन्नखजूरा.

द्रुत, (पु०) द्रवति ऊर्ध्वं । द्रु+क्त । ऊपरको वह... वृक्ष । जल्दी नाचना । गाना और बजाना । और ... (न०) शीघ्रतावाला (जिसे जल्दी हो) । ... हुआ । भागाहुआ (त्रि०). [एक ...

द्रुपद, (पु०) चन्द्रवंशमें युधिष्ठिर आदिका श्वशुर (...

द्रुम, (पु०) द्रुः (शाखा) अस्ति अस्य-म । डाली... वृक्ष । द्रख्त । पारिजात । कुबेर.

द्रुह्, -अनिष्ट चिन्तन-बुरा ख़यालकरना । दिवा० ... वेट् । द्रुह्यति । अद्रुहत् । द्रोहिता-द्रोग्धा-द्रोढ़ा.

द्रुहिण, (पु०) द्रुह्+इनन् । जगत्स्रष्टा । जगत् ... हारा । चतुर्मुख । चार मुखवाला । ब्रह्मा.

द्रेक्,-स्वन-शब्दकरना-उत्साहकरना । भ्वा० आत्म० ... सेट् । द्रेकते. [अ...

द्रै,-स्वप्न-सोना । भ्वा० पर० अक० अनिट् । द्रा...

द्रोण, -द्रुण्+अच्-द्रु+न वा । भारतमें प्रसिद्ध एक ... द्रोणाचार्य । द्रोणनामका कौआ । वृश्चिक (बिच्छू...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

एकप्रकारका बादल । एक वृक्ष । चौतीस सेरका परिमाण (माप) । एक जलाशय (तालाव) जो आठसौ गज लंबा होता है.

द्रोणि (णी), (स्त्री०) । द्रुण्+इन् वा ङीप् । एक देश । एक नदी । काष्ठाम्बुवाहिनी (नाव-बेड़ी) । नीलका वृक्ष । एक पर्वत. [चना । वैर । दुश्मनी.

द्रोह, (पु०) द्रुह्+घञ् । अनिष्टचिन्तन । बुरा सो-

द्रोणायन, (पु०) द्रोणस्य अपत्यं फक् (आयन) । द्रोणाचार्य्यकी सन्तान । अश्वत्थामा. [कन्या.

द्रौपदी, (स्त्री०) द्रुपदस्य अपत्यं स्त्री-अण् । द्रुपदराजाकी

द्वन्द्व, (पु०) द्वौ द्वौ सहाभिव्यक्तौ । दो २ इकट्ठेही प्रकट हुए । निपा० । रहस्य (भेद-खुफ़िआ) । कलह (झगड़ा) मिथुन (जोड़ा) स्त्रीपुरुषका संयोग (सोबहत) । विवाद (लड़ाई) । एकप्रकारकी बीमारी । छ समासोंमेंसे एक (जिसमें दोनों पद प्रधान रहते हैं) । शोक । हर्ष । शीत-उष्ण.

द्वन्द्वचर, (पु०) द्वन्द्वीभूय चरति । चर+अच् । जोड़ा होकर विचरता है । चक्रवाक । चकवा.

द्वय, (न०) द्वौ अवयवौ अस्य । द्वि अवयवं वा । द्वि+अयट् । दोकी संख्या । "स्त्री० ङीप्" । दोकी गिनतीवाला (त्रि०).

द्वाः (द्वा) स्थ, (पु०) द्वारि तिष्ठति । स्था+क वा विसर्गलोपः । दर्वाज़ेपर रहता है । द्वारपालक । दर्वान । "द्वाः (द्वा) स्थित".

द्वाचत्वारिंशत्, (स्त्री०) द्वि अधिका चत्वारिंशत् । द्वौ च चत्वारिंशच्च वा । दोसे ज़ियादा वा दो और चाल्लीस । वेआल्लीस । बताली.

द्वादश, (त्रि०) द्वादशानां पूरणः डट् । बारहको पूरा करनेहारा । जिस्से बारहकी संख्या पूरी हो जाती है.

द्वादशकर, (पु०) द्वादश करा (हस्ता) अस्य । जिसके बारह हाथ हैं । कार्तिकेय और वृहस्पति । "द्वादशहस्त".

द्वादशनेत्र, (पु०) द्वादश नेत्राणि अस्य । जिसकी १२ आंख हों । छ मुखवाला कार्तिकेय । "द्वादशलोचन" यही अर्थ.

द्वादशाङ्गुल, (पु०) द्वादश अङ्गुलयः प्रमाणं अस्य । अच् समा० । बारह अंगुलके मापवाला । वितस्तिप्रमाण । विलस्तका माप.

द्वादशात्मन्, (पु०) द्वादश आत्मानो (मूर्तयोऽस्य) । जिसकी १२ मूर्तियें हों । सूर्य्य । और आकका वृक्ष.

द्वापर, (पु०) द्वौ परौ प्रकारौ विषयौ वा यस्य पृ० । आलम् । जिसके दो प्रकार वा विषय हों । संशय । शक । सत्य और त्रेताके पीछेका युग (समय) । वह पासा कि जिसपर दो अङ्क हों.

द्वामुष्यायण, (पु०) द्वयोः अमुयोः अपत्यम् । नि० । दोनोंका पुत्र । गौतम मुनि.

द्वार्, (स्त्री०) द्वृ-वरण-णिच्-विच् । गृहादि-निर्गमस्थान । घर आदिके निकलनेका स्थान । दर्वाज़ा । उपाय । मुखी । वसीला । तजवीज.

द्वार, (न०) द्व+णिच्+अच् । घर आदिसे निकलनेकी जगह । द्वारपाल । दर्वान । उपाय । वसीला । मुख । तजवीज़.

द्वारका, (स्त्री०) द्वारेण (प्रशस्तद्वारेण) कायति । कै+क । अच्छे दर्वाज़ेसे शब्द कर्त्ता है । समुद्रके पास एक तीर्थ है । "द्वारावती" यही अर्थ.

द्वारकेश, (पु०) ६ त० । द्वारकाका स्वामी । श्रीकृष्ण देव.

द्वारप, (त्रि०) द्वारं पाति (रक्षति) । पा+क । दर्वाजेकी रक्षा करनेहारा । द्वारपाल । " पाल्+अण्-ण्वुल् च " यही अर्थ. [दरा । कुल्फ़.

द्वारयन्त्र, (न०) ६ त० । दर्वाजेकी कला । ताला (ज़ं-

द्वारावती, (स्त्री०) द्वाराणि (मोक्षोपायाः) सन्ति अस्य मतुप्-दीर्घः । जहां मोक्षके उपाय हैं । एक तीर्थ । "द्वार+अस्त्यर्थे ठन्" "द्वारिका" यही अर्थ.

द्वारिन्, (त्रि०) द्वारं (पाल्यत्वेन) अस्ति अस्य इनि । जिसे दरवाज़ेकी रक्षा करनी पडती है । द्वारपाल । दरवान.

द्वाविंशति, (स्त्री०) द्व्यधिका विंशतिः । द्वौ च विंशतिश्च आत्वं । दो अधिक वीस वा दो और वीस । बाईस । बाई.

द्वि, (त्रि०) द्वि० व० । द्वृ+ड । द्वित्वसंख्या । दोकी गिनती । दो.

द्विक, (पु०) द्वौ कौ (ककारौ) यत्र । जहां दो ककार हैं । कौआ । " द्वि अवयवं कन् " दोकी संख्या । दो संख्यावाला (न०).

द्विककुत्, (पु०) द्वे ककुदे यस्य । अन्त्यलोपः । जिसके दो ककुद (हुड्ड) हों । उष्ट्र । ऊंठ । ऊंट.

द्विगु, (पु०) व्याकरणमें कहागया एक समास (जिसमें संख्यावाचक शब्द पहिले रहता है) ६ ब० । दो गौओंका स्वामी (त्रि०). [गुणागया । दुगुना.

द्विगुण, (त्रि०) द्वाभ्यां गुण्यते । गुण+घञर्थे क । दोसे

द्विगुणाकृत, (त्रि०) द्विगुणं कृत्वा कृष्टं । डाच्+कृ+क्त । दुगुना करके खेंचागया । दोवार खेंचा (वाआ) गया खेत.

द्विज, (पु०) द्विर्जायते । जन्+ड । दोवार जन्मता है । ब्राह्मण । ब्राह्मण आदि तीनों वर्ण । दांत । पक्षी (अण्डेसे निकला) । तुम्बुरुका एक वृक्ष । संस्कार किया गया ब्राह्मण.

द्विजदेव, (पु०) द्विजेषु देव इव । दो वार जन्मवालोंमें मानो देवता है । ब्राह्मण । ऋषि.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

द्विजन्मन्, (पु०) द्विः जन्मनी यस्य । जिसको दो जन्म हैं । ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य (तीनों वर्ण) । दान्त। अण्डेसे निकला । पक्षी.

द्विजबन्धु, (पु०) द्विजो बन्धुर्यस्य । द्विज जिसका बंधु है । (उसके गोत्रमें उपजनेसे) । अपने कार्य्यसे रहित जन्ममात्रसे जीनेहारे नीच ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य.

द्विजराज, (पु०) ६ त० । टच् समा० । द्विजोंका राजा । चन्द्र । चांद । अनन्त । गरुड़ । पक्षिओंका राजा.

द्विजवर, (पु०) द्विजेषु वरः । द्विजोंमें श्रेष्ठ (अच्छा विप्र । ब्राह्मण.

द्विजाति, (पु०) द्वे जाती (जन्मनी) यस्य । (जिसके दो जन्म हैं) । ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य (तीनों वर्ण).

द्विजिह्व, (पु०) द्वे जिह्वे यस्य । जिसकी दो जीभ हैं । सर्प (सांप) । खल (नीच) । चोर । दुःसाध्य (मुशिकलसे बन्नेहारा) (त्रि०).

द्वितय, (त्रि०) द्वौ अवयवौ अस्य । द्वि अवयवं वा । द्वि+तयप् । द्वित्वसंख्यान्वितं (दोकी संख्यावाला) दोकी संख्या (न०).

द्वितीय, (त्रि०) द्वयोः पूरणः । दोको पूरा करनेवाला । दूसरा । द्वितीया तिथि (दूज) (स्त्री०) । "भागार्थेऽण्" दूसरा हिस्सा.

द्वितीयाकृत, (त्रि०) द्वितीयं कृत्वा कृष्टं । डाच्+कृ+क्त । दोवार करके खेंचा गया । दोवार खेंचा गया खेत.

द्विदत्, (त्रि०) द्वौ दन्तौ अस्य । दन्तको दत्रादेश होता है । वयसि । दो दांतोंसे पहिचानी गई उमरवाला । दोदांतवाला । बैल आदि । स्त्रियां ङीप्.

द्विदैव, (पु०) द्वौ देवौ अस्य अण् । जिसके दो देवता हैं । विशाखा नामी नक्षत्र (तारा) । इसके इन्द्र और अग्नि देवता हैं. [दोतरहसे.

द्विधा, (अव्य०) द्विप्रकारं । द्वि+धाच् । दो प्रकार ।

द्विप, (पु०) द्वाभ्यां (मुखशुंडाभ्यां) पिबति । जो दोनों (मूं और सूंड) से पीता है । पा+क । हस्ती । हाथी.

द्विपद्, (पु०) द्वे पदे यस्य । जिसके दो पाँव हैं । मनुष्य । देवता । पक्षी । राक्षस । राशि.

द्विपदा, (स्त्री०) द्वौ पादौ अस्याः (पादके अन्त्यका लोप होता है) टाप् । ऋग्वेदका एक मन्त्रविशेष । एक छन्दका नाम (जिसके दो पाद होते हैं) । "ङीप् द्विपदी."

द्विमातृक, (पु०) द्वे मातरौ अस्य । जिसकी दो माता हों । दुर्गा और चामुण्डासे पालन किया गया गणेश । जरासंध. [दो मुखवाला (त्रि०).

द्विमुख, (पु०) द्वे मुखे यस्य । दो मुंवाला । राजसर्प ।

द्विरद, (पु०) द्वौ रदौ यस्य । जिसके दो दां हाथी । दो दांतवाला (त्रि०).

द्विरागमन, (न०) द्विः आवृत्तं आगमनं । दो वार कर आना । विवाहके अनन्तर कन्याका फिर मुकलावा । गौना.

द्विरुक्त, (त्रि०) द्विः उक्तं । (विवाद-झगड़ा) दोवार बोला गया । दोवार कहा गया । (व्याक अभ्यस्तसंज्ञावाला. [विवाहि

द्विरूढा, (स्त्री०) द्विवारं ऊढा । वह+क्त ।

द्विरेफ, (पु०) द्वौ रेफौ (वाचकनाम्नी) यस्य । नामको वतानेहारे दो रेफ अर्थात् "रकार" भ्रमर । भौंरा.

द्विवचन, (न०) द्वौ वक्ति, द्वौ वा उच्येते अनेन कहता है वा दो जिस्से कहे जाते हैं । (व्याकर दोको बतानेहारा प्रत्यय.

द्विवार्षिक, (त्रि०) द्वयोः वर्षयोः भवः । ठञ् वर्षोंमें हुआ । दो वरसके चावल आदि.

द्विशफ, (पु०) द्वौ शफौ यस्य । जिसके दो खुर हैं बकरी, भैंस आदि.

द्विशस्, (अव्य०) द्वौ द्वौ ददाति करोति वा । देता वा कर्ता हैं । दो वार. [अद्विक्षत्-अद्वि

द्विष्,-वैरकरना । अदा० उभ० सक० अनिट् । द्वेष्टि

द्विषत्, (पु०) द्विष्+शतृ । वैर कर्ता हुआ । दुश्मन.

द्विषन्तप, (पु०) द्विषन्तं तापयति । तप्-णिच् ह्रस्वः मुम् च । जो वैर कर्ते हुएको तपाता है ओंको तपानेहारा.

द्विष्ठ, (त्रि०) द्वयोः तिष्ठति । स्था+क-षत्व । ठहरता है । दोनोंके बीचका । संयोग आदि पदा

द्विस्, (अव्य०) द्वि+सुच् । दोवार कीगई दोवार.

द्विसप्तति, (स्त्री०) द्व्यधिका सप्ततिः । द्वौ च स वा । न आत्वं । दो ऊपर सत्तर वा दो और बहत्तरकी संख्या.

द्विहल्य, (त्रि०) द्विवारं हलेन कृष्टम् । यत् । हलसे खेंचा गया । दोवार हलसे खेंचा हुआ (क्षेत्र).

द्विहायनी, (स्त्री०) द्वौ हायनौ (वयोमानं) यस्याः । की उमरका माप दो वर्षका है । ङीष् । दो वरसकी

द्विहृदया, (स्त्री०) द्वे हृदये यस्याः । जिसके दो हैं । गर्भवाली स्त्री । (अपना और गर्भका हृदय)

द्वीन्द्रियग्राह्य, (पु०) द्वाभ्यां (नेत्रत्वगिन्द्रिया गृह्यतेऽसौ । जो दोनों (नेत्र और त्वचा) इन्द्रि ग्रहण किया जाता है । (न्यायमें) संख्यासे ले

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

तक, द्रवत्व और स्नेह (ये सब गुण दोनों इन्द्रियोंसे जानेजाते हैं).

द्वीप, (न०) द्वयोः गता आपः अत्र । अच् । आदिको अ और ई होती है । जिसके दोनों ओर पानी हो । पानीके वीच थलका भाग । समुद्र आदिसे घिरेहुए पृथिवीके प्रदेशविशेष । ज़ज़ीरा । चीतेका चमड़ा । बाघ । द्विवर्ण । दोरंगवाला । दुरंगा.

द्वीपवत्, (पु०) द्वीप+अस्तिअर्थे मतुप्-मको व होताहै । द्वीपवाला नद (बड़ा दर्य्या) । समुद्र । नदी और भूमि (स्त्री०) ङीप्.

द्वीपिन्, (पु०) द्वौ वर्णौ अयते । ई-पक् । द्वीपं (द्विवर्णं) चर्म । तद् अस्ति अस्य । इनि । जिसका चमड़ा दुरंगाहो । चीता । बाघ । एक प्रकारका बाघ (भेड़िया).

द्वृ, -संवरण -ढांकना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । द्वरति । अद्वार्षीत्. [दो तरहसे.

द्वेधा, (अव्य०) द्वि+प्रकारे धाच्-ए हो जाता है । द्विधा ।

द्वेष, (पु०) द्विष्+घञ् । विरोध । वैर । दुश्मनी । नफ़रत.

द्वेषण, (त्रि०) द्विष्+युच् (अन) । शत्रु । दुश्मन । "भावे ल्युट्" वैर (न०).

द्वेष्य, (त्रि०) द्विष्+ण्यत् (य) । शत्रु । दुश्मन । विरोधी.

द्वैगुणिक, (त्रि०) द्विगुणं ग्रहीतुं एकगुणं प्रयच्छति ठक् । जो दुगुना लेनेको एकगुना देता है । वृद्धि (व्याज)पर जीनेवाला । वार्द्धुषि । व्याज चलानेहारा.

द्वैत, (न०) द्विधा इतं द्वीतं तस्य भावः अण् । दो प्रकारके भेदवाला । दोकी संख्या । " स्वार्थेऽण् " दो तरहके भेदवाला (त्रि०).

द्वैतवन, (न०) द्वे इते (गते) यस्मात् । कर्म्म० । जिस्से दोनों जाते रहे हैं । शोक, मोह, क्षुधा, तृषा आदि जोडोंसे रहित । एक वन.

द्वैतवादिन्, (त्रि०) द्वैतं वदति । वद्+णिनि । जो दो करके बोलताहै । जीव और ईश्वरका भेद स्वीकार करनेहारा । नैयायिक आदि.

द्वैध, (न०) द्वि+प्रकारे धमुञ् । दोप्रकार । दोतरह.

द्वैप, (पु०) द्वीपिनो विकारः अञ् । व्याघ्र (भेड़िया-चीता) विशेषका चमड़ा । द्वीपिके चमड़ेसे ढकाहुआ रथ.

द्वैपायन, (पु०) द्वीपं अयनं (जन्मभूमिः) यस्य । द्वीपायनः । स एव अण् । जिसकी जन्मभूमि द्वीप है । व्यासदेव । व्यास । पुराणोंका कर्त्ता.

द्वैमातुर, (पु०) द्वयोः मात्रोः अपत्यं अण् । उत्वं । रपरत्वम् । दो माताओंकी सन्तान । दुर्गा और चामुण्डासे पालागया । गणेश । जरासन्धनामी राजा.

द्व्यणुक, (न०) द्वयोः अण्वोः (संयुक्तयोः) भवः कन् । मिलेहुए दो अणुओंसे हुआ । दो परमाणुओंसे उपजा द्रव्य.

द्व्यष्ट, द्वे (हेमरूप्ये) अश्नुते (व्याप्नोति) । अश्+क्त । जो सोना और चांदीमें व्याप्त होता है । ताम्र । तामा । ताँबा.

द्व्यामुष्यायण, (पु०) अमुष्य (प्रसिद्धस्य) अपत्यं फक् (आयन) आमुष्यायणः द्वयोः आमुष्यायणः । ६ त० । तेरा और मेरा कहके जो पुत्र लियाजाता है । एक प्रकारका पुत्र.

ध

ध, (पु०) धे-धावा ड । धर्म्म । कुबेर और ब्रह्मा । धन (दौलत) (न०). [अदधक्षत्-त.

धक्क्, -नाशकरना । चुरा० उभ० सक० सेट् । धक्कयति-ते

धट, (पु०) धन्+अच्-टान्तादेशः । तुला । लकड़ी । तराजू । दिव्य प्रमाणरूप एक प्रकारकी परीक्षा । ७ वीं राशि.

धटक, (पु०) एक परिमाण -माप (४२ रतीका होताहै).

धण्, -ध्वान-शब्द करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । धणति अधाणीत् -अधणीत्. [ओंको फूंकता है । धतूरा.

धत्तूर, (पु०) धयति धातून् । धा+ऊर पृ० । जो धातु-

धन्, -धानोंको उत्पन्न करना । जुहो० पर० अक० सेट् । दधन्ति । अधानीत् -अधनीत्.

धन्, -रव -शब्दकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । धनति । अधानीत् । अधनीत्. [पियारा । धनिष्ठा नक्षत्र (तारा).

धन, (न०) धन्+अच् । वसु । अर्थ । दौलत । धन । स्नेह ।

धनञ्जय, (पु०) धनं जयति । जि+खच् -मुम्च । जो धनको जीतता है । अर्जुन । वह्नि (आग) । एक हाथी । पुष्टकरनेवाला शरीरका वायु (पेटको फुला देता है) । एकवृक्ष.

धनद, (पु०) धनं दयते-दे-पालन-बचाना । जो धनकी रक्षा कर्त्ता है । कुबेर । हिज्जल वृक्ष । "दा+क" धनके देनेहारा (त्रि०).

धनदानुचर, (पु०) ६ त० । धनदका अनुचर । यक्ष (एक प्रकारका देवता) (कुबेर यक्षोंका राजा होनेसे).

धनदानुज, (पु०) ६ त० । कुबेरका छोटा भाई । रावण. (त्रि०).

धनाधिप, (पु०) ६ त० । कुबेर । धनोंका स्वामी

धनिक, (पु० न०) धनिवत् कायति । कै+क । धनीके समान शब्द कर्ता है । धन्याक (धनिआं) । धन (दौलत) (पु०) । " धनं विद्यते अस्य ठन् " । जिसके पास धन हो (धनी-दौलतमंद) । धनका मालिक उत्तमर्ण-कर्जा देनेहारा (त्रि०).

धनिष्ठा, (स्त्री०) अतिशयेन धनवती । इष्ठन् । इनका

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

लोप होता है। बहुत धनवाली । अपने नामका एक नक्षत्र (तारा). [चिल्ला.

धनुर्गुण, (पु०) ६ त० । धनुष्का गुण (चिल्ला)।मौर्वी।

धनुर्द्धर, (पु०) धनुः धारयति । धृ+अच् । जो धनुष्को पकड़ता । धानुष्क । तीरन्दाज । तीर चलानेहारा.

धनुर्वेद, (पु०) धनुषः वेदः । यजुर्वेदका उपवेद । वह शास्त्र कि जिसमें शस्त्र और अस्त्र चलाने आदिके प्रतिपादन करनेहारे मन्त्र पाये जाते हैं.

धनुष्क, (पु०) धनुः करे यस्य-षत्वम् । जिसके हाथमें धनुष् है । धानुष्क । तीरंदाज । तीर चलानेवाला.

धनुष्मत्, (पु०) धनुः अस्ति अस्य । मतुप्- षत्वम् । धानुष्क । तीरंदाज.

धनुस्, (पु०) धन्+उसि । पियालका दरख्त । धनुष् पकड़नेहारा (त्रि०) चाप । धनुष् । तीर । मेषसे नवमी राशि । (न०).

धन्य, (पु०) धनाय हितम् । धनके लिये हितकारी। "यत्"। अश्वकर्णका वृक्ष । श्लाघ्य । सराहनेलायक । कृतार्थ । कामयाब । पुण्यशील । धन देनेहारा नीतिशास्त्र । धनके लिये हितकारी । धनके कारण (त्रि०).

धन्याक, (न०) धन+आकन् । नि० । धनिया नामका एक वृक्ष. [(बिनपानी) देश.

धन्वन्, (न०) धन्व+कनिन् । धनुष् । तीर । मरु-

धन्वन्तरि, (पु०) धन्वन् (शिल्पशास्त्रं) तस्य अन्तं इयर्ति । ऋ+इन् । शिल्पशास्त्र । (कारीगरीकी विद्या)-का अन्त करनेहारा । स्वर्गका एक वैद्य (हकीम जो समुद्रके मथन करनेसे नारायणका अंश प्रकट हुआ) । दिवोदास नामी काशीका राजा । विक्रमादित्यकी सभामें बैठनेहारा एक पण्डित.

धन्वी, (पु०) धन्वं विद्यते अस्य इनि । अर्जुन । ककुभका द्रख्त । दुरालभा । और बकुल । विदग्ध । चतुर । धनुष पकड़नेहारा (त्रि०). [अधमीत्.

धम्,-शब्दकरना । तुदा० पर० सक० सेट् । धमति ।

धमन, (पु०) धम्यते अनेन । धम्+ल्यु (अन) । नल । धोंकनी (फूंकनी) के धौने (फूंकने)हारा । क्रूर । बेरहम) (त्रि०). [लोहार.

धमक, (पु०) धम्+ण्वुल् (अक) । फूंकनेहारा लुहार ।

धमनि (नी), (स्त्री०) धम्+अनि वा ङीप् । नाडी । शिरा। ग्रीवा (गर्द्दन) हल्दी.

धम्मिल्ल, (पु०) धम्+विच् । मिल्+क-पृ० । संयतकेश । बंधेहुए वाल । मध्यमें फूल रखकर ऊपरसे मोतिओं वा और किसी रत्नकी लड़िओंसे बंधाहुआ वालोंका जूड़ा.

धर, (पु०) धृ+अच् । पर्वत (पहाड़) कच्छुओंका राजा । वसुओंमेसे एक । कार्पाससूत्र । कपास (धागा वा तार).

धरण, (पु०) धृ+युच् (अन) । एक पहाड़ । ... गुण । धान । सूर्य्य । सेतु (पुल) । चौवीस ... रत्तिओंका माप. [वनका कंद (...

धरणि, (पु०) धृ+अनि वा ङीप् । पृथिवी (...

धरणि (णी) धर, (पु०) धरणिं (णीं) धरति । अच् । पर्वत । (पहाड़) । विष्णु । और कच्छ... च्छूका अवतार).

धरा, (स्त्री०) धृ+अच् । पृथिवी । गर्भका आशय । ...चकी जगह) । जरायु । मेद (चर्बी) को उठा... नाडी.

धराधर, (पु०) धरां धारयति । धृ+अच् । जो पृ... को धारण कर्त्ता है । पर्वत । विष्णु (वराह-सूअर...

धरामर, (पु०) धरायां अमर इव । पृथिवीपर ... देवता है । ब्राह्मण । " भूदेव " आदि शब्दसी... अर्थमें है.

धरित्री, (स्त्री०) धृ+इत्र् । ङीष् । पृथिवी । भूमि । ...

धर्म्म, (पु० न०) धृ+मन् । जो (नदी-संसार... वहे जातेको) पकड़ता है । श्रुति (वेद) स्मृति (...र्म्मशास्त्र) में कहा गया कर्म्म । कर्मसे उपजा ... (शुभ वा अशुभ) । आत्मा (देहको धारण करने... जीव । आचार । स्वभाव । उपमा । यज्ञ आदि । ... (किसीको न मारना) । न्याय-उपनिषद् । ... राज । सत्सङ्ग । धनुष् । (ज्योतिष्में) लग्नसे ... (नवां) स्थान । दान आदि (न०).

धर्म्मक्षेत्र, (न०) धर्म्मका क्षेत्र (स्थान) । ... (जहां कौरव और पाण्डव कुलका घोर युद्ध ... ६ त० । धर्म्मका स्थान.

धर्म्मचारिणी, (स्त्री०) धर्म्म (दाम्पत्यधर्म्म ... चर+णिनि । जो धर्म्मको कर्त्ती है । भार्य्या । ... (स्त्री०) । जोरू । एकलता (बले).

धर्म्मदान, (न०) किसी प्रयोजनको चित्तमें न ... धर्म्मबुद्धिसे जो वस्तु पात्र(योग्यपुरुष) को दे...

धर्म्मद्रवी, (स्त्री०) धर्म्मजनको द्रवो यस्याः ... का वहना धर्म्मको उत्पन्न कर्त्ता है । गङ्गा " ... दी " "देवनदी ".

धर्म्मध्वजिन्, (त्रि०) धर्म्मो ध्वज इव अस्ति ... इनि । जिसका धर्म्म झण्डेकी नाई हो । जीवि... लिये जटा आदि रखनेहारा.

धर्म्मपत्नी, (स्त्री०) धर्म्मार्थं पत्नी । धर्म्मके लिये ... पहिले विवाही गई अपने वर्णकी स्त्री । ... वाणी । स्मृति । मेधा । धृति । क्षमा.

धर्म्मपुत्र, (पु०) ६ त० । धर्म्मका पुत्र । युधिष्ठि...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

धर्मराज, (पु०) धर्म्मेण राजते । अच् । धर्म्मसे शोभा पाता है । "धर्म्मस्य राजा वा टच् समा०" धर्म्मका राजा । यमराज और युधिष्ठिर.

धर्मलक्षण, (न०) धर्म्मो लक्ष्यते अनेन । लक्ष्+ल्युट् । जिस्से धर्म्म पहिचाना जाता है । धृति, क्षमा, दम, चोरी, शौच, इन्द्रिओंको रोकना, धी, विद्या, सत्य और क्रोध न करना ये दस.

धर्मशास्त्र, (न०) धर्म्मप्रतिपादकं शास्त्रं । धर्म्मका वर्णन करनेहारा शास्त्र । मनु आदिसे रचाहुआ स्मृतिशास्त्र.

धर्मशील, (त्रि०) धर्म्मः शीलं यस्य । जो सदा धर्म्महीका अनुष्ठान कर्त्ता है । धार्म्मिक । धर्म्म करनेहारा.

धर्मसंस्थापन, (न०) धर्म्मस्य सम्यक् (अधर्म्मनिराकरणेन) स्थापनम् । अधर्म्मको दूर करके धर्म्मको नियत करना । "धर्म्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे" गीता । वेदमें कहेहुए धर्म्मको कायम करना.

धर्मसंहिता, (स्त्री०) धर्म्मवृद्ध्यर्थं संहिता-बद्धा-रचिता सम्+धा+क्त । धर्म्मकी वृद्धिके लिये रचीगई । मनु आदिसे कहाहुआ धर्म्मको प्रतिपादन करनेहारा शास्त्र.

धर्मात्मन्, (पु०) धर्म्म आत्मा (स्वभावो) यस्य । जिसका स्वभाव धर्म्म करनेका है । चित्तको धर्म्मके पीछे लगानेहारा.

धर्माधिकरण, (पु०) धर्म्मार्थं अधिक्रियतेऽसौ । "कर्म्मणि ल्युट्" जिसे धर्म्मके लिये अधिकार दिया जाता है । धर्म्माध्यक्ष (मुनसिफ़) जो शत्रु और मित्रमें समान, धर्म्मशास्त्रमें चतुर मुख्य कुलीन ब्राह्मण हो सक्ता है । ६ त० । धर्म्मका स्थान (जहां धर्म्मशास्त्रके अनुसार नीतिशास्त्रका विचार किया जाता है) । विचारका स्थान । कचहरी (न०).

धर्माध्यक्ष, (पु०) धर्म्मका अधिकारी (मुन्सिफ) । ६ त० । सम्पूर्ण [illegible] साक्षी (देखनेहारा-गवाह) । और परमेश्वर.

धर्माभास, (पु०) धर्म्म इव आभासते । धर्म्मके समान प्रतीत होता है, वास्तवमें धर्म्म नहीं (शास्त्ररहित होनेसे) श्रुति और स्मृति भिन्न और शास्त्रोंमें कहाहुआ.

धर्मासन, (न०) ६ त० । धर्म्मका आसन । राजाका धर्म्म देखनेके लिये आसन । इन्साफ़की कुरसी.

धर्मिन्, (त्रि०) धर्म्म+अस्त्यर्थे इनि । धर्म्मवाला । पुण्यवाला.

धर्मिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन धर्म्मी । इष्ठन् । इन्का लोप । अत्यन्त धर्म्मवान् । बहुत धर्म्मात्मा । साधु । पुण्यशीलक.

धर्म्य, (त्रि०) धर्म्मात् अनपेतः । धर्म्मेण प्राप्यो वा । यत् । धर्म्मसे न छूटाहुआ । वा धर्म्मसे पाने लायक । धर्म्मवाला । धर्म्मसे लाभ करनेलायक.

धर्ष, (पु०) धृष्+घञ् । प्रागल्भ्य (चतुराई) । अमर्ष (गुस्सह) । शक्तिबंधन (ताकतका बांधना) । संहति (मेल-मजमा) । हिंसा (मारना) । बेइज़्ज़त करना.

धर्षण, (न०) धृष्+भावे ल्युट् (अन) । तिरस्कार (बेइज़्ज़त करना-मलामत करना) । "कर्म्मणि ल्युट्" अभिसारिका स्त्री (पियारेके मिलनेकी खातिर संकेत कियेगये स्थानपर गई).

धर्षित, (न०) धृष्+भावे क्त । मैथुन (भोग करना-सोहबत) । "कर्म्मणि क्त" । कृतधर्षण (अपमान कियागया) । बेइज़्ज़त कियाहुआ (त्रि०) । असती स्त्री (ख़राब औरत) (स्त्री०). [धन्वति । अधन्वीत्.

धव्,-गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् ।

धव, (पु०) धवति-धुवति-धुनोति-धुनाति । धु-धू-वा-अच् । पति (मालिक) । खाविंद । धूर्त्त (नटखट आदमी) । फ़रेब । अपने नामका वृक्ष । "भावे अप्" कम्पन । कांपना.

धवल, (पु०) धवं (कम्पं) लाति । ला+क । धववृक्ष । चिट्टी मिर्च । अच्छा बैल । चीन देशका कपूर । चिट्टा रंग (वर्ण) । चिट्टे रंगवाला । और सुन्दर (त्रि०) । चिट्टे रंगकी गौ (स्त्री०).

धवलपक्ष, (पु०) धवलौ पक्षौ यस्य । जिसके चिट्टे पर हैं । हंस । कर्म० । शुक्लपक्ष । चांदना पखवाडा.

धवलमृत्तिका, (स्त्री०) कर्म० । खटिनी । खड़ी । खटिआमट्टी । चिट्टी मट्टी. [रातको खिलनेहारा कमल.

धवलोत्पल, (न०) कर्म्म० । चिट्टा कमल । कुमुद ।

धवित्र, (न०) धूयतेऽनेन (धू+इत्र्) । जो हिलाया जाता है । व्यजन । पंखा । पक्खा.

धा,-धारण-पकड़ना-पोषण-बढ़ाना-देना । जुहो० उभ० सक० अनिट् । दधाति । धत्ते । अधात् । अधित.

धातु, (पु०) धा+तुन् । वात, पित्त और कफ़ तीन । (क्योंकि शरीरको धारण कर्त्ते हैं) । रस, रुधिर, मांस, मेद (चर्वी), अस्थि (हड्डी), मज्ज (मिज्ज) और शुक्र (वीर्य) ये सात । स्वर्णआदि (सोना-चांदी-तामा-हरताल-मनःशिला आदि) । हेम आदि नौ । परमेश्वर । (क्योंकि सबको धारण कर्ता है) । "स एष चिद्धातुः" इति श्रुतिः । (व्याकरणमें) गणोंमे पढ़ागया क्रियाको बतानेहारा "भू" आदि शब्दोंका भेद.

धातुघ्न, (न०) धातून् हन्ति । हन्+ठक् । काञ्जिक । काञ्जी.

धातुद्रावक, (न०) धातून् द्रावयति । जो अपने संबंधसे धातुओंको पिघला देता है । "द्रु+णिच्+ण्वुल्" सोहागा.

धातुभृत्, (पु०) धातून् बिभर्ति । भृ+क्विप् । जो धातु (गेरी आदि) ओंको धारण कर्ताहै । पर्वत (पहाड़) । शरीरमें धातुओंको पुष्ट करनेहारा रसके स्वरूपमें पहिला धातु । वीर्य । धातु बढ़ानेहारी चीज़.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

धातुमारिणी, (स्त्री०) धातून् (स्वर्णादीन्) मारयति। मृ+णिच् । णिनि । जो सोने आदिको मारनेहारा । सर्जिका (सोहागा).

धातुवैरिन्, (पु०) ६ त०। सोने आदिका वैरी (गंधक).

धातुशेखर, (न०) धातूनां शेखर इव । धातुओंका सिरा है। कासीस (एकप्रकारका धातु).

धातु, (पु०) दधाति । धा+तृच् । जो पालता वा धारण कर्ता है। चार मुखवाला ब्रह्मा और विष्णु । धारण वा पालन करनेहारा (त्रि०).

धात्री, (स्त्री०) धीयते (पीयते) असौ । धा+ष्ट्रन् । ङीष् । जिसे पीया जाता है । माता (मां) । आमलकी (आँवला) । दाई.

धात्रेयी, (स्त्री०) धात्री+इवके अर्थमें ढक् । (ए य) । मानों माँ है । उपमाता (दाई-छोट्टीमां) । "स्वार्थेकन्" ह्रस्वः । दूध पियानेहारी । यही अर्थ.

धाना, (स्त्री०) धा+न-टाप् । धन्याक (धनिआँ) । सत्तू । भुनेहुए जौं । ब० व०.

धानी, (स्त्री०) धीयते अस्यां (आधारे) ल्युट् (अन्)। ङीष् । जिसमें रहकर पालन पोषण कर्त्ता है । जैसे राजधानी, मत्स्यधानी । जो चावल साफ़ नहिं कियेगये । वर्तन (पात्र) । पीलुका वृक्ष.

धानुष्क, (त्रि०) धनुः प्रहरणं अस्य ठक् । धनुष् (कमान) जिसका शस्त्र है । "धनुषा जीवति ठञ् वा" । जिसका जीवन धनुष्पर है । धनुर्द्धर (कमान पकड़नेहारा). [अच्छा है वंश, वांस.

धानुष्य, (पु०) धनुषे हितः यञ् । जो धनुष्के लिये

धानेय, (न०) धानाय साधु ढक् (ए य) । धन्याक (धनिआँ).

धान्य, (न०) धाने (पोषणे) साधुः । यत् । जो पुष्ट करनेमें आच्छा है । तुष (तोह-तुस) सहित चावल । (धान) । धनिआँ । चार तिलोंका परिमाण । (चार तिलभर). [तुष् । तुस । तोह.

धान्यत्वच्, (स्त्री०) ६ त० । धानोंकी त्वचा (पड़दा)।

धान्यवीर, (पु०) धान्येषु वीर इव। (बल देनेके कारण)। धानोंमें मानों वीर (बहादुर) है । माष (म्माँ).

धान्याचल, (पु०) ६ त० । धानोंका पर्वत (दानके लिये विधानसे धानोंका बनाहुआ पर्वत).

धान्योत्तम, (पु०) धान्येषु उत्तमः । धानोंमें अच्छा । शालिधान्य (चावल). [भड़ोला । गोला.

धान्यकोष्ठ (क), (न०) ६ त० । धानोंका कोठा ।

धामन् ,(न०) धा+मनिन् । घर (गेह) । देह (शरीर) । किरण । आसरा (आश्रय) । स्थान (जगह) । जन्म । त्विष् (तेज) । ज्योति । प्रभाव । स्वयंप्रकाश (अपने आप प्रकाशनेहारा).

धामनिधि, (पु०) धामानि (तेजांसि) नि… अत्र । नि+धा+कि । जहां (सब) तेज रक्खे हैं। सूर्य्य । आकका वृक्ष.

धाय्या, (स्त्री०) धीयते (पुष्यते) अग्निः … जिस्से आग बढ़ती है । धीयते (अर्प्यते) … अनया (जिस्से लकड़ी अर्पण की जाती है)। … भड़कानेके लिये ऋग्वेदका मन्त्र । धाय्यः (पु०) … हित । कुलपुरोहित.

धार, (न०) धाराभिः निर्वृत्तं अण् । शिला आदि … रक्खागया वर्षासे उत्पन्नहुआ जल । मेहका … पानीकी धार.

धारणा, (स्त्री०) धृ+णिच्+युच् (अन) । यम, … आदिवाले आत्मामें मनकी स्थिरता (ठहरा… योगशास्त्रवाले सन्तजन धारणा कहते हैं। आत्मा… त्तकी स्थिति । मर्य्यादा । उचितमार्गमें … निश्चय । " धृ+णिच्+ल्युट् (अन)" । नाडी … (कतार) । (स्त्री०) ङीप्.

धारा, (स्त्री०) धृ+णिच्+अङ् । घड़े आदिका … सन्तति (लगातार द्रव । ढीले-वहनेवाले) द्रव्य… तर गिरना । तरवार आदिका तेज। सिरा। उत्… आदती) । यश । बहुत वर्षा । समूह । … धड़ाधड़ (मोहलेधार) वर्सना । समान। … (नगरी) । घोड़ोंकी पांच प्रकारकी गति (… सेनाके आगेका स्कन्ध (तुम्मन).

धाराट, (पु०) धारार्थं अटति । अच् । जो (… धाराके लिये घूमता है । पपीहा (चातक)। … बादल । मत्तगज । मस्त हाथी.

धाराधर, (पु०) धारां धारयति । धृ+णिच्+अच् … जिसकी धारा होतीहै । मेघ । बादल । मेह … मींह.

धारावाहिन्, (त्रि०) धारया है (सन्तत्या) … वह्+णिनि । जो निरन्तर वहताहै । निरन्तर … हारा । धीरे २ लगातार हो रहा । "स्वार्थे … "धारावाहिक" यही अर्थ.

धारासम्पात, (पु०) धाराणां सम्पातः (… (पानीकी) धारोंका गिरना । महावृष्टि । … बहुत वर्सना. [(ज़मीन) । सिम्बल…

धारिणी, (स्त्री०) धृ+णिनि । जो धारणकरे…

धारिन्, (पु०) धृ+णिनि । पीलुका वृक्ष । धारण… हारा । आसरा देनेहारा । बचानेहारा (त्रि०) …

धार्तराष्ट्र, (पु०) धृतराष्ट्रे (सुराजदेशे) भव… अच्छे राजावाले देशमें हुआ । अथवा सुराज… में हुआ । एक सांप । एक हंस (जिसकी … चरण (पांव) काले रंगके हों और शरीर …

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

"धृतराष्ट्रस्य अपत्यं अण्" धृतराष्ट्रकी सन्तान। दुर्योधन आदि.

धार्म्मिक, (त्रि०) धर्म्मं चरति (सततं अनुशीलयति) ठक्। जिसका निरन्तर धर्म्महीं करनेका अभ्यास है। धर्म्मशील। धर्म्मात्मा। धर्म्मवाला। धर्म्मी.

धार्ष्ट्य, (न०) धृष्टस्य भावः ष्यञ्। ढीठपन। निर्लज्जता। बेशरमी.

धाव,-जव-जल्दी चलना-भागना। अक० सेट्। और शुद्धि। साफ करना। भ्वा० आ० अक० सेट्। धावते। अधाविष्ट (जब "सृ" को "धाव" आदेश होता है तब परस्मैपदी है).

धावक, (पु०) धाव्+णिच्+ण्वुल्। रजक (धोबी-रंगरेज़)। धाव+ण्वुल्। जल्दी जानेहारा। शीघ्र। भागनेहारा। (त्रि०) धाउड़िया. [जाना.

धावन, (न०) धाव्+ल्युट्। शोधन। साफ़करना। जल्दी

धि, -धृति-पकड़ना-रखना। तु० पर० सक० अनिट्। धियति। अधैषीत् (सं-के साथ इसका अर्थ सन्धि-सुलह करना).

धिक्, (अव्य०) अनिष्ट शब्दोंसे भय उपजाना। झिड़कना। निन्दा। "धिग् धिग् शक्रजितम्" इति नाटकं। निन्दाके लायक। छिः, शरम, शोकके लायक। इन अर्थोंमें प्रायः द्वितीया होती है। "धिक् तां च तं च मदनं च इमां च." [बेइज़्ज़ती.

धिक्कार, (पु०) धिक्+कृ+घञ्। तिरस्कार। निरादर।

धिक्कृत, (त्रि०) धिक् (निन्दनीयः)कृतः। कृ+क्त। निन्दाके योग्य कियागया। निर्भर्त्सित। झिड़कागया। तिरस्कार कियागया.

धिक्ष्,-सन्दीपन-जगाना-रहना। सक०। क्लेश और जीवन अर्थमें अक० भ्वा० आत्म० सेट्। धिक्षते। अधिक्षिष्ट.

धिषण, (पु०) धृष्+क्यु-धिङ्का आदेश। वृहस्पति। देवताओंके गुरु.

धिषणा,(स्त्री०) धृष्णोति अनया। धृष्+क्यु-धिङ्का आदेश। जिस्से धीरज और बहादुरी कर्ता है। बुद्धि। अकिल.

धिष्ण्य, (न०) धृष्+ण्य-नि०। स्थान। जगह। गृह। घर। शक्ति-ताकत और तारा। अग्नि-आग। एक प्रकारकी आग। और शुक्र (पु०)। ऊंचे पदके योग्य (त्रि०).

धी,-अनादर-खयाल न करना-तिरस्कार करना-बेइज़्ज़त करना-सेवा करना। दिवा०आत्म० सक० अनिट्। धीयते-अधेष्ट। धीनः.

धी, (स्त्री०) ध्यै+क्विप्-सम्प्रसारणं च। बुद्धि। जानना। ज्ञान। अकल। समझ. [इन्द्रिय.

धीन्द्रियम्, (न०) चक्षु, श्रोत्र आदि। जाननेके लिये

धीसचिव, (पु०) मन्त्री-वज़ीर। "धीसख" यही अर्थ.

धीमत्, (पु०) धीः(प्रज्ञा) अस्ति अस्य-मतुप् (मत्)। वृहस्पति। बुद्धिवाला-पण्डित आदि (त्रि०).

धीति, (स्त्री०) धे+क्तिन् (ति)। पीना। चूसना। पियास। (वेदमें) अंगुलियें। खयाल। अनुभव। भक्ति। बेइज्जत करना-खयाल न करना.

धीर्,+अवज्ञा-निरादकर करना। चुरा० उभ० सक० सेट्। (नित्य "अव" उपसर्ग इसके पहिले रहता है)। अवधीरयति-ते। अवधीर्य्य.

धीर, (त्रि०) धियं राति (रा+क) धियं ईरयति (ईर्+अण्) धीरजवाला (हौंसलेवाला)। नम्र (हलीम)। बलवाला और पण्डित। राजा बलि। बुद्धिको प्रेरनेहारा। बुद्धिका साक्षी (गवाह) और परमेश्वर (पु०) केसर (न०) एक नायिका। ठहरीहुई चित्तकी वृत्ति (स्त्री०).

धीरोदात्त, (पु०) एक नायक (एक प्रकारका पुरुष).

धीवर, (पु०) दधाति मत्स्यान्। धा+ष्वरच्-नि०। कैवर्त्त। मच्छी पकड़नेहारा. [गुण.

धीशक्ति, (स्त्री०) ६ त०। शुश्रूषा (सेवा) आदि आठ

धीसख, (पु०) धियः सखा। टच्-समा०। अमात्य (वज़ीर) बुद्धिका मित्र. [धुनुते। अधौषीत्-अधोष्ट.

धु,+कम्पन-कांपना। स्वा० उभ० सक० अनिट्। धुनोति-

धुक्ष्,-सन्दीपन-जगाना-रहना। भ्वा० आ० सक० सेट्। धुक्षते-अधुक्षिष्ट. [कम्पित.

धुत, (त्रि०) धु+क्त। छोड़ागया। कांपगया। त्यक्त।

धुनि (नी), (स्त्री०) धुनोति वेतसादीन्। जो बैंतआदिको कंपाती है। नदी (दर्य्या). [(वीरबहूटी).

धुन्धुमार, (पु०) वृहदश्व राजाका पुत्र। इन्द्रगोपकीड़ा

धुर् (रा), (स्त्री०) धुर्व+क्विप्-वा टाप्। चिन्ता (फिकर)। रथ आदिके आगेका भाग (हिस्सा)। गाड़ीका मुं और भार (बोझा).

धुरन्धर, (त्रि०) धुरं धारयति। धृ+णिच्+खच्-मुम्-ह्रस्वश्च। भारवाहक (बोझा उठानेहारा) बैल आदि। बोझा सहारनेहारा. [अच्छा.

धुरीण, (त्रि०) धुरं वहति (ख) बोझा उठाता है। श्रेष्ठ।

धुर्य, (त्रि०) धुरं वहति। यत्। भार उठानेहारा। अच्छा. [अधूर्वीत्। धूर्तः.

धुर्व,-हिंसा-मारना-भ्वा० पर० सक० सेट्। धुर्वति।

धुवित्र, (न०) धु+इत्र। यज्ञ आदिमें आगको (संधुक्षण) सुलगाना. [वा ह्रस्वः। धतूरा.

धु (धू) स्तू (स्तु) र, (पु०) धूस्+क्विप्। तूर+क पृ०

धू,+कांपना। भ्वा० उभ० सक० वेट्। धवति-ते। अधावीत्। अधविष्ट। अधोष्ट.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

धू,-कांपना । वा चुरा० उभ० पक्षे तुदा० पर०सक० सेट् । धूनयति-ते । धुवति । अदूधुनत्-अधुवीत्.

धू,-कांपना । स्वा० क्र्यादि० उभ० सक० वेट् । धूनोति-धूनुते । धुनाति-धुनीते.

धूत, (त्रि०) धू+क्त । कांप गया । चलागया । पंखा कियागया । छोड़ा गया । जुदा कियागया । झिड़कागया.

धूप्,-दीप्ति-चमकना । चुरा० उभ० अक० । जगाना-सक० सेट् । धूपयति-ते. [धूपायति.

धूप्,-तपना-अक० तपाना-सक० भ्वा० पर सेट् ।

धूप, (पु०) धूपयति रोगान् (दोषान् वा) धूप्+अच् । गुग्गल आदि सुगन्धिवाले द्रव्योंसे निकलाहुआ धूम (धूआं) उसका साधन द्रव्य.

धूपित, (त्रि०) धूप्+क्त । वा आयका अभाव । मार्ग आदि चलनेसे श्रान्त (थका) हुआ । सन्ताप दिया गया.

धूम, (पु०) धू+मक् । गीली लकड़ीसे उपजा मेघ और कज्जलका कारण । आगका झण्डा.

धूमकेतन, (पु०) धूमः केतनो यस्य । धूआं जिसका झण्डा है । धूम इव केतनः । धूएंकी नाईं झण्डा । उत्पात (उपद्रव)रूप अशुभको बतानेहारा एक प्रकारका तारोंका समूह । ६ ब० । आग.

धूमयोनि, (पु०) धूमः योनिः अस्य । धूम जिसका कारण है । मेघ (बादल) मोथा (मुस्तक) । ६ त० । आग । गीली लकड़ी.

धूमल, (पु०) धूमं (धूमवद्वर्णं) लाति । ला+क । जो धूएंवाले रंगको लेता है । काला और लाल रंग । उसवाला (त्रि०). [धूमका साधन (त्रि०).

धूम्या, (स्त्री०) धूमानां समूहः । य । धूमका समूह ।

धूम्र, (पु०) धूमं (तद्वर्णं) राति । रा+क पृ० । गधेके रोमकी भांति । काला और लाल रंग । उसवाला (त्रि०) सिल्हक.

धूम्रक, (पु०) धूम्र इव कायति । कै+क ऊंठ । ऊंट.

धूम्रलोचन, (पु०) धूम्रे लोचने यस्य । जिसके नेत्र धूमिले हैं । कपोत (कबूतर) । महिषासुर नामी एक सेनाका पति (मालिक).

धूम्रवर्ण, (पु०) धूम्रः वर्णः अस्य । जिसका धूमिला रंग है । सिल्हक । काला और लाल रंग । ऐसे रंगवाला (त्रि०). [(इक) । टालीका दरख्त.

धूम्रिका, (स्त्री०) धूम्रः वर्णः सारे अस्ति अस्य ठन् ।

धूर्,-वध-मारना और जाना (गति) । दिवा० आत्म० सक० सेट् । धूर्य्यति । अधूरिष्ट । धूर्त्तः.

धूर्जटि, (पु०) जट्-संघात (इकट्ठा होना) इन् । धुरः (त्रैलोक्यचिन्तायाः) जटिः (संघातः) अत्र । अहां तीनों लोककी चिन्ता इकट्ठी हो रही है । शिवजी महाराज.

धूर्त्त, (पु०) धुर्व्-धूर् वा क्त । धतूरेका वृक्ष । ... प्रकारका नायक । खचरा । जूआ खेलनेहारा । ... (ठग) (त्रि०).

धूर्त्तक, (पु०) धूर्त्त इव (वञ्चक इव) । इवके ... में कन् । जो ठगकी नाईं है । शृगाल (सिया... गीदड़.

धूर्वह, (त्रि०) धुरं वहति । वह्+अच् । भारवा... बोझा उठनेहारा । धुरंधर । " धुर्वह ".

धूलि (ली), (स्त्री०) । धू+लिक् वा ङीप् । रजस् ... धूरी.

धूलिध्वज, (पु०) धूलिः एव ध्वजः अस्य । ... जिसका झंडा है । वायु । हवा.

धूसर, (पु०)धू-सर । गर्दभ (गधा) । ऊंट । ... तैलाकार । जिसका स्वरूप तेलकी नाईं हो । ... चिट्टा, पीला उस रंगवाला (त्रि०).

धृ-पतन-भ्वा० आत्म० अक० अनिट् । धरते । ...

धृ-स्थिति-ठहरना । अक० । धृति-पकड़ना-सक० । ... उभ० अनिट् । ध्रियते । अधृत.

धृ-धारण-पकड़ना । चुरा० उभ० सक० अनिट् । ... यति-ते । अदीधरत्-त. [पिता) । साँप ...

धृतराष्ट्र, (पु०) एक राजा (चन्द्रवंशमें दुर्यो...

धृति, (स्त्री०) धृ+क्तिन् । तुष्टि । प्रसन्न होना । ... ड़ना । यज्ञ । आठवां योग । सुख । धारणा । (... किसी एक देशमें रुकजाना) । दुःखमें भी शरीर ... को रोकनेकी शक्ति । अट्ठारह अक्षरके पादवाला ... छन्द । १२ की संख्या. [धृष्णोति । अधर्षीत् ...

धृष्,-प्रागल्भ्य-चतुराई दिखाना । स्वा० पर० अक० ...

धृष्, -सामर्थ्यबन्धन-ताकतको रोकना । चुरा० ... अक० सेट् । धर्षयते.

धृष्,-क्रोध-गुस्सा करना और अभिभव-दवाना । ... उभ० पक्षे भ्वा० सक० सेट् । धर्षयति-ते । ...

धृष्णु, (त्रि०) धृष्+क्नु । प्रगल्भ-चतुर-होशि... निर्लज्ज । बेशरम.

धृष्ट, (त्रि०) धृष्+क्त । निर्लज्ज । प्रगल्भ । एक ...

धृष्टद्युम्न, (पु०) धृष्टं (प्रगल्भं)द्युम्नं (बलं) ... जिसका गंभीर बल हो । द्रुपदराजाका पुत्र.

धेनु, (स्त्री०) धयति सुतान् । धे+नु । नई प्रसूत...

धेनुक, (पु०) धेनुः इव । (इवके अर्थमें कन्) । एक ... दैत्य । हथिनी (स्त्री०) "अपने अर्थमें कन्" ...

धेनुकसूदन, (पु०) धेनुकं सूदयति (हिनस्ति) ... ल्यु (अन) । श्रीकृष्णदेव "धेनुकहा" आदि ... अर्थमें.

धेनुदुग्धकर, (पु०) धेनोः दुग्धं इव किरति । ... जो गौके दूधकीनाईं फैलादे । गर्जर (गाजर) ...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

धेनुष्या, (स्त्री०) धेनु+संज्ञामें यत्-सुक्च । ऋण शोधने-(कर्जा उठादेने) के लिये उत्तमर्णको (जिस्से कर्जा लिया जाता है) बंधकके तौरपर दीगई गौ. [बहुत गौएं.

धैनुक, (पु०) धेनूनां समूहः ठक् । धेनुओंका समूह ।

धैर्य्य, (न०) धीरस्य भावः ष्यञ् (य)। मनकी स्थिरता । धीरज। ऊंचाई । कारणोंके होनेपर भी मनका निर्विकार रहना (न बिगड़ना)। न घबराना.

धैवत, (पु०) एकप्रकारकी गलेसे निकलीहुई आवाज.

धोर,-गतिचातुर्य्य-चालकी चतुराई । भ्वा० पर० अक० सेट्। धोरति । अधोरीत् । णिच् । अदुधोरत्-त.

धोरण, (न०) धोरति अनेन । धोर+ल्यु-ल्युट् (य) वा । हाथी, घोड़ा, गाडी आदि सवारी (यान)। "भावे ल्युट्" एकप्रकारकी घोड़ेकी चाल.

धौत, (त्रि०) धाव्+क्त-ऊट् । मार्जित (साफ़ कियागया) धोयागया । उत्तेजित (भड़काया गया) । और चिट्टा । चांदी (न०). [नेसे उपजा कपड़ा.

धौतकौशेय, (न०) कर्म्म०। धोया हुआ । कीड़ोंके खज़ा-

धौरेय, (त्रि०) धुरं वहति । ढक् (एय) । भार उठानेहारा । बैल आदि.

ध्मा,-अग्निसंयुत-फूंकना । ऐसा शब्द करना कि जिसमें लंबे सांस निकलें । भ्वा० पर० । वैसी आवाज़से बजाना । सक० अनिट् । धमति । अध्मासीत्.

ध्मात, (त्रि०) ध्मा+क्त । संधुक्षित । भड़काया हुआ । फूंकागया.

ध्माक्ष्,-आकाङ्क्षा-चाहना सक० । घोररव । डरावना शब्द । अक० भ्वा० पर० सेट्-इदित् । ध्माङ्क्षति । अध्माङ्क्षीत्.

ध्माङ्क्ष, (पु०) ध्माक्षि-अच् । काक (कौआ) । मच्छिओंको खानेहारा । और भिक्षुक (भीखमांगनेहारा).

ध्रु,-स्थैर्य्य-टिकना-पक्काहोना-जाना-चलना-मारना । भ्वा० तुदा० ध्रवति-ध्रुवति । अध्रौषीत्-अध्रुवीत्.

ध्रुव, (पु०) ध्रु+अच् । शंकु (एकप्रकारका कील) । विष्णु । महादेव । उत्तानपादराजाका पुत्र । एकप्रकारका योग । नासाके आगेका भाग । माथेपर एकप्रकारकी गोलावट । भूगोलके दोनों (उत्तर और दक्षिण) केन्द्रों (सिरों) के ऊपरका भाग । और एक तारा जो स्थिर रहता है । निश्चित (पक्का) । दलील (तर्क) । आकाश (न०) । सन्तत (लगातार) । न बदलनेवाला । स्थिर (कायम) (त्रि०) । "संज्ञा (नाम) में कन्" । एक गीत (न०). [रहना.

ध्रौव्य, (न०) ध्रुवस्य भावः ष्यञ् । पक्काहोना । स्थिर

ध्वन्स, (पु०) ध्वन्स्+घञ् (अ) । विनाश । गिरना । बर्बादी.

ध्वज्,-गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । ध्वजति.

ध्वज, (पु०) ध्वज्+अच् । झंडा । निशान । एक प्रसिद्ध पुरुष । "कुलध्वज" अपने वंशमें विशेष पुरुष । शौण्डिक (कलाल) । बेड़ीका चप्पा । सेना (स्त्री०) । मेढ्र (पुरुषका चिह्न) (पु० न०).

ध्वजिन्, (पु०) ध्वज+अस्ति (है) अर्थमें इनि । राजा । झंडेवाला । रथ (गाड़ी) । ब्राह्मण । घोड़ा । सांप । कलाल । मोर.

ध्वजिनी, (स्त्री०) ध्वजा अस्ति अस्याः इनि । जिसकी ध्वजा हो । सेना (फ़ौज). [सेट् । ध्वनयति.

ध्वन्,-शब्द-बोलना-आवाज़ निकलना । चुरा० उभ० सक०

ध्वन, (पु०) ध्वन्+घञ् (अ) शब्द (आवाज) । सुर. [अलंकारमें एक उत्तम काव्य.

ध्वनि, (पु०) ध्वन्+इन् । धीमा मृदंग आदिका शब्द ।

ध्वन्स्,-गति जाना-विनाश होना-गिरना । भ्वा० आत्म० अक०सेट् । ध्वंसते । "क्त्वा" में विकल्पसे इट् होता है.

ध्वस्त, (त्रि०) ध्वन्स्+क्त । गिरपड़ा । नष्ट । नाश हो गया । चलगया.

ध्वांक्ष्,-चाहना । डरावना । शब्द करना । भ्वा०पर०सक० सेट्-इदित् । ध्वांक्षति । अध्वांक्षीत्. [घर.

ध्वांक्ष, (पु०) ध्वांक्षि+अच् । कौआ । बगला । फ़कीर ।

ध्वान, (पु०) ध्वन्+घञ् । शब्द । आवाज.

ध्वान्त, (न०) ध्वन्+क्त । नि० । अंधकार । अंधेरा.

ध्वान्तारि, (पु०) ६ त० । सूर्य्य । आकका वृक्ष । चांद । और आग.

न

न, (अव्य०) नह् बांधना (बन्धन) । ड (अ) । निषेध (रोकना) "क्रियाके साथ योग होने पर" न होना (अभाव) और उपमा । खाली । तारीफ़ कियागया । (स्तुत) (त्रि०) मोती (पु०).

नकुट, (न०) न+कुट्+अ । नाक । नासिका.

नकुल, (त्रि०) नास्ति कुलं अस्य । जिसका कुल न हो । निष्फल सांपका वैरी नेवला । "यदयं नकुलद्वेषी स कुलद्वेषी पुनः पिशुनः" वासवदत्ता । चौथे पाण्डवका नाम । शिव । (पु०) । कुक्कड़ी । जटामांसी और केसर (स्त्री०).

नक्त, (न०) नज्+क्त । रात्रि (रात) । एक व्रत जिसमें सारा दिन बिताकर रात्रिको चार घड़ी बीत जानेपर भोजन करना होता है.

नक्तचारिन्, (पु०) नक्ते (रात्रौ) चरति । चर्+णिनि । जो रातको विचरता है । पेचक (उल्लू) । बिल्ला । रातमें विचरनेहारा कोई हो (त्रि०).

नक्तञ्चर, (पु०) नक्ते, नक्तं वा चरति ठक् । राक्षस । चोर । उल्लू और बिल्ला । "रात्रिमें विचरनेहारा" (त्रि०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नक्तन्दिव, (न०) नक्तञ्च दिवा च। नि०। रात और दिन.

नक्तम्, (अव्य०) नज्-शर्म्माना+तमु (तम्)। रात्रि। रात.

नक्र, (पु०) न क्रामति दूरस्थलं। न+क्रम+ड (अ)। जो दूर स्थानपर पांव नहि पसारता। कुम्भीर (संसार तंदुआ-झणकाट)। दर्वाजेके आगेकी लकड़ी और नासिक (नाक) (न०).

नक्षत्र, (न०) नक्ष्+अत्रन्। अश्विनीआदि तारे.

नक्षत्रचक्र, (न०) नक्षत्रघटितं चक्रम्। तारोंका बनाहुआ एक चक्र (चक्कर)। अश्विनी आदि २७ तारे। आकाशके गोलेमें राशिओंका चक्र.

नक्षत्रनेमि, (पु०) नक्षत्राणां नेमिरिव। मानों नक्षत्रोंकी धारा है। ध्रुव नामी तारा। चांद। विष्णु.

नक्षत्रमाला, (स्त्री०) नक्षत्राणां इव माला। तारोंकी नाईं माला है। २७ मोतिओंका बनाहुआ एक हार। ६ त०। तारोंकी कतार.

नक्षत्रसूचक, (पु०) नक्षत्राणि शुभाशुभतया सूचयति ण्वुल्। जो तारोंका अच्छा वा बुरा फल कहता है। सिद्धान्तको न जान्नेहारा ज्योतिषी। " णिनि " " नक्षत्रसूची ".

नक्षत्रेश, (पु०) ६ त०। तारोंका मालिक। चन्द्रमा। चांद। " नक्षत्रपति " आदि यही अर्थ है.

नख्, -गति -सर्पण। जाना-चलना-सर्कना। भ्वा० पर० सक० सेट्। नखति। अनखीत्-अनाखीत्.

नख, (पु० न०) नखं (छिद्रं) अत्र। जहां छेक-सुराख है। नखून। नौं। अंगुलीका कांटा.

नखकुट्ट, (पु०) नखान् कुट्टयति। कुट्ट+अण्। जो नखूनोंको कूटता -उतारता है। नापित। नाई.

नखर, (पु० न०) नखं राति। रा+क। नख। नखून। नौं.

नखरायुध, (पु०) नखरं आयुधं यस्य। नखून जिसका शस्त्र (औजार) है। सिंह (शेर) व्याघ्र। (भेड़िया) और कुक्कड। " नखायुध " यही अर्थ.

नखानखि, (अव्य०) " नखैः नखैः प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तं "। आपसमें नखूनों (नौं) की लड़ाई करना.

नग, (पु०) न गच्छति। गम्+ड। जो नहिं चलता। पर्वत (पहाड़) वृक्ष (दरख्त).

नगण, (पु०) लघु (एक मात्रावाला) रूप तीन अक्षर। न गण्यते (नहिं गिनी जाती है) गण्+अच्.

नगभिद्, (पु०) नगान् भिनत्ति। भिद्+क्विप्। पर्वतोंको फोडता है। इन्द्र। पहाड़ोंको तोड़नेहारा (त्रि०).

नगभू, (स्त्री०) नग एव भूः (उत्पत्तिस्थानं) यस्याः। जो पहाडसे निकलती है। छोटा पत्थर.

नगर, (न०) नगाः (वृक्षाः पर्वता वा) सन्ति अस्मिन्। नग+र। पुर। शहर (जहां अच्छे ३ काम करनेहारे चारों वर्ण हों बहुत कलाओंसे भरीहुई अनेक … हों और सब देवताओंके स्थान भी हों)। … (स्त्री०).

नगरन्ध्रकर, (पु०) " नगस्य रन्ध्रं करोति "। जो … (क्रौञ्च पर्वत)में छेक-सुराख कर्त्ता है। कु… कार्तिकेय (महादेवका बड़ा पुत्र).

नगाट, (पु०) नगेषु (वृक्षेषु) अटति (अच्) जो … घूमता है। वानर। बन्दर. [हिमालय…

नगाधिप, (पु०) नगानां अधिपः। पहाड़ोंका रा…

नगौकस, (पु०) नग ओको यस्य। पहाड़ जिसका … है। पक्षी (परिंदा)। शेर। शरभ। कौआ.

नग्न, (त्रि०) नञ्+क्त। वस्त्ररहित। कपड़ेके बि… नंगा। दिगम्बर नामी बौद्धोंका भेद (पु०)। … वेदरूप पड़दे (आवरण)को छोड़नेहारा … " नग्नक्षपणके देशे रजकः किं करिष्यति. "

नग्निका, (स्त्री०) नग्नैव स्वार्थे कन्। नंगी। वह क… जिसे अभी स्त्रीधर्म्म (रज) नहिं हुआ। बेशरम…

नज्, -व्रीड़ा-शरम करना। भ्वा० आ० अक० सेट्। न… अनजिष्ट। नग्नः.

नञ्, (अव्य०) एक विशेष शब्द निषेध अव्ययके … नहिं। न होना। रोकना। थोड़ापन। बुरा। … थोड़ा। बराबर। विरोध। फरक। सादृश्ये-अब्राह्म… अभावे-अपापम्। भेदे-अघटः पटः। ईषत्-अ… कन्या। अपत्ये-अकेशा। विरोधे-असुरः.

नट्,-नृत्य-नाचना और हिंसा-मारना। भ्वा० पर० … सेट्। नटति। अनटीत्। अनाटीत्। परिनटति.

नट, (पु०) नटति। नट्+अच्। नाटक आदि … योग्य अभिनय (नकल)करनेहारा। एक प्र… नाचनेहारा। स्त्रीपर जीनेवाला। एकप्रकारका … संकर (दोगला)। अशोक वृक्ष.

नटन, (न०) नट्+ल्युट् (अन)। नाच। नृत्य.

नटी, (स्त्री०) नट्+अच्। ङीष् (ई)। वेश्या-र… नटकी औरत.

नड्,-गिरना। चुरा० उभ० अक० सेट्। नाड़यति-ते.

नड, (पु०) नड्+अच्। नड़तृण। नाड … चूड़ीगर.

नड्या, (स्त्री०) नड़ानां समूहः। य। नड़ (घास …)

नड्वल, (त्रि०) नड़ाः सन्ति अस्य। ड्वलच्। … देश.

नत, (त्रि०) नम्+क्त। नम्र। झुकाहुआ। आधा … बीतनेपर जन्मकी घड़ी (पु०) तगरकी जड़ (…

नतनासिक, (त्रि०) नता नासिका अस्य। जि… नाक झुका है। चिपटी नाकवाला (खान्दा).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नताङ्गी, (स्त्री०) नतं अङ्गं अस्याः ङीप् । स्तन और जघनके बोझेसे जिसका अंग झुका हो । एक औरत.

नति, (स्त्री०) नम्+क्तिन् । नम्रता । झुकना । सात तरहका निंवना.

नद्,-सन्तोष-खुशहोना-सबरकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । नन्दति । अनन्दीत् । नन्दथुः । प्रनन्दति.

नद, (पु०) नद्+अच् । सिंधु-भैरव-शोण आदि स्वाभाविक जलके प्रवाह.

नदी, (स्त्री०) नद्+अच्+ङीप् । गंगा, यमुना आदि बहुत वा थोड़े जलके प्रवाह । (एक हजार आठ धनुष् जितने मापमें वहनेहारी नदी कही जाती है) । दर्य्या.

नदीज, (पु०) नद्याः समीपे जायते । जन्+ड (अ) । अर्जुन वृक्ष । और अग्निमंथ वृक्ष । जो नदीमें उपजता है (त्रि०). [और वरुण.

नदीन, (पु०) ६ त० । नदिओंका स्वामी । समुद्र ।

नदीमातृक, (त्रि०) नदी माता इव पोषिका अस्य । नदी जिसे माताकीनाई पुष्ट कर्त्ती है । नदीके जलसे उपजे धानोंसे पाला गया देश.

नदीष्ण, (त्रि०) नद्यां स्नातुं जानन्ति । स्ना+क-षत्वम् । नदीमें स्नान करना अच्छा जानता है । जिस २ नदीमें जैसे उतरना चाहिये वह जाननेहारा

नद्ध, (त्रि०) नह्+क्त । बंधाहुआ । मिलाहुआ.

नद्धी, (स्त्री०) नह्यतेऽनया । ष्ट्रन् । ङीप् । चमड़ेकी बनीहुई रस्सी.

ननन्द, (स्त्री०) न नन्दति । न+नन्द्+ऋन्(सेवा करनेपर भी) जो प्रसन्न नहिं होती । स्वामीकी भगिनी (वहिन) । ननद । "ननान्दा" यही अर्थ.

ननु, (अव्य०) प्रश्न (सवाल) । यकीनन । बुलाना । संबोधन । निन्दा.

नन्द, (पु०) नन्द्+अच् । श्रीकृष्णके पिता । एक गोप । महानन्दका पुत्र । एक राजा । आनन्द । एक खजाना.

नन्दक, (पु०) नन्दयति । नन्द+णिच्+ण्वुल् । हरिका खड्ग (तलवार) । और मेंडक । आनन्द देनेहारा । और कुलको पालनेहारा.

नन्दथु, (पु०) नन्द्+अथुच् । आनन्द । खुशी.

नन्दन, (पु०) नन्दयति । नदि+णिच् । खुशकर्त्ता है । पुत्र । मेंडक । एक पहाड़ । और ६० मेंसे एक वर्ष । इन्द्रका वाग (न०) । आनन्द करनेहारा (त्रि०).

नन्दनन्दन, (पु०) नन्दस्य नन्दनः । नन्दजीको खुश करनेहारा । श्रीकृष्ण । "नन्दसुत" आदि यही अर्थ.

नन्दनन्दिनी, (स्त्री०) ६ त० । दुर्गा । नन्दकी कन्या.

नन्दा, (स्त्री०) नन्द्+अच् । गौरी । पार्वती । मद (अलिञ्जर) । एक तिथि । (एकम, एकादशी और षष्ठी ननद । ननाण.

नन्दी, (पु०) नन्द्+इन् (३) । एक वृक्ष । आनन्द । महादेवका एक पार्श्वचर (पास विचरने हारा) नन्दिकेश्वर । विष्णु । शिव. [(दार्वान):

नन्दिन्, (पु०) नन्द्+णिनि (इन्) । शिवजीका द्वारपाल

नन्दिनी, (स्त्री०) नन्दयति । नन्द्+णिनि । वसिष्ठजीकी धेनु (गौ) । लड़की (सुता) । पार्वती । गंगा । ननद । व्याड़िकी माता । रेणुका औषधी. [हारा । व्याड़िमुनि.

नन्दिनीसुत, (पु०) ६ त० । व्याकरणका संग्रह करने-

नन्दिपुराण, (न०) नन्दिना प्रोक्तं पुराणम् । नन्दीसे कहागया पुराण । एक उपपुराण. [नन्दी मानों मालिक है.

नन्दीश, (पु०) नन्दी ईश इव । शिवजीका द्वारपाल ।

नपुंसक, (पु० न०) न स्त्री न पुमान् । नि० । स्तन और केशोंवाली नारी, और रोंमवाला पुरुष है । जो इन दोनोंसे भिन्न हो । क्लीब.

नप्तृ, (पु०) न पतन्ति पितरः अनेन । न+पत्+तृच् । नि० । जिस्से पितर गिरते नहिं । पौत्र । पोता । और दोहता । पोती और दोहती (स्त्री०). [महीना (पु०).

नभ, (न०) नभ्+अच् । आकाश (आस्मान) सावनका

नभःसद्, (पु०) नभसि सीदति । सद्+क्विप् । जो आकाशमें स्थित है । देवता.

नभश्चर, (पु०) नभसि चरति अच् । मेघ (बादल) । वायु (हवा) । परिंदा । सूर्य्य आदि ग्रह । और राक्षस । आकाशमें जानेहारा (त्रि०).

नभस्, (न०) आकाश । सावनका महीना और बादल.

नभस, (न०) नभ्+असच् । आकाश । आस्मान.

नभस्य, (पु०) नभसि (मेघे) साधु यत् । जो वर्सनेमें अच्छा है । भाद्रपदका मास । भादों.

नभस्वत्, (पु०) नभः अस्ति (आश्रयत्वेन) मतुप् (मकोव) आकाश जिसका आसरा है । वायु (हवा).

नभोमणि, (पु०) नभसः मणिः इव । प्रकाशक होनेसे मानों आकाशकी मणि है । सूर्य्य । सूरज.

नभोरजस्, (न०) नभसः रजः इव । दृष्टि (नज़र)-को ढांकनेसे मानों आकाशकी धूर है । अंधेरा.

नभ्राज्, (पु०) न भ्राजति । भ्राज्+क्विप् । नहिं चमकता । मेघ । बादल.

नमस्, (अव्य०) नति । झुकना । छोड़ना । शब्दकरना.

नमस्कार, (पु०) नमस्+कृ+घञ् । हाथोंसे सिर लगाकर अपनी छुटाई सूचनकरनेहारा व्यापार । सलाम । आदर करना.

नमस्य, (त्रि०) नमस् करोति । नमस्+क्य (य) नमस्करणीय । नमस्कार करने लायक । " भावे अ " नति और पूजा.

नमुचि, (पु०) न मुञ्चति । नमुच्+कि । जो लड़ाईको

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नहिं छोड़ता। शुम्भ और निशुम्भका छोटाभाई। एक दैत्य. [सूदन " यही अर्थ.

नमुचिद्विष्, (पु०) ६ त०। इन्द्र नमुचिका वैरी "नमुचि-

नमेरु, (पु०) नम्+एरु। सुरपुन्नाग वृक्ष। रुद्राक्ष.

नम्ब्, -गति -जाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। नम्बति.

नम्र, (त्रि०) नम्+र। नत। झुकाहुआ। विनयान्वित। हलीम.

नम्रक, (पु०) नम्र इव कायति। कै+क। इवार्थे कन् वा। वेतस। बैंत। " अपने अर्थमें कन् " नम्र (त्रि०).

नय्, -गति -जाना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। नयते। अनयिष्ट.

नय, (पु०) नी+अच्। नीति। शुक्राचार्य्य आदिसे रचाहुआ एक शास्त्र। " कर्त्तामें अच् " नेता। रहनुमा। लेजानेहारा। न्याय्य। मुनासिब। एक प्रकारका जूआ.

नयन, (न०) नीयते अनेन। करणे ल्युट्। (अन) जिस्से ले जाय जाया। नेत्र। चक्षु। आंख़। " भावे ल्युट् " पहुचांना.

नर, (पु०) नृ-नृ-वा+अच्। परमात्मा। " आपो वै नरसूनवः" इति मनुः। विष्णु। मनुष्यका अवतार। अर्जुन। एक ऋषि। मनुष्य। छाया प्रमाणको जान्नेमें काम आनेहारा। शङ्कु.

नरक, (पु०) नृ+वुन्। पृथिवीका वीच वराहसे उत्पन्नहुआ एक दैत्य। पापिओंके दुःख भोगनेके लिये एक स्थान। रौरव आदि २१ नरक.

नरककुण्ड, (न०) ६ त०। नरकका कुण्ड। पापिओंके पीड़ा भोगनेके लिये एक कुण्ड.

नरकजित्, (पु०) नरकं जितवान्। जि+भूते क्विप्। जिसने नरकनामी दैत्यको जीतलिया। श्रीकृष्ण। "नरकान्तक". [राजा.

नरदेव,(पु०) नरो देव इव। मनुष्य मानों देवता है। नृपति।

नरनारायण, (पु०) द्वि०। नरश्च नारायणश्च। द्वं०। नर और नारायण। कृष्ण और अर्जुनके स्वरूपसे उतरे दो मुनि। भगवान्का एक अवतार। ऋषभ देव.

नरपति, (पु०) ६ त०। राजा। " नरेश " आदि यही अर्थ.

नरपुङ्गव, (पु०) पुमान् गौः पुङ्गवः (वृषः) नरः पुङ्गव इव। मनुष्य मानों बैल है (बोझा उठानेके योग्य होनेसे) मनुष्योंमें श्रेष्ठ (बहुत अच्छा) और राजा.

नरमाला, (स्त्री०) नराणां माला। मनुष्योंको (सिरोंकी) माला " नरमालाविभूषणा " इति चण्डी.

नरमेध, (पु०) नरः मेध्यते (वध्यते) अत्र। जिसमें मनुष्यको मारकर संस्कार किया जाता है। एक यज्ञ। जिसमें नरके मांससे होम किया जाता है.

नरवाहन, (पु०) नरः वाहनमस्य। मनुष्य जिसकी सवारी है। कुबेर (उसे मनुष्य उठाते हैं) जो से उठाया जाय (त्रि०).

नरसिंह, (पु०) नरश्चासौ सिंहश्च। मनुष्य शेर और सिंहके स्वरूपवाला। हिरण्यकशिपुको रनेके लिये प्रगटहुआ भगवान्का एक "नरः सिंह इव" मनुष्य मानों शेर है। शौर्य्य अच्छा आदमी. [बहुतसे

नरस्कन्ध, (पु०) नर-समूहे स्कन्ध। नरोंका

नरेन्द्र, (पु०) नर इन्द्र इव। मनुष्य मानो राजा। विषवैद्य (जहिर निकालनेहारा)। २१ पादवाला एक छन्द. [वैरागी पुरुष। और

नरोत्तम, (पु०) नरेषु उत्तमः। पुरुषोंमें उत्तम।

नर्त्तक, (पु०) नृत्+ण्वुल् (अक)। चारण (करनेहारा)। नलतृण। नाचके जानेहारा (त्रि०) "नर्त्तकी" (स्त्री०).

नर्त्तन, (न०) नृत्+ल्युट् (अन) नृत्य। नाच.

नर्द्, -शब्द -आवाज करना। अक० जाना। सक० पर० सेट्। नर्दति-प्रनर्दति.

नर्म्मद (पु०) नर्म्म (परिहासं) ददाति। दा+क मखौल देता है। केलिसचिव। मखौलके लिये मखौलिया (त्रि०)। नदी (स्त्री०). [क्रीड़ा।

नर्म्मन्, (न०) नृ+मनिन्। परिहास। हसीठठ्ठा।

नलकिनी, (स्त्री०) नलक (सच्छिद्रं अस्थि) इनि। जिसकी छेकवाली हड्डी हों। जङ्घा। लात.

नलकूबर, (पु०) नलः कूबरो युगंधरोऽस्य। पुत्र. [सुगंधि

नलिका, (स्त्री०) नल+स्वार्थे कन्-टाप्। नाड़ी।

नलिनीखण्ड, (न०) नलिनी+समूहे खण्ड। ओंका समूह.

नल्व, (पु०)नल्+व। चारसौ हाथका गिनाहुआ देश।

नव, (पु०) नु+अप्। स्तव। तारीफ़। नया (त्रि०).

नवग्रह, (पु०) कर्म०। सूर्य्य आदि नौ ग्रह.

नवति, (स्त्री०) नव दशतः परिमाणं अस्य नि०।

नवदल, (न०) कर्म०। कमलकी कर्णिकाके पत्ता। नया पत्ता.

नवदुर्गा, (स्त्री०) कर्म०। शैलपुत्री आदि नौ

नवद्वारपुर, (न०) नव द्वाराणि यत्र तादृशं पुरम्। कि जिसके नौ दर्वाजे हैं। देह। शरीर (इसमें दो आंख, दो नासा और एक मुख। ये ऊपरके स्थान) गुदा और लिङ्ग (ये नीचेके दो) इसतरह

नवधा, (अव्य०) नवन्+प्रकारे धाच्। नवप्रकार तरह.

नवधातु, (पु०) कर्म०। सोना आदि ९ धातु.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नवन्, (त्रि०) बहु० । ९ की संख्या.

नवनीत, (न०) नवं नीयते स्म । नी+क्त । नया निकालागया । दूधका सार । मक्खन.

नवनीतक, (न०) नवनीतस्य विकारः कन् । मक्खनसे बनाया गया । घी । घृत. [वाला वृक्ष.

नवमल्लिका, (स्त्री०) कर्म० । नवमालिका । बहुतफूलों-

नवम, (त्रि०) नवानां पूरणः । डटि-मट् । ९ की संख्याको पूरा करनेहारा । नावां । "नवमी" एक तिथि (स्त्री०).

नववध्वागमन, (न०) ६ त० । नववध्वाः आगमनम् । नई वधूका (पिताके घरसे पतिके घरमें) आना.

नवरत्न, (न०) नवानां रत्नानां समाहारः । ९ रत्नोंका मेल । विक्रमादित्यकी सभाके ९ पण्डित. [९ दिन.

नवरात्र, (न०) नवानां रात्रीणां समाहारः । ९ रातें ।

नववस्त्र, (न०) कर्म्म० । अनाहत नूतनवस्त्र । पहिलेही पहिरा गया नया कपड़ा । नया कपड़ा.

नवशायक, (पु०) माली, तेली, नाई आदि जाति.

नवश्राद्ध, (न०) कर्म० । एकादशाहश्राद्ध । ग्यारहवें-दिन करनेलायक श्राद्ध.

नवसूतिका, (स्त्री०) नवं सूतं अस्ति अस्याः ठन् (इक)। जिसका नयाही प्रसव हुआ है । धेनु । नई प्रसूता गौ.

नवान्न, (न०) कर्म्म० । नवीन अन्न । नया अनाज । "नवं अन्नं यत्र" नये अनाज आनेका समय.

नवीन, (त्रि०) नव+ख (ईन) । नूतन । नया.

नवोदक, (न०) कर्म्म० । नवजल । नया पानी । "नवं उदकं यत्र" नये पानीका समय.

नवोद्धृत, (न०) कर्म० । नवनीत । मक्खन नया निकाला गया (त्रि०).

नव्य, (त्रि०) नु+यत् । नूतन । नया. [दीखता नहिं.

नष्ट, (त्रि०) नश्+क्त । तिरोहित । छिपाहुआ । जो

नष्टचेष्टता, (स्त्री०) नष्टा चेष्टा यस्य तस्य भावः तल् । हर्ष (खुशी) वा शोक (अफसोस) आदिसे सब चेष्टा (हर्कत)ओंसे रहित । बेहोश.

नष्टाग्नि, (पु०) नष्टः अग्निः यस्य । प्रमाद (भूल) आदिसे जिसने अग्निहोत्र करना छोड़ दिया । निरग्नि.

नष्टेन्दुकला, (स्त्री०) नष्टा चन्द्रकला यस्यां । जिसमें चन्द्रमाकी कला छिपगईहो । चतुर्दशीसे मिलीहुई अमावस्या.

नस्य, (न०) नसे हितं । नासाके लिये अच्छा । मिरगी आदि रोगकी निवृत्तिके लिये नाकमें देनेलायक चूर्ण । नसवार.

नस्योत, (पु०) नसि सम्यक् ऊतः । आ+वे+क्त । नासामें अच्छीतरह परोया गया । बलीवर्द । बैल.

नहि, (अव्य०) निषेध । रोकना । नहिं.

नहुष, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा । एक नाग (सांप).

नहुषात्मज, (पु०) ययातिनामी राजा । नहुषका बेटा.

ना, (अव्य०) निषेध । नहिं.

नाक, (पु०) न कं अकं (दुःखं) तन्नास्ति यत्र । जहां दुःख नहिं । बहुत सुखका स्थान.

नाकिन्, (पु०) नाकः अस्ति अस्य (जिसके रहनेका स्थान) स्वर्ग है । देव । देवता.

नाग, (पु०) न गच्छति (अगः) न अगः । वासुकी आदि सांप जिनका स्वरूप मनुष्यकासा । फण और पूछवाले सांप । हाथी । बादल । नागकेशर । मोथा । एक प्रकारकी हवा (वायु) जो शरीरमें उद्गार (डकार) कर्ता है । "नगे भवः" अण् । पर्वतका (त्रि०).

नागदन्त, (पु०) नागस्य दन्त इव । हाथीके दांतकी नाईं है । घरसे निकली हुई लकड़ी (किल्ली) । हाथीदांत.

नागपाश, (पु०) नागः पाश इव । (बंधनका कारण होनेसे) नाग मानो पाश है । वरुण देवताका एक अस्त्र.

नागर, (त्रि०) नगरे भवः । नगरका । विदग्ध । होशियार । नागरमोथा.

नागरक, (पु०) नगरे भवः (बुरे और चतुराईके अर्थमें) वुञ् । (अक) चोर । मूरत लिखनेहारा । शिल्पी । कारीगर.

नागराज, (पु०) नागानां राजा । टच् समा० । सापों वा हाथीओंका राजा । अनन्तनामी साँप । साँप । ऐरावत हाथी । हाथी.

नागलता, (स्त्री०) नागाकारा लता । एक बेल जिसकी शकल सांप जैसी है । ताम्बूली (पानकी बेल) । पुरुषका लिङ्ग.

नागलोक, (पु०) ६ त० । नागोंका लोक । पाताल.

नागाशन, (पु०) नागान् अश्नाति । अश्+ल्यु (अन) । सापोंको खाता है । गरुड. [नामवाला । हस्तिनापुर.

नागाह्व, (पु०) नागेन युक्ता आह्वा यस्य । हाथीके

नाचिकेतस्, (पु०) अग्नि । आग । एक ऋषि । वेदकी एक कथा.

नाट, (पु०) नट्+घञ् । नृत्य । नाच । कर्णाट देश.

नाटक, (पु०) कामाख्याके पास एक पहाड़ । देखने योग्य एकप्रकारका काव्य (प्रसिद्ध वृत्तान्त और पाँच सन्धिवाला).

नाटार, (पु०) नटस्य अपत्यं आरक् । नटका पुत्र.

नाटिका, (स्त्री०) एकप्रकारका नाटक.

नाटेय (र), नव्या अपत्यं ढक् (एय) ढ्रक् (रेय) वा । नटीका पुत्र. [चना गाना और बजाना).

नाट्य, (न०) नटानां कर्म्म ष्यञ् । नटका काम (ना-

नाट्यशाला, (स्त्री०) नाटचस्य नाट्यार्थं वा शाला । नाट्य वा नाट्यके लिये शाला । नटमन्दिर । नाचने

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

गाने बजानेकी शाला। नाचघर। देवमन्दिरके सामनेका घर.

नाट्योक्ति, (स्त्री०) नाट्ये (नटकर्म्मणि) उक्तिः। नाटकसम्बन्धी वचन। नाटकमें उपयोगी वचन.

नाडिन्धम, (पु०) नाडीं धमति। ध्मा+खश-धमादेशः। मुम् ह्रस्वश्च। जो वांस आदिकी नालीको फूंकता है। स्वर्णकार। सुनार.

नाडि (डी), (स्त्री०)। नड्-भ्रंश-गिरना+इन् वा ङीप्। शरीरकी शिरा (नाडी)। वृक्षकी शाखा। घडी। नाली। ६० पल.

नाडीचक्र, (न०) नाभिस्थनाडीनिस्सरणचक्र। धुन्नीमें रहनेहारा नाडिओंके निकलनेका चक्र.

नाडीजंघ, (पु०) नाडीव जंघा अस्य। जिसकी लात नाडीके समान है। कौआ। ब्रह्माका पियारा एक बगला। एक मुनि.

नाणक, (पु०) न अणकः कुत्सितः। जो बुरा नहिं। प्रशस्त। अच्छा। मोहर आदि (जिसपर निशान खुदा हो) (न०).

नाथ्, -उपताप-गरम होना-तपना-मांगना। पर०। आशीर्वाद देना। आत्म० सक०। ऐश्य-हकूमत करना-सेट्। नाथति। अनाथीत्। नाथते। अनाथिष्ट (आशीष).

नाथ, (पु०) नाथ्-ऐश्य+अच् (अ)। अधिप। स्वामी। मालिक। शिवजी। प्रार्थना करने लायक (त्रि०).

नाथवत् (त्रि०) नाथः अस्ति अस्य मतु० (मको व)। जिसका मालिक हो। पराधीन। परतन्त्र। बचानेहारा.

नाद, (पु०) नद्+घञ् (अ)। शब्द (आवाज)। चन्द्रबिन्दु। बडी ऊंची आवाज। एक प्रकारकी प्राणोंकी हवा (वायु).

नादेय, (न०) नद्या नदस्य वा इदं ढक् (एय) नदी वा नदका। सैन्धवलवण। सेंधानोन। नदी वा नदका पानी। काश और वेतस (बैंत) (पु०) नदीका (त्रि०).

नाधृ, -मांगना (नाथके सब अर्थ)। भ्वा० आ० सक० सेट्। नाधते.

नाना, (अव्य०) विना। अनेक (बहुत)। दोनों.

नानार्थ, (त्रि०) नानाविधाः अर्था यस्याः। बहुत नाम और प्रयोजन (मतलब)वाला.

नान्तरीयक, (त्रि०) अन्तरं (व्यवधानं) अनुभवति। नञके अर्थवाले " न " के साथ समास होनेसे) नान्तरीयं। फिर अपने अर्थमें कन् (क) होता है। अवश्यम्भावी। जरूर होनेहारा। फैलाहुआ। व्याप्त.

नान्दी, (स्त्री०) नन्दंति देवाः पितरो वा यत्र। नन्द्+इन् ङीप्। पृ०। जहां देवता वा पितर प्रसन्न होते हैं। "नान्दीश्राद्धं ततः कुर्य्यात्" इति स्मृतिः। समृद्धि सम्पदा। हश्मत। नाटकमें सूत्रधारसे करने योग्य प्रकारका मङ्गलाचरण.

नान्दीमुख, (पु०) नान्द्यर्थं (वृद्ध्यर्थं) बन्धनं मुखं यस्य। वृद्धिके लिये जिसका मुख बांधा गया। खूएका पडदा। " नान्दी (वृद्धिः) तदर्थं श्राद्ध" विवाहआदिके पहिले किया जानेहारा मङ्गल। नान्दीश्राद्धमें भोजन करनेहारे पितर.

नान्दीवादिन्, (पु०) नान्द्यर्थं वदति वादयति। नाटकके आदिमें मङ्गलपाठ करने वा करानेहारा सूत्रधार। उसके लिये तूर्य्य (वाजे) आदि बजानेहारा नटआदि. [क्षा

नापित, (पु०) उस्तरेका काम करनेहारा। एक

नाभि, (पु०) नह्यन्ते अत्र, नह्यते अनेन वा। भान्तादेश। १२ राजाओंके चक्रका बीच। पहिये धुरी। मुख्य राजा। और क्षत्रिय। कस्तूरी (स्त्री०) धुन्नी (पु० स्त्री०)। प्रधान। मुख्य (त्रि०).

नाभिज, (पु०) नाभौ जायते। जन्+ड। जो विष्णुकी नाभिमें उपजता है। चतुर्मुख। ब्रह्मा। "नाभिज

नाम, (अव्य०) स्वीकार। विस्मय। स्मरण। सम्भावना। निन्दा। प्राकाश्य। विकल्प। अलीक (झूठ)।

नामकरण, (न०) नाम क्रियते अत्र। कृ+ल्युट् (अन)। जिसमें नाम रक्खा जाता है। दसवें आदि दिनमें करने लायक एक प्रकारका संस्कार.

नामधेय, (न०) नामैव। स्वार्थे धेय। नाम। शब्द। संज्ञा। " वाचारम्भणं विकारो नामधेयम्" श्रुतिः.

नामन्, (न०) नम्यते अभिधीयते अर्थः अनेन। सीमन् नि०। जिस्से अर्थ कहा जाता है। आदि प्रपञ्चके अर्थको जतानेहारा संज्ञाशब्द।

नामशेष, (त्रि०) नाम एव शेषः अस्य। जिसका नाम बाकी रहा। मृत। मरगया। " नाममात्रं यत्र" जिसमें केवल नाम बचरहा। मरना (पु०)

नायक, (पु०) नी+ण्वुल् (अक०) नेता। लेजानेहारा। स्वामी। प्रभु। हारके वीचकी मणि। सेनाका। शृङ्गाररसको अवलम्बकरनेहारा पति वा उपपति आदि। पहुंचानेहारा (त्रि०).

नायिका, (स्त्री०) नी+ण्वुल् (अक)। शृङ्गाररसका अवलम्बनकरनेहारी स्त्री आदि। प्रेममें भरीहुई औरत। दुर्गाशक्ति। नायिका ३ प्रकारकी होती है। नी, दूसरी और सबकी.

नार, (पु०) नरस्य अयं अण्। बालक। और परमात्माका और मनुष्यका (त्रि०)। नरोंका (न०). [अण्। नरकका ("नरके

नारक, (पु०) न+वुन् (अक)। नरक।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नारकिन्, (त्रि०) नारकं भोग्यत्वेन अस्ति अस्य इनि । नरककी पीडाओंको भोगनेहारा जीव.

नारङ्ग (पु०) एक प्रकारका रस। गाजर। मेघका अर्क । जौडोंमेंसे एक । संतरेका वृक्ष.

नारद, (पु०) नारं (जलं) ददाति-दा+क । पानी देताहै। एक मुनि । नारं (अज्ञानं) द्यति-दो+क । नारं (ज्ञानं) ददाति दा+क। वा जो अज्ञानको तोड़ता वा ज्ञानको देता है। एक मुनि । उस मुनिका कहाहुआ २५००० का महापुराण । (न०) देवर्षि (पु०).

नारसिंह, (न०) नरसिंहं अधिकृत्य कृतः ग्रन्थः। अण् । वह ग्रन्थ कि जिसमें नरसिंहका वर्णन है । उपपुराण.

नाराच, (न०) नराणां समूहः । नारं आचामति । चमू+ ड (अ)। सर्वलोहमय अस्त्र । लोहेका हथियार । बाण । तीर.

नारायण, (पु०) "नार" नाम जलका है, वे जल नरसे उपजे हैं सबसे पहिले जलही जिसका "अयन" अर्थात् निवासस्थान है ऐसे मनुजीके अर्थानुसार विष्णु अर्थ होता है । नरसमूहका आश्रय (आसरा).

नारायणक्षेत्र, (न०) ६ त० । गंगाजीके दोनो ओर चार २ हाथ जगह.

नारायणबलि, (पु०) धर्म्मशास्त्रमें कहागया एक प्रायश्चित्त जो मरेहुए पापण्डीआदिकोंका किया जाताहै.

नारायणी, (स्त्री०) विष्णुकी शक्ति । लक्ष्मी । गंगा । शतावरी.

नारिकेल, (पु०) नल्+इण्=नालिः । केन (वायुना जलेन वा इलति-चलति) इल्+क । कर्म्म० । जो वायु वा जलसे हिलता है । एक वृक्ष । नारियेल । नरेल.

नाल, (न०) नल्+ण । कमलकी डण्डी । उत्पलादि दण्ड.

नाविक, (पु०) नावा चरति ठक् (इक्) । जो बेड़ीसे विचरता है । कर्णधार । जहाजपर जानेहारा मुसाफ़िर । मल्लाह । नावका.

नाव्य, (त्रि०) नावा तीर्य्यते असौ । नौ+यत् । जो नावसे तराजाता है। नावसे तैरनेलायक देश । वा नदी.

नाश, (पु०) नश्+घञ् (अ) । पलायन । भागना । अदर्शन । न दीखना । निधन । मरना । अनुपलम्भ । न मिलना.

नासत्य, (पु० द्वि० व०) नास्ति असत्यं ययोः । नासां त्यजतः । त्यज्+ड नि० वा जिनमें झूठ नहिं । अश्विनीकुमार । "सूर्य्यके तेजको न सहारकर संज्ञा देवी उत्तरकुरुमें घोड़ीका रूप बनाकर तपस्या कर्ती हुई घोड़ेके स्वरूपमें सूर्य्यसे संगतहुई परन्तु इसने दूसरे पुरुषकी बुद्धिसे उस सूर्य्यके वीर्य्यको नासाके छेकसे निकाल दिया, ये दोनों नासासे बाहिर हुए" इस प्रकार पुराणकी कथा है.

नासा, (स्त्री०) नस्-शब्द+अ । नासिका । गन्धको ग्रहण करनेहारी एक इन्द्रिय । और शब्द । नास.

नासिक्य, (त्रि०) नासिकायै हितं । तत्र भवो वा यत् । नासिकाके लिये हितकारी वा उसमें होनेहारा । नासासे उपजे अश्विनीकुमार (पु० द्वि० व०).

नासीर, (न०) नास+ईरन् । अग्रसर सैन्य (आगे जानेहारी फ़ौज) सेनाका मुख । आगे जानेहारा । अग्रसर (त्रि०).

नास्ति, (अव्य०) अविद्यमानता । न होना । "अस्ति [नास्ति न जानाति" चाणक्यः.

नास्तिक, (त्रि०) नास्ति परलोकादिकं इति मतिः अस्य-ठन् । जिसका विचार ऐसा है कि "परलोक, उसका साधन धर्म्म वा अधर्म्म, उसका साक्षी (गवाह) ईश्वर कुछ भी नाहिं" चार्वाक आदि । स्वर्ग, स्वर्गका साधन, और ईश्वर तीनोंको न माननेवाला.

नास्तिकता, (स्त्री०) नास्तिकस्य भावः । नास्तिकका होना । मिथ्यादृष्टि । झूठी नजर (स्वर्ग आदि न माननेसे).

नि, (अव्य०) छोटापन । नीचे । बहुत । सदा । संदेह । कौशल । फेंकना । हटना । पास । आदर । देना । छूटना । रोकना.

निःशलाक, (त्रि०) निर्गतः शलाकायाः । निर्गता शलाका यस्मात् वा । जो सलाईसे निकलगया अथवा जिस्से सलाई निकल गई । निर्जन । रहस् । एकान्त । अकेले.

निःशेष, (त्रि०) निर्गतः शेषात् । प्रा० स० । जो बाकीसे निकलगया । निखिल । सकल । सब । सारा । तमाम.

निःश्रयणी, (स्त्री०) निःशेषेण श्रयति अनया । श्रि+ल्युट् ङीप् । जिससे पूरा आसरा लेता है । अधिरोहिणी । पौड़ी । सीढ़ी.

निःश्रेणि (णी), (स्त्री०)। निर्गतः श्रेणिः अत्र । जहां कतार निकली हो । वंशनिर्मित सोपान । वांसकी बनीहुई सीढ़ी । लकड़ीकी पौड़ी.

निःश्रेयस, (न०) नितरां श्रेयः । नि० अच्-समा० । निश्चयकल्याण । मोक्ष । छुटकारा । मुक्ति । मंगल । विज्ञान । भक्ति । शिव.

निःश्वास, (पु०) निर्+श्वस्+घञ् (अ) । मुख और नासासे निकलीहुई । वायु (हवा) सांस.

निःसत्व, (त्रि०) निर्गतं सत्वं यत्र । जहां हौंसला न रहा। धैर्य्यशून्य । जिसमें बल नाहिं । कमजोर । जीवरहित.

निःसम्पात, (पु०) निर्गतः सम्पातः (गतागतं) यत्र । जिसमें आना जाना नहिं रहा। अर्द्धरात्र । आधी रात.

निःसरण (न), निःसरति अस्मात् । निर्+स-अपादाने ल्युट् । जिस्से निकलता है । गेहादिद्वार । घर आदिका दर्वाजा "भावे ल्युट्" निकलना । मरना । और निर्वाण । बुझना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

निःसार, (पु०) निर्गतः सारात् । सारसे निकलगया । शाखोटका वृक्ष । साररहित (त्रि०) । केलेका वृक्ष । (स्त्री०).

निःसारण, (न०) निःसार्य्यते अनेन । निर्+सृ+णिच्+ल्युट् । घर आदिसे निकलनेका पथ (रास्ता).

निःस्नेहा, (स्त्री०) निर्गच्छति स्नेहः यस्मात् । जिस्से स्नेह निकलगया । अतसीका वृक्ष । प्रेमसे रहित (त्रि०).

निःस्व, (पु०) नास्ति स्वं अस्य । जिसके पास धन नहिं । दरिद्र । निर्धन । गरीब.

निकट, (न०) नि+कट्+अच् (अ) । समीप । पास.

निकर, (पु०) नि+कृ+ अप् । समूह । सार । वित्त (धन) । निधि । खजाना.

निकर्षण, (न०)निर्गतः कर्षणात् । खेंचनेसे निकलगया । गांव आदिमें घर आदिको बनानेके लिये मापा हुआ देश । बाहिर सैर करनेकी भूमि । बहिर्विहरणभूमि.

निकष (स), (पु०) नि+कष् (स्) अच्-घ वा (अ) । कषपाषाण । शाण । सोना आदि कसनेका पत्थर । कसौटी । हथियार आदिको तेज करनेवाला पत्थर.

निकषा, (अव्य०) निकट (पास) । मध्य (बीच) । राक्षसोंकी मां (स्त्री०).

निकषोपल, (न०) कर्म्म० । शाण । सान । सोने आदिको पहिचाननेहारा एक पत्थर । कसौटी । " कष्टिपत्थर."

निकाम, (न०) नि+कम्+घञ् (अ) । यथेप्सित । इच्छाके अनुसार । जैसा चाहागया । अतिशय (बहुत) । गृह । घर । परमात्मा.

निकाय, (न०) नि+चि+घञ्-कुत्वम् । समानधर्म्मप्राणिसङ्घः । एकधर्म्मवालोंका झुण्ड । निवास । रिहायश । समूह.

निकाय्य, (न०) निचीयते अत्र । नि+चि+ण्यत्-कुत्वम् । गृह । घर.

निकार, (नि+कृ+घञ्) । परिभव । तिरस्कार । बे इज्जती । अपकार । कॄ+घञ् । धान आदिका ऊपर फेंकना । छटना.

निकुञ्ज, (न०) निःशेषेण कौ जायते । जन्+ड-पृ० । लतादिपिहित स्थल । बेल आदिसे ढकाहुआ स्थान.

निकुम्भ, (पु०) नि+स्कुम्भ्+अच् । पृ० । कुम्भकर्णराक्षसका पुत्र । दन्तीवृक्ष. [वहांकी एक देवी.

निकुम्भिला, (स्त्री०) लङ्काके पश्चिमकी ओर एक गुफा ।

निकुरम्ब, (न०) नि+कुर्-शब्दकरना+अम्बच् । समूह । बहुतसा.

निकृत, (त्रि०) नि+कृ+क्त । परिभूत । बेइज्जत किया गया । उपद्रुत । जुल्म कियागया । ठगागया । नीच । शठ । धूर्त.

निकृति, (स्त्री०) नि+कृ+क्तिन् । शाठ्य । क्षेप । तिरस्कार और दैन्य । बेइज्जत करना । शरारत । गरीबी.

निकृष्ट, (त्रि०) नि+कृष्+क्त । जाति और आचार आदिसे निन्दित । अपकृष्ट । नीच । अधम । बुरा.

निकेत, (पु०) नि+कित्-निवास-रहना । आधारे घञ् । गृह । घर । निकेतन.

निक्व (क्वा) ण, (पु०) नि+क्वण्+अप्-घञ् वा । वीणाका शब्द । बीनकी आवाज. [फेंकागया । स्थापित.

निक्षिप्त, (त्रि०) नि+क्षिप्+क्त । न्यस्त । रक्खागया ।

निक्षेप, (पु०) नि+क्षिप्+कर्म्मणि घञ् । दूसरेमें अर्पण किया गया अपना धनआदि । अमानत । शिल्पी (नक्काश) के हाथमें ठीक करनेके लिये दीहुई चीज.

निखर्व, (पु०) १०००००००००००० इतनी संख्या । दस हज़ार करोड़ दश खर्व संख्या । वामन (त्रि०) । बौना. [खोदाहुआ । गढ़ा.

निखात, (त्रि०) नि+खन्+क्त । खोदकर रक्खागया ।

निखिल, (त्रि०) निवृत्तं खिलं (शेषः) यस्मात् । जिस्से बाकी निकलगया । सकल । सारा । सब.

निगड़, (पु० न०) नि+गल्+अच् । डत्वम् । शृंखला । संगली । संगल । हथकड़ी । बेड़ी.

निगड़ित, (त्रि०) निगडः जातः अस्य । इतच् । बद्ध । संयत । बंधाहुआ. [मात्र.

निगद, (पु०) नि+गद्+अच् । भाषण । बोलना । शब्द

निगम, (पु०) निगम्यतेऽत्र अनेन वा । नि+गम् घञ् । निश्चय । प्रतिज्ञा । वेद । न्यायके पांच अवयवोंमेंसे पिछला अवयव । व्यापार । बाजार । वेदकी शाखा । रास्ता.

निगमन, (न०) नि+गम्+ल्युट् (अन) । प्रतिकूल (बरखिलाफ) प्रमाण (सबूत) को तोड़कर प्रकृत (असली) प्रमाणका निश्चय करानेहारा न्यायके पांच अवयवोंमेंसे सबसे पिछला " इसलिये यहां अग्नि है " इत्यादि स्वरूपवाला. [खाना । आहार.

निगा (ग) र, (पु०) नि+गॄ+अप्-घञ् वा । भोजन ।

निगाल, (पु०) नि+गल्-अदन-खाना+घञ् । अश्व (घोडे) के गलका स्थान.

नि+गुह+क्त । वनमुद्ग । बनकी मूंग । छिपाहुआ और आलिङ्गित । मिलाहुआ (त्रि०).

निगृहीत, (त्रि०) नि+ग्रह्+क्त । तर्जित (झिड़कागया) पीड़ा पहुंचाया हुआ । और रोकाहुआ.

निग्रह, (पु०) नि+ग्रह्+ अप् । झिड़कना । सीमा (हद) बन्धन । अनुग्रहाभाव (नाराजगी) । निषिद्ध प्रवृत्ति देखकर तिरस्कार करना । मारना । प्रवृत्तिसे हटाना और रोध (रोक).

निग्रहस्थान, (न०) निग्रहस्य (वादिपराजयस्य) स्थानम् । वादिके पराजय (हार) की जगह । गौतमसे कहेहुए १६ पदार्थोंमेंसे सबसे पिछला । रुकनेकी जगह.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

निग्राह, (पु०) नि+ग्रह्+घञ् । "तेरा अनिष्ट (बुरा) हो" इस प्रकारका शाप (बुरावचन बोलना).

निघ, (पु०) निर्विशेषेण हन्यते । पूरा २ चोट दिया जाता है । हन्+क । नि० । जो लंबा चौड़ा एक जैसा है (समविस्तार दैर्घ्य) । दायरा । गेंद । वृक्ष । दरख्त.

निघण्टु, (पु०) नि+घटि+उ । इस नामवाला कोष (डिक्शनरी) जिस्में प्रायः वैदिक शब्द होते हैं.

निघस, (पु०) नि+अद्+अप्-घसका आदेश होता है । भोजन । आहार । खुराक.

निघ्न, (त्रि०) नि+हन्+घञ्के अर्थमें क होता है । अधीन(ताबेदार) । गुणित । गुणागया (जर्ब खाया हुआ) "द्विगुणान्त्यनिघ्न" इति लीलावती.

निचय, (पु०) नि+चि+कर्म्मणि अच् । अवयव आदि-से उपचित (बढ़ाहुया) पदार्थ । सीमासे बाहिर निश्चय । बढ़ाहुआ । समूह । ढेर.

निचाय, (पु०) नि+चि+घञ् । राशीकृत (इकट्ठा किया-हुआ) धान्य आदि (झोना आदि अनाज) । समूह.

निचित, (त्रि०) नि+चि+क्त । व्याप्त । पूरित । भराहु-आ । फैलाहुआ । सङ्कीर्ण । मिलाहुआ । निर्म्मित । रचा-हुआ.

निचोल, (पु०) नि+चुल्+अच् । प्रच्छद पट । (जिस्से छेज आदि बिछाई जाती है-बिछौना) । डोलीका पड़दा । स्त्रीपिधानपट (बुर्का) । दुबट्टा वा चादर.

निज, (न०) नि+जन्+ड । आत्मीय । अपना । स्वाभाविक.

निटल, (न०) कपाल । माथा । खोपरी.

नितम्ब, (पु०) नि+तम्ब्+अच् । निभृतं तम्यते (काम्यते) कामुकैः । कामीजन जिसकी इच्छा एकान्तमें करते रहते हैं । स्त्रिओंकी कमरका पिछला भाग । कटितट । चूतड़ । कंधा । किनारा । कमर.

नितम्बिनी, (स्त्री०) नितम्ब+प्राशस्त्ये इनि । अच्छे नि-तम्बवाली स्त्री । कोई औरत.

नितरां, (अव्य०) नि+तर+आम् । सुतराम् । सदा । अतिशय । विशेषकरके. [जो बहुत नीचे है.

नितल, (न०) निःशेषेण तलं (अधोभागः) एक पाताल

नितान्त, (न०) नितान्यति स्म । नि+तम्+क्त । एकान्त । अकेले । अत्यन्त । बहुत ही । उसवाला (त्रि०).

नित्य, (न०) नियमेन वा भवं । नि+त्यप् । जो सदा रहे । निरन्तर । उसवाला (त्रि०) । तीन कालमें होनेहारा (पु०) । समुद्र । सदा । प्रतिदिन । उत्पत्तिविनाश-रहित । यथा "वर्णा नित्याः".

नित्यकर्म्म, (न०) कर्म्म० । न करनेसे दोषको उप-जानेहारा सन्ध्यावन्दन आदि । हररोजका काम.

नित्यतृप्त, (त्रि०) नित्यं तृप्तः (सदा तृप्त-रजाहुआ) । नित्येन ब्रह्मानन्देन वा तृप्तः" "ब्रह्मस्वरूप आनन्दसे तृप्त । परमानन्दके लाभसे सदा तृप्त" "नित्यतृप्तो नि-राश्रयः" इति गीता.

नित्यदा, (अव्य०) सातत्य । सदा । हमेशहसे.

नित्यमुक्त, (पु०) नित्यं मुक्तः । सदा छुटाहुआ । तीन कालमें भी बंधनसे रहित । परमात्मा.

नित्ययज्ञ, (पु०) कर्म्म० । फलकी इच्छा न रखके जी-वनमात्रके लिये विधान कियागया यज्ञ । अग्निहोत्र आदि.

नित्यसत्वस्थ, (त्रि०) नित्यं (अचलं) यत् (सत्वं) धैर्य्य (गुणभेदो वा) तत्र तिष्ठति । स्था+क । न हिलने-वाले धीरजरूपी गुणमें रहनेहारा । धैर्य्य करनेहारा । रजस्तमःको दबाकर सदा सत्वगुणका आश्रय लेनेहारा.

नित्यसमास, (पु०) कर्म्म० । एक प्रकारका समास । (आवश्यक समास । जिसका अर्थ समासबिन भिन्न पदों-में कुछभी समझमें नहिं आसक्ता) । जुदा अर्थ एक-हीमें डूबाहुआ । यथा "जमदग्नि" "जयद्रथ" "वा-गर्थाविव". [छुट्टीका दिन । वेद न पढनेकी छुट्टी.

नित्यानध्याय, (पु०) सर्वथा वर्जनीय वेदपाठादि

नित्याभियुक्त, (त्रि०) नित्यं अभि (समत्वात्) युक्तः (योगे व्यापृतः) । सदाही चारों ओरसे योगाभ्यासमें ल-गाहुआ । केवलशरीरके रक्षाके लिये यत्न करनेहारा.

निदर्शन, (न०) नि+दृश्+ल्युट् । उदाहरण । मिसाल । अर्थालङ्कार.

निदाघ, (पु०) नितरां दह्यते अत्र । जिस समय बहुत जलते हैं । नि+दह्+घञ् । उष्ण । गरम । घर्म । पसी-ना । गर्मीका मौसम (जेठ और हाड़).

निदाघकर, (पु०) निदाघं (घर्मं) करोति । कृ+अच् । जो गर्मी कर्त्ता है । सूर्य्य । सूरज.

निदान, (न०) नितरां दीयते । दा+ल्युट् । आदिकारण । खास सबब । सबब । शुद्धि (सफ़ाई) । तपका फल मांगना । वछड़ेकी रस्सी । अवसान । आखिर । रोगका निर्णय करनेहारा एक ग्रन्थ । और रोगका कारण.

निदिग्ध, (त्रि०) नि+दिह्+क्त । उपचित । बढ़ाहुआ । लेपआदिसे बढ़ाहुआ । खुशबोदार कियागया ।

निदिध्यासन, (न०) गुरुके मुखसे सुनेहुए अर्थका निरन्तर (लगातार) विचार करना । एक प्रकारका ध्यान । सोचेहुए अर्थमें डूबजाना.

निदेश, (पु०) नि+दिश+घञ् । शासन । आज्ञा । हुक्म । कहना । निकट (पास) । भाजन (वर्त्तन).

निद्रा, (स्त्री०) नि+द्रा+अङ् । शयन । सोना । नींद । जीवकी वह अवस्था कि जिस्में कर्म्मेन्द्रिय विषयोंसे हटजाती है. [कुल । लग्नसे ८ वां स्थान.

निधन, (पु०) (न०) । नि+धा+क्यु । मरना । नाश ।

निधान, (न०) नि+धा+ल्युट् । शङ्ख पद्म आदि निधि (खजाना) । आश्रय (आसरा) । कार्य्यका अन्त.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

निधि, (पु०) नि+धा+कि । शंख पद्म आदि खजाना । फिर लेनेके लिये किसी स्थानमें अर्पण करना । वह द्रव्य कि जिसका कोई मालिक नहिं । आसरा जैसे "गुणनिधिः" "वारिधिः" ["निधिपति".

निधीश, (पु०) ६ त० । खज़ानेका मालिक । कुबेर ।

निधुवन, (न०) नितरां धुवनं (हस्तादिकम्पनं) यत्र । जिसमें हाथ आदि अंग बहुत कांपते हैं । सुरत । क्रीडा । स्त्री और पुरुषकी खेल । कामविलास । भोग.

निन (ना) द, (पु०) नि+नद्+अप-घञ् वा । ध्वनि । शब्द । आवाज । रथका शब्द । गाड़ीकी आवाज.

निन्दा, (स्त्री०) निन्द+अ । अपवाद । गर्हा । कुत्सा । निन्दना । वदनामी । ऐब । दूषण । दोष.

निपत्या, (स्त्री०) निपतति अत्र । आधारे क्यप् । युद्धभूमि । लड़ाईकी जगह.

निपात, (पु०) निकृष्टः पातः । अन्तिमपतन । आखिरी गिरना । मरना । व्याकरणमें "च" आदि "प्र" आदि.

निपान, (न०) नियतं पीयते अत्र । जहां नियमसे पीते हैं । खूएके पासका जलाशय (तालाव) । चुबच्चा । गौ चोनेका पात्र (वर्त्तन).

निपीडित, (त्रि०) नितरां पीडितः । नि+पीड+क्त । बहुतही पीड़ा पहुंचाया गया । कृतनिष्पीड़न । निचोड़ागया. [काममें दक्ष (होशिआर).

निपुण, (त्रि०) नि+पुण्+कर्म्मणि क । प्रवीण । चतुर ।

निबन्ध, (पु०) नि+बन्ध्+घञ् । अमुक समयपर मैं देऊंगा इस प्रकार प्रतिज्ञा करना । शरा । ग्रन्थकी रचना । मूत्र रुकनेकी बीमारी (रोग) । बंधन । "निबध्नाति कोष्ठं अच्" नीमका वृक्ष । (इसके सेवनसे कोठा (पेटका) रुकजाता है.)

निबंधन, (न०) निबध्यते अनेन अत्र वा ल्युट् । जिस्से वा जहां फस जाता है । हेतु (सबब) । बांधना । वीन बाजेका ऊपरला भाग (हिस्सा).

पीडा, (स्त्री०) पीड्+अ। व्यथा। दुःख। दरद। तकलीफ। तरस.

पीड़ित, (त्रि०) पीड+क्त। मर्दित। मलाहुआ। निचोड़ाहुआ। यन्त्रित। तक्लीफ पहुंचायाहुआ। दुःखित। दुःख दियागया.

पीत, (न०) पा+क्त। पान। पीना। और हरिताल। हरिद्रावर्ण। हल्दीका रंग (पु०)। "कर्म्मणि क्त" (पीनेका काम) पीले रंगवाला (त्रि०).

पीतक, (न०) पीत+स्वार्थे कन्। कुङ्कुम। केसर। और हरिताल। पीतल.   [पीला है। श्रीकृष्ण.

पीतवासस्, (पु०) पीतं वासो यस्य। जिसका कपड़ा

पीन, (त्रि०) प्याय्+क्त सम्प्रसारण। स्थूल। मोटा। वृद्ध। बूढा वा बढ़ाहुआ। सम्पन्न। भरपूर। धन आदिसे पूर्ण.

पीनोध्नी, (स्त्री०) पीनं ऊधः अस्याः। ङीप्। अन्तमें "अनङ्" का आदेश। पीवरोधस्का गौ। बहुत मोटे थनों-वाली गौ.

पीनस, (पु०) पीनं (पीनतां) स्यति। सो+क। जो मोटाईको नाश कर्त्ता है। नासिकाका रोग। जुकाम। खांसी.   [अपीयीत्.

पीय्,-प्रीणन-प्रसन्न होना। पर० सक० सेट्। पीयति।

पीयूष, (न०) पीय+ऊषन्। देवताओंके पीनेकी एक चीज़। अमृत। दूध.   [अपीलीत्.

पील्,-रोध-रोकना। भ्वा० पर० सक० सेट्। पीलति।

पीलु, (पु०) पील्+उ। परमाणु। "पीलुपाक" "पिठरपाक" (वैशेषिकोंका भेद)। हाथी। हड्डिओंका टुकड़ा। और फूल.   [अपीवीत्.

पीव्,-स्थौल्य-मोटा होना। भ्वा० पर० अक० सेट्। पीवति-

पीवन्, (त्रि०) प्यै+क्वनिप्। स्थूल। मोटा। और बलवाला। ज़ोरवाला। वायु (पु०).

पीवर, (त्रि०) प्यै+ष्वरच्। स्थूल। मोटा "ङीष्" अश्वगंधा। "टाप्" शतावरी। "ङीप्" तरुणी गौ। जवान गौ। शतमूली। शतपर्णी.

पुलिङ्ग, (न०) ६ त०। पुरुषका चिह्न। एक प्रकारका अंग। जिसका पुरुषकी नाईं लिङ्ग हो। व०। व्याकरणमें कहाहुआ संस्कारविशेषवाला एक प्रकारका शब्द (पु०).

पुंश्चली, (स्त्री०) पुंसः (भर्तुः) सकाशात् चलति (पुरुषान्तरं) गच्छति। अच् ङीष्। जो अपने भर्त्ताको छोड़ दूसरे पुरुषके पास जाती है। असती स्त्री (व्यभिचारिणी स्त्री)। बदमाश औरत.   [अपुपुंसत्-त.

पुंस्, -मर्द्द-मलना। चु० उभ० सक० सेट्। पुंसयति-ते।

पुंसवन, (न०) पुमान् सूयते अनेन सू+ल्युट्। जिससे पुरुष उपजता है। एक प्रकारका गर्भका संस्कार। और दूध.

पुंस्त्व, (पु०) पुंसः भावः (चिह्नं वा)। पुरुषपन वा पुरुषका निशान। एक प्रकारका अंग। उसका कार्य्य शुक्र (वीर्य्य)। पुल्लिङ्गपना.

पुक्कस (श), (पु०) पुक् (कुत्सितं) कसति। कस्-गति जाना। अच्। पृ० वा श। जो बुरी चीज़से मेल रखता है। चाण्डाल। अधम (नीच) (त्रि०).

पुङ्ख, (पु०) पुमांसं खनति। खन्+ड। जो पुरुषको खोदता है। बाणमूल। तीरका सिरा। चिल्लेपर जोड़ागया तीरका हिस्सह। पुष्कल। पूरा। काफ़ी.

पुङ्गव, (पु०) पुमान् गौः। कर्म्म० षच्-समा। वृष (बैल) "उत्तरपदमें आनेसे श्रेष्ठ (अच्छे) का वाचक है। "जैसे" नरपुङ्गवः" "नरः पुङ्गव इव" यह उपमितसमासका वाक्य "मनुष्योंमें अच्छा" इस अर्थमें है.

पुच्छ्,-प्रमाण (मापना)। भ्वा० पर० अक० सेट्। पुच्छति। अपुच्छीत्.   [और पूंछ.

पुच्छ, (न०) पुच्छ+अच् (पश्चाद्भाग। पीछेका हिस्सह।

पुञ्ज, (पु०) (उन्नत्या) पुमांसं जयति। जि+ड। उंचाईसे पुरुषको जीत लेता है। राशि। चय। समूह। ढेर.   [उभ० सेट्। पोटयति-ते। अपूपुटत्-त.

पुट्,-दीप्ति-चमकना। अक० चूर्णन-पीसना-सक० चुरा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पुट्,-श्लेष-जुड़ना-मिलना । पुटति । अपुटीत् । पुपोट.

पुट, (न०) पुट्+क । जातिफल (जायफल) । दवाई पकानेके लिये मट्टी आदिके रचेहुए दो पात्र (पियाले) जिनको नीचे ऊपर धर वीचमें दवाई रख अग्नि लगाई जाती है । आच्छादन (ढकना) । (पु०) । पत्तों आदिका बनाहुआ दूध आदि पीनेका पात्र । दोना (डोना) (त्रि०).

पुटभेद, (पु०) पुटं (संश्लेषं) भिनत्ति । अण् । जो मेलको फाड़डालताहै । नदी आदिका पहियेके स्वरूपमें जलावर्त (घुंबरघेर) । नगर । वाजा.

पुटिका, (स्त्री०) पुट्+क । स्वार्थे कन् । एला । इलाइची.

पुटित, (त्रि०) पुट्+क्त । ग्रथित (गुथाहुआ) । पाटित । फाड़ाहुआ । (तन्त्रमें कहाहुआ) आदि अन्तमें " प्रणव " ओंकार आदियुक्त मन्त्र.

पुट्ट,-अनादर-बेइज़्ज़त करना । चु० उभ० सक० सेट् । पुट्टयति-ते. [पुण्डति । अपुण्डीत्.

पुड्, -मर्द्दन -मलना-पीसना । भ्वा०पर० सक० सेट् । इदित् ।

पुण्,-धर्म्मकृत्यकरण-धर्म्मका काम करना । तु० पर० सक० सेट् । पुणति । अपोणीत्.

पुण्डरीक, (पु०) पुडि+ईक-नि । अग्निकोणका दिग्गज़ । और व्याघ्र (भेड़िया) । सितपद्म । चिट्टा कमलका फूल । चिट्टा पत्ता । भेषज (दवाई) (न०).

पुण्डरीकाक्ष, (पु०) पुण्डरीकं इव अक्षिणी यस्य । षच् समा० । जिसकी आंखें चिट्टे कमलके समान खिलरही हैं । विष्णु । श्रीकृष्णजी.

पुण्ड्र, (पु०) पुडि+रक् । इक्षुभेद । एक प्रकारका गन्ना (पौंड़ा) । माधवी लता । चित्रक । तिलकवृक्ष । एक दैत्यका नाम.

पुण्य, (न०) पुनाति । पु+ड्ण्य । शुभादृष्ट । धर्म्म । अच्छा काम । उसवाला (त्रि०). [कर्म० । राक्षस.

पुण्यजन, (पु०) पुण्यः (विरुद्धलक्षणया) पापी जनः ।

पुण्यजनेश्वर, (पु०) ६ त० । पुण्यजनोंका ईश्वर । कुबेर.

पुण्यभूमि, (स्त्री०) पुण्यस्य (पुण्योत्पादनार्था) भूमिः । अच्छा काम करनेका स्थान । आर्य्यावर्त्तदेश । " विन्ध्य और हिमालयका बीच".

पुण्यश्लोक, (त्रि०) पुण्यः (पुण्यदायकः) श्लोकः (यशः चरित्रं) यस्य । जिसका चरित्र पुण्यके देनेहारा है । नल आदि. [हारा दिन.

पुण्याह, (न०) पुण्यं अहः टच् समा० । पुण्य उपजाने-

पुण्याहवाचन, (न०) पुण्याहस्य (पुण्यजनकदिनस्य) वाचनं (ब्राह्मणद्वारा वादनं) (वद+णिच्+ल्युट्) । वैदिककर्म्मके आरम्भमें उस दिनकी पवित्रताका ब्राह्मणद्वारा उच्चारण.

पुत्तिका, (स्त्री०) पुत् इति शब्दं तनोति । तन्+ड । स्वार्थे कन् । क्षुद्रमक्षिका । छोटी मक्खी । कीड़ा.

पुत्र (त्र), (पु०) पुतः त्रायते । पुत्+त्रै+क । जो पुत् (नरक)से बचाता है । तनय । पुत्र । बेटा " पुत्र " "औरस "आदि १२ प्रकारका पुत्र । ज्योतिषमें लग्न से ५ वां स्थान (घर) (पु०) । " पुत्री " (स्त्री०) कन्या.

पुत्रक, (पु०) पुत्र+कन् । पुत्र (बेटा) । धूर्त्त । शरभ (एक पशु) । कृत्रिम पुत्र (मुतबन्ना बेटा) । एक पर्वत । " पुत्रिका " (स्त्री०).

पुत्रदा, (स्त्री०) पुत्रं ददाति । दा+क । जिसके सेवनसे बांझको गर्भ हो जाता है । वंध्याकर्कटी । बांझककोलबेल । लक्ष्मणकन्द.

पुत्रिकापुत्र, (पु०) पुत्रिकैव पुत्रः । पुत्रिकायाः पुत्रः वा । पुत्रस्वरूपसे स्वीकार कीगई कन्या । वा उस कन्याका पुत्र.

पुत्रेष्टि, (स्त्री०) पुत्रस्य पुत्रार्था वा इष्टिः । यज्-क्तिन् । पुत्रका वा पुत्रके लिये यज्ञ । पुत्रनिमित्तक यागभेद.

पुथ्,-हिंस-मारना । नुकसान पहुंचाना । द्वि० पर० सक० सेट् । पुथ्यति.

पुद्गल, (पु०) गलतीति गल्-अच् । पुत् (कुत्सितं) गलो यस्मात् । २ ब० । अच्छा स्वरूप । मनोहर द्रव्य । परमाणु । शरीर । आत्मा । शिवजी महाराजका एक नाम.

पुनःपुनर्, (अव्य०) मुहुः । अभीक्ष्ण । वारवार.

पुनःपुना, (पु०) पुनःपुनाति । पू+नक् । पृ० । एक नदी.

पुनःसंस्कार, (पु०) पुनर्वारः संस्कारः । दूसरीवार संस्कार (उपनयन-जनेउ-विवाह आदि) होना । (ज्योतिष) जिसका "पुनर्वसु"में उपनयन हो " वा " जिस कन्याका एकवार विवाहेहुए पतिसे विबाह होय फिर संस्कारके योग्य होते हैं. [अधिकार.

पुनर्, (अव्य०) अवधारण (निश्चय) । भेद । फिर ।

पुनरुक्तवदाभास, (पु०) एक अलंकार (जिसमें वार-२ वहीं अर्थ मिले).

पुनर्नव, (पु०) छिन्नः अपि पुनः अपि नवः । काटा-गयाभी जो फिर नया हो । नख । नखून । नौं.

पुनर्नव, (पु०) छिन्नोऽपि पुनर्भवति । भू+अच् । काटा-हुआभी फिर होता है । नख । नौं । नखून.

पुनर्भू, (स्त्री०) पुनर्भवति । फिर होती है (पहले एककी स्त्री बनकर फिर दूसरेकी बनती है) । भू+क्विप् । दुवारा व्याहीहुई । द्विरूढ़ा । फिर पैदाहुआ (त्रि०).

पुनर्वसु, (पु०) पुनर्+वस्+उ । विष्णु । और शिवजी । अश्विनीसे सातवां नक्षत्र (तारा) द्विव०.

पुन्नाग, (पु०) पुमान् नाग इव श्रेष्ठः (प्रधानत्वात्) अ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

इव। श्रेष्ठ पुरुषकी नाईं। बहुत फूलोंवाला वृक्ष। चिट्टा कमल। जायफल। पीले रंगका हाथी। अच्छा आदमी.

पुन्नामनरक, (पु०) पुत् इति नाम यस्य । कर्म०। पराई स्त्रीके गमन आदि सोलह पातकोंसे भोगनेलायक एक नरक। "एतैस्तु पापैः पुरुषः पुन्नामनरके पचेत्" इति पुराणम्. [मनुष्य.

पुमस्, (पु०) पाति । पा+डु । मसुन्। पुरुष। और

पुर, अग्रगति-आगेजाना। तु० पर० सक०सेट्। पुरति.

पुरःसर, (त्रि०) पुरः (अग्रे) सरति। सृ+ट। आगे जानेहारा.

पुर, (न०) पुर- आगेजाना+क। घर । शरीर। पटना नगर। नगर। नागरमोथा। चमड़ा और घरपर घर.

पुर्, (स्त्री०) विपत्ति। पॄ+क्विप्। नगरी.

पुरञ्जन, (पु०) पुरं (देहं) स्वादृष्टेन (स्वसान्निध्येन वा) जनयति। खच्। जो अपने पुण्यपापके निकट रहनेसे शरीर उत्पन्न कर्त्ता है। जीव.

पुरञ्जय, (पु०) काकुत्स्थनामी सूर्य्यवंशका एक राजा.

पुरतस्, (अव्य०) अग्रतः। आगेसे.

पुरन्दर, (पु०) पुरं दारयति। दृ+खच्। इन्द्र। चोर। जो पुरको फाड़ता है)। काली मिरच। "पुरन्दरा" गंगानदी (स्त्री०).

पुरन्ध्रि (न्ध्री),(स्त्री०) पुरं (गेहं) धारयति (पालयति) धृ+खच्। गौरा०ङी०। वाह ह्रस्वः। जो घरको पालती है (पकड़ती है)। बहुत कुटुम्बवाली और पति-पुत्रवाली स्त्री। बहुत परिवारवाली औरत.

पुरश्चरण, (न०) पुरस्+चल्+ल्युट्। देवताकी पूजा करके किसी मन्त्रको सिद्ध करना (मन्त्रका जप, होम, तर्पण, अभिषेक और ब्राह्मणभोजनरूपा पञ्चाङ्गसाधना).

पुरस्, (अव्य०) पूर्वस्मिन् कालादौ। अग्रतः। आगे। पहिले समयमें. [इनाम.

पुरस्कार, (पु०) पुरस्+कृ+घञ्। आगेकरना। पूजन।

पुरस्कृत, (त्रि०) पुरस्+कृ+क्त । पूजागया। और आगे कियागया। अभिशप्त (दबायाहुआ) । अरि-ग्रस्त। शत्रुसे पकड़ागया । स्वीकृत (मंजूर किया-हुआ)। और सिक्त (सींचाहुआ).

पुरस्तात्, (अव्य०) पूर्व+अस्ताति (पुरादेशः)। अग्रतः। आगेसे.

पुरा, (अव्य०) पहिले। बीतेहुए। भावी (आनेहारा)। निकट (पास) और पुरावृत्त (कहानी)। पुर+क+टाप्। पूर्वदिशा.

पुराण, (त्रि०) पुरा भवः। ट्यु नि०। पुरा नीयते। नि+ड वा। पहिलेका। व्यास आदिसे रचाहुआ एक प्रकारका शास्त्र (न०) (जिसमें सर्ग-कारणसृष्टि। प्रतिसर्ग-कार्य्यसृष्टि। वंश, मन्वन्तर और वंशोंके चरित हों).

पुरातन, (त्रि०) पुरा भवं। पुरा+ट्यु+तुट्च। पुराभव। पुराना। पहिलेका.

पुराणपुरुष, (पु०) पुराणैः उपस्तुत्यः पुरुषः। शाक० कर्म० वा। पुराणोंसे स्तुति करनेके योग्य पुरुष। विष्णु। बूढ़ा पुरुष.

पुरावृत्त, (न०) पुरा (पूर्वस्मिन् काले) गतवृत्तं भूतं-लक्षणया तदाश्रितकथादि । पहिले समयकी जो कथा बीतगई। इतिहास । तारीख़। महाभारत आदि ग्रन्थ.

पुरीतत्, (स्त्री०) (न०) पुरीं (देहं) तनोति। तन्+क्विप्। जो शरीरको फैलाती है । देहको आरम्भ करनेवाली नाड़ियें। आंदरां. [जल (पानी).

पुरीष, (न०) पॄ० दीर्घः। ईषन्। विष्ठा। गूंह। (वेदमें)

पुरु, (पु०) पॄ+कु। ययाति राजाका छोटा पुत्र। जिसके कारण कुरुओंकी पौरव संज्ञा हुई। स्वर्ग । एक दैत्य। एक नदी। प्रचुर (बहुत) (त्रि०).

पुरुषकार, (पु०) पुरुषस्य कारः । कृष्+घञ्। पौरुष। पुरुषका यत्न। हिम्मत। मिहनत। उद्योग। पुरुषार्थ। पुरुषका काम.

पुरुषसिंह, (पु०) पुरुषः सिंह इव। उपमि०। पुरुष मानों शेर है । पुरुषोंमें श्रेष्ठ (बहुत अच्छा)। "पुरुषनाग" यही अर्थ.

पुरुषार्थ, (पु०) ६ त० । पुरुषका अर्थ। धर्म्म, अर्थ, काम और मोक्षरूप पुरुषका प्रयोजन (मतलब).

पुरुषोत्तम, (पु०) पुरुषेषु उत्तमः । कर्म्म० वा। पुरुषोंमें उत्तम। विष्णु। और उत्तम पुरुष.

पुरुहूत, (पु०) पुरूणि (प्रचुराणि) हूतानि (नामानि) अस्य। जिसके बहुत नाम हों। इन्द्र। देवतोंका राजा.

पुरूरवस्, (पु०) बुधसे इलामें उत्पन्न कियागया उर्वशीका कान्त (पियारा)। चन्द्रवंशी राजा.

पुरोग, (त्रि०) पुरः (अग्रे) गच्छति। गम्+ड। अग्र-गामी। आगे जानेहारा। और प्रधान। बड़ा। "अच्" पुरोगमः। "णिनि" पुरोगामी.

पुरोडाश (श्य), (पु०) पुरो दास्यते। दाश्य+कर्म्मणि क्विप् घञ् वा। जो आगे दिया जाता है । हवि। घी आदि यज्ञका द्रव्य। चरु.

पुरोधस्, (पु०) पुरः (अग्रे) धीयते। धा+असि। जो आगे किया जाता है। पुरोहित.

पुरोभागिन्, (त्रि०) पुरः (पूर्वं) भजते। भज्+घिनुण्। गुणको छोड़कर केवल दोषको ग्रहण करनेहारा। अग्र-भागी। पहिले हिस्सेवाला (त्रि०).

पुरोहित, (पु०) पुरः (अग्रे) दृष्टादृष्टफलेषु कर्म्मसु धीयते असौ। धा+क्त। लौकिक वा पारलौकिक कामों-में जिसे आगे किया जाता है । राजाओंके परलोकके

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कार्मोंमें आगे कियाहुआ जन । आगे कियाहुआ । यज्ञ आदि कर्म्म करानेहारा. [पूर्वति । अपूर्वीत्.

पुर्व, -पूर्ति-भरना -पूरा करना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

पुल्, -उच्छ्रिति-ऊंचा होना । चु०उभ० पक्षे तु० अक० सेट् । पोलयति -ते । पुलति । अपूपुलत् -त । अपोलित्.

पुल्,-महत्व -बड़ा होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । पोलति-ते । अपोलीत्.

पुल (क), (पु०) पुल+क । स्वार्थे कन् वा । रोमाञ्च । रोंआंकी फूट । अंगूठा । कीड़ा । मणिका चिह्न । शरावका पिआला । हाथीका भोजन । राई । एक प्रकारकी पर्वतकी मट्टी । विपुल (चौड़ा) । पुल (सेतु).

पुलस्ति (स्त्य), (पु०) मुनिका नाम.

पुलह, (पु०) एक मुनिका नाम । धान्य (धान) । क्षिप्र । जल्दी. [जके बिना.

पुलाक, (पु०) पुल्+अक-अण् । संक्षेप । शस्यशून्य । अना-

पुलिन, (न०) पुल+इनन् । तोयोत्थित तट । पानीसे निकला हुआ किनारा । चड़ा । जज़ीरा.

पुलिन्द, (पु०) पुल्+किन्दच् । एक प्रकारका चाण्डाल.

पुलोमजा, (स्त्री०) पुलोमा (असुरभेदः) तस्मात् जायते । जन्+ड । पुलोमा नाम दैत्यसे उत्पन्न हुई । इन्द्राणी । इन्द्रकी स्त्री । शची.

पुष्, -पुष्टि-पालना । अक० पोषण -पालना । सक० दि० पर० अनिट् । पुष्यति । अपुषत्. [कियाहुआ.

पुषित, (त्रि०) पुष्+क्त । पुष्ट । पालाहुआ । परवरिश

पुष्कर, (न०) पुष्+करन् । गजकराग्र । हाथीकी सूंडके आगेका सिरा (नोक) । एक प्रकारका बाजा । मुख । पानी । खड्गफलक (मिआन) । कमल । एक तीर्थ । एक जजीरा (द्वीप) और लड़ाई । एक रोग । एक हाथी । एक राजा । एक पहाड़ (पु०).

पुष्करिणी, (स्त्री०) पुष्कर+समूहार्थ और सन्निकृष्टदेशार्थ । इनि । पालकी । कमलिनी । कमलोंका समूह । कमलोंकी बेल । चौकोना तालाव, जो सौ धनुष्के मापका हो. [सूंडवाला । हाथी.

पुष्करिन्, (पु०) पुष्करं (शुण्डाग्रं) अस्ति अस्य इनि ।

पुष्कल, (त्रि०) पुष्+कलच् । चौसठ मुट्ठीका परिमाण । चार ग्रासभर भीख । श्रेष्ठ । नेक । काफ़ी.

पुष्टि, (स्त्री०) पुष्+क्तिन् । पोषण । पालना । बढ़ना । १६ ह माताओंमेंसे एक. [पुष्पति । अपुष्पीत्.

पुष्प, -विकाश । खिलना । दिवा० पर० अक० सेट् ।

पुष्प, (न०) पुष्प्+अच् । कुसुम । फूल । स्त्रीका रज । खिलना । कुबेरका विमान । एक प्रकारकी आंखकी बीमारी । " स्वार्थे कन्" कुबेरका विमान । नेत्रका रोगविशेष.

पुष्पकरण्डक, (न०) ६ त० । फूलोंकी टोकरी । वांस आदिका बनाहुआ फूलोंके चुन्नेका पात्र (वर्त्तन).

पुष्पचाप, (पु०) पुष्पमयं चापं अस्य । जिसका फूलोंका धनुष् हो । कामदेव.

पुष्पदन्त, (पु०) वायुकोणका दिग्गज (हाथी) । एक विद्याधरका नाम. [एक गन्धर्व (देवता),

पुष्पदन्तक, (पु०) " महिम्न" इत्यादि स्तुति करनेहारा

पुष्पपुर, (न०) पाटलीपुत्र नगर । कुसुमपुर । पटना.

पुष्पमास, (पु०) पुष्पप्रधानो मासः । शाक० । बहु० फूलोंवाला महीना । चैत्र (चेत) । वसन्तका समय बहार. [निर्य्यास

पुष्परस, (पु०) ६ त० । फूलोंका रस । मकरन्द । कुसुम ।

पुष्पलिह्, (पु०) पुष्पं लेढि । लिह्+क्विप् । फूलोंको चाटता है । मधुकर । भौंरा.

पुष्पवती, (स्त्री०) पुष्पं (स्त्रीरजः) अस्ति अस्य । मतुप् । मको व । फूल (रज)वाली स्त्री । ऋतुमती स्त्री । फूलोंवाला (त्रि०) चांद और सूर्य्य । द्विव०.

पुष्पशरासन, (पु०) पुष्पमयं शरासनं (धनुः) यस्य । फूलोंके धनुषवाला । कामदेव. [जो आधा बराबर हो.

पुष्पिताग्रा, (स्त्री०) अर्द्धसम । एक प्रकारका छन्द ।

पुष्य, (पु० स्त्री०) कार्य्यं पुष्यति । पुष्+कर्त्तरि यत् । नि० । जो कार्य्यको पुष्ट करे । अश्विनी आदि २७ नक्षत्रों (तारों)मेंसे आठवां । स्त्रियां० टाप्.

पुस्त्,-बन्ध बांधना । अनादर-और आदर । चु०उभ० सक० सेट् । पुस्तयति-ते । अपुपुस्तत्-त.

पुस्त, (न०) पुस्त्+अच् । मट्टी, लकड़ी, कपड़े, चमड़े, लोहे वा रत्नोंसे बनाहुआ । लिखना आदि शिल्प (कारीगरी)का काम । पलस्तर । स्वार्थे कन् । लिप्याधार । जहां लिखा जाता है । ग्रन्थ.

पुष्कलक, (पु०) पुष्+इन्-पुषिः (पुष्टिः) तस्यै अलति (पर्य्याप्नोति) अल्+अच् । जो पुष्टिके लिये पर्य्याप्त (काफ़ी-बहुत) है । गन्धप्रधान मृगभेद । एक हरिण जिसमेंसे बहुतही गंध निकलती है । " सीम्नि पुष्कलको हतः".

पू, -शोध-साफ़ करना । दिवा० आ० सक० सेट् । पूयते । अपविष्ट. [पवते । अपविष्ट.

पू, -शोध -साफ़ करना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् ।

पू, -शोध -साफ़ करना । क्र्या० उभ० सक० सेट् । पुनाति- पुनीते । अपावीत् । अपविष्ट. [कांटेवाला वृक्ष.

पूग, (पु०) पू+गन् । सुपारीका वृक्ष । समूह । छन्द ।

पूज्, पूजन-इज्जत करना । चु० उभ० सक० सेट् । पूजयति-ते । अपूपुजत् -त.

पूजा, (स्त्री०) पूज+अ । अर्चन । " ल्युट्" पूजनम् । (न०) इबादत. [पूजाके लायक.

पूजार्ह, (त्रि०) पूजां अर्हति । अण् । पूजनयोग्य ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पूज्य, (पु०) पूज्+यत् । श्वसुर । ससुर । सौरा । पूजा-के लायक (त्रि०).　[पूणयति-ते.

पूण,-राशीकरण-इकट्ठाकरना । चु० उभ० सक० सेट् ।

पूत, (न०) पू+क्त । अपनी तवुष । छट्टे (छठे) हुए चावल । व्रत आदिसे शुद्ध (पवित्र) (त्रि०) । सत्य (सच) । शंख । चिट्ठी कुशा (पु०).

पूतक्रतायी, (स्त्री०) पूतक्रतोः (इन्द्रस्य) पत्नी । ङीप् । ऐड्च । इन्द्रकी स्त्री । शची । इन्द्राणी.

पूतक्रतु, (पु०) क्रतुभिः पूतः । " यज्ञोंसे पवित्र " । पूताः पवित्रतासम्पादकाः क्रतवः (यज्ञाः) यस्य वा । जिसके यज्ञ पवित्रताको सम्पादन कर्त्ते हैं । इन्द्र । देवताओंका राजा.

पूतना, (स्त्री०) पूतं करोति । पूत+णिच्+युच् । पवित्र कर्त्ता है । हरीतकी । हरीड़ । एक राक्षसी (जो विषसे लिपटेहुए दूधको पिलाती हुई श्रीकृष्णजीसे मारीगई) । एक रोग.　[बदबू । रोषिषघास (न०).

पूति, (स्त्री०) पू+क्तिन् । पवित्रता । पाकीज़गी । दुर्गन्ध ।

पूतिक, (न०) पूत्या (दुर्गन्धेन) कायति । कै+क । जिसमें बड़ी बदबू चलती है । विष्ठा । गूंह । पूतिकरञ्जनामी वृक्ष । (पु०) । एक साग (स्त्री०).

पूतिगन्ध, (पु०) पूतिः (दुष्टः गंधः) यस्य । जिसकी बुरी गंध हो । गंधक । और इङ्गुदीका वृक्ष । दुर्गन्ध (बदबू).　[पूड़ा.

पूप, (पु०) पू+पक् । पिष्टक । वड़ा । पीठीका बनाहुआ

पूपाष्टका, (स्त्री०) अष्ट परिमाणं यस्याः कन् । अष्टका (अष्टमी) उपचारात् तत्कर्त्तव्यं श्राद्धं । पूपद्रव्यसाधनाष्टका । कर्म० । अगहनवदि अष्टमीके दिन विधान कियाहुआ श्राद्ध । पीठीके वड़ोंसे सिद्ध होनेहारी अष्टमी । वड़ों (पूप)की अष्टमी.

पूय,-दुर्गन्ध-बदबू चलना । अक० । भेदन-फाड़ना । सक० दिवा० आत्म० सेट् । पूय्यते । अपूयिष्ट.

पूय, (न०) पूय्+अच् । व्रण (घाव-वा फोड़ा) आदिसे निकलाहुआ लोहूका विकार । पूंज । पीप.

पूर,-पूर्ति-भरना-खुश होना-प्रीणन । दिवा० आत्म०सक० सेट् । पूर्य्यते । अपूरि.　[घावकी सफ़ाई.

पूर, (पु०) पूर+क । जलका समूह । एक प्रकारका खाना ।

पूरक, (पु०) पूर+ण्वुल् । बीजपूर । एक प्रकारका नींबू । अंकशास्त्रमें प्रसिद्ध (गुणक) गुणानेहारा । एक प्रकारका प्राणायाम । एक नासिकासे प्राणोंका ऊपर खेंचना । पूरा करनेहारा (त्रि०) प्रेतके शरीरको वनानेहारे दस पिण्ड (न०).

पुरुष, (पु०) पुर+उषन् । पुरुष । नर । आदमी.

पूर्ण, (त्रि०) पूर+क्त । नि० । पूरित । भराहुआ । सकल । सारा । ज्योतिष्में दोनों पक्षोंकी पंचमी, दशमी और पूर्णिमा तिथियें । (स्त्री०).

पूर्णपात्र, (न०) कर्म० । भराहुआ पात्र (वर्त्तन) । हर्षका समय । पुत्रकी उत्पत्ति आदि हर्षके समय खेंचकर वस्त्र आदिका लेना । होमके अन्तमें ब्रह्माकी दक्षिणाके स्वरूपमें चार पुष्कल अर्थात् २५६ मुट्ठी चावलोंसे भराहुआ एक पात्र.

पूर्णमास, (पु०) पूर्णमास्यां विहितः । अण् । पूर्णिमाके दिन करनेयोग्य एक प्रकारका यज्ञ । " दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत " श्रुतिः.

पूर्णिमा, (स्त्री०) पू+क्तिन् । नि० । पूर्णि (पूरणं) चन्द्रकलापूरणं मिमीते मा+क । चन्द्रमाकी पन्द्रहवीं कलाको भरनेहारी तिथि । पूर्णमासी.

पूर्त्त, (न०) पुर्+क्त । नि० । खातादिकर्म्म । तालाव, खूआ आदिका काम । विश्वजन (सब लोग)के उद्देशसे जलाशय (तालाव) आदि बनवाकर दान करना । " भावे क्त " पूरण भरना (न०) काल (समय) । छन्न (ढकाहुआ) । पूरित (भराहुआ) (त्रि०).

पूर्ब (र्वे),–निवास-वसना । अक० । निमन्त्रण-बुलाना । सक० चुरा० उभ० सेट् । पक्षे । भ्वा० । पर० । पूर्ब(र्वे)यति । पूर्ब (र्वे)ति.

पूर्ब् (र्व्), (त्रि०) । पूर्ब् (र्व्) +अच् । प्रथम । पहिला । समस्त । सारा । ज्येष्ठ भ्राता । बड़ा भाई । (यह शब्द सर्वनाम है).

पूर्ब (र्वे) ज, (पु०) पूर्बे (र्वे) जायते । जन्+ड । ज्येष्ठ भ्राता । बड़ा भाई । जो पहिले उपजता है । बड़ी भगिनी (वहिन) (स्त्री०).

पूर्ब, (र्वे) देव, (पु०) पूर्बे (र्वे) देवः (पश्चात् पापाचरणात् भ्रष्टः) । पहिला देवता (पीछे पाप करनेसे गिरगया । असुर । दैत्य । अथवा पूर्ब (र्वः) श्रेष्ठो देवः । अच्छा देवता.　[प्राच्यां अवस्थित जनपद.

पूर्ब (र्व) देश, (पु०) कर्म० । पूर्बका देश । पूर्वी देश ।

पूर्ब (र्व) पक्ष, (पु०) कर्म० । पहिला पक्ष । अठारह प्रकारका विवाद (झगड़ा)रूप व्यवहार । प्रतिज्ञारूप पहिला अवयव (भाग) । पहिली तरफ़ । (मीमांसामें) सिद्धान्तसे विरुद्ध ओरको प्रतिपादन करनेहारा वाक्य.

पूर्ब (र्व)पद, (न०) कर्म० । समास वा वाक्यका पहिला भाग । पहिला पद । जिसके अन्तमें सुप् वा तिङ् हो.

पूर्ब, (र्व) पर्वत, (पु०) कर्म० । पूर्बका पहाड़ । उदयाचल । जहां सूर्य्यका पहिले दर्शन होता है वहांका पर्वत । " पूर्वशैल " यही अर्थ.　[(तारा).

पूर्ब (र्व) फ़ (फा) ल्गुनी, (स्त्री०)अश्विनीसे ग्यारवां नक्षत्र

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पूर्व (र्व) भाद्रपद, (पु० स्त्री०) अश्विनीसे पच्चीसवां नक्षत्र (तारा). [संगीत आदि.

पूर्वरङ्ग, (पु०) नाटकमें नटद्वारा पहिले करनेयोग्य

पूर्व (र्व) राग, (पु०) रञ्ज्+घञ् । नका लोप कर्म० । स्त्री और पुरुषके आपसमें मेलसे पहिली दशा । पहिला प्रेम (मुहब्बत).

पूर्व (र्व) रूप, (न०) कर्म० । (वैद्यकर्म) आनेवाले रोगका निदान (आदि कारण) स्वरूप चिह्न (निशान). विशेष । पहिला रूप.

पूर्व (र्व) वादिन्, (पु०) व्यवहारे पूर्वं (र्वं) प्रथमं वदति । वद्+णिनि । पहिले अभियोग (सवाल-वा नालिश) करनेहारा । पहिले बोलनेहारा. [(तारा).

पूर्वा (र्वा) षाढा, (स्त्री०) अश्विनीसे वीसवां नक्षत्र

पूर्वा, (र्वा) ह्ण (पु०) पूर्वं (र्वं) अह्नः । एकदेशि स० टच् समा० । अह्नादेशः । णत्वं । तीन प्रकारसे विभाग कियेगये दिनका पहिला हिस्सा । पहिला दिन । आधा दिन । " अश्वत्थं वन्दयेन्नित्यं) पूर्वा (र्वा) ह्णे प्रहरद्वये " पुराणम्.

पूर्वे (र्वे) द्युस्, (अव्य०) पूर्व (र्व)+एद्युस् । प्रथम दिवस । पहिला दिन. [अक० सेट् । पूलयति-ते पूलति.

पूल, -(संहति) इकट्ठा करना । चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर०

पूष, -वृद्धि-बढ़ना । अक० भ्वा० पर० सेट् । पूषति । अपूषीत्.

पूषन्, (पु०) पूष्+कनिन् । जो पुष्ट कर्त्ता है । सूर्य्य.

पृ,-व्यापार-कामकरना । तु० आत्म० अक० अनिट् । (प्रायः यह धातु व्याङ्पूर्व अर्थात् वि और आ उपसर्ग इसके पहिले रहताहै) । व्याप्रियते । व्यापृतः.

पृ, -(प्रीति) प्रसन्न होना । स्वा० पर० सक० अनिट् । पृणोति । अपार्षीत्. [पिपृतः-पिपूर्त्तः.

पृ,-पालना । जुहो० पर० सक० अनिट् वा दीर्घः । पिपर्त्ति ।

पृच्, -सम्पर्क -जोड़ना । मिलना । छूना । अदा० आत्म० अक० सेट् । पृक्ते । अपर्चिष्ट । " क्त " । पृक्णः.

पृच्, -सम्पर्क । मिलना-जुड़ना । इकट्ठा होना । रु० प० अ० सेट् । पृणक्ति । अपर्चीत्. [वाल । पूछना । पूछ.

पृच्छा, (स्त्री०) पृच्छ+अङ् । सम्प्रसारणम् । प्रश्न । स-

पृतना, (स्त्री०) पृ+तनन् । सेना (फौज) संख्याविशेषवाली सेना) । (रथ २४३, हाथी २४३, घोड़े ७२९, पदाति -पैदल १२१५.

पृथ, -प्रक्षेप (फेंकना) -फैलाना । चु० उभ० सक० सेट् पार्थयति-ते. [विना । सिवा.

पृथक्, (अव्य०) भिन्न । जुदा । नानारूप । कईरूपवाला ।

पृथक्त्व, (न०) पृथक् भावः । त्व । पृथक्त्व बुद्धिसम्पादक गुणविशेष । जुदा होना । जुदाई । अलग होना.

पृथगात्मता, (स्त्री०) पृथक् आत्मा (स्वरूपं) यस्य । तस्य भावः । तल् । स्वरूपका भिन्न होना । स्वरूप... जुदाई । भेदविशेष । फरक.

पृथक्जन, (पु०) पृथक् (भिन्नः) जनः यस्मात् । ... जन की गिनतीमें नहिं । नीच । मूर्ख । पामर.

पृथग्विध, (त्रि०) पृथक् (भिन्ना भिन्नाः) विधा यस्य । जिसके भिन्न २ प्रकार हों । नानारूप । कई रूप (शक्ल) वाला.

पृथा, (स्त्री०) कुन्तिभोजकी कन्या । कुन्ती.

पृथि (थ) वी, (स्त्री०) प्रथते (विस्तारं एति) । प्रथ् षिवन् (षवन्) वा नि० । जो फैल जाती है । धरा । क्षिति । ज़मीन.

पृथिवीपति, (पु०) ६ त० । पृथिवीका मालिक । पृ... पति । भूपति । पृथिवीपाल । राजा । वादशाह.

पृथु, (पु०) पृथ्+कु । सूर्य्यवंशमें वेनराजाकी दक्षिण (दहिनी) भुजाके मन्थन (विलोडना) से उपजा एक राजा । मोटा.

पृथुक, (न०) (पृथुवत् कायति) । कै+क । चिपिटक । चिड़वा । वालक (पु०) " पृथुकार्तस्वरपात्रं " इति.

पृथुल, (त्रि०) पृथु+स्वार्थे लच् । स्थूल । मोटा.

पृथूदर, (पु०) पृथु उदरं यस्य । जिसका बड़ा पेट हो । मेष (मेढ़ा) । बड़े पेटवाला (त्रि०).

पृथ्वी, (स्त्री०) पृथुत्वगुणयुक्ता । स्त्रियां ङीप् । भूमि । ज़मीन । बड़ी इलाइची । काला जीरा.

पृदाकु, (पु०) पर्द्-गति+काकु-सम्प्रसारण । सर्प । सांप । वृश्चिक । बिच्छू । व्याघ्र (भेड़िया) । गज (हाथी) । चित्रक वृक्ष.

पृश्नि, (त्रि०) स्पृश्+नि । प्रच्छ+निवा पृ० । खर्व । वौना । छोटा । पतला । दुर्बल । कमजोर । और स्वल्प (थोड़ा) । देवकी (कृष्णजीकी माता) (स्त्री०).

पृश्निगर्भ, (पु०) ६ त० । पृश्निका गर्भ । देवकीसूनु । देवकीका बेटा । श्रीकृष्ण.

पृषु, -सेक-सींचना । भ्वा० आ० सक० सेट् । पर्षते । अपर्षिष्ट. [सींचनेहारा.

पृषत्, (न०) पृष्+अति । बिन्दु । (दाग) वूंद (त्रि०)

पृषत, (पु०) पृष्+अतच् । चिट्टी बिन्दुवाला एक प्रकारका हरिण । श्वेतबिन्दुयुक्त मृग । और बूंद.

पृषत्क, (पु०) पृषत्+ (संज्ञायां) कन् । बाण । तीर.

पृषदश्व, (पु०) पृषतो बिन्दोः अश्व इव (वाहकत्वात्) वूंदका मानों घोडा है (उठानेसे) वायु । हवा.

पृषदाज्य, (न०) पृषद्-युक्तं (दधिबिन्दुयुक्तं) दधिसेकयुक्तं वा आज्यं । शाक० । दहीकी बूंदोंवाला वा दहीसे सींचाहुआ घृत (घी) । दहीसे मिलाहुई घी.

पृषन्ति, (पु०) पृष्+झिच् । विन्दु । बूंद.

पृषोदर, (त्रि०) पृषत् उदरे यस्य । पृषो० नि० । जि...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

...के पेटपर बिन्दिआं हों। बिन्दुगर्भित । बिन्दुवाला। [स्तोत्रविशेष.
...ञ्चोंवाला.

पृष्ठ, (न०) पृष्+थक् । शरीरके पीछेका भाग । पीठ ।
पृष्ठतस्, (अव्य०) पृष्ठ+तसिल् । पश्चात् भाग । पीछेसे । पीछे २.

पृष्ठदृष्टि, (पु०) पृष्ठे (पश्चात्) दृष्टिः अस्य । जिसकी नज़र पीछेको हो । भल्लूक । भालू । रीछ.

पृष्ठवंश, (पु०) ६ त० । पीठका बांस । पीठकी (डण्डे॰ की शकलमें) हड्डी.

पृष्ठ्य, (न०) पृष्ठानां (स्तोत्राणां) समूहः । यत् । स्तो- त्रोंका समूह । एक यज्ञ । पृष्ठेन वहति । यत् । पीठपर उठाता है । घोड़ा बैल आदि (त्रि०). [अपारीत्.

पृ,-पालना-पूरा करना । क्र्या० पर० सक० सेट् । पृणाति ।

पेचक, (पु०) पच्+वुन्-इत्त्व् । उल्लूक । उल्लू । हाथीकी पूंछका सिरा । पर्य्यङ्क । चारपाई । जूं (यूका) । और मेघ । बादल.

पेटक, (पु० न०) पिट्+ण्वुल् । पुस्तक आदि पदार्थोंके टिकानेके लिये वेत्र (बैंत) आदिका बनाहुआ पदार्थ । और समूह । पटार । टोकरी । संदूक । थैला । ढेर. [सेट् । पेलति । अपेलीत्.

पेल्,-कम्प-कांपना । अक० जाना । सक० भ्वा० पर०

पेल, (न०) पेल्+अच् । पुरुषका चिह्न (निशान) । एक अंग । अण्डकोष । पताल.

पेलव, (त्रि०) पेल्+घञ् । पेलं वाति । वा+क । कोमल । कृश । विरल । नाज़क । नरम । ऊंदा । सुंदर.

पेश (स) ल, (त्रि०) पिश् (स्)+अलच् । सुंदर । दक्ष । चतुर । और कोमल । नरम । नाज़क.

पेशि (शी), (स्त्री०) पिश्+इन् वा । ङीप् । अण्डा । मांस- पिण्ड । मांसका गोला । तलवारकी मिआन । एक नदी । पिशाची । एक राक्षसी । इन्द्रका वज्र (पु०) । जूता. [पेषते । अपेषिष्ट.

पेष्,-सेवाकरना । निश्चयकरना । भ्वा० आ० सक० सेट् ।

पेषण, (न०) पिष्+ल्युट् । चूर्णन । पीसना । " ल्युट् " खल (नीच). [शिला । पीसनेकी सिल.

पेषणि, (स्त्री०) पिष्यते अनया । अनि वा ङीप् । पेषण-

पेस्,-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । पेसति । अपेसीत्.

पैठीनसि (सी), (पु०) मुनिभेद । एक मुनिका नाम.

पैतृक, (न०) पितृतः आगतम् । ठण् । पितासे प्राप्त हुआ । दाय (जायदाद) वा विरसा.

पैतृष्वसेय (स्रीय), (पु० स्त्री०) । पितुः स्वसुः अपत्यं । ठक्-छण् वा । पिताकी बहिन (भूआ)का बेटा.

पैत्र, (न०) पितुः इदं । पिता देवता अस्य वा अण् । पिताका वा पिता जिसका देवता है । तर्जनी और अंगूठेके बीचका स्थान । पितृतीर्थ । पितरोंका । पितृ- सम्बन्धिनि । पिताका (त्रि०).

पैशाच, (पु०) पिशाचेन निर्वृत्तः । अण् । एकप्रकारका विवाह । जिसमें वर सोती, वा मतवारी आदि दशामें कन्याके न चाहनेपर भी पकड़लेता है (यह आठ प्रकारके विवाहोंमें बहुतही निन्दित है) । एकप्रकारका दैत्य.

पैष्टी, (स्त्री०) पिष्टस्य विकारः । अण् । ङीप् । आटेसे निकाली हुई शराब.

पोगण्ड, (त्रि०) पवते-पुनाति वा पू-विच् । पौर्गण्डः एकदेशो यस्य । विकलाङ्ग । न्यूनाधिकाङ्ग । बिगड़े हुए अंगवाला । जिसके अंग छोटे बड़े हों । पांचवे वर्षसे दस वर्षके नीचेकी अवस्थावाला बालक (पु०) " पौगण्ड " यही अर्थ.

पोटा, (स्त्री०) चु० पुट्+अच् । पुरुषलक्षणान्विता स्त्री । वह स्त्री कि जिसके लक्षण पुरुषके हों । दाहड़ीमूछवाली स्त्री.

पोत, (पु०) पू+तन् । बालक । नौकारूप यान । जहाज (नाव)की सवारी । समुद्रकी सवारी । घरका स्थान । कपड़ा । और दसबरिसका हाथी (पु०) ङीप्.

पोतवणिज्, (पु०) पोते वणिक् । जहाजमें व्यापारी । नावसे व्यापार करनेहारा. [नाव चलानेहारा मल्लाह.

पोतवाह, (पु०) पोतं (नावं) वहति । वह्+अण् ।

पोष्यवर्ग, (पु०) पोष्याणां (पाल्यानां) वर्गः (समु- दायः) । वे लोग कि जिनका पालन करना उचित है । अवश्य पालनेलायक समूह (माता, पिता, गुरु, स्त्री, सन्तान, अतिथि आदि).

पौण्ड्र, (पु०) एक देश । उसके वासी-ब० व० । +स्वार्थे कन् इक्षुभेद । एकप्रकारका गन्ना । ईष । पोन्ना.

पौत्र, (पु०) पुत्रस्य अपत्यं । अण् । पुत्रकी सन्तान । पोता । " ङीप् " पौत्री । पोती.

पौनः-पुन्य, (न०) पुनः पुनः इत्यस्य भावः । ष्यञ् । शश्वद्भव (वार २ होना) । सदा होना.

पौनर्भव, (पु०) पुनर्भुवि (द्विरूढायां) भवः । अण् । दूसरी वार विवाहीगई स्त्रीमें हुआ । बारहप्रकारके पुत्रोंमेंसे एक । अण् । पुनर्भूसम्बन्धिनि (पुनर्भूका) (त्रि०) । वार २ होनेवाला (पु०).

पौर, (न०) पुरे (नगरे) भवः अण् । नगरमें हुआ । और रामकपूर । पुरभवमात्र । नगरवासी । नागरी । शहरिया (त्रि०). [वंशके राजाका बेटा.

पौरव, (पु०) पुरोः गोत्रापत्यं । अण् । पुरुनामी चन्द्र-

पौरस्त्य, (त्रि०) पुरोभवः । त्यक् । पूर्वदिग्भव । पूर्वदि- शामें हुआ । पूर्वदिशाका । और अग्रभव । आगे हुआ । आगेका.

पौराणिक, (पु०) पुराणं वेत्ति (अधीते वा) ठण् ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

पुराणको जानता वा पढ़ता है । पुराणज्ञ । पुराणके जान्नेहारा.

पौरुष, (न०) पुरुषस्य भावः, कर्म्म वा अण् । पुरुषका होना वा काम । हिम्मत । विक्रम । बहादुरी । और उद्यम । " पुरुषस्येदं अण् " ऊपर फैलेहुए भुजा और हाथोंवाले मनुष्यका परिमाण (माप).

पौरोगव, (पु०) पुरः (अग्रे) पाच्यवस्तुषु गौर्नेत्रं यस्य-पुरोगुः । ततः स्वार्थे अण् । पकानेवाले पदार्थोंमें जिसकी आँख है । पाकशालाका अध्यक्ष (रसोइया).

पौर्णमास, (पु०) पौर्णमास्यां विहितं अण् । पूर्णमासीके दिन कियागया एकप्रकारका यज्ञ । " पौर्णमास्यां यजेत " इति श्रुतिः.

पौलस्त्य, (पु० स्त्री०) पुलस्त्यस्य अपत्यं । यञ् । पुलस्त्यकी सन्तान । कुबेर । रावण आदि । शूर्पणखा (सूपनखा) (स्त्री०) [की कन्या । इन्द्रकी स्त्री । इन्द्राणी.

पौलोमी, (स्त्री०) पुलोम्नः अपत्यं । स्त्री० अण् । पुलोम-

पौष, (पु०) पुष्यनक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी अस्मिन् मासे अण् । जिस महीनेमें " पुष्य " नक्षत्रवाली पूर्णिमा हो । पूस । पोह । " पौषी " (स्त्री०) । पौष महीनेकी पूर्णिमा (पूनों). [अप्यास्त.

प्यै, -वृद्धि-बढ़ना । भ्वा० आ० अक० अनिट् । प्यायते ।

प्र, (अव्य०) आरम्भ । गति । पहिलापन । सर्वतोभव (चारो ओरसे होना) उत्पत्ति । प्रसिद्धि । और व्यवहार. [प्रकाश.

प्रकट, (त्रि०) प्र+कट्+अच् । स्पष्ट । साफ़ । जाहिर ।

प्रकम्पन, (पु०) प्र+कपि+णिच्+युच् । वायु । हवा । एक नरक । बहुत कांपनेवाला.

प्रकर, (पु०) प्र+कृ+भावे अप् । समूह । और अधिकार " कर्मणि अप् " प्रकीर्ण (खिंडाहुआ) फूल आदि । (त्रि०).

प्रकरण, (न०) प्र+कृ+ल्युट् । प्रस्ताव । प्रसंग । दृश्य काव्यविशेष । जिसमें कविका आपही कल्पना किया हुआ लौकिकवृत्तान्त होता है । ग्रन्थकी सन्धि । एक अर्थको कहनेहारा ग्रंथका हिस्सा.

प्रकर्ष, (पु०) प्र+कृष्+घञ् । उत्कर्ष । बड़ाई । उत्तमता.

प्रकाण्ड, (पु०) प्रकृष्टः काण्डः । प्रा० । वृक्षके मूल (जड़) से लेकर शाखा (डाली)तकका भाग । प्रशस्त (अच्छा) (न०).

प्रकाम, (त्रि०) प्रगतः कामं । प्रा० स० । यथेष्ट । इच्छापूर्वक । मर्जीमाफ़िक । अत्यर्थ (बहुतही) । चित्तकी प्रसन्नता प्रकट करना (अव्य०). [बराबरी.

प्रकार, (पु०) प्र+कृ+घञ् । भेद (फर्क) । सादृश्य ।

प्रकाश, (पु०) प्र+काश+कर्त्तरि अच्-घञ् वा । आतप । धूप । विकाश । चमक । विकाश (चमक)वाला (त्रि०).

प्रकाशात्मन्, (पु०) प्रकाशः । आतपः-अवभासो आत्मा (स्वरूपं) यस्य । जिसका स्वरूप धूप वा चमक हो । सूर्य्य । और परमेश्वर । प्रकटरूपवाला (त्रि०).

प्रकीर्ण, (न०) प्र+कॄ+भावे क्त । चामर । भिन्न २ जातिओंका मेल । " कर्म्मणि+क्त " विक्षिप्त । फैंकागया । फैलाहुआ । भिन्न जातिओंसे मिलाहुआ । बिखराहुआ (त्रि०).

प्रकृत, (त्रि०) प्र+कृ+क्त । अधिकृत । जिसे किसी काम का अधिकार दियागया हो । आरब्ध । शुरू किया हुआ । अवसरका.

प्रकृति, (स्त्री०) प्रकरोति । प्र+कृ+क्तिच् । बहुत बनाती है । सांख्यमतमें जगत्को आरम्भ कहनेहारा । सत्त्वरजस्तमोरूप तीन गुणोंवाला प्रधान । उपादानकारण (जिसे लेकर कोई चीज बनाते हैं-जैसे घड़ेका मट्टी उपादानकारण है) । स्वभाव । लिङ्ग (निशान) । अङ्गना । मित्र । स्वामी । राज्यका अङ्ग । पुरवासिओंकी श्रेणि (कतार) । किला (दुर्ग) । वल (सेना) । शिल्पी (कारीगरी) । शक्ति (ताकत) । स्त्री । परमात्मा । जीव । इक्कीस अक्षरके पादवाला एक प्रकारका छन्द । माता । व्याकरणमें प्रत्ययकी उत्पत्तिका निमित्त एक प्रकारका शब्द (धातु).

प्रकृष्ट, (त्रि०) प्र+कृष+क्त । उत्कर्षयुक्त । प्रधान । बड़ाईवाला । उम्दह । अच्छा.

प्रकोष्ट, (पु०) प्रगतः कोष्टं । प्रा० स० । कूर्पके नीचे का भाग । मणिबंधका अन्त । हाथका हिस्सा । कोहनीसे हाथके पौंचेतक । सहन । कमरा. [उपक्रम । शुरू.

प्रक्रम, (पु०) प्र+क्रम्+घञ् । क्रम । सिलसिला । अवसर ।

प्रक्रिया, (स्त्री०) प्र+कृ+श । अधिकार । प्रकरण (हिस्सा-विषय) । राजाओंके सामने छाता चौरी आदि झुलाना.

प्रक्क (का) ण, (पु०) प्र+क्कण्+अप् घञ् वा । बीनकी आवाज़ । वीणाका शब्द. [तीर.

प्रक्ष्वेडन, (पु०) प्र+क्ष्वेड+ल्यु । नाराचास्त्र । लोहेका

प्रखर, (त्रि०) प्रकृष्टः खरः । प्रा० स० । अत्यन्तोग्र । बहुत तीखा । हयसज्जा । घोड़ेका साज । कुक्कुट । कुत्ता । अश्वतर (खच्चर) (पु०).

प्रख्या, (स्त्री०) प्र+ख्या+अ । सादृश्य । बराबरी । उत्तरपदमें रहता है । तुल्य अर्थमें " पितृप्रख्यः " ऐसे ही " निभ " आदि होते हैं.

प्रगण्ड, (पु०) प्रकृष्टः गण्डः (अवयवः) । अच्छा गाल (कपोल) । कोहनी (कूर्पर)से ले कक्ष (बगल) तक भुजा । दुर्ग (किले) की दीवार.

प्रगल्भ, (त्रि०) प्र+गल्भ्+अच् । प्रत्युत्पन्नमति । जित-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

की बुद्धि समयपर झट फूर्ती है। प्रतिभावाला । हा-जिर जवाब। एक प्रकारकी नायिका (स्त्री०).
प्रगाढ, (त्रि०) प्रकर्षेण गाढं । गाह्+क्त । बहुत गाढ़ा । अत्यन्त । भृश । दृढ़ । मजबूत.
प्रगुण, (त्रि०) प्रकृष्टो गुणो यस्य । सीधे स्वभाववाला । दक्ष । चतुर. [होनेलायक पद.
प्रगृह्य, (न०) प्र+ग्रह+क्यप् । व्याकरणमें स्वरसन्धि न
प्रगे, (अव्य०) प्रगीयते अत्र । प्र+गै+के । अतिप्रातः-काल । बहुत सवेर ।
प्रघण (न), (न०) प्र+हन्+अप् । वाहिरके दर्वाजेका कमरा । बरांडा । लोहेका मूसल (मोला).
प्रग्रह (ग्राह), (पु०) प्र+ग्रह्+अप्+घञ् । वा । ग्रहण । पकड़ना । घोड़े आदिकी रस्सी । लगाम । किरण । बन्दी । भाट । भुज । बाजू. [दुरन्त । तुन्द । प्रतापी.
प्रचण्ड, (त्रि०) प्रकर्षेण चण्डः । प्रा० । दुर्द्धर्ष । दुर्वह ।
प्रचय, (पु०) प्र+चि+अच् । समूह । बढना । शिथिल (ढीला) नामी संयोग.
प्रचुर, (त्रि०) प्र+चुर+क । बहुल । बहुत.
प्रचेतस्, (पु०) प्र+चित्+असि । वरुण । एकमुनि । अच्छेदिलवाला (त्रि०). [पृच्छति । अप्राक्षीत्.
प्रच्छ, -जिज्ञासा-पूछना । तु० पर० द्विक० अनिट् ।
प्रच्छन्न, (न०) प्र+छद्+क्त । गुप्तद्वार । छिपाहुआ द-र्वाज़ह । अन्तर्द्वार (भीतरका दर्वाजह) । आच्छन्न । ढकाहुआ. [वमिरोग । डाकीकी बीमारी.
प्रच्छर्दिका, (स्त्री०) प्रच्छर्दयति । छर्द+णिच्+ण्वुल् ।
प्रच्छादन, (न०) प्रच्छाद्यते अनेन । छद्+णिच्+ल्युट् । जिस्से ढांपते हैं । उत्तरीय वस्त्र । ऊपरके ओढ़नेका कपड़ा.
प्रजन, (पु०) प्रजायते अनेन । प्र+जन्+अप् । स्त्री ग-व्यादिषु पुंगवस्य संयोजनं । पहिले गर्भके लिये गौआदि-का बैल आदिसे मिलाना । पशुओंके गर्भ ठहरानेका स-मय । उत्पत्ति. [लोग । रइयत.
प्रजा, (स्त्री०) प्र+जन्+ड । सन्तति । जन । औलाद ।
प्रजापति, (पु०) ६ त० । प्रजाका पति । चार मुख-वाला ब्रह्मा । प्रजा रचनेहारा दक्ष आदि । नरोंको पाल-नेहारा । जामाता (जवाई) । सूर्य्य । अग्नि । त्वष्टा । विश्वकर्म्मा.
प्रजावती, (स्त्री०) प्रजा विद्यते अस्याः मतुप्-मको व होता है । जिसकी सन्तान हो ऐसी स्त्री । भाईकी स्त्री (भाईका पुत्र भी अपना होनेसे). [पण्डित (पु०).
प्रज्ञा, (स्त्री०) प्र+ज्ञा+अ । बुद्धि । सरस्वती ।
प्रज्ञान, (न०) प्र+ज्ञा+ल्युट् । बुद्धि । " करणे ल्युट् " चिह्न (निशान) " अच् ".
प्रज्ञु, (त्रि०) प्रगते (विरले) जानुनी यस्य । (" जानु" के स्थानमें " ज्ञु " होता है) विरले घुटने (जानु-ओं)वाला. [(गति).
प्रडीन, (न०) प्र+डी+क्त (तको न) । पक्षिओंकी चाल
प्रणय, (पु०) प्र+नी+अच् । प्रीति । प्रीतिसे प्रार्थना क-रना । उत्पत्ति । स्नेह (पियार) । विश्वास (भरोसा)। निर्वाण । शान्ति. [प्रेम करनेवाला । भर्त्ता । नायक.
प्रणयिन्, (पु०) प्रणयः (प्रेम) अस्ति अस्य । इनि ।
प्रणव, (पु०) प्रकर्षेण नूयते अनेन । प्र+नू+अप् । जि-स्से बहुत स्तुति की जाती है । ओंकार । वेदके आदि-में पढ़ने योग्य शब्द.
प्रणाद, (पु०) प्र+नम्+घञ् । ऊंचाशब्द । कानका रोग.
प्रणाम, (पु०) प्र+नम्+घञ् । प्रणति । झुकना (आठ अंगोंका व्यापारविशेष).
प्रणाय्य, (त्रि०) प्र+नी+ण्यत् । असम्मत । द्वेष्य । प्री-तिशून्य । दुष्मन । प्रीतिरहित । साधु और पियारा (प्रिय).
प्रणिधान, (न०) प्रणिधीयते । प्र+नि+धा+ल्युट् । प्रयत्न । कोशिश । अभिनिवेश । एक बातपर ढुलजाना । योगशास्त्रमें " ध्यान " खयाल बांधना.
प्रणिधि, (पु०) प्रणिधीयते । प्र+नि+धा+कि । चर । दूत (गुप्त-खूफ़िआ) । अनुचर (नौकर-चाकर) । याचन (मांगना) और अवधान । खयाल.
प्रणिपात, (पु०) प्र+नि+पत्+घञ् । झुकना । प्रणाम । " तद्विद्धि प्रणिपातेन " गीता.
प्रणिहित, (त्रि०) प्र+नि+धा+क्त । प्राप्त । पाया । स्थापित । रक्खाहुआ । समाधिमें लगाहुआ.
प्रणीत, (त्रि०) प्र+नी+क्त । वह पदार्थ कि जिसका रूप रस आदि पकनेसे बदल गया हो । क्षिप्र । फेंका-हुआ । रक्खा हुआ । और कियाहुआ । यज्ञ । संस्कार की गई अग्नि (पु०) । यज्ञका पात्रविशेष (स्त्री०).
प्रणेय, (त्रि०) प्र+नी+यत् । वश्य । अधीन । काबूमें आयाहुआ. [वल्ली । लता । वेल.
प्रतति, (स्त्री०) प्र+तन्+क्तिन् । विस्तार । फैलाव ।
प्रतन, (पु०) प्र+ट्युल्-तुट्च । पुरातन पदार्थ । पुरानी चीज.
प्रतल, (न०) प्रकृष्टं तलं । पातालविशेष । " प्रकृष्टं तलं अस्य " फैलीहुई अंगुलिओंवाला हाथ । चपेड़ (पु०).
प्रताप, (पु०) प्र+तप्+घञ् । कोष और दण्डसे उपजा तेज । ताप । गर्मी । आकका वृक्ष.
प्रतारण, (न०) प्र+तृ+णिच्+ल्युट् । वंचन । ठगना " युच् " प्रतारण. [देना । को । ओर । फ़िर.
प्रति, (अव्य०) व्याप्ति । फैलना । लक्षण । भाग । उलटकर
प्रतिकर्म्मन्, (न०) प्रति+कृ+मनिन् । कृत्रिम भूषा । बनावटी सजावट । सजाना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रति (ती) कार, (पु०) प्रति+कृ+घञ् वा दीर्घः । वैर-निर्यातन । बदला निकालना । कियेहुए अपकारका वैसाही अपकार करके शोधन करना । रोग आदिकी चिकित्सा । इलाज । हटाना.

प्रति (ती) काश (स), (त्रि०) । प्रतिरूपं काशते । काश+घञ् वा दीर्घः । तुल्यरूप । सदृश । चमक । एक जैसा.

प्रतिकूल, (त्रि०) प्रतिरूपं कूलं पक्षः अस्य । विरुद्ध-पक्षवाला । अननुकूल । विरुद्ध । बरक्स । विरुद्धपक्ष-को अवलम्बन करनेहारा.

प्रतिकृति, (स्त्री०) प्रति+कृ+क्तिन् । प्रतिमा । सादृश्य । तसबीर । मुआफ़िक । प्रतिनिधि । इवजी । बराबरी.

प्रतिक्षण, (अव्य०) क्षणं क्षणं व्याप्य । व्याप्तौ अव्ययी० । अभीक्ष्ण । वार २.

प्रतिक्षिप्त, (त्रि०) प्रति+क्षिप्+क्त । प्रेषित । भेजाहुआ । अधिक्षिप्त । झिडकागया । बाधित । हटगया । तिरस्कृत । निरादर कियाहुआ.

प्रतिग्रह, (पु०) प्रति+ग्रह+अप् । स्वीकार । कबूल । धर्म्मार्थ दियेगये द्रव्यका लेना । सेनाकी पीठ । दान लेना । सूर्य्य. [रण । मारना.

प्रतिघातन, (न०) प्रति+हन्+स्वार्थे णिच् ल्युट् । मा-

प्रतिच्छन्दस्, (न०) छन्दः अभिप्रायः । प्रतिगतः छन्दः । अभिप्रायानुरूप । आशयके अनुसार । इरादेके मुआफ़िक । प्रतिरूप । तसबीर.

प्रतिच्छाया, (स्त्री०) प्रतिरूपा छाया । प्रा० । प्रतिमा । तसबीर । एकसी छाया । प्रतिरूपता । सादृश्य । एकजैसी शकलका होना.

प्रतिज्ञा, (स्त्री०) प्रति+ज्ञा+अ । कर्त्तव्यतयोपदेश । इकरार । साध्यत्वेन पक्षनिर्देश । साध्य स्वरूपसे पक्षको कहना । " पर्वत वह्निवाला है " (यहां वह्निमत्वसे पर्वत-का निर्देश किया है) । व्यवहार (दावा)जैसे इसने मेरा अमुक पदार्थ लिया है देता नहिं " ल्युट् " " प्रतिज्ञानम् ". [तिज्ञाका विषय । इकरार कियागया.

प्रतिज्ञात, (त्रि०) प्रति+ज्ञा+क्त । पहिला कहाहुआ प्र-

प्रतिदान, (न०) प्रतिरूपं (तुल्यरूपं) दानं । प्रा० स० । विनिमय । बदला । तुल्यरूप दान । एक चीज़ देकर दूसरी लेना । न्यस्त द्रव्यका फिर अर्पण करना । अमानत हवाले करना. [आवाज । गूंज.

प्रतिध्वनि, (पु०) प्रतिरूपः ध्वनिः । प्रतिशब्द एक जैसी

प्रतिध्वान, (पु०) प्रति+ध्वन्+घञ् । प्रतिशब्द । गूंज । उलटाहुआ शब्द. [पोतेका पोता । पड़पोता । प्रपौत्र.

प्रतिनप्तृ, (पु०) प्रतिनिहितः नप्ता । पौत्रः । प्रा० ।

प्रतिनिधि, (पु०) प्रति+निधीयते । तुल्यरूपतया स्थाप्यते) । प्रति+नी+धा+कि । प्रतिरूप । वैसी शकलवाला । अपनी जगह वैसाही कायम करना । इवज़ी । प्रतिमा । तस्वीर.

प्रतिपक्ष, (पु०) प्रतिकूलः पक्षो यस्य । विरुद्ध पक्षवाला । शत्रु । व्यवहार । विरुद्ध प्रतिवादी । वर्खिलाफ़ बोलने-हारा । प्रा० स० । समान.

प्रतिपत्ति, (स्त्री०) प्रति+पद्+क्तिन् । प्रवृत्ति । प्रागल्भ्य । धीरज । चतुराई । गौरव । प्राप्ति । पदकी प्राप्ति । कर्तव्यका ज्ञान.

प्रतिपद्, (स्त्री०) प्रतिपद्यते (उपक्रम्यते)पक्षः अनया । प्रति+पद+क्विप् । पक्षको आरम्भकरनेवाली तिथि । प्रतिपदा । पड़वा । एकम.

प्रतिपन्न, (त्रि०) प्रति+पद्+क्त । अवगत । जानाहुआ । स्वीकृत । मानाहुआ । विक्रान्त । बलवाला.

प्रतिपादन, (न०) प्रति+पद्+णिच्+ल्युट् । दान देना । समझना । कहना.

प्रतिप्रसव, (पु०) प्रति+प्र+सू+अप् । निषिद्धकी फिर प्राप्तिकी सम्भावना । फिर पैदा होना.

प्रतिबंध, (पु०) प्रति+बंध+घञ् । कार्य्यप्रतिघात । कामका रुकना । ण्वुल् । प्रतिरोधक । रोकनेवाला (त्रि०).

प्रतिबल, (पु०) प्रतिकूलं बलं यस्य । विरुद्ध बलवाला शत्रु । "प्रतिरूपं बलं यस्य" । समान बलवाला (त्रि०) " यो मे प्रतिबलो लोके "चण्डी.

प्रतिभय, (त्रि०) प्रतिगतं भयं अस्मात् । भय देने-हारा । भयङ्कर । भयकारी. [फूर्तीकी अकिल.

प्रतिभा, (स्त्री०) प्रति+भा+अ । बुद्धि । प्रत्युत्पन्नबुद्धि ।

प्रतिभू, (पु०) प्रतिनिधिः भवति । भू+क्विप् । इवज़ी होता है । लग्नक । जामिन.

प्रतिमा, (स्त्री०) प्रति+मा+अ । सदृशीकरण । एक जैसा करना । मृत्तिकाशिलादिमूर्ति । मट्टी वा पत्थर आदिकी तसबीर । सदृश (समान-एक जैसा) (त्रि०)। " देवप्रतिष्ठा "

प्रतिमान, (न०) प्रतिमीयतेनेन । प्रति+मि+मा वा ल्युट् । प्रतिबिम्ब । परछाहीं । प्रतिमा.

प्रतिमुक्त, (त्रि०) प्रति+मुच्+क्त । परिहित । पहिरा-गया । और छोड़ाहुआ । बांधागया । जकड़ागया । लगायागया.

प्रतियत्न, (पु०) प्रति+यत् । नङ् । वाञ्छा । इच्छा । उपग्रह । निग्रह । रोकना । एक चीजको बहुत अ-च्छा बना डालना । संस्कार । लेना । मेहनती । "प्रति-रूपो यत्नो यस्य" । ब० । एक जैसा यत्न करनेहारा । (त्रि०).

प्रतियातना, (स्त्री०) प्रति+यात्यते अनया । चु० यत युच् । प्रतिमा । तसबीर । प्रा० स० । तुल्यरूप यातना । एक जैसी पीड़ा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रतियोगिन्, (त्रि०) प्रतिरूपं युज्यते । प्रति+युज्+घि-
नुण् । विरुद्ध जुड़ता है । प्रतिकूल सम्बन्धवाला । जैसे
अभावका प्रतिकूल संबंधवाला होनेसे " घट " आ-
दि प्रतियोगी है । विरुद्ध पक्षवाला । विरोधी.

प्रतिरूप, (न०) प्रतिगतं रूपं । प्रतिच्छाया । प्रतिबिम्ब ।
तसवीर । परच्छाही " प्रतिगतं रूपं अस्य " । ब० । स-
दृश (समान-एक जैसा) (त्रि०).

प्रतिविरोध, (पु०) प्रति+रुध्+भावे घञ् । बाध ।
रोक । प्रतिबंध । विघ्न । निरोध । तिरस्कार । और
चौर्य्य (चोरी) । " अच् ".

प्रतिलोम, (त्रि०) प्रतिगतं लोम (आनुकूल्यं) अस्मा-
त् । प्रति+लोमन्+अच् । जो अनुकूलतासे विरुद्ध हो ।
वाम । विपरीत । उलटा.

प्रतिलोमज, (पु०) प्रतिलोमात् जातः । जन्+ड । उ-
त्तम वर्णकी स्त्रीमें नीच वर्णसे उत्पन्न हुआ । संकीर्ण ।
वर्णसंकर । दोगला.

प्रतिवचन, (न०) प्रतिरूपं वचनं । वैसाही वचन । प्रति-
वाक्य । उत्तर । जबाब । विरुद्ध वाक्य । बर्खिलाफ़ बो-
लना । उलटा बोलना.

प्रतिवात, (त्रि०) प्रतिगतो वातो यतः । जहांसे वायु
उल्टा हुआ । जिस ओरसे वायु लौटकर आता है वह
देश.

प्रतिवादिन्, (पु०) प्रतिकूलं वदति । वद+णिनि । वि-
रुद्ध पक्षवाला व्यवहार । प्रत्यर्थी । मुद्दालय । बर्खि-
लाफ बोलनेवाला (त्रि०).

प्रतिवासी (वेशि) न्, (त्रि०) प्रत्यासन्नं वसति (वि-
शति । प्रति+वस् (विश्) वा णिनि । पास रहने-
हारा । पड़ोसी । गृहासन्नवासी । घरके निकट वास करने-
हारा । हमसाया.

प्रतिविधान, (न०) प्रति+वि+धा+ल्युट् । प्रतीकार ।
उपाय । बदलालेना. [प्रतिच्छाया.

प्रतिबिम्ब, (न०) प्रतिरूपं बिम्बं । बिम्बसादृश्य । परछाही ।

प्रतिशासन, (न०) प्रति+शास+ल्युट् । निकृष्ट भृत्यादि-
पर आज्ञा करना । हुकम करना । विरुद्ध आज्ञा । बर्खि-
लाफ़ हुकम । " अप्रतिशासनं जगत् " । रघुः.

प्रतिश्रय, (पु०) प्रतिश्रीयते । प्रति+श्रि+अच् । यज्ञका
घर । सभा । घर । आसरा. [करना । मान लेना । गूंज.

प्रतिश्रव, (पु०) प्रति+श्रु+अप् । स्वीकार । कबूल

प्रतिश्रुत, (स्त्री०) प्रतिरूपं श्रूयते । श्रु+क्विप् । एकजैसा
सुना जाता है । प्रतिशब्द । प्रतिध्वनि । गूंज । प्रतिज्ञा ।
इक़रार. [" मत कर " ऐसा हटाना.

प्रतिषेध, (पु०) प्रति+सिध+घञ् । निषेध । रोकना ।

प्रतिष्टम्भ, (पु०) प्रति+स्तम्भ+घञ् । प्रतिबंध । रोक ।
रुकावट । विघ्न.

प्रतिष्ठा, (स्त्री०) प्रति+स्था+अच् । क्षिति । पृथिवी । व्रत
वा यज्ञ आदिकी समाप्ति । चार अक्षरोंके पादवाला
एक छन्द । कूप आदिका संस्कार । व्रत आदिकी स-
माप्तिमें कर्त्तव्य कर्म । इज्जत । आश्रय । आसरा । " ब्रह्म-
पुच्छं प्रतिष्ठा " इति श्रुतिः.

प्रतिसर, (पु०) प्रति+सृ+अच् । सेनाका पिछला भाग ।
हाथका सूत्र (कंगन) । हस्तसूत्र.

प्रतिसर्ग, (पु०) प्रतिरूपः प्रतिकूलो वा सर्गः । ब्रह्माकी
सृष्टिके पीछे दक्ष आदि प्रजापतिओंकी सृष्टि । विरुद्ध
रचना । प्रलय. [जवनिका । कनात । पड़दा.

प्रतिसीरा, (स्त्री०) प्रति सिनोति सीयते वा । रक्-दीर्घश्च ।

प्रतिसूर्य्यक, (पु०) प्रतिरूपः सूर्य्यः । स्वार्थे कन् । उ-
पसूर्य्यकमण्डल । सूर्य्यकी सभा । उसके समान रंग-
वाला कृकलास (किरला). [कियागया । भेजागया.

प्रतिसृष्ट, (त्रि०) प्रति+सृज्+क्त । प्रत्याख्यात । तिरस्कार

प्रतिहत, (त्रि०) प्रति+हन्+क्त । वैर कियागया ।
रोकागया । उलटकर माराहुआ.

प्रति (ती) हार, (पु०) प्रति+हृ+घञ् वा दीर्घः । उलटकर
चोट करना । दर्वाजा । " अण् " । द्वारपाल । दर्वान ।
(त्रि०) । "णिनि" प्रतीहारी " मायाकारी " छलिया.

प्रतीक, (पु०) प्रति+कन् । नि० दीर्घः । अवयव ।
हिस्सा । प्रतिरूप । दूसरी शकल । विलोम । बरकस ।
(त्रि०). [जरूरत । आशा.

प्रतीक्षा, (स्त्री०) प्रति+ईक्ष+अ । अपेक्षा । इन्तिज़ारी ।

प्रतीक्ष्य, (त्रि०) प्रति+ईक्ष+ण्यत् । पूज्य । इज़्तके
लायक । प्रतीक्षा कियागया.

प्रतीचीन, (त्रि०) प्रतीच्यां भवः । ख । पश्चिमदिशा-
में होनेवाला । " यत् " " प्रतीच्यः " यही अर्थ.

प्रतीत, (त्रि०) प्रति+इण्+क्त । ख्यात । प्रसिद्ध । मश-
हूर । ज्ञात । जानाहुआ । दृष्ट । खुश होगया । आदर-
सहित । बीताहुआ । मानाहुआ । विश्वास कियागया.

प्रतीति, (स्त्री०) प्रति+इण्+क्तिन् । ज्ञान । जान्ना ।
ख्याति । महशूरी । आदर । हर्ष । विश्वास.

प्रतीप, (त्रि०) प्रति+अप्-कर्म्म० । अच्-नि० । प्रतिकूल
बरक्स । चन्द्रवंशका एक राजा.

प्रतीपदर्शिनी, (स्त्री०) प्रतीपं (प्रतिकूलं) दर्शयति ।
दृश्+णिच् । जो विरुद्ध मार्गको दिखला देती है । "णिनि"
भार्य्या । स्त्री । औरत. [जो तराजाय.

प्रतीर, (न०) प्रतीर्य्यते । प्र+तीर+क । तट । किनारा ।

प्रतोद, (पु०) प्रतुद्यते अनेन । तुद्+घञ् । जिस्से पीड़ा
होती है । घोड़े आदिके ताड़न करनेके लिये दण्ड । चाबुक.

प्रतोली, (स्त्री०) प्र+तुल्+अच् । ङीष् । रथ्या । गली ।
कूचा । शहरके बीचका मार्ग । हद्द आदिके पासका रास्ता.

प्रत्न, (त्रि०) प्र+त्न । पुरातन । पुराना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रत्यक्ष, (अव्य०) प्रतिरूपं अक्ष्णः । अव्ययी० अच् । आंखके सामने । इन्द्रियोंसे उत्पन्न हुआ ज्ञान । इन्द्रियजन्य ज्ञान । "अच् उसवाला" (त्रि०). [नूतन । नया । साफ़हुआ.

प्रत्यग्र, (त्रि०) प्रतिगतं अग्रं (अग्रत्वम्) प्रा० । आगेहुआ ।

प्रत्यच्, (त्रि०) प्रति+अच्+क्विन् । पश्चिम काल । पिछला समय । पश्चिमका देश । पश्चिम दिशा " प्रतीचि ". [विरुद्ध हो । शत्रु । विघ्न । रोंक.

प्रत्यनीक, (पु०) प्रतिकूलं अनीकं यस्य । जिसकी सेना

प्रत्यन्त, (पु०) प्रतिगतः अन्तं । प्रा० । अन्ततक गया । म्लेच्छोंका देश । सन्निकृष्ट देश । पासका देश (त्रि०).

प्रत्यन्तपर्वत, (पु०) प्रत्यन्तः (सन्निकृष्टः) पर्वतः । बड़े पर्वतके पासका पर्वत.

प्रत्यभियोग, (पु०) प्रतिरूपोऽभियोगः । विरुद्ध (उल्टा) सवाल । अभियुक्त (मुद्दालअ)ने अपने ऊपर अभियोग (सवाल) करनेवालेपर दूसरा सवाल करना । मुद्दईपर नालिश.

प्रत्यभिवाद, (पु०) प्रति+अभि+वद्+णिच्+घञ् । उलटकर वंदना करना । आशीष्का वचन । " ल्युट् " "प्रत्यभिवादन" (न०).

प्रत्यय, (पु०) प्रति+इण्+अच् । शपथ । सौं । कसम । जाना । विश्वास । अधीन । शब्द । छिद्र (छेक-सुराख) । आधार । निश्चय । स्वादु । मज़ेदार । कारण । व्याकरणमें धातु वा नामको निमित्तकरके विधान कियागया एक प्रकारका शब्द.

प्रत्ययित, (त्रि०) प्रति+अच्+क्त । प्राप्त । यथार्थ कहनेहारा । विश्वासी । प्रतिगत । उलटकर गया । लौटा.

प्रत्यर्थिन्, (त्रि०) प्रत्यर्थयते । प्रति+अर्थ-पीड़ा पहुंचाना । णिनि । शत्रु । दुश्मन । " प्रतिकूलं अर्थयते " णिनि । व्यवहारमें प्रत्यर्थी । मुद्दालय.

प्रत्यर्पण, (न०) प्रति+ऋ+णिच्-पुक्+ल्युट् । प्रतिदान । फिरदेना । लियेहुए धनका फिरदेना । लौटना.

प्रत्यवसान, (न०) प्रति+अव+सो+ल्युट् । भोजन । खाना. [भोगलिया । खालिया.

प्रत्यवसित, (त्रि०) प्रति+अव+सो+क्त । भुक्त ।

प्रत्यवस्कन्द, (पु०) प्रति+अव+स्कन्द्+घञ् । व्यवहार (धर्म्मशास्त्र-कानून) में चार प्रकारके उत्तरमेंसे एक । एक प्रकारका औषध (न०).

प्रत्यवस्थातृ, (त्रि०) प्रत्यवतिष्ठते । विरुद्ध होकर ठहरता है । प्रतिपक्षवादी । बरक्स बोलनेवाला । शत्रु । दुश्मन. [गुनाह । ऐब । विघ्न.

प्रत्यवाय, (पु०) प्रति+अव+इण्+घञ् । पाप । दोष ।

प्रत्याख्यात, (त्रि०) प्रति+आ+ख्या+क्त । निराकृत । तिरस्कार कियाहुआ । दूर कियागया । इन्कार कियागया.

प्रत्याख्यान, (न०) प्रति+आ+ख्या+ल्युट् । निराकरण । इन्कार । तिरस्कार.

प्रत्यादिष्ट, (त्रि०) प्रति+आ+दिश+क्त । निरस्त । ... काल दियागया । इतिला दियागया । जीतागया.

प्रत्यादेश, (पु०) प्रति+आ+दिश्+घञ् । निराकरण । निकालना । हुक्म । इतिला । इन्कार करना.

प्रत्यालीढ, (न०) प्रति+आ+लिह्+क्त । धनुर्दरस्थि... विशेष । बायें पांवको सिकोड़कर दहिने पांवके ... लानेसे तीरंदाजका खड़ा होना । धनुष्धारीका पैतरा । आस्वादित । चाटाहुआ (त्रि०) " आलीढ़ " ... उल्टा. [बहुत नज़दीक.

प्रत्यासन्न, (त्रि०) प्रति+आ+सद्+क्त । अतिनिकटस्थ ।

प्रत्याहार, (पु०) प्रति+आ+हृ घञ् । पीछे खेंचना । योगशास्त्रमें " इन्द्रियोंको अपने २ विषयोंसे निराकरण-हटाना " । वापिस लेना । व्याकरणमें " अण् आदि ".

प्रत्युत्क्रम, (पु०) प्रति+उद्+घञ् । युद्धके लिये उद्योग (हिम्मत) । प्रधान प्रयोजनके उद्देशसे अप्रधानका आरम्भ करना । प्रत्येक कार्य्यमें जो पहिले पहिले करना उचित है । काम करना.

प्रत्युत्तर, (न०) प्रतिरूपं उत्तरं अस्य । जिसका ... उत्तर हो । उत्तरका उत्तर वचन । जवाबका जवाब.

प्रत्युत्थान, (न०) प्रति+उद्+स्था+ल्युट् । अभ्युत्थान । आये हुएके सम्मानके लिये आसनसे उठना । आ... से उठना.

प्रत्युत्पन्नमति, (त्रि०) प्रत्युत्पन्ना (तत्कालोचिता) मतिः यस्य । उसकालमें उचित बुद्धिवाला । जिसकी अकिल समयपर फूर्ति हो.

प्रत्युद्गमनीय, (न०) प्रति+उद्+गम्+अनीयर् । आ... से उठनेलायक । धौतवस्त्रयुग्म । धोयेहुए दो कपड़े । उपस्थानके लायक । पूजाकरनेके योग्य (त्रि०).

प्रत्यूष, (पु०) प्रत्यूषति (रुजति) कामुकान् । उष-रोगी होना+क । प्रभात । सवेर । दिनका मुख । कामिओंको पीड़ा देता है । आठ वसुओंमेंसे एक.

प्रत्यूह, (पु०) प्रति+उद्+घञ् । विघ्न । रुकावट.

प्रथ्, -प्रसिद्ध होना । भ्वा० आ० सक० सेट् । प्रथते । अप्रथिष्ट । " अङ् " प्रथा.

प्रथम, (त्रि०) प्रथ्+अमच् । प्रधान । बड़ा । आद्य । पहिला । " जस् " में सर्वनाम. [ज़ाहिर

प्रथित, (त्रि०) प्रथ+क्त । ख्यात । मशहूर । प्रसिद्ध ।

प्रथिमन्, (पु०) पृथोर्भावः । बड़ेका होना । पृथु+इमनिच् । स्थूलत्व । मोटाई । मोटापन.

प्रदर, (पु०) प्र+दृ+अप् । विदारण । फाड़ना । ... तोड़ना । एक प्रकारका योनिका रोग. [...

प्रदीप, (पु०) प्र+दीप्+क । दीप । दीवा । दीपक

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रदीपन, (पु०) प्रदीपयति जठराग्निं । प्र+दीप्+णिच्+ल्यु । जो पेटकी आगको भड़काता है । एक प्रकारका विष (जहिर)। चमकानेहारा (त्रि०).

प्रदेश, (पु०) प्र+दिश+घञ् । एकदेश । एक जिलह । देश । मुल्क । भित्ति । दीवार.

प्रदेश (शि) नी, (स्त्री०) प्रदिश्यते अनया । प्र+दिश् करणे ल्युट्-ङीप् । तर्जनी (अंगूठेके साथकी अंगुली)। इसीसे वस्तुका निर्देश कियाजाता है । " णिनि " "प्रदेशिनी " यही अर्थ.

प्रद्युम्न, (पु०) प्रकृष्टं द्युम्नं (बलं) यस्य । जिसका बडा बल हो । कंदर्प । कामदेव । श्रीकृष्णजीका पुत्र (बेटा).

प्रद्रव, (पु०) प्र+द्रु+अप् । पलायन । भागना । घञ् "प्रद्राव" यही अर्थ है.

प्रधन, (न०) प्र+धा+क्यु । युद्ध । लडाई । जंग.

प्रधान, (न०) प्र+धा+ल्युट् । सांख्यमतमें सिद्ध होगई सत्वरजस्तमोरूप तीन गुणोंवाली प्रकृति । उसका कार्य्य बुद्धितत्व । परमात्मा । प्रशस्त । बहुत अच्छा । और सचिव (वजीर)। सेनापतिओंका अध्यक्ष (मालिक) (पु०)। श्रेष्ठ (बहुत अच्छा) (त्रि०).

प्रधि, (पु०) प्रधीयन्ते काष्ठानि अत्र । प्र+धा+कि । जहां लकड़ियें रक्खी जाती हैं । पहियेके भागरूप लकडिओंके जुडनेका स्थान । रथकी नाभि । पहिया । धुरा.

प्रपञ्च, (पु०) प्र+पचि-फैलाना+घञ् । फैलाव । संसार । उलटापन । इकट्ठा । संचय । प्रतारण । ठगना.

प्रपथ्या, (स्त्री०) प्रकृष्टा पथ्या । प्रा० । समा० । बहुत हितकरनेहारी । हरीतकी । हरीड.

प्रपद, (न०) प्रारब्धं पदं । प्रा० स० । पांवके आगेका भाग । पादाग्रभाग. ["प्रपन्नार्तिहरे " चण्डी.

प्रपन्न, (त्रि०) प्र+पद्+क्त । शरणागत । शरणमें आगया ।

प्रपा, (स्त्री०) प्रपीयते अस्यां । बहुत पीते हैं इसमें । पा+ङ । पानीका घर । छबील.

प्रपात, (पु०) प्रपतति अस्मात् । पत्+घञ् । बहुत गिरता है इस्से । तट (किनारे)के विना । आश्रयदान । पर्वतका स्थान । झर्ना । कूल । किनारा । भावे घञ्.

प्रपितामह, (पु०) प्रजातः पितामहो यस्मात् । प्रकृष्टः पितामहो वा । जिस्से वाबा (दक्षआदि) उत्पन्न हुआ अथवा अच्छा वाबा प्रजाके जनक दक्ष आदि प्रजापतिओंके उत्पन्न करनेहारा चार मुखवाला ब्रह्मा । बाबेका पिता । पड़बाबा । उसकी स्त्री । ङीप् (स्त्री०).

प्रपौत्र, (पु०) प्रगतः कारणतया पौत्रं । पौत्रका पुत्र । पोतेका पुत्र । पड़पोता.

प्रफुल्ल, (त्रि०) प्र+फुल-खिलाना+अच् । विकाशयुक्त । खिलाहुआ । "प्रफुल्त " यही अर्थ । प्र+फुल्+क्त.

प्रबंध, (पु०) प्र+बंध+अच् । संदर्भ । ग्रन्थ आदिकी रचना.

प्रबंधकल्पना, (स्त्री०) ६ त० । वह कथा कि जिसमें थोडासा सत्य और बहुतही मिथ्या (झूठ) हो । प्रबंधकी रचना.

प्रबाल, (न०) प्रकर्षेण वलति (अवकम्पते । ण । बहुत कांपता है । नवपल्लव । नया पत्ता । लाल रंग । एक मणि । मूंगा । बीनका डण्डा.

प्रबोध, (पु०) प्र+बुध+घञ् । प्रकृष्ट बुद्धि । अच्छीसमझ । जागना । नींदसे रहित होना.

प्रबोधन, (न०) प्र+बुध+णिच्+ल्युट् । काल आदि हेतुओंसे पहिली गन्धके न्यून हो जानेपर बड़े यत्नसे उसका उद्दीपन करना । जागना । होशमें आना । जान्ना । भड़काना.

प्रबोधनी, (स्त्री०) प्रबुध्यते अनया । प्र+बुध्+ल्युट् । जिस्से जागता है । दुरालभा । "प्रबुध्यते हरिः अत्र " जिस समय विष्णु जागता है । कार्तिकशुक्लैकादशी । कार्तिक (कत्तक) के शुक्लपक्षकी एकादशी । "प्रबोधिनी" यही अर्थ " प्र+बुध्+णिच्+णिनि+ङीप्.

प्रभञ्जन, (न०) प्रभञ्जति तृणादीन् । प्र+भञ्ज्+युच् । जो तिनके आदिको तोड़ता है । वायु । हवा.

प्रभद्र, (पु०) प्रकृष्टं भद्रं अस्मात् । ५ ब० । जिस्से बहुत कल्याण होता है । नीमका वृक्ष.

प्रभव, (पु०) प्रभवति अस्मात् । प्र+भू+अप् । उपजता है इस्से । पहिला प्रकाशका स्थान । उत्पादक । उपजानेहारा । ६० वर्षोंमेंसे एक । "प्र+भू+भावे+अप्" । पराक्रम । बल । जन्म.

प्रभा, (पु०) प्र+भा+अङ् । दीप्ति । चमक । रौशनी.

प्रभाकर, (पु०) प्रभां करोति । कृ+अच् । प्रकाश कर्त्ता है । सूर्य्य । एक मीमांसाशास्त्रके बनानेहारा.

प्रभात, (न०) प्र+भा+क्त । प्रकृष्टं भातं अत्र । जिस समय बहुत प्रकाश होता है । प्रातःकाल । सवेर । सुबह.

प्रभाव, (पु०) प्र+भू+घञ् । राजाओंका [illegible] (खजाना) और दण्ड (सजा) से उत्पन्न हुआ तेज । तेज । सामर्थ्य । ताकत. [स्नानमन्त्रः.

प्रभास, (पु०) एकप्रकारका तीर्थ । "प्रभासः पुष्कराणि च"

प्रभिन्न, (पु०) प्र+भिद्+क्त । स्रवन्मदगज । वह हाथी जिसकी मस्ती चू रही हो । मद वहानेहारा हाथी । प्रभेदवान् । फरकवाला (त्रि०).

प्रभु, (पु०) प्र+भु+डु । विष्णु । शब्द । पारद (पारा) । स्वामी (अधिपति) (त्रि०). [कलाहुआ) ऊंचा.

प्रभूत, (पु०) प्र+भू+क्त । प्रचुर । बहुत । उद्गत (नि-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

प्रभृति, (अव्य०) तदारभ्य । तबसे लेकर । " बहुव्रीहि समासमें यह शब्द पीछे रहता है" । "इन्द्रप्रभृतयो देवाः ".

प्रमथ, (पु०) प्र+मथ्+अच् । शिवजीका एक अनुचर (नौकर) । और घोड़ा । हरीतकी (हरीड़) (स्त्री०).

मज्जारस, (पु०) मज्जायाः रसः (परिपाकः) । मज्जाका पकना । वीर्य्य । मनि.

मञ्च, (पु०) मचि-उच्छ्राय-ऊंचा होना+घञ् । खट्वा । मंजा । वांसका बनाहुआ ऊंचा आसन । उच्च मण्डप-विशेष.

मञ्जरि (री), (स्त्री०) मञ्जु ऋच्छति । ऋ+इन्-शक० पर० वा ङीप् । नई उत्पन्न हुई कोमल पत्तेके अङ्कुर-स्वरूपकी वल्लरी । मिंजर । मुक्ता । मोती । तिलक नामी लता (वेल) और तुलसी. [मजीठ.

मञ्जिष्ठा, (स्त्री०) अतिशयेन मञ्जिमती इष्ठन् । एक बेल ।

मञ्जीर, (न०) मञ्ज् शब्द करना+इरन् । नूपुर । झांजर । पंजेब । पांवमें पहिरनेका ज़ेवर । दधिमन्थनदण्डः बन्धस्तम्भ । मथा (था)नीकी रस्सीं बांधनेका खंबा.

मञ्जु, (त्रि०) मञ्ज्+उन् । मनोहर । दिलको अच्छा लगनेवाला । खूबसूरत.

मञ्जुघोष, (पु०) तन्त्रमें एक उपासना करनेलायक दे-वता । अच्छे शब्दवाला (त्रि०) अप्सरा (स्त्री०).

मञ्जुल, (त्रि०) मञ्ज्+उलच् । मनोहर । खूबसूरत । ज-लरंक पक्षी (ममोला) (पु०) वह स्थान जो लताओंसे आच्छादित हो । निकुञ्ज (न०). [मञ्जिष्ठा । मजीठ.

मञ्जूषा, (स्त्री०) मञ्ज्+उषन् । पटारी । पेटिका । पेटी ।

मट्,-साद निर्वल होना-नाश होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मटति. [वर्सना । गड़ा.

मटची, (स्त्री०) मट्+अचि+ङीप् । पाषाणवृष्टि । पत्थर-

मठ्,-वास-रहना । अक० । मर्द्दन-मलना । सक० भ्वा० पर० सेट् । मठति । अमठीत्-अमाठीत्.

मठ, (पु०) मठति अत्र । मठ्+क । छात्राद्यावास । विद्यार्थिओंके रहनेका घर । देवागार । देवमन्दिर । योगिओंके रहनेका घर । कौलिज । पाठशाला । मदरस्सह । बैलगाड़ी.

मड्,-भूषण-सजाना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । मण्डयति-ते । मण्डति । अममण्डत्-त । अमण्डीत्.

मड्डु, (पु०) मज्जन्ति अन्ये शब्दा अत्र । मज+ड्डु । पृ० । जहां और शब्द डूब जाते हैं । वाक्यभेद । एक प्रकारका वाजा । विपुल डमरु । बड़ा डमरु । "स्वार्थे मन् " वही अर्थ.

मण्, अव्यक्तशब्द-नमालूम शब्द करना-मड़मड़ाना । भ्वा० प० अक० सेट् । मणति । अमाणीत्-अमणीत्.

मणि (णी), (पु० स्त्री०) मण्+इन् । स्त्रीत्व पक्षे वा ङीप् । मुक्तादि रत्न । मोती आदि रत्न (जवाहिर) । मट्टीका एक पात्र । बड़ामट्ट (अलिञ्जर) । कीमती पत्थर । अपनी जातिमें उत्कृष्ट कोई चीज़ । मणिबंध । आँवली (यह शब्द विशेषतः पुल्लिंगमेंही प्रसिद्ध है).

मणिकर्णिका, (स्त्री०) मणिकर्णः (मणिमयकर्णभूषणं) अस्ति अस्यां ठन् । जहां मणिओंका बनाहुआ कानका ज़ेवर है । काशीमें एक तीर्थ है (जहां विष्णुकी तपस्यासे आश्चर्यहुए शिवजीने मणिओंका कुण्डल फेंकाहै).

मणिकूट, (पु०) मणीनां कूट इव । मणिप्रचुरं कूटं (शृङ्गं) वा अस्य । मानो मणिओंका समूह है वा बहुत मणिओं वाली चोटीवाला । उत्तर देशमें एक पर्वत (पहाड़) है.

मणित, (न०) मण्+क्त । रतिकाले स्त्रीणां अव्यक्तशब्द-विशेषः । मैथुन (संभोग)समयमें स्त्रिओंका धीरे २ शब्द करना.

मणिपुर, (न०) मणिभिरिव पूर्य्यते (प्रचुरदीप्तिमत्वात्) । बहुत प्रकाशवाला होनेसे मानों मणिओंसे भर रहा है । तन्त्रमें कहाहुआ । नाभि (धुन्नी) के स्थान-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

में सुषुम्णा नाडीके बीच पद्म (कमल) के स्वरूप-वाला एक चक्र । अपने नामसे प्रसिद्ध एक देश.

मणिबंध, (पु०) मणिर्बध्यते अत्र । बंध+घञ् । प्रकोष्ठ और हाथका मध्यस्थान । हाथका पौंचा । सैन्धव । लवणाकरपर्वतविशेष । सिन्धे नोंनका एक पहाड़.

मणिमण्डप, (पु०) मणिमयः (मणिप्रचुरः) मण्डपः । (बहुतसी मणिओंवाला मण्डप) घर.

मणिबीज, (पु०) मणय इव बीज़ानि अस्य । जिसके बीज मणिओंके समान हैं । दाड़िम । अनार.

मणिसर, (पु०) मणीन् सरति (कारणत्वेन गच्छति) । सृ+अच् । मणिखचित हार । मणिओंका पिरोयाहुआ आहार.

मणीव, (अव्य०) मणि+इव । मणिसमान । मणिकी तरह.

मण्ड, (पु० न०) मन्+ड । उसे इत्व नहिं होता । सर्वान्नाग्रस । सब अन्नोंका रस । मांड । पीछ । सार । आमलकी (आवला)। और सुरा (शराब)(स्त्री०) । एरण्डका वृक्ष । एक प्रकारका साग (शाक) । मेंडक (पु०).

मण्डन, (पु०) मण्डयति । मडि+ल्यु । अलंकार । जेवर "भावे ल्युट्" भूषा । सजाना (न०).

मण्डप, (पु० न०) मडि+घञ् । मण्डं (भूषां) पाति (रक्षति) पा+क । जनविश्रामस्थान । लोगोंके आराम-की जगह (सराय) । देवादिगृह । और देवता आदि-का घर । मण्डपानकर्त्ता (पीछ पीनेवाला) (त्रि०)। शूकशिम्बी (स्त्री०).

मण्डल, (न०) मडि+कलच् । चक्राकारवेष्टन । पहिये-के स्वरूपका घेरा । जैसे सूर्य्यमण्डल-भूमण्डल । चार-सौ योजनका एक देश । दायरह । समूह । नखूनोंका घाव । द्वादशनृपचक्र (बारह राजोंका समूह) । गोल। कृत्रिमरेखारचित पदार्थ । कईएक रेखाओंसे रचा-हुआ एक पदार्थ । जैसे ग्रहमण्डल । सर्वतोभद्रमण्डल इत्यादि । कुत्ता । और सांप (पु०).

मण्डलनृत्य, (न०) मण्डलाकारेण नृत्यं । चक्र बांध-कर नाचना.

मण्डलाधीश, (पु०) मण्डलस्य (देशविशेषस्य) अधीशः । खास देशका मालिक । मण्डलेश्वर । चारसौ योजन (१६०० सौ कोस)तक देशका अधिप (स्वामी).

मण्डलिन्, (पु०) मण्डलं (कुण्डलनं) अस्ति अस्य । इनि । कुण्डलवाला । सर्प । सांप । बिड़ाल । बिल्ला । बड़का वृक्ष.

मण्डित, (त्रि०) मडि+क्त । भूषित । सजाहुआ । अलंकृत.

मण्डूक, (पु०) मण्डयति वर्षासमयम् । जो बर्सातको सजा देता है । मडि+ऊक् । भेक । मेंडक । एक मुनि.

मण्डूर, (न०) मडि+ऊरच् । लौहमल । लोहेकी मैल.

मत, (त्रि०) मन्+क्त । सम्मत । मानागया । अभिप्रेत । चाहागया । ज्ञात । जानाहुआ । और अर्चित । पूजागया । "भावे क्त" सम्मति । मान्ना । अभिप्राय । आशय । मतलब । ज्ञान । जान्ना । और अर्चा । पूजा (न०).

मतङ्ग, (पु०) माद्यति अनेन । मद्+अंगच् । "द" को "त" होता है । मेघ । बादल (जिस्से खुश होता है) । एक मुनि.

मतङ्गज, (पु०) मतङ्गात् ऋषेर्जातः । जन्+ड । मतंग ऋषिसे उत्पन्न हुआ । गज । हाथी.

मतल्लिका, (स्त्री०) मतं (मतिं) अलति (भूषयति) ण्वुल् । पृ० । प्रशस्त (बहुत अच्छा) । भला । उमदह.

मति, (स्त्री०) मन्+भावे क्तिन् । ज्ञान । जान्ना । इच्छा । चाह । औ स्मृति । याद करना.

मतिभ्रम, (पु०) मतेर्भ्रमः (अयथार्थविषयत्वेन भ्रम-णम्) । बुद्धिका घूमना (झूठे पदार्थकी ओर जानेसे घूमना).

मतिविभ्रम, (पु०) मतिं (बुद्धिं) विभ्रमयति । वि+भ्रम्-णिच्+अण् । बुद्धिको घुमादेता है । उन्माद रोग । पाग-लपनेकी बीमारी.

मत्क, (पु०) मद्+क्विप्-स्वार्थे कन् । मत्कुण । खटमल । मम इदम् कन् । मत्सम्बन्धी । मेरा । "नैतन्मतं मत्कं" इति भट्टिः.

मत्कुण, (पु०) मद्+क्विप् । कुणयति । कुण्+अच् । कर्म० । कीटभेद । एक कीड़ा । खटमल.

मत्कुणारि, (पु०) ६ त० । (विजया) भांग । इसके सम्बन्धसे खटमलका नाश हो जाता है.

मत्त, (पु०) मद्+क्त । दुर्मदगज । बदमस्त हाथी । क्षीव । मदयुक्त । मतवारा । और हृष्ट (प्रसन्न) (त्रि०).

मत्तकाशि (सि) नी, (स्त्री०) मत्तेव (क्षीवेव)काश-ते-कसति-गच्छति वा णिनि । पृ० ह्रस्वः । जो मस्त होकर चमकती है । उत्तमयोषिता । अच्छी औरत । मस्त औरत । हरएक स्त्री.

मत्तमयूर, (पु०) मत्तो मयूरो यस्मात् । जिस्से मोर मस्त हो गया । मेघ । बादल । एक प्रकारका छंद.

मत्तवारण, (पु०) कर्म० । मत्तहस्ती । मस्तहाथी । "मत्तं वारयति" । वृ+णिच्+ल्यु । प्रासादवरण्ड (मह-लकी चोटीका कमरा) बरांडा (न० पु०).

मत्रि, -गुप्तभाषण-छिपकर बोलना । चु० आ० सक० सेट् इदित् । मन्त्रयते । अममन्त्रत.

मत्सर, (पु०) मद्+सरन् । अन्यशुभद्वेष । दूसरेकी भलाईसे वैर करना । परसम्पत्त्यसहन । दूसरेकी संप-दाको न सहारना । हसद । क्रोध । गुस्सह । उसवाला । और कृपण (सूम) (त्रि०) । मक्षिका । मक्खी (स्त्री०).

मत्स्य, (पु०) मद्+स्यन् । जलजन्तुविशेष । पानीका जीव । मच्छी । स्त्रियां ङीप् "मत्स्यी".

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मत्स्यधानी, (स्त्री०) मत्स्या धीयन्ते अस्यां । धा+ल्युट् ङीप् । जिसमें मच्छियें रक्खी जाती हैं । एक पात्र । जिस्में मच्छियें रक्खी जाती हैं.

मत्स्यण्डी, (स्त्री०) मन्दं स्यन्दते । अच् । पृ० । खण्ड-का विकार । मिशरी । " स्वार्थे कन् ".

मत्स्यरङ्ग, (पु०) मत्स्येन रजति । रञ्+कर्त्तरि संज्ञायां घञ् । (मछरङ्गा) एक प्रकारका पक्षी । "किंगफिशर".

मत्स्यवेधन, (न०) मत्स्यो विध्यतेऽनेन । विध+ल्युट् । जिस्से मच्छीको वेधन कर्त्ते हैं । बड़िश । कुंडी । मद्गु नामी पक्षी (पानकौड़ी) (पु०).

मत्स्योदरी, (स्त्री०) मत्स्यगंधयुक्तं उदरं अस्याः । जिसका पेट मच्छीके गंधवाला है । व्यासदेवकी माता (मां) । मत्स्यगंधा । काशीमें एक तीर्थ.

मथ्, -विलोड़न-बिलोना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मथते.

मथ्, -वध-मारना । सक० । क्लेश-दुःख देना । अक० भ्वा० पर० सेट् । इदित् । मन्थति । अमन्थीत्.

मथन, (न०) मथ्+ल्युट् । वध । मारना । क्लेश । दुःख देना । विलोड़न । बिलोना । " क्षीरोदमथनोद्भूतं " पुराणम्.

मथित, (त्रि०) पीड़ित । निकालागया । हत । मारा-गया । मथ+क्त । निर्जलतक्र (पानीके बिना छाछ) (न०).

मथुरा, (स्त्री०) मथ्+उरच् । अपने नामसे प्रसिद्धनगरी.

मद्, -हर्ष-खुश होना । दिवा० पर० अक० सेट् । माद्यति । अमदत्-अमादीत् । अमदीत्.

मद, -गर्व-अहंकार करना । और दीन होना । भ्वा० पर० अक० सेट् । मदति । अमादीत्-अमदीत्.

मद, (पु०) मद्+अच् । हस्तिगण्डजल । हाथीकी गाल-का पानी (मस्ती) । आमोद । खुश । अहंकार । वीर्य्य । मृगमद । कस्तूरी । मत्तता वा । मस्ती । कल्याण करनेहारा पदार्थ. [चीनी । " मदोत्कट ".

मदकट, (पु०) मदेन कटति । कट्+अच् । खण्ड । खांड ।

मदकल, (पु०) मदेन कलति । कल्+अच् । मत्तहस्ती । मस्तहाथी । मदोत्कट । बहुत मस्त । और अव्यक्त (नामालूम) शब्द करनेवाला (त्रि०).

मदगंध, (पु०) मदस्य (हस्तिदानस्य) इव गंधः अस्य । हाथीके मदके समान जिसका गंध है । सप्तच्छद वृक्ष । मदिरा (शराब) (स्त्री०).

मदन, (पु०) माद्यति अनेन । मद्+करणे ल्युट् । जिस्से मस्त होता वा खुश होता है । कामदेव । शहवतका देवता । वसन्त । मौसम । एक वृक्ष । सुरा (शराब) (स्त्री०).

मदनचतुर्दशी, (स्त्री०) मदनस्य (तदुपासनार्था) चतुर्दशी । कामदेवकी उपासना करनेकी चतुर्दशी (चेत-की शुक्लचतुर्दशी).

मदनमोहन, (पु०) मदनं अपि मोहयति । मुह्+णिच्+ल्यु । कामदेवको भी मोह लेता है । श्रीकृष्ण देव.

मदनसदन, (न०) ६ त० । कामदेवका घर । स्त्रीके चिह्नविशेष । भग । (ज्योतिष्में) लग्नसे सातवां स्थान.

मदनावस्था, (स्त्री०) मदनकृतावस्था । कामदेवसे कीगई दशा । कामिओंकी कामदेवसे कीगई उन्माद (पागल होना) आदि दशा (कामदेवकी दस दशा हैं । १० वीं मौत).

मदयित्नु, (पु०) मद्+णिच्+इत्नुच् । कामदेव । मेघ (बादल) । शौण्डिक (शराब वेचनेवाला-कलाल) । शराब (न०) । मादक (मस्त करनेहारा) (त्रि०).

मदालापिन्, (पु०) मदेन आलपति । आ+लप्+णिनि । मस्तीसे बोलती है । कोकिल । कोइल.

मदिरा, (स्त्री०) मद्+किरन् । मद्यसामान्य । हरएक तरहकी शराब । (ये " माध्वीक " आदि भेदसे बारह प्रकारकी होती है) । और मत्त खञ्जन । ममोला । रक्त खदिर (लाल खैर) (पु०).

मदोत्कट, (पु०) मदेन (दानवारिणा) उत्कटः (उद्धतः) । मस्तीसे जोरमें आयाहुआ । मत्तगज । मस्तहाथी । मदिरा (शराब) (स्त्री०) । मदोद्धत । मस्त (त्रि०).

मदोदग्र, (पु०) मदेन उदग्रः (उग्रः) । मत्त । मत्त-नारी (स्त्री०). [मत्त.

मदोद्धत, (त्रि०) मदेन उद्धतः । मदसे जोरावर । मत्त ।

मद्गु, (पु०) मस्ज्+उ-पृ० धातुको " मद " का आदेश होता है । गुक्च । (पानकौड़ि) एक प्रकारका पक्षी । एक प्रकारका सांप । एक जंगली पशु । नौका । बेड़ी । नाव । वर्णसंकर । दोगला । वगुला । बक.

मद्गुर, (पु०) मद्+उरच्-गुक्च । (मगर) एक प्रकारका मच्छ.

मद्य, (न०) माद्यति अनेन । करणे यत् । जिस्से मत्त वा खुश होता है । मदिरा । शराब (दस प्रकारका है).

मद्र, (पु०) मद्+रक् । देशविशेष । मारवाड़का मुल्क । हर्ष.

मधु, (न०) मन्+उ । " न " को " ध " होता है । मद्य (शराब) । क्षौद्र । शहत (मक्खीओंसे बनाहुआ) । फूलका रस । जल (पानी) । और मधुर रस (मीठा पानी रस) । विष्णुके कानसे उत्पन्नहुआ एक दैत्य । कुम्भीनसी राक्षसीका भर्त्ता एक दैत्य । वसन्त ऋतु । चेतका महीना । एकवृक्ष । अशोकवृक्ष । और यष्टिमधु (मुलठी) (पु०) । प्राणिओंका शुभाशुभ (भला और बुरा) कर्म्म (काम) (न०) । जीवन्ती (स्त्री०) " स्वार्थे कन् " मुलठी (न०).

मधुकर, (पु०) मधु करोति (संचिन्त्य निष्पादयति) कृ+अच् । शहत (छता) बनाता है । भ्रमर । भौंरा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मधुक्षीर, (पु०) मधु (मधुरं) क्षीरं अस्य । मीठे दूध-
वाला । खजूरका दरख्त.

मधुज, (न०) मधुनो जायते । जन्+ड । शहतसे उप-
जता है । सिक्थक (मोंम) । मधुदैत्य । मेदसे उपजी
भूमि (स्त्री०).

मधुजित्, (पु०) मधुनामासुरं जितवान् । जि+भूते क्विप् ।
जिसने मधु नामी दैत्यको जीतलिया । विष्णु.

मधुत्रय, (न०) मधूनां (मधुराणां) त्रयं । तीन मीठे ।
शहत, घृत (घी) और मिसरी.

मधुप, (पु०) मधु पिबति । पा+क । शहत (रस) पीता
है । भ्रमर (भौंरा) । शहत पीनेवाला (त्रि०).

मधुपर्क, (न०) पृच्+घञ् । मधुनः पर्कों योगो यत्र ।
जिसमें शहतका मेल हो । कांसीके पात्रमें रक्खाहुआ
दही जिसमें शहत मिलाहो और ऊपरसे कांसीके पात्रसे
ढकाहो । दही, घी, पानी, शहत और मिशरी ये ५ चीजें.

मधुपुरी, (स्त्री०) मधोर्दैत्यस्य पुरी । मधु नामी दैत्यकी
पुरी । मथुरा.

मधुमक्षिका, (स्त्री०) मधुसञ्चायिका मक्षिका । शहत
इकट्ठा करनेवाली मक्खी । शहतकी माखी । एक प्रका-
रका कीड़ा.

मधुमत्, (त्रि०) मधुः (मधुरसः) अस्ति अस्य । मतुप् ।
मीठे रसवाला । माधुर्य्यवान् । एकनदी । योगशास्त्रमें प्र-
सिद्ध योगिओंकी एक प्रकारकी चित्तकी वृत्ति । वेदमें
प्रसिद्ध "मधुवाता" इत्यादि तीन ऋचा । तन्त्रमें एक
देवी (स्त्री०). [मुलही । गन्ना.

मधुयष्टि, (स्त्री०) मधुरा यष्टिः (काण्डं) । मीठी छड़ी ।

मधुर, (पु०) मधु (माधुर्य्यं) राति । रा+क । अस्ति
अर्थे "र" वा । गुड़ आदिका मीठा रस । (मीठे रस-
वाला) । इक्षु (गन्ना) आदि । मनोहर (खूब सूरत) ।
और प्रिय (पियारा) (त्रि०) । लाल गन्ना । गुड ।
शालि (धान) । और जीरा (पु०).

मधुरस, (पु०) मधुन इव रसो यस्य । शहतके समान
जिसका रस है । इक्षु । गन्ना । और जल (पानी) ।
मूर्वा । दुग्धिका । गम्भारी (स्त्री०).

मधुरस्रवा, (स्त्री०) मधुरं स्रवति । स्रु+अच् । मीठेको
बहाती है । पिण्डखर्जूर । पिण्डखजूर.

मधुलिह्, (पु०) मधु लेढि (आस्वादयति) । लिह्+
क्विप् । शहतको चाटता है । भ्रमर । भौंरा । "णिनि"
मधुलेही.

मधुवन, (न०) मधुदैत्याधिष्ठितं वनं । वह वन जहां
"मधु" दैत्य निवास कर्त्ता है । मथुरा क्षेत्रमें एक वन
है । किष्किंधा नगरीमें बहुत मधुवाला एक वन.

मधुवार, (पु०) मधुनो मद्यस्य वारः (क्रमः) वार २
मद्यका पीना । शराबकी वारी.

मधुबीज, (पु०) मधु (मधुरं) बीजं यस्य । मीठे बीज-
वाला दाड़िम । अनार.

मधुशेष, (पु० न०) मधुनः शेषः (उच्छिष्टम्) । शहत-
का बाकी (जूठा) । सिक्थक । मोम.

मधुसख, (पु०) मधोर्वसन्तस्य सखा (सहचरः) अच्
स० । बसन्तका मित्र । कामदेव । "मधुसारथि".

मधुसूदन, (पु०) मधुं (तन्नामासुरं) सूदयति । मधु
(जीवानां शुभाशुभकर्म्म, ज्ञानदानेन) सूदयति वा ।
सूद्+ल्युट् । मधुनामी दैत्यको नाश कर्त्ता है । अथवा
जीवोंके भले और बुरे कर्म्मको ज्ञान देकर काट देता है ।
श्रीकृष्ण । "मधु" माध्वीकं सूदयति भक्षयति । जो
शहतके रसको पीता है । भ्रमर । भौंरा । "मधु इव
सूद्यते (भक्ष्यते) ल्युट् ङीप्" मधुकी नाईं खायाजाता है ।
पालङ्की शाक.

मधुस्वर, (पु०) मधुः (मधुरः) स्वरः अस्य । मीठी
आवाज़ है इसकी । कोकिल । कोइल । मीठी आवाज़-
(स्वर)वाला (त्रि०).

मधुहन्, (पु०) मधुनामासुरं-कर्म्मफलं वा ज्ञानद्वारा
हन्ति । हन्+क्विप् । मधुनामी दैत्य वा ज्ञानसे कर्म्मके
फलको नाश कर्त्ता है । विष्णु । नारायण.

मधूच्छिष्ट, (न०) मधुनः उच्छिष्टं (अवशिष्टं) । शह-
तका बाकी । मोम । सिक्थक । "मधूज्झित" इसी
अर्थमें.

मधूपघ्न, (पु० न०) मधुदैत्यस्य उपघ्नं (आश्रयः) ।
मधुदैत्यका आश्रय (रहनेका स्थान) । मथुरा पुरी ।
मथुरा नगर.

मध्य, (पु०) मन्+यक् "न" को "ध" होता है ।
बीच । बीचका । बीचका कद्द । (शरीरका) कमर ।
बीचका हिस्सा । शरीरका बीच (लङ्क) । पेट (उदर) ।
किसी वस्तुका बीच वा बीचका भाग । बीचकी अंगुली ।
नाच (नृत्य) आदि मन्दत्व और शीघ्रत्व भिन्न व्यापार ।
पूर्व और पश्चिमकी सीमाका बीच । परार्द्ध संख्यासे छोटी
संख्या । ज्योतिषमें ग्रहकी गतिविशेष (स्त्री०) । उस ग-
तिवाला ग्रह (पु०) । न्याय्य (इन्साफसे भराहुआ) ।
और बीचमें पडाहुआ (मुन्सिफ़-अन्तवर्ती) (त्रि०).

मध्यगंध, (पु०) मध्ये (फलमध्ये) गंधो यस्य । फलके
बीचमें जिसका गंध है । आम्रवृक्ष । आमका दरख्त.

मध्यतस्, (न०) मध्य+तसिल् । प्रथमा, पञ्चमी और
सप्तमीके अर्थमें वर्तमान मध्यशब्दका अर्थ । बीच, बी-
चसे और बीचमें.

मध्यदेश, (पु०) कर्म० । किसी चीज़का बीचका भाग ।
कमर । हिमालय और विन्ध्य पर्वतका बीच, कुरुक्षेत्र
(विनशन)से पहिले और प्रयाग (अलाहाबाद)से
पश्चिमकी ओर "मध्यदेश" कहा है । एक देश.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मध्यन्दिन, (न०) मध्यं दिनस्य । अलुक् समा० । दिनका बीच । मध्याह्न (दुपहिर).

मध्यमपदलोपिन्, (पु०) मध्यमपदस्य लोपः अस्ति अस्य । इनि । जिसके बीचमें आये पदका लोप होता है । व्याकरणमें प्रसिद्ध " शाकपार्थिव " (शाकप्रियः पार्थिवः) आदि समासविशेष.

मध्यम, (त्रि०) मध्ये भवः । म । मध्यभव । बीचमें हुआ । बीचका । बिचला । सात स्वरोंमें पांचवां स्वर (सुर) (पु०).

मध्यमपाण्डव, (पु०) कर्म० । (पहिले और पिछले दोनोंके बीचमें होनेसे) अर्जुन । बिचला पाण्डुका पुत्र.

मध्यमभृतक, (पु०) कर्म० । " मध्यमस्तु कृषीवलः" खेती करनेवाला नौकर । किसान.

मध्यमलोक, (पु०) कर्म० । पृथिवी । (यह पाताल और स्वर्गलोकके बीचमें है) । " मध्यमलोकपालः " इति रघुः । बीचका लोक.

मध्यमसंग्रह, (पु०) कर्म । दूसरेकी स्त्रीको सुगन्धिवाली माला, भूषण और वस्त्र भेजना एवं खाने पीनेकी चीज़ोंसे लोभ दिखाना । मध्यम (स्त्रीका पकड़नारूप) विवाद.

मध्यमसाहस, (पु०) कर्म० । बिचला साहस (दिलेरी- बिना सोचे काम करना) । दूसरेके कपड़े आदिको फाड़ना । फेंकना आदि । जोरसे कोई काम करना । पांच पणका दण्ड (सज़ा)विशेष (पु०).

मध्यमा, (स्त्री०) मध्य+म । दृष्टरजस्का नारी । वह स्त्री कि जिसे महीनेका ऋतु (रज़-फूल) आचुका हो । बीचकी अंगुली । कमल आदिकी कर्णिका (डण्डी) । हृदयमें उत्पन्न हुई वैखरी आदिमें एकप्रकारकी वाणी । एक प्रकारकी स्त्री (औरत) । नायिकाविशेष.

मध्यमाहरण, (न०) वीजगणितमें प्रसिद्ध अव्यक्त (नामालूम) मान (माप)को जतानेहारी गणना । (गिनती).

मध्यरात्र, (पु०) मध्यं रात्रेः । एकदेशि स० अच् समा । रातका बीच । निशीथ । अर्द्धरात्र । आधीरात.

मध्यवर्तिन्, (त्रि०) मध्ये वर्तते । वृत्+णिनि । बीचमें रहता है । वादिप्रतिवादी वा और किसी दोनोंके पक्ष प्रतिपक्षके विषयको विचार कर तत्वका निर्णय (फैसला) करनेहारा । अपने अर्थको न विगाड़ कर दूसरेके अर्थको सम्पादन करनेहारा । कामको पूरा करनेवाला (मध्यस्थ) । बीचमें पड़ा । मुन्सिफ़.

मध्यस्थ, (पु०) मध्ये तिष्ठति । स्था+क । बीचमें रहता है । मध्यवर्त्ती । उदासीन । "माध्यस्थमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे " कुमारः.

मध्या, (स्त्री०) स्त्रियां टाप् । तीन अक्षरोंके पादवाला एकछन्द । नायिकाविशेष । मध्यमा अंगुली । बीचकी अंगुल.

मध्याह्न, (पु०) मध्यं अह्नः । एक० स० टच् समा० अह्नादेश । तीन भागमें वाँटेगये दिनका दूसरा भाग पांच भागमें वाँटेहुए दिनका तीसरा भाग (हिस्सह) दुपहिर । कुतपकाल.

मध्वासव, (पु०) मधुना (पुष्परसेन) कृत आसवः मधु (दाख) वृक्षके फूलोंके रससे बनाहुआ मद्य (शराब).

[सेट् । मनते

मन्,-पूजाकरना । सक० । अहंकार करना-अक०भ्वा० प०

मन्, -अहंकारकरना । अक० चु० आ० सेट् । मानयते अमीमनत.

[निट्

मन्, -बोध-जान्ना । तना० आ० सक० सेट् । मनुते । अम०

मन्, -जान्ना-दिवा० आ० सक० अनिट् । मन्यते । अमंस्त

मनःशिला, (स्त्री०) मनःशब्दवाच्या शिला । मंछल लाल रंगका एक प्रकारका धातु (गेरी) । " मनःशिला- विच्छुरिता निषेदुः " इति कुमारः । (पु०) भी.

मनस्, (न०) मन्यते अनेन । मन्+असि । मानता है इस्से । सर्वेन्द्रियप्रवर्त्तक अन्तरिन्द्रिय । सब इन्द्रियोंके चलानेवाला भीतरका इन्द्रिय । (वह वेदान्तमतमें संकल्पविकल्पस्वरूप वृत्तिवाला अंतःकरण-सुख और दुःखका आधार,न्यायमतमें वह ज्ञानका साधन है) । मनःशिला । मंछल.

मनसा, (स्त्री०) मननं मनं स्यति । सो+क । आस्तीक- मुनिकी माता । वासुकीकी भगिनी (बहिन) । जरत्कारुकी पत्नी.

मनसिज, (पु०) मनसि जायते । जन्+ड् । सप्तमीके विकल्पसे अलुक् । मनमें उपजता है । कामदेव । "मनोज " यही अर्थ है.

मनसिशय, (पु०) मनसि शेते । अच् वा अलुक् । मन- में सोता है । कामदेव । " मनःशय " यही अर्थ होता है.

मनस्कार, (पु०) कृ+घञ् । मनसः कारो व्यापारभेदः । चित्तका सुखमें तत्पर होना । दिलका सुख चाहना.

मनस्ताप, (पु०) मनसस्तापः (अनुतापः) । मनका तपना । मनकी पीड़ा.

मनस्विन्, (त्रि०) प्रशस्तं मनः अस्ति अस्य । अच्छा मन है इसका । प्रशस्तमनस्क । अच्छे मनवाला । "विनि" दाना । पण्डित । बड़े दिलवाला । और पक्के चित्तवाला "सरमनामी पशु" (पु०) । "स्त्रीलिङ्गमें ङीप् होता है" बड़े दिलवाली अथवा मगरूर (अहंकार करनेवाली) औरत । दाना अथवा धर्म्मात्मा स्त्री । दुर्गाका नाम । चांदकी मा.

[थोड़ा

मनाक्, (अव्य०) ईषत् (थोड़ा) । मन्द (धीरे) ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मनावी, (स्त्री०) मनोः पत्नी । वा ङीप्-औङ्च । मनुकी स्त्री.
मनित, (त्रि०) भ्वा० मन्+क्त । ज्ञात । जानाहुआ.
मनीषा, (स्त्री०) ईष्+अङ् । मनस ईषा । शक० । बुद्धि । अक्किल । इच्छा । चाह । समझ । खयाल । (वेदमें) सूक्त (गीत).
मनीषिन्, (पु०) मनीषा अस्ति अस्य । इनि । मनीषा-वाला । पण्डित । बुद्धियुक्त । अकिलवाला (त्रि०).
मनु, (स्त्री०) मन्+उ । मनुकी स्त्री । एक प्रजापति । धर्म्मशास्त्रके बनानेवाला । और स्वयम्भु (ब्रह्मा) से उत्पन्न हुआ मुनि (पु०). [मनुसे हुआ । मनुष्य.
मनुज, (पु०) मनोः (स्वायम्भुवात्) जायते । जन्+ड ।
मनुष्य, (पु०) मनोरपत्यं । यक्-सुक्च । मनुकी संता-न । मानव । मनुष्यकी जाति । स्त्रियां जातौ ङीप्.
मनुष्यधर्म्मन्, (पु०) मनुष्यस्य इव धर्म्मो यस्य (नर-वाहनत्वात्) । अनिच् समा० । नरवाहन (मनुष्योंपर चढ़नेहारा) होनेसे मनुष्यके समान है धर्म्म जिसका । कुवेर । धनका राजा.
मनोजव,(त्रि०) जू+अच् । मनोजवं वेगवत् नमनाय वसित् । पितृतुल्य । पिताके समान। "मनस इव जवो यस्य" मनके समान है वेग जिसका । वड़े वेगवाला । (त्रि०) आगकी जीभ (स्त्री०).
मनोजवृद्धि,(पु०) मनोजस्य (कामस्य) वृद्धिर्यस्मात् ५ब० । कामदेवकी वृद्धि (वढ़ती) होती है जिससे । कामवृद्धिवृक्ष.
मनोज्ञ, (त्रि०) मनो जानाति (ज्ञापयति) बोधनाय प्रवणीकरोति अन्तर्भावितण्यर्थे ज्ञा+क । मनको जताता है वा समझनेको झुकाता है । मनोहर । मनको खेंचने-वाला । सुन्दर । मनःशिला । मदिरा (स्त्री०).
मनोभव, (पु०) मनसि भवति । भू+अच् । मनमें होता है। कामदेव । " मनोज " " मनोभू " इत्यादि-यही अर्थ.
मनोरथ, (पु०) मन एव रथः अत्र । मनसो रथ इव वा । मनही है रथ यहां । मनका मानों रथ है । इच्छा । ख्वाहिशः.
मनोरम, (त्रि०) मनो रमयति । रम्+णिच् । अच्-उप० । मनको प्रसन्न कर्त्ता है । मनोहर । सुन्दर । गोरोचना । (स्त्री०).
मनोहर, (त्रि०) मनो हरति (स्वदर्शनाय) हृ+अच् । अपने देखनेके लिये मनको खेंचता है । रुचिर । सुन्दर । मनोहर । कुंदका वृक्ष (पु०) । सोना (न०).
मंज, -मार्जन-पोंछना । सक० । ध्वनि-शब्द करना-अक० भ्वा० पर० सेट् । मज्जति । अमज्जीत्.
मन्तु, (पु०) मन्+क्तु-तुट्च । अपराध । कसूर । मनुष्य । आदमी । और प्रजापति (प्रजाका मालिक).
मन्त्र, (पु०) मन्त्रि+अच् । गुप्तभाषण । छिपाहुआ बोलना । सलाह । देवता आदिको सिद्ध करनेके लिये तन्त्र आदि-में कहाहुआ शब्दविशेष । वेदका हिस्सह.
मन्त्रजिह्व, (पु०) मन्त्र एव जिह्वा (आस्वादनसाधनं) यस्य । मन्त्रही है जीभ (स्वाद लेनेका साधन) जिसकी । अग्नि (आग) । (मन्त्रसे दियेहुए हविको लेता है). [गुरु.
मन्त्रदातृ, (पु०) दा+तृच् । ६ त० । मन्त्रके देनेहारा ।
मन्त्रिन्, (पु०) मन्त्रयते णिनि । जिसके साथ एकान्तमें कर्त्तव्यका विचार कियाजाता है । अमात्य । वज़ीर.
मन्थ् ,-विलोड़-बिलोना-रिड़कना । क्र्या० पर० द्विक० सेट् । मथ्नाति । अमन्थीत् । मथित । मथ्यते.
मन्थ, (पु०) मन्थ+करणे घञ् । मन्थनदण्ड । मधानी । मथानी । पीनेकी एक विशेष वस्तु । सूर्य्य । आकका वृक्ष । आंखकी मैल । और किरण । " भावे घञ्" आलोड़न । बिलोना.
मन्थज, (न०) मंथात् (दधिमंथनात्) जायते । जन् +ड । दही बिलोनेसे उपजता है । नवनीत । मक्खन । माखन.
मन्थन, (पु०) मथ्यते अनेन । करणे ल्युट् । मंथानदण्ड। बिलोनेका डंडा । मथानी । " भावे ल्युट् " बिलोना । रिड़कना.
मंथर, (त्रि०) मंथ्+अरच् । धीमा । मंद । मूर्ख । सुस्त । बेवकूफ । झुकाहुआ । टेढ़ा । मुड़ाहुआ और जतलाने-वाला । कोष (खजाना) । सिरका वाल । कोप (गुस्सा) । ताज़ा मक्खन । मथानी । विघ्न (रुकावट) । और फल (पु०) । केकयीकी दासी (स्त्री०).
मंथरु, (पु०) मथ्+अरु । चामरवायु । चौरीकी हवा.
मंथान, (पु०) मंथ्+आनच् । मंथानी । रिड़कनेका डण्डा । शिवजी.
मंथिन्, -मथ्+णिनि । विलोनेवाला । रिड़कनेवाला । (वेद-में) सोमलताका रस । रिड़कनेका पात्र (वर्त्तन).
मंथशैल, (पु०) ६ त० । रिड़कनेका पहाड़ (समुद्र-मंथनाय मंथनदण्डरूपेण कल्पितमन्दारपर्वतः) समुद्र-को रिड़कनेके लिये मथानीस्वरूपसे काममें लायागया मंदारनामी पहाड़ । (१४ रत्न निकालेगयेथे).
मन्द, (त्रि ०) मदि+अच् । मूर्ख । वेवकूफ़ । मृदु । को-मल । अभाग्य । बदकिस्मत । रोगी । बीमार । थोड़ा । स्वतन्त्र । खुला । और खल (नीच) । शनिग्रह । एक प्रकारका हाथी । यम । और प्रलय (पु०) । ज्योतिष्में एक प्रकारका सूर्य्यका संक्रमण अर्थात् एक राशिसे दू-सरीमें जाना (स्त्री०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मंदग, (त्रि०) मन्दं गच्छति । गम्+ड । धीरे जाता है । मृदुगामी । धीरे चलनेहारा । सुस्त । बेवकूफ़ । (ज्ञानी) पुरुष, बैल, हाथी, हंस, ये सब स्वभावसे मंदगति धीरे चलनेवाले होते हैं)-सुन्दर स्त्रियें भी । णिनि "मंदगामी" (त्रि०) यही अर्थ है । स्त्रियां ङीप् । "मंदगामिनी". [जाड्य । बेवकूफ़ी । और मंदहोना.

मंदता, (स्त्री०) मंदस्य भावः । तल् । मंदपना । आलस्य ।

मन्दर, (पु०) मदि+अरन् । समुद्रको रिड़कनेका साधन । एक पहाड़ । मंदारवृक्ष । स्वर्ग । एक प्रकारका हार । और दर्पण (शीशा-आईना) । बहुत । और मंद (त्रि०) । "मंदार" भी.

मंदाकिनी, (स्त्री०) मंदं अकति । अक्+णिनि । स्वर्गकी गंगा । "स्वर्गे मंदाकिनी तथा" इति पुराणम्.

मंदाक्रान्ता, (स्त्री०) सप्तदशाक्षरपादकच्छन्दभेदः । १७ अक्षरके पादवाला एक छंद.

मंदाक्ष, (न०) मंदं (संकुचितं) अक्षि यस्मात् । पच् समा० । जिस्से आंख सिकुड़जाती है । लज्जा । शरम.

मंदाग्नि, (पु०) मंदः (पचने अल्पशक्तिकः) अग्निः । स यस्मात् वा । शरीरमें अन्नको न पकानेवाली आग । इसी कारणसे उत्पन्नहुआ एक रोग । बदहज़मी.

मंदिर, (न०) मन्यतेऽत्र । मदि+किरच् । जहां हर्ष किया जाता है । घर । देवालय (देवताका घर) । पुर (शहर) । समुद्र और घुटनोंका पिछला हिस्सह । (पु०). [तबेला । एक बाजा.

मन्दुरा, (स्त्री०) मदि+उरच् । अश्वशाला । अस्तबल ।

मंदोदरी, (स्त्री०) मयदानवकन्या । मयनामी दैत्यकी लड़की । रावणमहिषी । रावणकी पटरानी । रावणकी औरत. [शीतगरम । उसवाला (त्रि०).

मंदोष्ण, (न०) मन्दं (ईषत्) उष्णम् । थोड़ा गरम ।

मन्द्र, (पु०) मदि+रक् । एक प्रकारका बाजा । गंभीरध्वनि । "अच्" उसवाला (त्रि०) । गहरी आवाज़वाला.

मन्मथ, (पु०) मननं मत् । मन्+क्विप् । मथति । अच् । ६ त० । विचारका नाश करनेहारा । कंदर्प । कामदेव । कपित्थ वृक्ष. [यज्ञ । क्रोध । गुस्सह । और अहंकार.

मन्थु, (पु०) मन्+युच् । शोक । दीनता । कायरपना ।

मन्वन्तर, (न०) मनूनां अन्तरं (अवकाशः) तदुपलक्षितकालो वा । मनुओंके राज्य करनेका समय । स्वायम्भुव आदि मनुओंका अधिकार और उनसे पहिचाना गया समय । सत्ययुग आदि ७१ एकहत्तर चौकड़िआं । (३११४४८०००) इतने वर्षका समय.

मभ्र्, -गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मभ्रति । अमभ्रीत्. [मेरा.

मम, (अव्य०) अस्मद् शब्दकी षष्ठीका एकवचन ।

ममता, (स्त्री०) मम भावः तल् । मेरापन । अपनेका ज्ञान । स्नेह । प्यार.

मय्, -गति-जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मयते-अमयिष्ट.

मय, (पु०) मय्+अच् । उष्ट्र (ऊंठ) । अश्वतर (खच्चर) । एकदैत्य. [और हरिण.

मयु, (पु०) मि+उ । किन्नर (एक प्रकारकी देवता) ।

मयूख, (पु०) माङ्+ऊख-"मय"का आदेश होता है । त्विष् । चमक । किरण । शिखा । लाट । और शोभा.

मयूर, (पु०) मी+ऊरन् । अपने नामसे प्रसिद्ध एक पक्षी । मोर । एक प्रकारका फूल । एककवि (सूर्यशतकका बनानेवाला) । समयको मापनेका एक साधन । ताऊस.

मयूरारि, (पु०) ६ त० । मोरका शत्रु । कृकलास । गिरगिट.

मरक, (पु०) मृ+वुन् । दैविक और भौतिक उपद्रवोंसे उत्पन्न हुआ प्राणिओंका बिना समय मरना । मारिकाभय । बवा.

मरकत, (न०) मरकं (मारिभयं) तरति अनेन । तॄ-ड । जिस्से मारिभय (बवा) को तरजाता है । हरे रंगकी एक मणि । पन्ना.

मरण, (न०) म्रियते अनेन । मृ+करणे ल्युट् । वत्सनाभनामी विष (ज़हिर) । "भावे ल्युट्" शरीर और आत्माका अलग होना । प्राणवायुके निकलजानेका व्यापार । मरना । मौत.

मरन्द, (पु०) मरं (मरणं) द्यति (भ्रमराणां जीवनहेतुत्वात्) । भौरोंके जीवनका कारण होनेसे मौतको काटता है । मकरंद । फूलोंका रस । "मरंदक" भी.

मराल, (पु०) मृ+आलच् । राजहंस । कज्जल । कारण्डव । घोड़ा । बादल । नीच । अनारका वन । चिक्कण (नर्म) (त्रि०).

मरीचि, (पु०) मृ+ईचि । सप्तर्षि (सात ऋषि)ओंमेंसे ब्रह्माका मानसिक (मनसे उपजा) सबसे बड़ा पुत्र । एक मुनि और कृपण (सूम) । किरण (पु० स्त्री०).

मरीचिका, (स्त्री०) मरीचौ (सूर्य्यकिरणे) कं (जलं) इव यत्र भ्रान्तौ । जिस भ्रममें सूर्य्यकी किरणोंके बीच जलकी प्रतीति हो । सूर्य्यकी किरणमें पानीका भ्रम । मृगतृष्णा । सुराब । हरिणका लालच.

मरु, (पु०) मृ+उ । पर्वत (पहाड़) । निर्जल देश (पानीके बिना देश) । कुरुबक वृक्ष । मारवाड़का देश (मुल्क). [और देवता ।

मरुत्, (पु०) मृ+उति । वायु (हवा) । "मरुत" "स्वार्थेऽण्" "मारुत" यही अर्थ है । भी "वायु" के अर्थमें है.

मरुत्त, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा । "संज्ञायां कन्" मरुवक. [आस्मान.

मरुत्पथ, (पु०) ६ त० । देवताओंका मार्ग । आकाश ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मरुत्पाल, (पु०) मरुतो (देवान्) पालयति । पाल्+अण् । जो देवताओंको पालता है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

मरुत्वत्, (पु०) मरुत् (पाल्यत्वेन) अस्ति अस्य । म-तुप् । "म" को "व"। जिसे देवताओंका पालन करना पड़ता है । इन्द्र.

मरुत्सख, (पु०) मरुतः (वायोः) सखा (टच्) । वायुका मित्र । इन्द्र । अग्नि (आग) । और चित्रक वृक्ष.

मरुदान्दोल, (न०) मरुतं आन्दोलयति अनेन । क-रणे घञ् । हवा (वायु) को हिलाता है इससे । व्यजन । पंखा. [पियारा । गुग्गुलु । गुग्गुल.

मरुदिष्ट, (पु०) मरुतां (देवानां) इष्टः । देवताओंका

मरुभू, (पु०) ७ ब० । मरुर्भूमिर्यत्र । मारवाड़ देश । कर्म० । निर्जलभू । जलरहित पृथिवी.

मर्क्,-गति । जाना । पर० सक० सेट् । मर्कति । अमर्कीत्.

मर्कट, (पु०) मर्क्+अटन् । वानर । बंदर । ऊर्णनाभ । मकड़ी । एक पक्षी.

मर्कटीजाल, (न०) छन्दोग्रन्थमें एक प्रस्ताव जिसमें लघु और गुरुके विचारको जाननेके लिये एक चक्र.

मर्कर, (पु०) मर्क्+अरच् । भृङ्गराज वृक्ष । भांड । वांझ औरत (स्त्री०). [ते । अममर्चत्-त.

मर्त्,-ग्रहण (पकड़ना) चु० उभ० सक० सेट् । मर्चयति-

मर्त्त, (पु०) मृ+तन् । मनुष्य । और पृथिवीका लोक । "वहांहुआ" यत् । "मर्त्यः" मनुष्य.

मर्दन, (न०) मृद्+ल्युट् । गात्रपादादिसंवाहन । मुट्ठी चापी करना । चूर्णन । चूरा करना । पीसना । मलना.

मर्दित, (त्रि०) चु० मृद्+क्त । चूर्णित । मलागया । पी-सागया । और गुथागया.

मर्व,-गति । भ्वा० पर० सक० सेट् । मर्वति । अमर्वीत्.

मर्म्मज्ञ, (पु०) मर्म जानाति । ज्ञा+क । तत्वज्ञ । छिपी-हुई बातको जाननेहारा । दाना । रहस्यके जाननेहारा । "मर्मवित्" यही अर्थ.

मर्मन्, (न०) मृ+मनिन् । जीवनस्थान । जीनेकी जगह । संधिस्थान । जोड़ोंकी जगह । और तात्पर्य्य । मतलब । सार । भेद.

मर्मर, (पु०) मृ+अरन्-मुट्च । कपड़ों और पत्तोंकी आवाज (खड़खड़ाहट) । मड़मड़ । हलदी (स्त्री०).

मर्म्मस्पृश्, (त्रि०) मर्म (प्राणस्थानं) स्पृशति । स्पृश्+क्विन् । जो जीवनके स्थानको छूता है । अरुन्तुद । मर्मपीड़क.

मर्य्या, (अव्य०) म्रियते (अवशिष्यते) अत्र । मृ+यत् । सीमा । हद्द । (स्त्रीलिङ्ग भी होता है) । "कर्त्तरि यत्" मनुष्य (पु०).

मर्य्यादा, (स्त्री०) मर्य्यायां (सीमायां) दीयते । दा+अच् । परि आदीयते वा । परि+आ+दा+अङ् । पृ० । "प" को "म"। न्याय्यपथस्थिति । न्याययुक्त (उचित-इन्साफवाले) मार्गमें रहना । सीमा । हद्द । और कूल । तट. [र्वीत्.

मर्व्,-पूर्ति-भरना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मर्वति । अम-

मल्,-धृति-पकड़ना-काबूकरना । भ्वा० आ० अ० सेट् । मलते । अमलिष्ट.

मल, (पु०) मृज्यते (शोध्यते) मृज+कल-टिलोपः । जो (प्रायश्चित्तद्वारा) साफ़ कियाजाता है । पाप (गुनाह) । पुरीष । विष्ठा (गूह)-शरीरसे साफ़ कियाजाता है । लोहे आदिका मल । कलंक । शरीरमें उत्पन्नहुआ पसीना और श्लेष्म (खखार) आदि । कपूर । कृपण । सूम । वात पित्त और कफ़ । मैल.

मलघ्न, (पु०) मलं (विष्ठां) हन्ति (रेचयति) । हन्+क । मलको खाली करनेवाला । शाल्मलीका कन्द । "मलहा" यही अर्थ.

मलद्राविन्, (पु०) मलं द्रावयति (रेचयति) । द्रु+णिच्-अण् । मलको पिघलाता है । जयपाल । जमाल-गोटा.

मलमास, (पु०) मलः (दुष्टः) मासः । मैला (खराब) महीना । सूर्य्यकी संक्रान्तिसे शून्य शुक्लप्रतिपदा (पड़वा)से अमावास्यातक चन्द्रमासम्बन्धी महीना । अधिकमास । बढ़ाहुआ महीना । लौंदका महीना.

मलय, (पु०) मल्+कयन् । दक्षिणमें एक पर्वत (जहां चंदन उपजता है । उस पर्वतके पासका देशविशेष । उपवन (छोटाबन) । नन्दनवन । नौ द्वीपोंमेंसे एक । ऋषभदेवका एक पुत्र.

मलयज, (न०) मलये (पर्वते) जायते । जन्+ड । मलय पहाड़में उपजता है । चंदन । मलय देशका वायु (हवा) (पु०) । उस देशमें उपजा (त्रि०).

मलारि, (पु०) मलस्य (कलंककिट्टादेः) अरिः । मैल-का शत्रु । सर्वक्षारद्रव्य । हरएक तरहकी खारी चीज़.

मलिन, (त्रि०) मल+अस्त्यर्थे इनच् । मलयुक्त । मैल-वाला । मैला । दूषित । और काला । इनि । "मली" यही अर्थ । सुहागा.

मलिनमुख, (पु०) मलिनं मुखं यस्य । जिसका मैला मुख है । वह्नि (आग) । उसका पहिले धूम-धूआं होनेसे काला मुख होता है । और वानर (बंदर) । क्रूर (बेरहम) और नीच (त्रि०).

मलिम्लुच, (पु०) मली (वैदिककर्मानर्हत्वेन दुष्टः) सन् म्लोचति (गच्छति) । म्लुच्+क । वेदमें कहेहुए कर्म्मोंके अयोग्य होनेसे चलाजाता है-अर्थात् इसमें

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शुभ कार्य्य नहिं हो सके । मलमास । वायु (हवा) । अग्नि (आग) और तस्कर (चोर).

मलीमस, (त्रि०) मल+ईम-सच् । मलिन । मैला । लोहा.

मल्ल,-धृति-पकडना । भ्वा० आ० अक० सेट् । मल्लते । अमल्लिष्ट.

मल्ल, (पु०) मल्ल्+अच् । बाहुयुद्धकारक । भुजाओंसे लडाई करनेवाला । पहिलवान । बलवान । वर्त्तन । (पात्र) । कपोल (गाल-गल्ल) । देशविशेष । जातिविशेष.

मल्लभू, (स्त्री०) मल्लक्रीडनस्य (बाहुयुद्धस्य) योग्या भूः (स्थानम्) । भुजाओंसे लड़ाई करनेके लायक जगह । अखाड़ा । एकदेश । पहिलवानों (पट्ठों) के लड़नेकी जगह.

मल्लयुद्ध, (न०) ६ त० । पहिलवानोंकी लड़ाई । बाहुयुद्ध.

मल्लार, (पु०) मल्ल इव ऋच्छति । ऋ+अच् । पहिलवानकी तरह जाता है । रागविशेष । एक रागिणी । वसन्तरागकी रागिनी । मेघरागकी रागिनी.

मल्लि (ल्ली),(स्त्री०) मल्ल् इन्-वा ङीप् । मल्लिका (मालतीकी बेल) । संज्ञायां कन् । एक प्रकारका हंस (जिसका शरीर काला और चोंच एवं चरण लाल होते हैं).

मश्,-ध्वनि । आवाज़ करना । अक० । क्रोध करना । सक० पर० सेट् । मशति । अमशीत्-अमाशीत्.

मशक, (पु०) मश+वुन् । एक प्रकारका कीडा । मच्छर.

मशि (सी), (स्त्री०) मश् (स्) इन् वा ङीप् । पत्र लिखनेका द्रव्य । स्याही । शाई. [षीत् । अमाशीत्.

मष्, -वध-मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मषति । अम-

मस्, -परिणाम-बदलना-पकना-परिमाण-मापना । दि० प० अक० सेट् । मस्यति । अमसत् । अमसीत्-अमासीत्.

मसरा, (स्त्री०) मस्+अरच् । मसूर । मसूर (मसरां)-की दाल.

मसिधान, (न०) मसिः धीयते अत्र । आधारे ल्युट् । जहां स्याही डाली जाती है । दवात । द्वात (स्त्री०) भी होता है । ङीष्.

मसिपण्य, (पु०) मसिः (तदुपलक्षितं अक्षरं) एव पण्यं (विक्रेयं) यस्य । स्याहीसे पहिचानाहुआ अक्षरही जिसका सौदा है । लेखनोपजीविन् । लिखनेकी जीविका करनेहारा । मुनशी । बाबू.

मसूरिका, (स्त्री०) मसूरेव इवार्थे कन् । कुट्टनी (दूसरे. पुरुषोंके साथ पराई स्त्रियोंको मिलानेवाली औरत) । चेचककी बीमारी.

मसृण, (त्रि०) मस्+ऋण । स्निग्ध । चिकना । और अकर्कश । नरम. [अमस्किष्ट.

मस्क,-गति-जाना । भ्वा० पर० अक० सेट् । मस्कति ।

मस्कर, (पु०) मस्क्+अरच् । वंश (बांस) । छेकवाला बांस । " भावे अरच् " गति (जाना) । और ज्ञान (जानना).

मस्करिन्, (पु०) मस्करो (ज्ञानं) गतिर्वास्ति अस्य इनि । ज्ञान वा गतिवाला । " माकर्त्तुं (कर्म निषेद्धुं) शीलं अस्य । मा+कृ+इनि " । जिसका स्वभाव कर्म्मोंके निषेध करनेका है । " मस्करमस्करिणौ " इति नि० । परिव्राजक । संन्यासी । विधिसे कर्म्मका परित्याग करनेवाला भिक्षु (फ़कीर-साधु) । और चन्द्रमा । चांद ।

मस्ज, -स्नान (नहाना) तु० पर० अक० अनिट् । मज्जति । अमाङ्क्षीत् । मग्नः.

मस्त (क), (न०) मस्+क्त । मस्तक (माथा) । उच्च (ऊंचा) (त्रि०) । और सीर (संज्ञामें कन्).

मस्तकस्नेह, (पु०) ६ त० । माथेकी चिकनाई । शिरःस्थित मज्जा । सिरकी मज्जा (घीके स्वरूपमें चिकनाई) । मस्तिष्क (मगज़).

मस्तिष्क, (न०) मस+क्तिन्-मस्ति (परिणतिभेदं) मुष्कति । मुष्क्-गति (जाना)+अच्-पृ० । मस्तकस्नेहाकारपदार्थ । माथेमें चिकने स्वरूपका एक पदार्थ । मगज.

मस्तमूलक, (न०) मस्तस्य मूलं इव (इवार्थे कन्) । माथेकी मानों जड़ है । शिरोधरा । सिरको उठानेहारी गर्द्दन । गला. [लम्भी.

मस्तु, (न०) मस्त+उ । दधिमण्ड । दहीका पानी । छाछ.

मह्,-पूजा करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । महति । अमहीत्. [मंहयति-ते.

मह्,-दीप्ति (चमकना) चु० उ० अक० सेट्-इदित् ।

मह्,-बढ़ना । भ्वा० आ० अक० सेट्-इदित् । मंहते । अमंहिष्ट.

मह, (पु०) मह्+क । उत्सव । खुशी । सदा आनंद देनेहारा व्यापार । तेज । यज्ञ । याग । महिष । भैंसा.

महत्, (त्रि०) मह्+अति । विपुल । फ़ैलाहुआ । बड़ा । और बूढ़ा । राज्य (न०) सांख्यमें कहाहुआ महत्त्व (पु०) " प्रकृतेर्महान् " श्रुतिः.

महती, (स्त्री०) मह+अति-ङीप् । एक प्रकारकी बीन । नारदजीकी बीन.

महत्तत्व, (न०) कर्म्म० । सांख्यमें कहाहुआ प्रकृति आदि चौवीस तत्वोंमें प्रकृतिका कार्य्य अहंकारका आदिकारण निश्चय स्वरूपवृत्तिवाला एकतत्त्व । बड़ा तत्व । बुद्धि । अकिल.

महर्लोक, (पु०) कर्म्म० । भूआदि ऊपरके सात लोकोंमेंसे लोक । ऊपरका एक लोक. [व्यास आदि ।

महर्षि, (पु०) कर्म्म० । परमर्षि शब्दके अर्थमें (वेद

महस्, (न०) मह्+असुन् । तेज । यज्ञ और उत्सव.

महाकाय, (पु०) ६ ब० । बडे शरीरवाला । शिववाला ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

के सेवकोंमेंसे एक (नन्दी) । और हाथी । मोटे शरीरवाला (पु०).

महाकार्तिकी, (स्त्री०) कार्तिकीं अधिकृत्य । रोहिणी नक्षत्रवाली कार्तिक (कत्तक)की पूर्णिमा.

महाकाल, (पु०) कर्म० । अनवच्छिन्न काल । लगातार समय । और शिवजी । एक बेल । भैरवविशेष.

महाकाव्य, (न०) कवेः कर्म काव्यं । कर्म० । सर्गोंमें बंधाहुआ आठसे अधिक सर्गवाला एक ग्रन्थ.

महाकुल, (न०) कर्म० । दशपुरुषावधि-वेदाध्यायी वंश । वह कुल कि जिसमें दस पीढ़ीतक वेद पढ़ते पढ़ाते चले आते हैं । बडा कुल (खान्दान).

महागंध, (न०) महान् गंधः अस्य । बड़े गंधवाला । हरिचंदन । जलवेतस वृक्ष (पु०) नागबला (स्त्री०).

महागुरु, (पु०) कर्म्म० । बड़ा गुरु (माता, पिता, आचार्य्य) । दान कीगई कन्याका पति । न दान कीगई कन्याका पिता और माता.

महाग्रीव, (पु०) महती ग्रीवा अस्य (बडी गर्द्दनवाला) । उष्ट्र । ऊंठ । लंबी गर्द्दनवाला (त्रि०).

महाङ्ग, (पु०) महत् अङ्गं अस्य । बड़े अंगवाला । ऊंठ । फैलेहुए अंगवाला (त्रि०) । गोक्षुरक (पु०).

महाच्छाय, (पु०) महती छाया यस्य । बड़ी छायावाला । वटवृक्ष (बड़का दरख्त) । विपुल छायायुक्त (त्रि०).

महाजन, (पु०) कर्म्म० । वेदके वाक्योंमें विश्वास करनेहारा जन (पुरुष वा स्त्री) । "महाजनो येन गतः स पंथाः" इति भारतम्. [एक प्रकारकी पूर्णिमा (पूनों).

महाज्यैष्ठी, (स्त्री०) जेठके महीनेमें विशेष लक्षणवाली

महाढ्य, (पु०) महेन (उत्सवेन) आढ्यः । उत्सवसे भराहुआ । कदंबका वृक्ष । कर्म० । बडे धनवाला (त्रि०).

महातल, (न०) कर्म्म० । नीचेके पातालोंमेंसे पाँचवां पाताल. [देवी । जैनोंकी देवी.

महातारा, (स्त्री०) कर्म्म० । बड़ी तारनेवाली । जिन-

महातीक्ष्ण, (स्त्री०) कर्म्म० । भल्लातकवृक्ष (भेला) । अतितीव्र (बहुततेज) (त्रि०).

महातेजस्, (पु०) महत् तेजः अस्य । जिसका बड़ा तेज हो । पारद (पारा) । अतितेजस्वी । बड़े तेजवाला (त्रि०) । कार्तिकेय (स्वामिकार्तिक) । और आग (पु०). [यस्य । बड़े आशयवाला । महाशय-नेक.

महात्मन्, (त्रि०) महान् आत्मा (स्वभावः) आशयो

महादान, (न०) कर्म्म० । "तुलापुरुष" आदि सोलह पदार्थोंका दान (देना) । बड़ादान. [देवोंमें बडा है).

महादेव, (पु०) कर्म्म० । बड़ी देवता । शिवजी (सब

महाद्रुम, (पु०) कर्म्म० । अश्वत्थ वृक्ष । पीपलका दरख्त । (उसे विष्णुका रूप होनेसे बडापन है) । बड़ावृक्ष.

महाधन, (पु०) महत् (मूल्यरूपं) धनं अस्य । बड़े मोलवाला । सुवर्ण । सोना । सिल्हक । मनोहर वस्त्र (कपड़ा) । खेती (पु०) धनी (त्रि०).

महाधातु, (पु०) कर्म्म० । बड़ा धातु । सुवर्ण । सोना.

महानदी, (स्त्री०) ओड़ू देशमें एक नदी है । समुद्रमें जानेहारी नदी । गंगा.

महानन्द, (पु०) महान् (अतिबृहत्) आनंदो यत्र । जहां बहुतही आनंद है । मोक्ष (छुटकारा) । कर्म० । अतिशयानन्द । बहुत आनन्द (पु०) । माघके शुक्लपक्षकी नवमी । सुरा (शराब) । और एकनदी (स्त्री०).

महानन्दि, (पु०) कलियुगमें क्षत्रिओंके अन्तकरनेवाला महापद्मनामी नृपविशेष (एक राजा)का पिता (बाप). [की नवमी.

महानवमी, (स्त्री०) कर्म० । आश्विन (अस्सु)के शुक्लपक्ष-

महानस, (न०) महत् अनः । संज्ञायां अच् । पाकस्थान । रसोईखाना. [नाटकविशेष । हनूमन्नाटक.

महानाटक, (न०) दृश्य (देखनेलायक) काव्य वा

महानाद, (पु०) महन् नादः अस्य । जिसका बड़ा शब्द है । गज (हाथी) । गर्जन्मेघ । गाजने (गज्जने)-वाला बादल । सिंह (शेर) । और ऊंठ.

महानिद्रा, (स्त्री०) कर्म० । बड़ी नींद । मरण । मौत । (इसमें फिर नहिं उठते).

महानिशा, (स्त्री०) बड़ी रात । रात्रिके बीचले दो पहिर.

महानुभाव, (पु०) महान् अनुभाव आशयो यस्य । जिसका बड़ा आशय (ख़याल) हो । महाशय । नेक.

महापथ, (पु०) कर्म० । बड़ा मार्ग । राजमार्ग । राजाकी सड़क । बड़ी सड़क । हिमालयके उत्तरमें स्वर्गके चढ़नेका रास्ता.

महापद्म, (पु०) कर्म० । आठ नागोंमेंसे एक । एक नाग (सांप) । कुबेरका खजाना (निधि) । अयुत कोटी संख्या । एक ख़ास बड़ी गिन्ती (संख्या) । उस संख्यावाला । एक राजा.

महापातक, (न०) बड़ा पातक (पाप) । ब्रह्महत्या । (ब्राह्मणको मारना) सुरापान (शराबका पीना) स्तेय (चोरी करना) गुर्वङ्गनागम (गुरुकी स्त्रीके साथ संभोग करना) और इन चारोंके साथ मेल करना (तत्संसर्ग) ये पाँच " महापातक " हैं.

महापुराण, (न०) सृष्टि आदि ग्यारह लक्षणोंवाला व्यासमुनिका रचाहुआ पुराणविशेष.

महापुरुष, (पु०) कर्म्म० । बड़ा पुरुष । सुरश्रेष्ठ । देवताओंमें बहुत अच्छा । और नारायण । " वंदे महापुरुष ! ते चरणारविन्दं " इति भागवतम्.

महाप्रलय, (पु०) कर्म० । बड़ी प्रलय । " ब्रह्मणो दिनावसाने जायमानः सर्वभूतक्षयः प्रलयः " (ब्रह्माका एक दिन समाप्त होजानेपर उत्पन्नहुआ सम्पूर्ण भूतोंका

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

नाश प्रलय है) " तस्यैव स्वमानेन शतवर्षावसाने जायमानस्तु महान् प्रलयः " (उसीके अपने मापसे एक सौ वर्ष बीत जानेपर उत्पन्नहुआ महाप्रलय होता है)। वह समय कि जब उपजेहुए पदार्थोंका कोईभी आश्रय नहिं रहता। अथवा वह काल कि जब उपजनेलायक भावका अधिकरण (अवलम्ब-आसरा) कोई नहिं। तीन लोकोंका नाश। ब्रह्माका एक सौ वरिस.

महाप्रसाद, (पु०) बड़ा प्रसाद। प्रसन्नता-खुशी। विष्णु आदि देवताओंको निवेदन कियाहुआ। देवनैवेद्य (देवताको निवेदन कर प्रसाद लेना उचित है).

महाप्राण, (पु०) महान् (बहुकालस्थायित्वात्) श्रेष्ठः प्राणः अस्य। (बहुत समयतक रहनेसे) जिसका प्राण बहुत अच्छा है। द्रोण नामी एक प्रकारका कौवा। कर्म०। अक्षरके उच्चारण (बोलना) करनेका बाह्य प्रयत्नविशेष (एक प्रकारका बाहिरसे हुआ यत्न-कोशिश).

महाफल, (पु०) महत् (पत्रापेक्षया) वृहत् फलं अस्य। पत्तेकी अपेक्षा (बनिस्बत) जिसका फल बड़ा हो। बिल्ववृक्ष (बिल्वका दरख्त)। इन्द्रवारुणी (स्त्री०).

महाबल, (पु०) महत् बलं यस्य। जिसका बडा बल (जोर) है। वायु (हवा) और बुद्ध (अवतार)। बलवाला (त्रि०) " महत् बलं यस्मात् " ५ ब०। सीसक (सीसा) (न०).

महाभारत, (पु० न०) " किसी समय सम्पूर्ण देवताओंने मिलकर साङ्ग सरहस्य चारों वेदों और भारतको तोलकर देखा तो यही सबसे अधिक (ज़ियादा) हुआ तभीसे इसका नाम " महाभारतं (बड़ा भारत) हुआ "। व्यासदेवका रचाहुआ लाख श्लोकका एक ग्रन्थ.

महाभीता, (स्त्री०) कर्म०। लज्जालुलता (छूनेहीसे सिकुड़ जाती है इस्से बहुत डरनेवाली है)। बहुत डराहुआ (त्रि०).

महाभूत, (न०) कर्म०। सबी पांचका स्वरूप होनेसे मोटे हो गये बड़े पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश ये पांच भूत। बड़ाभूत (त्रि०).

महामनस्, (त्रि०) महत् उदारं मनः (तद्व्यापारः) अस्य। जिसके मनका व्यापार बड़ा हो। महाशय। खुलादिल। दिलावर। फ़ैयाज.

महामात्र, (त्रि०) मापमें बड़ा। बहुत बड़ा। बहुत उंदा। (त्रः) प्रधानामात्य। बड़ा वज़ीर। " मन्त्रे कर्मणि भूषायां वित्ते माने परिच्छदे। मात्रा च महती येषां महामात्रास्तु ते स्मृताः "। हाथी चलाने वा रखनेवाला। हाथीओंपर हुक्म चलानेवाला.

महा-महावारुणी, (स्त्री०) एक प्रकारका योग। शनिवार, शतभिषा नक्षत्र, शुभ योगसहित चैत्रमासके कृष्णपक्षकी १३ शी.

महामाया, (स्त्री०) कर्म०। अन्यस्मिन् अन्यधर्मावभासो हि माया सर्वजगन्मूलत्वात् तस्या महत्वं। औरकी औरही धर्म्मकी प्रतीति होना माया है। सारे जगत्का मूलकारण होनेसे उसे बड़ापन है। जगत्का कारणस्वरूप अविद्या और तदधिष्ठात्री (उस अविद्याकी आश्रय) दुर्गा। " महामाया हरेश्चैषा तया संमोह्यते जगत् " इति चण्डी. [आदिसे बड़े होते हैं)

महामाष, (पु०) कर्म०। राजमाष। बड़े मां (मूंग

महामृग, (पु०) महान् मृगः (पशुः) बड़ा पशु। गज (हाथी)। शरभ.

महामृत्युञ्जय, (पु०) कर्म०। बड़ा मौतको जीतनेवाला। शिवजीका एक प्रकारका मन्त्र (ॐ जूँ सः).

महामेद, (पु०) (स्त्री०) ६ ब०। वैद्यकमें प्रसिद्ध एक प्रकारकी दवाई.

महामोह, (पु०) महान् मोहः (भ्रान्तिहेतुको वस्तुतोऽनिष्टेष्वपि रागः। बड़ा मोह (भ्रमसे उत्पन्न हुए वास्तविक अनिष्ट पदार्थोंमें प्रीति करना)। संसार और उसके विषयोंमें प्रीतिको उत्पन्न करानेहारा एक प्रकारका अज्ञान (वेसमझी)। " मनका विभ्रम (भूलना) तम, अविवेक और मोह है, परन्तु ग्राम्यभोगसुखेषणा (गांवमें रहनेवालोंके भोगसम्बन्धी सुखकी इच्छा) का नाम महामोह होता है"। मैथुन (स्त्रीके साथ जुड़ना) आदि सुखभोगकी इच्छारूप अन्तःकरणकी वृत्तिविशेष। " विषयोंका सुख वास्तविक अनिष्ट होनेसे ऐसा कहाहै".

महायज्ञ, (पु०) कर्म०। गृहस्थके नित्य करनेलायक वेदपाठ आदि पांच यज्ञ-पाठ-होम-अतिथिकी पूजा-तर्पण और बलिवैश्वदेव। बड़ा यज्ञ.

महारथ, (पु०) बड़ा रथ। " एकही दशसहस्रधनुर्धारिओंका सामना करे, और शस्त्र और शास्त्रमें निपुण हो" एक ऐसा भारी बहादुर कि जिस्के साथ दस हजार तीरंदाज हों। एक प्रकारका योद्धा (लड़नेवाला सूरमा)। शिव.

महारस, (पु०) ६ ब०। खर्जूर (खजूर)। इक्षु (गन्ना)। पारा। और काञ्जिक (कांजी).

महाराज (जि) क, (पु०) महान् सन् राजते। उद् पृ० इत्वं वा। दो सौ वीस संख्यावाला गणविशेष। गणदेवता.

महारात्रि, (स्त्री०) "ब्रह्माके समाप्त होनेपर महाकल्प होता है उसेही महारात्रि कहते हैं " महाकल्पस्वरूप महाप्रलय। तन्त्रमें आधीरातके पीछेकी दो घड़ी.

महाराष्ट्र, (पु०) कर्म०। महरटोंका देश। गजपिप्पली। और एक प्रकारकी बोली (स्त्री०) ङीष्.

महारोग, (पु०) कर्म०। महापापसे उपजे मिरगी आदि

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आठ रोग (बीमारिआं) । महापातकजन्योन्मादादि रोग. [कविशेष.

महारौरव, (पु०) हरोः अयं अण् । कर्म० । बड़ा नर-

महार्घ, (त्रि०) महान् अर्घः (मूल्यं) अस्य । जिसका बड़ा मोल हो । बड़े मोलवाला । महामूल्य.

महार्णव, (पु०) कर्म० । बड़ा समुद्र । महासमुद्र.

महालय, (पु०) महान् (आत्यन्तिकः) लयः यत्र । जहां पूरा लय है । परमात्मा (इसमें सब कुछ लीन हो जाता है) कर्म० । बड़ा आलय (घर) । तीर्थका स्थान । विहार (खेल) । आश्विनकृष्णपक्ष (अस्सू-का काला पखवाड़ा) (न०).

महालक्ष्मी, (स्त्री०) कर्म० । बड़ी लक्ष्मी । अट्ठारह भुजावाला दुर्गाकी शक्तिका भेद । तन्त्रमें लक्ष्मीविशेष.

महावराह, (पु०) कर्म० । बड़े वराह (शूकर-सूअर-के रूपको धारण करनेहारा भगवानका एक अवतार.

महावरोह, (पु०) महान् अवरोहः अस्य । जिसका बड़ा चढ़ाव है । वटवृक्ष । बड़का दरख्त.

महावाक्य, (न०) कर्म० । बड़ा वचन । परस्पर संबद्धार्थक (आपसमें बंधेहुए अर्थवाला) वाक्यसमुदाय-रूप (बहुतसे वाक्योंके स्वरूपमें) एक वाक्य (एक वचन-लंबा फ़िकरा) । " वाक्यानामेकवाक्यत्वं पुनः संहत्य जायते " इति मीमांसकाः । वेदान्तमें ब्रह्मविद्याको प्रतिपादन करनेहारा " तत्त्वमसि " आदि उपनिषदोंका वचन । दान आदिमें अभिलाष वचन (संकल्पका पढ़ना).

महाविद्या, (स्त्री०) कर्म । बड़ी विद्या । काली आदि दस देवियें (काली, तारा, षोड़शी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातङ्गी और कमलात्मिका).

महाविषुव, (न०) रवेर्मेषसंक्रमणे । सूर्य्यका मेष राशि में जाना.

महावीचि, (पु०) नास्ति अवीचिः (सुखं) यत्र । कर्म० । जहां सुख नहिं । सुखसे रहित । एक नरक.

महावीर, (पु०) कर्म० । बड़ा बहादुर । गरुड़ । हनुमान् । सिंह (शेर) । यज्ञकी अग्नि (आग) । वज्र । चिट्टा घोड़ा । कोकिल (कोइल) । धनुर्द्धर (तीरंदाज).

महावीर्य्य, (पु०) ६ व० । बड़े वीर्य्यवाला । वाराहीकन्द । और परमात्मा । बड़े बलवाला (त्रि०).

महाव्याधि, (पु०) कर्म० । बडी बीमारी । महारोग (कुष्ठआदि). ["स्वः" तीन मन्त्र.

महाव्याहृति, (स्त्री०) कर्म्म० । वेदमें "भूः" "भुवः"

महाव्रण, (न०) कर्म्म० । दुष्टव्रण । बड़ा ज़खम । बड़ा फोड़ा.

महाव्रत, (न०) कर्म्म० । अतिशयव्रत । बड़ा व्रत । शरत्कालमें दुर्गापूजा आदि । बारह वर्षका एक व्रत.

महाशङ्ख, (पु०) कर्म्म० । तन्त्रमें एक प्रकारकी जपमाला । जो मनुष्योंकी खोपड़ीसे बनाई जाती है । कान और आंखके बीचकी हड्डी । बड़ा शंख । " पौण्ड्रं दध्मौ महाशंखं " इति गीता.

महाशठ, (पु०) कर्म्म० । राजधतूरा । बड़ा धूर्त(त्रि०).

महाशय, (त्रि०) महान् (उदारः) आशयः यस्य । बड़े आशयवाला । महानुभावः । दिलावर । फ़ैयाज । साहिब. [एक जाति.

महाशूद्र, (पु०) कर्म्म० । आभीर (अहीर) बड़ाशूद्र ।

महाश्मशान, (न०) कर्म्म० । काशी । यहां सम्पूर्ण कर्म्मसहित सब जीवोंकी फिर उत्पत्ति न होनेके लिये नाशका आधार होनेसे ऐसा कहा है । बडा मसान.

महाष्टमी, (स्त्री०) कर्म्म० । आश्विन (अस्सू) के शुक्लपक्षकी अष्टमी. [में समाप्त होता है.

महासान्तपन, (न०) कर्म्म० । एक व्रत जो सात दिन-

महासेन, (पु०) महती सेना अस्य । कार्तिकेय(जिसकी बड़ी सेना है) । बड़ी सेनाका अधिपति (मालिक) (त्रि०). [देशमें एक नदी (मही).

महि (ही), (स्त्री०) मह्+इन् वा ङीप् । पृथिवी । मालव-

महिका, (स्त्री०) मह्यते । मह्+कन् । हिम । बर्फ़.

महिमन्, (पु०) महतो भावः । महत्त्व । बड़ापन । बड़ाई । ईश्वरका एक ऐश्वर्य्य । आठ सिद्धिओंमेंसे एक.

म (मि) हिर, (पु०) मह् (मिह) किरच् । सूर्य्य । सूरज.

महि (हे) ला, (स्त्री०) मह्+इलच् । योषित् । औरत । स्त्री । प्रियङ्गुलता । रेणुका नामी गंधका द्रव्य । मत्ता स्त्री । मस्त औरत । " महेला ".

महिष, (पु०) मह्+टिषच् । अपने नामसे प्रसिद्ध एक पशु । भैंसा । महिषासुर (भैंसेके स्वरूपका एक दैत्य)। राजाकी कृताभिषेका (जिसका राजाके साथ अभिषेक हुआ) स्त्री । महिषजातिकी स्त्री । और एक औषध (दवाई).

महिषध्वज, (पु०) महिषः ध्वजः (चिह्नं-वाहनत्वेन) अस्य । जिसकी सवारी भैंसा है । यमराज । " महिषवाहन" यही अर्थ.

महिषमर्दिनी, (स्त्री०) महिषं (महिषासुरं) मृद्नाति । मृद्+णिनि+ङीप् । ६ त० । महिषको मल डालती है । दुर्गाभेद । एक देवी.

महिषासुर, (पु०) रम्भनामी दैत्यसे महिषीमें उत्पन्न कियागया एक दैत्य । महिषनामी गुग्गुल.

महीक्षित्, (पु०) महीं क्षयते (ईष्टे) । क्षि-ऐश्वर्य्य-हकूमत करना । क्विप्-तुक्च । पृथिवीपर हकूमत (आज्ञा) कर्त्ता है । नृप । राजा.

महीज, (न०) मह्या जायते । जन्+ड । पृथिवीसे उप-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

जता है । आर्द्रक । अदरक । मङ्गलनामी ग्रह । और नरकासुर (पु०).

महीध्र, (पु०) महीं धारयति । धृ+क । पृथिवीको धारण कर्त्ता है । पर्वत (पहाड़) अच् । " महीधर " यही अर्थ.

महीप्राचीर, (न०) मह्याः प्राचीरं इव (आवरकत्वात्) । पृथिवीका मानो प्राचीर (सफील) है (क्योंकि वह पृथिवीको ढांकेहुए है) । समुद्र । समुंदर.

महीभृत्, (पु०) महीं बिभर्ति (धारयति-पालयति वा) भृ+क्विप् । पृथिवीको धारण वा पालन कर्त्ता है । पर्वत (पहाड़) । और राजा.

महीयस्, (त्रि०) अतिशयेन महान् । महत्+ईयसु । अति महान् । बहुत बड़ा । " महतो महीयान् " इति श्रुतिः.

महीय्यमान, (त्रि०) महीयते । मही+कण्ड्वा० यक्-शानच् । पूज्य । पूजाके लायक । और बहुत अच्छा । श्रेष्ठ.

महीरुह, (पु०) मह्यां रोहति । रुह+क । पृथिवीपर उगता है । वृक्ष । दरख्त । और साग । शाक.

महेच्छ, (त्रि०) महती इच्छा यस्य । जिसकी बड़ी इच्छा है । महाशय । साहब.

महेन्द्र, (पु०) महान् इन्द्रः (इन्द्रस्यापि नियन्तृत्वात्) । बड़ा इन्द्र (इन्द्रपर भी हुक्म चलानेसे) । परमेश्वर । बड़े ऐश्वर्य्यवाला इन्द्र । जम्बुद्वीपका एक पर्वत (पहाड़). [महेन्द्रनगरी.

महेन्द्रपुरी, (स्त्री०) ६ त० । इन्द्रकी पुरी । अमरावती ।

महेश, (पु०) कर्म्म० । बड़ा ईश (मालिक) । शिवजी " महेश्वर ". [बिल्वका दरख्त.

महेशबंधु, (पु०) ६ त० । शिवजीका बंधु । बिल्ववृक्ष ।

महैला, (स्त्री०) कर्म्म० । स्थूलैला । मोटी इलाइची.

महोक्ष, (पु०) महान् उक्षा । अच् समा० । वृद्धवृष । बड़ा बैल.

महोत्सव, (पु०) कर्म्म० । सन्तत सुखसम्पादक व्यापार । निरन्तर सुख देनेहारा काम । बड़ी खुशी.

महोत्साह, (त्रि०) महान् उत्साहो यस्य । जिसे बड़ा उद्यम है । बड़ा हिम्मती.

महोदधि, (पु०) कर्म्म० । समुद्र । समुंदर.

महोदय, (पु०) महान् उदयः (वृद्धिः-आधिपत्यं वा) यत्र । बडे उदयवाला । कान्यकुब्जदेश (कन्नौज) । आनंद । प्रताप । अहंकार. [वाला (त्रि०).

महोन्नत, (पु०) कर्म्म० । तालका वृक्ष । बहुत ऊंचाई-

महोरग, (पु०) कर्म्म० । एक प्रकारका बड़ा साँप.

महौषधि, (स्त्री०) कर्म्म० । दूर्वा । लज्जालुलता । दूब । लाजवंती बेल । स्नान (न्हाना)की दवाइयें-जैसे-सहदेवी-व्याघ्री-बला-अतिबला-शंखपुष्पी-सिंही-सुवर्चला.

मा,-शब्दकरना । अक० । मापना (मान) सक० जु० आ० अनिट् । मिमीते । अमित. [माति । अमासीत्.

मा,-मापना (मान) अदा० पर० सक० अनिट् ।

मा,-मापना (मान) दिवा० आ० सक० अनिट् । मायते । अमास्त.

मा, (अव्य०) वारण (हठाना) यह विशेषकर लोट्के साथ लगता है । लुङ्के साथ भी आता है, तब उसके अट् (अ) का लोप हो जाता है । कभी २ अट् (अ) का लोप नहिं भी होता " मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः " इति रामायणं । पाणिनीके मतमें यह अङित् अर्थात् " मा " शब्द है-अट् (अ)का लोप केवल ङित् अनुबंधमें होता है । कभी २ लट्-लृट् और विधि लिङ्के साथभी आता है । " मा+क-टाप् " लक्ष्मी । और माता (स्त्री०) " मा+भावे क्विप् " मान । मापना (स्त्री०).

मांस, (न०) मन्-स-दीर्घश्च । प्राणीके शरीरमें लोहूके परिपाक (पकना) से उत्पन्न हुआ एक प्रकारका धातु । मांस । "मुझको " मां " और " स " (वह) "जिसे मैं खाताहूं वही मुझे किसी समय खायगा । मनुः.

मांसज, (न०) मांसात् जायते । जन्+ड । मांससे उत्पन्नहूई देहकी चर्वी.

मांसल, (त्रि०) मांस+बलवाला-इस अर्थमें " लच् " । बलवाला । ज़ोरावर । स्थूल । मोटा । और पुष्ट । पलाहुआ.

मांससार, (पु०) ६ त० । मेद । चर्वी । " मांसस्नेह " यही अर्थ है.

मांसिक, (त्रि०) मांसं पण्यं अस्य ठक् । मास जिसका सौदा है । मांस वेचकर जीनेहारा । कसाई.

माकन्द, (पु०) माति । मा+क्विप् । माः (परिमितः) कन्दः अस्य । जिसका मूल मापाहुआ (छोटासा) है । आम्र । आम । आमलकी । पीलाचंदन । चंदन । एक नगर (स्त्री०) ङीष्.

माकरी, (स्त्री०) मकरस्य (तत्स्थरविकालस्य) इयं अण् । मकर राशिमें आयेहुए सूर्य्यके समयकी । माघमासके शुक्लपक्षकी सप्तमी. [मांक्षति । अमांक्षीत्.

माक्ष्, -स्पृहा-चाहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् ।

माक्षि (क्षी) क, (न०) मक्षिकाभिः सम्भृत्य कृतं । मक्खिओंने इकट्ठी होकर बनाया । अण् । पृ० वा दीर्घः । एक प्रकारका उपधातु । मधु (शहत-छत्ता).

माक्षिकज, (न०) मक्षिकात् जायते । जन+ड । माक्षिकसे उपजता है । सिक्थक । मोम.

मागध, (पु०)मगधदेशे भवः अण् । मगधदेशमें हुआ । श्वेत-जीरक (चिट्टा जीरा) । स्तुतिपाठक । भाट । भट्ट । एकप्रकारका वर्णसंकर (दोगला) । मगध देशमें उपजा (त्रि०)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

यूथिका। पिप्पली। छोटी इलाइची। शर्करा (खांड) एक प्रकारकी भाषा (बोली) (स्त्री०) ङीप्.

माघ, (पु०) मघानक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी माघी। सा अत्र मासे अण्। चेतसे ग्यारवां चंद्रसम्बन्धी महीना। माघका महीना। उस महीनेकी पौर्णमासी माघी (स्त्री०)। शिशुपालवधनामी काव्य। और उस काव्यका बनानेहारा (पु०). [कूंदका फूल.

माघ्य, (न०) माघे भवं। माघमें हुआ। कुंदपुष्प।

माङ्गल्य, (न०) मंगलं एव मंगलाय हितं वा ष्यञ्। मंगल वा मंगलके लिये हितकारी। और मंगलका साधन। भलाईके लिये उपकारी.

माचिका, (स्त्री०) मच्+ण्वुल्। मक्षिका। मक्खी.

माञ्जिष्ठ, (न०) मञ्जिष्ठया रक्तं अण्। मजीठसे रंगाहुआ लाल रंग। उसवाला (त्रि०).

माठर, (पु०) मन्+अरन्। ठान्तादेशः। ततः स्वार्थे अण्। सूर्य्यस्य पारिपार्श्वे मठति। अरण् वा। सूर्य्यका पारिपार्श्विक (आस पास रहनेवाला) एक गण.

माणव, (पु०) मनोः अपत्यं अण्। अल्पार्थे णत्वं। अल्पवयस्क मनुष्य। छोटी उमरका आदमी। " स्वार्थे कन् "। एकहार.

माणवीन, (त्रि०) माणवस्य इदं खञ्। बालकका। बालकसम्बन्धी. [समूह.

माणव्य, (न०) माणवानां समूहः यत्। बालकोंका

माणिक्य, (न०) माणिरिव कायति। कै+क। स्वार्थे खञ्। माणिक। लाल रंगका एक रत्न। छिपकली.

माणिबंध (मन्थ), (न०) मणिबंध (मंथ) पर्वते भवः अण्। मणिबंध (मंथ) पहाड़में हुआ। सैंधव लवण। सेंधानोंन.

मातङ्ग, (पु०) मतङ्गस्य मुनेः अयम् अण्। गज। हाथी। एक प्रकारकी किरात (भील)की जाति। पीपलका वृक्ष। दस महाविद्याओंमेंसे एक (स्त्री०).

मातरपितृ, (स्त्री०) माता च पिता च। द्वन्द्वे मातुर्वा मातरादेशः। माता और पिता। पक्षे मातुरानङ्। उन्हीके अर्थमें.

मातरिश्वन्, (पु०) मातरि (आकाशे) श्वयति (वर्द्धते)। श्वि+कनिन्। अलुक् समा०। आकाशमें वढ़ता है। वायु (हवा).

मातलि, (पु०) मतं लाति। ला+क। मतलः तस्य अपत्यं इञ्। मतलकी संतान। इन्द्रका सारथी (रथ खेंचनेवाला). [विश्वमाता " दुर्गास्तवः.

माता, (स्त्री०) मा+अतच्। जननी-मां। " विश्वेश्वरी

मातामह, (पु०) मातुः पिता। मातृ+डामह। माताका पिता। नाना. [भाई। मामा.

मातुल, (पु०) मातुर्भ्राता। मातृ +डुलच्। माताका

मातुलुङ्ग, (पु०) मातुलं गच्छति। गम्+खच्-पृ०। बीजपूर। नींबू। दाड़िम। अनार.

मातृ, (त्रि०) मा+तृच्। प्रमाणकर्ता। जाननेवाला। सच्चे ज्ञानवाला। परिमाणकर्त्ता। मापनेवाला। बनानेवाला। " मा+तृ " शिवजीके साथ रहनेवाली आठ माताएँ (ब्राह्मी-माहेश्वरी-चण्डी-वाराही-वैष्णवी-कौमारी-चामुण्डा-और चर्चिका)। जननी (माँ)। पृथिवी। विभूति। लक्ष्मी। रेवती। इन्द्रवारुणी। जटामांसी। चण्डीपाठमें प्रसिद्ध देवीकी शक्तियें (स्त्री०).

मातृका, (स्त्री०) माता इव कायति। कै+क। उपमाता। दाई। ब्रह्माणी आदि चण्डीमें प्रसिद्ध देवीकी मूर्तियें। अकार आदि उच्चास ४९ वर्ण जिनसे सम्पूर्ण शब्द बनजाते हैं। स्वर। " मातृ स्वार्थे कन् " माता। मां.

मातृबंधु, (पु०) ६ त०। माताके बन्धु ("मातुः पितुः स्वसुः पुत्रा मातुर्मातुः स्वसुः सुताः। मातुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेया मातृबंधवः " इसी अर्थमें " मातृबांधव " भी होता है. [" अलुक् समा० " मातृष्वसा.

मातृस्वसृ, (स्त्री०) ६ त०। माताकी भगिनी। मासी।

मातृष्वस्रेय, (पु०) मातृष्वसुः अपत्यं ठक्। माताकी भगिनीका पुत्र। मासीका लड़का। " मातृष्वस्रीय ".

मात्र, (न०) मा+त्रन्। साकल्य (सारा-कुल्ल)। और अवधारणा (निश्चय)। लगातार (अविच्छेद)। अल्प। थोड़ा। परिमाण। माप। धन। लघुवर्णको उच्चारण करनेके समय वर्णका एक अवयव (भाग-हिस्सा)। "जितने समयमें हाथ जानुमण्डल (गोड्डेका दायरा) पर घूमकर आजाय। कविओंने उसीको मात्रा कहा है " ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत आदि (स्त्री०)। "मीयन्ते अनया विषयाः-वि-मा+त्रन्"। जिससे विषय पहिचाने जाते हैं-इन्द्रियोंकी वृत्तियें। " मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः " गीता.

मात्सर्य्य, (न०) मत्सरस्य भावः ष्यञ्। परगुणद्वेष। दूसरेके गुणमें वैर करना। हसद। कीनह। " मात्सर्य्यमुत्सार्य्यविचार्य्येति " साहि०.

माथ, (पु०) मथ+घञ्। पंथा। मार्ग। रास्ता। वाट। मंथन। बिलोना। रिड़कना.

माथुर, (त्रि०) मथुरायां भवः। मथुरायाः आगतः वा। मथुराका वा मथुरासे आया। मथुरानगरीभवः। तत आगतो वा. [खुशी.

माद, (पु०) मद+घञ्। दर्प। अहंकार। गरूर। और हर्ष।

मादक, (त्रि०) मादयति। मद्+णिच्+ल्यु। मस्त करता है। मतवारा करनेवाला पदार्थ। " माद्यति " कर्त्तरि ण्वुल्। दात्यूह (पपीहा) (पु०).

मादन, (न०) मादयति। मद्+णिच्+ल्यु। लवंग। लौंग।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कामदेव । और मदनवृक्ष (पु०) । विजया (भांग) (स्त्री०).

मादृक्ष-श (श्), (त्रि०) मम इव दर्शनं अस्य । दृश्+क्सट क्विप् वा । ममतुल्यदर्शन । जो मेरे समान दीखता है । मेरेसमान.

माद्री, (स्त्री०) मद्रे भवा अण् । मद्रदेशमें हुई । पाण्डुराजाकी दूसरी स्त्री (औरत) । और अतिविषा.

माधव, (पु०) माया धवः । लक्ष्मीका पति । नारायण । "मधु+स्वार्थेऽण्" वसन्त । बहार । "मधुने पुष्परसाय मद्याय वा) हितः अण्" । वैशाखका महीना (इसमें बहुत फूल होते हैं-इसलिये उनका रस निकालनेको हितकारी है) मधूकवृक्ष (महुआ) । इसके फूलोंसे मद्य (शराब) निकाली जाती है । "मधुबाहुल्येन अस्ति अस्याः अण्" जिसका बहुतायतसे मधु होता है । वासन्ती लता (स्त्री०).

माधुर, (न०) मधु राति (भ्रमरेभ्यो ददाति) । ण+क-स्वार्थे अण् । भौंरोंके तईं बहुत फूलका रस देता है । मल्लिकाका फूल । मालती.

माध्यन्दिन, (न०) मध्यन्दिनं एव अण् । मध्यमदिन । दिनका बीचला भाग । शुक्लयजुर्वेदकी एक शाखा.

माध्वीकफल, (पु०) माध्वीकं इव मधुरं फलं अस्य । माध्वीक (शराब)के समान जिसका मीठा फल है । नरेल. [सन् । मीमांसते.

मान्, -विचार करना । भ्वा० आ० सक० सेट् । स्वार्थे

मान्,-पूजाकरना । वा चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । मानयति-ते । मानति । अमीमनत् । अमानीत्.

मान, (न०) मा+ल्युट् । परिमाण । माप । हाथ । तकड़ी आदिसे द्रव्यको मापना । प्रमाण । गीतका अंग । समयकी क्रिया । मन्+घञ् । अभिमान । अहंकार । सम्मान.

मानग्रंथि, (पु०) मानस्य ग्रंथिः (बंधनं) यस्मात् । जिस्से मान (इज्जत)का बंधन (रोक) होता है । अपराध । गुनाह । भूल । चूक.

मानरन्ध्रा, (स्त्री०) मानाय (कालप्रमाणज्ञानाय) रंध्रं यस्याः । समयके प्रमाणको जाननेके लिये जिसको छेद दिया है । तामेका बनाहुआ छेकवाला समयके जाननेका कारण एक प्रकारका घटीयन्त्र (घड़ी). [स्त्रियां ङीप्.

मानव, (पु०) मनोरपत्यं अण् । मनुष्य । आदमी ।

मानस, (न०) मन एव अण् । मन । दिल । कैलास पर्वतके पास ब्रह्माजीसे रचाहुआ एक प्रकारका सरोवर । तालाब.

मानसव्रत, (न०) मनसा कृतं मानसं । कर्म्म० । मनसे कियाहुआ व्रत । अहिंसा (किसी प्राणीको न मारना) । सत्य (सच बोलना) । अस्तेय (चोरी न करना) ब्रह्मचर्य्य (स्त्रीके निकट न जाना) अलुब्धता (लालची न होना).

मानसौकस्, (पु०) मानसं ओको यस्य । जो मानससरोवरमें निवास कर्त्ता है । हंस (इसका उसी सरोवरसे प्यार है). [रनेवाली (स्त्री).

मानिनी, (स्त्री०) मान+इनि । फलीवृक्ष । और मान क-

मानुष, (पु०) मनोरयं अण्-सुक्च । मनुका । मानव । आदमी "ततो जातौ स्त्रियां ङीप्" मानुषी । नारी.

मानुष्य, (न०) मनुष्यस्य भावः यत् । मनुष्यत्व । मानुषपन । आदमी.

मान्द्य, (न०) मंदस्य भावः ष्यञ् । धीमापन । मूर्खपन । जड़पन । रोग । बीमारी । बुराई । सुस्ती । न्यूनता । कमी.

मान्धातृ, (पु०) मां (इन्द्रं) धयति । धे+तृच् । सूर्यवंशी राजाका नाम । युवनाश्वका पुत्र (इसके अपने पेटसे निकला) । जब यह पेटसे बाहिर आया तो ऋषिओंने कहा "कं एष धास्यति" (किसे यह पालन करेगा) इसी समय इन्द्रने स्वर्गसे नीचे आकर कहा कि "मां धास्यति" (मुझे पालन करेगा) तभीसे इसका ऐसा नाम हुआ. [पूजाके लायक.

मान्य, (पु०) मान्-पूजाकरना । कर्म्मणि ण्यत् । पूज्य ।

मामक, (त्रि०) मम इदं । अस्मद्+कन्-ममादेशः मत्सम्बन्धी । मुझसे संबंध रखनेवाला । मेरा । खञ् "मामकीन".

माया, (स्त्री०) मा+य । नेत्वं । कपट । छल । इन्द्रजाल आदि । मिथ्याबुद्धि (झूठे खयाल) का कारण । एक प्रकारका अज्ञान । कृपा । दया । दम्भ । पाखण्ड । लक्ष्मी । बुद्धकी माता (मां) । ईश्वरकी उपाधि । अघटितघटनसाधिका शक्तिः (एक ऐसी ताकत जो न बन सकनेवाली बातको भी बनादे).

मायाकृत्, (पु०) मायां (इन्द्रजालं) करोति । कृ+क्विप् । इन्द्रजाल रचनेवाला । मदारी । बाजीगर.

मायादेवीसुत, (पु०) ६ त० । मायादेवीका पुत्र । बुद्धदेव.

मायाविन्, (त्रि०) माया+अस्ति अर्थे विनि । मायाकार माया रचनेवाला । ऐन्द्रजालिक । मदारी । छलिया.

मायिक, (त्रि०) माया अस्ति अस्य ठन् । मायावाला । मदारी । कपटी. [एक रोग.

मायु, (पु०) मा+यु । देहस्थपित्त । शरीरका पित्त ।

मायूर, (न०) मयूराणां समूहः । तस्येदं वा अण् । मयूरसंघ । मोरोंका समूह । मयूरसम्बन्धी । मोरवाला (त्रि०).

मार, (पु०) मृ+घञ् । मारण । मौत । "मारयति" । मृ+

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

णिच्+अच्। मार डालता है। कामदेव। विघ्न। रोक।
धतूरा.

मारक, (पु०) मृ+णिच्+ण्वुल्। मृ+णिच्+घञ्-स्वार्थे कन् वा। मारण। मारना। कतल करना। एक पक्षी (बाज).

मारकस्थान, (पु०) मारनेकी जगह। जन्मलग्नसे सातवां और दूसरा स्थान. [" मारी "। मौत। बवा.

मारि, (स्त्री०) मृ+णिच्+इन्। मारण। मारना। वा ङीप्

मारिष, (पु०) रिष्-हिंसा-कतलकरना। निषेधअर्थवाले " मा " शब्दके साथ समास होता है। नाट्योक्तिमें (आर्य्य) हिंसाको निवारण करनेसे उसे ऐसा कहाहै.

मारीच, (पु०) ताड़का राक्षसीका पुत्र। रावणका अनुचर (नौकर)। एक प्रकारका राक्षस.

मारुतात्मज, (पु०) ६ त०। वायुका पुत्र। हनुमान्। और भीमसेन। " मारुतिः " इञ्.

मार्कण्ड, (पु०) मृकण्डोः अपत्यं अण्। पृ०। मृकण्डुकी सन्तान। एक मुनि। ढक्। शक०। " मार्कण्डेय " यही अर्थ.

मार्ग,-अन्वेषण-तालाश करना- खोजना। वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट्। मार्गयति-ते। मार्गति। अममार्गत्-त अमार्गीत् " नृपतेरमार्गीत् " इति भट्टिः। भ्वा० आ० मार्गते। मार्गमाणः. [पंथा। रास्ता। बाट.

मार्ग, (पु०) मृज्-शुद्धि-साफकरना-मार्ग-अन्वेषण-वा घञ्।

मार्गण, (न०) मार्ग+ल्युट्। अन्वेषण। तालाश। याचन। मांगना और प्रणय। मुहब्बत करना। "कर्त्तरि ल्यु" मांगनेवाला (त्रि०).

मार्गशिर } **मार्गशीर्ष** } (पु०) मृगशिरया युक्ता पौर्णमासी अण्। सा यत्र मासे। पुनः अण्। मृगशिर नक्षत्रवाली पूर्णिमा। जिस महीनेमें वैसी पूर्णिमा हो। अगहन। अग्रहायण (मग्गर)। उसकी पूर्णिमा (स्त्री०).

मार्गित, (त्रि०) मार्ग+क्त। अन्वेषित। तलाश कियागया। ढूंडागया.

मार्ज्,-मार्जन-साफ़करना। सक० ध्वनि-शब्द करना-अक० चुरा० उभ० सेट्। मार्जयति-ते। अममार्ज्जत्-त.

मार्जन, (न०) मार्ज्+ल्युट्। पोंछकर साफ़ करना। सम्मार्जनी (बुहारी) (स्त्री०).

मार्जार (ल), (पु०) मृज्+आरन्। वा रस्य लः। विड़ाल। बिल्ला। " ततः संज्ञायां कन् " मयूर। मोर.

मार्जारी(ली) य, (पु०)। मार्जार+ (ल) स्वार्थे छ। मृज्+आरीक्। रस्य लत्वं वा। विड़ाल। बिल्ला। और शूद्र (चौथा वर्ण)। कायशोधन। शरीरकी सफाई (न०).

मार्जित, (पु०) मार्ज्+क्त। शोधित। साफ़ कियाहुआ। एक प्रकारकी रसा वा चटनी (जिसमें दही, घी, मरिच, शहत आदि चीज़ें मिला कपूरकी सुगंधि दीजाती है).

मार्त्तण्ड, (पु०) मृते अण्डे भवः अण्। शक०। मरेहुए अंडेमें हुआ। सूर्य्य। आकका वृक्ष। शूकर। सूअर.

मार्त्तिक, (पु०) मृत्तिकया निर्मितं अण्। मट्टीसे बनाहुआ। शराव। कुज्जा। पियाला। मृण्मय। मट्टीका (त्रि०).

मार्दङ्गिक, (त्रि०) मृदङ्गं (तद्वादनं शिल्पं) अस्य ठक्। जो मृदङ्ग वजानेमें कारीगर हो। मृदङ्गवादक। मृदङ्ग वजानेवाला.

मार्दव, (न०) मृदोर्भावः। कोमलपन। मृदुत्व। दूसरेके दुःखको न सहारनेसे दिलका पिघल जाना.

मार्ष्टि, (स्त्री०) मृज्+क्तिन्। शोधन। सफाई.

माल, (पु०) मल्-संज्ञायां घञ्। एक प्रकारकी जाति। एकदेश.

मालक, (न०) मल्-ण्वुल्। थलका फूल (स्थलपद्म)। नारियलका बनाहुआ एक पात्र (वर्त्तन).

मालती, (स्त्री०) मां (लक्ष्मीं) शोभां वा लतति (वेष्टते) लत्+अण्-ङीप्। जातीलता। जवान औरत। एक नदी। चांदनी। और निशा (रात).

मालतीरज, (पु०) मालत्याः (नदीभेदस्य) तीरे जायते। जन्+ड। टङ्कण (सुहागा)। "मालतीतीरभव".

मालतीपत्री, (स्त्री०) मालत्या इव पत्रं अस्य। जिसका पत्ता मालतीके समान हो। जलवत्री। जैवत्री.

मालतीफल, (न०) मालत्याः (तन्नामकजात्याः) फलं। जायफल.

मालभारिक, (त्रि०) मालायां भारोऽस्ति अस्य ठन्। पहिले पदको ह्रस्व हो जाता है। मालाओंके बोझेवाला.

मालव, (पु०) अवन्तिदेश (मालवा देश)। एक प्रकारका राग। भैरव रागकी स्त्री [ओड़ी। त्यूड़ी.

मालविका, (स्त्री०) मालवे भवा ठक्। त्रिवृति। ते-

मालाकार, (पु०) मालां करोति। कृ+अण्। माला बनाता है। माली। एक प्रकारका वर्णसंकर (दोगला).

मालादीपक, (न०) अलंकारमें अर्थालंकारविशेष.

मालिक, (पु०) माला (तन्निर्माणं) शिल्पं अस्य ठन्। मालाकार। माली। एक जाति। एक पक्षी। माला बनानेवाला (त्रि०).

मालिका, (स्त्री०) माला इव कन्। अत इत्वं। नवमल्लिका। मालतीकी बेल। ग्रीवालंकरण। गलेका भूषण (ज़ेवर)। एक नदी। सुरा (शराब)। अतसी। और फूलोंकी माला। " पाशाक्षमालिकाम्भोज " इति लक्ष्मीध्यानम्.

मालिन्, (पु०) माला (शिल्पं) अस्ति अस्य इनि।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मालाकार। माला बनानेवाला। माली। मालावाला (त्रि०)। मालीकी पत्नी (औरत)। पन्द्रह अक्षरके पादवाला एक छन्द। गौरी। चम्पानगरी। मन्दाकिनी (आकाशकी गंगा)। कण्व ऋषिके आश्रमके निकट एक नदी। अग्निशिखा वृक्ष। दुरालभा (स्त्री०) ङीप्.

मालूर, (पु०) मां (लक्ष्मीं परेषां) लुनाति (लु+रक्)। बिल्व। कपित्थ. [चतुर। अच्छी माला बनानेहारा.

मालेय, (त्रि०) मालायां साधुः ढक्। मालाकी रचनामें

माल्य, (न०) मालायै हितं यत्। मालाके लिये हितकारी। पुष्प। फूल। "स्वार्थे ष्यञ्" पुष्पमाला। फूलोंकी माला(हार)।माथेपर फूलोंका हार। मूर्द्धिस्थ पुष्पमाला.

माल्यवत्, (त्रि०) माल्यं अस्ति अस्य मतुप्। "म" को "व"। मालावाला। केतुमाल और इलावृत वर्षोंका सीमापर्वत (पहाड़)। सुकेशराक्षसका पुत्र। रावणका मन्त्री। एक राक्षस.

माशब्दिक, (त्रि०) मेति शब्दं निषेधाय करोति ठक्। निषेध करनेवाला। "मत" ऐसा बोलता है.

माष, (पु०) मष्-संज्ञायां+घञ्। व्रीहिभेद (उड़द)। एक परिमाण (मासा)। एक प्रकारका तोल। मूर्ख। एक प्रकारका रोग। म्मां.

माषवर्द्धक, (पु०) माषं (माषपरिमितं स्वर्णं) वर्द्धयति (आच्छिनत्ति-अपहरति)। वर्द्ध-काटना+ण्वुल्। स्वर्णकार (सुनार)। मासाभर सोना काट लेता है वा चुरा लेता है.

माषीण, (न०) माषाणां भवनं (क्षेत्रं) खञ्। जिस खेतमें उड़द उपजते हो। माषव्रीहिभवनयोग्यं क्षेत्रं यत्। "माष्यं" इसी अर्थमें होता है.

मास्, (पु०) माति (परिच्छिनत्ति) स्वगत्या कालम्। मा+असुन्। अपनी गतिसे समयको माप लेता है। चन्द्र। चांद। चन्द्रमा। तीस दिनका समय। त्रिंशद्दिनात्मक काल। महीना.

मास, (पु०) मा एव अण्। चंद्र। चांद। त्रिंशद्दिनात्मक काल। तीस दिनका समय। वह (सौर-सावन-चान्द्र और नक्षत्रके भेदसे) चार प्रकारका होता है। चान्द्रमास। महीना। "मस्-मापना+करणे घञ्" मासाभर. [एकवेल.

मासन, (न०) मासं नयति। नी+ड। सोमराजीलता।

मासर, (पु०) मस्-मापना+घञ्। मासं (परिमाणं) राति। रा+क। भक्तमण्ड। मांड। पीछ। चावलों (उबलेहुए)का रस.

मासान्त, (पु०) मासस्य (सौरस्य) चान्द्रस्य वा अन्तः। सौर वा चांद्र मासका अंत। महीनेका अवसान। मसांद। संक्रान्ति (सूर्य्यका एक राशिसे दूसरीमें जाना).

मासिक, (त्रि०) मासे भवः ठञ्। मासभव। महीनेका। प्रेतके लिये महीनेकी तिथि। हरएक महीनेके अमावास्याके दिन करने लायक श्राद्ध (न०).

मास्म, (अव्य०) निवारण। हटाना। रोकना। मस्-णिच्+मप्. [अमाहीत्-अमाहिष्ट.

माह्, -मान-मापना। भ्वा० उभ० सक० सेट्। माहति-ते

माहाकुल, (त्रि०) महाकुले भवः अण्। महाकुलोद्भव। बड़े कुलमें उपजा। "खञ्"। "महाकुलीन"। यही अर्थ. [महिमा। महत्त्व.

माहात्म्य, (न०) महात्मनो भावः ष्यञ्। बड़ापन।

माहिष, (न०) महिष्या इदम् अण्। महिषी (भैंस-म्भैंस) का दूध आदि "महिषस्य इदम्" अण्। उस-का सींग आदि (त्रि०).

माहिष्य, (पु०) महिष्या भवः ष्यञ्। क्षत्रियसे वैश्य जातिकी कन्यामें उत्पन्न कियाहुआ संकर। दोगला.

माहेन्द्र, (पु०) महेन्द्रस्य अयं अण्। इन्द्रका। ज्योतिषमें महेन्द्रसम्बन्धी एक समय (दण्डविशेष)। पूर्व दिशा। इन्द्रकी स्त्री (शची)। और गौ (स्त्री०) ङीप्.

माहेय, (पु०) मह्या अपत्यं। मही ढञ्। पृथिवीकी सन्तान। मंगल ग्रह। और नरक नामी असुर (दैत्य)। गौ (स्त्री०) ङीप्.

माहेश्वर, (त्रि०) महेश्वरात् अधिगतं ततः आगतः। अण्। महेश्वर (शिवजी)से पाया-हासिल किया। यवतिक्ता (स्त्रियां ङीप्) "तस्येदं अण्" मातृभेद। एक प्रकारकी माता। प्रत्येक दुर्गा (देवी) (स्त्री०) ङीप्.

मि, -क्षेप-फेंकना। स्वा०उभ०सक० अनिट्। मिनोति-मिनुते [अमिच्छीत्-अमासीत्-अमास्त.

मिच्छ, -वध-मारना। भ्वा० पर० सक० सेट्। मिच्छति।

मित, (त्रि०) मि-मा-वा क्त। परिमित। मापाहुआ। शब्दित। बोलागया। अवच्छिन्न। मापाहुआ और क्षिप्त। फेंकाहुआ.

मितंगम, (पु०) मितं (परिमितं) मृदु-गच्छति। गम-खच्-मुम्। मापाहुआ अथवा कोमल। धीरे २ चलता है। गज। हाथी। परिमितगामी। मापेहुए चलता है। (त्रि०). [समुद्र.

मितद्रु, (पु०) मितं द्राति-द्रवति वा नि०। समुद्र।

मितम्पच, (पु०) मितं पचति। पच्+खच्-मुमच। माप-कर पकाताहै। कृपण। सूम। मापकर पकानेवाला (त्रि०).

मिति, (स्त्री०) मा-मि वा क्तिन्। ज्ञान। जान्ना। मान। मापना। अवच्छेद। विक्षेप। प्रमाण। सबूत। गवाही.

मित्र, (न०) मियति-स्निह्यति। मिद्+त्र। स्नेह करनेवाला सुहृद (दोस्त)। "मि+क्त"। सूर्य्य (पु०). [मित्रवत्सल। मेथति-ते.

मित्रयु, (पु०) मित्रं याति। या+कु। मित्रका पियारा.

मिथ्, -वध-मारना। मिलना। सक० भ्वा० उभ० सेट्।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मिथस्, (अव्य०) मिथ्+असुन् । रहसि । अकेले । एकान्तमें । आपसमें।
मिथिला, (स्त्री०) मिथ्+किलच् । अपने नामसे प्रसिद्ध राजधानी तिरहुत । जनक राजाकी पुरी.
मिथुन, (न०) मिथ्-उनन् । स्त्री और पुरुष (जोडा-मर्द और औरत) । मेषसे तीसरी राशि । विषयके लिये मिलना । जोड़ा.
मिथ्या, (अव्य०) मिथ्+क्यप् । अयथार्थ । जो ठीक [नहिं । असत्य । झूठ.
मिथ्यादृष्टि, (स्त्री०) मिथ्या-सफलस्यापि अफलत्वेन दृष्टिः । फलवाले पदार्थको भी फलरहित देखना । नास्तिकता । नास्तिकपना । फलवाले भी वेदमें कहेहुए कर्म्मोंको फलरहित जान्ना । भूल.
मिथ्यानिरसन, (न०) मिथ्या निरस्यतेऽनेन । निर्+अस्-फेंकना । करणे ल्युट् । शपथ । कसम । सौं । कसम खाकर इन्कार करना.
मिथ्याभियोग, (पु०) मिथ्याभूतेन (असत्येन) अभियोगः (राज्ञोऽन्तिके वेदनम्) । राजाके पास झूठा सवाल देना । मिथ्यावाद । झूठी नालिश । अभि+युज्+घञ् । "इसने मेरा सौ रुपया देना है" इस प्रकार झूठबनाकर राजाके पास सवाल करना.
मिथ्याभिशंसन, (न०) मिथ्याभूतेन (असत्येन) अभिशंसनम् (अपवादः) । झूठा कलंक । "तूने मेरा सोना चुराया" ये दोष लगाना.
मिथ्याभिशाप, (पु०) मिथ्याभूतेन (असत्येन) अभिशापः (अपवादः) । मिथ्यापवाद । झूठा कलंक (तोहमत).
मिथ्यामति, (स्त्री०) मिथ्याभूतस्य मतिः । मन्+क्तिन् । झूठा निश्चय । भ्रान्ति । भ्रम । भूल । औरमें औरका जान्ना.
मिद, -स्नेह-पियार करना । भ्वा० आ० लुङ्में पर० सेट् । मेदते । अमिदत्. [अमेलिष्ट.
मिल्, -मिलना । तु० उभ० सक० सेट् । मिलति । अमेलीत्-
मिव्, -सेक-सींचना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । मिन्वति । अमिन्वीत्. [सेट् । मिशति.
मिश्, -शब्दकरना-और कोप (गुस्सा) करना । तु० प० अक०
मिश्र (स्र), -योजन-मिलाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । मिश्र (स्र) यति-ते.
मिश्र, (त्रि०) मिश्र्+अच् । संयुत । मिलाहुआ । उत्तर (अगला) पदमें आयाहुआ श्रेष्ठ (बहुत अच्छा) के अर्थमें होता है । जैसे "आर्य्यमिश्राः" । गजजातिविशेष । एक प्रकारका हाथी । ज्योतिषमें कृत्तिका विशाखा नक्षत्र (तारा) का गण (समूह) (पु०) । खिताब । एक मुल्क (त्रि०).
मिश्रकावण, (न०) मिश्रकनामकं वनं । पहिलेको दीर्घ-और णत्व होता है । इन्द्रोद्यान । इन्द्रका बाग । नंदनवन. [भेद (एक प्रकारकी गिनती).
मिश्रव्यवहार, (पु०) लीलावतीमें कहाहुआ गणन-
मिष्, -सेचन-सींचना । भ्वा० पर० सेट् । मेषति । अमेषीत् । "क्त्वावेट्". [तु० प० सक० सेट् । मिषति । अमेषीत्.
मिष्, -पराभिभवेच्छा-दूसरेको दबानेकी इच्छा करना ।
मिष, (न०) मिष्+क । छल । बहाना । स्पर्द्धन (हसद) (पु०).
मिषिका, (स्त्री०) मिषी+कन् । जटामांसी । एक प्रकारकी औषध.
मिष्ट, (त्रि०) मिष्+क्त । सिक्त । सींचागया और हसद कियाहुआ । मधुररस (मीठा रस) (पु०) । उसवाला (त्रि०). [मेहति । अमिक्षत्.
मिह्, -सेचन-सींचना । भ्वा० पर० सक० अनिट् ।
मिहिका, (स्त्री०) मिह्+कन् । अत इत्वम् । नीहार । पाला । बरफ़.
मिहिर, (पु०) मिह्+किरच् । सूर्य्य । आकका वृक्ष । बूढ़ा । बादल (मेघ) । वायु (हवा) । चन्द्र (चांद) । विक्रमादित्यकी सभाका एक पण्डित.
मी, -वध-मारना । दिवा० आ० सक० अनिट् । मीयते । अमेष्ट. [अमासीत् । अमास्त । मीनः.
मी, -मारना । क्र्या० उभ० सक० सेट् । मीनाति-मीनीते ।
मीढ, (त्रि०) मिह्+क्त । मूत्रित । मूताहुआ.
मीढुष्टम, (पु०) मीढुस्+तम नि० । शिवजी । सूर्य्य । सूरज.
मीढ्वस, (पु०) मिह्+क्वसु । नि० । शिवजी । महादेव.
मीन, (पु०) मी+नक् । मत्स्य । मछली (मच्छी) । मेषसे १२ वीं राशी । भगवान्का अवतारविशेष । "मत्स्यावतार".
मीनकेतन, (पु०) मीनः केतनो यस्य । मच्छी जिसका निशान है । कंदर्प । कामदेव । "मीनध्वज" इसी अर्थमें है.
मीनाण्डा, (स्त्री०) मीनस्य अण्डः (तदाकारा रेणुका) अस्ति अस्य । अच्-ङीष् । जिसके कतरे मच्छीके अण्डेके समान हैं । शर्करा । चीनी । मिशरी । खांड । मच्छीका अंडा. [मीमति.
मीम्, -शब्दकरना । अक० जाना । सक० भ्वा० पर सेट् ।
मीमांसक, (पु०) मीमांसां वेत्ति-अधीते वा वुन् । मीमांसाको जानता वा पढ़ता है । मीमांसाशास्त्रको जान्नेहारा । और उसको पढ़नेहारा । "मान्+स्वार्थे सन् ण्वुल्" । परीक्षक । सिद्धान्तकारक । फैसला करनेवाला । असल कहनेवाला.
मीमांसा, (स्त्री०) मान्+स्वार्थे सन्-अ । विचारसे तत्त्वका निर्णय (फैसला) करना । उसे प्रतिपादन करनेहारा एक प्रकारका ग्रंथ । इस ग्रन्थके दो भाग हैं (एक भाग

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कर्म्मको प्रतिपादन कर्त्ता है वह जैमिनीमुनिका रचाहुआ है और पूर्वमीमांसा नामसे प्रसिद्ध है। एवं दूसरा भाग-ब्रह्मविषयको निरूपण कर्त्ता है और वेदान्त नामसे प्रसिद्ध है-यह व्यासदेवने वर्णन किया है)। विचार। इन्साफ़। परीक्षा.

मील्,-निमेष-मीटना-बंदकरना (जैसा कि आँखका)। भ्वा० पर० अक० सेट्। मीलति। अमीलीत्.

मीलन, (न०) मील्+ल्युट्। मुद्रण। बंदकरना। मीटना। सिकोड़ना. [सिकुड़ाहुआ.

मीलित, (त्रि०) मील्+क्त। अप्रफुल्ल। न खिलाहुआ।

मीव्,-बंदहोना-मुद्रीभवन। भ्वा० पर० अक० सेट्। मीवति। अमीवीत्. [महादेव.

मुर, (पु०) मोचयति जीवान्। ण्यर्थे मुच्-ड। महेश।

मुकु, (पु०) मुच्+कु-पृ० "च" को "क"। मोक्ष। छुटकारा। उत्सर्ग। त्याग. [ताज़.

मुकुट, (पु०) मकि+उट-पृ०। शिरोभूषण। सिरका ज़ेवर।

मुकुन्द, (पु०) मुकुं ददाति। दा+क। पृ०। मुम्। मोक्ष देता है। विष्णु.

मुकुम्, (अव्य०) निर्वाण मोक्ष। निर्विकल्पक समाधि.

मुकुर, (पु०) भक्ति+उरच्। पृ०। दर्पण। शीशा। बकुल वृक्ष। कुलालदण्ड (कुह्मारका डण्डा)। मल्लिकावृक्ष। मालतीका दरख्त। कली.

मुकुल, (पु० न०) मकि+उलच्-पृ०। थोड़ीसी खिलीहूई कली। कली। शरीर (जिस्म)। आत्मा (रूह).

मुक्त, (त्रि०) मुच्+क्त। त्यक्त (छोड़ाहुआ)। प्राप्तमोक्ष। जिसका छुटकारा हो गया। और आनन्दित (खुश होगया).

मुक्तसंग, (त्रि०) मुक्तः सङ्गो विषयासक्तिः येन। जिसने सम्पूर्ण विषयोंका संग छोड़दिया है। परिव्राजक। संन्यासी (पु०).

मुक्तहस्त, (त्रि०) मुक्तः (दानाय प्रसारितः, न बद्ध इति यावत्) हस्तो येन। जिसने देनेके लिये हाथको फैला दिया है अर्थात् रोका नाहिं। बहुदानशील। बड़ा देनेवाला। फ़याज. [रत्न। मोती.

मुक्ता, (स्त्री०) मुच्+क्त। सीपीमेंसे निकला एकप्रकारका

मुक्ताप्रसू, (स्त्री०) मुक्तां प्रसूते। प्र+सू+क्विप्। ६ त०। शुक्ति (सीपी).

मुक्ताफल, (न०) मुक्ता फलं इव। मौक्तिक। मोती। लवलीफल। सीताफल। कर्पूर (काफूर)। बोपदेवका बनायाहुआ भक्तिप्रधान ग्रंथविशेष.

मुक्तावली, (स्त्री०) मुक्ताया आवली (हारभेदः)। मोतिओंका हार.

मुक्तास्फोट, (पु० स्त्री०) स्फुट्यते (विदीर्य्यते) स्फोटः। मुक्तायै स्फोटः। मोतीके लिये फूटना। शुक्ति। सीपी.

मुक्ति, (स्त्री०) मुच्+क्तिन्। मोचन। छूटना। संसारके बंधनसे रहित होना। मतके भेदसे "आत्यन्तिकदुःखनिवृत्तिः (ऐसा दुःखका छूटना कि फिर कभी नहो)"। ब्रह्मस्वरूपावाप्तिः (अपने निजस्वरूप अर्थात् ब्रह्मका पाना)। आत्माका देह और इन्द्रियोंके बंधनसे शून्य होना.

मुख, (न०) खन्+अच्। धातुके पहिले "मुट्" होता है। "प्रजासृजा यतः खातं तस्मादाहुर्मुखं बुधाः"। शरीरका अवयवविशेष (मुं)। गलआदि सात अंगोंवाला वदन (मुं)। घरसे निकलनेका मार्ग (रास्ता)। आरम्भ। उपाय। नाटकमें एक प्रकारकी सन्धि (जिसमें बीजकी उत्पत्ति होती है)। आद्य (पहिला)। प्रधान। शब्द। नाटक। और वेद.

मुखज, (पु०) ब्रह्मणो मुखात् जायते। जन्+ड। ब्रह्माके मुखसे उपजाता है। विप्र। ब्राह्मण। "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्" श्रुतिः.

मुखनिरीक्षक, (त्रि०) मुखं (इतरवदनं) निरीक्षते। ण्वुल्। अलस। आलसी। सुस्त। वह "यदि दूसरा अपना काम करेगा तो मैं नाहिं करूंगा" इस आशयसे दूसरेके मुखको देखताहुआ अपने काममें नहि लगता.

मुखपूरण, (न०) मुखं पूरयति। पूर्+ल्यु। गण्डूषमितजल। चुल्लूभर पानी। मुखको भरदेता है.

मुखभूषण, (न०) मुखं भूषयति। भूष्+ल्यु। मुखको सजादेता है। ताम्बूल। पान.

मुखर, (त्रि०) मुखं (मुखव्यापारं-कथनं) राति (आदत्ते-करोति) रा+क। जो कह डालता है। अप्रियवादी। कड़वा बोलनेवाला। अग्रवादी। आगे बोलनेवाला। चंचल। कौआ। और शंख.

मुखरित, (त्रि०) मुखर इव आचरति। मुखर+क्विप्+क्त। शब्दायमान। शब्द करनेवाला.

मुखलाङ्गल, (पु०) मुखं लाङ्गलं इव भूमिविदारकं यस्य। जिसका मुख हलकी नाईं पृथिवीको फ़ाडनेवाला है। शूकर। सूअर.

मुखवल्लभ, (पु०) ६ त०। दाड़िमवृक्ष। अनारका दरख्त (इसका फल मुखको पियारा लगता है)। मुखका पियारा (त्रि०).

मुखवास, (पु०) मुखं वासयति (सुरभीकरोति) अण्। मुखको सुगन्धिवाला कर्त्ता है। गंधतृण। कर्पूर। काफूर.

मुखवासन, (पु०) मुखं वासयति। वासि+ल्यु। मुखको सुगंधवाला (खुशबूदार) कर्त्ता है। अच्छा गंध। उसवाला (त्रि०).

मुखव्यादान, (पु०) वि+आ+दा+ल्युट्। ६ त०। मुख-प्रसारण। मुख खोलना-फैलाना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मुखशोधन, (न०) मुखं शोधयति । शुध्+णिच्+ल्यु । मुखको साफ़ करदेताहै । दालचीनी । कटुरस (कौडा रस) (पु०).

मुखस्राव, (पु०) स्रवति । स्रु-ण । ६ त० । मुखका बहता । लारनामी मुखसे वहाहुआ पानी.

मुखाग्नि, (पु०) मुखं एव अग्नितुल्यं शापदानेन दाहकत्वात् यस्य । शाप देकर जला देनेसे मुखही जिसका आग है । विप्र । ब्राह्मण । दावानल । जंगलकी आग.

मुख्य, (त्रि०) मुखे (आद्ये) भवः यत् । आदिमें हुआ । प्रथमकल्प । असली । और श्रेष्ठ (बहुत अच्छा).

मुग्ध, (त्रि०) मुह्+क्त । मूड । मूर्ख । बेवकूफ़ । मोहयति । अन्तर्भूतण्यर्थे । मुह्+कर्त्तरि क्त । सुन्दर । एक नायिका (स्त्री०).

मुच्, -त्याग-छोड़ना । तु० उभ० सक० अनिट् । मुञ्चति-ते । अमुञ्चत्-अमुक्त.

मुचुकुन्द, (पु०) मुच्+कुः मुचुः कुन्द इव । एक प्रकारका फूलोंवाला वृक्ष । एक राजा.

मुज्, -शब्द करना-अक० । साफ़करना-सक० । वा चुरा० पक्षे भ्वा० पर० सेट् । मोजयति-ते । मोजति । " इदित् भी इसी अर्थमें " मुञ्जयति-ते । मुञ्जति । अमुमुञ्जत्-त । अमुञ्जीत्.

मुञ्ज, (पु०) मुजि+अच् । मूंज । एक प्रकारका तृण । [जिस्से रस्सी बनाई जाती है.

मुड्, -केशादिच्छेद-वालोंका काटना और मर्द्दन (मलना) । भ्वा० सक० सेट्-इदित् । मुण्डति । अमुण्डीत्.

मुण्ड, (पु० न०) मुडि+कर्म्मणि घञ् । मस्तक । माथा । मत्था । सिर । एक दैत्य । नापित (नाई) । और स्थाणु (शाखा और पत्रविहीन)वृक्ष (पु०) । " मुण्डित " (त्रि०) (मूंडाहुआ) । महाश्रावणी । और मुण्डरीका । (स्त्री०) टाप्. [नापित । नाई.

मुण्डक, (पु०) मुण्डयति । मुडि+णिच्+ण्वुल् ।

मुण्डन, (न०) मुडि+भावे ल्युट् । केशों (वालों) का कटवाना । वपन । मुंडवाना । मूंडना.

मुण्डफल, (पु०) मुण्डं शिर इव फलं अस्य । जिसका फल सिरकीनांई हो । नारियेल । नारिकेल । नरेल.

मुण्डिन्, (पु०) मुण्डयति । मुडि+णिच्+णिनि । मूंडनेवाला । नापित । नाई । नौआ.

मुद्, -हर्ष (खुशी करना) । भ्वा० आ० अक० सेट् । मोदते । असोदिष्ट. [त्रायमाण औषध.

मुद् (दा), (स्त्री०) मुद्+क्विप् वा टाप् । हर्ष (खुशी) ।

मुदिर, (पु०) मुद्+किरच् । मेघ (वादल) । कामुक (कामी) (त्रि०).

मुद्ग, (पु०) मुद्+गक्-नेट् । मूंग । एक पक्षी । जलकाक.

मुद्गर, (न०) मुदं गिरति । गृ+अच् । एक प्रकारकी मालती । मोहली । मुदगर । फूलोंका वृक्ष (पु०) " स्वार्थे कन् ".

मुद्गल, (न०) मुदं गिलति । गृ+अच्-" र " को "ल" होता है । बनका तृण (घास) । और रोहिषतृण । गौओंका पियारा घास । प्रवर चलानेहारा मुनि । एक राजा (पु०).

मुद्रा, (स्त्री०) मुद्+रक् । प्रत्ययकारिणी । विश्वास जमानेवाली । मोहर (अंगूठीकी) । मोहरके निशानवाली अंगूठी । एक प्रकारका लिखना । तन्त्रमें एक प्रकारका पाँच मकारवाला द्रव्य । देवविशेषको आराधन करनेके लिये अंगुलिओंकी विशेष रचना.

मुद्रालिपि, (स्त्री०) मुद्रया लिपिः । पांच प्रकारके लिखनेमेंसे एक । छापेके अक्षर.

मुद्रिका, (स्त्री०) मुद्रैव । क्षुद्रा वा मुद्रा वा कन् । सोने वा चांदीका बनाहुआ अंगुलिमें स्थित अंकोंके साधन करनेलायक एक पदार्थ । मोहर । रुपया.

मुद्रित, (त्रि०) मुद्रा जाता अस्य इतच् । अप्रकाशित । छिपाहुआ । अंकित । छपाहुआ.

मुधा, (अव्य०) मिथ्या । झूठ । बेफ़ायदा । वृथा.

मुनि, (पु०) मन्+इन्-पृ० उत्वम् । ऋषि । पवित्रपुरुष । संत । भक्त । यति । अगस्त्य । व्यास । बुद्ध । पाणिनि । " जिसका मन दुःखमें व्याकुल नहिं होता सुखमें जिसको इच्छा नहिं, वासना, भय, और क्रोधसे रहित, स्थिरबुद्धिवाला मुनि होता है " स्थिरचित्त और विषयकी वासनासे रहित जन (वे मनु, अत्रि, विष्णु, हारीत आदि हैं) । सप्त संख्या । सातकी गिनती.

मुनिभेषज, (न०) मुनीनां भेषजं इव । मुनिओंकी मानों दवाई है । हरीतकी (हरीड़) । अगस्त्य मुनि । कुछ न खाना.

मुनीन्द्र, (पु०) मुनिः इन्द्र इव । मुनि मानो इन्द्र है । बुद्धदेव । ७ त० । ऋषिश्रेष्ठ । मुनिओंमें बहुत अच्छा.

मुन्था, (स्त्री०) ताज़कमें प्रसिद्ध जन्मके वर्षसे लेकर एक २ वर्ष । लग्नसे एक २ राशिका अन्तर (फ़रक) । इसी अर्थमें " मुथहा ".

मुन्यन्न, (न०)मुनियोग्यं अन्नं । मुनिओंके लायक अन्न । नीवार कन्दादि । स्वांकके चावल । कन्द आदि.

मुमुक्षु, (त्रि०) मोक्तुं इच्छुः । मुच्+सन्+उ । मोक्षकी इच्छावाला । जो संसारसे छूटना चाहता है । यति (पु०).

मुमूचान, (पु०) मुच्+कान-पृ० दीर्घः । मेघ (वादल).

मुमूर्षु, (त्रि०) मर्त्तुंइच्छुः । मृ+सन्+उ । आसन्नमरण । जो मरनेकी इच्छासे कर्त्ता है । जिसकी मौत नज़दीक है.

मुर्, -वेष्टन-घेरलेना । तु० पर० सक० सेट् । मुरति । अमोरीत्. [गंध । द्रव्य । स्त्रियां टाप्.

मुर, (पु०) मुर्+क । एक दैत्य । वेष्टन । घेरना । एक

मुरज, (पु०) मुरात् (वेष्टनात्) जायते । जन्+ड ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

घेरनेसे उपजता है । मृदंग । एक प्रकारका वाजा । कुवेरकी स्त्री । (स्त्रियां टाप्). ["मुरारि" "मुरमथन".

मुररिपु, (पु०) ६ त० । मुरदैत्यका शत्रु । विष्णु ।

मुरला, (स्त्री०) मुरं लाति । ला+क । नर्म्मदा नदी । एकवाजा । मुरली । वंसरी. ["मुरलीवादन".

मुरलीधर, (पु०) मुरलीं धरति । धृ+अच् । श्रीकृष्ण ।

मूर्च्छ, -मोह-मूर्छित होना-वेसुधहोना । वृद्धि-बढ़ना । मूर्च्छति । अमूर्च्छीत् । भावे क्त । मूर्त्त । मूर्च्छितम्.

मुर्मुर, (पु०) मुर्+क । पृ० द्वित्वम् । तुषाग्नि । तुस (तोह)की आग । कंदर्प । कामदेव । और सूर्यका घोडा.

मुश (स) ली, (स्त्री०) मुष्-मुस् वा अलुक्-पृ० "ष" को "श" ङीप् । तालामूली, मुसलीदवाई । गृहगोधिका । छिपकली (निन्) । बलराम (पु०).

मुष्, -लुण्ठन (लूटना) । क्र्या० पर० द्विक० सेट् । मुष्णाति । अमोषीत्.

मुष (स) (श) ल, (पु०) मुष्+कलन् । पृ० । षस्य वा सः (शः) वा । अयोग्र । जिसके आगे लोहा लगाहुआ होता है ऐसा धान आदि कूटनेका साधन । एक पदार्थ । मोहला । मुंगली.

मुषित, (त्रि०) मुष्+क्त । अपहृतद्रव्यजन । चुराया हुआ । वह जन कि जिसकी चोरी होगई.

मुष्क, (पु०) मुष्+कक् । पुरुषका चिह्नविशेष । अंडकोष । पताल् । घण्टापारुलनामी वृक्ष । तस्कर । चोर । मोटा.

मुष्कशून्य, (पु०) ३ त० । वृषण (पताल्) से रहित । राजाओंके अंतःपुर (जनानखाने)का रखवारा । खोजा । नपुंसक.

मुष्टि, (पु० स्त्री०) मुष्+क्तिच् । बद्धपाणि । बंधाहुआ हाथ । मुक्की । पल (चार तोले)का परिमाण (माप) क्तिन् । चुराना (स्त्री०). [मुक्कीओंसे लड़ना.

मुष्टामुष्टि, (अव्य०) मिथो मुष्टिप्रहारकरणं । आपसमें

मुष्टिक, (पु०) मुष्ट्या कायति । कै+क । कंस राजाका एक मल्ल (पहिलवान) "मुष्टिमोषणं प्रयोजनं अस्य" कन् । चुराना जिसका मतलब है । स्वर्णकार । सुनार.

मुष्टिकान्तक, (पु०) ६ त० । बलदेव (इसका मुष्टिकदैत्यको मारनेसे ऐसा नाम है).

मुष्टिन्धय, (पु०) मुष्टिं धयति । धे+खच्-मुमच । मुक्कीको पीता है । बालक । बच्चा.

मुष्टिबंध, (पु०) मुष्टिर्बंधो यत्र । जहां मुट्ठी बांधी जाती है । संग्रह । जमा करना । ६ त० । "मुष्टिबंधन" मुट्ठिका बांधना. [अस्त्यर्थे इनि । बलदेव । बलराम.

मुस (ष) (श) लिन्, (पु०) मुस (ष) (श)ल+

मुस्त, (पु०) (स्त्री०) मुस्त्+अच् । स्त्रीत्वे टाप् । मुस्ता । मोथा । तृणमूलविशेष.

मुह्, -मोह-वैचित्त्य-वेसुध होना । दि० उभ० अक० सेट् । मुह्यति । अमुहत् । मोहिता । मोग्धा । मोढ़ा.

मुहिर, (पु०) मुह्+किरच् । कामदेव । मूर्ख । वेवकूफ.

मुहुस्, (अव्य०) पौनःपुन्य । वारवार.

मुहूर्त, (पु० न०) हुर्च्छ+क्त-धातुको "मुट्" का आगम होता है । वारह क्षणके मापका समय । दिनका पं-द्रवां भाग । किञ्चिन्न्यूनाधिक घटिकाद्वयरूप काल । थोड़ासा कम वा ज़ियादा दोघड़ीका समय । लहज़ा । थोड़ासा समय । अठतालीस मिनटका वक्त । ज्योतिष (पु०). [अमर ।

मू, -वंध-वांधना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मवते ।

मूक, (पु०) मू+कक् । मत्स्य । मच्छी । एक दैत्य । दीन । और बोलनेकी शक्तिसे रहित । गूंगा (त्रि०).

मूढ़, (त्रि०) मुह्+क्त । मूर्ख । वाल । जड़ । वेवकूफ । बालक.

मूर्च्छना, (स्त्री०) मूर्च्छ+युच् । "स्वर (आवाज़) जहां भलीभांति मूर्च्छितहुआ रागपनको प्राप्त होता है, वह ग्रामसे उपजी मूर्च्छना कहीजाती है" गानेका एक अंगविशेष । वेसुध होना.

मूर्च्छा, (स्त्री०) मूर्च्छ+अङ् । मोह । बेहोशी । जागनेपरभी वाहिरकी इन्द्रिओंके व्यापारसे शून्यहोनेकी दशा । और वृद्धि । बढ़ना.

मूर्च्छाल, (त्रि०) मूर्च्छा+अस्त्यर्थे लच् । मूर्च्छाविशिष्ट । मूर्च्छावाला । बेहोश. [बढ़ाहुआ । ऊंचा ।

मूर्च्छित, (त्रि०) मूर्च्छा जाता अस्य इतच् । मूर्च्छावाला ।

मूर्त्त, (त्रि०) मूर्च्छ+क्त । मूर्च्छान्वित । मूर्च्छावाला । बेहोश । मूढ़ । और सख्त "मूर्त्तिः अस्ति अस्य" मूर्त्तिवाला । शकलवाला । न्यायमें पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और मन.

मूर्त्ति, (स्त्री०) मूर्च्छा+क्तिन् । देह । शरीर । काठिन्य (सख्ती) । आकार (शकल) । प्रतिमा । मूरत । तसवीर.

मूर्त्तिमत्, (पु०) मूर्त्तिः अस्ति अस्य मतुप् । मूर्त्तिवाला । शकलवाला । देह । शरीर । आकारवाला (शकलवाला) । सख्तीवाला (त्रि०).

मूर्द्धज, (पु०) मूर्ध्नि जायते । जन्+ड । माथेपर उपजता है । केश । वाल । जो कुछ माथेपर हो (त्रि०).

मूर्द्धन्य, (त्रि०) मूर्ध्नि भवः यत् । सिरपरहुआ । मस्तकजात । माथेमें उपजा । "ऋ-ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष" वर्ण (पु०). [सिर.

मूर्धन्, (पु०) मूर्ध+कनिन्-धुट्च । मस्तक । माथा ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मूर्वा, (स्त्री०) मूर्व+अच् । अपने नामसे प्रसिद्ध एकलता (बेल).

मूर्द्धाभिषिक्त, (पु०) मूर्ध्नि अभिषिक्तः । मस्तकपर अभिषेक कियाहुआ । राजतिलक दियागया । क्षत्रिय । राजा । वर्णसंकर । एकजाति । मन्त्री.

मूल्,-प्रतिष्ठा-कायम होना । स्थित होना । पक्का होना । भ्वा० उभ० अक० सेट् । मूलति-ते । अमूलीत्-अमूलिष्ट.

मूल्,-रोपण । लगाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । मूलयति-ते.

मूल, (न०) मूल+क । शिफा (जड़) । आद्य (पहिला) । निकुञ्ज (बेलोंसे ढकाहुआ स्थान) । व्यापारके उपयोगी मूलधन (पूंजी) । अन्तिक (नजदीक) । अपना । पांव । पिप्पलीमूल । टीका आदिसे व्याख्या करनेलायक ग्रन्थ । उन्नीसवां नक्षत्र (त्रि०).

मूलक, (न०) मूल+संज्ञायां कन् । एक प्रकारका कंद (जड़) । मूली (इसका माघमें कभी सेवन न चाहिये).

मूलकर्म्मन्, (न०) मूलेन (मन्त्रौषधादिना) यत् वशीकरणादि कर्म्म । मन्त्र और औषध (बूटी) आदिसे वश करलेनेका काम । पहिला काम.

मूलकृच्छ्र, (न०) मूलेन (क्वाथितवृक्षमूलेन) कृच्छ्रं । वृक्षकी जड़को काढनेसे मुशकिल है । एक प्रकारका व्रत । उसवाला (त्रि०).

मूलप्रकृति, (स्त्री०) मूलीभूता (सर्वाद्या) प्रकृतिः । सबके पहिली प्रकृति । सांख्यमतमें " सबका कारण, " समान दशाको प्राप्तहुआ, सत्व, रजः, तमोगुणरूप प्रधान.

मूलाधार, (पु०) ६ त० । जड़का आश्रय । नाभि । (नाफ़-धुन्नी) और लिङ्गका बीच (वह शरीरकी सम्पूर्ण नाड़िओंका मूलस्थान है) । तन्त्रमें तीन कोनवाला एकचक्र.

मूलिन्, (पु०) मूलं अस्ति अस्य इन् । जिसकी जड़ हो । वृक्ष । दरख्त " ठन् " मूलिक । इसी अर्थमें है.

मूलविभुज, (पु०) मूलानि विभुजति । जड़ोंको काटता है । रथ । गाड़ी । छकड़ा.

मूल्य, (न०) मूलाय (पटादिकारणतन्त्वादये) इदं यत् । सूत लेनेके लिये दियागया धन । मोल । कीमत । मुल्. [अमूषीत्.

मूष्,-लुण्ठन-लूटना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मूषति ।

मूषक, (पु०) (स्त्री०) मूष्+ण्वुल् । स्त्रीत्वे टाप् । अत इत्वम् । मूसा । चूआ । उन्दुरु.

मूषिक, (पु०) मूष्+किकन् । उन्दुरु । मूसा । चूआ.

मूषी, (स्त्री०) मूष+ङीष् । सोने आदिके पिघलानेका पात्र । कुठाली.

मृ,-मृति-मरना । तु० लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लुङ्, आशीर्लिङ्में आत्मनेपद और लाकारोंमें परस्मैपद होता है । अक० अनिट् । म्रियते । अमृत । ममार । मर्त्तासि । मृषीष्ट.

मृकण्डु, (पु०) मुनिविशेष । एक मुनिका नाम.

मृग्,-अन्वेषण-तालाश करना । और मांगना । चु० आ० सक० सेट् । मृगयते । अममृगत.

मृग, (पु०) मृग+क । पशुमात्र । हरिण । एक हाथी । अश्विनीसे पाँचवां नक्षत्र (तारा) । " मृग्+भावे अच् " अन्वेषण (ढूंढना-तालाश करना) । मांगना । और एक यज्ञ । कस्तूरी । और मकर राशि (पु०).

मृगगामिनी, (स्त्री०) मृग इव गच्छति । गम्+णिनि । मृगतुल्यगमनवती । हरिणके समान जानेहारी.

मृगजीवन, (पु०) मृगैः (तन्मांसादिभिः) जीवति । जो पशुओंके मांस आदिसे जीताहै । व्याघ्र । शिकारी । जीव्+ल्यु. [जना । तालाश.

मृगणा, (स्त्री०) मृग्+युच्+टाप् । नष्टहुए द्रव्यका खो-

मृगतृष्णा, (स्त्री०) मृगाणां तृष्णेव (तृष्णाहेतुत्वात्) । मानो हरिणोंकी लालच है (लालचका कारण होनेसे) । सूर्य्यकी किरणोंमें जलभ्रान्ति (पानीका खयाल होना) । जलरहित देशमें दूरसे सूर्य्यकी किरणोंको देख तृष्णासे पीड़ितहुए मृग जलकी भ्रान्तिसे वार २ घूमते हैं परन्तु पानी नहिं मिलता । निर्जल देशमें रेतपर गिरीहुई किरणमें पानीका खयाल. [डसता है । कुक्कुर । कुत्ता.

मृगदंशक, (पु०) मृगं दशति । दंश्+ण्वुल् । पशुको

मृगधूर्त्तक, (पु०) मृगेषु धूर्त्तकः । पशुओंमें धूर्त (खचरा) । शृगाल । सियार । गीदड़.

मृगनाभि, (पु०) मृगस्य नाभिः (नाभिजन्यः) । हरिणकी नाभि (धुन्नीसे उत्पन्न हुआ) । कस्तूरी । एक प्रकारका हरिण.

मृगनेत्रा, (स्त्री०) मृगः (मृगशिरोनक्षत्रं) नेत्रं इव (प्रकाशकं) यत्र (रात्रिषु) । जिन रात्रिओंमें मृगशिर तारा आंखकी तरह प्रकाश कर्त्ता है । मार्गशिरकी रात्रियें । हरिणके समान चपल नेत्रोंवाली स्त्री (औरत).

मृगपति, (पु०) ६ त० । मृगाणां (पशूनां) पतिः । पशुओंका मालिक । सिंह (शेर) । " मृगेन्द्र " आदि इसी अर्थमें है.

मृगवधाजीव, (पु०) मृगवधेन आजीवति । जीव्+अच् । पशुओंको मारनेसे जिसका जीवन होता है । व्याध । शिकारी.

मृगबंधनी, (स्त्री०) मृगो बध्यते अनया । बंध+ल्युट्-ङीप् । जिस्से पशु बांधलिया जाता है । पशुओंको बांधनेका जाल. [जिस्से अभिमान होता है । कस्तूरी.

मृगमद, (पु०) मृगस्य मदः (गर्वः) यस्मात् । हरिणको

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मृगया, (स्त्री०) मृगं याति अनया । या+क । जिस्से पशुपर झपटता है । शिकार । अहेर । आखेटक.

मृगयु, (पु०) मृग+अस्ति अर्थे यु । हरिणवाला । ब्रह्मा (हरिणके स्वरूपमें इसका सिर काटागया था)। शृगाल (गीदड़) आदि एक प्रकारका व्यापार । सिआर । व्याध । शिकारी.

मृगराज, (पु०) मृगाणां (पशूनां) राजा । टच् । पशुओंका राजा । सिंह (शेर) " मृगेण राजते " अच् । हरिणसे शोभता है । चन्द्रमा । चांद । " मृगाङ्क " " शशाङ्क. ".

मृगलक्षण, (पु०) मृगो लक्षणं यस्य । हरिण जिसका लक्षण (निशान) है । चन्द्र । चांद । " मृगाङ्क " आदि.

मृगवाहन, (पु०) मृगो वाहनं यस्य । हरिण जिसकी सवारी है । वायु । हवा । " धावन् हरिणपृष्ठस्थ " इति ध्यानम्.

मृगव्यथ, (न०) मृगान् व्यथते अत्र । जिसमें पशुओंको पीड़ा पहुंचती है । मृगया । शिकार । अहेर.

मृगशिरस्, (न०पु०) मृगस्य इव शिरः अस्य । जिसका सिर हरिणके समान है । अश्विनीसे पांचवां तारा । " मृगशिरा " " मृगशीर्षन् " " मृगशीर्ष " एकही अर्थ.

मृगाक्षी, (स्त्री०) मृगस्य इव अक्षि (पुष्पं) यस्याः । षच् समा० ङीष् । जिसका फूल हरिणके समान है । विशल्या । हरिणके समाननेत्रोंवाली स्त्री.

मृगाण्डजा, (स्त्री०) मृगस्य अण्डाकारात् (नाभिस्थित-मांसपिण्डात्) जायते । जन्+ड । हरिणकी नाभिमें रहनेहारे मांसके गोलेसे उपजता है । कस्तूरी.

मृगादन, (पु०) मृगान् अत्ति । अद्+ल्यु । क्षुद्रव्याघ्र । छोटाभेड़िया । पशुओंको खाता है । " मृगान्तक " इसी अर्थमें है. [शेर । भेड़िया.

मृगाराति, (पु०) ६ त० । पशुओंका शत्रु । कुत्ता । सिंह ।

मृगाविध, (पु०) मृगं विध्यति । विध्+क्विप् । पहिलेको दीर्घ होता है । पशुओंको वेधता है । व्याघ्र (शिकारी).

मृगित, (त्रि०) मृग+क्त । अन्वेषित । तालाश कियाहुआ । मांगागया.

मृगेन्द्र, (पु०) मृगः इन्द्र इव । पशुका मानों राजा है। सिंह। शेर.

मृगेन्द्रचटक, (पु०) मृगेन्द्र इव हिंस्रश्चटकः (पक्षी)। शेरकी नाईं हिंसा करनेवाला पक्षी । श्येन । बाज । परिंदा.

मृज्,-शोधन (साफ़करना) और (भूषण) सजाना । वा चुरा० उभ० पक्षे अदा० सक० वेट् । मार्जयति-ते । मार्ष्टि । अमीमृजत्-त-अममार्जत्-त । अमार्क्षीत्-अम्राक्षीत्-अमृक्षत्.

मृजा, (स्त्री०) मृज्+अङ् । मार्जन । साफ़करना.

मृड्,-तोषण (प्रसन्न करना)। क्र्या० और० तु० पर० सक० सेट् । मृड्णाति । मृडति । अमर्डीत्.

मृड, (पु०) मृड्+क्त । शिव । उसकी पत्नी (स्त्री०) ङीप्-आनुक्च. [अमर्णीत्

मृण्, -हिंसा (मारना) तु० प० स० सेट् । मृणति ।

मृणाल, (न०) मृण्+कालन् । कमलफूलकी डण्डीका सूत । और वीरणमूल । भें । " मृणाली ".

मृणालिन्, (पु०) मृणालं विद्यते अस्य अच् । " मृणालं (पद्मं) ततः-समूहे-तद्युक्तदेशे वा इनि ", कमलफूलकी डण्डीके सूतवाला । भेंवाला । बिसतन्तुवाला कमलोंका समूह । और कमलोंवाला देश । कमलोंकी बेल (स्त्री०).

मृत, (न०) मृ+भावे क्त । मरण । मरना । उसके समान दुःखको उपजानेहारा मांगनेका व्यापार (याचितक वृत्ति).

मृतक, (न०) मृतेन (मरणेन) कायति । कै+क । मरणाशौच । शव (मुर्दा) । मरनेकी अपवित्रता । पातक.

मृतकल्प, (त्रि०) ईषदसमाप्तो मृतः । मृत+कल्पप् । मृतप्राय । मरनेवाला । मरनेपर आपहुंचा.

मृतवत्सा, (स्त्री०) मृतो वत्सो यस्याः । जिसका पियारा (बेटा) मरगया । मरीहूई सन्ताननाली स्त्री (औरत) और गौ । " मृतवत्सा च या नारीति " तन्त्रम्.

मृतसञ्जीवनी, (स्त्री०) मृतान् संजीवयति । सम्+जीव्+णिच्+ल्यु+ङीप् । मरेहुओंको जिला देती है । गोरखदुग्धा नामी औषध (बूटी) । तन्त्रमें एक प्रकारकी विद्या.

मृतस्नात, (त्रि०) मृतं मरणं तन्निमित्तं स्नातः। स्ना+क। मरनेके निमित्तसे जिसने स्नान किया है । मरनेपर नहानेवाला.

मृत्तिका, (स्त्री०) मृद्+तिकन्-टाप् । मट्टी । मृदा । माटी.

मृत्यु, (पु०) मृ+त्युक् । यम । शरीर आदिसे प्राणोंका वियोग (अलगहोना) । मरण । मरना । मौत । कंस । कामदेव.

मृत्युनाशक, (पु०) मृत्युं नाशयति । नाशि+ण्वुल् । पारद (पारा) । (रसायन क्रियासे शुद्धकर सेवन कियाहुआ पारा मृत्युको नाश कर्त्ता है) मौतको नाश करनेहारा (त्रि०).

मृत्स्ना (त्सा), (स्त्री०) । मृद्+प्रशस्तार्थे स्न, स वा । प्रशस्त मृत्तिका । बहुत साफ़ मट्टी । खुशबोदार मट्टी.

मृद्,-क्षोद (चूराकरना) । क्र्या० प० सक० सेट् । मृद्नाति । अमर्दीत्.

मृद (दा), (स्त्री०) मृद्यते । क्षुद्यते । मृद्+क्विप् । मृत्तिका । मट्टी । " मृदा " भी. [वाला.

मृदङ्ग, (पु०) मृद्+अङ्गच् । वाक्यभेद । एक प्रकारका

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मृदु, (त्रि०) मृद्+कु । कोमल (नरम) । " स्त्रियां वा-ङीप् " मृद्वी-मृदुः । चित्रा, अनुराधा, मृगशिर, और रेवती तारे.

मृदुत्वच् (च), (पु०) मृदुः त्वक् त्वचा वा यस्याः । जि-सका छिलका मुलायम हो । भूर्जपत्र । भोजपत्रका वृक्ष.

मृदुल, (न०) मृद्+कुलच् । जल (पानी) । कोमल (नरम) (त्रि०). [पीलीदाख.

मृद्वीका, (स्त्री०) मृदु+स्वार्थे ईकन् । द्राक्षा (दाख) ।

मृध, (न०) मृध्यते अत्र । क । युद्ध । लड़ाई । जंग.

मृधू,-आर्द्रीभाव-गीलाहोना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । मर्द्धति-ते.

मृश,-स्पर्शन (छूना) । प्रणिधान-खयालकरना । तु० पर० सक० अनिट् । मृशति । अम्राक्षीत्-अमार्क्षीत् । अमृक्षत् । कइओंने इसे " मृष् " ऐसा लिखाहै.

मृष,-क्षमा-सहारना । तु० उभ० अनिट् । मृषति-ते । अमृक्षत्-त.

मृषा, (अव्य०) मिथ्या (झूठ) शब्दके अर्थमें है.

मृषार्थक, (न०) मृषा (अत्यन्तासम्भूतः) अर्थः यस्य । जिसका अर्थ बिलकुल झूठ हो.

मृषावाद, (पु०) मृषा+वद्+घञ् । मिथ्या वाक्य । झूठा वचन (जैसे " हृद (तालाव)में आग है) " इत्यादि वचन । झूठ बोलना.

मृषोद्य, (न०) मृषा+वद्+क्यप् । मिथ्या कथन । झूठ कहना । झूठ बोलना. [साफ़ होगया (त्रि०).

मृष्ट, (न०) मृष्+क्त । मरिच (मिर्च) । शोधित

मॄ,-वध्-मारना । क्र्या० प० सक० सेट् । मृणाति । अमारीत्.

मे(क)खलकन्यका, (स्त्री०) ६ त० । मेखलनामी पहाडकी कन्या अर्थात् उस्से निकली । नर्म्मदा नाम नदी.

मेखला, (स्त्री०) मि+खलच् । स्त्रीकटीभूषण । औरत-की कमरका ज़ेवर । तड़ागी । ब्रह्मचारीसे धारनेलायक कटीसूत्र (तड़ागी) । चमड़ेकी रस्सी आदि । पहाड़-का नितम्ब (गिर्द नवाई) । नर्मदा नदी । जनेऊ डालने-के समय वानकी तेहरी तड़ागी । होमका कुण्ड.

मेघ, (पु०) मिह्+घञ्-कुत्वम् । धूम (धूआं) ज्योति । (आग-रौशनी) और सलिल (पानी)के मेलसे उत्पन्न हुआ जलधर (बादल) । मुस्तक (मोथा) । एक राक्षस । एक रोग.

मेघजीवन, (पु०) मेघो जीवनं यस्य । बादल जिसका जीवन है । चातक पक्षी । पपीहा (ये बादलसे जीताहै).

मेघज्योतिस्, (न०) ६ त० । बादलसे उपजी ज्योति (रौशनी) । वज्राग्नि.

मेघनाद, (पु०) मेघस्य इव नादः अस्य । बादलकी नाईं जिसका शब्द है । वरुण । रावणका पुत्र । इन्द्रजित् । ६ त० । मेघशब्द । बादलकी आवाज़.

मेघयोनि, (स्त्री०) ६ त० । बादलका कारण । धूम । धूआँ. [आस्मान.

मेघवर्त्मन्, (न०) ६ त० । बादलोंका रास्ता । आकाश ।

मेघवह्नि, (पु०) मेघजन्यो वह्निः तद्वर्षगजातोऽग्निः । बादलोंकी घसड़से उत्पन्न हुई आग । वज्राग्नि.

मेघवाहन, (पु०) मेघो वाहनं इव यस्य । बादल मानो जिसकी सवारी है । " अथवा जो बादलोंको चलाता है । " वह+णिच्+ल्यु । इन्द्र । देवताओंका राजा.

मेघागम, (पु०) मेघानां आगमो यत्र । जिसमें बादल आते हैं । वर्षाकाल । वर्षर्त्तु । बर्सनेका समय । बर्सात.

मेघनन्दिन्, (पु०) मेघेन (तद्ध्वनिना) नन्दति । णिनि । बादलकी आवाज़से प्रसन्न होता है । मयूर । मोर.

मेघान्त, (पु०) मेघानां अन्तो यत्र । जिस समय बा-दलका अंत हो जाता है । शरत्काल । " मेघात्यय " यही अर्थ है.

मेचक, (न०) मच्+वुन्-पृ० । अंधकार । अंधेरा । और नीला अंजन (सुर्म्मा) । मयूरचन्द्रक (मोरकी पूंछका चांद) । बादल । और श्यामवर्ण (कालारंग) (पु०) । उसवाला (त्रि०).

मेढ्र, (पु०) मिह्+ष्ट्रन् । मेघ । बादल । पुरुषका असा-धारण (खास) चिह्न (निशान) । लिङ्ग.

मेद,-वध-मारना । सक० भ्वा० उभ० सेट् । मेदति-ते । अमेदीत् । अमेदिष्ट.

मेदज, (पु०) मेदात् (महिषासुरमेदसो) जायते । जन्+ड । महिष (भैंसेका स्वरूप)नामी दैत्यकी चर्वी-से उपजा । पृथिवीका गुग्गल (भूमिजगुग्गुल) । चर्वीसे उपजा (त्रि०). [विशेष (चर्वी).

मेदस्, (न०) मेद्+असुन् । मांससे उत्पन्नहुआ धातु-

मेदस्कृत्, (पु०) मेदः करोति (स्वपरिपाकेण जनयति) क्विप् । जो अपनेको पकाकर चर्वी उत्पन्न कर्त्ता है । मांस । मास.

मेदिनी, (स्त्री०) मेदः (मधुकैटभमेदः) अस्ति अस्याः कारणत्वेन इनि । जो मधु और कैटभ दैत्योंकी चर्वीसे उपजी । वसुंधरा । पृथिवी । ज़मीन. [चिकना.

मेदुर, (त्रि०) मिद्+घुरच् । अतिशयस्निग्ध । बहुत

मेधा, (स्त्री०) मेध्-मारना-समझना-जान्ना+अङ् । धारणा-वती बुद्धिः । जिस बुद्धिसे एकवार जानाहुआ पदार्थ नहिं भूलता । शक्ति (वेदमें) । अच् । याग (पु०).

मेधाविन्, (पु०) मेधा+अस्त्यर्थे विनि । अच्छी अकल-वाला । शुकखग । तोतापक्षी । मेधावाला (त्रि०) स्त्रियां ङीप् । " मेधावती ".

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मेधस, (पु०) मेध्+असुन् । स्वायंभुवमनुका एकपुत्र.

मेधातिथि, (पु०) मनुसंहितापर टीका करनेवाला । अरुन्धतीका पिता. [अच्छी बुद्धिवाला ।

मेधिर, (त्रि०) मेधा+अस्त्यर्थे इरच् । मेधावाला ।

मेधिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन मेधावान् । इष्ठन् । मतोर्लुक् । बहुत बुद्धिवाला जन । जिसकी न भूलनेवाली बुद्धि हो.

मेध्य, (त्रि०) मेध्+ण्यत् । पवित्र (पाक) । और शुचि (साफ) । " मेधाय (यज्ञाय) हितः" जो यज्ञके लिये उपकारी हो । छाग (बकरा) । खदिर (खैरकी लकड़ी) और यव (जौं) (पु०) । केतकी । शङ्ख-पुष्पी । रोचना (स्त्री०).

मेनका, (स्त्री०) मि+नक् । (स्वर्वेश्याभेद) । एक प्रकार-की स्वर्गकी वेश्या (कंजरी) । " मेनैव " कन् । हिमा-लयकी स्त्री (औरत).

मेनकात्मजा, (स्त्री०) ६ त० । मेनकाकी लड़की । हिमालयकी कन्या । दुर्गा । पार्वती । " मेनासुता " यही अर्थ. [उपजी कन्या (लड़की).

मेना, (स्त्री०) मि+न । हिमालयपत्नी । पितरोंकी मनसे

मेन्धी, (स्त्री०) मा (लक्ष्मीः) इव इन्धते । इन्ध्+घञ् । ङीष् । जो लक्ष्मीकी नाई चमकती है । (मेंदी) वृक्ष । उसको मलनेसे लक्ष्मीके समान लाल हाथ हो जातेहैं.

मेय, (त्रि०) मा-मि-वा यत् । परिच्छेद्य । मापने लायक । जाननेलायक.

मेरु, (पु०) मि+रु । सर्ववर्षोंसे उत्तरका एक पर्वत (पहाड़) । जपमालाके ऊपरका । फलका बीजविशेष । हाथरूपमालामें अंगुलिओंका पर्व (गांठ) विशेष.

मेरुसावर्ण, (पु०) चौदह मनुओंमें ग्यारवां । एकादशमनु.

मेलक, (त्रि०) मेलयति । मिल्+णिच्+ण्वुल् । मिलाता है । विवाह । मेल्+घञ् । कन् । संग । मेल.

मेला, (स्त्री०) मिल्+णिच्+अच्+टाप् । नीलका वृक्ष । स्याही । अंजन । सुर्मा । और मिलाना.

मेलान्धु, (पु०) मेलायाः (मस्याः) अंधुः इव । स्याही-का मानों खूआ है । मस्याधार (दवात).

मेव्, -सेवाकरना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मेवते । अमेविष्ट.

मेष, (पु०) मिष्+अच् । (मेड्डा) एक प्रकारका पशु । ज्योतिश्चक्रका बारवां अंश (हिस्सा) । अश्विनी भ-रणी और कृत्तिका नक्षत्रके एक पादवाला राशिविशेष । पहिली राशि.

मेषाण्ड, (पु०) मेषस्य अण्ड एव अण्डः अस्य । मेडेका अंडाही जिसका अण्ड है । इन्द्र (दक्षके यज्ञमें अंड नाश होनेपर मेषहीका अंड उसका कियागया था) (पुराणमें).

मेह, (पु०) मिह्+घञ् । प्रस्राव । पेशाब । प्रमेहका रोग-विशेष । सूज़ाखकी बीमारी । " अच् " मेघ । बादल.

मेहघ्नी, (स्त्री०) मेहं हन्ति । हन्+ठक्-ङीप् । हरिद्रा (हलदी) । इसकी जड़का गीला रससेवन करनेसे पेशाब-की बीमारी दूर हो जाती है यह वैद्यकमें प्रसिद्ध है.

मेहन, (न०) मिह्यते अनेन । मिह्+करणे ल्युट् । शिश्न लिंग । " कर्मणि ल्युट् " मूत्र (मूत) । "भावे ल्युट्" मूत्रोत्सर्ग । मूतका छोड़ना । पेशाब करना.

मैत्र, (न०) मित्रो देवता अस्य अण् । मैत्रं (पायु:) तस्येदं पुनरण् । गुदाका । विष्ठोत्सर्ग । पाखाने फिरना । " मित्रो देवता अस्य मित्रत आगतं " " तस्येदं " अण् " अनुराधा नक्षत्र (न०) इसका मित्र देवता है मित्रसे पाया । सुहृत्संबन्धी (त्रि०) " मित्र एव " अण् । मित्र । और ब्राह्मण.

मैत्रावरुण, (पु०) मित्रश्च वरुणश्च । आनङ् । मित्रावरु-णयोः अपत्यं अण् । मित्र और वरुण देवताकी संतान । अगस्त्य । वशिष्ठ । इञ् । "मैत्रावरुणिः " इसी अर्थमें कल्पभेदसे वह उनका पुत्र है (यह पुराणमें प्रसिद्ध है).

मैत्री, (स्त्री०) मित्रस्य भावः अण् । ङीप् । सौहार्द । मित्रता । दोस्ती "ष्यञ् " " मैत्र्यं "इसी अर्थमें होता है (न०). [और बुद्धदेव.

मैत्रेय, मित्रायाः अपत्यं ढक् । मित्राकी संतान । एक मुनि ।

मैथिली, (स्त्री०) मिथिलायां भवा अण् । मिथिलामें उपजी । सीता । " मिथिलाया राजा अण् " मिथिला देशका राजा (पु०).

मैथुन, (न०) मिथुनेन (स्त्रीपुंसाभ्यां) निर्वृत्तं । अण् । स्त्री और पुरुषसे पूराहुआ । अग्न्याधानादि (यज्ञ आदि) कर्म्म (यज्ञमें सपत्नीक-स्त्रीसहितकाही अधिकार है) स्त्री और पुरुषके मेलवाला गांवका धर्म । भोग.

मैनाक, (पु०) मेनकायां भवः अण् । मेनकामें हुआ । एक पहाड़.

मैरेय, (पु०) मिरायां (देशभेदे-औषधिभेदे वा) भव: ढक् । मिरादेशमें उपजा वा औषधिविशेषसे बनाया हुआ आसव (शराब).

मोक्ष्, -क्षेप-फेंकना-छूटना-खोलना-खुले होजाना । वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । मोक्षयति-ते । मोक्षति.

मोक्ष, (पु०) मोक्ष्+घञ् । मुक्ति (छूटना) । मोचन (जीने और मरना । आत्माका जन्म और मरणके पाशसे बि-लकुल छूटना. [दह) । और हीन (कम-छोटा).

मोघ, (त्रि०) मुह्+घ-अच्-वा कुत्वं । निरर्थक (बेफ़ायदा)

मोचक, (पु०) मुच्+ण्वुल् । मोक्ष (नज़ात) । केलेका फ़ल (कदली) । और शोभांजन (सुहांजना) । वै-राग्यवाला (त्रि०) . [टेढ़े दो कुशाके पत्ते

मोटक, (न०) मुट्+ण्वुल् । श्राद्धमें पितरोंको देनेके लिये

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मोट्टायित, (न०) एक प्रकारकी स्त्रिओंकी अभिलाष (चाह).

मोद, (पु०) मुद्+घञ् । हर्ष । खुशी.

मोदक, (पु०) मोदयति । मुद्+णिच्+ण्वुल् । खुशीदेता है । एक प्रकारका खाना (खाद्यभेद) (लड्डु) (लडुआ) । खुश करनेवाला (त्रि०) एक प्रकारका दोगला (कहार).

मोदिनी, (स्त्री०) मोदयति । मुद्+णिच्+णिनि । अजमोदा । अजवाइन । मल्लिका (मालती) । यूथिका । कस्तूरी । और मदिरा.

मोषक, (पु०) मुष्णाति । मुष्+ण्वुल् । चुराता है । तस्कर । चौर । चोर. [काटना । मारना.

मोषण, (न०) मुष्+ल्युट् । लुण्ठन । लूटना । छेदन ।

मोह, (पु०) मुह्+घञ् । मूर्छा । बेहोशी । अज्ञान । बेसमझी । भ्रान्ति (भ्रम) का साधन (कारण) । वेदान्तमें अविद्याकी एक प्रकारकी वृत्ति । दुःख । शरीर आदिमें आत्माका अभिमान । (ये मेरे हैं वा मैं इनका हूं).

मोहन, (पु०) मोहयति । मुह्+णिच्+ल्यु । धतूरा (बेहोश करदेता है) । और कामदेवका एक प्रकारका शर (तीर) । मोहके करनेहारा (त्रि०) । (स्त्रियां ङीप्).

मोहरात्रि, (स्त्री०) ब्रह्माके अपने परिमाण (माप) से पचास वर्ष व्यतीत होनेपर एक प्रकारका प्रलय । जन्माष्टमीकी रात । भादों वदि अष्टमी.

मौक्तिक, (न०) मुक्तैव । स्वार्थे ठक् । मुक्ता । मोती.

मौक्तिकप्रसवा, (स्त्री०) मौक्तिकं प्रसूते । प्रसू+अच् । शुक्तिमात्र । हरएक प्रकारकी सीपी । मुक्तास्फोट.

मौक्तिकसर, (पु०) मौक्तिकानां सरः । मोतिओंकी लड़ी वा हार.

मौञ्जी, (स्त्री०) मुञ्जस्य इयं अण् । कटिसूत्र । कमरका सूत । तड़ागी । तिहरी मूंजकी बनीहुई मेखला (तड़ागी).

मौञ्जीबंध (न), (पु०) मौञ्ज्याः (मेखलायाः) बंधः यत्र । जिसमें तड़ागी बांधते हैं । उपनयनसंस्कार । यज्ञोपवीतकी रसम । " मौञ्जीबंधः शुभः प्रोक्तश्चैत्रे मीनगते रवौ " इति स्मृतिः । तडागीका बांधना (न०) " द्वितीयं मौञ्जीबंधनं " स्मृतिः. [बालकपन । बाल्य.

मौढ्य, (न०) मूढस्य भावः ष्यञ् । मूढ़पना । मोह ।

मौद्गल्य, (पु०) मुद्गलस्य मुनेः अपत्यं यञ् । गोत्र चलानेहारा एक मुनि । मुद्गल मुनिकी संतान. [योग्य खेत.

मौद्गीन, (न०) मुद्गानां भवनं क्षेत्रं । मूंग उत्पन्न करने

मौन, (न०) मुनेर्भावः । मुनिपना । वाणीके व्यापारसे रहित होना । " उच्चारे, मैथुने, चैव प्रस्रावे, दन्तधावने, स्नाने, भोजनकाले च षट्सु मौनं समाचरेत् " चुपचाप.

मौनिन्, (त्रि०) मौनं अस्ति अस्य इनि । वाग्व्यापार-रहित । जो बोल नहिं सक्ता । चुपरहनेहारा । मुनि (पु०). [दंग वादनशील । मृदंग वाजाके वजानेवाला.

मौरजिक, (त्रि०) मुरजवादनं शिल्पं अस्य ठक् । मृ-

मौर्ख्य, (न०) मूर्खस्य भावः ष्यञ् । मूर्खपन । बेवकूफी । जडता । मूर्खता.

मौर्वी, (स्त्री०) मूर्वा (लता) तत्तन्तुना निर्वृत्ता अण् । मूर्वा बेलकी तांतोंसे तयार हुई । धनुर्गुण । धनुष्का गुण । कमानका चिल्लह । अजश्रृङ्गी.

मौल, (त्रि०) मूलं वेत्ति । मूलादागतो वा अण् । मूलको जानता है वा मूलसे चलाआया । भूमि आदिके आगम आदिका मूल जान्नेहारा । पुराना (देरसे चला आता (रीत रसम आदि) । अच्छे वंशका । बाप दादोंसे ले राजाके यहां काम करनेवाला.

मौलि, (पु० स्त्री०) मूलस्य अदूरभवः इञ् । मूलके न दूर होनेवाला । चूड़ा । चोटी । किरीट । मुकुट (ताज) । संयतकेश (बंधेहुए बाल) और जूंडा । अशोकवृक्ष (पु०) । भूमि (स्त्री०) वा ङीप्.

मौषल, (न०) मुषलस्य इदं सदृशं अण् । मुषल (मोहला)-के समान निश्चेष्ट (बेहोश) । " गंगामें मौषलस्नान बड़े २ पापोंको नाश कर्त्ता है । " इति पुराणम् । "मुषलं अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः" अण् । वह ग्रंथ कि जिसमें मुषलके विषयमें लिखा गयाहो । महाभारतके बीच " मुषल कुलका नाशक हुआ " इत्यादि प्रतिपादन करनेहारा षोडश पर्व (सोलवां पर्व) (इसमें श्रीकृष्ण और बलरामजीकी मृत्यु और यादवोंका ब्राह्मणके शापद्वारा नाशका वर्णन है).

मौहूर्त, (पु०) मुहूर्तं (तत्प्रतिपादकं शास्त्रं) वेत्ति अधीते वा अण् । मुहूर्तको बतानेहारे शास्त्रको जान्नेहारा । ज्योतिःशास्त्रको जान्नेहारा । ज्योतिषी । ठक् । यही अर्थ है.

म्ना, -(अभ्यास) वार २ (मनमें) कहना । मिहनतसे सीखना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मनति । अम्नासीत्.

म्रक्ष्,-संयोजन-जोड़ना । इकट्ठा करना । घसाना । मारना । साफ़ २ बोलना । चंदन आदि लगाना । चु० उ० स० सेट् । म्रक्षयति-ते.

म्रक्षण, (न०) म्रक्ष्+ल्युट् । संयोजन (जोड़ना) । राशीकरण (इकट्ठा करना) । तेल । और यज्ञका पात्र (वर्त्तन). [म्रदते । अम्रदिष्ट.

म्रद्,-क्षोद-चूरा करना-पीसना । भ्वा० आ० सक० ।

म्रदिमन्, (पु०) मृदोर्भावः । मृदु+इमनिच् । म्रदादेशः । मृदुत्व । कोमलपन । नाज़कपना.

म्रदिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन मृदुः इष्ठन्-म्रदादेशः । बहुत कोमल । बहुत मुलायम.

म्रियमाण, (त्रि०) मृ-दिवा० आ+शानच् । मृतसदृश । मरा हुआसा । मरनेपर आया.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

म्लान, (त्रि०) म्लै+क्त । मलिन । मैला । ग्लानियुक्त । ग्लानिवाला। जिसका वीर्य क्षय हो चुका।कुह्मलाया हुआ। हैरान । विषण्ण (थकाहुआ)। सूका. [मुरझा जाना.

म्लानि, (स्त्री०) म्ला+क्तिन् । कान्तिक्षय । मलिन होना।

म्लिष्ट, (न०) म्लेच्छ्+क्त । नि० । अविस्पष्ट वाक्य । वह वचन जो साफ़ नहिं । ऐसे वचनवाला और मुरझायाहुआ (त्रि०).

म्लेच्छ्,-अपशब्द (बुरा वचन बोलना-साफ न बोलना-जंगलिओंके समान बोलना) वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० अक० सेट् । म्लेच्छयति-ते । म्लेच्छति.

म्लेच्छ, (पु०) म्लेच्छ्+घञ् । अपशब्द (बुरा वचन) विगड़ी हूई बोली । " म्लेच्छो ह वा यदपशब्दः " इति श्रुतिः । " कर्त्तरि अच् " पामरजाति । नीचजाति और बुरा काम करनेवाली कौम (पु०)पापरत (गुनाहगार) (त्रि०) (किरात, शबर, पुलिंदादि)। हिङ्गुल (हींग) (न०).

म्लेच्छकन्द, (पु०) म्लेच्छप्रियः कन्दः । म्लेच्छोंका पियारा कन्द (जड़) । लशुन । लसन । पियाज़.

म्लेच्छजाति, (स्त्री०) म्लेच्छाभिधा जातिः । म्लेच्छनामी कौम । गौका मांस आदि खानेहारी किरात आदि जाति.

म्लेच्छदेश, (पु०) म्लेच्छाधारो देशः।म्लेच्छोंका देश। ब्राह्मण आदि चारों वर्णोंके आचारसे रहित देश । जंगली मुल्क.

म्लेच्छमुख, (न०) म्लेच्छानां मुखं इव रक्तत्वात्।लाल होनेसे मानो म्लेच्छोंका मुख है । ताम्र । तामा । म्लेच्छोंका मुख । " म्लेच्छास्यम् ".

म्लै,-कान्तिक्षय-कान्तिका क्षय-खतम-होना । कुह्मलाना । मुरझाना, भ्वा० पर० सक० अनिट् । म्लायति । अम्लासीत् । मम्लौ.

य.

य, (पु०) या+ड । वायु । हवा । यश । यज्ञ । गति (जाना)। संयम (काबू करना)। "या कर्तरि ड"। याता (जानेवाला) (त्रि०).

यकृत्, (न०) यं (संयमं) करोति । कृ+क्विप-तुकूच । संयम कर्त्ता है । कुक्षि (वक्खी)। कलेजा । दक्षिणभागस्थ मांसपिण्ड । दहिनी ओर मांसका गोला । उसे बढ़ानेहारी एकप्रकारकी बीमारी. [अययक्षत.

यक्ष,-पूजा करना । चु० आ० स० सेट् । यक्षयते ।

यक्ष, (पु०) यक्ष्यते (यक्ष्+कर्मणि घञ् । पूजाजाता है)। एक प्रकारका देवता । उसका ईश्वर (मालिक) कुवेर । इन्द्रका घर.

यक्षकर्दम, (पु०) यक्षप्रियः कर्दमः । यक्षोंका पियारा कर्दम । " केसर, कस्तूरी, कपूर, चंदन और अगुरु" समभाग (एक जितना) मिलाहुआ केसर आदि.

यक्षतरु, (पु०) यक्षाणां वासयोग्यः तरुः । यक्षोंके निवास करनेलायक वृक्ष । वटवृक्ष । बोड़का दरख्त.

यक्षधूप, (पु०) यक्षे (पूजने) योग्यो धूपः । वह धूप जो पूजनमें उचित है । सर्जरस । धुना । राल.

यक्षराज, (पु०) यक्षाणां राजा । टच् समा० । यक्षोंका राजा । कुबेर । " यक्षेषु राजते " राज्-क्विप् । यक्षोंमें शोभता है । "यक्षराट् ".

यक्षरात्रि, (त्रि०) यक्षप्रिया रात्रिः । यक्षोंकी पियारी रात । कार्तिककी पूर्णिमारात्रि । कार्तिक (कतक) महीनेमें पूनोंकी रात.

[का फल.

यक्षामलक, (न०) यक्षाणां आमलकं इव । पिण्डखजूर.

यक्ष्मघ्नी, (स्त्री०) यक्ष्माणं हन्ति । हन्-टक्-ङीप् । मिर्गीके रोगको नाश कर्त्ता है । द्राक्षा । दाख। किसमिस.

यक्ष्मन्, (पु०) यक्ष्+मनिन् । रोगभेद । एक प्रकारकी बीमारी । मिर्गी.

यज्,-देवताकी पूजा करना । दान देना और आदर करना। भ्वा० उभ० अनिट् । यजति-ते । अयाक्षीत् । अयष्ट.

यजति, (पु०) यज्+अतिच् । एक प्रकारका याग (यज्ञ)। " यजतिषु ये यजामहे " इति श्रुतिः.

यजन, (पु०) यज्+ल्युट् । होता आदिसे मन्त्र पढ़कर अग्निमें घी आदि डालना । यज्ञ । ब्राह्मणके छह कामोंमेंसे एक । " देवयजनः " देवताका यज्ञ करनेवाला (त्रि०).

यजमान, (पु०) यज्+शानच् । होता (पुरोहित) आदिको नियोग करनेहारा । पूजा करनेवाला । यज्ञ आदिके करनेवाला.

यजुर्वेद, (पु०) यजुषां (ऋक्सामभिन्नानां मन्त्राणां) प्रतिपादको वेदः । ऋक् और सामसे भिन्न मन्त्रोंको बतानेहारा वेद । वह शुक्ल और कृष्णके भेदसे दो प्रकारका है. [विभागसे रहित मन्त्रविशेष । यजुर्वेद.

यजुस्, (न०) यज्+उसि । ऋक् और सामसे भिन्न पद-

यज्ञपशु, (पु०) यज्ञका पशु (जिसकी यज्ञमें बलि दी जाती है)। अश्व । घोड़ा । छाग । बकरा.

यज्ञपुरुष, (पु०) यज्ञरूपः पुरुषः । यज्ञस्वरूप पुरुष । विष्णु. [श्वेतदर्भ । चिट्टीकुशा.

यज्ञभूषण, (पु०) यज्ञं भूषयति । भूष्+णिच्+ल्यु ।

यज्ञयोग्य, (पु०) यज्ञे योग्यः । उदुम्बरका वृक्ष (इसकी लकड़ियें यज्ञमें काम आती हैं)। यज्ञके लायक.

यज्ञवल्ली, (स्त्री०) यज्ञार्था वल्ली । यज्ञके लिये बेल । सोमलता.

यज्ञवराह, (पु०) यज्ञरूपो वराहः । यज्ञस्वरूप शूकर । आदिवराह । भगवान्‌का अवतारविशेष.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

यज्ञवाट, (पु०) ६ त० । यज्ञस्थान । यज्ञकी जगह.

यज्ञसूत्र, (न०) यज्ञार्थं योग्यं संस्कृतं वा सूत्रं । यज्ञके लायक । वा यज्ञके लिये संस्कार कियाहुआ । उपवीत । यज्ञोपवीत । जनेऊ.

यज्ञाङ्ग, (पु०) यज्ञस्य अंगं (साधनत्वेन) अस्ति अस्य अच् । उदुम्बर (गूलर) । खदिर (खैरका दरख्त), सोमवेल (इनकी लकड़ी और पत्तोंसे यज्ञ सम्पादन कर्ते हैं).

[स्नान (न्हाना) यज्ञका शेष.

यज्ञान्त, (पु०) ६ त० । अवभृथ । यज्ञकी समाप्तिमें

यज्ञिक, (पु०) यज्ञः (यज्ञाङ्गं) साध्यत्वेन अस्ति अस्य (ठन्) । पलाश । पलाशका दरख्त (इसकी लकडियें यज्ञमें काम आती हैं).

यज्ञिय, (त्रि०) यज्ञाय हितः । घ । यज्ञके लिये अच्छा । यज्ञके कामके लायक । द्वापरयुग (पु०).

यज्ञियप्रदेश, (पु०) कर्म० । "यज्ञका काम करनेलायक देश । जिस देशमें स्वभावसे कृष्णसार (बिलकुल काला) हरिण विचरता है " वह देश.

यज्ञेश्वर, (पु०) यज्ञस्य प्रवर्तयिता ईश्वरः । यज्ञके चलानेहारा विष्णु.

यज्ञोपवीत, (न०) यज्ञेन संस्कृतं उपवीतम् । यज्ञसे संस्कार कियागया उपवीत । यज्ञसूत्र । उपनयनसंस्कारसे पवित्र कियाहुआ तिहरा ऊंचे कियाहुआ बायें कंधेसे दहिनी कुक्षिकी ओर लटकरहा एक प्रकारका सूत । जनेऊ.

यज्वन्, (पु०) यज्+भूते क्वनिप् । विधिसे यज्ञ करानेवाला.

यत्, -यत्न-कोशिश करना । भ्वा० आ० अक० सेट् । निष्ठायां अनिट् । यतते । अयतिष्ट.

यतस्, (अव्य०) यद्+तसिल् । यस्मात् । जिस्से । क्योंकि.

[एक.

यतम, (त्रि०) एषां मध्ये यः । यद्+डतमच् । इन्मेंसे

यतर, (त्रि०) अनयोर्मध्ये यः । डतरच् । इन दोनोंमेंसे एक.

यति, (पु०) यतते मोक्षाय । यत्+इन् । मोक्ष (जन्ममरणसे छूटना)के लिये यत्न कर्त्ता है । परिव्राजक । संन्यासी । " यम्यते जिह्वा अत्र, यम्+क्तिन्" जहां जीभ रुक जाती है । छन्दोग्रन्थमें जीभके विश्रामका स्थान । वोलनेके समयका विच्छेद (टूटना) (स्त्री०) । (पढ़नेका ठहिराव) "यद्+डति"यत्परिमाण । जित्ता । जितना (त्रि०).

यतिन्, (पु०) यमनं-यतं । यम्+क्त । यतं अनेन । इनि । जिसने इन्द्रियोंको दमन किया है । संन्यासी । परिव्राजक । विधवा (बेवा-रंडी) (स्त्री०).

यत्न, (पु०) यत्+नङ् । आयास । कोशिश । उद्योग । हिम्मत । वैशेषिकमें एक प्रकारका गुण (जो प्रवृत्ति, निवृत्ति और जीवनयोनिभेदसे तीन प्रकारका है) । वह " आत्माका गुण है" ऐसा नैयायिक कहते हैं । "चित्तका गुण है " सांख्य और वेदान्तिओंका मत है.

यत्र, (अव्य०) यद्+त्रल् । यस्मिन् । जिसमें । जहां.

यन्त्र, -संकोचन-सिकोड़ना । वा० चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । यन्त्रयति-ते । यन्त्रति.

यथा, (अव्य०) यद्+प्रकारे थाल् । येन प्रकारेण । जिस तरह । जिस प्रकारसे । जैसे.

यथाकाम, (अव्य०) कामं अनतिक्रम्य । अव्ययी० । इच्छाके अनुसार । स्वाच्छन्द्य । यथेष्टता । मरजीके मुआफ़िक । जैसा चाहें.

यथाक्रम, (अव्य०) क्रमस्य आनुरूप्यं तस्य अनतिक्रमो वा । अव्ययी० । क्रमानुसार । सिलसिलेवार.

यथाजात, (त्रि०) जातं (समयविशेषं) अनतिक्रम्य यथाजातं तत् अस्य अस्ति इति अच् । जैसा पैदा हुआ वैसाही रहा । मूर्ख । और नीच । बेवकूफ़.

यथातथ, (अव्य०) तथा अनतिक्रम्य । अनतिवृत्तौ अव्ययी० । यथार्थ । ठीक २ । जिस वस्तुका जैसा रूप होना उचित है वैसाही होना । " यथायथम् " इसी अर्थमें.

यथार्थ, (अव्य०) अर्थं अनतिक्रम्य । अव्ययी० । अर्थके अनुसार । ठीक २ । सत्यता । सचाई । अर्थका न टूटना । सत्यस्वरूप । " अच् " सत्य । सच (त्रि०).

यथार्ह, (अव्य०) अर्हं (योग्यतां) अनतिक्रम्य । अव्ययी० । यथायोग्य । जैसे चाहिये । अच् । सत्यभूतपदार्थ (त्रि०).

यथार्हवर्ण, (पु०) यथार्हं (यथायोग्यं) वर्णयति । वर्ण+अण् । जो ठीक २ वर्णन कर्त्ता है । चर । दूत । कासिद.

यथाशक्ति, (अव्य०) शक्तेः आनुरूप्यं । आनुरूप्येऽव्ययी० । शक्तिके अनुसार । ताकतके मुताबिक.

यथाशास्त्र, (अव्य०) शास्त्रस्य आनुरूप्यं । अव्ययी० । शास्त्रानुसार । शास्त्रके मुताबिक.

यथास्थित, (अव्य०) यथा (येन रूपेण) स्थातुं योग्यं तथास्थितम् । जैसे रहना चाहिये वैसा रहा । योग्यतायां-अव्ययी० । सत्यता । सचाई । अच् । सत्य । सच (त्रि०).

यथेप्सित, (अव्य०) ईप्सितस्य अनतिक्रमः । अव्ययी० । इच्छाका न टूटना । जैसे चाहागया । स्वाच्छन्द्य । "अच्" यथाभीष्ट । इच्छाके अनुसार । " यथेष्टं " यही अर्थ.

यथोचित, (अव्य०) उचितस्य अनतिक्रमः । मुनासिबका न लांघना । औचित्य । यथायोग्य । अच् । उचित । (त्रि०).

यद्, (त्रि०) सर्वनाम । जो । यस्मात् (जिस्से) (अव्य०)।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

यदा, (अव्य०) यद्+डाच् । यस्मिन् काले । जिस समय । जब. [जो । अगर.

यदि, (अव्य०) यद्+णिच्-इन्-णिलोपः । पक्षान्तर ।

यदु, (पु०) ययातिराजाका बड़ा पुत्र (जिसके वंशमें श्रीकृष्णजीका अवतार हुआ) । "तस्य गोत्रापत्यं अण्" बहुषु तस्य लुक् । यदुके वंशमें हुआ और दशार्ह देश । (ब० व०).

यदुनाथ, (पु०) यदूनां नाथः । यदुओंका नाथ (रक्षा करनेसे) । श्रीकृष्णदेव । "यदुपति" यही अर्थ.

यदृच्छा, (स्त्री०) यत्+ऋच्छ+अ-टाप् । स्वातन्त्र्य । स्वैरता । अपनी इच्छासे अचानक । स्वाधीनता.

यन्तृ, (पु०) यम्+तृच् । सारथि । गाड़ी चलानेवाला । और हाथीको पालनेवाला । संयमयुक्त (अपनेको वशमें रखनेवाला) (त्रि०).

यन्त्र, (न०) यन्त्रि+अच् । संयमन (रोकना) । देवताका आसन । ज्योतिश्चक्रको देखनेका साधन । एक प्रकारका पदार्थ । कला (कल) । एक प्रकारका पात्र (वर्तन). [घर । कोल्हुघर.

यन्त्रगृह, (न०)६ त० । कलघर । तेल निकालनेकी कलाका

यन्त्रण, (न०) यन्त्रि+ल्युट् । नियमन । रोकना । रक्षण । बचाना । और बन्धन (बांधना) । "युच्" पीडा (दर्द) (स्त्री०) टाप्.

यभ्,-मैथुन-भोगकरना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । यभति । अयाप्सीत्. [यच्छति । अयंसीत्.

यम्,-उपरति । हटना । भ्वा० पर० सक० अनिट् ।

यम, (पु०) यम्+घञ् । अहिंसा, सत्यवचन, ब्रह्मचर्य्य, अस्तेय (चोरी न करना)आदि । और इन्द्रिय-आदिका संयमन (रोकना) "यमयति" अच् । प्राणिओंके भले और बुरे कर्म्मोंके अनुसार दण्ड देनेहारा ईश्वरसे नियोग कियाहुआ दक्षिण दिशामें एक प्रकारका देवता (यमराज) । और काक (कौवा) । एक गर्भमें उत्पन्नहुआ यमज (जौडा)(त्रि०) । (भाई-पनसे) यमका सम्बन्धी शनि । दोकी संख्या और योग (पु०). [से निर्म्माण कीगई पुरी.

यमकोटि, (पु० स्त्री०) लंकासे पूर्वकी ओर देवताओं-

यमज, (त्रि० द्वि० व०) यमः (एकदा, एकत्र गर्भे सहचरः) सन् जायते । जन्+ड । एकही समयमें एकगर्भमें उत्पन्नहुए दो) (जौड़े).

यमद्रुम, (पु०) यमस्य द्रुमः । यमका वृक्ष । यमके दर्वाज़ेके पास शाल्मली (सिंबल)का दरख्त.

यमद्वीतीया, (स्त्री०) ६ त० । कार्तिक (कत्तक) के शुक्लपक्षकी द्वितीया (दूज).

यमदग्नि, (पु०) मुनिविशेष । एक प्रकारका मुनि.

यमन, (न०) यम्+ल्युट् । बंधन । बांधना और हटना "यमयति ल्यु" यमराज (पु०).

यमराज, (पु०) ६ त० । (चौदह) यमोंका राजा । यमोंको नियमपर चलानेहारा राजा । टच् समा० । प्रेतोंका राजा । धर्म्मराज । "यमोंमें शोभता है" राज्+क्विप्.

यमल, (न०) यमं (योगं) लाति । ला+क । युग्म । जोड़ा । वृन्दावनके पास एकवृक्ष । "यमलार्जुन".

यमवाहन, (पु०) यमं वाहयति (स्थानात् स्थानान्तरं) नयति । वह्+स्वार्थे णिच्-ल्यु । यमको एक जगहसे दूसरी जगहपर ले जाता है । महिष । भैंसा । यमराजकी सवारी.

यमानी, (स्त्री०) यच्छति अग्निमान्द्यं अनया । यम्-करणे ल्युट्-पृ० आत्वम् । जो अग्निकी मन्दताको दूर कर्त्ती है । अजमोदा । यमानिका । अजवेन । जवैन.

यमुना, (स्त्री०) यम्+उनन् । कालिन्दी नदी । जमना नदी । यमकी बहिन । सूर्य्यकी कन्या । और दुर्गा.

ययाति, (पु०) यस्य (वायोः इव) याति (सर्वत्र) गतिः अस्य । जिसकी हवाके समान गति है । नहुषका पुत्र । एक राजा । (इसने शुक्रकी कन्या देवयानीको विवाही थी, सबसे छोटे पुत्र पूरुको बुढ़ेप्पा देकर एक-हज़ार वर्षतक जवानीके भोग भोगे तौभी तृप्त नहिं हुआ पीछे विषयोंकी निन्दाकर पूरुको राज्य दे बनमें तपस्वी हुआ). [घोड़ा.

ययु, (पु०) या+कु-द्वित्वं च । अश्वमेधयज्ञका घोड़ा ।

यव, (पु०) यु+अच् । जौं । "बसन्तमें सब शस्योंके पत्ते झड़ते हैं । और कणिशवाले यव मोदमान हुए रहते हैं". [बोनेलायक खेत.

यवक्य, (न०) यवानां भवनं क्षेत्रं । तत्-कुकूच । जौं

यवन, (पु०)यु+ल्यु । एकदेश । उस देशके लोग । ब० व० । वेग । जोर । बहुत जल्दी चलनेवाला घोड़ा । गोधूम । आट्टा । तुरुष्क जाति । तुरक लोग । वेगवाला (त्रि०). [मिरच.

यवनप्रिय, (न०) ६ त० । यवनोंका पियारा । मरिच ।

यवनानी, (स्त्री०) यवनानां लिपिः । ङीप्-आनुकच् । यवनोंकी लिपि । तुरकोंका हाथका लिखा. [श्रीकृष्ण.

यवनारि, (पु०) यवनस्य अरिः । यवनका दुश्मन ।

यवनिका, (स्त्री०) युवन्ति अस्यां । यु+ल्युट्-ङीप्-कन् । अको इ । इसमें मिलते हैं । कनात । जवनिका.

यवनी, (स्त्री०) यु+ल्युट्+ङीप् । यवानी नाम औषध । यवनकी स्त्री.

यवमध्य, (न०) यवाकृति मध्यं यस्य । जौंके स्वरूपका जिसका मध्य है । एक प्रकारका चान्द्रायण व्रत.

यवस, (न०) यु+असच् । घास । तृण.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

यवागू, (स्त्री०) यूयते (मिश्र्यते) यु+आगू । छगुना पानीसे पकाहुआ एक प्रकारका द्रवपदार्थ । लप्सी । खिचड़ी.

यविष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन युवा । युवन्+इष्ठन् । यवा-देशः । बड़ा जवान । कनिष्ठ भ्राता । छोटा भाई.

यव्य, (न०) यवानां भवनं क्षेत्रं यत् । जौं बोनेयोग्य खेत । "युतः चन्द्रार्कौ अत्र" जहां चांद और सूरज मिलते हैं । चांद्रमास (चन्द्रमासम्बन्धी महीना) (पु०).

यशःपटह, (पु०) यशःख्यापकः पटहः । यशको प्र-काश करनेहारा बाजा । ढक्का । एक प्रकारका बाजा.

यशःशेष, (त्रि०) यश एव शेषः अस्य । जिसका यश-ही बाकी है । मृत । मरगया । "कीर्तिशेषः" इसी अर्थमें है.

यशस्, (न०) अस्+असुन्-धातोः युच्च । शूरता आदि-से उत्पन्नहुआ "ख्याति" इस दूसरे नामवाला पदार्थ । नेक नामी । मशहूरी.

यशस्या, (स्त्री०) यशसे हिता । यशस्+यत् । जीवन्ती । ऋद्धि नाम औषध । यशका साधन (त्रि०).

यशस्वत्, (त्रि०) यशस्+मतुप्-"म" को "व" होता है । यशवाला । "विनि" "यशस्वी" इसी अर्थमें । स्त्रियां ङीप्.

यशोद, (पु०) यशो ददाति । दा+क । यश देता है । पारद । पारा । यशके देनेवाला (त्रि०) । नन्दगोपकी पत्नी (औरत).

यष्टृ, (पु०) यज्+तृच् । यागशील । यज्ञकरनेवाला.

यष्टि, (स्त्री०) यज्+क्तिन् । नि० । ध्वजा आदिका डण्डा । भुजा आदिके सहारनेके लिये डण्डा । और लकड़ी । "क्तिच्" तांत । हारलता । मुलट्ठी । वा ङीप् .

यस,-यत्न-कोशिशकरना । दिवा० पक्षे भ्वा० पर० अक० सेट् । यस्यति । यसति । अयसत् । अयासीत्-अयसीत्.

या,-गति-जाना । अदा० पर० अक० अनिट् । याति । अयासीत्.

याग, (पु०) यज्+घञ् । मन्त्रोंके साथ अग्निमें घी आदि-का फेंकनारूप यज्ञ । उपासन । वैश्वदेव । स्थालीपाक । आग्रयण आदि.

याच्,-याचन-मांगना । भ्वा० उभ० द्विक० सेट् । याचति-ते.

याचक, (त्रि०) याच्+ण्वुल् । याच्ञाकारक । मांगने-वाला. [याचना (स्त्री०).

याचन, (न०) याच्+ल्युट् । याच्ञा । मांगना । युच् ।

याचनक, (त्रि०) याच्+ल्यु-स्वार्थे कन् । याचक । मांगनेवाला.

याचित, (न०) याच्+भावे क्त । मांगनेकी वृत्ति । मां-गना । "कर्म्मणि क्त" । प्रार्थित (मांगागया) (त्रि०).

याचितक, (न०) याचितेन अधिगतं कन् । मांगकर धनके स्वामीसे लियागया.

याच्ञा, (स्त्री०) याच्+नङ् । प्रार्थना । मांगना । मांग.

याजक, (पु०) याजयति । यज्+णिच्-ण्वुल् । धन आदि पानेके लिये दूसरेके लिये यज्ञ करानेहारा पुरोहित आदि.

याज्ञवल्क्य, (पु०) एक मुनि । योगिओंका राजा.

याज्ञसेनी, (स्त्री०) यज्ञसेनस्य (द्रुपदराजस्य) अपत्यं स्त्री । अत इञ्-ङीप् । द्रुपदराजकी पुत्री । द्रौपदी । पाण्डवोंकी भार्य्या (औरत).

याज्ञिक, (पु०) यज्ञाय हितः । यज्ञः प्रयोजनं अस्य वा ठक् । यज्ञके लिये हितकारी वा यज्ञ जिसका प्रयोजन है । दर्भभेद । कुशा । खदिर (खैरकी लकड़ी) । पलाश । अश्वत्थ (पीपल) । याजक । यज्ञ करानेहारा । ऋत्विग् आदि । पुरोहित । और यजमान.

याज्य, (न०) इज्यते अत्र । यज्+ण्यत् । यज्ञका स्थान । देवताकी प्रतिमा (मूर्ति) । दायभाग (बिर्सह) । यज्ञकराने लायक (त्रि०). [सख्तदर्द.

यातना, (स्त्री०) चु० यत्+युच् । तीव्रवेदना । बड़ीपीड़ा ।

यातयाम, (त्रि०) यातः (गतः) यामः (उचित-समयः) यस्य । जिसका ठीक समय जाता रहा । जीर्ण । पुराना । पर्य्युषित । बासी । वआ । उच्छिष्ट । जूठा । परिभुक्त । खायाहुआ.

यातव्य, (पु०) यायते असौ । या+तव्य । वह शत्रु कि जिसके सामने राजाओंको युद्धके लिये जाना चाहिये । गन्तव्य (जानेलायक) (त्रि०).

यातायात, (न०) यातं च आयातं च । या+भावे क्त । आ+या+भावे क्त समाहार द्वं० । गमनागमन । जानाआना.

यातु, (पु०) या+तु । राक्षस । गन्ता (जानेवाला) (त्रि०).

यातुघ्न, (पु०) यातुं (राक्षसं) गन्धेन हन्ति । हन्+ठक् । जो राक्षसको गंधसे मारता है । गुग्गल । राक्ष-समारनेवाला (त्रि०).

यातुधान, (पु०) यातु इति धीयते (अभिधीयते) धा+ल्युट् । जिसे "यातु" कहते हैं । राक्षस.

यातृ, (स्त्री०) या+तृच् । देवरपत्नी । देवरकी औरत । दिरानी । (याता-यातरौ-यातरः) । तृन् । गन्ता । जा-नेवाला (त्रि०) याता-यातारौ-यातारः.

यात्रा, (स्त्री०) या+ष्ट्रन् । जीतनेकी इच्छासे राजाओं-का जाना । धावाकरना । जाना । देवताके उद्देशसे एक प्रकारका उत्सव । "रथयात्रा" आदि.

यात्रिक, (त्रि०) यात्रायै हितं । यात्राके लिये हित-कारी । उत्सव । उपाय । जानेके लिये हितकारी नक्षत्र.

याथातथ्य, (न०) तथा तद्रूपस्य औचित्यं । अव्ययी० ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

तस्य भावः ष्यञ् । जो वस्तु जैसी होनी चाहिये उसका वैसा होना । ठीक २ होना. [लिक । वरुण और समुद्र.

यादःपति, (पु०) यादसां पतिः । जलके जीवोंका मा-

यादव, (पु०) यदोर्गोत्रापत्यं अण् । यदुके वंशका । स्त्रियां ङीप् । उनमें प्रधान श्रीकृष्ण (पु०) । " यदूनां इदं अण्" । गौ, भैंस (महिष) आदि धन (न०).

यादस्, (न०) या+असुन्-दुकूच । हरएक प्रकारका जलका जीव.

यादसांनाथ, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० । जलके जीवोंका मालिक । वरुण और समुद्र । "यादसांपति" यही अर्थ.

यादृक्ष (श्) (श), (त्रि०) । यस्य इव दर्शनं अस्य । यद्+दृश्+क्स, (ट) क्विप् वा । जिसके सदृश । जिस प्रकारका जैसा.

यादृच्छिक, (त्रि०) यदृच्छया आगतः ठक् । अपनी इच्छासे आया । अचानक आगया । अचनचेत.

यान, (न०) या+भावे ल्युट् । गमन । जाना । संधि आदि छः गुणोंमेंसे एक । आक्रमण । हमला । " करणे ल्युट्" जानेका साधन रथ (गाड़ी) आदि.

यापन, (न०) या+णिच्+ल्युट् । समयका गुज़ारना । हटाना । निरसन.

याप्ययान, (न०) याप्यं (क्षेप्यं) कुत्सितं वा पदशून्यलात् यानं । बुरी सवारी । पालकी । शिबिका.

याम, (पु०) यम्+घञ् । समय । वक्त । और प्रहर । पहिर.

यामघोष, (पु०) यामे घोषः अस्य । जो एक पहिरके पीछे बोलता है । कुक्कुट । कुक्कुड़ । एक प्रकारकी घड़ी (स्त्री०). [प्रकारका तन्त्रशास्त्र.

यामलं, (न०) यमल+स्वार्थे अण् । युगल । जोड़ा । एक

यामवती, (स्त्री०) यामाः (बहवः त्रित्वसंख्यायुताः) सन्ति अस्याः । भूम्नि मतुप् । " म " को " व " होता है । तीन पहिरवाली । रात्रि (रात) । हरिद्रा । हल्दी.

यामातृ, (पु०) जायां माति । तृच् । पृ० । जामातृ । जवाई । दामाद ।

यामि, (स्त्री०) यम्+इन् । कुलकी स्त्री । भगिनी । बहिन.

यामित्र, (न०) ज्योतिषमें लग्न राशिसे सातवाँ स्थान.

यामित्रवेध, (पु०) यामित्रे (सप्तमस्थाने) वेधः (पापग्रहसंयोगः) । सातवें स्थानमें किसी पापी ग्रहका मेल (विवाह आदिमें वर्जनेलायक योग).

यामिनी, (स्त्री०) यामाः (त्रिसंख्याताः) सन्ति अस्य । बाहुल्ये इनि । तीन पहिरवाली । रात्रि । रात । हल्दी.

यामिनीपति, (पु०) ६ त० । रातका मालिक । चन्द्र । चांद । और कपूर (काफूर) । " रजनीश " यही अर्थ.

यामी, (स्त्री०) यमस्य इयं । यमो देवता अस्या वा अण् । दक्षिण दिशा । यमसम्बन्धिनी यातना । यमकी पीड़ा ।

याम्य, (पु०) यामी दिक् निवासः अस्य यत् । जिसका निवास यमकी दिशामें है । अगस्त्य । और चंदनवृक्ष । यमसम्बन्धी । यमका (त्रि०) दक्षिण देशमें रहनेहारा (त्रि०) ।

याम्यायन, (न०) याम्यायां अयनं (सूर्य्यस्य गतिः) दक्षिण दिशामें सूर्य्यका जाना । मार्गशिर (मग्गर) की संक्रान्तिसे परले छः महीने.

याम्योद्भूत, (पु०) याम्ये (दक्षिणदेशे) उद्भूतः । दक्षिण देशमें प्रकट हुआ । श्रीतालवृक्ष । तालका दरख्त.

यायजूक, (पु०) यज्+यङ्+ऊक । पुनः पुनर्यागशीलः । वार २ यज्ञके करनेहारा ।

यायावर, (पु०) देशात् देशान्तरं याति । या+यङ्+वरच् । अश्वमेधयज्ञका घोड़ा । और. जरत्कारु मुनि । भृशवक्रगमनशील । बहुत टेढ़ा चलनेहारा (त्रि०).

यावत्, (त्रि०) यत् परिमाणं अस्य-मतुप् । यत्परिमाण । जितने मापवाला । जितना । सारा । फैलाहुआ । सीमा (हद्द) । जबतक (अव्य०).

यावतिथ, (त्रि०) यावतां पूरणः । यावत्+डट्+इथुक् च । जितनोंके भरनेवाला । जित्तवां । जितने मापका. [नामी धान्य । एक देशका नाम.

यावनाल, (पु०) यवनाल एव । स्वार्थे अण् । (जुआर)

याष्टीक, (पु०) यष्टिः प्रहरणं अस्य ईकक् । लाठी जिसका शस्त्र है । लाठीसे लड़नेवाला.

युमिश्रण, (मिलाना) अमिश्रण (न मिलाना) । अ०प० स० सेट् । यौति । अयावीत्. [अयौसीत्-अयोषीत्

यु, -बांधना । क्र्या० उभ० सक० अनिट् । युनाति-युनीते ।

युक्त, (त्रि०) युज्+क्त । मिलित । मिलाहुआ । जुड़ाहुआ । योगी (पु०) । उचित (मुनासिब) । और न्याय (इन्साफ)से मिलाहुआ द्रव्य (न०).

युक्ति, (स्त्री०) युज्+क्तिन् । न्याय । व्यवहार । अनुमान । उसे सिद्ध (साबित) करनेहारे लिङ्ग (चिह्न)का ज्ञान । " युक्तिरर्थावधारणम् " । और नाटकका अङ्गविशेष.

युग, (न०) युगि+अच् । पृ० । " न " का लोप । युग्म । जोड़ा । दोकी संख्या (गिनती) । सत्य, त्रेता, द्वापर, और कलिरूप एक समय । वृद्धि नाम औषध । चार हाथका परिमाण (माप) । रथ (गाड़ी) वा हल आदिका अंगविशेष (एक हिस्सह) । जूला. [एकवारही.

युगपद्, (अव्य०) युगं इव पद्यते । पद्+क्विप् । एककाल ।

युगपार्श्वग, (पु०) युगपार्श्वे गच्छति । गम्+ड । अभ्यासके लिये हलके पास बंधाहुआ वृष (बैल).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

युगल, (न०) युगं (द्वित्वं) विद्यते अस्ति अस्य लच् । युग्म । जोड़ा । दोकी संख्यावाला.

युगान्त, (पु०) युगानां (सत्यादीनां) अन्तः (तदुपलक्षितः कालः) । सत्य, त्रेता, द्वापर और कलिरूपसे पहिचानागया समय । युगोंका अन्त । प्रलय । और प्रलयका समय.

युग्म, (न०) युज्+मक् । पृ० । " ज " को " ग " होताहै । दोकी संख्यावाला (जोड़ा) । युगल । दो । तिथिविशेषरूप योग । एक जैसी राशियें.

युग्य, (न०) युगं अर्हति यत् । जिसके साथ जूला लगाना चाहिये । वाहन । सवारी । यान । " जूलेको उठानेवाला" घोड़ाआदि. [सेट् । युच्छति । अयुच्छीत्.

युच्छ्,-प्रमाद (भूलना)-बेपर्वाह होना । भ्वा० पर० सक०

युज्,-संगम-मिलना-जुड़ना । चु० उभ० पक्षे भ्वा० प० सक० सेट् । योजयति-ते । योजति.

युज्,-युति (जुड़ना) रुधा० उभ० सक० अनिट् । युनक्ति-युङ्क्ते । उयुङ्क्ते । प्रयुङ्क्ते । निर्युनक्ति । अयुजत्-अयौक्षीत्-अयुक्त. [निट् । युज्यते । अयुक्त.

युज्,-योग-जुड़ना और समाधि लगाना । दिवा० अक० अ-

युज्, (पु०) दि० युज्+क्विप् । समाधिवाला । युक्-युजौ । रु० युज्+क्विप् । संयोगवाला । मिलाहुआ (त्रि०) युङ्.

युञ्जान, (पु०) युज्+शानच् । योगविशेषवाला । भावनाके साथ सम्पूर्ण पदार्थोंको जाननेहारा । "चिन्तासहकृतोऽपरः" योगविद्यासे सब कुछ जाननेहारा योगी । रथसारथि । गाड़ीवान । और विप्र (ब्राह्मण).

युत्,-(दीप्ति)चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । योतते । अयोतिष्ट.

युत, (त्रि०) यु+क्त । संयुक्त । मिलाहुआ।और न मिलाहुआ.

युतक, (पु०) यु+क्त । युत्+क वा । ततः स्वार्थे कन् । संशय । शक । युग । जोड़ा । स्त्रीके कपड़ेका पल्ला (किनारा) । पाँवके आगेका भाग । यौतुकधन । दहेज (दाज) । मैत्रीकरण । दोस्ती लगाना । संयुक्त (मिलाहुआ) (त्रि०). [के साथ पापग्रहोंका योग (जुड़ना).

युतवेध, (पु०) विवाहआदिमें त्याग देनेलायक चंद्रमा-

युद्ध, (न०) युध्+क्त । शस्त्रआदि चलानेका व्यापार (काम) । लड़ाई । संग्राम.

युध्,-युद्ध-लड़ाई करना । दिवा० आ० सक० अनिट् । युध्यते । अयुद्ध. [लड़ाई.

युध् (धा), (स्त्री०) युध्+क्विप् । वा टाप् । युद्ध । जंग ।

युधान, (पु०) यु+कानच् । लड़नेवाला । क्षत्रिय.

युधिष्ठिर, (पु०) युधि (युद्धे) स्थिरः "गवियुधिभ्यां स्थिरः" इति षत्वं । लड़ाईमें स्थिर (कायम-पक्का) । पाण्डवोंमें श्रेष्ठ. [यादव । एक क्षत्रिय । क्षत्रियमात्र.

युयुधान, (पु०) युध्+कानच् । इन्द्र । सात्यकिनामी

युवखलति, (स्त्री०) युवतिः एव खलतिः । जवान औरतही सिरकी गंजी है । एक प्रकारके रोगवाली जवान औरत । " युवजरती " इसी अर्थमें है.

युवति (ती), (स्त्री०) । युवन्+ति ङीप् वा । यौवनवती स्त्री । जवान औरत । युवन्+ङीप् । "यूनी" इसी अर्थमें है.

युवन्, (त्रि०) यु+कनिन् । श्रेष्ठ । बहुत अच्छा । स्वभावसे वलवाला । जवान । सोलह वरिसतक " बाल " इसके अनन्तर तरुण अर्थात् " जवान " कहाजाता है.

युवनाश्व, (पु०) सूर्य्यवंशमें हुआ मांधाताका पिता । एक राजा.

युवराज, (पु०) युवैव राजा । टच् समा० । जवानही राजा । राजाके लायक कुछ काम करनेवाला राजपुत्र (राजकुमार). [अयोषीत्.

युष्,-भजन (सेवा करना) पर० सक० सेट् । योषति ।

युष्मत्, (त्रि०) युष्+मदिक् । भवत्शब्दके अर्थमें । यह सर्वनाम है । आप । तुझारा । यह तीनों लिङ्गोंमें एक जैसा है. [(स्त्री०) टाप्.

यूक, (पु० स्त्री०) यू+क्विप्-कन् । मत्कुण । खटमल । जूं

यूति, (स्त्री०) यु+क्तिन् । नि० । दीर्घः । मिश्रीकरण । मिलाप । मिलाना. [एकजातका समूह । समूह.

यूथ, (न०) यु+थक् । पृ० । दीर्घः । सजातीयसमुदाय ।

यूथनाथ, (पु०) ६ त० । वन्यगजप्रधान । जंगली हाथिओंका सर्दार । " यूथप " आदि इसी अर्थमें है.

यूप, (न०) यु+पक् । पृ० दीर्घः । यज्ञके पशुको बांधनेकी लकड़ी । संस्कार कीगई एक प्रकारकी लकड़ी । यज्ञका खंबा । और यज्ञकी समाप्तिका चिह्न (निशान) बनानेके लिये एक स्तंभ । जयस्तम्भ । जीतका थंमा (खंभा) (पु०). [अयूषीत्.

यूष्,-वध (मारना) भ्वा० पर० सक० सेट् । यूषति ।

योक्त्र, (न०) युज्यते अनेन । युज्+ष्ट्रन् । युगबंधनार्थं दाम । जूलेके साथ हल बांधनेकी रस्सी.

योग, (पु०) युज्-भावादौ घञ् । संयोग । जोड़ । मिलाना । उपाय । वर्म्मादिधारण । ज़िरहआदिका पहिरना । ध्यान । " योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः " इस पातञ्जलसूत्रके अनुसार सब विषयोंसे मनकी वृत्तिओंका निरोध (हटाना) । जीवात्मा और परमात्माका एक होना । युक्ति । दलील । छल । विष्कम्भ आदि । अलभ्यलाभचिन्ता । देहकी स्थिरता । खासयोग.

योगक्षेम, (नं) योगश्च क्षेमं च-समाहारः द्वं० । अलभ्यलाभचिन्तासहित लब्धपरिरक्षण । न मिले हुए पदार्थकी चिन्ताके साथ मिलेहुए पदार्थकी रक्षा करना । न मिलीहुई चीज़को पाना और पाईहुईको बचाना । "योगक्षेमं वहाम्यहम् " इति गीता.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

योगज, (न०) योगात् जायते । जन्+ड । योग (मेल) से उपजता है । अगुरुचंदन । जो कुछ योगसे उत्पन्न हो (त्रि०) । न्याय आदिमें कहाहुआ प्रत्यक्षआदिका साधन एकप्रकारका अलौकिक सन्निकर्ष (व्यापार) (पु०).

योगदान, (न०) योगेन (छलेन) उपाधिना वा दानं । छल वा उपाधिसे देना । " योगदानप्रतिग्रहम् " इति स्मृतिः ।

योगनिद्रा, (स्त्री०) योगरूपा निद्रा । योगरूपी नींद । प्रलयके समय परमेश्वरका सम्पूर्ण जीवोंके संहार (खेंचना)की इच्छासे योगरूप व्यापार । "योगनिद्रामुपेयुष" इति चण्डी । ऊंघना । दुर्गा । पार्वती.

योगपट्ट, (न०) योगाभ्यासार्थं पट्टं । योगाभ्यासके लिये पट्ट । योगिओंके धारण करने(पहिरने)लायक एक प्रकारका पट्टका सूत.

योगपीठ, (पु०न०) योगयोग्यं पीठं (आसनं) । योगके लायक आसन । देवताआदिका एक प्रकारका आसन.

योगमाया, (स्त्री०) योग एव माया । योगही माया है । भगवान्की जगत्को रचनेके लिये शक्ति (ताकत) । " योगमायामुपाश्रितः " इति भागवतम् । दुर्गा । पार्वती । परमशक्ति.

योगरूढ़, (पु०) योगोऽवयवशक्तिः रूढ़िः समुदायशक्तिः एते स्तः अस्य अच् । जिसकी दोनों (अवयव और समुदाय) शक्तियें हों । अवयवशक्ति (धातु और प्रत्ययसे जो अर्थ होसके) और समुदायशक्ति (जो अर्थ सारे शब्दका प्रसिद्ध होगया हो)से अर्थको जतानेहारा " पङ्कज " आदि शब्द । यहां दोनों शक्तिओंसे अर्थबोध होता है (पङ्क+जन्+ड) " जो कीचड़से निकलता है " यह अवयवशक्ति है इसका अर्थ " कमलही है " यह समुदाय शक्ति है.

योगारूढ़, (पु०) योगं आरूढः । आ+रुह्+क्त । योगपर चढ़गया । एक प्रकारका योगी (जो इन्द्रियोंके विषय और कर्म्मोंमें आसक्त (डूबता) नहिं और सम्पूर्ण संकल्पोंका संन्यास (त्याग) किया है) । " योगारूढ़स्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते" गीता.

योगासन, (न०) योगार्थं आसनम् । योगके लिये आसन । योगशास्त्रमें कहाहुआ " स्वस्तिक " आदि आसनविशेष.

योगिन्, (त्रि०) युज्+घिनुण् । योगवाला (जो सुख व दुःख सबमें समान देखता है) योगी । और संयोग (मेल)वाला (त्रि०) । स्त्रियां ङीप् । दुर्गा । नारायणी आदि उसकी शक्तियें.

योगीश्वर, (पु०) ६ त० । योगिओंका ईश्वर । याज्ञवल्क्य मुनि । और योगिओंमें श्रेष्ठ । दुर्गा (स्त्री०)।

योगेश्वर, (पु०) ६ त० । योगका मालिक । श्रीकृष्ण " यत्र योगेश्वरः कृष्णः " गीता । दुर्गा । स्त्रियां ङीप्.

योग्य, (त्रि०) योगं अर्हति यत् । युज्+ण्यत् वा । योगके लायक । उचित । मुनासिब । निपुण । चतुर और शक्त । ताकतवाला । पुष्यनामी नक्षत्र (तारा) (पु०) । ऋद्धि नाम औषध (न०).

योग्यता, (स्त्री०) योग्यस्य भावः तल् । योग्यपना । लायकपन । सामर्थ्य । ताकत । शाब्दबोधसाधन " परस्परान्वयबाधाभावरूपार्थ " पदार्थोंके परस्पर सम्बंधविषयमें बाधा (रुकावट)का न होना । " तत्पदार्थे तत्पदार्थवत्तारूप ".

योग्यानुपलब्धि, (स्त्री०) योग्यस्य (प्रत्यक्षादिना उपलब्धुं अर्हस्य) अनुपलब्धिः (अज्ञानम्) । प्रत्यक्ष आदिसे लाभ होसकनेवालेका न जान्ना । न्याय आदिमें " अभाव " को जतानेका साधनविशेष । जैसा कि " घट " आदिके होनेपर "घट" का न होना (अभाव) नहिं जान पड़ता और उसके प्रतियोगी (विरोधी) " घट " के न होनेपर प्रत्यक्ष होनेकी सामग्रीके अनुभवसे " घट " के अभावका प्रत्यक्ष होता है । किन्तु " पिशाच " आदिके अभावकी प्रत्यक्षता नहिं क्योंकि उसके प्रतियोगी " पिशाच " आदिका दर्शन नहिं होसक्ता ।

योजन, (न०) युज्+भावादौ ल्युट् । संयोग । मेल " णिच्+ल्युट् " संयोगकरण । जोड़ना । चार कोस.

योजनगंधा, (स्त्री०) योजनं व्याप्य गंधो यस्याः । जिसकी गंध चार कोसतक जाती है । कस्तूरी । सीता । व्यासदेवकी माता । सत्यवती । " स्वार्थे कन्-अत इत्वं । " यही अर्थ है.

योत्र, (न०) यु+ष्ट्रन् । योक्त (जोत्तर).

योद्धृ, (पु०) युध्+तृच् । युद्धकर्ता । लड़ाई करनेवाला बहादुर. [" भावे घञ् " । युद्ध । लड़ाई । जंग.

योध, (पु०) युध्+अच् । युद्धकारक । जंग करनेहारा

योधन, (न०) युध्+भावे ल्युट् । युद्ध । लड़ाई । जंग " करणे ल्युट् " अस्त्र आदि आयुध (औज़ार) । " कर्तरि ल्युट्" युद्धकर्त्ता । लडाई करनेवाला । जंगी (पु०).

योधसंराव, (पु०) योधाय (युद्धाय) संरावः (आह्वानं) । योधाओंका युद्धके लिये आपसमें बुलाना.

योनि, (पु० स्त्री०) यु+नि । मणिआदिके उपजनेकी जगह । आकर (खान-कान) । कारण (सबब) । जल । स्त्रिओंका असाधारण (ख़ास) चिह्न (निशान) कुस । पूर्वफल्गुनी नाम नक्षत्र (तारा) । वा ङीप्.

योनिज, (न०) योनिस्थानात् जायते । जन्+ड ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

की जगहसे निकलता है। एक प्रकारका शरीर। मनुष्य आदि.

योनिमुद्रा, (स्त्री०) योन्याकारा मुद्रा। तन्त्रमें देवताकी पूजाका अंग योनिके स्वरूपमें अंगुलिओंको दिखलाना.

योषा, (स्त्री०) युष्+अच्-टाप्। स्त्री। नारी। औरत.

योषित्, (स्त्री०) युष्+इति। नारी। औरत। "योषिता" यही अर्थ.

यौक्तिक, (त्रि०) युक्तित आगतः ठक्। युक्तिसिद्ध। दलीलके साथ। और योग्य (लायक)। "युक्तौ अधिकृतः ठक्" नर्मसचिव। हंसी मखौलके लिये वज़ीर.

यौगिक, (त्रि०) योगात् (प्रकृतिप्रत्ययार्थसम्बन्धात्) अधिगतः ठक्। धातु और प्रत्ययके अर्थ सम्बन्धसे मालूम हुआ। धातु और प्रत्ययसे समझ पड़नेलायक अर्थको बतलानेहारा शब्द। जैसे "पाचक" यह शब्द "पकानेवाले" को बोधन कर्त्ता है। "योगे योग्यः ठक्" योगके लायक.

यौतक, (न०) युतकाले (विवाहकाले) अधिगतं कण्। विवाहके समय मिलाहुआ धन। दहेजका धन.

यौतुक, (न०) योतुः (योगकालः) तत्र लब्धं कण्। योगकाल अर्थात् विवाहके समय मिलाहुआ धन.

यौधेय, (पु०) योध एव ढक्। योद्धा। जंग करनेवाला। बहादुर। ढ। "यौधेयः" इसी अर्थमें होता है.

यौन, (त्रि०) योनितः (योनिसम्बन्धात्) आगतं अण्। योनिके सम्बन्धसे आया। ज़नाहकारीका गुनाह। पाप। "योनेः अयं अण्"। विवाहसे उपजा सम्बन्ध (पु०).

यौवत, (न०) युवतीनां समूहः अण्। जवान औरतोंका समूह.

यौवन, (न०) यूनो भावः अण्। जवानका होना। तारुण्य। जवानी। एक प्रकारकी अवस्था। सोलह वर्षसे ऊपरकी.

यौवनकण्टक, (पु० न०) यौवनस्य कण्टक इव चिह्नं। जवानीका मानो कांटेकी नाईं निशान है। एक प्रकारका फोड़ा.

यौवनदशा, (स्त्री०) कर्म०। तारुण्य। जवानीकी हालत.

यौवनलक्षण, (न०) ६ त०। जवानीका निशान। लावण्य। और सुन्दरता (खूबसूरती)। स्तन (पिस्तान).

यौवराज्य, (न०) यौवराज्ये अभिषिक्तः। युवराजपनमें अभिषेक दियागया। पिताके जीतेही पुत्रको राजगद्दीका मिलना। युवराजका काम.

यौवनाश्व, (पु०) मांधाता राजा। युवनाश्वका बेटा.

यौष्माक, }
यौष्माकीन, } (त्रि०) युष्माकं इदं। युष्मद्+अण्। युष्माकादेशः। युष्मत्सम्बन्धी (आपका).

र

र, (पु०) रा+ड। वह्नि। आग। उग्र। तेज़। और कामदेवकी अग्नि. [ल्दीपन.

रंहस्, (न०) रहि+असुन्। वेग। तेज़ी। शीघ्रता। ज-

रक्त, (न०) रञ्ज् (करणे) क्त। कुंकुम। केसर। ताम्र। तामा। सिंधूर। शरीरकी सात धातुओंमेंसे रुधिर (लोह) नामी धातु (पु०) "भावे क्त" राग (मोहब्बत)। और लालरंग (पु०)। लालरंगवाला (त्रि०) "कर्त्तरि क्त" अनुरक्त। क्रीड़ारक्त (खेलमें लगाहुआ-प्रेमसे भरा) (त्रि०)। गुञ्जा (रत्ती) (स्त्री०).

रक्तकन्द, (पु०) रक्तवर्णः कंदः अस्य। लालरंगकी जड़वाला। विद्रुम। मूंगा.

रक्तचंदन, (न०) कर्म्म०। इस नामसे एक प्रकारका चंदन.

रक्तचूर्ण, (न०) कर्म्म०। सिन्धूर. [शुक। तोता.

रक्ततुण्ड, (पु०) रक्तं तुण्डं अस्य। लालमुखवाला।

रक्तदन्तिका, (स्त्री०) रक्ता दन्ता अस्याः ङीप्। संज्ञायां कन्। अत इत्वम्। लालदाँतोंवाली। एक दुर्गाशक्तिका नाम.

रक्तदृश्, (पु०) रक्ता दृक् (नेत्रं) अस्य। जिसकी आँख लाल हैं। कपोत। कबूतर। "रक्तनेत्र".

रक्तधातु, (पु०) कर्म्म०। गैरिक। गेरीका। और ताम्र (तांबा-तांमा)। शरीरका रुधिर (लोहू)रूप धातु (जो रसधातुसे उपजता और मांसधातुको उपजाता है).

रक्तप, (पु०) रक्तं पिबति। पा+क। लोहू पीता है। राक्षस। लोहू पीनेवाला (त्रि०)। जलौका (जोक)। डाकिनी (स्त्री०).

रक्तपित्त, (न०) रक्ताय दुष्टं पित्तं यस्मात्। जिससे लोहूके लिये पित्त बिगड़ जाता है। एक प्रकारका रोग। "रक्तपित्तात् भवेत् कासः" इति वैद्यकम्.

रक्तमोक्षण, (न०) ६ त०। लोहू (खून) का छुड़ाना। रुधिरस्रावण। लोहू बहाना (निकलवाना).

रक्तयष्टि, (स्त्री०) रक्तवर्णा यष्टिः अस्याः। जिसकी लता (बेल) लाल रंगकी हो। मंजिष्ठा। मजीठ। "स्वार्थे कन्" यही अर्थ.

रक्तवर्ग, (पु०) रक्तानां वर्गः (समुदायः)। लाल रंगवालोंका समूह। दाड़िम (अनार)। किंशुक (केसू)। लाक्षा (लाख), बंधूक, हरिद्रा (हल्दी), जवा, कुसुम्भेके फूल, मञ्जिष्ठा (मजीठ), और अलक्तकरूपसमूह.

रक्तवृष्टि, (स्त्री०) ६ त०। लोहूकी वर्षा। दैवसे कियाहुआ एक प्रकारका उपद्रव। खूनकी बारिश.

रक्तसरोरुह, (न०) कर्म्म०। लाल कमल। रक्तपद्म.

रक्तसर्षप, (पु०) कर्म्म०। लालसरिओं। राजिका। रत्ती.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रक्तसार, (न०) रक्तः सारः अस्य । लाल सारवाला । रक्तचन्दन । लाल चंदन । अम्लवेतस (पु०) अम्लवेत.

रक्तसौगन्धिक, (न०) कर्म्म० । रक्तवर्णकल्हार । लाल रंगवाला कमल.

रक्ताक्ष, (पु०) रक्ते अक्षिणी यस्य । षच् समा० । जिसकी लाल आँखें हों । पारावत । मीठी आवाज़ निकालनेवाला कबूतर । महिष (भैंसा) । चकोर । और सारस । लाल आंखवाला । क्रूर (बेरहम) । और जन (त्रि०) ङीष्.

रक्ताङ्ग, (न०) रक्तं अंगं यस्य-यस्माद्वा । कुङ्कुम । केसर । मंगलग्रह (पु०) प्रवाल (मूंगा) (पु. न०) । मजीठ (स्त्री०). [एकमाप.

रक्तिका, (स्त्री०) रक्तेव कन् अत इत्वं । गुञ्जा । रत्ती ।

रक्ष्,-पालन (रक्षा करना-बचाना) । भ्वा० स० प० सेट्० । रक्षति । अरक्षीत्. [समूह.

रक्षःसभ, (न०) रक्षसां (राक्षसानां) सभा । राक्षसोंका

रक्षक, (त्रि०) रक्ष्+ण्वुल् । रक्षाकर्त्ता । रक्षाकरनेवाला.

रक्षस्, (न०) रक्ष्यते हविः अस्मात् । रक्ष्+अपदानेऽसुन् । जिस्से यज्ञका हविः (घी आदि) बचाया जाता है । राक्षस.

रक्षा, (स्त्री०) रक्ष्+अ-टाप् । रक्षण । बचाना । अच्-टाप् । जतु (लाख) । और भस्म (खा-खाक) (स्त्री०) रक्ष्+अच् । रक्षक । बचानेवाला (त्रि०).

रक्षापत्र, (पु०) रक्षार्थं पत्रं अस्य । जिसका पत्ता रक्षाके लिये हो । भोजपत्रका वृक्ष । भूर्जपत्रतरु.

रक्षित, (त्री०) रक्ष्+क्त । रक्षा कियाहुआ । हिफ़ाज़त कियागया.

रक्षिवर्ग, (पु०) रक्षिणां वर्गः । सैन्यादिरक्षक । सेना आदिका रखवारा । रखवारोंका समूह । बहुतसे सिपाही । बहुत पहिरवाले.

रक्षोघ्न, (न०) रक्षो हन्ति । हन्+ठक् । राक्षसको मारता है । काञ्जिक । कांजी और हींग । इनका गंध सूंघनेसे राक्षस भाग जाते हैं । भल्लातकवृक्ष । और चिट्टी सरिओं (श्वेतसर्षप) (पु०) । ऋग्वेद आदिमें प्रसिद्ध " कृणुष्वपाजं " इत्यादि सूक्त (गीत)विशेष (न०) बचा (स्त्री०) । राक्षसोंको घात करनेवाला कोई द्रव्य (पदार्थ) (त्रि०).

रक्षोहन्, (पु०) रक्षो हन्ति । हन्+क्विप् । गुग्गल (इसका गंध सूंघनेसे राक्षस भाग जाते हैं) और चिट्टी (गोरी) सरिओं । राक्षसको मारनेवाला (त्रि०) । " रक्षहा वलगहन " श्रुतिः.

रख्,-सर्पण (सर्कना) । भ्वा० प० अ० सेट् । रखति । अरखीत्-अराखीत्. [रंगति । अरंगीत्.

रग्,-गति (जाना) । भ्वा० आ० सेट् । इदित् ।

रघ्,-गति (जाना) । भ्वा० आ० सक० वेट् । इदित् । रङ्घते । अरङ्घिष्ट.

रघु, (पु०) लघ्-उ । " ल " को " र " होता है । सूर्य्यके वंशमें दिलीप राजाका पुत्र । "रघोः अपत्यं" अण् (बहुवचनमें प्रत्ययका लोप होता है) । रघुके वंशमें अज आदि क्षत्रिय । ब० व० । " तान् अधिकृत्य कृतो ग्रंथः अण् " उनके विषयमें ग्रंथ बनायागया । आख्यायिका (अण्का लोप होता है) । कालिदासके रचाहुआ उन्नीस सर्गका महाकाव्यविशेष (पु०).

रघुनन्दन, (पु०) रघून् नन्दयति । नंद्+णिच्+ल्यु । रघुओंको प्रसन्न कर्त्ता है । दशरथका बड़ा पुत्र श्रीरामचन्द्र.

रघुनाथ, (पु०) रघूणां नाथः (रक्षकत्वात्-श्रेष्ठत्वात् वा) । रघुओंका स्वामी (मालिक)-रक्षा करनेसे वा उनमें बहुत अच्छा होनेसे । श्रीरामचन्द्र । "रघुपतिः ".

रघुवर, (पु०) रघुषु वरः (श्रेष्ठः) । रघुओंमें बहुत अच्छा । श्रीरामचन्द्र.

रघूद्वह, (पु०) रघुषु उद्वहः (रक्षादिभारधारकः) । उद्-वह्+अच् । रघुओंमें रक्षा आदि बोझको उठानेहारा । दशरथका बड़ा पुत्र (बेटा) । श्रीरामचन्द्र महाराज. [(मूर्ख).

रङ्क, (त्रि०) रकि+अच् । कृपण (सूम) । और मंद

रङ्कु, (पु०) रकि+उ । मृगविशेष । एक प्रकारका हरिन.

रङ्ग, (पु०) रगि+अच् । एक प्रकारका धातु (रांगा) " रञ्ज्+भावे घञ् । राग । " आधारे घञ् " रणभूमि (जंगकी जगह) । और नाट्यस्थान (तमाशेकी जगह) " करणे घञ् " नृत्य (नाच) । टङ्कण (सुहागा).

रङ्गज, (न०) रङ्गात् (रङ्गधातोर्ज़ायते) जन्+ड । राङ् धातुसे उत्पन्न होता है । सिंदूर । सिंधूर । सन्धूर.

रङ्गजीवक, (पु०) रङ्गेन (रञ्जनेन) जीवति । जीव्+ण्वुल् । रंगनेसे जीता है । रंगरेज । लिलारी । एक प्रकारका कारीगर । चित्रकर । मूरत लिखनेवाला । नाट्यजीवी । तमाशा करके जीनेवाला. [सुहागा.

रङ्गद, (पु०) रंगं (रञ्जनं-रावं) ददाति । दा+क । टंकण ।

रङ्गभूमि, (स्त्री०) रज्यते अत्र । रञ्ज्+घञ् । कर्म्म० । नाट्यभूमि । नाचनेका स्थान । और मल्लभूमि (पहिलवानोंका अखाड़ा).

रङ्गमातृ, (स्त्री०) रंगस्य (रागस्य) माता इव उत्पादिका । पियारकी मानों माता है । लाक्षा (लाख) । और कुट्टिनी (वही नायक और नायिकका बात आदिसे राग-प्रेम बढ़ाती है).

रङ्गशाला, (स्त्री०) रज्यते अत्र । कर्म्म० । खुश होनेकी जगह । नाट्यगृह । नाचघर.

रङ्गाजीव, (पु०) रङ्गं (रञ्जनं) नाट्यस्थानं (वा)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आजीवति। आ+जीव्+अण्। रंग वा नाचपर जो जीता है। रंगरेज। एक प्रकारका कारीगर। चित्र लिखने वाला। नट.

रङ्गावतारक, (पु०) रङ्गे (नाट्यस्थाने) अवतरति (वेशान्तरपरिग्रहेण)। अव+तृ+ण्वुल्। दूसरा वेश (भेस) लेकर जो नाचकी जगहपर उतरता है। नट। नाचनेवाला। शैलूष "णिनि" यही अर्थ.

रङ्घस्, (न०) रघि+असुन्। वेग। तेजी। जोर.

रचना, (स्त्री०) रच्+युच्। रचन। बनाना। फूल और पत्ते आदिका विन्यास (गांठना). [रचयति.

रच्,-रचना (बनाना-गांठना)। चुरा० उभ० स० सेट्।

रज, (न०) रञ्ज्+क। स्त्रीकुसुम। स्त्रीका फूल (महीनेके अनन्तर आया कर्त्ता है)। पराग। धूरी। फूलकी तिरी। रेणु। एकगुण (तीनोंमेंसे) (पु०).

रजक, (पु०) रजति। रञ्ज्+ण्वुल्। ("न" का लोप)। वस्त्र (कपड़ा) आदिपर रंग चढ़ानेहारा। एक जाति। धोबी.

रजत, (न०) रञ्ज्+अतच् ("न" का लोप)। रूप्य। रुपया। चांदी। हाथीका दांत। रुधिर। लोहू। हार। पर्वत। सोना। और धवल (चिट्टा-सुफेद)। चिट्टगुण-वाला (त्रि०).

रजताचल, (पु०) रजतकल्पितः अचलः। दान (देने) के लिये कल्पना कियाहुआ चांदीका पहाड़। "रजतं इव शुभ्रः अचलः" चांदीकी नाईं चिट्टा पहाड़। कैलाशका पहाड़। "रजतगिरिः" आदि-यही अर्थ है.

रजन, (न०) रज+ल्यु। राग। रंगना.

रजनी, (स्त्री०) रज्यते अत्र। रञ्ज्+कनि वा ङीप्। रात्रि (रात)। हरिद्रा (हल्दी).

रजनीकर, (पु०) रजनीं करोति। कृ+ट। रातको कर्ता है। चन्द्र। चांद.

रजनीचर, (पु०) रजन्यां चरति। चर्+ट। रातमें फिरता है। राक्षस। चोर। और पहिरभरका पहिरा देनेवाला. [नीहार। वर्फ.

रजनीजल, (न०) रजन्या जलं इव। रातका मानो पानी है।

रजनीमुख, (न०) ६ त०। रातका मूं। प्रदोष। सूर्य्य-अस्त होनेके पीछे चार घड़ी वा एक घण्टाका समय.

रजस्, (न०) रञ्ज्+असुन् ("न" का लोप)। पुष्प-रेणु। फूलोंकी तिरी। पराग। धूली। सांख्यमें चेष्टा आदि करनेवाला प्रकृतिका गुणविशेष.

रजस्वल, (त्रि०) रजः अस्ति अस्य वलच्। रजोयुक्त। रजोगुणवाला। महिष (भैंसा) (पु०)। हैज़वाली औरत। ऋतुमती (स्त्री०). [रस्सी। दाम। वेणी। गुत्त.

रज्जु, (स्त्री०) रज्ज्+उ। नि०। बांधनेका साधन।

रञ्जक, (न०) रञ्जयति। रञ्ज्+णिच्+ण्वुल्। हींग। प्रीति करनेवाला (त्रि०)। काम्पिल्लवृक्ष (पु०).

रञ्जन, (न०) रज्यते अनेन। रञ्ज्+करणे ल्युट्। रक्त-चंदन। मञ्जिष्ठा (मजीठ)। शेफालिका। हरिद्रा (हल्दी) (स्त्री०) ङीप्। "भावे ल्युट्"। राग(मुह-बत-पियार)। ल्यु। रागजनक (प्रेमको उपजानेहारा। (त्रि०) मुञ्जतृण (मूंजका घास-मूंज)। कट्फल (पु०).

रट्,-भाषण (बोलना-बातचीतकरना) भ्वा० प० स० सेट्। रटति। अराटीत्-अरटीत्। "माघे मासि रटन्त्यापः."

रटन्ती, (स्त्री०) रट्+झश्-ङीप्। माघके कृष्णपक्षकी चतुर्दशी. [अराठीत्-अरठीत्.

रठ्,-भाषण (बोलना)। भ्वा० पर० सक० सेट्। रठति।

रण्,-गति-जाना। भ्वा० प० स० सेट्। रणति। अराणीत्-अरणीत्. [अराणीत्। अरणीत्.

रण्,-रव (शब्दकरना) भ्वा० पर० अक० सेट्। रणति।

रण, (न०) रण्यते (शब्द्यते) अत्र। रण्+क। जहां शब्द कियाजाता है। युद्ध। लड़ाई। जंग। "भावे क्त" शब्द.

रणरणक, (पु०) रणः (शब्दः) तत्प्रकारः। द्वित्वं। ततः संज्ञायां कन्। उद्वेग। घबराहट। अतिशय। बहुत. [बड़ा भारी जंग.

रणसंकुल, (न०) रणं एव संकुलं। तुमुलयुद्ध।

रण्डाश्रमिन्, (पु०)रण्डः (विफला) (प्रजाहीनत्वात्) आश्रमः अस्ति अस्य। सन्तान न होनेसे जिसका आश्रम निष्फल (वेफायदा) है। "चालीस वा अठतालीस वर्षकी उमरमें जो स्त्रीसे विछुड़ गया हो"। स्त्रीसे (४० वा ४८ वर्षकी उमरमें) विछुड़ाहुआ पुरुष.

रत, (न०) रम्+भावे क्त। रमण। क्रीड़ा करना। सोहवत। स्त्री और पुरुषका संगम (आपसमें मेल-जुड़ना)। मैथुन। भोग। और गुह्य (गांड)। "कर्त्तरि क्त" अनुरक्त (प्रीतिमें फसगया-आशक) (त्रि०).

रति, (स्त्री०) रम्+क्तिन्। राग। प्रीति। मुहब्बत। गुह्य। गांड। रमण। भोग विलास करना। कामदेवकी स्त्री.

रतिपति, (पु०) ६ त०। रतिका मालिक। कंदर्प। कामदेव। "रतिकान्त" "रतिप्रिय" "रतिरमण" एकही अर्थ है.

रत्न, (न०) रमते अत्र। रम्+न(तान्तादेशः)। जहां खुश होता है। माणिक्य (मणि) आदि पत्थर। अपनी २ जातिमें श्रेष्ठ (बहुत अच्छा)। मानक। और हीरा.

रत्नकूट, (पु०) रत्नमयकूटः शृङ्गं अस्य। जिसकी चोटी रत्नोंकी हो। एक पहाड़.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रत्नगर्भ, (पु०) रत्नयुक्तं गर्भं मध्यं यस्य । जिसके वीच रत्न हों । समुद्र । और कुवेर । पृथिवी (ज़मीन) । अच्छे पुत्रवाली औरत (स्त्री०).

रत्नद्वीप, (पु० न०) रत्नमयो द्वीपः । रत्नोंका द्वीप (ज़ज़ीरा) । तन्त्रमें अमृतके समुद्रमें रहनेके कारण ध्यान करनेलायक रत्नोंका बनाहुआ अन्तरीप.

रत्नपारायण, (न०) रत्नानां पारायणं (साकल्येन स्थानं) । सम्पूर्ण रत्नोंका पूरा २ स्थान । जहां सब रत्न रहते हैं. [हीरक । हीरा.

रत्नमुख्य, (न०) रत्नेषु मुख्यं । रत्नोंमें ख़ास (अव्वल) ।

रत्नवती, (स्त्री०) रत्नानि सन्ति अस्याः मतुप् । "म" को " व " होता है । रत्नोंवाली । पृथिवी । ज़मीन । रत्नवाला (त्रि०).

रत्नसानु, (पु०) रत्नानि सानौ अस्य । जिसकी चोटीपर रत्न हों । सुमेरुपर्वत । सुमेरुका पहाड़.

रत्नसू, (स्त्री०) रत्नानि सूते । सू+क्विप् । रत्नोंको उत्पन्न कर्त्ती है । पृथिवी.

रत्नाकर, (पु०)६ त० । रत्नोंकी कान । समुद्र । रत्नोंकी उत्पत्तिका स्थान । मणिओंकी कान-खान.

रत्नाभरण, (न०) रत्नघटितं आभरणम् । शाक० । रत्नोंसे रचाहुआ भूषण (जेवर) । जड़ाऊ गहना.

रत्नावली, (स्त्री०) ६ त० । रत्नोंकी कतार । रत्नोंका समूह । उनका बनाहुआ हार । वत्सराजकी पत्नी " रत्नावलीं अधिकृत्य कृतः ग्रंथः अण् " आख्यायिका (जिसमें रत्नावलीका वर्णन है) । एक नाटिका (जिसे श्रीहर्षने बनाया है).

रत्नि, (पु० स्त्री०) ऋ+क्तिच् । बद्धमुष्टिहस्तपरिमाणं । बंधीहुई मुट्ठीवाले हाथका माप । स्त्रीत्वे वा ङीप्.

रथ, (पु०) रम्यते अनेन । अत्र वा । रम्+कथन् । जिस्से आनंद उठाते हैं । एक प्रकारकी सवारी । गाड़ी । और शरीर (जिस्म) । " आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव च " इति श्रुतिः । पाद (पाँव) । बेत. [का समूह.

रथकड्या, (स्त्री०) रथानां समूहः । रथ+कड्यच् । रथों-

रथकार, (पु०) रथं करोति । कृ+अच्-अण् वा । रथनिर्माणकारक वर्णसंकरविशेष । गाड़ी बनानेवाला (सूत्रधार) एक प्रकारका दोगला । तर्खान.

रथगुप्ति, (स्त्री०) रथस्य गुप्तिः । शस्त्रवारणार्थं रक्षा उपचारात् तत् स्थानम् । रथका वह स्थान कि जहां पड़ेहुए शस्त्र (तरवारआदि)को रोकलिया जासक्ता है । रथका गुप्त स्थान.

रथन्तर, (त्रि०) रथेन तरति । तॄ+खच्-मुम् च । रथनेता । रथ लेजानेवाला । " अभित्वाशूर "इस ऋचामें गायागया एक सामवेदका मन्त्र.

रथयात्रा, (स्त्री०) रथस्य यात्रा । रथकी यात्रा (चलना) । आषाढ़ (हाड़)के शुक्लपक्षकी द्वितीयाके दि करनेलायक एक उत्सव । इसमें मूर्त्तिको रथमें बैठाक मनुष्य चलाते हैं.

रथाङ्ग, (न०) अङ्ग्यते (गम्यते) अनेन । अगि+कर्मे घञ् । ६ त० । चक्र । पहिया । "रथाङ्गशब्दः वाचकत्वेन अस्ति अस्य अच्" । रथाङ्गशब्द जिसका वाचक है। चक्रवाक (चकवा) (पु०).

रथाङ्गपाणि, (पु०) रथाङ्गं (चक्रं) पाणौ यस्य । जिस के हाथमें चक्र है । चक्रधर विष्णु । चक्रको धारण करने वाला, परमेश्वर. [बेतसवृक्ष । बेतका दरख़्त.

रथाभ्र, (पु०) रथ इव आभ्रियते असौ । आ+भृ+क ।

रथारोहिन्, (पु०) रथं आरोहति । आ+रुह्+णिनि । रथपर चढ़ता है । रथी । रथपर चढ़ाहुआ । और रथपरं युद्ध करनेहारा.

रथिक, (पु०) रथः (युद्धसाधनाधारत्वेन) अस्ति अस्य ठन् । रथ जिसके युद्ध करनेके लिये साधन है । रथी । रथपर चढ़कर लड़ाई करनेवाला । " इर "रथिरः "इन " रथिनः । " इनि " रथी । ये सब एकही अर्थमें.

रथोपस्थ, (न०) रथस्य उपस्थ इव । गाड़ीका मानो उपस्थ है । रथका मध्य (वीच).

रथ्य, (पु०) रथं वहति यत् । रथको लेजानेवाला घोड़ा । "रथस्य इदं" यत् । रथसम्बन्धी (रथका) (त्रि०) । " रथस्य (तद्गमनस्य) योग्या सरणिः" । गाड़ी जानेके लायक सड़क । प्रशस्तपथ (बहुत अच्छी सड़क) । बीचका रास्ता । गली । " रथानां समूहः, यत् " । रथोंका समूह (बहुत गाड़ियें) (स्त्री०).

रद्,-उत्खात् (उखाड़ना) खोदना । भ्वा० प० स० सेट् । रदति । अरादीत् । अरदीत्.

रद, (पु०) रदति (उत्खनति) । रद्+अच् । खोदता है । टुकडे २ कर्त्ता है । दन्त । दाँत । " भावे अच् " उत्खनन । खोदना.

रद्च्छद, (पु०) रदान् छादयति । छद्+णिच् वा ह्रस्वः । दांतोंको ढांकता है । ओष्ठ । ओठ । होठ । "रदनच्छद".

रदन, (पु०) रद्+ल्यु । दंत । दांत । " भावे ल्युट् " विदारण । फाड़ना. [वेट् । रध्यति.

रध्,-हिंसन (मारना) । पाक (पकाना) । दि० प० स०

रञ्ज्,-राग (रंगना-दूसरा रंग डालना) सक० । आसक्त (फसजाना) अक० भ्वा० उभ० अनिट् । रजति-ते । अरञ्जीत् । अरक्त " णिच् " । " रञ्जयति " । (मृगोंको मारने-शिकार करनेके अर्थमें तो) " रजयति " (मृगान् व्याधः) होता है.

रन्तिदेव, (पु०) रम्+संज्ञायां तिक् । कर्म्म० । चंद्रवंशका एक राजा और कुत्ता । कुक्कुर.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रन्धन, (न०) रध्-पाक (पकाना)+ल्युट् (नुमागमः)। पकाना । रींधना.
रन्ध्र, (न०) रम्+क्विप् । धृ+क । कर्म० । छिद्र । छेक । सुराख़ । दूषण । दोष । ऐब । ज्योतिषमें लग्नसे आठवां स्थान.
रव्,-गति (जाना) सक० प० । शब्द करना । अक० आ० भ्वा० सेट् । इदित् । रम्बति-ते । अरम्बीत् । अरंबिष्ट.
रभ्,-औत्सुक्य (किसी वस्तुके लिये बहुत चाहना)। शुरूकरना । गले मिलना । भ्वा० आ० अक० अनिट् । रभते । अरब्ध । णिच् । रम्भयति. [ते । अरम्भिष्ट.
रभ्,-शब्द करना । भ्वा० आ० अक०सेट् । इदित् । रम्भ-
रभस, (पु०) रभ्+असच् । वेग । तेज़ी । हर्ष । खुशी । औत्सुक्य । बड़ी चाह । पहिले और पिछलेका विचारन करना.
रम्,-क्रीड़ा-खेलना-भोगविलास करना । भ्वा० आ० अक० अनिट् । रमते । विरमति । उपरमति । अरंस्त । उपारंसीत् " ण " रामः. [और कामदेव.
रम, (पु०) रम्+अच् । कान्त । पियारा । अशोकवृक्ष ।
रमण, (पु०) रमयति । रम्+णिच्+ल्यु । कामदेव । गधा । वृषण । महारिष्ट । बड़ी तकलीफ़ । नीम । पति । मालिक । जंबुद्वीपमें " रम्यक " नाम एकं वर्ष (स्थान)। " रम्+भावे ल्युट् " सुरत । क्रीड़ा । भोगविलास । " करणे ल्युट् " । पटोलमूल । नीमकी जड़ । " कन् " जघन । स्त्रीका अगला भाग (न०)। "रम्यते अनया" ल्युट् ङीप् । जिस्से आनंद भोगते हैं । नारी । औरत । अच्छी औरत. [खूब सूरत.
रमणीय,(त्रि०)रम्यते अत्र । रम्+आधारे ल्युट् । सुन्दर।
रमल, (न०) एक प्रकारका ज्योतिःशास्त्र.
रमा, (स्त्री०) रमयति । रम्+अच् । लक्ष्मी । आनंद देती है. [विष्णु । " रमानाथ ".
रमापति, (पु०) ६ त० । रमाका पति । नारायण ।
रमाप्रिय, (न०) ६ त० । लक्ष्मीका पियारा । पद्म । कमल । विष्णु (पु०).
रम्भ, (पु०) रभि+अच् । रेणु । धूरी । और महिषासुरका पिता । एक दैत्य । कदली । केला । एक अप्सरा । वेश्या (कंजरी)। गौओंका शब्द (आवाज़)। और गौरी (पार्वती) (स्त्री०).
रम्य, (त्रि०) रम्यते अत्र यत् । सुंदर । और बलकर (जोर करनेवाला)। चम्पक (चंबा)। और वकवृक्ष। पटोलमूल (न०) " संज्ञायां कन् " जम्बुद्वीपके नौ वर्षोंमेंसे एक. [जाता है । रात्रि । रात.
रम्या, (स्त्री०) रम्यते अत्र यत् । जिसमें क्रीड़ा किया
रय्,-गति-जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । रयते-अरयिष्ट.
रय, (पु०) रय्+अच् । वेग । तेजी । और प्रवाह.
रल्लक, (पु०) रम्+क्विप् । " म " का लोप होनेपर "तुक्" ला+क। कर्म्म० । एक मृग. [रण्वते । अरण्विष्ट.
रव्,-गति (जाना) भ्वा० आ० सक० सेट् । इदित् ।
रव, (पु०) रु-ध्वनि-शब्दकरना । अप् । शब्द । आवाज़.
रवण, (पु०) रु+युच् । कोकिल । कोइल । और उष्ट्र । ऊंठ । शब्द करनेवाला । और तीक्ष्ण । तेज़ (त्रि०).
रवि, (पु०) रु+इन् । सूर्य्य । सूरज । और अर्कवृक्ष । आकका वृक्ष.
रविज, (पु०) रवेर्जायते । जन्+ड । सूर्य्यसे उपजता है । शनि । सावर्णिमनु । वैवस्वतमनु । सुग्रीव वानर । यम । यमुना (स्त्री०) । " रवितनय " आदि-इसी अर्थमें. [विष्णु.
रविनेत्र, (पु०) रविः नेत्रं यस्य । सूर्य्य जिसकी आंख है ।
रविरत्न, (न०) रवेः प्रियं रत्नं । सूर्य्यका पियारा । रत्न । मानक । और तामा. [धातु । तामा.
रविलौह, (न०) रवेः प्रियं लौहं धातुः । सूर्य्यका पियारा
रश्,-स्वन (शब्दकरना)। भ्वा० प० अक० सेट् । रशति.
रशना, (स्त्री०) रश्+ल्यु । काञ्ची । तड़ागी । और जिह्वा । जीभ.
रश्मि, (पु०) अश्+मि । धातो रुट् । रश्+मि वा । किरण । घोड़े आदिकी रस्सी (लगाम)। और पद्म (कमल) (न०).
रस् , -आस्वाद-स्वादलेना । चु० उ० स० सेट् । रसयति-ते.
रस, (पु०) रस्यते । अच् । आस्वाद्य । स्वादलेनेलायक । रसना (जीभ) इन्द्रियसे ग्रहण करनेलायक । माधुर्य्य (मिठास) आदि गुणविशेष । (वह छः प्रकारका है). मधुर (मीठा) अम्ल (तुरश्) लवण (सलोना)कटु (कड़वा) तिक्त (तीखा) कषाय (कसैला)। शरीरमें खायेहुए अन्नआदिका पहिला परिणाम (बदलना)। एक प्रकारका धातु । मीठे आदि रसवाला गुड़ आदि । फूलका मधु (मीठा)। अलंकारशास्त्रमें संचारी, व्यभिचारी, सहकारीसे प्रकट होनेलायक, रति आदि स्थायिभाववाला श्रृङ्गार आदि । वृष (बैल)। वीर्य्य। राग (मुहब्बत)। द्रव (बहना)। पारद (पारा)। और जल (पानी)। गंधरस (पु० न०).
रसकर्पूर, (न०) रसेन कर्पूर इव । रससे मानों काफ़ूर है । एक प्रकारका गंधवाला पदार्थ । कर्पूररस । पारा । रसका फूल. [मारता है । सुहागा.
रसघ्न, (पु०) रसं (पारदं) हन्ति । हन्+ठक् । पारेको
रसज, (न०) रसात् (भुक्तान्नात्) प्रथमधातोर्जायते । जन्+ड । खायेहुए अन्नके साररूप पहिली धातुसे उपजता है । रुधिर । लोहू । खून । " गन्ने आदिके द्रवसे उपजता है" । गुड़ और मद्यकीट (शराबका कीड़ा) (पु०).
रसज्ञा, (स्त्री०) रसं जानाति अनया । ज्ञा+ड ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

जिस्से रसको जानता है । जिह्वा । जीभ । रस जान्नेका साधन । जीभके स्थानकी इन्द्रिय.

रसतेजस्, (न०) रसस्य (भुक्तान्नसारस्य) तेजः (सारः) । खायेहुए अन्नके सारका तेज । रुधिर । लोहू । खून.

रसन, (न०) रस्+ल्युट् । स्वाद । मज्जा । और ध्वनि (शब्द) । "करणे ल्युट्" । जिह्वा । जीभ । "पित्तेन दूने रसने सितापीति" नैषधम्.

रसना, (स्त्री०) रस्यते अनया । रस्+करणे ल्युट् । टाप् । जिस्से रस लिया जाता है । जिह्वा । जीभ । तड़ागी । और रस्सी.

रसराज, (पु०) रसेषु-रसो वा राजा इव श्रेष्ठत्वात्-राजते । रसोंमें चमकता है-वा रस मानों राजा है । पारद । पारा.

रसवती, (स्त्री०) रस (आस्वाद्यद्रव्यं) अस्ति अस्यां । मतुप् । मस्य वः । जिसमें स्वाद लेनेलायक अन्नादि पदार्थ हैं । पाकस्थान । पकानेकी जगह । रसोईखाना । महानस.

रसशोधन, (न०) रसं (पारदं-द्रवीभूतं द्रव्यं-स्वर्णादि वा) शोधयति, शुध्+णिच्+ल्यु । पारा, वहाहुआ पदार्थ, अथवा सोने आदिको जो साफ़ करदेता है । टङ्कण । सुहागा.

रसा, (स्त्री०) पाकजः रसः (माधुर्य्यादिरूपः) अस्ति अस्याः अच् । पकाहुआ मीठा आदि रस जिसका है । पृथिवी । दाख.

रसातल, (न०) रसायाः तलं । एक पाताल । पृथिवीका तला । भूमिके नीचेका सातवां पड़दा.

रसाभास, (पु०) रस इव आभासते । आ+भास्+अच् । रसकी नाईं प्रतीत होता है, वास्तविक नहिं.

रसायन, (न०) रसस्य अयनं इव । रसका मानों घर है । तक्र । लस्सी । छाछ । कटी (कमर) । एक विष (ज़हिर) । एक औषध (दवाई) । इस औषधसे बुढ़ापा दूर होजाती है.

रसायनफला, (स्त्री०) रसायनं इव फलं यस्याः । जिसका फल रसायनकी नाईं हो । हरीतकी । हरीड़.

रसाल, (न०) रसं आलाति । आ+ला+क । सिह्लक । एक खुशबूदार चीज़ । गंधरस । शिखरिणी (एक पीनेका पदार्थ) । दूर्वा (दूब) । और द्राक्षा (दाख-किसमिस) (स्त्री०) । आम्र (आम) । इक्षु (ईख-गन्ना) । पनस । गोधूम । गेहूं । पोंडागन्ना (पु०).

रसास्वादिन्, (पु०) रसं (पुष्परसं) आस्वादते । आ+स्वद्+णिनि । फूलके रसका स्वाद लेता है । भ्रमर । भौंरा । मधुर (मीठा) वा शृङ्गार आदिका स्वादलेनेवाला (त्रि०) स्त्रियां ङीप्.

रसिक, (पु०) रसं वेत्ति (अनुभवति) ठन् । सारसनामी पक्षी । अश्व (घोड़ा) । और हाथी । रसज्ञ । रसके जान्नेवाला । और रसवाला (त्रि०).

रसेन्द्र, (पु०) रसः (द्रवीभूतः) इन्द्र इव श्रेष्ठत्वात् । पिघलाहुआ, मानो इन्द्र है (सबमें अच्छा होनेसे) । पारद । पारा. [है । मुद्र । मूंगी.

रसोत्तम, (पु०) रस उत्तमो यस्य । जिसका उत्तम स्वाद

रस्य, (न०) रसात् (भुक्तान्नपरिणामात्) आगतः यत् । खायेहुए अन्नके पाकसे आया । रुधिर । लोहू । "रस्यते (आस्वाद्यते) रस्+यत्" । आस्वाद्य (स्वादु लेनेलायक (त्रि०) "रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्याः" इति गीता. [ररंहत्-त.

रंह्,-गति-जाना । चु० उ० अक० सेट् । रंहयति-ते । अ-

रंहस्, (न०) रंह्+असुन् । वेग । तेज़ी । ज़ोर.

रह्,-गति । जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । रंहति । अरंहीत्. [अरहीत्.

रह्,-त्याग (छोड़ना) । भ्वा० पर० सक० सेट् । रहति ।

रह्,-त्याग (छोड़ना) । चु० उ० स० सेट् । रहयति-ते.

रहस्,-(न०) रह्+असुन् । निर्ज्जन । एकान्त । अकेले । गोप्य । छिपानेलायक । याथार्थ्य । ठीकपन । निर्ज्जन । (अव्य०). [गोप्य । छिपानेलायक । पौशीदह.

रहस्य, (त्रि०) रहसि भवः यत् । एकान्तमें हुआ ।

रहित, (त्रि०) रह्-त्याग+कर्म्मणि क्त । वर्ज्जित । छोड़ दियाहुआ. [सक० अनिट् । राति । अरासीत्.

रा,-दान (देना) और ग्रहण (लेना) । अदा० पर०

रा, (स्त्री०) रा+क्विप् । कांचन (सोना) । रभस । तेज़ी । देना.

राका, (स्त्री०) रा+क । प्रतिपदा (एकम-पड़वा)से युक्त पूर्णमासी । पूरे चंद्रमावाली तिथि । एक नदी । वह स्त्री जिसे पहिले पहिले रज (फूल) आई हो.

राक्षस, (पु०) रक्ष एव । स्वार्थे अण् । एक प्रकारकी जाति (जो प्राणिओंकी हिंसा कर्त्ती है) । नंदराजाके मन्त्रीका नाम । एक प्रकारका विवाह । जातौ ङीप् । राक्षसजातिकी स्त्री । "रक्षस इदं अण् ।" राक्षसका (त्रि०) । स्त्रियां ङीप् । दंष्ट्रा । दाढ़ । चण्डिका.

राक्षसेन्द्र, (पु०) राक्षस इन्द्र इव श्रेष्ठत्वात् । राक्षस मानो इन्द्र है । विश्वश्रवाका बड़ा पुत्र । रावण.

राक्षा, (स्त्री०) लक्ष्यते अनया । रक्ष+कर्मणि घञ् । (पु०) वृद्धिः । लस्य रश्च । लाक्षा । लाख.

राख्,-शोधन (साफ़ करना) । भूषण (सजाना) । निवारण (हटाना) । सक० । सामर्थ्य (ताकतवाला होना) । अक० भ्वा० पर० सेट् । राख़ति । अराखीत्.

राग, (पु०) रञ्ज्+भावे घञ् । नि० । रञ्जन (रंगना) । अनुवर्णन (बयानकरना) । प्रीति (प्रसन्न होना) । और चन्द्र (चांद) । राग (प्रेमकरना) । राजा ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

"करणे घञ्" लालरंग। उस रंगवाली लाख आदि। "तेन रक्तं रागात्" इति पाणिनिसूत्रम्। "आधारे घञ्" बसन्त आदि नामसे प्रसिद्ध स्वरविशेष (मुख्य-छः राग हैं-भैरव-कौशिक-हिंदोल-दीपक-श्रीराग-और मेघ-राग। प्रत्येक रागकी छः रागिनी हैं)। गुस्सा। क्रोध.

रागाङ्गी, (स्त्री०) रागयुक्तं अङ्गं यस्याः ङीप्। जिसका अंग लाल है। मंजिष्ठा। मजीठ। ३ त०। "रागाढ्य" यही अर्थ (स्त्री०).

रागिणी, (स्त्री०) रागः अस्ति अस्याः इनि। रागवाली। गीतका अंग। एक प्रकारका स्वर। रागवाली (मुहब्ब-तवाली औरत)। गुस्सेवाला। अनुरक्त (मुहब्बत कर-नेवाला)। कामुक (चाहनेहारा)। रतियुक्त। क्रीड़ायु-क्त (भोगविलास करनेवाला) (त्रि०).

राघ, -(शक्ति)-लायक होना-समर्थ होना। भ्वा० आ० सक० सेट्। राघते। अराघिष्ट.

राघव, (पु०) रघोः गोत्रापत्यं अण्। रघुके वंशमें हुआ। उस कुलमें प्रधान श्रीरामचन्द्रजी महाराज.

राङ्कव, (न०) रङ्कोः अयं। विकारो वा अण्। एक हरी-णके रोम (वालों)से वनायागया एकप्रकारका वस्त्र (कपड़ा).　[जति-ते.

राज्, -दीप्ति (चमकना)। भ्वा० उभ० अक० सेट्। रा-

राजक, (न०) राज्ञां समूहः कन्। राजाओंका समूह। "राजैव कन्" । राजा (पु०)। "राज्+ण्वुल्" चमकनेहारा (त्रि०).

राजकल्प, (पु०) ईषदसमाप्तो राजा। राजन्+कल्पप्। थोड़ा न पूराहुआ राजा अर्थात् जिसके राजा होनेमें थोड़ी कसर है। नृपतुल्य। राजाके समान.

राजकीय, (त्रि०) राज्ञ इदं। छ-कुक्च। राजाका काम। राजाका.

राजकुमार, (पु०) राज्ञः कुमारः। अप्राप्तवयस्क युव-राजकार्य्यानारूढ राजपुत्र। राजाका लड़का (जो अभी जवान नहिं हुआ, और जिसने राजाके काममें प्रवेश नहिं किया).　[एक पर्वत.

राजगिरि, (पु०) राजाश्रमो गिरिः। मगधदेशका

राजघ्, (त्रि०) राजानं हन्ति। हन्+क। नि०। राजा-को मारनेवाला। और तीक्ष्ण (तेज़)। "रराज नीरा-जनया स राजघ" इति नैषधम्.

राजजम्बु, (स्त्री०) राज्ञः जम्बूरिव। पिण्डखर्जूर। पिण्ड-खजूर "राजते अच्"। कर्म्म०। रायजामन। राजम्बु.

राजज -(य) क्ष्मन्, (पु०) राज्ञः (चंद्रस्य) क्षयकार-को ज (य)क्ष्मा। चन्द्रमाको घटानेहारा मिर्गीका रोग। एक रोग। मिर्गी.　[कनेर.

राजतरु, (पु०) तरूणां राजा। नि०। कर्णिकार वृक्ष।

राजताल, (पु०) राज्ञस्ताल इव प्रियः। गुवाकवृक्ष.

राजदन्त, (पु०) दन्तानां राजा। पर० नि०। दांतोंका राजा। ऊपरकी पंक्तिके बीचमें रहनेहारे दो दांत। सूए दांत.

राजदेशीय, (पु०) ईषदसमाप्तो राजा। राजन्+देशी-यर्। राजा होनेमें थोड़ी कसर है। राजाके तुल्य (ब-राबर)। राजकल्प.

राजधर्म्म, (पु०) राज्ञो धर्म्मः। राजाका धर्म्म। राजा-ओंका अवश्यकर्तव्य (जरूर करनेलायक)। प्रजाओं-को पालन करना आदि कर्म्म (काम).

राजधानी, (स्त्री०) राजा धीयते अस्यां। धा+आधारे ल्युट्+ङीप्। जिसमें राजा निवास कर्त्ता है। महानगरी.

राजन्, (पु०) राज्+कनिन्। नृप। राजा। चांद। शुचि (पवित्र)। क्षत्रिय। यक्ष। और इन्द्र। पहिले वा पिछले पदमें आयाहुआ यह शब्द श्रेष्ठका वाचक है। जैसे राजमाषः। मुनिराजः.

राजनीति, (स्त्री०) राज्ञां नीतिः। राजाओंकी नीति। राजाके जाननेलायक साम आदि उपाय। उसको वर्णन करनेहारा शास्त्र.

राजन्य, (पु०) राज्ञोऽयम् यत्। राज्+अन्य। क्षत्री। राजाका पुत्र। अग्नि (आग)। और क्षीरिकाका दरख्त.

राजन्यक, (न०) राजन्यानां (क्षत्रियाणां) समूहः कन्। क्षत्रियोंका समूह.

राजवत्, (त्रि०) प्रशस्तो राजा अस्ति अस्य। प्राशस्त्ये मतुप्। मस्य वः। वह देश जिसका राजा सुन्दर है.

राजन्वत्, (त्रि०) सुराज्ञि देशे राजन्वान्। जिस देश-का राजा धर्म्मी है.

राजपथ, (पु०) पथां राजा। अच्। बड़ा रास्ता। राजाके जानेलायक रास्तह। बड़ी सड़क। राजमार्ग.

राजपुत्र, (पु०) राज्ञः चंद्रस्य नृपस्य वा पुत्रः। चंद्रमाका वा राजाका पुत्र। बध नामी ग्रह। राजाका बेटा। वर्ण-संकर (दोगला)। राजपूत। "वैश्यादम्बष्ठकन्यायां राजपुत्रस्य सम्भवः" इति पराशरः.

राजभूय, (न०) राज्ञो भावः। राजन्+भू+क्यप। राजाका असाधारण धर्म्म। राजत्व। राजापन.

राजभोग्य, (न०) राज्ञा भोक्तुं योग्यं। भुज्+ण्यत्-कुत्वं। जातिकोष। पियालवृक्ष (पु०)। राजाके भोगने लायक कोई पदार्थ (त्रि०).

राजराज, (पु०) राज्ञामपि राजा (प्रभूतधनत्वात्) टच् समा०। (बहुत धन होनेसे) राजाओंकाभी राजा। कुबेर। सार्वभौम राजा। चक्रवर्ती राजा। और चंद्रमा.

राजर्षि, (पु०) राजा ऋषिः इव (श्रेष्ठत्वात्) (संयत-त्वाच)। राजा मानो ऋषि है (सबमें अच्छा होने

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

और संयम रखनेसे)। राजाओंमें श्रेष्ठ । यतात्मा (जिसने अपने आपको वश किया है) और राजा.

राजवंश्य, (त्रि०) राजवंशे भवः यत् । राजाके वंशमें उत्पन्न हुआ । एक जाति.

राजवर्त्मन्, (न०) राजयोग्यं वर्त्म । राजाके लायक सड़क । ६ त० । राजाके करनेलायक काम.

राजवत्, (त्रि०) राजा (राजमात्रं) विद्यते अस्य मतुप् । मस्य वः । वह देश जहां राजा निवास कर्त्ता है। राज्यवाला.

राजबीजिन्, (त्रि०) राजा बीजीकारणं यस्य । जिसका बीजरूप कारण राजा है । राजवंश्य।राजाके वंशमें हुआ.

राजशाक, (पु०) शाकानां राजा । पर० नि० । सागोंका राजा । वास्तूकशाक । बात्थूका साग.

राजस, (त्रि०) रजसा निर्म्मितः अण् । रजोगुणसे उत्पन्नहुआ कर्म्मेन्द्रिय (वाक्-पाणि-पाद-पायु-उपस्थ)। और प्रसिद्धिके लिये कियागया कर्म्म (काम).

राजसभा, (न० स्त्री०) राज्ञां (नृपाणां) सभा । राजाओंकी सभा । नृपसमाज. [लायक एकयज्ञ.

राजसूय, (पु०) राज्ञा सूयते । सू+क्यप् । राजाके करने-

राजस्व, (न०) राज्ञे देयं स्वं (कररूपम्) धनम् । राजाको देनेलायक (कर-मसूल-खिराज) धन । ६ त०। राजाका धन.

राजहंस, (पु०) हंसानां राजा (श्रेष्ठत्वात्)। पर० नि० । एक हंस (जिसकी चोंच और चरण लाल हों और रंग चिट्टा हो)। कलहंस । " राजा हंस इव (सारग्रहणात्)। राजा मानों हंस है (सारग्रहण करनेसे) । अच्छा राजा.

राजादन, (न०) राज्ञा अद्यते । अद् । कर्म्मणि ल्युट् । (उसके फ़ल और बीजके लड्डुबनाकर) राजासे खाया जाता है । पियालवृक्ष (जिसके फल और बीजसे लड्डुबनाकर राजासे खाये जाते हैं) । क्षीरिका । और केसु. [विशेष.

राजाम्र, (पु०) आम्राणां राजा (श्रेष्ठत्वात्)नि० । आम्र-

राजाम्ल, (पु०) अम्लानां राजा (श्रेष्ठत्वात्) पर० नि० । आम्लवेतस । अंबलवेत । खट्टा बैंत.

राजार्ह, (न०) राजानं अर्हति । अर्ह्+अण् । अगुरुचंदन । राजाके लायक (त्रि०) । जम्बू (जामन) (स्त्री०).

राजि (जी), (स्त्री०) राज्+इन्-वा ङीप् । श्रेणि (कतार) पंक्ति । रेखा (लकीर) । " राजते " । राज्+ण्वुल् । श्वेतसर्षप. [जलका सांप.

राजिल, (पु०) राज्+इलच् । डुण्डुभ सर्प । डोडासांप ।

राजीव, (न०) राजी (दलराजी) अस्ति अस्य वा । कमलफूल । एक हरिण । एक मत्स्य (मच्छ)। हाथी। और सारस (पु०).

राजेन्द्र, (पु०) राजा इन्द्र इव (श्रेष्ठत्वात्)। बहुत अच्छा होनेसे) राजा मानो इन्द्र है (जिसका चार योजन- १६ कोसतक अधिकार है॰ उसे राजा-राजासे सौगुण अधिकारवाला । मण्डलेश्वर-और मण्डलेश्वरसे दसगुण अधिक अधिकारवाला " राजेन्द्र " कहाजाता है) । एक प्रकारका बड़ा राजा.

राज्ञी, (स्त्री०) राज्ञः पत्नी ङीप् । स्वयं वा राजते। राज+कनिन्-ङीप् वा । रानी । राजाकी पत्नी(औरत).

राज्य, (न०) राज्ञो भावः कर्म्म वा । राजन्+यत्। राजाका होना वा काम. [प्रजाका पालन आदि.

राज्यधुरा, (स्त्री०) ६ त० । राज्यका बोझा। अच् समा०।

राज्याङ्ग, (न०) ६ त० । राज्यका अंग (स्वामी-अमात्य-सुहृत्-कोष-राष्ट्र-दुर्ग और बल)। राज्यके आठ उपाय. [" राढ़ा " (स्त्री०).

राढ, (पु०) रद्+घञ्-पृ० ढत्वं । एकदेश । राढ़ ।

राढ़ीय, (त्रि०) राढ़ो निवासः अस्य छ । राढ़ देशमें उत्पन्नहुआ.

रात्रि (त्री), (स्त्री०) रा+त्रिप् वा ङीप् । रजनी । रात। अपने २ देशमें सूर्य मण्डलके न दीखने लायक समय। हरिद्रा । हल्दी.

रात्रिकर, (पु०) रात्रिं करोति । कृ+अच् । " रात्रौ करः किरणः अस्य वा । रातको बनाता वा जिसकी किरण रातमें होती हैं । चन्द्र । चांद और कर्पूर । काफ़ूर.

रात्रि (त्र) **चर,** (पु०) रात्रौ चरति । चर्+अच् वा मुम् । रातमें विचरता है । राक्षस । उस जातकी औरत ङीप्.

रात्रिमणि, (पु०) रात्रौ मणिः इव । दीप्तिमत्वात् । रातके समय मानों मणि है (प्रकाश वाला होनेसे)। चन्द्रमा.

रात्रिवासस्, (न०) रात्रेर्वास इव आच्छादकम्। रातका (कपड़ेकी नाईं) ढ़ाकनेहारा । अंधकार । अंधेरा । " रातके समय पहिरनेलायक कपड़ा ".

रात्रिविगम, (पु०) ६ त० । रातका बीत जाना । प्रभातसमय.

रात्रिहास, (पु०) रात्रिर्हास इव (शुभ्रत्वात्)। रात्रिका मानो हासा (चिट्टा-सफ़ेद होनेसे)। चिट्टा कमल.

रात्र्यन्ध, (त्रि०) रात्रौ अंधः (दृष्टिक्षययुक्तः)। रातको जो देख नहिं सक्ता । कौआ आदि.

राद्ध, (त्रि०) राध्+कर्त्तरि- कर्मणि वा क्त । सिद्ध (तय्यार हुआ)। पक्व (पकाहुआ).

राद्धान्त, (पु०) राद्धः (सिद्धः) अन्तः (निर्णयः) यस्मात् । ५ ब० । जिस्से तत्त्वका निश्चय होगया है।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सिद्धान्त। नतीजा। संदेह उठाकर वादीसे दिखलाये हुए पक्षका निराकरण कर यथार्थ पक्षका प्रतिपादन करनेहारा वचन। "वादिप्रतिवादिनिर्णीतार्थः".

राध्,-सिद्धि-साधना। अक०। निष्पादन (पूरा करना)। और पाक (पकाना)। सक० स्वा० और दिवा० प० अनिट्। राध्नोति। राध्यति। अरात्सीत्। अराद्ध.

राधन, (न०) राध्+ल्युट्। साधन (पूरा करना)। पाना। प्रसन्न होना। "राध्+णिच्+युच्"। पूजा-करना। टाप्.

राधा, (स्त्री०) राध्+अच्। पार्वती। परमात्माकी एक शक्ति। श्रीरामके शापसे वृन्दावनमें उपजी वृषभानुकी कन्या प्रधानगोपी। कर्णकी पालन करनेहारी और माता (मां). [श्रीकृष्ण "राधावल्लभ" आदि.

राधाकान्त, (पु०) ६ त०। राधाका कान्त (पियारा)

राधातनय, (पु०) ६ त०। राधाका पुत्र। कर्ण। वह कुमारी अवस्थामें सूर्य्यसे कुन्तीके गर्भमें उपजा। कुन्तीने त्याग करदिया सूतकी पत्नी राधाने पाला. [कर्ण.

राधेय, (पु०) राधाया अपत्यम् ढक्। राधाकी सन्तान।

राम, (पु०) रम्+कर्त्तरि घञ्-ण वा। परशुराम। दशरथका बड़ापुत्र श्रीरामचन्द्र। और बलराम। मनोहर। खूबसूरत। और शुभ (त्रि०).

रामगिरि, (पु०) रामाश्रितः गिरिः। चित्रकूटपर्वत (वनवासमें गयेहुए रामने इसीका पहिले आश्रय लिया).

रामचन्द्र, (पु०) रामश्चन्द्र इव (आह्लादकत्वात्)। राम मानों चन्द्रमा है (आनंद देनेसे)। दशरथका बड़ा पुत्र श्रीराम.

रामजननी, (स्त्री०) ६ त०। रामकी माता। वसुदेवकी पत्नी (औरत) रोहिणी। जमदग्निकी पत्नी रेणुका। दशरथकी पत्नी कौशल्या.

रामणीयक, (न०) रमणीयस्य भावः। रमणीयं एव वा। रमणीय+वुञ्। रमणीयत्व। मनोहरपन। मनोहर.

रामतरुणी, (स्त्री०) रामा (अभिरामा) तरुणीव। सेओतीफूल। ६ त०। रामकी स्त्री। सीता। और रेवती.

रामदूत, (पु०) रामस्य दूतः (वार्त्ताहरः)। हनूमान् (वही रामचन्द्रकी बातको लंकामें सीताके पास पहुंचाताहुआ).

रामनवमी, (स्त्री०) रामस्य जन्माधारो नवमी। रामजन्मकी नवमी। चैत्रके शुक्लपक्षकी नवमी.

रामभद्र, (पु०) राम एव भद्रः (मंगलदायकत्वात्)। रामही कल्याण वा पियारा है (भलाई करनेसे)। श्रीराम.

रामवल्लभ, (न०) रामस्य वल्लभं (प्रियम्)। रामका पियारा। भूर्ज्जपत्र (भोजपत्र) वह रामने वनवासाश्रममें पियारा समझकर धारण किया.

रामसख, (पु०) ६ त०। टच्। रामका मित्र। सुग्रीव (वानरोंका राजा).

रामा, (स्त्री०) रम्+णिच्+कर्त्तरि घञ्। गीतआदि कलाको जाननेहारी नारी (औरत)। नारी। नदी। हींग। घरकी लड़की। अशोक। गोरोचना। बलागेरी.

रामायण, (न०) रामस्य अयनं (चरितं) अधिकृत्य कृतो ग्रन्थोऽण्। रामचन्द्रके चरित्रको प्रतिपादन करनेहारा वाल्मीकिमुनिका बनायाहुआ एक प्रकारका महाकाव्य.

राव, (पु०) रु+घञ्। शब्द। आवाज़। बोलना.

रावण, (पु०) रवणस्य अपत्यम् अण्। रावयति शत्रून्। णिच्+ल्यु वा। रवणकी सन्तान वा जो शत्रुओंको रुलाता है। लंकाका मालिक राक्षस.

रास्,-शब्द-आवाज करना। भ्वा० आ० स० सेट्। रासते.

रावणगंगा, (स्त्री०) रावणनिर्म्मिता गंगा नदी। रावणसे बनाईगई गंगा नदी। सिंहल (लंका-सीलोन)के देशमें एक नदी. ["रावणान्तक" आदि.

रावणारि, (पु०) ६ त०। रावणका शत्रु। श्रीरामचंद्र।

रावणि, (पु०) रावणस्य अपत्यम्। अत इञ्। मेघनादनामी रावणका बड़ा पुत्र.

राश्,-शब्द (आवाज करना)। भ्वा० आ० अक० सेट्। राशते। अराशिष्ट.

राशि, (पु०) अश्नुते (व्याप्नोति) अश्+इन्। धातुको रुट्का आगम होता है। धान्य आदिका पुञ्ज (समूह)। ज्योतिश्चक्रका बारहवां अंश मेष आदि। व्यक्त और अव्यक्त गण। समूह। ढेर.

राशिचक्र, (न०) राशिघटितं चक्रं (वृत्तम्)। राशिओंका बनाहुआ चक्र। मेष आदि बारह राशिवाला, गोलाकार (गोलस्वरूपवाला), वायुके कारण पूर्वसे पश्चिमकी ओर निरन्तर घूमनेवाला ज्योतिस्स्वरूप चक्र.

राशिभोग, (पु०) राशीनां स्वस्वगत्या ग्रहैर्भोगः। भज्+घञ्-कुत्वं। सूर्य्य आदि ग्रहोंका अपनी २ गतिके अनुसार राशिओंमें जाना.

राशी (शि) कृत, (पु०) अराशिः राशिः कृतः। राशि+अभूततद्भावेच्वि-तदर्थे समासो वा। ढेरी। पुञ्जीकृत। इकट्ठा कियागया। एक जगह लगायागया.

राष्ट्र, (न०) राज्+ष्ट्रन्। जनपद। देश। राज्य। उपद्रव। मुसीबत. [श्याल (साला).

राष्ट्रिय, (पु०) राष्ट्रे भवः। घ। नाट्योक्तिमें राजाका

रास, (पु०) रस्+घञ्। रास्+घञ् वा। शब्द। ध्वनि। आवाज। शृंखला (संगली) बांधकर दो २ के बीचमें एक प्रकारकी क्रीड़ा (खेल)। श्रीकृष्णभगवान्की लीला। कोलाहल। गौगा। रौला (हौरा).

रासभ, (पु०) रास्+अभच्। गर्द्दभ। गधा। खोता.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रासमण्डल, (न०) रासार्थं मण्डलं । मण्डलाकारेण भ्रमणं यत्र । रासके लिये (संगली बांधकर दो २ के वीचमें ठहिरेहुए खेलनेसे) जहां मण्डलाकार (दायरा बांधकर) घूमते हैं। रासकी खेल करनेकी जगह । श्रीकृष्णजीके रास करनेका स्थान । एक प्रकारका मण्डप.

रासेश्वरी, (स्त्री०) ६ त० । रासकी मालिक । राधिका.

रास्ना, (स्त्री०) रस्+नण् । इस नामकी एक वेल । रासनवेल.

राहु, (पु०) रह्+उण । त्याग । छोड़ना । छोड़नेवाला। ज्योतिश्चक्रमें सूर्यकी किरणोंके न छूनेसे उत्पन्नहुई पृथिवीकी छायाका आश्रय एक ग्रह । सिंहिकाका बेटा (एक राक्षस).

राहुदर्शन, (न०) राहोर्दर्शनं यत्र । जिसमें राहुका दर्शन होता है । चंद्रमा और सूर्य्यका उपरागरूप ग्रहण । चन्द्रमा और सूर्य्यका उपराग होनेपरही वह दीख सक्ता है । अन्यथा नहिं.

राहुमूर्द्धभिद्, (पु०) राहोः (सिंहिकासुतस्य) मूर्धानं भिनत्ति । भिद्+क्विप् । राहुके माथेको तोड़ता है । विष्णु । अमृत पीनेके समय देवताओंकी कतारमें देवरूपसे स्थित होकर अमृत पीतेहुएको देख विष्णुने उसका सिर तोड़ा.

राहुरत्न, (न०) राहोः प्रियं रत्नम् । एक ख़ास रत्न । गोमेदरत्न. [बे फायदा.

रिक्त,(त्रि०) रिच्+क्त । शून्य । खाली । सूना । वन । निरर्थक।

रिक्ता, (स्त्री०) रिच्+क्त । दोनों पक्षोंकी चतुर्थी । नवमी और चतुर्दशी तिथियें. [भांडा (वर्तन).

रिक्तभाण्ड, (न०) रिक्तं भाण्डं । तेल आदिसे शून्य

रिक्तहस्त, (त्रि०) रिक्तो (धनादिशून्यो) हस्तो यस्य। जिसका हाथ धनआदिसे शून्य है । खालीहाथ । निर्द्धन । गरीब । बहुत दान आदिसे जिसका धन खर्च होगया.

रिक्थ, (न०) रिच्+थक् । धन । मिताक्षरामें कहाहुआ अप्रतिबंध (न रुकनेवाला) दाय (विरसा).

रिक्थहारिन्, (त्रि०) रिक्थं (ग्राह्यत्वेन) अस्ति अस्य इनि । दायहारी । बिरसालेनेवाला । दायाद । शरीक. [रिङ्गति.

रिख्,-(सर्पण) सर्कना । भ्वा० प० सक० सेट् । इदित् ।

रिग्,-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट्-इदित् । रिङ्गति । अरिङ्गीत्.

रिङ्गण, (न०) रिगि+ल्युट् । स्खलन । खिसकना । रींगना.

रिच्,-संपर्क (मिलना) और वियोग (अलग होना) । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । रेचयति-ते । रेचति (अरीरिचत्-त) । अरेचीत्.

रिच्,-विरेच (ऊपरछल करना)। बहुत मैला छोड़ना । रुधा० उभ० सक० अनिट् । रिणक्ति-रिङ्क्ते. [स्थान.

रिपु, (पु०) रिप्+उ-पृ० । शत्रु । दुश्मन । लग्नसे ६ठा

रिपुघातिनी, (स्त्री०) रिपुं हन्ति । हन्+णिनि । एक बेल । शत्रुको मारनेवाला (त्रि०).

रिपुञ्जय, (त्रि०) रिपुं जयति । जि+खच् । शत्रुको जीतनेवाला । एक राजा (पु०).

रिम्फ्,-वध (मारना) । तु० प० स० सेट् । रिम्फति.

रिप्फ, (पु०) रिफ्+अच्-पृ० । लग्नसे बारवां स्थान. [करनेकी चाह (ख्वाहिश).

रिरंसा, (स्त्री०) रम्+सन्+अ । रमणेच्छा । क्रीडा

रिव्,-गति-जाना । भ्वा० प० स० सेट् । इदित् । रिन्वति. [रिशति । अरिक्षत्.

रिश्,-हिंसा (कतलकरना) । तु० पर० सक० अनिट् ।

रिश्य (ष्य), (पु०) रिश्यते । रिश्+क्यप् । एक हरिण.

रिष्ट, (न०) रिश्+क्त । मंगल । और अशुभ । भला और बुरा "भावे क्त" नाश । और पाप (गुनाह) । बुराई आदिवाला (त्रि०) । खड्ग (तरवार) (पु०).

रिष्टि, (स्त्री०) रिप्-रिष्-वा क्तिन् । अशुभ । एक प्रकारका शस्त्र (औज़ार) । "क्तिच्" रन्ध्र । छेद । सुराख़.

री,-क्षरण-वहना । दि० आ० अ० अनिट् । रीयते । अरेष्ट.

रीठा, (स्त्री०) री+ठक् (ठस्य न इत्वम्) । रीठाकरञ्ज । रीठा.

रीढ़ा, (स्त्री०) रीह्+क्त । अवज्ञा । अवमानना । नाफ़र्मानी । न मान्ना. [वहाहुआ.

रीण, (त्रि०) री+क्त । क्षरित । स्रुत । वहगया ।

रीति, (स्त्री०) री+क्तिन् । पित्तल । प्रस्राव । पेशाव । वहना । सीमा । गति । जाना । स्वभाव । चाल । गौड़ी आदि रचना । तरीक. [रवीति.

रु,-ध्वनि (शब्दकरना) अदा० पर० अक० वेट् । रौति ।

रुक्प्रतिक्रिया, (स्त्री०) रुजः प्रतिक्रिया (प्रतीकारः) । प्रति+कृ+भावे श । रोग दूर होनेका उपाय । चिकित्सा.

रुक्म, (न०) रुच्+मन्-नि-कुत्वम् । काञ्चन । सोना । धतूरा । लोहा । नागकेशर.

रुक्मकारक, (पु०) रुक्मं (तन्निर्मितभूषणं) करोति । कृ+ण्वुल् । सोनेके ज़ेवर बनाता है । स्वर्णकार । सुनार.

रुक्मिन्, (पु०) रुक्मं विद्यते अस्य इनि । जिसके पास सोना है । एकराजा । सोनेका स्वामी (त्रि०).

रु (रू) क्ष, (त्रि०) रुह्-कस पृ०. वा दीर्घः । अचिक्कण । जिसमें चिकनाई न हो । निःस्नेह । और कठोर । सख्त.

रुग्ण, (त्रि०) रुज्+क्त । रोगान्वित । बीमार । रोगवाला । भुग्न । टेढ़ा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रुच्,-प्रीति (प्रसन्न होना) । प्रकाश (चमकना) । भ्वा० आ० अक० सेट् । रोचते (अरुचत्-अरोचिष्ट).

रुचक, (न०) रुच्+क्कुन् । सज्जी । सर्जिकाक्षार । अश्वाभरण (घोड़ेका ज़ेवर) । माला । सुहागा । और निष्क । दांत । और कबूतर (पु०). [और शोभा.

रुचा (च्), (स्त्री०) क्विप्-वा टाप् । दीप्ति । प्रकाश । शोभा ।

रुचि (ची), (स्त्री०) रुच्+कि-वा ङीप् । अनुराग । मुहब्बत । आसङ्ग । स्पृहा (इच्छा) । अभिलाष । किरण । शोभा । बुभुक्षा । भूख । गोरोचना । एक प्रजापति (पु०).

रुचिर, (त्रि०) रुचिं राति (ददाति) रा+क । मनोहर । सुन्दर । और मधुर (मीठा) । रुचि (इच्छा) को देता है (पैदा कर्त्ता है) । केसर और लौंग (न०).

रुच्य, (त्रि०) रुचये हितः यत् । रुचिके लिये हितकारी (अच्छा) । सुन्दर । और रुचिकर । पति । कतकवृक्ष (पु०). [अरौजीत् । रुग्णः.

रुज्,-भञ्जन (तोड़ना) तु० पर० सक० अनिट् । रुजति ।

रुज् (जा), (स्त्री०) रुज्+क्विप् । वा टाप् । रुज्+अङ् वा । रोग (बीमारी) । भंग । टूटना । मेषी । मेढी । कोढ़.

रुजाकर, (न०) रुजां (रोगं) करोति । कृ+अच् । रोगको कर्त्ता है । कर्मरंग (कमारांगा) फल । रोग करनेवाला (त्रि०). [इदित् । रुण्टति.

रुट्,-चौर्य्य (चोरी करना) भ्वा० पर० सक० सेट् ।

रुट्,-रोध (रोकना) । सक० दीप्ति-चमकना । अक० चुरा० उभ० सेट् । रोटयति-ते.

रुण्ड, (पु०) रुठि+अच् । पृ० । "ठ" को "ड" होता है । मस्तकसे शून्य शरीर (जिस्म) । कबंध । धड़. [शब्द.

रुत, (न०) रु+क्त । रव । आवाज़ । पशु और पक्षी आदिका

रुद्,-रोदन (रोना) । अदा० पर० अक० सेट् । रोदति । अरुदत् । अरोदीत्.

रुदित, (न०) रुद्+भावे क्त । क्रन्दन । चिल्लाना । रोना । "कर्तरि क्त" कृतरोदन । जो रोया है । रोनेवाला (त्रि०).

रुद्ध, (त्रि०) रुध्+क्त । आवरणादिवेष्टित । पड़दे आदिसे घेराहुआ । रोकागया । बंदकिया । रुकाहुआ.

रुद्र, (पु०) रोदिति । रुद्+रक् । रोता है । शिवजीकी एकमूर्ति । "सोऽरोदीत् यदरोदीत्तत् रुद्रस्य रुद्रत्वम्" "अज एकपात्," इति श्रुतिः । अहिर्बुध्न्य, विरूपाक्ष, सुरेश्वर, जयन्त, बाहुरूप, त्र्यंबक, अपराजित, वैवस्वत, सावित्र, हर, और शम्भु इस प्रकार शिवजीकी ग्यारह मूर्तियें.

रुद्रज, (पु०) रुद्रात् जायते । जन्+ड । रुद्रसे उपजता है । शिवजीके वीर्य्यसे उत्पन्न हुआ । पारद (पारा).

रुद्रजटा, (स्त्री०) रुद्रस्य जटेव पिङ्गत्वात् । जटिलत्वात् । मानों रुद्रकी जटा है (पीली और जटावाली होनेसे)एक प्रकारकी वेल । शंकरजटावेल.

रुद्रप्रिया, (स्त्री०) ६ त० । रुद्रकी पियारी । हरीतकी । हरीड़ । और दुर्गा । देवी.

रुद्रविंशति, (स्त्री०) रुद्रस्वामिका विंशतिः । वह बीसी जिसका स्वामी रुद्र है । प्रभव आदि साठ वर्षोंमेंसे अन्तकी बीसी.

रुद्रसावर्णि, (पु०) चौदह मनुओंमेंसे बारवां मनु.

रुद्राक्रीड़, (न०) रुद्रस्य आक्रीड़ा यत्र । जहां रुद्रजी खेल कर्ते हैं । श्मशान । मसान । मरघट.

रुद्राक्ष, (पु०) रुद्रस्य अक्षीव-षच् । मानों रुद्रकी आँख है । अपने नामवाला वृक्ष.

रुद्राणी, (स्त्री०) रुद्रस्य पत्नी । रुद्र+ङीप्-आनुकुच । रुद्रकी स्त्री । शिवपत्नी । पार्वती । शिवकी औरत । ग्यारह वरिसकी लड़की. [कामदेव.

रुद्रारि, (पु०) रुद्रः अरिर्यस्य । रुद्र जिसका शत्रु है ।

रुद्रावास, (पु०) ६ त० । रुद्रके निवास करनेका स्थान। कैलाश । काशी । श्मशान (मसान).

रुधू,-काम (चाहना-माङ्गना) । आ० सक० अनिट् । प्रायः इस धातुके साथ अनु उपसर्ग लगता है । अनुरुध्यते । अन्वरुद्ध.

रुधू,-आवरण (रोकना-बंदकरना) रुधा+उ० स० अनिट् । रुणद्धि-रुन्धे । अरुधत्-अरौत्सीत् । अरुद्ध । रुद्धः.

रुधिर, (न०) रुध्+किरच् । शरीरमें रसके पकनेसे उत्पन्नहुआ एक प्रकारका धातु । मंगलग्रह । और लाल रंग (पु०) । उस रंगवाला (त्रि०).

रुपू,-आकुलीकरण-घबराना । विगाड़ना । (वेद) बड़ी पीड़ा सहारना । दि० प० स० सेट् । रुप्यति । अरुपत्-अरोपीत्.

रुमा, (स्त्री०) रु+मक् । सुग्रीव वानरकी भार्य्या (औरत । लवण राक्षसका स्थान । एक देश.

रुरु, (पु०) रु+क्रु । मृगविशेष । एक प्रकारका हरिण.

रुवु, (पु०) रु+वु । एरण्डका द्रख्त । "कन्" लाल एरण्ड । "रुवूक". [रुशति । अरुक्षत्.

रुश्,-हिंसा (कतलकरना-मारना) तु० प० स० अनिट् ।

रुष्, -(वध) मारना । भ्वा० प० सक० सेट् । रोषति । अरोषीत्. [अरुषत्-अरोषीत्.

रुषू,-क्रोध (गुस्साकरना) । दि० प० अक० सेट् । रुष्यति

रुष् (षा), (स्त्री०) रुष्+क्विप्-वा टाप् । क्रोध । कोप । गुस्सा. ["रुष्ट".

रुषित, (त्रि०) रुष्+क्त वा इट् । क्रोधयुक्त । गुस्सेवाला ।

रुहू,-उद्भव-उत्पन्न होना । भ्वा० प० अ० अनिट् । रोहति । अरुक्षत्.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रुह, (त्रि०) रुह+क । जात । उपजा । उत्पन्नहुआ । दूर्वा (स्त्री०) अगले पदमें रहनेसे " उससे निकला " अर्थ होता है । जैसे "भूरुह" (पृथिवीसे उपजा-वृक्ष) " वारिरुह " पानीसे निकला-कमल.

रूक्ष्,-पारुष्य-सख्तहोना-कठोरहोना-और रूखाहोना । चुरा० आ० अक० सेट् । रूक्षयति-ते । अरुरूक्षत्-त.

रूक्ष, (त्रि०) रूक्ष्+अच् । अचिक्कण । रूखा । जो चिकना नहिं । और स्नेहसे रहित । वृक्ष (पु०) । दन्तीवृक्ष (स्त्री०). [गुग्गुल.

रूक्षगन्ध, (पु०) रूक्षो गन्धो यस्य । जिसका गंध रूखा है।

रूढ़, (त्रि०) रुह्+क्त । जात । उत्पन्नहुआ । निकला । और प्रसिद्ध (मशहूर) । " रूढ़िः अस्य अस्ति अच् " जिसकी रूढि (प्रसिद्धि) हो । प्रकृति (धातु) और प्रत्ययके अर्थकी अपेक्षा न करके समुदायशक्ति (सारे शब्दकी ताकत)से अर्थको जतानेहारा शब्द-जैसे "घटः" " गौः".

रूढि, (स्त्री०) रुह्+क्तिन् । जन्म । पैदाहोना । प्रसिद्धि (मशहूरी) । प्रकृति और प्रत्ययके अर्थकी पर्वाह किये बिन समुदाय शक्तिसे अर्थका बोधन (जताना) । " डित्थ ".

रूप्,-रूपान्वितकरण-शकलवाला बनाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । रूपयति-ते । अरुरूपत्-त.

रूप, (न०) रूप्+क । भावे अच् वा । शकल । स्वभाव । सौन्दर्य्य (खूबसूरती) । पशु । नाम । शब्द । ग्रन्थावृत्ति (ग्रन्थको दुबारा पढ़ना) । देखनेलायक काव्य नाटक आदि । श्लोक । शब्द और धातुओंको विभक्ति लगानेसे बनाहुआ शब्द । और चिट्टाआदि रंग । उसवाला (त्रि०) । " अगले पदमें सदृशका अर्थ " जैसे " पितृरूपस्तनयः " पिताके समान पुत्र । एकही संख्या (गिन्ती).

रूपक, (न०) रूपयति अत्र । रूप्+अच्-कन् । अभिनयप्रदर्शक दृश्यकाव्यप्रभेद । नकल (अवस्थानुकरण)-को दिखानेहारा एक प्रकारका देखनेलायक काव्य । "रूपं अस्ति अस्य वुण् " रूपवाला । मूर्त्त (शकलवाला) (त्रि०) । " रूप+स्वार्थे कन् " शुक्लादिवर्ण (चिट्टा आदि रंग) । आकार (स्वरूप) । एक अर्थसम्बन्धी अलंकार। तीन रत्तीका माप । चांदी.

रूपधारिन्, (त्रि०) रूपं धारयति । धारि+णिनि । रूपवाला । खूबसूरत । दूसरा वेश लेनेहारा । और नट (सांग बनानेवाला).

रूपवत्, (त्रि०) रूप+मतुप्-" म " को " व " होता है । चिट्टे आदि रूपवाला । सौन्दर्य्ययुक्त (खूबसूरत) आकार (शकल)वाला.

रूपाजीवा, (स्त्री०) रूपं (सौन्दर्य्यं) आजीवति । जो खूब सूरती लेकर जीती है । "आ+जीव्+अच्" वेश्या । कंजरी.

रूप्य, (न०) रूपाय आहन्यते स्वर्णादि यत् । खूब सूरत अलंकार (जेवर) आदि बनानेके लिये जो सोना आदि ताड़न कियाजाता है और चांदी । " स्वार्थे यत् " हरएक प्रकारकी रजत चांदी । और रुपया । सुन्दर (पु०).

रूप्याध्यक्ष, (पु०) रूप्येषु अध्यक्षः । सोना-चांदीमें म... लिक । कोषाध्यक्ष । खजाञ्ची.

रूष्, -(धूरी आदिसे मिलादेना) । चुरा० उभ० सक० सेट् । रूषयति-ते. [कियाहुआ.

रूषित, (त्रि०) रूष+क्त । धूरी आदिसे मिलाहुआ । ...

रे, (अव्य०) एक प्रकारका सम्बोधन । नीच आदिके बु... लानेमें.

रेक, (पु०) रिच्+घञ् । विरेचन । दस्त होना । " रे... (शककरना)+अच्" । शक । नीच (कमीनह) । भेक (मेंडक) । रेक्+अ । सन्देह (स्त्रियां टाप्).

रेखा, (स्त्री०) लिख्+अच्-" ल " को " र " होता है । अल्प (थोड़ा) । छल । लकीर । लाइन.

रेचक, (न०) रेचयति । रिच्+णिच्+ण्वुल् । यवक्षार । जौखार । और तिलकवृक्ष । पुरीषको निकालनेवाला (दस्तावर) (त्रि०).

रेज्,-दीप्ति-चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । रेजते । अरेजिष्ट. [सेट् । रेटति-ते.

रेट्,-याचन (मांगना) । और बोलना । द्वि० भ्वा० उभ०

रेणु, (पु० स्त्री०) रि+नु । पराग । धूरी फूलकी । और पांशु (धूर) पर्पट । पाप्पड (पु०).

रेणुका, (स्त्री०) रेणुना कायति । कै+क । मिरचकी श... कलका सुगंधीवाला पदार्थ । जमदग्निकी पत्नी । और परशुरामकी माता. [यही अर्थ.

रेणुकासुत, (पु०) ६ त० । परशुराम । " रेणुकात्मज "

रेणुरूषित, (पु०) रेणुभिः रूषितः । धूरिओंसे रूखा हुआ । गर्द्दभ । गधा । धूरसे धूसर (त्रि०).

रेतस्, (न०) री+असुन्-तुट्च । पुरुषका लोहू आदिके पाकसे उत्पन्नहुआ शरीरमें मज्जाका कारण सबसे पिछला धातु शुक्र (वीर्य्य) । शिवजीका वीर्य्य । और पारद (पारा). [क्रूर (बेरहम) । सूम (कृपण).

रेप, (त्रि०) रेप्+अच् । निन्दित । निन्दा कियाहुआ ।

रेफ, (पु०) र+इफ़ । रकारस्वरूप अक्षर । " रिफ्+ अच् । कुत्सित । निन्दाकियाहुआ (त्रि०) । क्रूर । अधम । दुष्ट । कृपण. [ससुर (सौरा) । एक राजा.

रेवत, (पु०) रेव्+अतच् । जम्बीर नींबू । बलरामका

रेवती, (स्त्री०) रेवतस्य अपत्यं अण् । पृ० । रेवतराजा की कन्या । बलदेवकी स्त्री । रेव्+अतच-ङीष् । अश्विनी

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

से ले सत्ताइसवां नक्षत्र (तारा)। सत्ताइसकी संख्या। एक माता। एक नदी। दुर्गा।

रेवतीरमण, (पु०) रेवतीं रमयति। रम्+णिच्+ल्यु। रेवतीको रमण कराता है। बलराम। बलभद्र। ६ त०। "रेवतीश" भी. [एक नाम.

रेवा, (स्त्री०) रेव्+अच्। नर्म्मदानाम नदी। रतिका

रेषृ, हेषा (घोड़ेकी आवाज़ करना) भ्वा० आ० अक० सेट्। रेषते. [अरासीत्.

रै, शब्दकरना। भ्वा० पर० अक० अनिट्। रायति।

रै, (पु०) रा+डै। धन। दौलत। और सुवर्ण (सोन्ना).

रैत्य, (त्रि०) रीतेः (पित्तलस्य) विकारः। रीति+ण्यत्। पीतलका वर्त्तन.

रैवत, (पु०) रेवत्या (नद्या) अदूरो देशः। अञ्। रेवती नदीके पासका देश। द्वारिकाके पासका एक पर्वत (पहाड़)। स्वर्णालुवृक्ष। शिव। और एक दैत्य। "रेवतीमें हुआ" राम। एक मनु। "स्वार्थे कन्। रैवतक पहाड़.

रोक, (न०) रु+कन्। छिद्र। छेक। और नौका (किश्ती-बेड़ी)। रुच्+घञ्-नि०-कुत्वं। क्रयभेद (रोक रुपया देकर चीज़ खरीदना)। और दीप्ति (चमक-प्रकाश) (पु०). [बीमारी.

रोग, (पु०) रुज्+घञ्। धातुकी विषमतासे उपजी व्याधि।

रोगघ्न, (न०) रोगं हन्ति। हन्+क। बीमारी दूर कर्त्ता है। औषध। दवाई। वैद्यकशास्त्र। चिकित्साशास्त्र। रोग-नाशक (त्रि०).

रोगराज, (पु०) ६ त०। टच् समा०। राजयक्ष्मव्याधि। क्षयीरोग (इसमें प्रतिदिन शरीर घटता जाता है) कनज़म्पशन.

रोगलक्षण, (न०) रोगो लक्ष्यते (ज्ञायते) अनेन। लक्ष्+ल्युट्। बीमारी जतलानेहारा धातुकी विषमताका कारण। एक चिह्न। रोगका निशान.

रोगह, (न०) रोगं हन्ति। हन्+ड। औषध। दवाई। "हन्+क्विप्" रोगको नाश करनेवाला। वैद्य (हकीम) आदि (त्रि०).

रोगहारिन्, (पु०) रोगं हरति। हृ+णिनि। चिकित्सक। वैद्य। हकीम. [बीमार। स्त्रियां ङीप्.

रोगिन्, (त्रि०) रोग+अस्ति अर्थे इनि। व्याधियुक्त।

रोचनक, (पु०) रोचनाय (रुचिजननाय) कायति। कै+क। जम्बीर। नींबू.

रोचना, (स्त्री०) रोचयति। कर्त्तरि संज्ञायां ल्युट्। टाप्। मनःशिला। गोरोचना, आमलकी। सुन्दर स्त्री। श्वेतत्रिवृति (चिट्टी तिरवी। एक प्रकारका गंधद्रव्य).

रोचमान, (पु०) रुच्+शानच्। अश्वग्रीवास्थरोमावर्त्त। घोड़ेकी गर्दनमें वालों (लूओं)का घेरा। रुचियुक्त। चमकनेवाला। सुन्दर (त्रि०). [वाला। रौशन.

रोचिष्णु, (त्रि०) रुच्+इष्णुच्। दीप्तिशील। चमकने-

रोचिस्, (न०) रुच्+इसुन्। प्रभा। रौशनी। लाट.

रोटिका, (स्त्री०) रुट्+ण्वुल्। गोधूम (कनक) आदिके चूरे (आटे)से बनाहुआ एक प्रकारका पिष्टक (रोटी). [आरोडीत्.

रोड्, अनादर करना। भ्वा० पर० सक० सेट्। रोडति।

रोदन, (न०) रुद्+ल्युट्। क्रन्दन। चिल्लाना.

रोदस्, (न०) रुद्+असुन्। स्वर्ग। और भूमि। "ङीष्" रोदसी (इसी अर्थमें)। स्वर्ग और पृथिवी (स्त्री०) द्वि० व०. [पना। आवरण। पड़दा। बंदकरना.

रोध, (पु०) रुध्+घञ्। रोधन। रोकना। ठहरना। छि-

रोधन, (त्रि०) रुध्+ल्यु। रोकनेवाला। "भावे+ल्युट्" रोक। प्रतिबंध (न०). [किनारा.

रोधस्, (न०) रुध्+असुन्। नद्यादिकूल। नदी आदिका

रोध्र, (न०) रुध्+रन्। पाप। अपराध। और लोधका दरख्त.

रोप, (पु०) रुह्+णिच् "ह"को "प" होता है। "कर्म्मणि अच्" लगाना। बीजना। धान आदिकी उत्पत्तिके लिये अंकुर आदिका लगाना। छिद्र (छेक) (न०).

रोपण, (न०) रुह्+णिच्-ह्रस्य पः। ल्युट्। जनन। बीज लगाना। अन्यथा भूतवस्तुका अन्यथा ज्ञापन। और प्रकारकी चीज़को औरही प्रकारसे जताना.

रोपित, (त्रि०) रुह्+णिच्-ह्रस्य पः-क्त। वृक्ष आदिकी उत्पत्तिके लिये बीज लगायागया. [नगर.

रोमक, (न०) रोमेव निबिड़ं कायति। कै+क। रूमनामी

रोमकूप, (पु०) रोम्णां कूप इव। लूओंका मानों खूआ है। रोमाधारविवर। रोमोंका सुराख़.

रोमन्, (न०) रु+मनिन्। शरीरपर उत्पन्नहुए अंकुर-के स्वरूपमें केशोंके समान पदार्थ रोंयां। लूं.

रोमन्थ, (पु०) रोगं मध्नाति। मन्थ्+अण्। पृ०न लोपः। रोगको मथ डालता है। खायेहुए घास आदिका पशुओं-ने निकालकर चावना। जुगाली करना. [जगह.

रोमभूमि, (स्त्री०) ६ त०। चर्म्म। चमड़ा। रोमोंकी

रोमलता, (स्त्री०) रोमाणि लतेव। रोमोंकी कतार। रोमराजि.

रोमविकार, (पु०) ६ त०। रोमोद्गम। रोमोंका निकलना.

रोमश, (त्रि०) रोमाणि सन्ति अस्य श। प्रचुररोमयुक्त। बहुतरोमवाला। मेढ़ा। सूअर.

रोमहर्ष, (पु०) रोम्णः हर्ष इव-तद्व्यञ्जकत्वात्। मानों रोआंको खुशीहुई है (खुशीको प्रकट करनेसे)। रो-आंफूटना। रोमाञ्च। "रोमहर्षण".

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

रोमाञ्चित, (त्रि०) रोमाञ्चो जातोऽस्य । तार०इतच् । जातपुलक । जिसके रोंगटे खड़े हो गये हैं. [की दशा.

रोमाली, (स्त्री०) रोमावली । रोमोंकी कतार । जवानी-

रोमावली (लि), (स्त्री०) ६ त० । रोमश्रेणि । रोमोंकी कतार । नाभि (धुन्नी) के ऊपर रोमोंकी पंक्ति । उस्से पहिचानीगई तारुण्यावस्था (जवानीकी हालत).

रोमोद्गम, (पु०) (रोम्णां उद्गमः) । उद्+गम्+घञ् । रोओँका फूटना । " रोमोद्भेद " इसी अर्थमें है.

रोरुदा, (स्त्री०) रुद्+यङ्+टाप् । अतिशयरोदन । बहुत रोना.

रोलम्ब, (पु०) रौति । रु+विच्=रौः सन् लम्बते (गच्छति) । लम्ब्+अच्-कर्म० । रोड्+अम्बच् । डस्य लो वा । भ्रमर । भौंरा.

रोष, (पु०) रुष्+घञ् । क्रोध । गुस्सा.

रोषण, (पु०) रुष्+युच् । पारद । पारा । कसौटी । और ऊषरभूमि (कल्लरकी ज़मीन) । क्रोधवाला (त्रि०).

रोह, (पु०) रुह्+अच् । अंकुर । चढ़नेहारा (त्रि०).

रोहण, (पु०) रुह्यतेऽसौ रुह्+ल्युट् । जो चढ़ाजाता है । एक पर्वत । पहाड़ । चढ़ना (न०). [(त्रि०).

रोहि, (पु०) रुह्+इन् । बीज (बी) । और वृक्ष । धार्मिक

रोहिण, (न०) रुह्+इनन् । पन्द्रह भागोंमें बांटेगये दिनका नावां (नवम) भाग । बोड़का द्रख्त (पु०).

रोहिणी, (स्त्री०) रुह्+इनन् ङीष् । गौ । अश्विनीसे चौथा नक्षत्र (तारा) । वसुदेवकी स्त्री । बलभद्रकी माता । विजली । काटतुम्बी लता । हरीतकी (हरीड़) । मजीठ. [" रोहिणीनाथ ".

रोहिणीपति, (पु०) ६ त० । चन्द्रमा । और वसुदेव ।

रोहिणीव्रत, (न०) रोहिणीयुक्ताष्टम्यां व्रतम् । रोहिणी नक्षत्रसे पहिचानीगई भादोंके कृष्णपक्षकी अष्टमीके दिन करने योग्य उपवासरूप व्रत । " जन्माष्टमी ".

रोहित, (न०) रुह्+इतच् । रुधिर (लोहू) । सरल (सीधा) । इन्द्रका धनुष् । एक प्रकारका मच्छ । एक वृक्ष । लालरंग (पु०) । उसवाला (त्रि०) " स्वार्थे कन् ".

रोहिताश्व, (पु०) रोहितवर्णा अश्वा यस्य । लाल रंगके घोड़ोंवाला । वह्नि । आग । अग्निदेवता.

रोहिन्, (पु०) रोहति (पुनः छिन्नोपि प्रादुर्भवति) । रुह्+णिनि । काटाहुआ भी फिर निकलता है । रोहितक वृक्ष । चढ़नेहारा (त्रि०) । स्त्रियां ङीप्.

रोहिष, (पु०) इस नामका एक द्रख्त.

रौक्ष्य, (न०) रुक्षस्य भावः ष्यञ् । पारुष्य । कठोरपना । रूखापन । अचिक्कणता. [रौटति । अरौटीत्.

रौट्ट (ड्),-अनादर करना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

रौद्र, (न०) रुद्रो देवता अस्य अण् । जिसका देवता रुद्र है । सूर्य्यताप । सूर्य्यकी गरमी । धूप । उग्ररस । तेजरस । शृङ्गारादि आठ रसोंमेंसे एक । भीषण (डरावना) (त्रि०) । दुर्गा । और रुद्रजटावृक्ष स्त्रीयां ङीप्.

रौक्म, (त्रि०) रुक्म+अण् । सोनेका । स्वर्णमय.

रौप्य, (न०) रूप्यं एव अण् । रजत । चांदी.

रौम, (न०) रुमायां (नद्यां) भवः अण् । शाम्भरिलवण । साँवरनोन.

रौरव, (पु०) रोरूयतेऽत्र । रु+यङ्+क्विप् । तेन प्राप्तं तस्येदं वा अण् । जहां वार २ रोते हैं । एक प्रकारका नरक । चञ्चल । धूर्त्त । और घोर (डरावना) (पु०) । जंगली. [द्रख्त.

रौहिण, (पु०) रुह्+इनन् । स्वार्थे अण् । चंदनका

रौहिणेय, (पु०) रोहिण्यां भवः ढक् । रोहिणीमें हुआ । बुधग्रह । और बलराम । मरकतमणि (न०) । गौका बछड़ा । द्वि०.

रौहिष, (न०) रुह्+इषन् । स्वार्थेऽण् । एक प्रकारका हरिण और रोहितनामी मच्छ.

ल.

ल, (पु०) ला+क । इन्द्र । छंदःशास्त्रमें एकमात्रावाला वर्ण । लकार. [सेट् । लाकयति-ते । अलीलकत्-त.

लक्,-आस्वाद-स्वाद लेना-प्राप्ति-पाना । चु० उभ० सक०

लकच, (पु०) लक्+अचन् । लिकुचवृक्ष । " लकुच ".

लक्तक, (पु०) लक्+क्त । नि० संज्ञायां कन् । अलक्तक । अलता । लाखका रंग.

लक्ष्,-दर्शन-देखना-पहिचान्ना । अंकन । निशान लगाना । चु० उभ० सक० सेट् । लक्षयति-ते । अललक्षत्-त.

लक्ष, (न०) लक्ष्+अच् । पद । चिह्न । निशान । बहाना । एकलाख । तीरका नशान.

लक्षक, (त्रि०) लक्षयति लक्षणया अर्थं । लक्ष्+ण्वुल् । लक्षणासे अर्थको जतानेहारा शब्द । जतानेवाला.

लक्षण, (न०) लक्ष्यतेऽनेन । लक्ष्+करणे ल्युट् । जिस्से जतलाया जाता है । " इतरभेदानुमापक चिह्न " दूसरोंसे भेदको अनुमान करानेहारा निशान । जैसे पृथिवीका लक्षण " गंध " है वही पृथिवीको दूसरे (जलादि)से भिन्न करके जतला रहाहै । लक्षण दो प्रकारका है, स्वरूप और तटस्थ । चिह्न । नाम । लक्ष्मण । और सारस पक्षी (पु०) । " मुख्य अर्थके टूटनेपर जिस्से दूसरा अर्थ प्रतीत हो " लक्षणा (स्त्री०).

लक्षित, (त्रि०) लक्ष्+कर्म्मणि क्त । लक्षणसे बोधन कियाहुआ अर्थ । जानाहुआ । अनुमान कियाहुआ । लक्षणका आश्रय । निशान कियाहुआ.

लक्ष्मन्, (न०) लक्ष्+मनिन् । चिह्न । नशान । और प्रधान । स्वार्थे अण् । पु० । सारस पक्षी । दशरथकी

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्त्री सुमित्राका बड़ा पुत्र (पु०) चिट्टी कंडियारी। एक प्रकारकी औषध (स्त्री०).

लक्ष्मी, (स्त्री०) लक्ष्+ई-मुट्च । शोभा । कान्ति । विष्णुकी स्त्री। सम्पत्ति (दौलत)। फलिनी वृक्ष। हल्दी। मोती.

लक्ष्मीकान्त, (पु०) ६ त० । लक्ष्मीका पति । विष्णु । और राजा. [और कुश.

लक्ष्मीपुत्र, (पु०) ६ त० । कामदेव । एक गंधर्व । घोड़ा।

लक्ष्मीवत्, (पु०) लक्ष्मी (शोभा) अस्ति अस्य मतुप्। मस्य वः । पनस । कटहरका वृक्ष । श्रीयुक्त (शोभावाला) (त्रि०).

लक्ष्मीसहज, (पु०) लक्ष्म्या सह क्षीराब्धौ जायते । जन्+ड । जो लक्ष्मीके साथ क्षीरसमुद्रमें उत्पन्न होता है । चन्द्रमा । और उच्चैःश्रवस् (घोड़ा).

लक्ष्य, (न०) लक्ष्+यत् । वेधार्थोद्देश्यमानशरव्य । नशान लगानेके लायक । नशान । लक्षणाशक्तिसे समझने लायक अर्थ । उद्देश्य । मतलब । जान्नेके लायक । अनुमान करने लायक (त्रि०). [लगति.

लग्,-संग-लगना-मिलना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

लगित, (त्रि०) लग्+क्त । संसक्त । मिलाहुआ । लगाहुआ.

लगुड़ (ल) (र), (पु०) लग्+उलच् । लस्य डरौ वा । डण्डेके स्वरूपमें लकड़ीका बनाहुआ पदार्थ । लट्ठ । लाठी.

लग्न, (न०) लस्ज्+क्त । तस्य नः । मेषआदि राशिओंका उदय । लज्जित (शर्मिंदाहुआ) (त्रि०) । लग्+क्त पृ० । संसक्त (लगाहुआ) (त्रि०) स्तुतिका पाठ करनेहारा । "लग्न इव" इवार्थे कन् । प्रतिभू । ज़ामन.

लग्निका, (स्त्री०) लग्ना इव कन् । पृ० । अदृष्टरजस्का स्त्री । वह स्त्री कि जिसे अभीतक ऋतु नहिं आई.

लघ्,-अभोजन (कुछ न खाना) सीमातिक्रमगति (सीमा लांघकर चलेजाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । इदित् । लङ्घते । अलङ्घिष्ट । "कल्लोलिनीवल्लभमुल्लङ्घे" नाटकम्.

लघिमन्, (पु०) लघोर्भावः । इमनिच् । हलकापन । लघुत्व । लाघव (जिस्से ऊंचे गति होसके) । ईश्वरका एक प्रकारका ऐश्वर्य्य.

लघिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन लघुः । इष्ठन् । बहुतही हलका । "लघीयान्" इसी अर्थमें.

लघु, (त्रि०) लघि+कु । नि० नलोपः । शीघ्र (जल्दी) । काला अगुरु और वीरणमूल । निःसार (जिसमें सार कुछ नहिं) । हलके गुणवाला । और मनोहर (खूबसूरत) (त्रि०) । व्याकरणमें ह्रस्वनामवाला अकार आदि वर्ण (पु०).

लङ्का, (स्त्री०) लक्+अच्-मुम्च । इस नामकी पुरी (इसी पुरीमें रावण राक्षस रहता था). [नाथ ".

लङ्काधिप, (पु०) ६ त० । लंकाका मालिक । रावण "लंका-

लंकास्थायिन्, (पु०) लंकायां तिष्ठति । स्था+णिनि । लंकासिज नामी वृक्ष । लंकावासी (लंकामें रहनेहारा) (त्रि०).

लंघन, (न०) लघि+ल्युट् । अभोजन । कुछ न खाना । फाका । लांघकर जाना । उछलना । कूदना । जाना । ऊपर चढ़ना. [लच्छति.

लछ्,-चिह्नकरण-नशान लगाना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

लज्,-व्रीड़ा-शरम करना । भ्वा० आ० सक० सेट् । लजते । अलजिष्ट. [लज्जति.

लज्,-तिरस्कार-बेइज्जतकरना । भ्वा० प० स० सेट् । इदित्

लज्,-अन्तर्धान-छिपना । चुरा० उभ० सक० सेट् । लाजयति-ते.

लज्,-भाषण (बोलना) । हिंसा (मारना) । और देना । सक० और वास (रहना) । अक० चुरा० सेट् । इदित् । लञ्जयति-ते. [लजयति-ते.

लज्,-भासन (चमकना) । चुरा० उभ० सक० सेट् ।

लज्जा, (स्त्री०) लस्ज्+अ । मनोवृत्तिविशेष । शरम । लज्जालु वेल (लाजवंती).

लज्जालु, (स्त्री०) लस्ज+आलुच् । लताविशेष । लज्जावाला (शरम करनेवाला) (त्रि०).

लज्जाशील, (त्रि०) लज्जां शीलयति । शील्+अण् । लज्जाविशिष्ट । शरम करनेवाला.

लज्जित, (पु०) लज्जा जाता अस्य । तार० इतच् । जातलज्ज । जिसे शरम आई हो । शरमिंदाहुआ । व्रीड़ित । शरमिंदा. [लञ्जयति-ते.

लञ्ज्,-भासन (चमकना) । चुरा० उभ० अक० सेट् ।

लट्,-बालभाव (बच्चेकी नाईं काम करना) । बच्चेकी नाईं बोलना । बकवास करना । चिल्लाना । भ्वा० पर० अक० सेट् । लटति.

लटपर्ण, (न०) लटं (दुष्टं) पर्णं अस्य । दारचीनी.

लड्,-विलास (खेलना) फेंकना । भ्वा० पर० अक० सेट् । लड़ति । अलाड़ीत्-अलड़ीत्.

लड़ह, (त्रि०) सुन्दर (खूब सूरत) । देखनेमें अच्छा (यह प्राकृत भाषाका शब्द है) "लटभ".

लडुक, (पु०) लड्+डु । स्वार्थे कन् । गोधूमचूर्ण (आटे) आदिसे बनीहूई एक प्रकारकी मिठाई । लड्डु.

लण्ड्र, (पु०) लड़ि+रन् । लण्डननामसे प्रसिद्ध नगर.

लता, (स्त्री०) लत्+अच् । वेल । शाखा.

लतायष्टि, (स्त्री०) लतापि यष्टिरिव । मञ्जिष्ठा । मजीठ.

लतार्क, (पु०) लतया अर्क इव । हरितपलाण्डु । हरा-प्याज़. [अलापीत् । अलपीत्.

लप्,-कथन (कहना) भ्वा० पर० द्विक० सेट् । लपति ।

लपन, (न०) लप्यते (उच्यते) अनेन । लप्+करणे

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ल्युट्। जिससे बोला जाता है । मुख । मूं। " भावे ल्युट् " कथन। कहना. [" भावे क्त " कहना (न०).

लपित, (त्रि०) लप्+कर्मणि क्त। कथित । कहागया।

लबू,-आलम्बन (पकड़ना-सहारादेना)। सक०। शब्द करना। अक०भ्वा०आ० सेट्। इदित्। लम्बते। अलम्बिष्ट. [हासिल किया.

लब्ध, (त्रि०) लभ्+कर्म्मणि क्त । प्राप्त । पाया।

लब्धवर्ण,(पु०) लब्धो वर्णो वर्णनं प्रशंसा ज्ञानवत्त्वेन वर्णनं येन (ज्ञानवान् होनेसे) जिसने प्रशंसालाभ कीहै।पण्डित.

लभू,-प्राप्ति (पाना)। सक०भ्वा०आ० अनिट्। लभते। अलब्ध. [अभ्यास.

लमक, (पु०) रम्+वुन्। रस्य लः। जार। यार। लम्पट।

लम्पट, (पु०) रम्+अटन्-पुक्च। रस्य लः। पराई स्त्रियों में लालच करनेवाला। आसक्त । विषयमें डूबगया। (त्रि०).

लम्ब, (पु०) लबि+अच् । नर्त्तक (नाचनेहारा)। कान्त (सुन्दर)। उत्कोच (रिश्वत-वड्डी) । अंकशास्त्रमें त्रिभुज आदि क्षेत्र। और भुजा एव काममें लटक रहा सूत। लंबा। लटकरहा (त्रि०).

लम्बकर्ण, (पु०) लम्बौ कर्णौ यस्य। जिसका कान लंबे हैं। छाग (बकरा)। हाथी। राक्षस । बाज पक्षी। और अंकोट वृक्ष। लंबे कानवाला (त्रि०) कर्म०। लंबा-कान (पु०).

लम्बकेश, (त्रि०) लंबाः (दीर्घाः) केशाः यस्य । दीर्घकेशाव्य। लंबेवालोंवाला। कुशाका आसन (पु०)। कर्म०। लंबावाल. [लंबेबीजवाली। लंकामें उपजी। मद्य.

लम्बबीजा, (स्त्री०) लम्बं (दीर्घं) बीजं यस्याः।

लम्बोदर, (पु०) लम्बं (दीर्घं) उदरं यस्य। जिसका लंबा पेट है। गणेशजी। तारानामवाली देवी (स्त्रियां ङीप्)। जिसका पेट मुशकिलसे भरता है (त्रि०).

लय,-(गति) जाना। भ्वा० आ० सक० सेट्। लयते। अलयिष्ट.

लय, (पु०) ली+अच्। संश्लेष (मिलना-मेल)। विनाश। नाच, गीत और बाजेका एक तानरूप साम्य (बराबरी) " लीयतेऽत्र " सम्पूर्ण भूतोंको क्षय करनेवाला प्रलयकाल। और ईश्वर.

लर्व्,-गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट्। लर्वति.

लल,-इच्छा (चाहना) चुरा० उभ० सक० सेट्। लालयति-ते.

ललज्जिह्व, (पु०) ललन्ती (आस्वादाद्यास्वादनाय) चरन्ती जिह्वा यस्य। स्वादलेनेके लिये हिलरही है जीभ जिसकी। कुत्ता। ऊंठ। हिंसा करनेवाला जीव। हिलरहीजीभवाला (त्रि०). [दरख्त.

ललनाप्रिय, (पु०) ६ त०। स्त्रियोंका पियारा। कदंबका

ललाट, (न०) लड्+अच्। डस्य लः। ललं अटति। अट्+अण्। जुल्फोंके नीचेका अंगविशेष। कपाल। माथा.

ललाटन्तप, (पु०) ललाटं तापयति। तप्+णिच्+खश्। ह्रस्वः। जो माथेको तपाता है। सूर्य। माथेको तपानेहारा (त्रि०).

ललाटपट्ट, (न०) ललाटं पट्टमिव विस्तीर्णं। पटकेसी नाईं फैलाहुआ माथा। प्रशस्त ललाट। अच्छा माथा। " ललाटफलक ".

ललाटिका, (स्त्री०) ललाटे आबध्यते ठन्। माथेपर बांधा जाता है। ललाटभूषण। माथेका गहना। माथेका नशान.

ललाम, (न०) लल्+अच्। तं अमति। अम्+अण्। प्रधान। सुन्दर। ध्वज (झण्डा)। सींग। पूछ। चिह्न (नशान)। और भूषा (सजावट)। घोटकं (घोड़ा) (पु०).

ललित, (न०) लल्+क्त। शृङ्गारकी चेष्टा। एक प्रकारका स्वर (पु०)। सुन्दर। चाहागया (त्रि०).

ललितासप्तमी, (स्त्री०)भादोंके शुक्लपक्षकी सप्तमी। उस दिन करनेलायक एक प्रकारका व्रत.

लव, (पु०) लू+अप्। लेश (ज़रासा हिस्सा)। विनाश। छेदन (काटना)। श्रीरामचन्द्रका पुत्र। एक समयका परिमाण। गौकी पूंछके रोआँ.

लवंग, (न०) लू+अंगच्। अपनेनामका वृक्ष। लौंग.

लवण, (न०) ल्युट्। पृ०। णत्वं। एक प्रकारका रस (सलूना)। उसकी उत्पत्तिका स्थान सिंधुदेश। समुद्र। और मधुदैत्यका पुत्र एक दैत्य (पु०)। सलूने रसवाला और बड़ा खूबसूरत (त्रि०). [खार.

लवणक्षार, (पु०) लवणमयः क्षारः। सलूने रसवाला।

लवित्र, (न०) लूयतेऽनेन। लू+इत्र। जिससे काटते हैं। दात्री। चकु.

लषू,-स्पृहा (चाहना) दिवा० और भ्वा० उभ० सक० सेट्। लष्यति-ते। लषति-ते। अलषीत् । अलाषीत्। अलशिष्ट. [लज्जते। अलज्जिष्ट। लग्नः.

लसज्,-व्रीड़ा (शरमकरना) भ्वा० आ० अक० सेट्।

लहरि (री), (स्त्री०) लेन (इन्द्रेणेव) ह्रियते ऊर्द्ध्वगमनाय। हृ+कर्म्मणि इन्-वा ङीप्। महातरंग। बड़ी लहर.

ला,-आदान (पकड़ना-लेना)। अदा०पर०सक०अनिट्। लाति। अलासीत्.

लाक्षणिक, (त्रि०) लक्षणया बोधयति ठक्। लक्षणासे अर्थको जतानेहारा शब्द । " अस्ति अर्थे ठन् " स्वार्थे अण्। लक्षणयुक्त। लक्षणवाला। निशानवाला। दूसरे अर्थवाला जिसका " वाच्यसे " भिन्न अर्थ हो.

लाक्षण्य, (त्रि०) लक्षणं वेत्ति। ञ्य। शुभाशुभलक्षणज्ञ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

भले वा बुरे लक्षणको जाननेहारा । " अस्ति अर्थे ष्यञ्"
वद् वा । लक्षणवाला.

लाक्षा, (स्त्री०) लक्ष्यतेऽनया । लक्ष्+अ । पृ० वृद्धिः । जिससे पहिचाना जाय । लाखनामी पदार्थ.

लाक्षारस, (पु०) लाक्षानिःसृतो रसः (द्रवः) । लाखसे निकलाहुआ रस । अलक्तक रस । लाक्षाराग । लाखका रंग.

लाख्,-शोष (सुकाना) सजाना । देना । और हटाना । सक० । सामर्थ्य (सकना-लायक होना) । अक० भ्वा० पर० सेट् । लाखति । अलाखीत्.

लाघव, (न०) लघोर्भावः अण् । लघुत्व । हलकापन । आरोग्य । तन्दरुस्ती.

लाङ्गल, (न०) लगि=कलच् । पृ० वृद्धिः । पृथिवीको खेंचनेवाला पदार्थ । हल. [डण्डा.

लाङ्गलदण्ड, (पु०) ६ त० । "हल" के बीचमें लकड़ीका

लाङ्गलपद्धति, (स्त्री०) लाङ्गलखाता पद्धतिः (रेखा) "हल" से खोदीगई लकीर (डण्डी) । सीता । "हल" से खोदेगये खेतमें ज़मीनकी रेखा (लकीर).

लाङ्गलिन्, (पु०) लाङ्गलं (प्रहरणसाधनत्वेन) अस्ति अस्य इनि । जिसके पास चोट करनेका साधन "हल" है । बलराम । " लाङ्गलदण्ड इव दीर्घः आकारः अस्ति अस्य इनि " "हल"के डण्डेकी नाईं जिसका स्वरूप लंबा है । नारिकेल । नरेलका द्रख्त.

लाङ्गूल, (न०) लगि+ऊलच् । पृ० । पशुओंके पीछे रहनेवाला रोआँका गुच्छा । पूंछ.

लाङ्गूलिन्, (पु०) लाङ्गूलं अस्ति अस्य इनि । पूंछवाला । वानर (बंदर) । उस स्वरूपके फूलवाला ऋषभ औषध.

लाछ्,-अंकन (नशान लगाना) भ्वा० पर० स० सेट् । इदित् लाञ्छति । अलाञ्छीत्.

लाज्,-भर्त्सन (झिड़कना) । भ्वा० पर० स० सेट् । लाजति । अलाजीत् । " इदित् " लाञ्जति । अलाञ्जीत्.

लाञ्छन, (न०) लाञ्छ्यते । लाछि+कर्म्मणि ल्युट् । चिह्न । नशान और नाम । "भावे ल्युट्" " अंकन " नशान लगाना. [पुराना ज़ेवर । और चतुरपुरुष.

लाट, (पु०) लट्-संज्ञायां घञ् । एकदेश । वस्त्र (कपड़ा) ।

लाटानुप्रास, (पु०) लाटस्य (विदग्धस्य) प्रियः । चतुरका प्यारा । अलंकारमें शब्दसम्बन्धी एक अलंकार.

लाभ, (पु०) लभ्यते । लभ्+कर्म्मणि घञ् । मूलधनसे अधिक मिलाहुआ धन । व्याज । सूद । नफा । फायदा । " भावे घञ् " । पाना.

लालन, (न०) लल्-ल्युट् । स्नेहपूर्वकपालन । प्रेमके साथ पालना (बचाना) । लाड़ लडाना.

लालसा, (स्त्री०) लस्-(चाहना) +यङ्+अ । अतिशयेच्छा । बहुत चाह । गर्भिणीदोहद । गर्भवाली स्त्रीकी इच्छा । गर्भका चिह्न. [की बूंद । लार.

लाला, (स्त्री०) लल्+अ-टाप् । मुखसे निकलेहुए पानी-

लालाटिक, (पु०) ललाटं (प्रभोर्भाग्यं) पश्यति । ठञ् । प्रभुके भाग्यपर जीनेवाला । काम न करसकनेवाला । "ललाटात् (ललाटस्थभाग्यात्) आगतः-तस्येदं वा ठण्" माथेकी किस्मतसे मिला । भाग्याधीन (किस्मतके आधीन हुआ) (त्रि०) । "प्राप्तिस्तु लालाटिकी" इत्युद्भटः । माथेके लेखका भरोसा रखनेवाला (त्रि०).

लालित्य, (न०) ललितस्य भावः ष्यञ् । सौन्दर्य्य । खूबसूरती । मनोहरता । "नैषधे पदलालित्यं" इत्युद्भटः.

लाव, (पु०) लू+कर्त्तरि घञ् । एक प्रकारका पक्षी । " स्वार्थे कन् " वही अर्थ । " भावे घञ् " छेदन (काटना) । तोड़ना । नाशकरना.

लावण, (न०) लवणे संस्कृतं (अण्) । लवण (नोन-वा लून) में संस्कार (साफ़) कीगई औषध आदि । निमकीन । लूनका.

लावणिक, (न०) लवणे संस्कृतं ठण् । लवण (लून) में संस्कार कियागया औषध (दवाई) आदि । निमकीन । " लवणं पण्यं अस्य ठण् " । एक प्रकारका बनिआं (व्यापारी) जो लून बेचकर जीता है । निमक बेचनेवाला । हरएक प्रकारका लवण । निमक.

लावण्य, (न०) लवणस्य भावः ष्यञ् । लवणत्व । सलोनापन । सौन्दर्य्यविशेष (एक प्रकारकी खूब सूरती) । शरीरका वह सौन्दर्य्य मानों मोतिओंके ढेरकी चंचल छाया है. [" लासका ".

लासिका, (स्त्री०) लस्+ण्वुल् । नर्तकी (नाचनेवाली) ।

लास्य, (न०) लस्+ण्यत् । नृत्य । नाच । बाजा, नाच और गीत । स्त्रिओंका नाच । " स्वार्थे कन् " वही अर्थ.

लिकुच, (पु०) लकुच+पृ०-इत्वं । मन्दारवृक्ष.

लिक्षा (का) (स्त्री०), लक्ष्+अ । पृ० वा इत्वं वाक्कच् । यूकाण्ड (जूंकाअंडा) । सूर्य्यके झरोखेमें जानेपर जो रज (धूर) नज़र आताहै-उनचारोंकी एक " लिक्षा " होती है । एक प्रकारका माप.

लिख्,-लेखन (लिखना) तुदा० पर० सक० सेट् । लिखति. [लेख.

लिखन, (न०) लिख्+ल्युट् । लेखन । लिखना । लिपि ।

लिखित, (न०) लिख्+भावे क्त । लेखन । लिखना । "आधारे क्त" । लिपि । दस्तखत । विवाद । झगड़ा । अर्थको सिद्ध करनेवाला पत्र आदि । लिखाहुआ इकरारनामा आदि । एक मुनिका नाम. [लिङ्गति.

लिग्,-जाना (गति) । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् ।

लिङ्ग, (पु०) लिगि+अच् । चिह्न (नशान) । पुरुषका असाधारण (खास) चिह्न । अनुमानको सिद्ध करनेवा-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ला हेतु । सांख्यमें कहाहुआ प्रधान । शिवजीकी एक मूर्ति । शिवलिङ्ग । व्याप्य (जो थोड़े देशमें रहे)।व्यक्त । प्रकट । शब्दमें रहनेहारा पदके ठीक होनेको दिखानेहारा एक धर्म्म । अर्थके प्रकाश करनेकी सामर्थ्य (शक्ति).

लिङ्गवर्धिनी, (स्त्री०) लिङ्गं पुरुषचिह्नभेदं वर्धयति । वृध्+णिच्+णिनि । जो पुरुषके चिह्नको वढादे । अपामार्ग.

लिङ्गवृत्ति, (पु०) लिङ्गं (संन्यासादिवेशधारणं) एव वृत्तिः (जीविका) यस्य । जीविकाके लिये संन्यासके चिह्नको धारण करनेहारा । कपटी संन्यासी.

लिङ्गिन्, (त्रि०) लिङ्गं अस्ति अस्य इनि । चिह्नवाला । नशानवाला । जीविकाके लिये संन्यासआदि नशानवाला। अच्छे नशानवाला हाथी (पु०).

लिप्,-लेपन (लीपना) । तुदा० उभ० सक० अनिट् । लिम्पति-ते । अलिपत् । अलिपत-अलिप्त.

लिपि (पी), (स्त्री०) लिप्+इक्-वा ङीप् । लिखेहुए अक्षरोंवाला पत्र (दस्तखत) । लेखन । लिखना.

लिपिक (का) र, (पु०) लिपिं करोति । कृ+अच्-अण् वा लेखको कर्त्ता है । लेखक । लिखनेवाला.

लिप्त, (त्रि०) लिप्+क्त । भुक्त । भोगागया । चंदनआदि लेप कियाहुआ । मिलाहुआ । विषसे लिपटाहुआ । एक कला (राशिका साठवां हिस्सा) । दण्डकस्वरूप काल (पु०) " स्वार्थे कन् ". [तीर.

लिप्तक, (पु०) कुत्सितं लिप्तं कन् । विषसे लिपटाहुआ

लिप्सा, (स्त्री०) लभ्+सन्+अ । लाभकी इच्छा । चाह.

लिह्,-आस्वादन (चाटना) । अदा० उभ० सक० अनिट् । लेढ़ि-लीढे । अलिक्षत्-अलिक्षत.

ली,-श्लेष (मिलना-जुड़ना) । दिवा० आ० अक० अनिट् । लीयते । अलेष्ट । लीनः.

लीढ, (स्त्री०) लिह्+क्त । आस्वादित । स्वादलियागया । चाटागया । स्पृष्ट । छूआहुआ.

लीला, (स्त्री०) ली+क्विप् । लियं लाति । अच् । केलि । क्रीड़ा । विलास । शृङ्गारआदिकी चेष्टा । भोगविलास.

लीलावती, (स्त्री०) लीला+अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः । विलास करनेवाली स्त्री । भास्कराचार्य्यकी पुत्री । उसका बनायाहुआ एक अंकशास्त्र (हिसाब)का ग्रंथ । न्यायशास्त्रमें प्रसिद्ध पदार्थोंको प्रतिपादन करनेवाला एक ग्रंथ। पुराणमें प्रसिद्ध एक वेश्या (कंजरी).

लीलोद्यान, (न०) लीलार्थं उद्यानं । भोगविलास करनेके लिये एक आराम (बाग) । देवताका वन.

लुकायित, (त्रि०) लुच्यते । लुञ्च्-अपनयन (दूर लेजाना)+क्विप् । लुक् कायो यस्य-तादृश इव आचरति । लुक् य+क्विप्+क्त । अन्तर्हित देह । जिसने अपने शरीरको छिपा लियाहो । छिपाहुआ गुप्त देह.

लुञ्चित, (त्रि०) लुञ्च्+णिच्+क्त । अपसारित । हटाया गया । दूरीकृत । दूर कियागया । तोड़ागया.

लुट्,-दीप्ति (चमकना) अक० । चोट करना । सक० भ्वा० आ० सेट् । लोटते । अलुटत्-अलोटिष्ट.

लुठ्,-लोट (पृथिवीपर लोटना) । तु० प० अ० सेट् । लुठति । अलुठीत्. [लोठयति-ते

लुड्,-(चौर्य) चोरी करना । चु० उभ० सक० सेट् ।

लुठन, (न०) लुठ्+ल्युट् । श्रम (थकेवां) दूर करनेके लिये घोड़ेका पृथिवीपर लोटना.

लुण्टक, (त्रि०) लुटि+कन् । लूटनेवाला । चोर.

लुण्टाक, (त्रि०) लुटि+काकन् । लूटनेवाला । चोर.

लुण्ठक, (त्रि०) लुठि+ण्वुल् । चोर.

लुञ्च्,-अपनयन (तोड़ना-उखाड़ना-पट्टना) । परेलेजाना। लुञ्चति । अलुञ्चीत्.[अनिट् । लुम्पति-ते । अलुपत्-अलुप्त

लुप्,-(छेदन) काटना । विनाशकरना । तु० उ० स०।

लुप्त, (न०) लुप्+क्त । अपहृतधन । जिसका धन चुराया गयाहो । नष्ट । वर्बाद होगया।छिपगया । टूटगया (त्रि०)

लुब्ध, (पु०) लुभ्+क्त । व्याध । शिकारी । "स्वार्थे कन्" वही अर्थ । लम्पट । विषयोंमें डूबगया । और लोलुप । लोभी

लुभ्,-विमोहन (घबराजाना) । तु० पर० अक० सेट् । लुभति । अलोभीत्.

लुभ्,-आकाङ्क्षा (चाहना) दिवा० पर० स०सेट् । लुभ्यति

लुलाप (य), (पु०) लुल्+क । तं आप्नोति । अण् । महिष । भैंसा. [चलायाहुआ.

लुलित, (त्रि०) लुल्+क्त । आन्दोलित । हिलायागया।

लुष्,-चोरीकरना । मारना । भ्वा० पर० स० सेट् । लोषति । अलोषीत्. [लुनीते । अलवीत्

लू,-छेदन (काटना) क्र्या० उभ० सक० सेट् । लुनाति

लूता, (स्त्री०) लू+तक् । एक प्रकारका कीड़ा । मकड़ी.

लून, (त्रि०) लू+क्त । तस्य नः । छिन्न । काटागया। कटाहुआ.

लूम, (न०) लू+मक् । लाङ्गूल । पूछ । पूंछ.

लेख, (पु०) लिख्यते चित्रादि पटेऽसौ । लिख्+कर्म्मणि घञ् । जो मूर्ति लिखनेवाले कपड़े आदिपर लिखा जाता है । देवता । " भावे घञ् " लेखन (लिखना)। " कर्म्मणि घञ् " लेख्य (लिखने लायक)(त्रि०) "आधारे घञ्" । पत्र । लिपि । दस्तखत । " निर्धारितेर्थे लेखेन " माघः.

लेखक,(पु०)लिख्+ण्वुल् । लिपिकर । लिखनेवाला । लिखारी

लेखन, (न०) लिख्+ल्युट् । पत्र आदिपर अक्षरोंका लिखना । " आधारे ल्युट् " भोजपत्र । " लिख्यतेऽनेन करणे ल्युट्" लिखनेका साधन । (स्त्रियां ङीप्) लिखनी (लेखनी) । कलम. [लिखनेवाला । लिपिकर

लेखनिक, (पु०) लेखनं शिल्पं अस्य ठन् । लिपिकर।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

लोकर्षभ, (पु०) लोक ऋषभ इव (श्रेष्ठत्वात्)। देवता-ओंमें श्रेष्ठ । इन्द्र । देवताओंका राजा.

लेखहार, (पु०) लेखं हरति । हृ+अण् । पत्रवाहक । चिट्ठी लेजानेवाला । " ण्वुल् " " लेखहारक ".

लेख्य, (त्रि०) लिख्+ण्यत् । लेखनीय । लिखनेलायक । व्यवहारमें अपने स्वत्व(कब्ज़े)को जतानेहारा एक प्रकारका पत्र (न०).

लेप, (पु०) लिप्-लेप वा घञ् । भोजन । खाना । और लीपना । " कर्म्मणि घञ् " । सुधा । कलिचूना.

लेपक, (पु०) लिम्पति । लिप्+ण्वुल् । लेपकर । राजा । मिस्तरी । कहगल करनेवाला.

लेलिहान, (पु०) लिह्+यङ् कानच्-पृ०यलोपः । सांप । बार २ चाटनेवाला. [लव । टुकड़ा.

लेश, (पु०) लिश्-अल्पीभाव (थोड़ाहोना)। अल्प। थोड़ा।

लेह, (पु०) लिह्+घञ् । आहार । खाना । आस्वाद । चाटना.

लेहिन, (पु०) लिह्+इनन् । टङ्कण (सुहागा).

लेह्य, (त्रि०) लिह्+ण्यत् । चाटनेलायक । अमृत (न०).

लैङ्ग, (न०) लिङ्गं अधिकृत्य कृतो ग्रथः अण् । अट्ठारह पुराणोंमेंसे तीसरा पुराण । लिङ्गनी वृक्ष । लिंगका.

लोक्,-दर्शन (देखना)। भ्वा० आ०सक० सेट् । लोकते । अलोकिष्ट. [जन । लोग.

लोक, (न०) लोक्यतेऽसौ । लोक्+घञ् । भुवन । दुनियां ।

लोकपाल, (पु०) लोकान् पालयति । पा+णिच्-अण् । लोकपालक । नृप । लोककी रक्षा करनेवाला राजा । इन्द्र आदि दिशाओंको पालन करनेवाला । विनायक आदि पाँच । लोककी रक्षा करनेवाला (त्रि०)। "लोकनाथ".

लोकबांधव, (पु०) लोकानां बांधवः (सर्वकर्म्मप्रवर्तकत्वात्)। सम्पूर्ण लोकोंका बंधु (सब काममें प्रवृत्ति करानेसे)। सूर्य्य । सूरज.

लोकमातृ, (स्त्री०) लोकानां मातेव रक्षिका । लोकोंकी माताकी नाईं रक्षाकरनेवाली लक्ष्मी.

लोकलोचन, (पु०) लोकैर्लोच्यतेऽनेन । लुच्+ण्वुल् । लोक देखते हैं इस्से । सूर्य्य । ६ त० । सूर्य्य (न०).

लोकबाह्य, (त्रि०) बहिश्चरति । बहिस्+ष्यञ् । ५ त० । लोकसे बाहिरहुआ.

लोकायत, (न०) लोकेषु आयतं (विस्तीर्णं) अनायास-साध्यत्वात् । लोकोंमें फैलगया (बिना दुःखके सिद्ध हो जानेसे)। चार्वाकमत.

लोकायतिक, (पु०) लोकायतं (तन्मतं) अस्ति अस्य ठन् । जिसका मत लोकायत है । चार्वाक (नास्तिक).

लोकालोक, (पु०) लोक्यतेऽसौ लोकः, न लोक्यतेऽसौ । कर्म्म० । जो देखा और नहिं देखाजाता । इस नामका पर्वत । इसके एकओर आतप (प्रकाश) और दूसरीओर अनातप (अंधेरा) होता है.

लोकेश, (पु०) ६ त० । लोकका स्वामी । ब्रह्मा । राजा । और पारा. [अलोचिष्ट.

लोच,-दर्शन (देखना) । भ्वा० । आ० स० सेट् । लोचते ।

लोचक, (न०) लोच्+ण्वुल् । मांसका गोला । आंखकी पुतली । कज्जल । स्त्रियोंके माथेका भूषण (जेवर)। नीला कपड़ा । केला । सांपकी केंचुली.

लोचन, (न०) लोच्यतेऽनेन । करणे ल्युट् । जिस्से देखा जाता है । नेत्र (आंख)। " भावे ल्युट् " देखना.

लोध्र, (पु०) रुध्+रन् । रस्य लः । लोध नामी दरख्त.

लोप, (पु०) लुप्+घञ् । विनाश । छिपना । काटना । घबराहट । व्याकरणमें अदर्शन (न दीखना) रूपनाश । " लोपयति स्त्रीणां रूपगर्वं अच् " । जो स्त्रियोंके रूपसम्बन्धी अभिमानको नाश कर्त्ता है । अगस्त्यमुनि-की पत्नी (स्त्री) (स्त्री०) । " लोपामुद्रा " (इसे अग-स्त्यजीने आपही कईएक पशुओंके बहूतही सुन्दर अं-गोंसे बनाया और विदर्भ राजाके महलमें जारक्खा-पीछे विवाह किया). [स्त्रियां ङीप्.

लोप्त्र, (न०) लुप्+ष्ट्रन् । लूट स्तेयधन (चोरीका माल)

लोभ, (पु०) लुभ्-चाहना+घञ् । दूसरेके पदार्थमें बहुत-ही अभिलाष । लालच. [तृष्णावाला । लालची.

लोभिन्, (त्रि०) लुभ्+णिनि । दूसरेके द्रव्योंमें बहुत

लोभ्य,(पु०)लुभ्+यत् । मुद्ग । मूंग । लालचके लायक पदार्थ (त्रि०). [स्वरूपका रोआँ नाम द्रव्य । उसवाला पूंछ.

लोम, (न०) लू+मन् । शरीरपर उत्पन्नहुआ वालोंके

लोमकर्ण, (पु०) लोमबहुलौ कर्णौ यस्य । जिसके कान बहुत रोआँवाले हैं । शशक । सहा.

लोमकूप, (पु०) लोम्नां कूप इव । रोआंका मानो खूआ है । रोआंका आश्रय बिन्दुका स्वरूप । गर्त्त । रोआं । सुराख.

लोमघ्न, (न०) लोमानि हन्ति । हन्+टक् । रोआँको नाश कर्त्ता है । एक प्रकारका रोग (टाक).

लोमपाद, (पु०) लोमयुक्तौ पादौ अस्य । जिसके पाँव रोआँवाले हैं । अंगदेशका एक राजा.

लोमश, (पु०) लोमानि बाहुल्येन सन्ति अस्य श । जिसके शरीरपर बहुत रोम हैं । एकमुनि । रोआँवाला (त्रि०).

लोमहर्षण, (न०) लोम्नां हर्षणं हर्षजनकव्यापार इव उद्भेद इति यावत् । रोआँका खुशहोना (प्रकट होना-निकलना) रोमाञ्च (रोआंका खड़ेहोना)। " लोमानि हर्षयति उत्तमकथया " " हृष्+णिच्+ल्यु " । जो अच्छी कथासे रोमोंको खुश कर्त्ता है । व्यासदेवका शिष्य (चेला)। सूतके वंशमें हुआ इस नामका पौराणिक.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

लोल, (त्रि०) लोड्+अच् । डस्य लः । सतृष्ण । लालची और चञ्चल । जिह्वा (जीभ) । और लक्ष्मी (स्त्री०).

लोलुप (भ), (त्रि०) लुभ्+यङ्+अच्-पृ० भस्य वा पः । अतिलोभयुक्त । बहुत लालचवाला.

लोष्ट्,-संहति, (इकट्ठा होना) भ्वा० आ० सक० सेट् । लोष्टते । अलोष्टिष्ट.

लोष्ट, (पु० न०) लोष्ट्+घञ्-अच् वा । मृत्पिण्ड । मट्टीका डेला । ढीम । ढेला । और लोहेकी मैल । लौहमल.

लोष्टघ्न, (पु०) लोष्टं हन्ति (मर्द्दयति) हन्+क । ढेलेको तोड़नेवाला मुद्गर आदि.

लोह, (पु० न०) लू+विच् । लौस्तं जहाति । हा+क । एकप्रकारका धातु । लोहा । अगुरुचंदन (न०).

लोहकार, (पु०) लोहं (तन्मयं शस्त्रादि) करोति । कृ+अण् । जो लोहेके शस्त्र आदि बनाता है । लुहार.

लोहकिट्ट, (न०) ६ त० । लोहेका मैल.

लोहद्राविन्, (पु०) लोहानि (धातुद्रव्याणि) द्रावयति द्रु+णिच्+णिनि । जो धातुरूप द्रव्योंको पिघलादेता है । सोहागा.

लोहित, (न०) रुह्+इतच् । रस्य लः । केसर । लालचंदन । और रुधिर (लोहू) । लाल सुहांजना । लालरंग । (पु०) । उसवाला (त्रि०).

लोहिताक्ष, (पु०) लोहिते अक्षिणी यस्य । षच् समा० । जिसकी लाल आँखे हैं । विष्णु । और कोकिल (कोइल)। लाल आँखवाला (त्रि०). [मंगलग्रह । काम्पिल्ल वृक्ष.

लोहिताङ्ग, (पु०) लोहितं अङ्गं अस्य । लालशरीरवाला ।

लोहितायस, (पु०) लोहितं अयः । अच् समा० । लाल लोहा । ताम्र । तामा । एक प्रकारका लाल लोहा.

लोहिनी, (स्त्री०) लोहितवर्णा । स्त्रियां ङीप् । "त" को "न" होता है । लालरंगवाली स्त्री (औरत).

लोहोत्तम, (न०) लोहेषु (धातुषु) उत्तमं । धातुओंमें उत्तम । स्वर्ण । सोन्ना.

लौकायतिक, (न०) लोकायतं (चार्वाकशास्त्रं) वेत्ति अधीते वा ठण् । चार्वाकमतको जानेहारा । नास्तिकमतका ज्ञाता.

लौकिक, (त्रि०) लोके विदितः (प्रसिद्धो) वा ठण् । लोकमें जानाहुआ वा मशहूर । लोकविदित । लोकप्रसिद्ध.

लौकिकाग्नि, (पु०) कर्म्म० । विधिसे न संस्कार कीगई आग. [लौड़ति.

लौड्,-उन्माद (पागल होना) । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

लौह, (पु०) लोहं एव । स्वार्थेऽण् । लोहा । एक धातु.

लौहज, (न०) लौहात् जायते । जन्+ड । लोहेसे उपजता है । मण्डूर.

लौहभाण्ड, (पु०) लोहस्य विकारः अण् । कर्म्म० । हमाम दस्ता । चट्ट । लोहेका पात्र (वर्त्तन).

लौहित्य, (न०) लोहितस्य भावः ष्यञ् । स्वार्थे ष्यञ् वा । रक्तवर्ण । लालरंग । एकनदी (स्त्री०) । "तीर्णे लौहित्ये" रघुः. [अल्यैषीत्.

ल्यी,-(श्लेष) मिलना । क्र्या०पर०सक० अनिट् । ल्यनाति ।

ल्वी,-(गति) जाना । क्र्या० पर० सक० अनिट् । ल्विनाति । अल्वेषीत्.

व.

व, (पु०) वा+ड । वायु (हवा) । राहु । मन्त्रण (सलाह) । सान्त्वन (तसल्ली) । कल्याण (भलाई) । बलवाला । समुद्र । व्याघ्र (भेड़िया) । वसन (कपड़ा) और वंदना करना । वरुण (पु० न०) । सादृश्यअर्थमें (अव्य०) "मणी वोष्ट्रस्य लम्बेते" इति.

वंश,-वश्+घ । नि० नुम् । पुत्रपौत्रआदि सन्तानका समूह । एक प्रकारका तृण । वांस । पीठका अवयव (हिस्सा) । इक्षु (गन्ना) । और सालवृक्ष । एक प्रकारका वाजा (स्त्रियां ङीष्) । "वंशीकलेन वड़िशेन" इति वृन्दावनचम्पूः.

वंशकर्पूररोचना, (स्त्री०) कर्पूरं इव रोचते । रुच्+ल्यु । ६ त० । वंशरोचना । वंसलोचन । कपूरकी नाईं सुगंधीवाला.

वंशज, (पु०) वंशात् जायते । जन्+ड । वांसके वृक्षसे उत्पन्नहुआ जौंके स्वरूपका एक पदार्थ । अच्छे कुलमें उत्पन्नहुआ (त्रि०) । वंशरोचना (स्त्रियां टाप्).

वंशतण्डुल, (पु०) ६ त० । वांससे उपजा चावलोंके स्वरूपका पदार्थ । वांसके चावल.

वंशधर, (त्रि०) वंशं धरति । वंशको पकड़ता है । कुलको चलानेवाला । "वंशवर्द्धन" इसी अर्थमें.

वंशशर्करा, (स्त्री०) वंशस्य शर्करेव । वांसकी मानो खाँड है । वंशलोचनपदार्थ । तबाशीर. [रका छन्द.

वंशस्थविल, (न०) बारह अक्षरके पादवाला एक प्रका-

वंशाग्र, (न०) वंशस्य अग्रं (मूलं) । वंशकी जड़ । कुलमें पहिला. [वंसरीबजानेवाला । श्रीकृष्णजी.

वंशीधर, (पु०) वंशीं (वंशजवाद्यं) धरति । धृ+अच् ।

वंश्य, (त्रि०) वंशे (सत्कुले) जातः । अच्छे कुलमें उपजा । खान्दानी.

वक्,-कौटिल्य (कुटिलहोना । तिर्च्छा होना) । अक० । जाना (गति) । सक० भ्वा० आ० सेट् । इदित् । वंकते । अवंकिष्ट.

वक, (पु०) वकि+अच् । पृ० "न" का लोपहोता है । इस नामका पक्षी । बगला । एक फूलोंवाला द्रख्त । कुबेर । एक राक्षस (जिसे भीमसेनने मारा था) । एक प्रकारकी दवाई काढनेकी कला । श्रीकृष्णसे मारागया एक दैत्य.

वकपञ्चक, (न०) कार्त्तिक (कत्तक) के शुक्लपक्षमें एकादशीसे लेकर पांच तिथियें.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वकवृत्ति, (पु०) वक इव स्वार्थपरा वृत्तिश्चेष्टा यस्य । जिसकी चेष्टा बगलेकी नाईं अपने मतलबको सिद्ध करनेहारी है । दूसरेको ठगनेवाला जीव.

वकव्रतिन् (क), (पु०) वकव्रत+अस्त्यर्थे इनि ठन् वा। बगलेके व्रतको धारण करनेहारा । बकव्रतधर.

वकुल, (पु०) वकि+कुलच् । नलोपः । इस नामका फूलोंवाला वृक्ष. [अवक्किष्ट.

वक्क्,(गति) जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । वक्कते ।

वक्तव्य, (न०) वच्+तव्य । कुत्सित । निन्दित । दीन । और दुष्ट । कथनीय । कहनेलायक (त्रि०) "भावे क्त" कथन (कहना) (न०). [बहुत बोलनेवाला.

वक्तृ, (त्रि०) उचितं बहु वक्ति । वच्+तृच् । मुनासिब ।

वक्त्र, (न०) वक्ति अनेन ष्ट्रन् । जिस्से बोलता है । मुख । मूं । एक प्रकारका कपड़ा । एक प्रकारका छंद.

वक्त्रशोधिन्, (पु०) वक्त्रं शोधयति । शुध्+णिच्+णिनि । जम्बीर (नींबू) । मुखको साफ़करनेवाला ताम्बूल (पान) आदि (त्रि०).

वक्त्रासव, (पु०) वक्त्रस्य आसवं इव । मुखका मानो मद्य है । अधररस । होठका रस.

वक्र, (न०) वकि+रन् । पृ० न लोपः । नदीवङ्क (नदीकी टेढ़) । शनैश्चर । शनीचर । मंगलग्रह । रुद्र । त्रिपुर दैत्य । और तिरछाजाना । उसवाला (टेढ़ा) (त्रि०)। "राहुकेतू सदा वक्रौ" इति ज्योतिषम्.

वक्राङ्ग, (पु०) वक्राणि अंगानि अस्य । टेढे अंगोंवाला। हंस । कुटिल अवयववाला (त्रि०) । कर्म्म० । कुटिल । टेढ़ा शरीर (न०).

वक्रिम, (न०) वक्रस्य भावः।इमनिच्। कौटिल्य । टेढ़ापन.

वक्रतुण्ड, (पु०) टेढ़े मुख़वाला । "वक्रं तुण्डं अस्य" गणेशजी.

वक्रोक्ति, (स्त्री०) कर्म० । कुटिलोक्ति । टेढ़ावचन (यह वाक्यका जीवन है) । काव्यका अंग । और काकुवचन । रमज़ । ठट्ठा. [अवक्षीत्.

वक्ष्,-रोष (ग़ुस्साकरना) भ्वा० पर० सक० सेट् । वक्षति ।

वक्षस्, (न०) वह्+असुन्-सुट्च । हृदय । उरस् । छाती.

वक्षः (क्ष) **स्थल,** (न०) वक्षः स्थलं इव । वा विसर्ग लोपः । अच्छी छाती.

वार्द्धक्य, (न०) वृद्धानां समूहः तस्य भावः कर्म वा ष्यञ् । कुकुच । बुढ़ापा । बूढ़ेका काम । वृद्धत्व । बुढ़ापन । " बूढोंका समूह " वार्द्धक (न०).

वार्द्धि, (पु०) वारि (जलानि) धीयन्ते अत्र । धा+कि उप० । जहां पानी रहते हैं । समुद्र । समुंदर.

वार्द्धुषि, (पु०) वृद्ध्या जीवति इण् । सूदपर जीनेवाला । व्याजड़िया । वृद्ध्याजीवी । " स्वार्थे कन् ".

वार्द्धुषिन्, (त्रि०) वृद्धि+अस्त्यर्थे इनि । नि० वार्द्धुभावः । वृद्ध्याजीवी । व्याजपर जीनेवाला (व्याजड़िया) । सूदखोर.

वार्द्धुष्य, (न०) वार्द्धुषेर्भावः ष्यञ् । धान्यादिवर्द्धनोपाय । धान आदिके बढ़नेका उपाय । ऋणदान । कर्ज देना.

वार्ध्रीणस, (पु०) वारि (जलं) घयति । धा+क्विप् । वार्ध्रीणसा (नासिका) यस्य-णत्वं । पृ० जिसकी नाक

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

में पानी भरा रहता है। गण्डक (गैंडा)। पृ० "वा-
र्घ्राणसः" एक पशुविशेष. [संजोह.
वार्मण, (न०) वर्मणां समूहः अण्। कवचसमूह। बहुत
वार्मुच्, (पु०) वारि (जलानि) मुञ्चति। मुच्+क्विप्।
पानीको छोड़ता है। मेघ। वादल.
वार्षिक, (त्रि०) वर्षे वर्षासु वा भवः ठञ्। वत्सरभव।
बरसमें हुआ। वर्षाकालभव। बर्सातमें हुआ। बर्सातका।
बरसके पीछे करनेलायक पूजा। (स्त्रियां ङीप्)।
"शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी" इति
चण्डी.
वार्हद्रथ (थि), (पु०) बृहद्रथस्य अपत्यं अण्। इञ् वा।
बृहद्रथ राजाकी सन्तान। जरासन्ध राजा.
वार्हस्पत्य, (न०) बृहस्पतिना प्रोक्तं अधीते ञ्य।
बृहस्पतिसे कहेहुएको पढ़ता है। चार्वाक। एक प्र-
कारका नास्तिक। "तेन प्रोक्तं तस्येदं वा ञ्य" उस्से
कहागया वा उसका। नीतिशास्त्र। बौद्धोंका शास्त्र।
बृहस्पतिका (त्रि०). [कपड़ा.
वाल्क, (न०) वल्केन निर्वृत्तं अण्। वक्कलका बनाहुआ
वाल्मीकि, (पु०) वल्मीके भवः इञ्। वांबीमेंहुआ।
रामायणके ग्रंथको बनानेहारा मुनिविशेष.
वाल्मीक (कि), (पु०) वल्मीके भवः अण्-इञ् वा।
वल्मीकमें हुआ। मुनिविशेष.
वावदूक, (त्रि०) वद्+यङ्+लुक्-ऊकञ्। बहुत बोलने-
हारा। बहुवदनशील। वक्ता। कहनेवाला.
वावृत्,-संभक्ति। चुनना। पियार करना। तालाशकरना।
दिवा० आ० सक० सेट्। क्त्वावेट्। वावृत्यते। अवा-
वर्तिष्ट। "ततो वावृत्यमानासौ रामशालां न्यविक्षत"
इति भट्टिः.
वाश्,-तिरश्चां शब्दः (पशुपक्षिओंका शब्द) अक०।
आह्वान (बुलाना)। सक० दिवा० आत्म० सेट्। वाश्यते।
अवाशिष्ट। "उद्वाश्यमाना पितरम्" इति भट्टिः.
वाशित, (न०) वाश्+भावे क्त। पक्षिओंका शब्द।
परिंदोंकी आवाज। और आह्वान। बुलाना। पुकारना.
वाशिता, (स्त्री०) वाश्+क्त। करिणी। हथिनी। हर
एक औरत (स्त्री०).
वाशि (सि) ष्ठ, (न०) वशि (सि) ष्ठस्येदं अण्।
तेन प्रोक्तं वा अण्। वशि (सि) ष्ठका वा उस्से क-
हाहुआ। वसिष्ठसे रचाहुआ एक उपपुराण। एकयोग-
विद्याका शास्त्र। वशि (सि) ष्ठका (त्रि०)। गोमती
नदी (स्त्री०).
वाश्र, (न०) वाश्+रक्। गृह। घर। चतुष्पथ (चुर-
स्ता) चौराहा। और दिवस (दिन) (पु०).
वाष्प (स्प), (पु०) वा+प-पु (सु) क्च। ऊष्मा। भाफ।
लोहा। और चक्षुर्जल (आंखका पानी) आंसु।
"वाष्पिका". [सेट्। वासयति-ते। अववासत्-त.
वास्,-सुरभीकरण (खुशबूदार करना)। चु० उ० सक०
वास, (पु०) वस्+घञ्। गृह। घर। वस्त्र। कपड़ा। अ-
वस्थान। रहना। "वास्+अच्" वासक। और सुगंध।
खुशबू.
वासक, (पु०) वास्+ण्वुल्। इस नामका वृक्ष। बांसा
द्रख्त। "येन केन प्रकारेण वासकः काशनाशकः"
वैद्यकम्.
वासकसज्जा, (स्त्री०) एक प्रकारकी नायिका (स्त्री)
" जो अपने सजेहुए मंदिरमें सजधजकर तयार रह-
ती है.
वासगृह, (न०) वासयोग्यं गृहं। रहनेलायक घर।
मध्यगृह। घरके बीचका कमरा (प्रायः जहां शयन आदि
कर्त्ते हैं).
वासतेयी, (स्त्री०) वसतये हिता ढक्। रहनेके लिये
भली। रात्रि। रात। वसतियोग्य (रहनेलायक) (त्रि०)।
"वनेषु वासतेयेषु" इति भट्टिः.
वासन, (न०) वास्+ल्युट्। सुरभीकरण (खुशबूदार
करना)। धूपन। धूप देना। वस्त्र। कपड़ा। वासस्थान।
रहनेकी जगह। और ज्ञान (जान्ना).
वासना, (स्त्री०) वास्+युच्। प्रत्याशा। भरोसा। देहा-
त्ममतिजन्यमिथ्यासंस्कारः। शरीरमें आत्माकी समझसे
उपजा झूठा खयाल (शरीरही आत्मा है)। खुशबूदार
करना.
वासन्त, (पु०) वसन्तस्य इदं। वसन्ते भवः वा अण्।
वसन्तका वा उसमें हुआ। वसन्तका पियारा। ऊंठ।
और कोइल। वसन्तमें हुआ। मलय पहाड़की वायु।
मुद्ग (मूंग)। मदनका द्रख्त। उस समयमें हुआ
(त्रि०)। इस समय पूजनेलायक दुर्गा (स्त्री०).
वासर, (पु० न०) वस्+अरन्। दिवस (दिन)। एकप्र-
कारका नाग (पु०).
वासवदत्ता, (स्त्री०) वासवदत्तां अधिकृत्य कृतो ग्रंथः
अण्। आख्यायिकाअर्थमें उस (प्रत्यय)का लुक्
(लोप होता है)। वासवदत्ताके चरित्रको प्रसिद्धकर-
नेहारा एक ग्रंथ। ३ त०। इन्द्रसे दीगई (त्रि०).
वासस्, (न०) वस्+असि। वस्त्र। कपड़ा.
वासागार, (न०) वासयोग्यं आगारं। रहनेलायक
घर। गृहमध्य। घरके बीचका कमरा.
वासि (सी), (स्त्री०) वस्+इञ्-वा ङीप्। कुठारभेद। एक
प्रकारका कुल्हाड़ा। रहना. [कियाहुआ.
वासित, (त्रि०) वास्+क्त। सुरभीकृत। खुशबूदार
वासु, (पु०) वस्+उण्। विष्णु। नारायण.
वासुकि, (पु०) (वसुना) रत्नेन कायति। कै+क-स एव

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

इञ् । जो रत्नसे शब्द कर्त्ता है । सर्पराज । सांपोंका राजा. [सन्तान । विष्णु.

वासुदेव, (पु०) वसुदेवस्य अपत्यं अण् । वसुदेवकी

वासू, (स्त्री०) वास्+ऊ । नाट्योक्तिमें बाला (सोलहवर्षकी लड़की). [पदार्थ । असली । ठीक २.

वास्तव, (न०) वस्तु एव अण् । चीज़ही । सत्यभूत

वास्तविक, (त्रि०) वस्तुतो निर्वृत्तं ठक् । वस्तुसे बना । स्वतःसिद्ध । आपही बना । सत्यभूतपदार्थ । असली चीज़ । ठीक २.

वास्तव्य, (त्रि०) वसति । वस्+तव्य । नि० । वासकर्त्ता । रहनेहारा । निवास करनेलायक जगह । और वसति (रहना) (पु०).

वास्तु, (पु०) वस्+तुण् । वासयोग्यभूमि । रहनेके लायक ज़मीन । बात्थूका साग (शाक).

वास्तेय, (त्रि०) वस्तेरिदं, वस्तये हितं वा ढक् । वस्तिसम्बन्धी । और रहनेलायक.

वास्तोष्पति, (पु०) ६ त० । अलुक्समा० । वास्तुभूमिपति । घरका मालिक । और इन्द्र.

वास्त्र, (पु०) वस्त्रेण आवृतो रथः अण् । कपड़ेसे भलीभांति ढांकाहुआ रथ (गाड़ी). [वाहते । अवाहिष्ट.

वाह्,-यत्न (कोशिशकरना) । भ्वा० आ० अक० सेट् ।

वाह, (पु०) उह्यतेऽनेन । वह्+घञ् । जिस्से उठाया ज़ाता है । अश्व (घोड़ा) । एक प्रकारका परिमाण (माप) ४ भार. [पहुंचाता है । रथआदि सवारी.

वाहन, (न०) वाहयति अनेन । वह्+णिच्+ल्युट् । जिस्से

वाहिनी, (स्त्री०) वाहः अस्ति अस्याः इनि ङीप् । सेना। फौज़ । सवारीवाली । " वहति-वह्+णिनि " नदी । दर्य्या. [समुद्र.

वाहिनीपति, (पु०) ६ त० । सेनाका मालिक । और ।

वाहीक, (पु०) वह्+ईकण् । एकप्रकारकी जाति (कौम) । जाट । " गौर्वाहीकः " इति अलंकारः । एक देशका नाम. [बाजु । एकप्रकारकी रेखा । ख़त.

वाहु, (पु०) वह्+उण् । भुज । बां । एक अवयव (अंग)

वाहुमूल, (न०) ६ त० । भुजाका मूल । दोनों बाजुओंकी जड़ । कक्ष । कांख । कच्छ.

वाह्य, (न०) वाहं (चालनं) अर्हति-यत् । वह्+ण्यत् वा । चलायाजाता है । अश्वादि यान । घोड़ा आदि सवारी । और वानर (बंदर) । "वहिर्भवः ष्यञ्" । वहिर्भव (बाहिरका) (त्रि०).

वाह्येन्द्रिय, (न०) वाह्यपदार्थानां (शब्दादीनां) ग्रहणयोग्यं इन्द्रियं । वाहिरशब्द आदि पदार्थोंको ग्रहण करने लायक इन्द्रिय । शब्दआदिका प्रत्यक्ष करनेहारा श्रोत्र (कान) आदि इन्द्रिय.

वाह्लि (ह्ली) क, (पु०) वह्+लिण् । स्वार्थे कन् । एकदेश । उसदेशमें उपजा । कुङ्कुम (केसर) । हिङ्गु (ही... ग) (न०).

वि, (अव्य०) वा+कि । नियोग । विशेष । निश्चय । आ... हन । निग्रह । हेतु । अव्याप्ति । ईषत् । परिभव । शुद्धि... अवलंबन । ज्ञान । गति । आलस्य । और पालन (य... धातु और संज्ञावाचक शब्दोंके पहिले प्रायः लगता-की अनेक अर्थ बदलता है-जैसे क्री-ख़रीदना-विक्री-बेचना स्मृ-विस्मृआदि) विगत (दूर होगया) वा विशि... (बढगया) । विहग (पक्षी) (पु०).

विंश, (त्रि०) विंशतेः पूरणः विंशति+डट् । जिस... वीसकी संख्या (गिनती) पूरी हो जाती है । वीसवां.

विंशक, (न०) विंशतेः अवयवः । ड्वुन् । वीसकी संख्या । वीस । " विंशतिः अधिका दीयते अस्मिन् शते आयो लाभो वृद्धिर्वा ड्वुन् " । एकसौके पीछे वीसका ला... (नफ़ा) आदि.

विंशति, (स्त्री०) द्वे दशती । नि० । दो दसकी संख्या । वीस । उस संख्यावाला । एकव० । संख्याविशेषके अर्थ में तो सब वचन होते हैं । द्वे विंशती तिस्रः विंशतयः

विंशतिक, (त्रि०) विंशतेर्योग्यः । विंशतियोग्य । वीसके लायक. [वीसवां । स्त्रीलिङ्गमें होता...

विंशतितम, (त्रि०) विंशतेः पूरणः तमट् । विंश...

विकच, (पु०) विगताः कचा यस्य । जिसके बाल नहिं । क्षपण (नांगा) । बुद्धोंका संन्यासी । " विशिष्टाः कचा यत्र" । जहां बहुत बाल हैं । ध्वज । केतु । झंडा । "वि-कच्+अच् " विकसित । खिलाहुआ । ६ व० । केशशून्य (जिसके केश नाहिं) (त्रि०) । महाश्रावणिका (स्त्री०).

विकट, (पु०) वि+कट्+अच् । विस्फोटक । फोड़ा । ज़खम । " वि+कटच् ।" विशाल (फैलाहुआ । विकृत । विगड़ाहुआ । सुन्दर (खूबसूरत) और दन्तुर (नीचे ऊपर) (त्रि०).

विकण्टक, (पु०) विगतः कण्टकः अस्य । जिसका कांटा जाता रहा । एक प्रकारका वृक्ष । शत्रुहीन (वैरी... दुश्मनके (त्रि०).

विकत्थन, (न०) वि+कत्थ्+ल्युट् । आत्मश्लाघा । अपनी सराहना । खुदपसंदी । युच् । अपनी श्लाघा (बड़ाई) करनेवाला (त्रि०) [वृक्ष । आकका दरख़्त...

विकर्त्तन, (पु०) वि+कृत्+ल्यु । सूर्य्य । सूरज । अर्क...

विकर्म्मस्थ, (पु०) (त्रि०) । विकर्म्मणि (निन्दिताचारे) तिष्ठति । स्था+क । कुत्सिताचाररत । निन्दावाले आचार (चालचलन)में लगाहुआ । बदचलन.

विकल, (त्रि०) विरुद्धा कला यस्य । विरुद्धकलावाला, विह्वल । घबरायाहुआ । स्वभावसे हीन । और कलाहीन (व्याकुल) । विगड़ाहुआ.

विकलाङ्ग, (त्रि०) स्वभावहीनं अंगं अस्य । स्वभाव...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

न्यूनाधिकाङ्ग (कमज़ियादा)अंगवाला । विगड़ेहुए शरीरवाला.

विकल्प, (पु०) विभिन्नः कल्पः । जुदा प्रकार । भ्रान्तिहेतुकल्पन । संदेह । शक । विविधकल्पन । कईतरहका ख़याल । पक्षतः प्राप्त । दो तरहसे होनेवाला.

विकश्व (स्व) र, (त्रि०) वि+कश् (स्)+ष्वरच् । प्रकाशशील । चमकनेवाला. [मञ्जिष्ठा । मजीठ.

विकषा,(स्त्री०) विशेषेण कष्यते असौ । कष्-क ।

विकशि (सि) त, (त्रि०) वि+कश् (स्)+क्त । प्रकाशयुक्त । खिलाहुआ.

विकार,(पु०) वि+कृ+घञ् । प्रकृतेरन्यरूपपरिणामः । स्वभावका औरतरहसे बदलना । तबदीली । बीमारी । रोग.

विकाल, (पु०) विरुद्धः कालः । विगड़ाहुआ-बर्खिलाफ (देवता और पितरोंआदिका काम न करनेलायक) समय । राक्षसीनामक वेला । राक्षसोंका समय । दिनके अन्तका समय । सांझ.

विकाश, (न०) विरुद्धः काशः । रहः । अकेले । प्रकाश । चमक । आकाश । आस्मान । स्वर्ग.

विकाशिन्, (त्रि०) वि+काश्+णिनि । प्रकाशशील । चमकनेवाला । विकस्वर । खिलाहुआ.

विकिर, (पु०) वि+कृ+क । विहग । परिंदा । और कुशा । " विकीर्यते-क " । विघ्न दूर करनेकेलिये फेंकीगई श्वेतसर्षप (गोरी सरिओं) आदि.

विकिरण, (न०) वि+कृ+ल्युट् । नि० । क्षेपण । फेंकना । हिंसन । मारना । और ज्ञान (जान्ना) । आकका वृक्ष (पु०) ६ ब० । किरणसेरहित (वगैर) (त्रि०).

विकीर्ण, (त्रि०) वि+कृ+क्त । विक्षिप्त (फेंकाहुआ) । फेंकागया.

विकुर्व्वाण, (त्रि०) वि+कृ+शानच् । हर्षके हेतु (खुशीका सबब विवाह पुत्रकी उत्पत्ति इत्यादि) से जिसके रोयाँ खडे होगये हैं । विकृतिप्राप्त । विगड़रहा.

विकुक्षि, (पु०) सूर्य्यवंशमें इक्ष्वाकु राजाका पुत्र । एक राजा.

विकृत, (त्रि०) वि+कृ+क्त । बीभत्स । निन्दावाला होगया । मलिनीकृत । मैला होगया । और रोगयुक्त । बीमार होगया.

विकृति, (पु०) वि+कृ+क्तिच् । रोग । बीमारी.

विक्रम, (पु०) विशेषेण क्रामति । बहुत उत्साह कर्त्ता है। वि+क्रम्+घञ्-अच् वा । त्रिविक्रम विष्णु (वामनावतार)। विक्रमादित्य राजा । "भावे घञ्" क्रमण । पाँव रखना । " करणे घञ् " चरण (पांव) । बहुत बहादुरी (शौर्य्यातिशय) । और सामर्थ्य (ताकत) । ६० वर्षोंमेंसे एक वर्ष.

विक्रमादित्य, (पु०) विक्रमेण आदित्य इव । सामर्थ्यसे मानों सूर्य्य है । इस नामसे प्रसिद्ध एक राजा (इसके समयमें संस्कृतका बहुतही प्रचार था-इसीसे संवत् चलता है) । " विक्रमार्क " यही अर्थ.

विक्रमिन्, (पु०) वि+क्रम्+णिनि । सिंह (शेर) । और विष्णु । विक्रमयुक्त (बहादुर) (त्रि०).

विक्रय, (पु०) वि+क्री+अच् । मोल लेकर दूसरेके स्वत्व- (कबज़े)को प्राप्त करनेहारा व्यापार । वेचना.

विक्रयानुशय, (पु०) विक्रयस्य अनुशयः (पश्चात्तापः)। वेचकर पीछे पछतावा. [वेचनेवाला.

विक्रयिक, (पु०) विक्रयः अस्ति अस्य ठन् । विक्रेता ।

विक्रयिन्,(त्रि०) वि+क्री+णिनि । विक्रयकर्त्ता । वेचनेवाला.

विक्रान्त, (पु०) वि+क्रम्+क्त । सिंह (शेर) । और शूर (बहादुर) । " भावे क्त " । विक्रम । बहादुरी.

विक्रिया, (स्त्री०) वि+कृ+श । विकार । बदलना । अन्यथास्थित (औरशकलमें ठहिर रही) वस्तुका अन्यथा परिणाम (औरतरहसे बदलना).

विक्रेय, (त्रि०) वि+क्री+यत् । विक्रययोग्य पदार्थ । वेचनेलायक चीज़. [हट । घवरायाहुआ.

विक्लव, (त्रि०) वि+क्लु+अच् । व्याकुलीभाव । घवरा-

विक्लिन्न, (त्रि०) वि+क्लिद्+क्त । आर्द्र (गीला) । शीर्ण (टूटाहुआ) और जीर्ण (पुराना).

विक्षेप, (पु०) वि+क्षिप्+घञ् । त्याग (छोड़ना) । प्रेरण (चलाना) और दूर करना । फेंकना.

विक्षेपशक्ति, (स्त्री०) विक्षेपस्य (दूरीकरणस्य) जनिका शक्तिः । दूर करनेको उत्पन्न करनेहारी शक्ति । वेदान्तमें कहीगई एक प्रकारकी अविद्याकी ताकत । वह शक्ति जो ब्रह्माण्डको रच देती है.

विख, (त्रि०) विगता नासिका यस्य । खादेशः । गतनासिक । जिसका नाक दूर होगया । नककटा । " ख्यादेशः " । " विख्य " भी. [मशहूर हुआ.

विख्यात, (त्रि०) विशेषेण ख्यातः (प्रसिद्धः) । बहुत

विगणन, (न०) विशेषेण गणनं । गण्+ल्युट् । बहुत गिन्ना । ऋण (कर्ज़ा) चुका देनेके लिया रकमका गिन्ना.

विगत, (त्रि०) वि+गम्+क्त । प्रमादरहित । खबर्दार । विशेषगत । बहुत गया । और अपगत (दूर गया).

विगतार्त्तवा, (स्त्री०)विगतं आर्त्तवं रजो यस्याः । गतरजस्का स्त्री । वह स्त्री कि जिसे महीनेका ऋतु नहिं होता.

विगम, (पु०)वि+गम्+घञ् । नाश । और अपाय । दूर होना. [मलामत.

विगर्हण, (न०) वि+गर्ह्+ल्यु । निन्दन । निन्दाकरना ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विगर्हित, (त्रि०) वि+गर्ह्+क्त । निन्दा कियाहुआ । और रोकाहुआ । " भावे क्त " निन्दा । मलामत.

विगाढ़, (त्रि०) वि+गाह्+क्त । स्नात (नहायाहुआ) । कृतावगाहन । पार उतरा हुआ.

विगान, (न०) वि+गै+ल्युट् । निन्दा । मलामत । हजो.

विगीत, (त्रि०) वि+गै+क्त । निन्दित । निन्दा किया-हुआ.

विगीति, (स्त्री०) वि+गै+क्तिन् । निन्दा । हजो.

विगुण, (त्रि०) विरुद्धो गुणोऽस्य । विरुद्धगुणवाला । गुणरहित. [गया । और गुप्त । छिपाहुआ.

विगूढ़, (त्रि०) वि+गुह्+क्त । गर्हित । निन्दा किया-

विगृहीत, (त्रि०) वि+ग्रह्+क्त । गृहीत । पकड़ाहु-आ । व्याकरणमें कहाहुआ विग्रहवाक्यका पद.

विग्र, (त्रि०) विगता नासिका अस्य । ग्रादेशः । विगत-नासिक । जिसका नाक नहिं । नककटा.

विग्रह, (पु०) वि+ग्रह्+अच् । देह (शरीर) । विभाग (हिस्सा) । युद्ध (लड़ाई) । विशेषज्ञान (बहुतजान्ना) । समासके अर्थको जतानेहारा वाक्य । " समासार्थबो-धकं वाक्यं विग्रहः ".

विघटिका, (स्त्री०) विभागः घटिकायाः । घड़ीका हिस्सा । घड़ीका साठवां हिस्सा । एक पल.

विघटित, (त्रि०) वि+घट्+क्त । वियोजित । जुदा कियाहुआ । विशेषेण रचित । ज्यादातर बनायागया.

विघट्टित, (त्रि०) वि+घट्ट+क्त । चालित । हिलाया हुआ । चलायागया । और वियोजित । जुदा किया-हुआ.

विघस, (पु०) वि+अद्+घञ् । भोजनशेष । खानेका बाकी । आहार (खाना) । सिक्थक (मोम) (न०).

विघसाशिन्, (त्रि०) विघसं (देवतादिदत्तशेषं) अश्नति । अश्+णिनि । देवताआदिको चढ़ाकर बचेहुए-को खाता है । देवता और पितरोंके कार्य्यसे अनन्तर बचेहुएको खानेहारा.

विघात, (पु०) वि+हन्+क्त । व्याघात । नाश । आघा-त । चोट करना (मारना) । रुकावट । विघ्न.

विघातिन्, (त्रि०) वि+हन्+घिनुण् । निवारक । हटाने-वाला । नाशकरनेहारा । और नष्ट । नाशहोगया । " विघातकः ".

विघ्न, (पु०) वि+हन्+क । व्याघात । अन्तराय । रोक । एक बूटी (कृष्णपाकफला). [रा । गणेशजी ।

विघ्ननाशक, (पु०) ६ त० । विघ्नोंके दूर करनेहा-

विघ्नराज, (पु०) विघ्ने राजते अच् । विघ्नमें चमकता है । गणेशजी । " विघ्नेश " आदि । इसी अर्थमें.

विघ्नित, (त्रि०) विघ्नो जातोऽस्य इतच् । जातविघ्न । जिसे रोक होगई.

विचू,-(पृथक् करना) जुदा करना । रु० जु० अक० अनिट् । विनक्ति-विवेक्ति-विङ्क्ते-विविक्ते । अविचत्-अवै-क्षीत्. [गदन्ती । (स्त्रियां टाप्).

विचक्षण, (पु०) वि+चक्ष्+ल्यु । पण्डित । चतुर । ना-

विचयन, (न०) वि+चि+ल्युट् । अन्वेषण । तालाश । पुष्पादिचयन । फूलआदि चुन्ना.

विचर्चिका, (स्त्री०) वि+चर्च्+ण्वुल् । पामा । खुजली । खुर्क । एक प्रकारका रोग.

विचार, (पु०) वि+चर्+घञ् । तत्वनिर्णय । असली बातका फैसला । उसके अनुसार वाक्यका समूह.

विचारण, (न०) वि-चर्+णिच्+ल्युट् । मीमांसा । वि-चार । सोच । " युच् " । " विचारणा " वही अर्थ.

विचि (ची), (पु० स्त्री०) विच्-इक् । तरंग (लहर) (स्त्री०) वा ङीप्. [शक.

विचिकित्सा, (स्त्री०) वि+कित्+स्वार्थे सन् अ । संदेह ।

विचित्र, (न०) विशेषेण चित्रं । बहुतही अजीव । क-र्बुरवर्ण । रंगबरंगी । डब्बखडब्बा । उसवाला और आश्चर्य्य (त्रि०). [अजीव पराक्रमवाला (त्रि०).

विचित्रवीर्य्य, (पु०) शान्तनुराजाका बेटा । एक राजा ।

विचित्राङ्ग, (पु०) विचित्रं अंगं यस्य । अजीव अंगवाला । चीता । एक प्रकारका भेड़िया (व्याघ्र) । आश्चर्य-शरीरवाला (त्रि०).

विचेतस्, (त्रि०) विरुद्धं (दुष्टं) विशिष्टं वा चेतो यस्य । दुष्ट (बुरे)दिलवाला । विशेष(ज्यादा)दिलवाला.

विचेष्टित, (त्रि०) विगतं चेष्टितं अस्य । चेष्टाशून्य । बेहर्कत । जो हिलजुल नहिं सक्ता । वि+चेष्ट+भावे क्त । विशेषचेष्टा (ज्यादा हर्कत) (न०). [अविविच्छत्-त.

विच्छ्,-दीप्ति (चमकना) । चु० उ० स० सेट् । विच्छयति ।

विच्छ्,-(गति) जाना । तु० पर० आयपक्षे उ० सक० सेट् । विच्छायति-ते । विच्छति । अविच्छायीत्-अवि-च्छायिष्ट-अविच्छीत्. [गृहविशेष । मंदिर.

विच्छंदक, (पु०) विशिष्टः छंदो यत्र-कप् । ईश्वर ।

विच्छाय, (न०) वीनां (पक्षिणां) छाया (नपुंसक-त्वं) । पक्षिओंके समूहकी छाया । " विगता छाया यस्य " जिसकी छाया जातीरही । छायाके विना (त्रि०).

विच्छित्ति, (स्त्री०) वि+छिद्+क्तिन् । अंगराग । एक प्रकारका चंदन । एक प्रकारका हार । छेद । टूटना । विनाश । विच्छेद । स्त्रिओंकी चेष्टाविशेष.

विच्छिन्न, (त्रि०) वि+छिद्+क्त । विभक्त । बांटाहुआ । समालब्ध (पायाहुआ) । "भावे क्त" छेदन । काटना.

विच्छेद, (पु०) वि+छिद्+घञ् । वियोग । विछोड़ा । सन्ततिसे रहित होना । और विभाग । अलग.

विज्, (पृथक्करण) जुदाकरना । जु० उ० स० अनिट् । वेवेक्ति-वेविक्ते । अविजत्-अविक्षीत्-अविक्त.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विज्, -(डरना और कांपना) रु० प० अक० सेट्। विनक्ति। अविजीत्. [अकेली जगह.
विजन, (त्रि०) विगतो जनो यस्मात्। निर्जन। एकान्त।
विजनन, (न०) वि+जन्+ल्युट्। गर्भमोचन। गर्भका छोड़ना। प्रसव। उत्पन्न होना। उद्भव। निकलना.
विजय, (पु०) वि+जि+कर्त्तरि अच्। अर्जुन। विमान। और यमराज। "भावे अच्" जीत (जय)। परिभवपूर्वक ग्रहण। बेइज्जती करके पकड़ना.
विजयकुञ्जर, (पु०) विजयाय कुञ्जरः। जीतकेलिये हाथी। राजवाहनगज। वह हाथी कि जिसपर राजा चढ़ता है.
विजया, (स्त्री०) अस्सु (आश्विन)के शुक्लपक्षकी दशमी। उमा (पार्वती)की एक सखी (सहेली)। दुर्गा। जयन्ती। शेफालिका। मंजिष्ठा (मजीठ)। भंगा। भांग। सिद्धि। एक द्वादशी। एक प्रकारकी सप्तमी.
विजातीय, (त्रि०) विभिन्नां जातिं (धर्मं) अर्हति। छ। विभिन्नधर्मावलम्बी। जुदा धर्मको पकड़नेहारा। औरजातका। जुदा किसम.
विजिगीषा, (स्त्री०) विजेतुं इच्छा। वि+जि+सन्+अ। जीतनेकी ख़ाहिश। अपना पेट भरनेकी इच्छासे निंदाके लायक काममें लगना। वैसा काम करके उसकी बावत निन्दाका खयाल न करना। विजयेच्छा। और जीतनेकी अभिलाषा। उः। "विजिगीषुः"। जीतकी इच्छावाला (त्रि०). [बहुत द्रख्त.
विजित, (न०) विज्+इन्। वन। जंगल। वृक्षसमूह।
विजृम्भण, (न०) वि+जृभि+ल्युट्। विकाश। खिलना। उबासी.
विजृम्भित, (त्रि०) वि+जृभि+क्त। विकसित। खिलाहुआ। "भावे क्त"। प्रकाश। चमक.
विज्ञ, (पु०) विशेषेण जानाति। बहुत जानता है। ज्ञा+क। प्रवीण। पण्डित। चतुर। चालाक. [जानाहुआ.
विज्ञात, (त्रि०) वि+ज्ञा+क्त। ख्यात। मशहूर। ज्ञात।
विज्ञान, (न०) वि+ज्ञा+ल्युट्। ज्ञान। जान्ना। काम। शिल्प (कारीगरी)आदिका ज्ञान। वेदान्तमें कहाहुआ अविद्याकी वृत्तिका भेद.
विज्ञानमयकोष, (पु०) विज्ञानात्मकः कोष इव आवरकत्वात्। विज्ञानस्वरूप मानों कोष (म्यान) है (ढांपनेके कारण)। ज्ञानेन्द्रियसहित बुद्धिकी वृत्तिका भेद। ज्ञानकी इन्द्रियें और अकल.
विज्ञानिक, (त्रि०) विज्ञानं अस्ति अस्य (ठन्)। विज्ञानयुक्त। विज्ञानवाला। समझवाला.
विट्, (आक्रोश) चिल्लाना। सक०। शब्दकरना। अक० भ्वा० पर० सेट्। वेटति। अवेटीत्. [एक पहाड़.
विट, (पु०) विट्+क। षिड्ग। लुच्चा। यार। जार।
विटङ्क, (न०) वि+टकि+अच्। कपोतपालिका। कबूतरोंकी दड़बा। महल आदिकी चोटीपर लकड़ीका बनाहुआ कबूतरोंके बैठनेका स्थान। छतरी.
विटप, (पु० न०) विटं (विस्तारं) पाति। पा+क। शाखा। टहनी। पल्लवविस्तार। पत्तोंका फैलाव। और पत्ता। विटपालक (त्रि०)। यारकी रक्षाकरनेहारा.
विटपिन्, (पु०) विटप+अस्ति अर्थे इनि। शाखा विस्तारवाला। वृक्ष। द्रख्त। पेड़. [पीलाचंदन। संदल.
विटि (टी), (स्त्री०) विट्+कि-वा ङीप्। पीतचंदन।
विट्चर, (पु०) विषि (विष्ठायां) चरति। चर्+अच्। ग्राम्यशूकर। गाँवका सूअर (मैलेमें विचरनेहारा)। पालतू सूअर.
विट्पति, (पु०) विश्यते। विश्+क्विप्-विशः कन्यायाः पतिः। लड़कीका मालिक। जामाता। जवाई. [वेडीत्.
विड्,-आक्रोश (चिल्लाना)। भ्वा० पर० सक० सेट्। वेड़ति-अ-
विड, (न०) विड्+क। लवणभेद। एक प्रकारका लून (नोन).
विडङ्ग, (पु० न०) विड्+अङ्गच्। इस नामकी एक औषध। अभिज्ञ। जान्नेहारा। दाना (त्रि०).
विडम्बन, (न०) वि+डवि+ल्युट्। तिरस्करण। निरादर करना। बेइज़्ज़त करना। और नकल करना (अनुकरण)। विडम्बना (युच्)। (स्त्री०)। हंसी। नकल.
विड़ाल, (पु०) विड़+कालन्। इस नामका पशु। बिल्ला। नेत्रपिण्ड। आंखका गोला। और आंखकी एक दवाई.
विड़ीन, (न०) वि+डी+क्त। पक्षिओंकी एक प्रकारगति.
विडो (डौ) जस्, (पु०) विष्+क्विप्-विट्-व्यापकं ओजो यस्य। पृ० वा औत्। जिसका तेज फैलाहुआ है। इन्द्र। देवताओंका राजा.
विड्वराह, (पु०) विट्प्रियो वराहः। शाक०। मैलेका पियारा सूअर। ग्राम्यशूकर। गाँवका सूअर.
वितंस, (पु०) वि+तंस्+अच्। पक्षिओंके बांधनेवाली रज्जुप्रभृति (रस्सी वगैरह).
वितण्डा, (स्त्री०) वि+तड़ि+अ। एक प्रकारकी कथा (जिसमें अपने पक्षको व्यवस्थापन-कायम न करके केवल दूसरेके पक्षको तोड़ना).
वितथ, (त्रि०) वि+तन्+कथन। मिथ्याभूतपदार्थ। झूठी चीज़। झूठा। "स्वार्थे यत्"। वही अर्थ.
वितद्रु, (स्त्री०) वि+तम्+रु-दुङ्च। पंजाबकी एक नदी। एक दर्य्या.
वितरण, (न०) वि+तृ+ल्युट्। दान। देना.
वितर्क, (पु०) वि+तर्क्+घञ्। संदेह। शक। ऊह। दलील. [वेदी.
वितर्दि, (स्त्री०) वि+तृद्+इन् वा ङीप्। वेदिका।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वितल, (न०) विशेषेण तलं । पातालविशेष । एक पाताल.

वितस्ति, (पु० स्त्री०) वि+तस्+क्तिच् । द्वादशाङ्गुल-परिमाण । बारह अंगुलीका पैमानह । बालिश्त.

वितान, (न०) वि+तन्+घञ् । एकप्रकारकी वृत्ति । अवसर (मौका) । यज्ञ । विस्तार (फैलाव) । चंद्रातप (सायबान) । चंदोआ (पु० न०).

वित्,-(त्याग) छोड़ना । चु० उभ० सक० सेट् । वित्त-यति-ते । अविवित्तत्-त.

वित्त, (न०) वित्यते (त्यज्यते) । वित्त्+घञ् । छोड़ा-जाता है । धन । " विद्+क्त " ख्यात (महशूर) । विचारागया । जानागया । और लब्ध (पायागया) (त्रि०). [और विचार.

वित्ति, (स्त्री०) विद्+क्तिन् । ज्ञान । जान्ना । लाभ । हासिल।

वित्तेश, (पु०) ६ त० । धनका मालिक । कुबेर.

विथ्,-(याचन) मांगना । भ्वा० आ० द्विक० सेट् । वेथते । अवेथिष्ट. [विन्दति-ते.

विद्,-लाभ (पाना) तुदा० उभ० सक० अनिट् ।

विद्,-मीमांस (विचार करना) रुधा० आ० सक० अनिट् । विंत्ते । अवित्त. [अवित्त.

विद्,-भाव (होना) दिवा० आ० अक० अनिट् । विद्यते ।

विद्,-(ज्ञान) जान्ना । अदा० पर० सक० सेट् । वेत्ति-वेद । अवेदीत्.

विदग्ध, (त्रि०) वि+दह्+क्त । नागर । शहरिया । निपुण । होशियार । और पण्डित । दाना । एक नायि-का (स्त्री०) "विशेषेण दग्धः" बहुत सड़ाहुआ (त्रि०).

विद्, (पु०) विद्+क्विप् । पण्डित । दाना । बुधग्रह.

विदथ,-(पु०) विद्+कथच् । योगी । कृती । कामयाब.

विदर्भ, (पु० स्त्री०) विगताः दर्भाः कुशा यतः । जिस्में कुशा नहि होती । कुण्डिननगर । नागपुर.

विदल, (न०) विशेषेण दल्यते । दल्+क । विशेषकर तोड़ाजाता है । द्विधाभूत दाड़िम । दो फांकहुआ अ-नार । त्रिवृत्ति (तेओड़ी) (स्त्री०) । दलशून्य (पत्तेके विना (त्रि०).

विदा, (स्त्री०) विद्+अङ् । ज्ञान । जान्ना । बुद्धि । अकिल.

विदार, (पु०) वि+दृ+घञ् । विदारण । फाड़ना । जलो-च्छ्वास । पानीका प्रवाह.

विदारक, (पु०) वि+दृ+ण्वुल् । पानीके बीचका वृक्ष वा सिल । पानी ठहिरनेका गड़ा (न०) । विदारणकर्त्ता (फाड़नेवाला) (त्रि०).

विदारण, (न०) वि+दृ+णिच्+ल्युट् । भेदन । फाड़ना । मारना । लड़ाई (पु० स्त्री०) । कर्णिकारवृक्ष (कनेर-का पेड़) (पु०). [जलानेवाली चीज.

विदाहिन्, (न०) वि+दह्+णिनि । दाहजनकद्रव्य ।

विदित, (त्रि०) विद्+क्त । ज्ञात । जानाहुआ । और प्रार्थित । मांगागया । "भावे क्त" विख्याति "महशूरी । और जान्ना । " तदस्यास्तीति अच् " । ज्ञाता । जान्ने-हारा. [बीच । कोण (कोन).

विदिश्, (स्त्री०) विगता दिशं । दिशोर्मध्यं । दिशाओंका

विदुर, (त्रि०) विद्+कुरच् । नागर । शहरिया । धी-रजवाला । और जान्नेवाला । कौरवोंका मन्त्री (वज़ीर), दासीके गर्भमें उपजा एक प्रकारका धर्म्मका अवतार (पु०).

विदूर, (न०) विशिष्टं दूरं । अतिदूर । बहुतदूर । बहुत-की चीज़ (त्रि०) । वैदूर्य्य (मूंगा) मणिके उपजनेका स्थान (पु०).

विदूरथ, (पु०) सूर्य्यवंशका एक राजा.

विदूराद्रि, (पु०) विदूरे (देशे) अद्रिः (पर्वतः) । एक पहाड़ (जहां वैदूर्य्यमणि उत्पन्न होती हैं).

विदूषक, (पु०) विदूषयति । वि+दूष्+णिच्+ण्वुल् । एक प्रकारका श्रृङ्गाररसका सहायी । बहुत दोष लगाने-वाला । दूसरेकी निन्दा करनेवाला । नट (त्रि०)

विदेश, (पु०) विभिन्नो देशः । देशान्तर । दूसरादेश । परदेस । " भृत्याभावे भवति मरणं सज्जनानां विदेशे " उद्भटः.

विदेह, (पु०) विगतो देहः (देहसंबन्धो) यस्य । जि-सका शरीरसे संबंध दूर हो गया । जनकनामी राजा । उसके वंशका । कैवल्यमुक्तिवाला और शरीरके सम्बन्धसे शून्य (त्रि०) । मिथिला (स्त्री०).

विदेहकैवल्य, (न०) कर्म० । " उसके प्राण बाहिर नहिजाते यहीं लीन हो जाते हैं " इस प्रकार कहागया जीवन्मुक्तका शरीर छोड़नेके अनन्तर निर्वाणस्वरूप मोक्ष । शरीरके विना आपही आप.

विद्ध, (त्रि०) व्यध्+क्त । छिद्रित । सुराख़ कियाहुआ । क्षिप्त । फेंकागया । दुर्ग । किला । बाधित । तक्लीफ़ पहुं-चायाहुआ । ताड़ित । चोटकियाहुआ । वेधागया.

विद्यमान, (पु०) विद्+शानच् । वर्तमानकाल । मौजूद । वर्त्तमान (होरहा) कालमें होनेवाली चीज़ (त्रि०).

विद्या, (स्त्री०) विद्+क्यप् । ज्ञान । जान्ना । तत्त्वसाक्षा-त्कार (असली बातको ठीक २ पहिचान्ना) । दुर्गा-मन्त्रमें देवीका मन्त्र. [मशहूर.

विद्याचन (ण), (त्रि०) विद्यासें प्रसिद्धहुआ । इल्मसे

विद्याचुञ्चु, (पु०) विद्यया विख्यातः चुञ्चुः । इल्मसे प्रसिद्धहुआ २.

विद्यादान, (न०) ६ त० । विद्याका देना । अध्यापन । पढ़ाना । और पुस्तक (किताब) का देना.

विद्याधन, (न०) विद्यया लब्धं धनं । विद्यासे मिली दौलत । शास्त्रार्थ करके जो धन पायाजाता है.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विद्याधर, (पु०) विद्यां (मन्त्रादिकं) धरति । धृ+अच् । मन्त्र आदिको धारण कर्त्ता है । एक प्रकारका देवता.

विद्युत्, (स्त्री०) विद्योतते । वि+द्युत्+क्किप् । बिजली । तडित् । संध्या । सायं । सांझ.

विद्युत्प्रिय, (न०) ६ त० । बिजलीका पियारा । बिजलीको खेंचनेवाला कांसी धातु. [विजलीकी कतार.

विद्युन्माला, (स्त्री०) आठ अक्षरोंके पादवाला छंद ।

विद्र (द्रा) व, (पु०) द्रु+अप्-घञ् वा । पलायनं । भागना । क्षरण । वहना । और युद्ध । लड़ाई.

विद्रुत, (त्रि०) वि+द्रु+क्त । प्राप्तद्रव । वहगया । और भागगया (पलायित). [प्रवालरत्नवृक्ष.

विद्रुम, (पु०) विशिष्टो द्रुमः । विशेषवृक्ष । मूंगेका द्रख्त ।

विद्वत्कल्प, (त्रि०) ईषदसमाप्तो विद्वान् । विद्वस्+कल्पप् । थोड़ा कम विद्वान् । जिसके पण्डित होनेमें थोड़ीसी कसर है । ईषदूनविद्वान्.

विद्वत्तम, (पु०) अतिशयेन विद्वान् । विद्वस्+तमप् । बहुत विद्वान् । अकलमंद. [विद्वत्कल्पका अर्थ देखलो.

विद्वद्देशीय, (त्रि०) ईषदसमाप्तो विद्वान् । विद्वस्+देशीयर् ।

विद्वस्, (त्रि०) विद्+क्वसु । प्राज्ञ । अच्छीतरह जान्नेवाला । पण्डित । आत्मज्ञानयुक्त । जो आत्माको जानताहै.

विद्विष्, (पु०) विशेषेण द्वेष्टि । द्विष्+क्किप् । बहुत वैर कर्त्ता है । शत्रु । दुश्मन । " कविद्विष् " भी.

विद्वेष, (पु०) वि+द्विष्+घञ् । वैरिभाव । शत्रुता । दुश्मनी.

विद्वेषण, (न०) वि+द्विष्+णिच्+ल्युट् । तन्त्रमें एक प्रकारका अभिचार (शत्रुको मारने)का काम । वह काम कि जिस्से शत्रुओंका आपसमें वैर होजाय । "वि+द्विष्+ल्युट् " विद्वेष.

विधवा, (स्त्री०) विगतो धवो यस्याः । जिसका पति दूरहुआ (मरगया) । मृतपतिका स्त्री । रंड़ी.

विधातृ, (पु०) वि+धा+तृच् । प्रजापति । ब्रह्मा । कामदेव । मदिरा । भृगुमुनिका पुत्र । विधानकर्त्ता (रचनेवाला) (स्त्री०) मघ.

विधान, (न०) वि+धा+ल्युट् । करना । विधि । प्रकार । हाथीके खानेलायक खुराक । गजभक्ष्यान्न.

विधानज्ञ, (पु०) विधानं जानाति । ज्ञा+क । विधिको जानता है । पण्डित । विधि जान्नेवाला (त्रि०).

विधायक, (त्रि०) वि+धा+ण्वुल् । विधानकर्त्ता । नियम रचनेवाला । आईन बनानेवाला.

विधि, (पु०) वि+धा+कि । जगत्को रचनेवाला ब्रह्मा । भाग्य (किस्मत) । क्रम (सिलसिला) । प्रवर्त्तनारूप नियोग (किसीको किसी काममें लगानेकी आज्ञा) । उसका कारण वाक्य (वचन) । विष्णु । कर्म्म (काम) । हाथीके खानेलायक अन्न । वैद्य । हकीम । अप्राप्तप्रापकरूप वाक्यभेद (नया हुक्म चढ़ाना) । व्याकरणमें एक प्रकारका सूत्र । कानून.

विधिज्ञ, (त्रि०) विधिं (क्रमं) जानाति । ज्ञा+क । विधिके जान्नेहारा । रीतिके जान्नेवाला.

विधित्सा, (स्त्री०) विधातुं इच्छा । वि+धा+सन्-अ । विधानेच्छा । करनेकी चाह.

विधिदेशक, (पु०) विधिं दिशति । दिश्+ल्युट् । विधिको दिखानेहारा । सदस्य । सभामें श्रेष्ठ । गुरु.

विधिवत्, (अव्य०) विधिं अर्हति । विधि+वति । विधिके अनुसार । मुताबिक.

विधु, (पु०) व्यध्+कु । चन्द्रमा । कपूर । विष्णु । ब्रह्मा । शंकर । और वायु (हवा). [छोड़ागया.

विधुत, (त्रि०) वि+धु+क्त । कम्पित । कांपगया । और

विधुनन, (न०) वि+धु+णिच्-नुक्च । चालन । चलाना । कंपाना । हिलाना । फटकारना.

विधुन्तुद, (पु०) विधुं तुदति । तुद्+खश्-मुमूच । चांदको पीड़ा देता है । राहु.

विधुर, (त्रि०) विगतः धूर्यस्य । अच् समा० । जिसका बोझा जातारहा । विश्लिष्ट (जुदाहुआ) और विकल (घबरायाहुआ) । " विगतधूः " विकलता (घबराहट) । और विश्लेष । जुदाहोना (न०).

विधुवन, (न०) वि+धु+ल्युट् । कम्पन । कांपना.

विधूत, (त्रि०) वि+धू+क्त । कांपाहुआ । और छोड़ाहुआ.

विधेय, (त्रि०) वि+धा+यत् । विधातुं योग्यं । करनेलायक । वचनमें रहनेवाला । आयत्त । काबू । विधिसे वोधित (समझायाहुआ).

विध्वंस, (पु०) वि+ध्वंस्+घञ् । नाश । तबाही.

विनत, (त्रि०) वि+नम्+क्त । प्रणत । झुकाहुआ । भुग्न । टेढ़ाहुआ । और शिक्षित (सीखाहुआ) । गरुड़की माता । कश्यपकी एक स्त्री (स्त्री०).

विनतासूनु, (पु०) ६ त० । विनताका बेटा । अरुण । और गरुड़ । " विनतात्मज " आदि यही दो अर्थ हैं.

विनय, (पु०) वि+नी+अच् । शिक्षा । प्रणाम । और अनुनय (हलीमी) । " वि+नी+कर्तरि अच् । विनययुक्त जन । निभृत (चुपचाप) । क्षिप्त । फेंकागया । और जितेन्द्रिय (जिसने इन्द्रिय वश की हैं).

विनयग्राहिन्, (त्रि०) विनयं (शिक्षां) गृह्णाति । ग्रह्+णिनि । जो शिक्षाको लेता है । वचनमें रहनेहारा । आयत्त । आधीन । काबूमें रहनेहारा. [वाला.

विनयस्थ, (त्रि०) विनये तिष्ठति । स्था+क । कहना मान्ने-

विनशन, (न०) वि+नश्+ल्युट् । विनाश । कुरुक्षेत्रका एक तीर्थ । कुरुक्षेत्र. [सिवा.

विना, (अव्य०) वि+ना । वर्ज्जन । रोकना । अन्तरेण ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विनाकृत, (त्रि०) विना इति कृतं । विना+कृ+क्त । छोड़ागया । रहित । सिवा.

विनायक, (पु०) वि+नी+ण्वुल् । गणेश । गरुड़ । विघ्न (रोक) । और गुरु । विनयवाला । नम्र । हलीम (त्रि०). [न दीखना.

विनाश, (पु०) वि+नश्+घञ् । ध्वंस । नाश ।

विनाशोन्मुख, (त्रि०) विनाशाय उन्मुखः (उद्यतः) । नाशके लिये उद्यत । करीबन तबाह होगया । नष्टप्राय । नाशपर आया. [कूपमुखपिधान । कूएके मुंका ढ़कना.

वि (वी) नाह, (पु०) वि+नह्+घञ् वा उपसर्गदीर्घः ।

विनिद्र, (त्रि०) विगता निद्रा यस्य । जिसकी नींद गई । प्रकाशित । चमकाहुआ । खिलाहुआ । नींदरहित.

विनिमय, (पु०) वि+नि+मि अच् । परिवर्त्त । बदलना । एक जैसी चीज़ देकर दूसरी चीज़ लेनी । वटाना । बंधक । अमानत । रहन.

विनियोग, (पु०) वि+नि+युज्+घञ् । काममें लगाना । "इसे ये करना उचित है" इस प्रकार अनुष्ठान (काम)-के क्रमका करना । लगाना.

विनीत, (त्रि०) वि+नी+क्त । विनययुक्त । हलीम । कृतदण्ड । जिसे सज़ा दीगई । फेंकागया । दूरकियाहुआ । और सिखायाहुआ । सीखाहुआ घोड़ा । और एक द्रख्त (पु०).

विनेतृ, (त्रि०) वि+नी+तृच् । शिक्षक । सिखानेहारा । राजा (पु०). [लायक.

विनेय, (त्रि०) वि+नी+यत् । सिखानेलायक । पाने-

विनोक्ति, (स्त्री०) अर्थसम्बन्धी एक अलंकार.

विनोद, (पु०) वि+नुद्+घञ् । कौतूहल । तमाशा । चाव । क्रीड़ा । खेल । और खण्डन (तोड़ना).

विन्दु, (पु०) विद्+उ-नि० । पानीका कतरा (जलकण) । भौंका मध्य । रेखागणितमें विभागन होसकनेहारा एक चिह्न (निशान) । और अनुस्वार (बिन्दी) । जान्नेहारा । देनेहारा । और वेदितव्य (जान्नेलायक) (त्रि०).

विन्दुजाल, (न०) ६ त० । विन्दुओंका समूह । हाथीकी सूंडपर रहनेहारा बिन्दुके समानका एक चिह्न.

विन्दुपत्र, (पु०) विन्दवः पत्रे यस्य । जिसके पत्तेपर बूंदे हैं । भूर्जपत्र । भोजपत्ता.

विन्दुसरस्, (न०) विन्दुभिः कृतं सरः । बिन्दुओंसे बनाहुआ एक तालाव । सरोवरविशेष.

विन्ध्य, (न०) विध्+यत् । पृ० मुम्च । एक पर्वत । और व्याध (शिकारी) । इलायची । लवली.

विन्ध्यवासिनी, (स्त्री०) विन्ध्येऽचले वसति । वस्+णिनि+ङीप् । विन्ध्यपर्वतमें रहती है । यशोदाके गर्भमें उत्पन्नहूई दुर्गा. [वन.

विन्ध्याटवी, (स्त्री०) विन्ध्यस्था अटवी । विन्ध्यपहाड़का

विन्न, (त्रि०) विद्+क्त । विचाराहुआ । पायाहुआ । जानाहुआ । और ठहराहुआ.

विन्यास, (पु०) वि+नि+अस्+घञ् । स्थापन । टिका[कर] रखना । रचन । बनाना । तन्त्रमें मन्त्रका उच्चारण (बोल[कर]) कर हृदय आदिमें अंगुलिओंका लगाना.

विपक्विम, (त्रि०) विपाकेन निर्वृत्तः । वि+पच्+[क्ति]मपच् । बहुत पककर तयारहुआ । विपाकाधीनजात.

विपक्ष, (त्रि०) विरुद्धः पक्षो यस्य । जिसका वर्खिला[फ] पक्ष है । शत्रु । दुश्मन । प्रतिकूलपक्षको अवलम्ब[न] करनेहारा । " विरुद्धः पक्षः " प्रतिकूलपक्ष.

विपञ्ची, (स्त्री०) वि+पचि+अच्-ङीष् । वीणा । बीन.

विपण, (पु०) वि०पण्+क । विक्रय । वेचना.

विपणि, (पु० स्त्री०) वि+पण्+इन्-वा ङीप् । पण्य[...] क्रयशाला । सौदा वेचनेका घर । दुकान । हट्टी.

विपत्ति, (स्त्री०) वि+पद्+क्तिन् । आपद् (मुसीबत) नाश । तबाही । यातना । पीड़ा. [बुरा रास्ता.

विपथ, (पु०) विरुद्धः पंथा । अच् समा० । निन्दितमार्ग

विपद् (दा), (स्त्री०) वि+पद्+क्विप् वा टाप् । विपत्ति । मुसीबत.

विपन्न, (त्रि०) वि+पद्+क्त । मुसीवतमें पड़ाहुआ । विपद्युक्त । नष्ट । तबाह होगया । सांप (पु०).

विपरीत, (त्रि०) वि+परि+इण्+क्त । प्रतिकूल । उल[टा]

विपर्य्यय, (पु०) वि+परि+इण्+अच् । उलटा । खिलाफ़ । व्यतिक्रम. [और परावृत्त । बरखिलाफ़ । उलटाहुआ.

विपर्य्यस्त, (त्रि०) वि+परि+अस्+क्त । व्यतिक्रान्त

विपर्य्यास, (पु०) वि+परि+अस्+घञ् । वैपरीत्य । उलटापना । व्यतिक्रम । उत्क्षेप । खिलाफ़.

विपल, (पु०) विभागः पलस्य । पलका हिस्सा (साठवां) लहज़ा । बहुतही थोड़ा समय.

विपश्चित्, (पु०) विप्रकृष्टं चेतति । बहुत समझता है । वि+प्र+चित्+क्विप् । पृ० । सीखाहुआ । दाता । पण्डित । ज्ञानवान् । ऋषि.

विपाक, (पु०) वि+पच्+भावे घञ् । पकाना । ठ[...] होना । पचना । और स्वेद (पसीना) । "कर्म्मणि घञ्" कर्म्मके फलका परिणाम (पकना) । जाति, आयु, और भोगरूप पदार्थ.

विपाश् (शा), (स्त्री०) विगतः पाशो यस्याः । जिसका पाश दूरहुआ । पंजाबकी पाँच नदिओंमेंसे एक ([...] सदर्य्या).

विपिन, (न०) वप्+इनन् । पृ० । वन । जंगल.

विपुल, (त्रि०) वि+पुल् (फैलना) +क । विशाल । फैलाहुआ । अगाध (अथाह-डुंगा) । बहुत । [...] और हिमालयके पश्चिम दिशाका एक पर्वत । मेरु । और आर्य्याछन्दका भेद (स्त्री०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विप्र, (पु०) वप्+रन्। पृ० अत इत्वं। वि+प्रा+क-वा। ब्राह्मण। ऋषि। पीपलका दरख्त.

विप्रकार, (पु०) वि+प्र+कृ+घञ्। अपकार। बुराई। तिरस्कार। निरादरी. [दूरहोना.

विप्रकर्ष, (पु०) वि+प्र+कृष्+घञ्। दूरत्व। दूरपन।

विप्रकृत, (त्रि०) वि+प्र+कृ+क्त। उपद्रुत। मुसीबत दियाहुआ। और तिरस्कृत। बेइज्ज़त कियाहुआ। " तस्मिन् विप्रकृताः काले " कुमारः.

विप्रकृष्ट, (त्रि०) वि+प्र+कृष्+क्त। दूरस्थ। दूर रहनेहारा। दूरका. [एक राक्षस.

विप्रचित्ति, (पु०) वि+प्र+चित्+क्तिच्। एक दैत्य।

विप्रतिपत्ति, (स्त्री०) वि+प्रति+पद्+क्तिन्। विरोध। दुश्मनी। संशय (शक्क) और विकार (बदलना).

विप्रतिपन्न, (त्रि०) वि+प्रति+पद्+क्त। संदेहयुक्त। शक्कवाला। कृतविरोध। दुश्मनी करनेवाला.

विप्रति(ती)सार, (पु०) वि+प्रति+सृ+घञ् वा दीर्घः। अनुताप। पछतावा। अनुशय (बखीली) और रोष (गुस्सा). [विरहित। अलग.

विप्रयुक्त, (त्रि०) वि+प्र+युज्+क्त। वियुक्त (विछुडाहुआ)।

विप्रयोग, (पु०) वि+प्र+युज्+घञ्। विप्रलंभ। ठगी वा फरेब। विरोध। दुश्मनी। विसंवाद। झगड़ा। और वियोग। विछोड़ा.

विप्रलब्ध, (त्रि०) वि+प्र+लभ्+क्त। वञ्चित। ठगाहुआ। " जिसका पियारा संकेत करके समयपर उसके पास नहिं पहुंचता " इस प्रकारकी एक नायिका (स्त्री०).

विप्रलंभ, (पु०) वि+प्र+लभ्+घञ्-मुम्च। विसंवाद (झगड़ा)। वञ्चन (ठगना)। और विरह (विछोड़ा)। शृङ्गारकी एक अवस्था (हालत).

विप्रलाप, (पु०) वि+प्र+लप्+घञ्। विरोधोक्ति। आपसमें विरुद्ध (न मिलनेवाला) वचन कहना। झगड़ा। विवाद.

विप्रश्निका, (स्त्री०) विशेषेण प्रश्नो यस्याः। ५ ब०। कप्-अत इत्वम्। बहुतसे प्रश्न जिस्से होते हैं। (किस्सत) दैवको जाननेवाली स्त्री.

विप्रसात्, (अव्य०) विप्रस्य आधीनं करोति। विप्र+साति। ब्राह्मणके आधीन कर्त्ता है। ब्राह्मणके आधीन करना। ब्राह्मणको देना.

विप्रस्व, (न०) ६ त०। विप्रस्वामिक धन। ब्राह्मणका धन.

विप्रिय, (पु०) विरुद्धप्रियं। प्री+क। अपराध। कसूर। और अप्रिय। ना पियारा। दुश्मन.

विप्रुष्, (स्त्री०) वि+प्रुष्+क्विप्। बिन्दु। बूंद। वेद पढ़नेके समय मुखसे निकलीहुई पानीकी बूंद.

विप्रोषित, (त्रि०) वि+प्र+वस्+क्त। गतप्रवास। देस निकाला दियाहुआ। परदेसमें गया.

विप्लव, (पु०) वि+प्लु+अप्। दूसरे राजाके राज आदिसे डर। घबराहट। उपद्रव। विगाड़.

विप्लाव, (त्रि०) वि+प्लु+घञ्। घोड़ेकी एकचाल। चारो ओरसे पानीका उमड़ना.

विप्लुत, (त्रि०) वि+प्लु+क्त। व्यसनयुक्त। मुसीबतमें पड़ाहुआ। विगड़ाहुआ। और उपद्रुत.

विफल, (त्रि०) विगतं फलं अस्य। जिसका फल गया। निरर्थक। बेफायदह। निष्फल। केतकी (केवड़ा) (स्त्री०).

विवध, (पु०) विगतो वधो (हननं-गतिः) यस्मात्। संगृहीतधान्यतण्डुलादि। इकट्ठे कियेहुए चावल आदि। भार.

विबंध, (पु०) विबध्नाति मलं। वि+बंध्+घञ्। जो मलको रोक लेता है। एक प्रकारका रोग (बीमारी).

विबुध, (पु०) वि+बुध्+क। पण्डित। देवता। "विबुधसखः" भट्टिः। दाना। सीखाहुआ आदमी.

विभक्त, (त्रि०) वि+भज्+क्त। पृथक्कृत। जुदाकियाहुआ। विभिन्न। जुदा। कृतविभाग। " अविभक्ता विभक्ता वा सपिण्डाः स्थावरे समाः" इति स्मृतिः। " भावे क्त " विभाग (हिस्सा) (न०).

विभक्ति, (स्त्री०) वि+भज्+क्तिन्। विभाग। हिस्सा। व्याकरणमें सुप् तिङ् प्रत्यय.

विभव, (पु०) वि+भू+अच्। धन। मोक्ष। सब मूर्त्त (शकलवाला) द्रव्यके साथ संयोगरूप। ऐश्वर्य्य। एक वर्षका नाम. [प्रकाश.

विभा, (स्त्री०) वि+भा+अच्। किरण। शोभा। और

विभाकर, (पु०) विभां (प्रकाशं) करोति। कृ+अच्। प्रकाश कर्त्ता है। सूर्य्य। और अर्कवृक्ष (आकका दरख्त).

विभाग, (पु०) वि+भज्+भावे घञ्। भाग। हिस्सा। " कर्म्मणि घञ् "। अंश। टुकड़ा। न्यायके २४ गुणोंमेंसे एक। बांट.

विभाज्य, (त्रि०) विभक्तुं अर्हति। वि+भज्+अहार्थे ण्यत्। बांटनेके लायक। विभागयोग्य। बांटनेलायक धन आदि. [शृंग था.

विभाण्डक, (पु०) एक मुनिका नाम (इसका पुत्र ऋष्य-

विभात, (न०) वि+भा+क्त। प्रभात। सवेर। प्रातःकाल.

विभाव, (पु०) वि+भू+घञ्। परिचय (वाकफीयत)। अलंकारमें रसका उद्दीपक (चमकानेहारा) आलम्बन आदि.

विभावना, (स्त्री०) एक प्रकारका अलंकार (जिसमें कारणके विना कार्य्यकी उत्पत्ति प्रतीत होती है).

विभावरी, (स्त्री०) वि+भा+वनिप्-ङीप्-वनोरच्। रात्रि। रात। हल्दी। कुट्टनी.

विभावसु, (पु०) विभायुक्ता वसवः अस्य। जिसकी

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

किरणें बहुत चमकनेवाली हैं। सूर्य्य। आकका द्रख्त। आग। चित्रक वृक्ष। एक हार.

विभाषा, (स्त्री०) विरुद्धा भाषा। वि+भाष्+अ। निषेध। विकल्प। व्याकरणमें एक पक्षमें होनेवाला विकल्प-विधान। " नवेति विभाषा "। दोनों तरह.

विभिन्न, (त्रि०) वि+भिद्+क्त। प्रकाशित। चमकाहुआ। विदलित। खिलाहुआ। विभक्त। बांटाहुआ। जुदा। अलगहुआ.

विभीतक, (पु०) विशेषेण भीत इव। इवार्थे कन्। मानों बहुत डराहुआ है। बहेड़ेका द्रख्त.

विभीषण, (पु०) विशेषेण भीषयते शत्रून्। भी+णिच्-सुक्च ल्यु। जो शत्रुओंको बहुत डराता है। रावणका भाई। राक्षस। नलतृण.

विभीषिका, (स्त्री०) वि+भी+णिच्-सुक्च। धात्वर्थ-निर्देशे ण्वुल्। भयप्रदर्शन। डर दिखाना। डर.

विभु, (पु०) वि+भू+डु। सर्वमूर्त्तसंयुक्त। सब शकल-वालोंसे मिलाहुआ। प्रभु। मालिक। ताकतवाला। महादेव। और ब्रह्म.

विभूति, (स्त्री०) वि+भू+क्तिन्। भस्म। खा। खाक। अणिमा आदि आठ प्रकारका ऐश्वर्य्य.

विभूषा, (स्त्री०) वि+भूष्+अ। शोभा। और भूषण। सजाना। गहना.

विभ्रम, (पु०) वि+भ्रम्+घञ्। स्त्रिओंके शृङ्गारका अंग। एक प्रकारकी चेष्टा (हर्कत)। बहुत घूमना। शोभा। संदेह। और भ्रमण (घूमना)। स्त्रिओंका विलास.

विभ्राज्, (त्रि०) वि+भ्राज्+क्विप्। भूषण (ज़ेवर-गहना) आदिसे चमकाहुआ.

विमत, (त्रि०) वि+मन्+क्त। विरुद्धमतियुक्त। बार्खि-लाफरायवाला। गैरमतवाला। दुश्मन.

विमनस् (स्क), (त्रि०) विक्षिप्तं मनो यस्य वा कप्। चिन्ता (फिकर) आदिसे व्याकुलचित्त (घबरायेहुए दिलवाला).

विमर्द्द, (पु०) विमृद्यतेऽसौ। वि+मृद्+घञ्। कालका-सुन्दिया वृक्ष। " भावे घञ् " मर्द्दन। मलना। वटना.

विमर्शन, (न०) वि+मृश्+ल्युट्। परामर्श। सोच। विचार। वितर्क। दलील। " घञ् " वही अर्थ (पु०).

विमर्ष, (पु०) वि+मृष्+घञ्। विचार। नाटकाका एक अंग.

विमल, (त्रि०) विगतो मलो यस्मात्। जिस्से मल दूर हुआ। स्वच्छ (साफ़)। निर्मल। " विगतो मलो यस्याः " जगन्नाथ क्षेत्रमें एक प्रकारकी देवी (स्त्री०).

विमातृ, (स्त्री०) विरुद्धा माता। मातृसपत्नी। माँकी सौतिन। सौतेली मां. [भाई.

विमातृज, (पु०) विमातुर्जायते। जन्+ड। सौतेला

विमान, (पु० न०) वि+मन्+घञ्। वि+मा+ल्युट् वा। देवयान। देवताओंकी गाड़ी। रथ। चक्रवर्त्तीका घर। घोड़ा (पु०) हरएक सवारी और परिमाण (माप) (न०).

विमार्ग, (पु०) विरुद्धो मार्गः। बुरा रास्ता। कुपथ। खराव सड़क। निन्दिताचार। बुरा चालचलन..

विमुख, (त्रि०) विरुद्धं (अननुकूलं) मुखं अस्य। बार्खिलाफ मुखवाला। दुश्मन। बहिर्मुख। और निवृत्त (हटाहुआ)। मुंमोड़ेहुए.

विमुद्र, (त्रि०) विगता मुद्रा (मुकुलीभावः) यस्य। जिसका बंदहोना दूरहुआ। विकसित। खिलाहुआ। मोहरबिन.

विम्ब, (पु० न०) वी+वन्-मुम् ह्रस्वौ। दर्पण (शीशा-आईना)में प्रतीत होरही परछाहीका आश्रय। और कमण्डलु। सूर्य्य आदिका मण्डल (दायरा)। और कृकलास (किरला) (पु०)। "विम्बायाः फलं अण् तस्य लुक् "। विम्बिकाफल.

वियत्, (न०) वि+यम्+क्विप्-मलोप तुक्। आकाश। आस्मान. [स्वर्गकी गंगा। मंदाकिनी.

वियद्गङ्गा, (स्त्री०) वियत्स्था गंगा। आकाशकी गंगा।

वियात, (त्रि०) वि+या+क्त। धृष्ट। ढीठ। बेशरम। निर्लज्ज. [पक्षिओंका सेत.

वियोग, (पु०) वि+युज्+घञ्। विच्छेद। विछोड़ा। ६ त०।

वियोगिन्, (पु०) वि+युज्+घिनुण्। चक्रवाक। चकवा पक्षी। विछोड़ेवाला (त्रि०).

विरक्त, (त्रि०) वि+रञ्ज्+क्त। विच्छिन्न। जुदा। और विरत। हटाहुआ। बेमुहब्बत.

विरचित, (त्रि०) वि+रच्+क्त। कृत। कियाहुआ। बनायागया। निर्म्मित.

विरजस्, (स्त्री०) विगतं रजो यस्याः। जिस स्त्रीसे रज दूरहुआ। गतार्त्तवा स्त्री। ऋतुरहित स्त्री। जिसे महीने-का ऋतु आना बंदहोगया। रजोगुणसे रहित (त्रि०).

विरजस्तमस्, (त्रि०) विगते रजस्तमसी यतः। जिससे रजोगुण और तमोगुण दूरहुए। सत्वप्रधान (जिसमें सत्वगुण बहुत है).

विरजा, (स्त्री०) विशेषेण रज्यते। रञ्ज्+अ। दूर्वा। दूब। गोलोकमें राधिकाकी एक सहेली (सखी)। एक नदी.

विरञ्च (ञ्चि), (पु०) वि+रच्+अच्-इन् वा मुमूच्। जगत्-स्रष्टा। जगत्के रचनेवाला। विधाता। ब्रह्मा.

विरत, (त्रि०) वि+रम्+क्त। निवृत्त। हटगया। हटाहुआ।

विरति, (स्त्री०) वि+रम्+क्तिन्। निवृत्ति। हटना। विषयोंकी सेवा। व्यापारराहित्य। कुछ काम न करना। अवकाश। खाली।

विरल, (त्रि०) वि+रा+कलन्।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

खुला। विच्छिन्न। टूटाहुआ। और अनिविड़। ना संघना.

विरह, (पु०) वि+रह्+घञ्। विच्छेद। जुदाई। अभाव। न होना। श्रृङ्गाररसकी विप्रलंभ नाम एक अवस्था (हालत)। विछोड़ा. [और हीन। अलग.

विरहित, (त्रि०) वि+रह्+क्त। त्यक्त। छूटाहुआ।

विराग, (पु०) वि+रञ्ज्+घञ्। रागाभाव। मुहब्बतका न होना। "विगतो रागो यस्य" जो प्रीतिसे रहित है (त्रि०).

विराज्, (पु०) विशेषेण राजते क्विप्। बहुत शोभता है। क्षत्रिय। ब्रह्माण्डस्वरूप स्थूलदेहका अभिमानी आदिपुरुष। एक छंद. [मालिक वा राजा.

विराट, (पु०) विशेषो राटो यत्र। एक देश। उस देशका

विराध, (पु०) एक राक्षस (रामचन्द्रके हाथसे मारागया).

विराधन, (न०) वि+रुध्+ल्युट्। पीड़ा। दर्द.

विराम, (पु०) वि+रम्+घञ्। अवसान। आख़िर। अंत, विरति। हटना। और निवृत्ति। ठहराव.

विराव, (पु०) वि+रु+घञ्। शब्द (आवाज)। ६ ब०। शब्दरहित (त्रि०),

विरिञ्च, (पु०) वि+रिच्+अच्-मुमूच। विष्णु। जगत्के रचनेहारा ब्रह्मा। और शिवजी। "इन्" वही अर्थ.

विरूढ़, (त्रि०) विशेषेण रोहति। वि+रुह्+क्त। बहुत उगता है। उत्पन्नहुआ। जात। अंकुरित। फूटा। निकला.

विरूप, (त्रि०) विकृतं रूपं अस्य। बुरीशकलवाला। दुरूपवाला। बदशकल। और निन्दित। निन्दा कियाहुआ। पिप्पलीमूल (मघकी जड़) (न०).

विरूपाक्ष, (पु०) विरूपे (विकटे) अक्षिणी यस्य। जिसकी आंखें विकट हैं। महादेव। डरावनी आंखवाला (त्रि०).

विरेक, (पु०) वि+रिच्+घञ्। मलआदिका नीचेसे निकलना। और अतिरेक। जुलाब। खालीहोना.

विरेचन, (न०) वि+रिच्+णिच्-ल्युट्। मलआदि निकालना "ज्वरमध्ये विरेचनं" इति वैद्यकम्। फाड़नेवाला (त्रि०). [छेक। सुराख। सूर्य्यकी किरण (पु०).

विरोक, (पु० न०) वि+रुच्+घञ्। चस्य कः। छिद्र।

विरोचन, (पु०) वि+रुच्+युच्। सूर्य्य। आकका वृक्ष। वलिका पिता। प्रह्लादका पुत्र। एक दैत्य। और चंद्रमा। रुचिकर (दिलपसंद) (त्रि०).

विरोध, (पु०) वि+रुध्+घञ्। वैर। दुश्मनी। विरुद्धता। बर्ख़िलाफ़ी। न्यायमें साध्यके साथ असामानाधिकरण्य (एक स्थानमें इकट्ठा न रहनापन) रूप हेतुका दोष, जैसे "वह्निमान् जलात्" "यहां जलरूप हेतुका वह्निके साथ सामानाधिकरण्य नहिं है".

विरोधिन्, (पु०) वि+रुध्+णिनि। रिपु। शत्रु। एक वर्षका नाम.

विरोधोक्ति, (स्त्री०) अर्थसम्बन्धी एक अलंकार। दूसरेके वचनका विरोधि वचन। बर्ख़िलाफ़ कलाम.

विल्,-(ढांकना-छिपाना)। तु० प० सक० सेट्। विलति। अवेलीत्.

विल, (न०) विल्+क। छिद्र। सुराख। गुहा। गुफा। "विलं उत्पत्तिकारणत्वेन अस्ति अस्य" विलसे उपजा। अच्छा घोड़ा। "वाजिनो विलयोनयः" इति कुमारः। वेतस। बैंत (पु०).

विलक्ष, (पु०) विलक्ष्+अच्। विस्मययुक्त। हैरानहुआ। वग़ैर चिह्नके। लज्जित। शर्मिन्दा.

विलक्षण, (त्रि०)। विशिष्टं लक्षणं अस्य। विशेषलक्षणवाला। विभिन्न। जुदा। अजीब। और विशेषणवाला। प्रयोजन (मतलब) विन रहना (न०)। दानके लिये सुवर्णपुरुष (सोनेका आदमी) की मूर्त्तिसहित एक प्रकारकी शाय्या (छेज) (स्त्री०) "विलक्षणा".

विलग्न, (त्रि०) विशेषेण लग्नं। लस्ज्+क्त-तस्य नः। जस्य गः। अच्छीतरह लगाहुआ। संलग्न। मध्यभाग। कटि। कमर। लक्क। उदित (निकलीहुई) मेष आदि राशि (न०).

विलम्ब, (पु०) वि+लवि+घञ्। विलम्बन। देरी करना। देर। प्रतीक्षणीयकाल। इन्तिज़ारी करनेके लायक़ वक्त.

विलम्बित, (त्रि०) वि+लवि+क्त। अशीघ्र। नाजल्दी करनेवाला। जिसने देर लगाई है। और मन्द (धीमा)। मध्यनाच (न०).

विलय, (पु०) वि+ली+अच्। प्रलय। और नाश.

विल (ले) शय, (पु०) विले शेते। शी+अच्-वा अलुक् समा०। विलमें सोता है। सर्प। साँप। मूषिक। मूसा। गोधा. [बोलना। बैंन करना.

विलाप, (पु०) वि+लप्+घञ्। परिदेवनोक्ति। रोकर

विलास, (पु०) वि+लस्+घञ्। स्त्रिओंकी श्रृङ्गारचेष्टाविशेष। खुशीकी हर्कत (अंगोंका हिलाना आदि)। खुशी। चमक.

विलासिनी, (स्त्री०) विलासः अस्ति अस्य इनि ङीप्। विलासवाली, नारी (औरत)। और वेश्या (कंचनी)। भोगवाला (त्रि०) साँप। कृष्ण। वह्नि (आग)। कामदेव। महादेव। और चांद (पु०).

विलीन, (त्रि०) वि+ली+क्त। वहगया घी आदि। विरत (हटगया) और नाश होगया.

विलेपन, (न०) विलिप्यते अनेन। करणे ल्युट्। जिस्से लेप कियाजाता है। गात्रानुलेपनद्रव्य। शरीरलेप करनेवाली चीज़। पीसा वा घिसाहुआ चंदन केसर आदि।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

" कर्म्मणि ल्युट् ङीप् " लप्सी । खिचड़ी । जौंकी मांड । अच्छे वेशवाली औरत (स्त्री०).

विलोचन, (न०) वि+लुच्+करणे ल्युट् । नेत्र (आँख)। " भावे ल्युट् " दर्शन । देखना.

विलोड़ित, (न०) वि+लोड्+क्त । तक्र । विलोयागया (लस्सी-छाछ)। आलोड़ित (त्रि०).

विलोम, (त्रि०) विगतं लोम यत्र । अच् समा० । विपरीत (उल्टा)। अरघट्टक (खूएकी घिरनी वा म्माल)(न०)। सर्प (साँप)। कुत्ता । और वरुण (पु०).

विलोमजिह्व, (पु०) विलोमा जिह्वा यस्य । उल्टी जीभवाला । हाथी.

विलोल, (त्रि०) वि+लुल्+अच् । चञ्चल । बहुत लालची.

विल्व, (पु०) विल्+वन् । श्रीफलवृक्ष । नारियेलका द्रख्त । विल्लका द्रख्त । परिमाण । पैमाना (न०).

वि (वी) वध, (पु०) वि+वध्+अच् वा दीर्घः । धानआदिका लाना । भार कंधेपर उठानेलायक एक लकड़ी.

विवर, (न०) वि+वृ+अप् । छिद्र (सुराख)। और दोष (ऐब)। बिल. [न । उसे करनेवाला एक ग्रंथ.

विवरण, (न०) वि+वृ+ल्युट् । व्याख्यान । बहुत बया-

विवरनालिका, (स्त्री०) विवरयुक्तं नालं अस्ति अस्याः ठन् । जिसके नालमें सुराख है । वेणु । वाँस. [नीच.

विवर्ण, (त्रि०) विरुद्धो वर्णोऽस्य । बुरेवर्णवाला । अधम ।

विवर्त्त, (पु०) वि+वृत्+घञ् । नृत्य । नाच । समुदाय (समूह)। अपवर्त्तन (हटना-मुड़ना)। वेदान्तमें कारणसे दूसरे स्वरूपमें उत्पन्नहुआ कार्य्य (अपने स्वरूपको न छोड़कर दूसरी शकलका दीखना)। जैसे सीपीसे चांदी और ब्रह्मसे जगत्.

विवश, (त्रि०) विगतो वशः यस्य । जिसकी स्वाधीनता दूर होगई । अस्वतन्त्र । पराधीन । बेवस । लाचार । व्याकुल (घबरायाहुआ)। ख़फ़ा होगया.

विवस्वत्, (पु०) वि+वस्+क्विप् । अस्त्यर्थे मतुप्-मस्य वः । सूर्य्य । आकका वृक्ष । अरुण । और देवता.

विवाद, (पु०) विरुद्धो वादः । झगड़ा । बखिलाफ़ बोलना । व्यवहार । और कलह.

विवाह, (पु०) वि+वह+घञ् । दारपरिग्रह । स्त्रीको लेना । उसे उत्पन्न करनेहारा व्यापार । शादी । पाणिग्रहण.

विवाहित, (त्रि०) विवाहः जातः अस्य । तार० इतच् । जिसका विवाह होगया । विवाहाहुआ । जातविवाह.

विवाह्य, (त्रि०) वि+वह्+ण्यत् । विवाहयोग्य । विवाहने लायक । विशेषकर उठाने लायक.

विविक्त, (त्रि०) वि+विच्+क्त । निर्ज्जन । अकेली जगह । पवित्र (साफ़)। और असंयुक्त (न मिलाहुआ)। " कर्त्तरि क्त " विवेकी (विचारवाला) (त्रि०).

विविध, (त्रि०) विभिन्ना विधा यस्य । जिसका प्रकार जुदा है । नानाप्रकार । कईतरह.

विवीत, (त्रि०) विशिष्टं वीतं (गवादिप्रचारस्थानं) यत्र । बहुत अच्छी गौओंके विचरनेकी जगह । बहुत तृणघासवाला देश. [ख्यात । बयान कियाहुआ.

विवृत, (त्रि०) वि+वृ+क्त । विस्तृत । फैलाहुआ । प्र-

विवृति, (स्त्री०) वि+वृ+क्तिन् । विस्तार । फैलाव । और व्याख्यान.

विवेक, (पु०) वि+विच्+घञ् । ठीक २ वस्तुके स्वरूपका निश्चय करना । विचार । प्रकृति और पुरुषको आपसमें जुदा २ समझना (भेदज्ञान).

विवोढ़, (पु०) वि+वह्+तृच् । जामाता । जवाई.

विव्वोक, (पु०) वि+वा+कु-तस्य ओकः (स्थानं)। एक प्रकार स्त्रिओंकी शृङ्गारचेष्टा । हाव भाव कटाक्ष आदि। कोमलता । नज़ाकत. [विशति । अविक्षत्.

विश्,-(प्रवेश) दाखिल होना । तु० प० स० अनिट्।

विश, (पु०) विश्+क्विप् । मनुज । मनुष्य । और वैश्य (वनिआँ). [लंबा.

विशङ्कट, (त्रि०) वि+शङ्कटच् । विशाल । फैलाहुआ।

विशद, (पु०) वि+शद्+अच् । शुभ्रवर्ण । सुपेदरंग। उसवाला । विमल । साफ़ । और व्यक्त (जाहिर) (त्रि०).

विशय, (पु०) वि+शी+अच् । संशय । शक । " विषयो विशयश्चैवेति " मीमांसा.

विशर, (पु०) वि+शृ+अच् । वध । मारना.

विशल्या, (स्त्री०) विगतं शल्यं (तत्प्रहारवेदना) यस्याः । ५ ब० । जिस्से तीरके चोटकी पीडा दूर होजाती है । अग्निशिख वृक्ष । दन्ती वृक्ष । गुडूची (गिलो)। और अजवाइन । जिसका तीर दूरहुआ (त्रि०).

विशसन, (न०) वि+शस्+ल्युट् । मारण । मारना.

विशसन, (पु०) विशस्यतेऽनेन ल्युट् । खड्ग । तलवार.

विशस्त, (त्रि०) वि+शस्+क्त । नाश कियाहुआ। और बीतगया । वा इट् । मारागया.

विशाख, (पु०) विशाखानक्षत्रे भवः अण् । विशाखानक्षत्रमें हुआ । कार्त्तिकेय (शिवजीका बेटा)। एक तारा । तीरंदाजोंका एक प्रकारका खड़ा होना.

विशारण, (न०) वि+शृ+स्वार्थे णिच्-ल्युट् । मारण । मारना.

विशारद, (पु०) विशालं ददाति । दा+क । लस्य रः। बकुलवृक्ष । पण्डित । प्रगल्भ । हुशियार । और बहुत अच्छा (त्रि०).

विशाल, (त्रि०) वि+शालच् । विस्तीर्ण (फैलाहुआ)। लंबा और बड़ा । एक हरिण । और एक राजा (पु०)। इन्द्रवारुणी । माहेन्द्रवारुणी । और एक नदी (स्त्री०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विशालता, (स्त्री०) विशालस्य भावः तल् । पार्श्ववि-स्तार । फैलाव.

विशालाक्ष, (पु०) विशाले अक्षिणी यस्य । षच् समा० । चौड़ीआंखवाला । महादेव । गरुड़ । विष्णु । बड़ीआंखवाला (त्रि०) । पार्वती । और नाग-दन्ती (स्त्रियां० ङीष्).

विशिख, (पु०) विशिष्टा विगता वा शिखा यस्य । जि-सकी बोदी बड़ी वा हैही नहिं । तीर । और शरवृक्ष । ६ व० । शिखासे रहित (त्रि०) गली (स्त्री०).

विशिष्ट, (त्रि०) वि+शिख+क्त । युक्त । मिलाहुआ । विलक्षण । अजीब । विशेषयुक्त । विशेषणवाला.

विशिष्टाद्वैत, (न०) रामानुज आदिसे कहाहुआ प्रकृ-तिरूप विशेषणवाले ब्रह्मका अद्वयत्व (एकपन).

विशीर्ण, (त्रि०) वि+श्टृ+क्त । शुष्क । सूकगया । जरावस्थापन्न । बूढ़ा होगया.

विशुद्ध, (त्रि०) वि+शुध्+क्त । दोषरहित । वेऐब । और विशद । निर्मल । साफ.

विशुद्धि, (स्त्री०) वि+शुध्+क्तिन् । शोधन । साफ कर-ना । दोषराहित्य । बेऐब.

विश्टृङ्खल, (त्रि०) विगता श्टृंखला पद्धतिः यस्याः । जो संकल वा सड़क किम्वा पगडण्डी अथवा नियमसे बाहिर हुआ । परिपाटीसे रहित.

विशेष, (पु०) वि+शिष्+घञ् । प्रभेद । फरक । प्रकार । तरह । व्यक्ति । ज़ाहिर । तिलक (टीका) । वैशेषिकमें सात पदार्थोंमेंसे एक "अन्त्यो नित्यद्रव्यवृत्तिर्विशेषः" । एक अर्थालंकार.

विशेषक, (पु० न०) विशेषयति । वि+शिष्+णिच्+ण्वुल् । ललाटकृततिलक । माथेपर कियागया तिलक । विशेष-कर्त्ता (जियादा करनेवाला) (त्रि०) । तीन श्लोकोंका एक वाक्य (फ़िकरा) । "त्रिभिर्श्लोकैर्विशेषकम्" (न०).

विशेषगुण, (पु०) कर्म्म० । वैशेषिकमें "बुद्धिआदि ६, रूपआदि चार, स्नेह, भावना, स्वाभाविक द्रवत्व (पि-घलना), अदृष्ट (धर्म्माधर्म्म) और शब्द" कहेगये ये सब गुण । खास गुण.

विशेषण, (न०) विशिष्यते अनेन । वि+शिष्+ल्युट् । जिस्से विशेष (ज़ियादह) कियाजाता है । भेदक धर्म्म । गुण, क्रियाआदि । जैसे "नीला कमल" "चलनेवाली गौ" इत्यादिमें गुण और क्रिया आदि है अर्थात् फर्क दिखानेवाला धर्म्म है । गुण (सिफ्त).

विशेषविधि, (पु०) खास नियम । सामान्य और विशेषके मध्यमें विशेषगोचर विधान "जैसे ब्राह्मणोंको दही दि-या जाय, परन्तु शाण्डिल्य (इस गोत्रका ब्राह्मण)को छाछ देना" यहां शाण्डिल्यनामी ब्राह्मण विशेष होनेसे उसके लिये (दधिदानापवादसे) छाछका देना विधान किया.

विशेषित, (त्रि०) वि+शिष्+णिच्+क्त । भेदित । फर्क कियाहुआ । विशेषणयुक्तीकृत । सिफ्तवाला कियागया । फाडागया.

विशेषोक्ति, (स्त्री०) विशेष वचन । अर्थसम्वन्धी अलंकार.

विशोक, (पु०) विगतः शोकः यस्मात् यस्य वा । जिस्से वा जिसका शोक दूर हुआ । अशोकवृक्ष । शोकसे रहित (अफसोस न करनेवाला) (त्रि०) । योगशास्त्रमें कही-गई एक प्रकारकी चित्तकी वृत्ति (स्त्री०).

विशोधनी, (स्त्री०) विशुध्यते अनया । जिस्से साफ कियाजाय । शुध्+ल्युट्+ङीप् । दन्तीवृक्ष । "भावे ल्युट्" शोधन । सफ़ा वा ठीक करना । वि+शुध्+ल्युट् । शोधनकारक (साफ़ करनेवाला) (त्रि०).

विश्र (श्रा) **णन,** (न०) वि+श्रण्+णिच्+ल्युट्-वा वृद्धिः । दान । देना.

विश्रब्ध, (त्रि०) वि+श्रम्भ्+क्त । विश्वस्त । भरोसा कियाहुआ । मोहतबिर । शान्त । अनुद्धत (हलीम) । गाढ (मज़बूत).

विश्र (श्रा) **म,** (पु०) वि+श्रम्+घञ्-वा वृद्धिः । विराम । हटना । आराम । किये जारहे कामका अवसान (अंत).

विश्रम्भ, (पु०) वि+श्रम्भ्+घञ् । विश्वास (भरोसा) । प्रत्यय । केलिकलह (क्रीड़ासंबंधी झगड़ा) । और वध (कतल). [(मशहूरी).

विश्राव, (पु०) वि+श्रु+घञ् । प्रसिद्धि । और ख्याति

विश्रुत, (पु०) वि+श्रु+क्त । विख्यात । मशहूर । प्रसिद्ध.

विश्लिष्ट, (त्रि०) वि+श्लिष्+क्त । वियुक्त (विछड़ा-हुआ-अलगहुआ) और शिथिल (ढीला).

विश्लेष, (पु०) वि+श्लिष्+घञ् । वियोग । विछोड़ा । और ढीलापन.

विश्व, (न०) विश्+व । जगत् । संसार । दुनिआं । उसका अभिमानी जीवात्मा (पु०) । श्राद्धके देवता-विशेष (पु० ब० व०) । सकल (सारा) (त्रि०) (इसी अर्थमें सर्वनामसंज्ञा होती है).

विश्वकर्म्मन्, (पु०) विश्वेषु कर्म्म (व्यापारो यस्य) जिसका काम सब स्थानमें है । सूर्य्य । देवशिल्पी । (देवताओंका कारीगर) एक मुनि । और परमेश्वर.

विश्वकृत्, (पु०) विश्वं करोति । कृ+क्विप् । विश्वको कर्त्ता है । विश्वकर्म्मा । और परमेश्वर.

विश्वकेतु, (पु०) विश्वे केतवः अस्य । सबके सब जि-सका झंडा है । अनिरुद्ध.

विश्व(ष्व)क्सेन, (पु०) विशु(षु)ची सेना अस्य । जिसकी सेना पवित्र हो । विष्णु । प्रियंगु वृक्ष (स्त्री०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विश्व(ष्व)च्, (अव्य०) विश्वं अंचति । क्विप् । सर्वतः । चारोंओर । विश्वगामी (सब ओर जानेवाला) (त्रि०).

विश्वधारिणी, (स्त्री०) विश्वं धारयति । धृ+णिनि । पृथिवी.

विश्वप्सन्, (पु०) विश्वं प्साति (भक्षति) । प्सा+कनिन् । आग । चन्द्रमा । देवता । विश्वकर्म्मा । और पृथिवी.

विश्वम्भर, (पु०) विश्वं बिभर्ति (भृ+अच्-मुमूच) । विश्वको पालता है । इन्द्र और विष्णु । पृथिवी (स्त्री०).

विश्वरेतस्, (पु०) विश्वं रेतो यस्य । जिसे संसार उत्पन्न करना पड़ता है । चार मुखवाला ब्रह्मा.

विश्ववेदस्, (पु०) विश्वं वेत्ति । विद्+असुन् । संसारको जानता है । इन्द्रआदि देवता । और सब कुछ जान्नेहारा.

विश्वसृज्, (पु०) विश्वं सृजति । सृज्+क्विप् । संसारको रचता है । चारमुखवाला ब्रह्मा.

विश्वस्त, (त्रि०) वि+श्वस्+क्त । जातविश्वास । मोहतविर । जिसपर भरोसा कियागया हो । " विश्वसित" यही अर्थ । विधवा स्त्री (वेवा औरत) (स्त्री०).

विश्वाची, (स्त्री०) विश्वं अञ्चति । अञ्च्+क्विप् । एक अप्सरा.

विश्वात्मन्, (पु०) विश्वं आत्मा यस्य । संसार जिसका आत्मा है । विष्णु । नारायण । परमात्मा.

विश्वामित्र, (पु०) विश्वं मित्रं अस्य (पहिले पदको दीर्घ होता है) । संसार जिसका मित्र है । एक ब्रह्मर्षि । गाधिका पुत्र । एक राजा.

विश्वाराज्, (पु०) विश्वेषु राजते । राज्+क्विन् । विश्वोंमें चमकता है । विश्वोंका राजा । और परमेश्वर.

विश्वावसु, (पु०) विश्वेषां वसु यस्मात् । पृ० दीर्घः । जिस्से सबोंका धन होता है । एक गंधर्व । रात (स्त्री०).

विश्वास, (पु०) वि+श्वस्+घञ् । " यह इसी प्रकार है " इसतरह एक चित्तकी वृत्ति । प्रत्यय । श्रद्धा । यकीन.

विश्वेदेव, (पु० ब० व०) कर्म्म० । अलुक् समा० । श्राद्धमें पूजेगये दस (ऋतु आदि) देवता । वहि (आग) (पु०). [" विश्वेश्वर ".

विश्वेश, (पु०) ६ त० । विश्वका मालिक । शिव ।

विषू,-व्याप्ति (फैलना) जु० उभ० सक० अनिट् । वेवेष्टि-वेविष्टे । अविषत् । अविक्षत्-त.

विष्, (स्त्री०) विष्+क्विप् । विष्ठा । मैला । गूंह.

विष, (न०) विष्+क । जल । कमलकी कूमली (केशर) । मृणाल (कमलकी डण्डी) । और वत्सनाभ विष । ज़हिर (पु० न०). [है । शिवजी.

विषकण्ठ, (पु०) विषं कण्ठे यस्य । जिसके गलेमें ज़हिर

विषघ्न, (पु०) विषं हन्ति । (हन्+क)। शिरीष वृक्ष । (बिषको मारता है) । विभीतक (बहेड़ा) । चम्बे (चम्बेका द्रख्त) । विषनाशक । विषको दूर करनेवाला (त्रि०).

विषज्वर, (पु०) विषं इव प्राणहन्ता ज्वरो यस्य । ज़हिरकी नाईं प्राणोंको नाश करनेवाला जिसका बुखार है । महिष । भैंसा.

[डण्डी ।]

विषण्ड, (न०) विशेषेण षण्डम् । मृणाल । कमलकी

विषदन्तक, (पु०) विषं दन्ते यस्य कप् । जिसके दांतमें विष है । सर्प । सांप.

विषधर, (पु०) विषं धरति । धृ+अच् । जहिरको धारण कर्त्ता है । सर्प । सांप । " विषधरविषमं " इत्युद्भटः.

विषम, (त्रि०) विगतो विरुद्धो वा समः । असम । जो बराबर नहिं । अयुग्म (जो जोड़ा नहिं) । जैसे तीन-पांच आदि । ऊंचा नीचा । दारुण । सख्त । सङ्कट । एक प्रकारका पद्य (न०).

विषमच्छद, (पु०) विषमाः (अयुग्मानि) छदाः यस्य । सप्तच्छद । सतौनेका द्रख्त.

विषमज्वर, (पु०) विषम उग्रो ज्वरः । सख्तबुखार.

विषमनयन, (पु०) विषमाणि (अयुग्मानि) त्रीणि नयनानि अस्य । जिसके तीन नेत्र हैं । महादेव । शिवजी.

विषमस्थ, (त्रि०) विषमे (उन्नतानते संकटे वा) तिष्ठति । स्था+क । ऊंचे नीचे वा संकटमें ठहिरता है । उपद्रवप्राप्त । मुसीबतमें पड़ाहुआ । संकटमें आया । और ऊंची नीची जगहपर ठहिराहुआ.

विषमशिष्ट, (न०) विषमं शिष्टं (शासनं) । अनुचित शासन । ना मुनासिब सज़ा.

विषमायुध, (पु०) विषमाणि (अयुग्मानि-पञ्च) आयुधानि (बाणाः) यस्य । जिसके पाँच तीर हैं । कामदेव.

विषय, (पु०) विषिण्वन्ति (विषयिणं संबध्नन्ति स्वात्मकतया) वि+षि+अच् । जो अपने स्वरूपसे विषयीको बांध लेते है । इन्द्रियोंसे जानेगये शब्दादि । मजमून । और देश.

विषयिन्, (न०) विषयः अस्ति अस्य इनि । विषयवाला । ज्ञान (जान्ना) । और इन्द्रिय । विषयासक्त (विषयोंमें फंसाहुआ) (त्रि०) । राजा । कामदेव । और शब्द (पु०). [जहिरसे घिरी है । इन्द्रवारुणी बेल.

विषलता, (स्त्री०) विषव्याप्ता इव लता । बेल मानो

विषविद्या, (स्त्री०) विषाय (तन्निवृत्तये) विद्या । जहिर दूर करनेका इल्म । विष दूर करनेके मन्त्रको जान्ना.

विषवैद्य, (पु०) विषे (विषापहरे) वैद्यः (चिकित्सकः) विष दूरकरनेमें हकीम । विषमन्त्रविद्यावाला.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विषाण, (न०) विष्+कानच् । पशुका सींग । हाथी वा सूअरका दांत । कुष्ठौषध । और क्षीरकाकोली.

विषाद, (पु०) वि+षद्+घञ् । अवसाद । जड़ता । दिलका टूटना.

विषान्तक, (पु०) विषस्य अन्तक इव । ज़हिरका मानो यमराज है । शिवजी । विष दूर करनेवाला (त्रि०).

विषाराति, (पु०) ६ त० । विषका शत्रु । काला धत्तूरा। कृष्णधुस्तूर.

विषास्य, (पु०) विषं आस्ये यस्य । जिसके मुखमें जहिर है । सर्प । सांप । " विषसे लिपटेहुए मुखवाला [रूपवाला. भिलावा " । भल्लातक.

विषु, (अव्य०) विष्+कु । साम्य । बराबरी । और नाना-

विषुव, (न०) विषु (दिनरात्र्योः साम्यं) वाति-वा+क । वह समय कि जब रात और दिन बराबर हो जाता है । " विषुवत् " यही अर्थ.

विष्क्,-(हिंसा) कतलकरना-मारना । चु० आ० स० सेट् । विष्कयते । दर्शन (देखना) । उभ० । विष्कयति-ते । अविविष्कत्-त.

विष्कम्भ, (पु०) वि+स्कम्भ्+अच् । सूर्य्य और चन्द्रमाके योग (मेल)से उत्पन्नहुआ पहिला योग । विस्तार । फैलाव । प्रतिबंध । रोक । नाटकका एक अंग (जिसमें मध्यपात्रके द्वारा पीछे और आगेका वृत्तान्त संक्षेपसे कहाजाता है) । योगिओंका एक बंध । वृक्ष । कीलक । कील. [पक्षी । परिंदह.

विहग, (पु०) विकिरति । वि+कृ+क-सुट्च । विहग ।

विष्टप, (न०) विश्+कपन्+तुट्च । भुवन । लोक । जगत् । संसार. [अवरुद्ध.

विष्टब्ध, (त्रि०) वि+स्तम्भ्+क्त । प्रतिरुद्ध । रुकाहुआ ।

विष्टम्भिन्, (त्रि०) वि+स्तम्भ्+णिनि । प्रतिबंधक । रोकनेहारा । एक रोगको उपजानेहारा.

विष्टर, (पु०) वि+स्तृ+अप् । षत्वं । कुशाका बनाहुआ एक आसन । हरएक आसन । वृक्ष.

विष्टरश्रवस्, (पु०) विष्टरः (कुशमुष्टिरिव) श्रवसी (कर्णौ) अस्य । कुशाकी मुट्ठीके समान जिसके कान हैं । विष्णु.

विष्टि, (स्त्री०) विश्+क्तिन्-क्तिच् वा । वेतन (तनखाह)-के विना भार आदि उठानेका दुःख । मजदूरी । काम । वर्षण (वर्सना) । प्रेषण । भेजना । सातवां करण । काम करनेहारा नौकर । मजदूर मजदूरीके विना काम करनेवाला (पु०). [मल । गूंह.

विष्ठा, (स्त्री०) विविधं तिष्ठति । स्था+क-षत्वम् । पुरीष ।

विष्णु, (पु०) विष् (व्यापन-फैलना) नुक् । व्यापक । फैलाहुआ-जो (सब स्थानमें है) । परमेश्वर । वह्नि (आग) । शुद्ध । साफ़ । धर्म्मशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि । वासुदेव.

विष्णुगुप्त, (पु०) चाणक्य पण्डित । यही वात्स्यायन पक्षिलनामसे प्रसिद्ध न्यायभाष्यका रचनेवाला है.

विष्णुतैल, (न०) वैद्यक(चिकित्सा)में प्रसिद्ध एक प्रकारका तेल.

विष्णुपद, (न०) विष्णोः पदमिव (व्यापकत्वात्) । व्यापक होनेसे मानो विष्णुका पाँव है । आकाश । आस्मान.

विष्णुपदी, (स्त्री०) विष्णुपदं कारणत्वेन अस्ति अस्याः । अच्-ङीप् । जिसका कारण विष्णुका पाँव है । गंगा । सूर्य्यका वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ राशिमें बदलना.

विष्णुमाया, (स्त्री०) ६ त० । विष्णोः (परमेश्वरस्य) माया । परमात्माकी अघटघटना पटीयसी (जो न बनसके उसेभी बनादेनेमें बहुतही चतुर) अविद्याशक्ति । उसकी अधिष्ठात्री (आश्रय) दुर्गा. [है । गरुड़.

विष्णुरथ, (पु०) विष्णोः रथ इव । मानो विष्णुकी गाड़ी

विष्णुरात, (पु०) विष्णुना रातः, विष्णुर्वा रायात् जीवनं अस्मै । रा+क्त । विष्णुसे दियागया । विष्णुने जिसे जीवन दिया । परीक्षित् नामी राजा (वह गर्भहीमें अश्वत्थामाके अस्त्रसे जलकर मरगया, परन्तु विष्णुने फिर जिलाया) यह कथा महाभारतमें प्रसिद्ध है.

विष्फार, (पु०) वि+स्फुर्+णिच्+अच्-षत्वम् । धनुर्गुणाकर्षणशब्द । कमानके चिल्ला खेंचनेका शब्द । टंकार.

विष्य, (त्रि०) विशेषेण वध्यः । विष्+यत् । जरूरमारनेके लायक । जहिरसे मार डालनेके लायक । विषवध्य.

विष्वक्सेन, (पु०) विषुची सेना यस्य । जिसकी अच्छी साफ़ सेना है । विष्णु । विष्णुपर चढ़ेहुएको खानेवाला । और विष्णुके गणोंमेंसे एक । प्रियंगु (स्त्री०). [खुराक.

विष्वाण, (न०) वि+ष्वन्-घञ् । षत्वणत्वे । भोजन । खाना ।

विस, (न०) वि+सो+क । मृणाल । कमलफूलकी डण्डी । भें. [अवेसीत्.

विस्,-उत्सर्ग (छोड़ना) । दिवा० पर० सक० सेट् । विस्यति ।

विसंवाद, (पु०) वि+सम्+वद्+घञ् । विप्रलंभ । वञ्चन । ठगना । किसी पदार्थके विषयमें उलटा कहना.

विसकुसुम, (न०) विसयुक्तं कुसुमं । कमलफूलकी डण्डीवाला फूल । पद्म.

विसङ्कट, (पु०) विशिष्टो संकटो यस्मात् । ५ ब० । जिस्से बड़ा संकट होता होता है । सिंह ।शेर । इङ्गुदीका वृक्ष.

विसनाभि, (स्त्री०) विसं नाभौ यस्य । जिसकी नाभिमें विस है । पद्मिनी और पद्मोंका समूह. [फैलाव.

विसर, (पु०) वि+सृ+अप् । समूह । और विस्तार ।

विसर्ग, (पु०) वि+सृज्+घञ् । दान । देना । त्याग । छोड़ना । जलका त्याग । मोक्ष (छुटकारा) और प्रलय.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

विसर्जन, (न०) वि+सृज्+ल्युट् । दान । देना । त्याग । छोड़ना । वि+सृज्+णिच्+ल्युट् । प्रेरण । भेजना.

विसर्पण, (न०) वि+सृप्+ल्युट् । प्रसार । फैलाव । सर्कना । भागजाना.

विसिनी, (स्त्री०) विसानां समूहः । तद्युक्तो देशो वा इनि । कमलोंका समूह । और पद्मलता (बेल).

विसूचिका, (स्त्री०) विशिष्टा सूचीव । इवार्थे कन् । मानो बड़ी सूई है । एक प्रकारका रोग । हैज़ा.

विसृत, (त्रि०) वि+सृ+क्त । विस्तीर्ण । फैलाहुआ.

विसृत्वर, (त्रि०) वि+सृ+ष्वरप् । विसरणशील । फैलनेवाला । (स्त्रियां ङीष्). [वाला.

विसृमर, (त्रि०) वि+सृ+क्मरप् । विसरणशील । फैलने-

विसृष्ट, (त्रि०) वि+सृज्+क्त । प्रेरित । भेजाहुआ । छोड़ाहुआ । क्षिप्त । फेंकागया.

विस्त, (पु० न०) विस्-उत्सर्ग (छोड़ना) क्त । नि० न इट् । स्वर्णकर्ष । सोनेकी मोहर । अस्सी रत्तीका परिमाण (माप).

विस्तार, (पु०) वि+स्तृ+संज्ञायां कर्त्तरि घञ् । विटप । वृक्ष । शाखाओंका फैलाव । " भावे घञ् " विस्तीर्णता (फैलावट) । और समासके वाक्यमें पदोंका समूह.

विस्तीर्ण, (त्रि०) वि+स्तॄ+क्त । विपुल । फैलाहुआ । विशाल । लंबा.

विस्फुलिङ्ग, (पु०) विस्फुरति । वि+स्फुर्+ड्ड वा षः तद् लिङ्गं अस्य । चमकनेवाले निशानहारा । वह्निकण । आगका कतरा । एक प्रकारका विष.

विस्फोट, (पु०) विस्फुटति । वि+स्फुट्+अच् । बहुत फूटता है (विषफोड़ा) पदार्थ । " स्वार्थे कन् " एक प्रकारका फोड़ा.

विस्मय, (पु०) वि+स्मि+अच् । आश्चर्य्य । अद्भुत । अजीब । एक रस.

विस्मापन, (पु०) वि+स्मि+णिच्+अच्+आत् ल्यु । जो हैरान करदे । कुहक । इन्द्रजालका तमाशा । और कामदेव । गंधर्वोंका पुर (न०) " विस्मायनम् " यही अर्थ. [हुआ.

विस्मित, (त्रि०) वि+स्मि+क्त । विस्मययुक्त । हैरान-

विस्मृत, (त्रि०) वि+स्मृ+क्त । स्मरणाविषय । भूलगया.

विस्मृति, (स्त्री०) वि+स्मृ+क्तिन् । स्मरणाभाव । भूलना.

विस्र, (न०) विस्+रक् । आमगन्धि । कच्चा गंध । अधगंध.

विस्रगन्धि, (पु०) विस्रस्य इव गंधः अस्याः । जिस का गंध कच्चे गंधके समान है । " इत समा० " हरिताल । हड़ताल. [परिचय.

विस्रम्भ, (पु०) वि+स्रम्भ+घञ् । विश्वास । प्रत्यय ।

विस्रम्भिन्, (त्रि०) वि+स्रम्भ्+णिनि । विश्वासवान् । मुहब्बती.

विस्रसा, (स्त्री०) वि+स्रन्स्+क । जरा । बुढ़ेपा.

विहग, (पु०) विहायसा गच्छति । गम्+ड-नि० । आकाश से जाता है । पक्षी । परिंदह । पृ० । " विहङ्ग " यही अर्थ. [आकाशसे जाता है । पक्षी । परिंद

विहङ्गम, (पु०) विहायसा गच्छति । गम्+खच्-नि०

विहङ्गराज, (पु०) ६ त० । अच् समा० । पक्षियोंका राजा । गरुड़ । " विहङ्गराजाङ्गरुहैः " इति माघः.

विहनन, (न०) विहन्यते । वि+हन्-ल्युट् । विघ्न । रुकावट । हिंसा । कतलकरना.

विहर, (पु०) वि+हृ+अस् । वियोग । विछोड़ा । "ल्युट्" यही अर्थ (न०). [हसना

विहसित, (न०) वि+हस्+क्त । मध्यमहास्य । थोड़ा

विहस्त, (त्रि०) विगतो हस्तो हस्तावलम्बनं यस्य । जिसका हाथसे पकड़ना दूरहुआ । व्याकुल । घबराया हुआ । पण्डित । चतुर. (छुडायागया.

विहापित, (न०) वि+हा+णिच्+क्त । दान । देना ।

विहायस्, (पु० न०) वि+हय्+असुन् । नि० वृद्धि । आकाश । आस्मान । और पक्षी । स्वार्थे अच् । विहायसं (न०).

विहार, (पु०) वि+हृ+घञ् । खेलनेके लिये पाँओंसे जाना । भ्रमण (घूमना) । लीला । बौद्धोंका देवालय (मंदिर). [बोधित (जतलायागया).

विहित, (त्रि०) वि+धा+क्त । कृत । कियाहुआ । विधि-

विहीन, (त्रि०) वि+हा+क्त । त्यक्त । छोड़ाहुआ । और वर्जित. [याहुआ और विलीन.

विह्वल, (त्रि०) वि+ह्वल्+अच् । भयआदिसे घबरा-

वी,-कान्ति (चाहना) । जनन (उत्पन्न होना) । अक० । जाना-व्याप्ति (फैलना) । क्षेप (फेंकना) और खाना । सक० अदा० उभ० अनिट् । वेति । अवैषीत्.

वी (वि) काश, (पु०) वि+काश्+वा दीर्घः । रहस् । अकेले । प्रकाश. [" भावे ल्युट् " देखना.

वीक्षण, (न०) वि+ईक्ष्+करणे ल्युट् । नेत्र । आंख ।

वीचि (ची), (पु० स्त्री०) वे+डीचि-वा ङीप् । तरङ्ग । लहर । अवकाश । अल्प (थोड़ा) । और किरण.

वीचितरंग, (पु०) वीचेरिव तरङ्गो यत्र । जहां लहर पर लहर चलती हो । एक तरङ्गसे जैसे लगातार तरंगें (लहरें) उत्पन्न होती हैं । इसीप्रकार स्वजन्यजनकादिरूप (अपनी उत्पत्तिके अनन्तर उत्पन्न होना) एक प्रकारका नियम । जैसे शब्दकी उत्पत्ति नगारे आदि स्थानमें पहिले होती है उसके अनन्तर शब्द परम्परा (एक आवाज़के पीछे दूसरी) से श्रोत्र (कान)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

के साथ सम्बन्ध होनेहीसे श्रवण होता है (शब्द सुनाई देता है).

वीचिमालिन्, (पु०) वीचीनां माला अस्ति अस्य इनि । लहरोंकी मालावाला । समुद्र । समुंदर.

वीज्,-व्यजन (पंखाकरना) । चुरा० उभ० सक० सेट् । वीजयति-ते । " वीज्यते स हि संसुप्तः " कुमारः.

वीज, (न०) वी+क्विप् । जन्+ड-कर्म० । कारण । शुक्र (वीर्य्य-मणि) । अंकुर । अव्यक्तगणित । मन्त्रविशेष । धान्यआदिका फलआदि.

वीजकोष, (पु०) वीजानां कोश इव आधारः । पद्म-वीजका आधार । वराटक । कौड़ी. [पटोल.

वीजगर्भ, (पु०) वीजानि गर्भे यस्य । जिसके वीचमें वीज हैं ।

वीजन, (न०) वीज+ल्युट् । व्यजन । पंखा । " करणे ल्युट् " चामरआदि । चौरी वगैरह । वस्तु । और चक्रवाक (चकवा) जीवंजीवपक्षी (पु०).

वीजसञ्चय, (पु०) वीजानां (वपनयोग्यधान्यादीनां) सञ्चयः । बोनेलायक धानोंका इकट्ठाकरना (गल्ला) वहुतसे वी.

वीजसू, (पु०) वीजं सूते । सू+क्विप् । पृथिवी । ज़मीन.

वीजाकृत्, (त्रि०) वीजेन सह कृष्टं । डाच् । कृ+क्त । वीजके साथ खेंचागया खेत । वीजाकृष्ट क्षेत्र.

वीजिन्, (पु०) वीजं अस्ति अस्य इनि । उत्पादक । पैदाकरनेवाला । पिता । वीजवाला (त्रि०).

वीज्य, (त्रि०) विशेषेण इज्यः । वि+यज् क्विप् । बहुत आदरके लायक । कुलीन । खान्दानी.

वीटि (टी), (स्त्री०) वि+इट्+इन्-वा ङीप् । पानका वीड़ा । तयार (लगायाहुआ) ताम्वूल.

वीणा, (स्त्री०) अज्+न-वीभावः । पृ० णत्वम् । अपने नामका वाजा । वीन.

वीणादण्ड, (पु०) ६ त० । बीनवाजेके ऊपरका डण्डा.

वीणावाद, (त्रि०) वीणां वादयति । वद्+णिच्+अण् । वीणावादक । बीनके वजानेवाला.

वीतशोक, (पु०) वि+इण्+क्त । वीतः शोको यस्मात् । यस्य वा । जिस्से वा जिसका शोक दूरहुआ । अशोक वृक्ष । शोकसे रहित (त्रि०).

वीति, (स्त्री०) वी+क्तिन् । गति । जाना । दीप्ति । चमकना । खाना और मांगना । क्तिच् । घोटक (घोड़ा) (पु०).

वीतिहोत्र, (पु०) वीतये (पुरोडाशादिभक्षणाय) हूयन्ते देवा अत्र । हु+त्रल् । चरुआदि खानेके लिये जिसमें देवताओंको बुलाया जाता है । वह्नि । आग.

वीथि (थी), (स्त्री०) विथ्+इन् । पृ० वा ङीप् । पंक्ति । श्रेणि । कतार । घरका अंग । वर्त्म । रास्ता । गली । देखने लायक काव्य वा नाटकका एक अंग.

वीध्र, (त्रि०) वि+इन्ध्+रक् । निर्मल । साफ़ । आकाश और वायु (पु०).

वीनाह, (पु०) वि+नह्+घञ् । कूपआदिके मुखबंद करनेका साधन । मुखबंधन । मुंका बांधना । पाट.

वीप्सा, (स्त्री०) वि+आप्+सन्+अच्-ईत्-अ-अभ्यासका लोप होता है । व्याप्ति । फैलना । बहुत इच्छा.

वीर, (न०) अज्+रक्-वीभावः । वीर्+अच् वा । मिरच । कमलकी जड़ । कांजी । उशीर । वेगवाला और बहादुर (शौर्य्ययुक्त) (त्रि०) । कुलाचार (तन्त्रोक्त) (न०).

वीरण, (न०) वि+ईर्+ल्यु । उशीर (वेणारमूल) । एक चंदन. [वीरभार्य्या । बहादुरकी औरत.

वीरपत्नी, (स्त्री०) वीरः पतिः यस्याः नुक्-ङीप् च ।

वीरपत्रा, (स्त्री०) वीरयति । वीर्+अच् । तथाभूतं पत्रं यस्याः । जिसका पत्ता बहादुर बनाता है । विजया । भंग । भांग.

वीरपान (ण), (न०) वीराणां पानं वा णत्वम् । लड़ाईके लिये वा लड़ाईका खेद दूर करनेको सुरापान (मदिराका पीना).

वीरभद्र, (पु०) वीरो भद्रोऽस्य । अश्वमेधका घोड़ा । "वीरेषु भद्रं" । बहादुरोंमें अच्छा । वीरण (न०).

वीरसू, (स्त्री०) वीरं सूते । सू+क्विप् । वीरकी माता । वीरमाता (बहादुर जनती है).

वीरसेन, (पु०) वीरा सेना यस्य । जिसकी सेना वीर है । नलराजाका पिता । एक राजा.

वीरहन्, (पु०) वीरयति (शौर्य्यान्वितं करोति) । वीर्-णिच्+अच् । बहादुर बनाता है । वीरो यज्ञाग्निस्तं हतवान् । हन्+क्विप् । वह ब्राह्मण जिसने अग्निहोत्रकरना छोड़दिया । नष्टाग्निविप्र.

वीरा, (स्त्री०) वि+ईर्+अच्-वीर्+अच् वा । मुरानाम गंधद्रव्य । क्षीरकाकोली । आमलकी । आवला । पति और पुत्रवाली स्त्री । रम्भा । महाशतावरी । घृतकुमारी । अतिविषा । द्राक्षा (दाख) । टालीका द्रख्त.

वीराशंसन, (न०) वीरैः आशंस्यते अत्र । जहां बहादुर मार रहे हैं । भयंकर (डरावना) युद्धका स्थान.

वीरासन, (न०) वीरस्य इव आसनं । बहादुरकी नाई बैठना (एक पट्टपर एक पांवको और दूसरेको दूसरे पट्टपर धरना) एक आसन.

वीरुध् (धा), (स्त्री०) वी+रुध्+क्विप् । दीर्घः वा टाप् । विस्तृतलता । फैलीहूई वेल. [शिवलिङ्ग (पु०).

वीरेश्वर, (त्रि०) ६ त० । वीरोंका पति । काशीमें एक

वीर्य्य, (न०) वीर्+यत् । वीरस्य भावः-यत् वा । शरीरका सवसे पिछला धातु-शुक्र (मनि) । पराक्रम । बल । प्रभाव । तेज । और दीप्ति.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वीर्य्यवत्, (त्रि०) वीर्य्यं अस्ति अस्य मतुप्। मस्य वः। बलवाला। वीर्य्यवाला। ज़ोरवाला.

वीवध, (पु०) विशेषेण वध्यते अत्र। वध्+घञ्। न वृद्धिः। तण्डुलादिसंग्रह। चावलआदिका(गल्ला)-संग्रह। मार्ग। रास्ता। भार.

वीवधिक, (पु०) वीवधः (भारवहनं) शिल्पं अस्य ठन्। बोझा उठानेवाला भारवाहक.

वीहार, (पु०) विहियते अत्र। वि+हृ+घञ् दीर्घः। बुद्धका एक मंदिर। " भावे घञ् " विहार। क्रीड़ा। खेल। विलास.

वृ, -आवरण (ढांकना)। चु० उभ०सक०सेट्। वारयति-ते.

वृ,-सेवा करना। क्र्या० आ० सक० सेट्। वृणीते। "वृणते हि विमृश्यकारिण "मिति भारविः। अवरीष्ट-अवरिष्ट-अवृत.

वृ,-वरण (कबूलकरना-मांगना)। भ्वा० उभ० सक० सेट्। वरति-ते। अवारीत्-अवरिष्ट-अवरीष्ट-अवृत.

वृ,-वरण (मांगना-स्वीकारकरना)। स्वा०और क्र्या० उभ० सक० सेट्। वृणोति-वृणुते। वृणाति-वृणीते। अवारीत्.

वृंहित, (न०) वृहि+क्त। करिगर्जन। हाथीका गर्जना (आवाज़).

वृक्,-आदान। पकड़ना। भ्वा० आ० सक० सेट्। वर्कते.

वृक, (पु०) वृक्+क। कुत्तेके स्वरूपका हरिणके मारनेवाला एक प्रकारका भेड़िया। कौआ। बकवृक्ष। बहुत द्रव्योंका धूप। पेटकी आग.

वृकदंश, (पु०) वृकं दशति। दंश्+अच्। कुक्कुर। कुत्ता.

वृकधूर्त्त, (पु०) वृक इव धूर्तः। जो वृककी नाईं धूर्त्त है। श्टगाल। गीदड़.

वृकोदर, (पु०) वृकनामा अग्निः उदरे यस्य। जिसके पेटमें वृकनामवाली आग है। भीमसेन.

वृक्ण, (त्रि०) व्रश्च्+क्त। छिन्न। काटाहुआ.

वृक्ष, (पु०) व्रश्च्+क्स। काटनेपरभी उत्पन्न होनेवाला वृक्ष। " ह्रस्वार्थे कन् " कुटजवृक्ष.

वृक्षचर, (पु०) वृक्षे चरति। चर्+अच्। वानर। बंदर.

वृक्षच्छाय, (न०) ६ त०। बहुतसे वृक्षोंकी छाया.

वृक्षनाथ, (पु०) ६ त०। वृक्षोंका स्वामी। बोड़का दरख्त। वटवृक्ष. [(खोल).

वृक्षभवन, (न०) ७ त०। वृक्षमें मंदिर। वृक्षमें कोटर।

वृक्षवाटिका, (स्त्री०) वृक्षैर्वाटीव संवृतत्वात्। इवार्थे कन्। वृक्षोंसे मानों छोटा घर है (ढकाहुआ होनेसे)। घरके पासका उपवन (छोटा वाग जहां मन्त्री वा वेश्या आनंद कर्ते हैं).

वृज्,-त्याग (छोड़ना)। वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट्। वर्जयति-ते। वर्जति। अववर्जत्-अवीवृजत्। अवर्जीत्.

वृजन, (न०) वृज्यते अत्र। वृज्+क्यु। पाप (गुनाह) और आकाश। केश (वाल) (पु०) कुटिल (तिर्छा) (त्रि०). [देश (पु०).

वृजिन, (न०) वृज्+इनच्। पाप। भुग्न (टेढ़ा) (त्रि०).

वृण्,-भक्षण-खाना। तना० उभ० सक० सेट्। वृणोति-वृणुते.

वृत्,-वर्त्तन (होना)। भ्वा० आ०लुङ्-लुट्-लृङ्में उभ० अक० सेट्। वर्तते। अवृतत्-अवर्तिष्ट। वर्त्स्यति। वर्तिष्यते.

वृत, (त्रि०) वृ०क्त। प्रार्थित। मांगागया। किसी काम-आदिमें प्रार्थना आदिसे लगायागया। कबूल कियाहुआ.

वृति, (स्त्री०) वृ+क्तिन्। मांगना। वेष्टन। लपेटना। घेरादेना (वाड़ा).

वृत्त, (न०)। वृत्+भावे क्त। " गुरूका आदर, दया, शौच (सफ़ाई), सत्य, इन्द्रियोंको रोकना, हितकारी बातोंका चलाना " इस प्रकारका चरित्र। एक प्रकारका पद्य और वृत्ति (जीविका)। " वृत्+कर्त्तरि क्त"। अतीत। बीतगया। वर्तुल (गोल)। पढ़ाहुआ। माराहुआ और जात (उत्पन्नहुआ) (त्रि०)। कूर्म्म (कच्छु) (पु०).

वृत्तगन्धि, (न०) वृत्तस्य (पद्यभेदस्य) एव गंधः (लेशः) अत्र इत् समा०। एक प्रकारका पद्य (श्लोक).

वृत्तफल, (न०) वृत्तं फलं अस्य। जिसका फल गोल है। मिरच, अनार (दाड़िम)। और वदर। वेर। आमला। टाप्.

वृत्तस्थ, (त्रि०) वृत्ते (गुरुपूजादौ) चरित्रे तिष्ठति। स्था+क। जो गुरूकी पूजादिमें लगा है। अच्छे चाल-चलनवाला। वृत्तमें ठहिराहुआ.

वृत्तान्त, (पु०) वृत्तः (जातः) अन्तः (निर्णयः) यस्मात्। जिस्से फैसला हो गया। संवाद। खबर। हाल। वाचिक संदेश.

वृत्ति, (स्त्री०) वृत्+क्तिन्। वर्तन। जीविका। स्थिति। और विवरण (ज़ियादा बयान)। वेदान्तमें अंतःकरण-का परिणामविशेष (ख़ास तौरपर बदलना).

वृत्र, (पु०) वृत्+रक्। अंधकार (अंधेरा)। रिपु। दुश्मन। विश्वकर्म्माका पुत्र। एक दैत्य। बादल। एक पर्वत (पहाड़)। मन्त्र। और शब्द (आवाज).

वृत्रहन्, (पु०) वृत्रं हतवान्। हन्+क्विप्। इन्द्र। वृत्र-को मारताहुआ.

वृथा, (अव्य०) वृ+थाल्। निरर्थक। बेफायदह.

वृथादान, (न०) कर्म०। वह दान कि जिसका फल कुछ नहीं। स्मृति (धर्म्मशास्त्र)में दिखलायाहुआ जो देवता, पितर, आदिके प्रयोजनसे भिन्न दान (एकप्रकारका दान).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वृथामांस, (न०) वृथाभूतं मांसं । देवताआदिके उद्देशके बिना मारेहुए पशुओंका मांस । बेफ़ायदा मांस.

वृद्ध, (न०) वृध्+क्त । शैलजनामगंधवाला द्रव्य । वृद्धदारक वृक्ष (पु०) । वृद्धिवाला (बढ़ाहुआ-बूढ़ा) और पण्डित (चतुर-लायक मनुष्य आदि) (त्रि०).

वृद्धप्रपितामह, (पु०) वृद्धः प्रपितामहात् । राज० । पड़बावेसे बूढ़ा । प्रपितामहजनक । पड़बाबेका बाप (पिता).

वृद्धश्रवस्, (पु०) वृद्धेभ्यः शृणोति । श्रु+असुन् । बूढ़ोंसे सुनता है । " वृद्धेषु श्रवो यशो यस्य इति वा " जिसका यश बूढोंमें है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

वृद्धा, (स्त्री०) वृध्+क्त । गतयौवना स्त्री । जिसकी जवानी गई । बूढ़ी.

वृद्धि, (स्त्री०) वृध्+क्तिन् । समृद्धि । अभ्युदय । सम्पत्ति । बढ़ती । दौलतमंदी । और समूह । " वृध्+कर्तरि क्तिच् " । एक प्रकारका औषध । सूद (व्याज) । गंधद्रव्यशैलेय (पु०).

वृद्धिजीविका, (स्त्री०) वृद्धिरूपा जीविका । सूदरूपी रोज़गार । ऋणदान (कर्जादेना) आदिमें दियेगये धनसे लाभ उठानारूप जीविका.

वृद्धिश्राद्ध, (न०) वृद्धौ (अभ्युदयाय) श्राद्धं । सम्पदाके लिये श्राद्ध । पुत्र आदिके संस्कारका एक अंग । पार्वणकी विधिवाला नान्दीश्राद्ध । मंगलश्राद्ध.

वृध्याजीव, (त्रि०) वृद्धिं (अधमर्णतः प्रयुक्तद्रव्याधिकलाभं आजीवति) । आ+जीव्+अण् । कर्जालेनेवालेसे दियेगये द्रव्यके लाभपर जीनेवाला । व्याजपर जीनेवाला । व्याजड़िया । " वार्द्धुषिक ".

वृध्,-दीप्ति (चमकना) चु० उ० अ० सेट् । वर्द्धयति-ते.

वृध्,-वृद्धि (बढ़ना) । भ्वा० आ० लुङ् लृट् और लङ्में उभ० अक० सेट् । वर्धते । अवृधत् । अवर्द्धिष्ट.

वृन्त, (न०) वृ+क्त । नि० मुमूच । फल और पत्तोंका बंधन.

वृन्ताक, (पु० स्त्री०) वृन्तं अकति । अक्+अण् । वताऊं.

वृन्द, (न०) वृन्यते-वृणुते वा । वृण्-वृत् वा हन् । नि० । समूह और दस अरबकी संख्या । तुलसी और राधिका (स्त्री०). [मनोहर । खूबसूरत (त्रि०).

वृन्दारक, (पु०) वृन्द+आर+कन् । देवता । मुख्य । और

वृन्दावन, (पु०) वृन्दाया विहारस्थानं वनम् । वृन्दाके क्रीड़ा करनेका स्थान । मथुराके पास वैष्णवोंका एक तीर्थ । " वृन्दावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति " पुराणम्.

वृन्दिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन वृन्दारकः (मुख्यः) इष्ठन् । वृन्दादेशः । बहुतही मुख्य । " ईयसुन् " "वृन्दीयान्".

वृश्चिक, (पु०) व्रश्च्+किकन् । एक प्रकारका कीड़ा । बिच्छु । मेषसे आठवीं राशि । औषध । गोहेका कीड़ा.

वृष्,-सेचन (सींचना) । भ्वा० पर० सक० । प्रजननसामर्थ्य (उत्पन्न करनेकी ताकतका होना) । अक० सेट् । वर्षति । अवर्षीत् । क्त्वा वेट्.

वृष, (पु०) वृष्+क । वृषभ (बैल) । मेषसे दूसरी राशि । एक प्रकारका पुरुष । इन्द्र । धर्म्म । हरएक सींगवाला । मूषिक (मूसा-चूहा) । शत्रु । कामदेव । बलवाला । ऋषभनाम औषध । मोरकी पूंछ.

वृषण, (पु०) वृष्+क्यु । अण्डकोष । पताल । टट्टा.

वृषदंशक, (पु०) वृषान्-(मूषिकान्)दशति । दंश्+ण्वुल् । मूसोंको डसता है । बिड़ाल । बिल्ला.

वृषध्वज, (पु०) वृषो ध्वजो यस्य । जिसका झण्डा बैल है । शिवजी । " वृषकेतन " इसी अर्थमें है. [तक्लीफ़.

वृषन्, (पु०) वृष्+कनिन् । इन्द्र । कर्ण । बैल । घोड़ा ।

वृषपर्वन्, (पु०) वृषे पर्व (उत्सवो) यस्य । जिसका उत्सव वृषपर है । शिवजी । एक दैत्यका नाम.

वृषभ, (पु०) वृष+अभच् । बैल । बहुत अच्छा । एक प्रकारका जिन । कानका छेक । औषध.

वृषभगति, (पु०) वृषभेण गतिः अस्य । जिसकी चाल बैलसे हो । शिवजी । " वृषभयान " यही अर्थ.

वृषभानु, (पु०) राधिकाका पिता (बाप).

वृषल, (पु०) वृष्+कलच् । शूद्र । गाजर । घोड़ा । जो धर्मात्मा नहिं । और चन्द्रगुप्त राजा.

वृषली, (स्त्री०) वह कन्या कि जिसने पिताहीके घरमें संस्कार(विवाह)हुए विन रज देखा हो । " वृषल+भार्यायां-जातौ वा ङीप् " । वृषलजातिकी स्त्री । वा वृषलकी औरत.

वृषलोचन, (पु०) वृषस्य इव लोचनं यस्य । जिसकी आँख बैलकी नाई है । मूषिक । मूसा । ६ त० । बैलकी आँख (न०) ६ ब० । बैलकी आँखवाला (त्रि०).

वृषवाहन, (पु०) वृषः वाहनं अस्य । बैलकी सवारीवाला शिवजी । " वृषभवाहन " यही अर्थ.

वृषस्यन्ती, (स्त्री०) वृषेण जम्भनं इच्छति । वृष्+जाभार्थे क्यच्-सुक्च । कामुकी । वह स्त्री जिसे विषय करानेकी इच्छा लगरही हो.

वृषाकपायी, (स्त्री०) वृषाकपेः पत्नी । ङीप्-ऐङ्च । वृषाकपिकी औरत । लक्ष्मी । गौरी । स्वाहा । शची । जीवन्ती.

वृषाकपि, (पु०) वृषं (धर्म्मं) न कम्पयति । न+कपि-इन्-न लोपः । जो धर्म्मको नहिं हिलाता । महादेव । विष्णु । अग्नि (आग) । और इन्द्र.

वृषाकर, (पु०) वृषस्य (सामर्थ्यस्य) करः । कृ+अच् । ताकत करनेहारा । माष । म्मां.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वृषाङ्क, (पु०) वृषः अंकः अस्य । बैल जिसका चिह्न है। शिवजी. [लिये एक प्रकारका कुशाका आसन.

वृषि (षी), (स्त्री०) वृष्+कि-वा ङीप् । व्रत करनेवालोंके

वृषोत्सर्ग, (पु०) उत्+सृज्+घञ् । ६ त० । मृतक (मराहुआ)के उद्देशसे उसके पुत्र आदिके द्वारा विधिसे कियागया बैलका त्याग । "वृषोत्सर्गश्च कर्तव्यः" इति स्मृतिः.

वृष्टि, (स्त्री०) वृष्+क्तिन् । वर्षण । वर्सना । "कर्म्मणि क्तिन्" मेघ (बादल)आदिसे वर्साहुआ जल (पानी).

वृष्टिभू, (पु०) वृष्टौ (तदुपलक्षिते काले) भवति। वर्षासे पहिचानेहुए समय (बर्सात)में होता है । भेक । मेंडक । वर्षामें हुआ (त्रि०). [बादल.

वृष्णि, (पु०) वृष्+नि । यादवोंका वंश । श्रीकृष्ण । और

वृष्णिगर्भ, (पु०) वृष्णिः (यादवकुलं) गर्भे यस्य । जिसके गर्भमें यादवोंका कुल है । श्रीकृष्णमहाराज.

वृह्,-दीप्ति (चमकना) चु० उभ० सक० पक्षे भ्वा० पर० इदित् । वृंहयति-ते । अववृंहत्-त । वृंहति । अवृंहीत्.

वृह्,-ध्वनि (आवाज़करना) और वृद्धि (बढ़ना)। भ्वा० पर० सक० सेट् । वर्हति । अवृहत् । अवर्हीत्.

वृहत्, (त्रि०) वृह्+अति । महत् । बड़ा । स्त्रियां ङीप्.

वृहती, (स्त्री०) बड़ी स्त्री । वाच् । आवाज़ । कण्टकारिका । कंड़ियारी । नौ अक्षरोंके पादवाला एक छन्द । ऊपरका कपड़ा. [किरणवाला । सूर्य्य । चित्रक वृक्ष.

वृहद्भानु, (पु०) वृहत् भानुः किरणो यस्य । बडे-

वृहद्रथ, (पु०) वृहत् रथः अस्य । बडेरथवाला । इन्द्र । यज्ञका एक पात्र (वर्तन) । सामवेदका एक भाग.

वृहस्पति, (पु०) वृहत्याः (वाचः) पतिः । पृ० नि० । वाणीका मालिक । जीव । देवताओंका आचार्य्य (गुरु).

वॄ, -(वरण) कवूलकरना । उभ० सक० सेट् । वृणातिवृणीते । अवारीत् । अवरिष्ट-अवरीष्ट-अवूर्त्त.

वेग, (पु०) विज्+घञ् । प्रवाह । जव । ज़ोर । तेज़ी । वीर्य्य । मूत्र और मलके निकालनेका यन्त्र (कला) । न्यायमें एक प्रकारका संस्कार । महाकाल.

वेगिन्, (पु०) वेग+अस्त्यर्थे इनि । श्येन । वाजपक्षी । वेगवाला (तेजीवाला) (त्रि०) स्त्रियां ङीप्.

वेणृ (न्),-वाजेपर नाचना । जाना । जान्ना । पहिचान्ना । विचारना । लेना । देखना । स्तुति (तारीफ़करना) । भ्वा० उभ० सक० सेट् । वेणति । वेणते । अवेणीत् । अवेणिष्ट.

वेण, (पु०) वेण्+अच् । वर्णसंकरजातिविशेष । एक प्रकारका दोगला । वर्णसंकर करनेवाला । पृथुराजाका पिता । एक राजा.

वेणि (णी), (स्त्री०) वेण्+इन्-वा ङीप् । एक प्रकारकी केशोंकी रचना । गुत्त । जलका समूह । जलका प्रवाह । देवदारुका द्रख्त । एक नदी । वह स्थान कि जहां गंगा, यमुना, और सरस्वती मिलजाती हैं.

वेणीर, (पु०) वेण्+ईरन् । अरिष्टवृक्ष । नीमका द्रख्त.

वेणु, (पु०) वेण्+उण् । वंश (वांस) । वांसकी बनीहुई वंसी (एक प्रकारका वाजा) । वंजली.

वेणुज, (पु०) वेणुतो जायते । जन्+ड । वांससे उपजा जौंके स्वरूपका चावल.

वेणुध्म, (पु०) वेणुं (वंशीं) धमति । ध्मा+क । वेणुवादक । बंसीवजानेवाला.

वेणुवाद, (त्रि०) वेणुं वादयति । वद्+णिच्+अण् । वेणुवादक । वंसी वजानेवाला । वंसी वजाता है. [मजदूरी

वेतन, (न०) अज्+तनन्-वीभावः । कियेहुए कामकी

वेतनादान, (न०) ६ त० । कर्म्मदक्षिणा (मज़दूरी)का लेना । एक प्रकारका व्यवहार.

वेतस्, (पु०) अज्+असुन्-तुक्च-वीभावः । वेंत । एक वृक्ष. [वेंतवाला देश.

वेतस्वत्, (त्रि०) वेतसः अस्ति अस्य । ड्मतुप् । बहुत

वेताल, (पु०) अज्+विच्-वीभावः । तल+घञ् । कर्म० । एक प्रकारका पहिलवान (मल्ल) । वह मुर्दा कि जिसमें भूतने प्रवेश किया है (भूताधिष्ठित शव) । शिवजीका एक अनुचर (नौकर) । द्वारपाल । दरवान.

वेतृ, (त्रि०) विद्+तृच् । ज्ञाता । जान्नेहारा । उठानेवाला । हासिल करनेवाला.

वेत्र, (पु०) अज्+त्रल्+वीभावः । वेंत । वेतसवृक्ष.

वेत्रधर, (पु०) वेत्रं धरति । धृ+अच् । वेंत पकडता है । द्वारपाल । दरवान । वेंतकी सोटी पकड़नेहारा (त्रि०).

वेत्र (त्रा) वती, (स्त्री०) वेत्रः बाहुल्येन अस्ति अस्याः मतुप् मस्य वः । वा दीर्घः । मालवदेशमें एक नदी । "शरावती वेत्रवती" इति पुराणम्.

वेत्रासन, (न०) वेत्रनिर्मितं आसनं । वेंतका बनाहुआ आसन । मूढ़ा । कुर्सी । चटाई.

वेद, (पु०) विद्+अच्-घञ् वा । विष्णु । ज्ञान (जान्ना) । शास्त्रका ज्ञान । उसका साधनधर्म्म और ब्रह्मको प्रतिपादन करनेहारा संहिता और ब्राह्मणस्वरूप ग्रंथविशेष । शास्त्रमें कहाहुआ चरित्र.

वेदगर्भ, (पु०) वेदो गर्भे यस्य । जिसके भीतर वेद है । सम्पूर्ण वेदको स्मरण करनेहारा हिरण्यगर्भ.

वेदन, (न०) विद्+ल्युट् । ज्ञान (जान्ना) । सुख दुःख आदिका अनुभव करना । और विवाह । युच् "वेदना" (स्त्री०).

वेदपारग, (पु०) वेदानां पारं (अन्तं सीमां) गच्छति

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

गम्+ड । वेदोंकी सीमातक पहुंचगया । सारे वेदोंको जान्नेहारा । समस्तवेदाभिज्ञ.

वेदमातृ, (स्त्री०) ६ त० । वेदोंकी माता । गायत्रीमहामन्त्र (वेदोंको बचानेसे).

वेदविद्, (पु०) वेदं वेत्ति । विद्+क्विप् । वेदको जानता है । विष्णु । वेदको जान्नेहारा (त्रि०).

वेदव्यास, (पु०) वेदान् व्यस्यति (विभिन्नशाखात्वेन पृथक् करोति) वि+अस्+अण् । भिन्न २ शाखारूपसे वेदोंको जुदा २ कर्त्ता है । पराशरका पुत्र । सत्यवतीके गर्भसे उपजा एक मुनि.

वेदस्, (पु०) विद्+असुन् । वेत्ता । जान्नेहारा.

वेदाङ्ग, (न०) वेदस्य अंगं इव । मानों वेदका अंग है (उसका अर्थ प्रकाश करनेसे) । शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिषरूप छ शास्त्र.

वेदादि, (पु०) वेदस्य आदिरिव । मानों वेदका आदि है (उसका पाठ करनेके समय पहिले उच्चारण किया जानेसे) । प्रणव । ओंकार.

वेदान्त, (पु०) ६ त० । वेदका अन्त । वेदका शिरोभाग (सिरा) । ब्रह्मको प्रतिपादन करनेहारा उपनिषद्रूप ग्रन्थविशेष । उसका उपकार करनेहारा शारीरक सूत्रका भाष्य आदि.

वेदाधिप, (पु०) ६ त० । वेदका मालिक । ऋग्वेदका वृहस्पति, यजुर्वेदका शुक्र, सामवेदका मंगल और अथर्ववेदका स्वामी शशिज (बुध) है । और विष्णु.

वेदान्तिन्, (त्रि०) वेदान्तो ज्ञेयत्वेन अस्ति अस्य इनि । जिसे वेदान्तशास्त्र जान्नेलायक है । वेदान्तशास्त्रके जान्नेहारा । वेदान्तशास्त्राभिज्ञ.

वेदाभ्यास, (पु०) ६ त० । वेदका पढ़ना, विचारना, अभ्यास करना, जप करना और दान (पढ़ानाआदि) । वार २ वेदशास्त्रके साथही प्रीति करना.

वेदि, (स्त्री०) वा ङीप् । परिष्कृतभूमि । संस्कार (साफ) कीगई पृथिवी । पण्डित (पु०).

वेदिजा, (स्त्री०) वेद्या जायते । जन्+ड । होमकी वेदीसे उपजी । द्रौपदी.

वेदितृ, (त्रि०) विद्+तृच्-इट्च । ज्ञाता । जान्नेहारा.

वेदिन्, (पु०) विद्+णिनि । पण्डित और हिरण्यगर्भ । जान्नेवाला (त्रि०).

वेध, (पु०) विध्+घञ् । वेधन । वीधना । नक्षत्रआदिसे रचागया एकप्रकारका योग (जिसे विवाह आदिमें त्यागना उचित है).

वेधक, (न०) विध्+ण्वुल् । कर्पूर । काफूर । धनिआं । वेधकर्त्ता (वेधनेवाला) (त्रि०) । निशाना लगानेवाला.

वेधस्, (पु०) वि+धा+असुन् गुणः । हिरण्यगर्भ । जगत्का रचनेहारा । विष्णु । सूर्य्य । और पण्डित । ब्रह्मा । बनानेवाला.

वेधित, (पु०) वेधः जातः अस्य । तार० इतच् । वेधागया (विद्ध) । छिद्रित (सुराख़ कियाहुआ).

वेधिनी, (स्त्री०) विध्+णिनि । जलौका । जोंक.

वेपृ,-कांपना । भ्वा० आ० अक० सेट् । वेपते । अवेपिष्ट.

वेपथु, (पु०) वेप्+अथुच् । कम्प । कांपना । कांप.

वेपन, (न०) वेप्+ल्युट् । कम्पन । कांपना । हिलना.

वेम, (पु०) वे+मन् । वापदण्ड । बुनेका डण्डा.

वेलृ,-चालन (हिलाना) । भ्वा० प० सक० सेट् । वेलति । अवेलीत्.

वेल, (न०) वेल्+अच् । उपवन (बाग) । काल । समय । वक्त । और समुद्रका कूल (किनारा) (स्त्री०) । " वेलामूले विभावरी " भट्टिः. [वेल्लति । अवेल्लीत्.

वेल्लृ,-(चालन) हिलाना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

वेल्लज, (पु०) वेल्ल्+अच् । जन्+ड । मरिच । मिरच.

वेल्लन, (न०) वेल्ल्+ल्युट् । घोड़े आदिका पृथिवीपर लोठना । काठका बनाहुआ पदार्थ (वेलना).

वेल्लित, (न०) वेल्ल्+भावे क्त । गमन । जाना । "कर्त्तरि क्त" कम्पित । हिलायाहुआ । और कुटिल (तिर्च्छा) (त्रि०).

वेवी,-(कान्ति) चाहना । जाना । फैलना । फेंकना । और खाना । सक० । उत्पन्न होना । अक० अदा० आ० सेट् (यह धातु वेदहीमें आता है) । वेवीते । अवेविष्ट.

वेश, (पु०) विश्+घञ् । अलंकारआदिसे दूसरी शकल बनायागया । नेपथ्यकर्म्म । सजावटका काम । वेश्यागृह (कंजरीका घर) । प्रवेश.

वेशधारिन्, (पु०) वेशं धरति । धृ+णिनि । छलसे दूसरा रूप बनानेवाला । कपटी तपस्वी आदि. [अग्नि.

वेशन्त, (पु०) विश्+झच् । छोटा तालाव । और आग ।

वेश्मन्, (न०) विश्+मनिन् । गृह । घर.

वेश्मभू, (स्त्री०) ६ त० । घर करनेलायक जगह । गृहकरणार्ह स्थान.

वेश्य, (न०) विश्+ण्यत् । वेशाय हितं वा यत् । वेशके लायक । वेश्यालय (कचनीका घर) । और वारयोषित् (मोलकी औरत-कंजरी) (स्त्री०).

वेष्टन, (न०) वेष्ट्+ल्युट् । कर्णशष्कुली । कानका पोलाड़ । उष्णीष (पगड़ी-साफा) । कूष्माण्ड (पेठा) और प्राचीर (सफील) । शहरपनाह । घेरा (पु०).

वेष्टित, (त्रि०) वेष्ट्+क्त । प्राचीर (शहरपनाह-सफील) आदिसे घिराहुआ । और रुद्ध । रुकाहुआ । रोकाहुआ.

वेसृ,-(गति) जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । वेसति । अवेसीत्.

वेसन, (न०) वेस्+ल्युट् । द्विदल । छोले । छोलोंका चूरा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वेहार, (पु०) वि+हृ+ घञ् । पृ० । इस नामका एक देश. [प्रार्थना । निश्चय और संबोधन (बुलाना).

वै, (अव्य०) वा+डै । पादको पूरण कर्त्ता है । अनुनय ।

वैकक्ष, (न०) विशेषेण कक्षति (व्याप्नोति) अण् । बहुतही फैलता है । एक प्रकारका हार । जिसे टेढ़ाकरके कांख (कच्छ)की ओर लटकाते हैं " वुन् "। छातीपर यज्ञोपवीत (जनेऊ)के स्वरूपसे धारण कियाहुआ एक प्रकारका हार. [" विकंकतका " (त्रि०).

वैकङ्कत, (पु०) विकङ्कत+स्वार्थेऽण् । एक प्रकारका दरख्त।

वैकल्पिक, (त्रि०) विकल्पेन प्राप्तः भवो वा ठक् । पक्षसे प्राप्त । मुख्तारी । चाहे वह दूसरा । दोनोंमेंसे एक.

वैकल्य, (न०) विकलस्य भावः ष्यञ् । विकलता । घबराहट.

वैकुण्ठ, (पु०) विकुण्ठे भवः अण् । विविधा कुण्ठा माया यस्य । स्वार्थे अण् । " विकुण्ठमें हुआ वा जिसकी माया कई तरहसे कुण्ठा (खुंड़ी) है" । विष्णु । गरुड़ । इन्द्र.

वैकृत, (न०) विकृतस्य भावः अण् । विकार । बदलना.

वैखरी,(स्त्री०) विशेषेण खं राति । रा+क । स्वार्थे अण् । अर्थको जतानेहारा कण्ठ (गला) आदि स्थानमें उच्चारण कियागया अक्षरोंका बनाहुआ शब्द.

वैखानस, (पु०) वि+खन्+ड । अन-असु । कर्म० । स्वार्थे अण् । वानप्रस्थ (तीसरे आश्रममें दाखिलहुआ) । एक तपस्वी.

वैगुण्य, (न०) विगतो विरुद्धो वा गुणोऽस्य । तस्य भावः ष्यञ् । " जहां जो चाहिये " उससे और स्वरूपमें बनादेना । विगाड़ना । अन्यायत्व (वेइन्साफी) । असम्पन्नत्व । पूरा न होना.

वैचित्र्य, (न०) विचित्रस्य भावः ष्यञ् । नानारूपता । कई शकलपन । विलक्षणता । अजीबपना । विचित्रपन.

वैजयन्त, (पु०) विजयते । वि+जि+क्त । स्वार्थे अण् । इन्द्रका प्रासाद (महल) । और एक दैत्य । पताका (झण्डी) । जयन्तीदरख्त (स्त्री०).

वैजिक, (न०) वीजेन निर्वृत्तं ठक् । शिग्रु (सुहांजना)-का तेल । "बीजके लिये हितकारी" । आत्मा । "स्वार्थे ठक् " कारण । वीजका (त्रि०).

वैज्ञानिक, (पु०) विज्ञानाय साधु ठक् । निपुण । होशिआर । "विज्ञानकी बाबत बनायागया ग्रन्थ ।" बौद्धोंका शास्त्र । उसे पढ़नेहारा (त्रि०).

वैड़ालव्रत, (न०) विडालस्य इदं अण् । तदिव व्रतम् । विल्लेके स्वभाववाला व्रत । " जिसमें धर्म्मके झण्डेको तो इन्द्रध्वजाके समान सदा ऊंचे रखता है और छिपकर पापही कर्त्ता है " प्रकट होकर धर्म्मका आचरण और छिपकर पाप करना.

वैणव, (न०) वेणूनां फलम् अण् । वांसका फल । वांसका (त्रि०).

वैणविक, (त्रि०) वेणोर्विकारः अण् । वैणवं (वेणुवाद्य) शिल्पं अस्ति अस्य ठन् । वांसरी वाजेका काम करनेहारा । वंशीवादक (वांसरी बजानेवाला). [बजानेवाला.

वैणिक, (त्रि०) वीणा-तद्वादनं-शिल्पं अस्य ठक् । वीन-

वैण्य (न्य), (पु०) वेण (न)स्य अपत्यं यञ् । वेणका पुत्र । पृथुनामी राजा.

वैतंसिक, (त्रि०) वितंसेन (मृगपक्ष्यादिबंधनोपायेन) चरति ठक् । जो पशुपक्षिओंको फंसाकर जीता है । मांस वेचकर जीनेवाला शिकारी (व्याध).

वैतनिक, (त्रि०) वेतनेन जीवति ठक् । मज़दूरीसे जीनेवाला । काम करनेवाला भृत्य (नौकर) आदि.

वैतरणि (णी), (स्त्री०) वितरणेन (दानेन) लंघ्यते अण् । ङीप् वा पृ० ह्स्वः । जिसे दानसे लांघ सक्ते हैं । यमराजके दर्वाज़ेके पासकी नदी (दर्य्या) । " यमद्वारे महाघोरे तप्ता वैतरणी नदी " इति पुराणम्.

वैतानिक, (पु०) वितानस्य अयं ठक् । वेदकी विधिसे अग्निका स्थापन करना.

वैतालिक, (त्रि०) विविधः तालः (मंगलगीतादिशब्दः) तेन व्यवहरति ठक् । मंगलको उत्पन्न करनेहारी स्तुतिओंसे राजाओंको जगानेहारा मागध (भाट) आदि.

वैतालीय, (पु०) एक प्रकारका मात्राछन्द.

वैदग्ध, (न०) (स्त्री०) विदग्धस्य (चतुरस्य) भावः अण् । स्त्रियां ङीप् । चातुर्य्य । चतुराई । हुशिआरी । "वैदग्ध्यं " भी.

वैदर्भ, (पु०) विदर्भाणां (जनपदानां) राजा अण् । विदर्भदेशका राजा । एक प्रकारकी काव्यरचना (स्त्री०) । " विदर्भे भवा " अण् । नलराजाकी स्त्री दमयन्ती (स्त्री०).

वैदिक, (पु०) वेदं वेत्ति-अधीते वा ठञ् । वेदको जानेहारा ब्राह्मण । " वेदेषु विदितः" ठक् । वेदमें कहाहुआ । (त्रि०) स्त्रियां ङीप्. [होना । पाण्डित्य । लायकपन.

वैदुष्य, (न०) विदुषो भावः । विद्वस्+ष्यञ् । विद्वान्‌का

वैदूर्य्य, (न०) विदूरे भवः ष्यञ् । एक प्रकारकी मणि । जिसका रंग काला और पीला है-विल्लेकी आंखके समान होती है । मूंगा.

वैदेह, (पु०) विशेषेण देहः (उपचयः) यस्य । स्वार्थे अण् । जिसकी बहुत वृद्धि होती है । वणिग्जन । व्यापारी आदमी । बनिआं । शूद्रसे वैश्यजातिकी स्त्रीमें उपजी एक जाति । " ठक्" " वैदेहिकः " बनिआं । " विदेहानां राजा " अण् । राजाजनक.

वैदेही, (स्त्री०) विदेहेषु (मिथिलादेशेषु) भवा ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अण्। मिथिलामें हुई। सीता। जनककी कन्या। हल्दी। मद्य। वनियानी.

वैद्य, (पु०) विद्या अस्ति अस्य अण्। जिसे विद्या हो। पण्डित। भिषज्। हकीम। डाक्टर.

वैद्यक, (न०) वैद्यं (चिकित्सकं) अधिकृत्य कृतो ग्रंथः कन्। हकीमकी खातिर बनायागया ग्रंथ। आयुर्वेद। इल्महकीमी. [कियाहुआ। विधान कियाहुआ.

वैध, (त्रि०) विधित आगतः अण्। विधिसे प्रतिपादन

वैधात्र, (पु०) विधातुः अपत्यं अण्। ब्रह्माकी सन्तान। सनत्कुमार आदि मुनिविशेष.

वैधृति, (पु०) विगता धृतिः यस्मात्। धृ० वृद्धिः। धी-रजरहित। विष्कम्भ आदिमें सबसे पिछला योग.

वैधेय, (त्रि०) विधीयते असौ। वि+धा+यत्। ततः स्वार्थे अण्। मूर्ख। बेवकूफ.

वैधर्म्म, (न०) विरुद्धः धर्मः यस्य। तस्य भावः ष्यञ्। विरुद्ध (वर्खिलाफ) धर्मका होना। और लक्षण (सिफ्त).

वैधव्य, (न०) विधवायाः भावः ष्यञ्। रंडापन। रंडापा। पतिका विरह (विछोड़ा).

वैनतेय, (पु०) विनतायाः अपत्यं ढक्। विनताकी सन्तान। गरुड़। और अरुण. [से हलीम.

वैनयिक, (त्रि०) विनये रतः ठक्। शास्त्रके ज्ञान आदि-

वैनाशिक, (पु०) विनाशं अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः ठक्। सबकी क्षणभंगुरता (छिनभरमें टूटनापन)को बतलानेहारा बौद्धशास्त्र। उसे जाननेहारा (त्रि०).

वैपरीत्य, (न०) विपरीतस्य भावः ष्यञ्। उलटापन। विपर्य्यय. [ऐश्वर्य्य। जलाल.

वैभव, (न०) विभोर्भावः अण्। विभुत्व। विभूति।

वैभ्राज, (न०) विभ्राज इदं अण्। देवताओंका एक बाग.

वैमुख्य, (न०) विमुखस्य भावः ष्यञ्। विमुखता। बेमुखहोना। मुं मोड़लेना.

वैमात्र, (पु०) विमातुः अपत्यं अण्। सौतेली मांकी संतान। सापत्नभ्राता। सौतेला भाई। वैसी भगिनी (बहिन) ङीप्. [बहिन। ङीप्.

वैमात्रेय, (पु०) विमातुः अपत्यं ढक्। सौतेला भाई। वैसी

वैयाकरण, (त्रि०) व्याकरणं वेति-अधीते वा अण्। व्याकरण जाननेहारा। व्याकरणाभिज्ञ.

वैयाघ्र, (पु०) व्याघ्रचर्म्मणा परिवृतो रथः अण्। भेड़ियेके चमड़ेसे ढकीहुई गाडी.

वैयाघ्रपद्य, (पु०) व्याघ्रपदस्य अपत्यं यञ्। गोत्रके चलानेहारा एक मुनि। "वैयाघ्रपद्यगोत्राय" इति भीष्मतर्पणमन्त्रः.

वैयात्य, (न०) वियातस्य भावः ष्यञ्। बेशर्मीका होना। निर्लज्जता। बेशर्मी. [शुकदेव.

वैयासकि, (पु०) व्यासस्य अपत्यं इञ्। व्यासकी सन्तान।

वैयासिकी, (स्त्री०) व्यासेन प्रोक्ता ठञ्-ङीप्। व्यासदेवकी रचीहुई संहिता। व्याससे कहीगई.

वैर, (न०) वीरस्य भावः अण्। बहादुरी। विरोध। दुश्मनी. [हारा.

वैरकर, (त्रि०) वैरं करोति। कृ+ट। विरोध करने-

वैरक्त्य, (न०) विरक्तस्य भावः ष्यञ्। विराग। किसी चीजकी इच्छा न करना.

वैरनिर्यातन, (न०) वैरस्य (वैरकृतापकारस्य) निर्यातनं। निर्+यत्+णिच्+ल्युट्। बदला निकालना। वैरकृतापकार। प्रतीकार.

वैराग्य, (न०) विरागस्य भावः ष्यञ्। विषयोंकी वासनासे रहित होना। इस लोक परलोकके विषयोंकी प्रीतिसे रहित होना। बेपर्वाह होना.

वैरानुबन्धिन्, (त्रि०) वैरं (विद्वेषं) अनुबध्नाति। णिनि। वैर बांधनेवाला। वैरका पीछा करनेहारा। वैरानुगत. [शत्रु.

वैरिन्, (त्रि०) वैरं अस्ति अस्य इनि। दुश्मनी करनेहारा।

वैरूप्य, (न०) विरूपस्य भावः ष्यञ्। विरूपता। शकलका बदलजाना। बेढंगी। बदशकलपना। वस्तुका विकार.

वैलक्षण्य, (न०) विलक्षणस्य भावः। अजीवपन। विलक्षणता. [स्वभावका बदलना.

वैलक्ष्य, (न०) विलक्षस्य भावः ष्यञ्। लज्जा। शरम।

वैवधिक, (त्रि०) विवधेन (धान्यादिसंग्रहेण) व्यवहरति ठक्। वार्त्तावह। कासिद। नैगम। बनिआं। दुकानदार. [पन.

वैवर्ण्य, (न०) विवर्णस्य भावः ष्यञ्। रंग बदलना। मैला-

वैवस्वत, (पु०) विवस्वतः अपत्यं-तस्येदं वा अण्। सूर्य्यकी सन्तान। यमराज। रुद्रविशेष। तत्सम्बन्धी (त्रि०).

वैवाहिक, (त्रि०) विवाहाय हितं-साधु वा ठक्। विवाहके लायक। विवाहसे मिलाहुआ कन्या और पुत्रका श्वशुर (सौरा) विवाहवाला (त्रि०).

वैशम्पायन, (पु०) व्यासदेवशिष्य-महाभारतका वक्ता (कहनेवाला)। एक मुनि. [रना। मारनेवाला.

वैशस, (न०) विशसस्य भावः स्वार्थे वा अण्। मा-

वैशाख, (पु०) विशाखा नक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी वैशाखी सा यत्र मासे पुनः अण्। दूसरा चन्द्रमाका महीना। उस महीनेकी पूर्णमासी। मन्थनदण्ड। मथानी। धनुर्धरों(तीरंदाजों)का एक प्रकारसे ठहरना (न०).

वैशिष्ट्य, (न०) विशिष्टस्य भावः ष्यञ्। गुणगुणीका मेल। विशेष्य और विशेषणका सम्बन्ध। विशेष्यविशेषणरूप ज्ञानका नियम बांधनेहारा सम्बन्ध। और भेद (फर्क).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वैशेषिक, (न०) विशेषं (पदार्थभेदं) अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः । " विशेष "पदार्थके विषयमें रचागया एक पुस्तक । कणादमुनिका रचाहुआ एक शास्त्र । " तदधीते अण् " कणादमुनिके बनायेहुए शास्त्रको जान्नेहारा । (त्रि०) । " तस्येदं अण् " कणादके शास्त्रवाला (त्रि०).

वैशेष्य, (न०) विशेषस्य भावः ष्यञ् । विशेषपन । विशेष्यविशेषणवाला । और भेद । " वैशेष्यात्तद्वादः" । साङ्ख्यम्.

वैश्य, (पु०) विशति-उपभुंक्ते । विश्+क्विप् स्वार्थे ष्यञ्" । एक वर्ण । ब्रह्माके ऊरु (पट्ट) से निकली एक जाति.

वैश्यवृत्ति, (स्त्री०) ६ त० । वैश्यका जीवन (कृषि-खेती और व्यापार). [विश्रवाका बेटा । कुबेर.

वैश्रवण, (पु०) विश्रवसः अपत्यं अण् । विश्रवणादेशः ।

वैश्वदेव, (पु०) विश्वेभ्यः देवेभ्यः देयः बलिः । अण् । वैश्वदेवके उद्देशसे दियाजारहा बलि । सब देवताओंकी बलि.

वैश्वानर, (पु०) विश्वेषां नराणां अयम् । कुक्षिस्थत्वात् । अण् । पूर्वदीर्घः । सब मनुष्योंका (पेटमें होनेसे) । वह्नि (आग) । चित्रकवृक्ष । सामवेदकी एक शाखा.

वैषम्य, (न०) विषमस्य भावः ष्यञ् । वैलक्षण्य । अ-जीवपना । एक जैसा न होना.

वैषयिक, (त्रि०) विषयेण निर्वृत्तः ठक् । शब्द स्पर्श आदि विषयसे उपजा सुखविशेष.

वैष्णव, (त्रि०) विष्णुः देवता अस्य । तस्येदं वा अण् । विष्णुकी उपासना करनेहारा और विष्णुवाला (त्रि०) स्त्रियां ङीप् " वैष्णवी ".

वैसारिण, (पु०) विसरति । वि+सृ+णिनि-स्वार्थे अण् । बहुत सरकता है । मत्स्य । मच्छी.

वैहासिक, (पु०) विहायसे अभिरतः । तं करोति ठक् । ठट्ठा मखौल करनेवाला । नाटक आदिमें प्रसिद्ध शृङ्गार-रसमें भरेहुए नायकका साथी विदूषक. [स्तथा".

वोढु, (पु०) वह्+तुन् । एक मुनि । " वोढुः पञ्चशिख-

वोढृ, (त्रि०) वह्+तृच् । वाहक । उठानेवाला । एक स्थानसे दूसरे स्थानपर लेजानेहारा । हाथ पकड़नेवाला (वर) (पु०) बोझा उठानेवाला । और मूर्ख (त्रि०) । बैल (पु०). [(घी) आदिका त्याग (छोड़ना).

वौषट्, (अव्य०) वह्+डौषट् । देवताके उद्देशसे हविः

व्यंसक, (पु०) विगतः अंसः यस्य कप् । जिसका कंधा दूर हुआ । धूर्त । ठग । नटखट । " मयूरव्यंस-कादयश्चेति " पाणिनिसूत्रम्.

व्यंसित, (त्रि०) वि+अंस्+क्त । वञ्चित । ठगाहुआ.

व्यक्त, (त्रि०) वि+अञ्ज्+क्त । स्फुट । प्रकाशित । प्रक-ट । ज़ाहिर । दृश्य । देखनेलायक । प्राज्ञ । पण्डित । और स्थूल (मोटा) विष्णु (पु०).

व्यक्ति, (स्त्री०) वि+अञ्ज्+क्तिन् । प्रकाश । ज़ाहिर । मशहूर करना । क्तिच् । जन (लोग) । एक २ । पृथगात्मक.

व्यग्र, (त्रि०) विगतं अग्रं अस्य । व्याकुल । घबराया हुआ । बहुत फसाहुआ । " विशिष्टं अग्रं यस्य" विष्णु (पु०).

व्यङ्ग, (न०) विगतं विकलं वा अंगं । कर्म० । विकलाङ्ग । विगड़ेहुए शरीरवाला । अंगसे हीन (त्रि०).

व्यङ्ग्य, (त्रि०) वि+अञ्ज्+ण्यत् । व्यञ्जनावृत्तिसे जान्ने-लायक अर्थ । रमजसे जान्नेलायक. [पङ्खा.

व्यजन, (न०) वि+अज्+ल्युट् । तालवृन्तक । पंखा ।

व्यञ्जक, (पु०) वि+अञ्ज्+णिच्-ण्वुल् । हृदयके भाव आदिको प्रकाश करनेहारा अवस्थानुकार (बतावा) । व्यञ्जनासे अर्थको जतानेहारा शब्द । प्रकाश करनेहारा (त्रि०).

व्यञ्जन, (न०) विशेषेण अज्यते । वि+अञ्ज्+ल्युट् । ओदन । भोजनोपकरण । भात और रोटीका सलूना । सागभाजी । नाल्दा । " वि+अञ्ज्+णिच्-ल्युट् " अलंका-रमें प्रसिद्ध एक प्रकारकी वृत्ति (शब्दशक्ति) (स्त्री०).

व्यञ्जित, (त्रि०) वि+अञ्ज्+णिच्-क्त । प्रकाशित । जत-लाया गया । जाहिर कियागया । व्यञ्जनावृत्ति (शब्दकी शक्ति)से जतलायागया अर्थ.

व्यतिकर, (पु०) वि+अति+कृ+अप् । सम्बंध । मेल । व्यसन । दुःख । मुसीबत. [उलटा.

व्यतिक्रम, (पु०) वि+अति+क्रम्+घञ् । विपर्य्यय ।

व्यतिरिक्त, (त्रि०) वि+अति+रिच्+क्त । भिन्न । जुदा । और.

व्यतिरेक, (पु०) वि+अति+रिच्+घञ् । विशेप । वि-यादा । अतिक्रम (गुजरना) अभाव (न होना) । विना (सिवाय) । अर्थालंकारविशेष.

व्यतिषक्त, (त्रि०) वि+अति+सञ्ज्+क्त । मिलाहुआ । और गुथाहुआ. [लाना । परस्परमेल.

व्यतिषङ्ग, (पु०) वि+अति+सञ्ज्+घञ् । आपसमें मि-

व्यति (ती) हार, (पु०) वि+अति+हृ+घञ्-वा दीर्घः । परीवर्त । बदलना । आपसमें एक प्रकारकी क्रियाका करना.

व्यतीत, (त्रि०) वि+अति+इण्+क्त । अतीत । बीतगया । गुज़र चुका । " व्यतीतकालस्त्वहमभ्युपेत " इति रघु०

व्यतीपात, (पु०) वि+अति+पत्+घञ्-दीर्घः । महोत्पा-तभेद । एक प्रकारका बड़ा उपद्रव । विष्कम्भ आदिमें एक योग. [विपर्य्यय । उलटा । लांघना । और

व्यत्यय, (पु०) वि+अति+इण्+अच् । व्यतिक्रम ।

व्यत्यास, (पु०) वि+अति+अस्+घञ् । विपर्य्यय । उल्टा.

व्यथ्,- भय (डरना) । चलना । दुःखका अनुभव करना ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

भ्वा० आ० अक० सेट्। व्यथते। अव्यथिष्ट। "अङ्" व्यथा.

व्यथा, (स्त्री०) व्यथ्+अङ्। पीड़ा (दर्द)। और दुःख.

व्यध्,-ताड़न (चोट लगाना) दिवा० पर० सक० अनिट्। विध्यति। अव्यात्सीत्. [ना। फाड़ना.

व्यध,(पु०) व्यध्+अच्। वेध। चोट लगाना। छेक कर-

व्यध्व, (पु०) विरुद्धः अध्वा। अच् समा०। बुरा रास्ता। कुपथ.

व्यपदेश, (पु०) वि+अप्+दिश्+घञ्। कथन (कहना)। संज्ञा (नाम)। कापट्य (छलपना)। बहाना.

व्यपरोपण, (न०) वि+अप्+रुह्+णिच्-ल्युट्। छेदन। काटना. [काटाहुआ.

व्यपरोपित, (त्रि०) वि+अप+रुह्+णिच्+क्त। छिन्न।

व्यपाकृति, (स्त्री०) वि+अप+आ+कृ+क्तिन्। निराकरण। इन्कार करना। न मान्ना। और छिपाना.

व्यपाश्रय, (पु०) वि+अप+आ+श्रि+अच्। आश्रय। आसरा.

व्यपेक्षा, (स्त्री०) वि+अप+ईक्ष्+अ। अपेक्षा (ज़रूरत)। व्याकरणमें " अवयवार्थापेक्षण " (शब्दमें हरएक हिस्सेके अर्थका ख़याल करना).

व्यभिचार, (पु०) वि+अभि+चर्+घञ्। निन्दिताचार। बुरा चालचलन। स्त्रीका दूसरे पुरुषके साथ संग करना। और पुरुषका पराई स्त्रीके साथ संग करना। न्यायमें " हेतु " का एक दोष.

व्यभिचारिन्,(पु०) वि+अभि+चर्+णिनि। अलंकारमें " रस " का अंगविशेष " निर्वेद " आदि। न्यायमें व्यभिचाररूप हेतुके दोषवाला पदार्थ। दूसरे पुरुषके पास जानेवाली स्त्री (स्त्रियां ङीप्).

व्यय, (पु०) वि+इण्+अच्। विगम। जाना। धनआदिका त्याग (छोड़ना)। खर्च करना। लग्नसे १२ वां स्थान.

व्यर्थ, (त्रि०) विगतः अर्थः प्रयोजनं वा अस्य। जिसका कुछ मतलब नहिं। निष्प्रयोजन। विफल। और अर्थसे शून्य। निरर्थक। बेफायदा.

व्यलीक, (न०) वि+अल्+ईकक्। अकार्य (बुराकाम)। कामसे उपजा अपराध। अप्रिय। और अनृत (झूठ)। झूठवाला (त्रि०).

व्यवकलन, (न०) वि+अव+कल्+क्त। वियोजन। अलगकरना। विगमन। निकालना। हीनतासम्पादन (कम करना)। घटाना.

व्यवकलित, (त्रि०) वि+अव+कल्+क्त। वियोजित। घटायागया. [काटाहुआ। और विशेषणवाला.

व्यवच्छिन्न, (त्रि०) वि+अव+छिद्+क्त। छिन्न।

व्यवच्छेद, (पु०) वि+अव+छिद्+घञ्। पृथक्करण। जुदाकरना। विशेषकरना। और मोचन (छुड़ाना).

व्यवधा,(स्त्री०) वि+अव+धा+ण्वुल्। व्यवधान। फरक। वीच.

व्यवधायक, (त्रि०) वि+अव+धा+ण्वुल्। व्यवधानकर्त्ता। फर्क डालनेवाला। और आच्छादक (ढांकनेहारा).

व्यवधि, (पु०) वि+अव+धा+कि। व्यवधान (वीचमें) पड़ना.

व्यवसाय, (पु०) वि+अव+षो+घञ्। उद्यम। हिम्मत। उपजीविका। रोजी। अनुष्ठान। काम करना। और अवधारण (निश्चय-यक़ीनकरना)। " व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनंदन। " इति गीता.

व्यवस्था, (स्त्री०) वि+अव+स्था+अ। शास्त्रसे विधान कियेहुएको दूसरे विषयसे अलग करके किसी खास विषयपर स्थापन (कायम) करना। शास्त्रमर्य्यादा। शास्त्रसे कहाहुआ नियम.

व्यवस्थित, (त्रि०) वि+अव+स्था+क्त। दूसरे विषयको तोडकर किसी खास विषयमें कायम कियागया। शास्त्रविधान कियाहुआ पदार्थ.

व्यवस्थितविभाषा, (स्त्री०) कर्म०। व्याकरणमें विषयान्तरपरिहारसे विषयविशेषमें जतलागया विकल्प (दोपक्ष). [काममें लानेहारा। व्यवहारी.

व्यवहर्तृ, (त्रि०) वि+अव+हृ+तृच्। व्यवहारकर्त्ता।

व्यवहार, (पु०) वि+अव+हृ+घञ्। ऋणादान (कर्ज़ाउठाना) आदि अठारह प्रकारका विवाद (झगड़ा)। " धर्म्मशास्त्र और आचार (भलमानसी)से विरुद्ध यदि कोई किसीको सतावे तो वह राजाके पास आवेदन कर्त्ता है "। विवादनिर्णय (झगड़ेका फ़ैसला)। साथ बैठना और खाना आदि. [द्दमेंके लायक। झगड़ेकी जगह.

व्यवहारपद, (न०) ६ त०। व्यवहारका विषय। मुक-

व्यवहारमातृका, (स्त्री०) व्यवहारस्य (विवादनिर्णयस्य) मातेव पोषकत्वात्। इवार्थे कन्। झगड़ा फैसला करनेकी मानो मां है। विवादका निर्णय करनेके लिये प्राड्विवाक (मुख्तार-वकील) आदिका क्रियासमुदाय (कार्रवाई-पैरवी).

व्यवहारिक, (त्रि०) व्यवहारः प्रयोजनं अस्य ठक्। व्यवहार (काम-कार्रवाई)के लायक लोकमें प्रसिद्ध घटपटआदि। स्त्रियां ङीप्। इङ्गुदवृक्ष (पु०).

व्यवहारिकसत्ता, (स्त्री०) कर्म०। व्यवहारोपयिकसत्व। व्यवहारमें आनेवाली सत्ता। वेदान्तमें कल्पना कियाहुआ ब्रह्मसे भिन्न पदार्थमात्रके असत्य होनेपरभी व्यवहारके योग्य सत्व जिस्से " घट " आदिका व्यवहार होता है। वह कल्पना कीगई सत्ता कि जिस द्वारा

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

“ यह घट है ” “ यह पट है ” इस प्रकारकी सिद्धि हो । जगत्को बनानेहारी सत्ता.

व्यवहार्य्य, (त्रि०) वि+अव+हृ+ण्यत् । “ यह इसी तरह है” इस प्रकार व्यवहारका स्थान । काममें आने लायक । और जिसके साथ भोजनआदि कियाजाय । वर्त्तनेलायक. [वाला पदार्थ.

व्यवहित, (त्रि०) वि+अव+धा+क्त । व्यवधान (फर्क)-

व्यवाय, (पु०) वि+अव+इण्+घञ् । ग्राम्यधर्म्म । मैथुन । भोग (सोहबत करना) । अन्तर्द्धान (छिपना) । शुद्धि (सफाई) । और तेज (न०).

व्यसन, (न०) वि+अस्+ल्युट् । विपत्ति (मुसीबत) । भ्रंश (गिरना) । काम और क्रोधसे उपजा दोष । स्त्रीके साथ भोग और मदिराका पीनाआदि दोष । दैवआदिसे कियेहुए उपद्रव (जुल्म).

व्यसु, (त्रि०) विगताः असवो यस्य । जिसके प्राण निकलगये । मृत (मरगया) । “ शेषे जातो भवेद्व्यसुः” इति ज्योतिषम्.

व्यस्त, (त्रि०) वि+अस्+क्त । व्याकुल । घबरायाहुआ । फैलगया । और विभक्त (बांटागया) विपरीत । उल्टा । सारे पदार्थोंमेंसे एक २ । नासारा। “भावे क्त”। व्यतिक्रम (नियम तोड़ना) (न०).

व्याकरण, (न०) व्याक्रियंते (व्युत्पाद्यन्ते) शब्दा येन। वि+आ+कृ+ल्युट् । जिसके द्वारा अर्थस्वरूपसे शब्दोंकी सिद्धि होती है । एक शास्त्र । वेदान्तमें नाम और रूपसे जगत्का प्रकाश करना.

व्याकुल, (त्रि०) वि+आ+कुल्+क । रोग (बीमारी) आदिसे “इसका क्या उपाय किया जाय ” इस निश्चयको न कर सकनेवाला । घबरायाहुआ । हैरानहुआ २.

व्याकृत, (त्रि०) वि+आ+कृ+क्त । प्रकाशित । ज़ाहिर कियाहुआ.

व्याकृति, (स्त्री०) वि+आ+कृ+क्तिन् । भङ्गी । खराब शकल । प्रकाशन । जाहिर करना । व्याकरण । जियादा बयान करना.

व्याकोश (ष), (त्रि०) वि+आ+कुश् (ष्)+अच् । व्यागतः कोशा (षा) त् । प्रा० स० वा । खज़ानेसे निकलआया । प्रफुल्ल । खिलाहुआ.

व्याख्या, (स्त्री०) वि+आ+ख्या+अच् । विवरणात्मक शब्दसमूहरूप ग्रन्थविशेष । जियादा बयान । शरा । कहना. [बयान कियागया.

व्याख्यात, (त्रि०) वि+आ+ख्या+क्त । कहाहुआ ।

व्याघात, (त्रि०) वि+आ+हन्+घञ् । अन्तराय । विघ्न । रुकावट । प्रहार (चोट) । अर्थसम्बन्धी एक अलंकार । रुकाहुआ कहना । एक प्रकारका योग (सत्ताईसमें).

व्याघ्र, (पु०) वि+आ+घ्रा+क । एक प्रकारका जीव । भेड़िया । वाघ । लाल एरण्ड । करंजका वृक्ष.

व्याघ्रास्य, (पु०) व्याघ्रस्य इव आस्यं यस्य । जिसका मुख वाघके समान है । विड़ाल । बिल्ला । “व्याघ्रमुख” भी.

व्याज, (पु०) वि+अज्+घञ् । कपट (छल) । बहाना । [अपदेश.

व्याजनिन्दा,(स्त्री०) ३ त०। बहानेसे निंदा। कपटनिन्दा। अर्थालंकारविशेष. [कारविशेष.

व्याजस्तुति, (स्त्री०) ३ त०। बहानेसे तारीफ़ । अर्थालं-

व्याजोक्ति, (स्त्री०) ३ त०। बहानेसे कहना। अर्थालंकार-विशेष.

व्याड़, (पु०) वि+अड्+अच् । मांसको खानेहारा वाघ आदि पशु । सर्प (सांप) । और इन्द्र । वञ्चक (ठग) (त्रि०). [एक मुनि.

व्याड़ि, (पु०) व्याकरण और कोषका संग्रहकरनेहारा

व्याध, (पु०) व्याध्+अण् । पशुओंको मारनेहारी एक जाति । शिकारी. [डराहुआ । मृग । हरिणपशु.

व्याधभीत, (पु०) व्याधाद्भीतः । भी+क्त । शिकारीसे

व्याधि, (पु०) वि+आ+धा+कि । रोग । बीमारी । और कोढ़का रोग.

व्याधित, (त्रि०) व्याधिः जातः अस्य । तार० इतच् । जिसे बीमारी होगई । व्याधियुक्त । बीमार.

व्याधू (धु) त, (त्रि०) वि+आ+धू-धु-वा+क्त । कम्पित। कांपगया । हिलगया.

व्यान, (पु०) वि+अन्+घञ् । सारे शरीरमें व्यापक (फैलाहुआ) । प्राणआदि पाँचमेंसे एक वायु (हवा).

व्यापक, (त्रि०) विशेषेण आप्नोति । बहुत पहुंचता है। वि+आप्+ण्वुल् । अधिक देशवृत्ति। बहुत जगहमें रहनेहारा। फैलाहुआ। तन्त्रमें सब अंगोंका न्यास. [पड़ाहुआ.

व्यापन्न, (त्रि०) वि+आ+पद्+क्त। मरगया। मुसीबतमें

व्यापाद, (पु०) वि+आ+पद्+घञ् । द्रोहचिन्तन। किसीका बुरा चाहना । हिंसाकरण । कतल करना.

व्यापादन, (न०) वि+आ+पद्+णिच्+ल्युट् । मारना। दूसरेका बुरा चाहना. [दार काम । मेहनत.

व्यापार, (पु०) वि+आ+पृ+घञ् । कर्म्म०। काम । तर्द्दे-

व्यापारिन् (त्रि०) व्यापारः अस्ति अस्य इनि । व्यापारवाला । व्यौपारी । मेहनती । वणिग्जन (बनिआं) (त्रि०). [विष्णु (पु०).

व्यापिन्, (त्रि०) वि+अप्+णिनि । व्यापक । फैलाहुआ।

व्यापृत, (त्रि०) वि+आ+पृ+क्त । व्यापारवाला.

व्याप्त, (त्रि०) वि+आप्+क्त । पूर्ण । पूरा । भराहुआ। न्यायमें व्याप्तिवाला पदार्थ, जैसे “ आगका धूआं ”.

व्याप्ति, (स्त्री०) वि+आप्+क्तिन् । ईश्वरका एक ऐश्वर्य (महिमा-बड़ाई-सब स्थानमें एक जैसा फैलजाना)।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

न्यायमें " साहचर्य्यनियम " हेतु और साध्यका इकट्ठा रहना-जैसे धूममें वह्निकी व्याप्ति है-अर्थात् धूमस्थलमें वह्नि अवश्य होती है.

व्याप्य, (त्रि०) वि+आप्+ण्यत् । व्याप्त । फैलाहुआ । थोड़े देशमें रहनेहारा पदार्थ । अनुमितिका साधन (न०).

व्याम, (पु०) वि+अम्+घञ् । टेढ़ी ओर फैलाईगई दोनों भुजाओंके वीचका परिमाण (माप).

व्यायत, (त्रि०) वि+आ+यम्+क्त । दीर्घ (लंबा) । आयत (चौड़ा) । दूर । और बहुत । " भावे क्त " लंबाई । फैलाव (न०).

व्यायाम, (पु०) वि+आ+यम्+घञ् । श्रम । मेहनत । वह काम कि जिस्से श्रम हो । मल्लों (पहिलवानों)का श्रम करनेहारा व्यापार । ऊठ बैठ वगैरह । हिम्मत.

व्यायोग, (पु०) वि+आ+युज्+घञ् । एक देखनेलायक काव्य. [वाला पशु । दुष्ट हाथी.

व्याल, (पु०) वि+अड्+घञ् । डस्य लः । सांप । मारने-

व्यालग्राह, (पु०) व्यालान् (सर्पान्) गृह्णाति । ग्रह्+अण् । सांपोंको पकड़ता है । " णिनि " । इसी अर्थमें है । सपादा. [आपसमें हसना.

व्यावहासी, (स्त्री०) वि+अव+हस्+घञ् । स्वार्थेऽण् ।

व्यावृत्त, (त्रि०) वि+आ+वृत्+क्त । वृत्त । घेरा । गोल । निवृत्त । हटगया । रुकगया । "व्यावृत्तगतिरुद्याने" कु-मारः.

व्यावृत्ति, (स्त्री०) वि+आ+वृत्+क्तिन् । निवारण । हटाना.

व्यास,(पु०) व्यस्यति वेदान् । वि+अस्+घञ् । विशेषकर फेंकता है (पुराण आदिमें उनके अर्थको प्रकाश कर्त्ता है) वेदोंको । पराशरमुनिका पुत्र । विग्रहवाक्य । विस्तार । फैलाव । पुराण पढ़नेहारा । ब्राह्मण । "य एवं वाचयेद्विप्रः स ब्रह्मन् व्यास उच्यते "

व्यासक्त, (त्रि०) वि+आ+षञ्+क्त । आसक्त । लगाहुआ । तत्पर । संलग्न । अच्छीतरह लगाहुआ.

व्यासङ्ग, (पु०) वि+आ+षञ्+घञ् । दूसरे कामोंको छोड़कर एकही काममें लगजाना । आसक्ति.

व्यासिद्ध, (त्रि०) वि+आ+षिध्+क्त । राजाकी आज्ञा आदिसे रुकाहुआ । मनह कियाहुआ । निषिद्ध । रोकागया.

व्याहत, (त्रि०) वि+आ+हन्+क्त । रुकाहुआ । घबरा-याहुआ । व्याघातयुक्त. [वचन । कहना.

व्याहार, (पु०) वि+आ+हृ+घञ् । वाक्य । उक्ति ।

व्याहृति, (स्त्री०) वि+आ+हृ+क्तिन् । उक्ति । कहना । " भूर्भुवःस्वः " आदि सात मन्त्रविशेष.

व्युत्क्रम, (पु०) वि+उद्+क्रम्+घञ् । क्रमवैपरीत्य । सिलसिलेसे उलटा । उल्टीतरह । क्रमविपर्य्यास.

व्युत्थान, (न०) वि+उद्+स्था+ल्युट् । विरोधकरण । दुश्मनी करना । स्वातन्त्र्यकरण । खुदमुख्तारी करना । प्रतिरोधन । आगेसे रोकना । एक प्रकारका नाच । विशे-षोत्थान । उठना " व्युत्थितिः " यही अर्थ.

व्युत्पत्ति, (स्त्री०) वि+उद्+पद्+क्तिन् । विशेषोत्पत्ति । बहुत पैदाइश । शास्त्रसे उत्पन्नहुआ शब्द और अर्थके ज्ञान आदिसे सिद्ध होनेलायक एक प्रकारका संस्कार । लियाक़त । इल्मीयत । शब्दोंके अर्थ जाननेकी ताकत (शक्ति).

व्युत्पन्न, (त्रि०) वि+उद्+पद्+क्त । व्युत्पत्ति (व्याक-रणकी रीति) वाला शब्द । उसके संस्कारवाला पुरुष । पण्डित । आलम । लायक. [स्कार कियाहुआ.

व्युदस्त, (त्रि०) वि+उद्+अस्+क्त । निराकृत । तिर-

व्युदास, (पु०) वि+उद्+घञ् । निराकरण । निरादर करना. [ते.

व्युष्,-त्याग (छोड़ना) चुरा०उभ०सक०सेट् । व्युषयति-

व्युष्ट, (त्रि०) वि+उष्+क्त । दग्ध । जलाहुआ । "वि+वस्+क्त" । पर्य्युषित । बासी । और प्रभात (सवेर) । फल और दिन (न०).

व्यूढ, (त्रि०) वि+वह्+क्त । ख़ास तौरपर ठहिरीहुई सेना । संहत । चौड़ा । पृथुल । फैलाहुआ । परिहित । पहिराहुआ । और विवाहित । विवाहागया.

व्यूत, (त्रि०) वि+वे+क्त । तांतोंसे गुथाहुआ । बुनाहुआ.

व्यूह, (पु०) वि+ऊह्+घञ् । समूह । और निर्म्माण (बनावट) । सम्यक्तर्क । अच्छी दलील । शरीर । सेना । लड़ाईके लिये सेनाका ठहिरना.

व्यो, (अव्य०) व्ये+डो । लोहा । और वीज (वी).

व्योकार, (पु०) व्यो+कृ+अण् । लौहकारक । लोहार.

व्योमकेश, (पु०) व्योम्नि केशो यस्य । जिसके वाल आकाशमें हैं । शिव । महादेव.

व्योमचारिन्, (पु०) व्योम्नि चरति । चर्+णिनि । आकाशमें विचरता है । पक्षी । परिंदा । देवता । ग्रह । नक्षत्र (तारा) आदि.

व्योमधूम, (पु०) व्योम्नः धूम इव नीलत्वात् । आकाश-का मानों धूआं है (नीला होनेसे) । मेघ । बादल.

व्योमन्, (न०) व्ये+मनिन् । पृ० । आकाश । आस्मान । पानी । जल. [में जानेलायक विमान (बैलून).

व्योमयान, (न०) ७ त० । आकाशमें सवारी । आस्मान-

व्योष, (न०) वि+उष्+अच् । त्रिकटु । तीन कड़वी चीज़ें । शुण्ठी (सूण्ठ) स्याहमिर्च और मघ (पिप्पली).

व्रज्,-गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । व्रजति । अव्राजीत्.

व्रज, (पु०) व्रज्+क (घञ्के अर्थमें) । समूह । गोष्ठ । गोवाड़ा । पथ । रास्ता । मथुराके पासका एकदेश.

व्रजनाथ, (पु०) ६ त० । व्रजके स्वामी । श्रीकृष्ण । " व्रजपाल " भी.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

व्रजमोहन, (पु०) व्रजान् (व्रजस्थान्) मोहयति । मुह्+णिच्+ल्यु । व्रजबासिओंको मोहता है । श्रीकृष्ण.

व्रजवल्लभ, (पु०) ६ त० । व्रजका पियारा । श्रीकृष्ण.

व्रजाङ्गना, (स्त्री०) ६ त० । व्रजकी स्त्री । गोपी.

व्रज्या, (स्त्री०) व्रज्+क्यप् । पर्य्यटन । घूमना । गमन । जाना । जिगीषु (जीतनेकी इच्छावाला) का लड़ाईके लिये यात्रा करना.

व्रण्,-(शब्दकरना-व्रणति) । शरीरपर घाव लगना । अंगक्षति । चुरा० उभ० अक० सेट् । व्रणयति-ते.

व्रण, (पु० न०) चु० । व्रण्+अच् । क्षत । घाव.

व्रत, (न०) व्रज्+घ (जको त) । एक प्रकारका खाना (भक्षण) । पुण्यका साधन उपवासआदि नियमविशेष.

व्रतिन्, (पु०) व्रतं अस्य अस्ति इनि । व्रतको धारण करनेहारा । और यजमान. [अव्रश्चीत्-अव्राक्षीत्.

व्रश्च्,-छेद (काटना) तु० प० स० सेट्-वेट् । वृश्चति ।

व्रश्चन, (पु०) वृश्च्यतेऽनेन । व्रश्च्+ल्यु । जिस्से काटा-जाय । छैनी । सोने आदिको काटनेके लिये पदार्थ । " भावे ल्युट् " काटना (न०).

व्रात, (पु०) वृ+अतच् । पृ० । समूह । बहुतसा.

व्रातीन, (त्रि०) व्रातेन जीवति । जिसका जीवन बहुतोंपर है.

व्रात्य, (न०) व्रातात् च्यवति यत् । समूहसे गिरजाता है । अव्यवहार्य्य । जिसके साथ वर्त्तना उचित नाहिं । संस्कारसे रहित । " जाति " परही जीनेवाला । "अत ऊर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः । सावित्रीपतिता व्रात्याः " इति मनुः. [यज्ञ जो व्रात्यके करनेलायक है.

व्रात्यस्तोम, (पु०) व्रात्ययोग्यः स्तोमः । एक प्रकारका

व्रीहि, (पु०) व्री+हि । हरएक प्रकारका धान्य । चावल.

व्रैहेय, (त्रि०) व्रीहीणां भवनं (क्षेत्रं) ढक् । चावल (धान) उपजनेलायक खेत.

श.

श, (न०) शी+ड । मंगल (भला) । महादेव । और शस्त्र (हथियार) (पु०). [भलाईवाला.

शंयु, (त्रि०) शं अस्ति अस्य । शम्+युस् । शुभान्वित ।

शंवर, (न०) शं वृणोति । शं+वृ+अच् । जल । पानी.

शंसा, (स्त्री०) शंस्+अ । वाक्य । वचन । कहना । इच्छा । प्रशंसा । तारीफ.

शंसित, (त्रि०) शंस्+क्त । निश्चित । पक्का । मारागया । कहागया । तारीफ कियाहुआ. [करनेलायक । कहनेलायक.

शंस्य, (त्रि०) शंस्+ण्यत् । मारनेके लायक । तारीफ़

शङ्क्,-त्रास (डरना) । अक० । संशय (शककरना) । सक० भ्वा० आ० सेट्-इदित् । शंकते । अशंकिष्ट.

शक्,-सामर्थ्य (लायक होना) । स्वा० प०अक० अनि० शक्नोति । अशकत्-अशाक्षीत्.

शक, (पु०) शक्+अच् । एक जाति । एक देश । अपना संवत् चलानेहारा एक राजा । उसका वरिस । कलियुगमें संवत् चलानेहारे युधिष्ठिर, विक्रमादित्य और शालिवाहन नामी तीनों होगये.

शकट, (पु० न०) शक्+अटन् । एक प्रकारकी सवारी । एक दैत्य । " छोटेके अर्थमे ङीप् " छोटा गड्डा (छकड़ा) । " अपने अर्थमें कन्" शकटिका.

शकटहन्, (पु०) शकटं (असुरभेदं) हतवान् । हन्+भूते क्विप् । जिसने शकटदैत्यको मारडाला । श्रीकृष्ण.

शकल, (पु० न०) शक्+कलच् । खण्ड । टुकड़ा । एक हिस्सा । छिलका । कांटा । वल्कल.

शकाब्द, (पु०) शककर्तृनृपसंबन्धी अब्द । संवत् चलानेहारे राजाके राज्यसे लेकर वरिस (वर्ष).

शकार, (पु०) राजाकी न विवाहीहुई स्त्रीका भाई । मद और मूर्खताका अभिमानी.

शकारि, (पु०) शकानां अरिः । एक प्रकारकी म्लेच्छजातिका दुश्मन । विक्रमादित्य.

शकुन, (न०) शक्+उनन् । भले और बुरेको सूचन करनेहारा निमित्त (बाहूका फकड़ना आदि कौवेका बोलना आदि) । हरएक प्रकारका पक्षी । एक पक्षी । गीध (पु०). [जाननेहारा । ज्योतिषी.

शकुनज्ञ, (त्रि०) शकुनं जानाति । ज्ञा+क । निमित्तके

शकुन्त, (पु०) शक्+उन्त । हरएक प्रकारका पक्षी । एक कीड़ा.

शकुन्तला, (स्त्री०) शकुन्तैः लायते । ला+घञर्थे क । पक्षिओंसे पालीगई । मेनका अप्सराके गर्भसे उपजी विश्वामित्रकी कन्या । उत्पन्न होतेही मातासे छोड़ीगई, पक्षियोंसे पालीगई, पीछे कण्व मुनिने प्रतिपालन किया, दुष्यन्त राजाने गांधर्वविधि(दोनोंके इकरारसे विवाह होना)से विवाही.

शक(क्क)र, (पु०) शक्+क्विप्—कृ+अच् । कर्म० । शक्-करप् वा । वृष । बैल । चौदह अक्षरोंके पादवाला एक छंद । एक नदी और मेखला (तड़ागी) (स्त्रियां ङीप्) "शर्क्करी" यहभी छंदमें. [वर । बल.

शक्त, (त्रि०) शक्+क्त । समर्थ । शक्तिवाला । ताकत-

शक्ति, (स्त्री०) शक्+क्तिन् । सामर्थ्य । ताकत । देवी । न्यायआदिमें कहाहुआ, कारणमें रहनेहारा कार्य्यको उत्पन्न करनेलायक एक प्रकारका धर्म्म । शब्दमें रहनेहारी अर्थको जतलानेहारी एक प्रकारकी वृत्ति, वशिष्ठजीका बड़ा बेटा । बर्च्छी.

शक्तिग्रह, (पु०) ६ त० । अर्थको जतलानेहारी वृत्ति-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

का समझना। शब्दकी शक्तिवाले अर्थको जानना। वृत्ति। एक अस्त्र। स्वामिकार्तिक। शिव.

शक्तिग्राहक, (पु०) शक्तिं गृह्णाति। ग्रह्+ण्वुल्। कार्तिकेय। "शक्तिं ग्राहयति (बोधयति)"। ग्रह्+णिच्+ण्वुल्। शब्दमें रहनेहारी अर्थकी शक्तिको जतलानेहारा। शक्तिको बोधन करनेहारा कारण (व्याकरण, उपमान, कोष, आप्तवाक्य, व्यवहार और वाक्यके शेषविवरणसे शक्तिग्रह होता है).

शक्तिधर, (पु०) शक्तिं धरति। धृ+अच्। कार्तिकेय। ताकत रखनेवाला (त्रि०)। "शक्तिभृत्" आदि-यही अर्थ.

शक्तिहेतिक, (पु०) शक्तिः हेतिः (प्रहरणास्त्रं) यस्य कप्। जिसके पास चोट करनेका साधन बर्छी है। बर्छीसे लड़नेहारा. [चूरा। सत्तू.

श (स) क्तु, (पु०) श (स) च्+तुन्। भुनेहुए जौंका

शक्रु, (त्रि०) शक्+नु। प्रियभाषी। पियारा बोलनेवाला.

शक्य, (त्रि०) शक्+यत्। शक्तिवाला। शक्ति जान्नेलायक अर्थ। साबित करनेलायक। होसकनेलायक.

शक्यतावच्छेदक, (त्रि०) ६ त०। शक्यपदार्थस्य धर्मो येन धर्मेण अर्थस्य शब्दसंकेतविषयता तस्मिन् धर्म्मे। जो शब्द जिस अर्थवाले पदार्थको जतलाता है वह अर्थरूप धर्म्म उस शब्दका शक्यतावच्छेदक (एक संकेत-शब्द अपने अर्थमें पूरे तौरपर रहनेवाला) है। जैसे "घट" शब्द "घटत्व"वाले पदार्थको बोधन कर्त्ता है, इसलिये उसका (घटका) धर्म्म "घटत्व" "घट" शब्दका शक्यातावच्छेदक है.

शक्र, (पु०) शक्+रक्। इन्द्र। कुटजवृक्ष। अर्जुनवृक्ष। ज्येष्ठानक्षत्र (१८ वां).

शक्रगोप, (पु०) शक्रं (शक्रधनुः) गोपायति (समवर्णत्वात्)। इन्द्रधनुष्को बचानेहारा (एक जैसा रंग होनेसे)। इन्द्रगोप। वीरबहूटी। एक प्रकारका कीड़ा.

शक्रज, (पु०) शक्रात् जायते। जन्+ड। इन्द्रसे उपजता है। काक। कौआ। इन्द्रसे उपजा (त्रि०)। "शक्रजात" आदि.

शक्रजित्, (पु०) शक्रं जितवान्। जि+क्विप्-तुक् च। इन्द्रको जीतगया। रावणका बेटा। मेघनाद राक्षस। इन्द्रके जीतनेहारा (त्रि०).

शक्रधनुस्, (न०) मेघ (बादल)का चिह्न इन्द्रके धनुषकीनाईं सूर्य्यकी किरणोंके मेलसे बना एक पदार्थ। रामधनुष.

शक्रनंदन, (पु०) ६ त०। इन्द्रका पियारा। अर्जुन.

शक्रसुत, (पु०) शक्रस्य सुतः। इन्द्रका पुत्र। वालि नामी वानरोंका राजा. [औरत (पुलोमजा).

शक्राणी, (स्त्री०) शक्रस्य पत्नी ङीप्-आनुक् च। इन्द्रकी

शङ्कर, (पु०) शं करोति। कृ+अच्। कल्याणकर्त्ता है। महादेव। कल्याण करनेवाला (त्रि०).

शङ्का, (स्त्री०) शकि+अ। त्रास। डर। वितर्क। दलील। संशय (शक).

शङ्कित, (त्रि०) शंका जाता अस्य। तार० इतच्। डराहुआ (भीत)। संदिग्ध (शक कियाहुआ-शकदार)। जिसपर विश्वास न हो.

शङ्कु, (पु०) शकि+उण्। स्थाणु। डाली और पत्तेआदिसे रहित सूकाहुआ द्रख्त। एक प्रकारकी मच्छी। शल्य-नामी अस्त्र (हथिआर)। कीलक (कील)। दश करोड़की संख्या (गिन्ती)। उस संख्यावाला। महादेव। सूर्य्यकी छाया मापनेके लिये लकड़ी आदिका बनाहुआ १२ ह अंगुलका साधन.

शङ्कुकर्ण, (पु०) शंकुरिव कर्णौ अस्य। जिसके कान शंकुकी नाईं हैं। गर्द्दभ। गधा.

शङ्ख, (पु० न०) शम्+ख। इस नामका समुद्रमेंसे उपजा पदार्थ। ललाट (मत्था)की हड्डी। एक प्रकारका ख़ज़ाना (निधि)। हाथीके दांतका मध्य। एक प्रकारकी संख्या। उस संख्यावाला। एक मुनि.

शङ्खध्म, (पु०) धमति। ध्मा+क। शंखबजानेहारा। "शंखध्मा" यही अर्थ.

शङ्खभृत्, (पु०) शंखं बिभर्ति। भृ+क्विप् तुक् च। शंखको धारण कर्त्ता है। विष्णु। नारायण.

शङ्खिनी, (स्त्री०) शंखः अस्ति अस्याः इनि। शंखवाली। चोरपुष्पी। यवतिक्ता। एक प्रकारकी स्त्री.

शच्,-गति (जाना आदि)। भ्वा० आ० सक० सेट्। शंचते. [शचते.

शच्,-वाचि (बोलना)। भ्वा० आ० सक० सेट्।

शचि (ची), (स्त्री०) शच्+इन्-वा ङीप्। इन्द्रकी पत्नी (स्त्री). ["शचीभर्त्ता" यही अर्थ.

शचीपति, (पु०) ६ त०। शचीका पति। इन्द्र।

शट्,-रोग (बीमार होना)। भेद (जुदाकरना)। जाना। थकना। भ्वा० पर० सक० सेट् (रोगअर्थमें) अक०। शटति.

शट, (पु०) शटति (रुजति)। शट्+अच्। अम्ल। खट्टा। शेरकी जटा (स्त्री०) फूलकी तिरी.

शठ्,-मारना। आलस्यकरना। बुराकहना। ठगना। तक्लीफ़ उठाना। शठति। शाठयति। शठयति.

शठ, (न०) शठ्+अच्। तगर। केसर। और लोहा। धत्तूरा (पु०)। धूर्त्त (ठग-ख़चरा) (त्रि०) शरारती.

शठता, (स्त्री०) शठस्य भावः तल्। शाठ्य। शरारत। वंचना। ठगी. [अशाणीत्। अशणीत्.

शण्,-दान (देना)। भ्वा० प० स० सेट्। शणति।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शण, (पु०) शण्+अच् । अपने नामका छोटा वृक्ष । भंगा । भांग । सनका पौधा. [सक । बैल.

शण्ड, (न०) शड़ि+अच् । कमल आदिका समूह । नपुं-

शण्डिल, (पु०) शड़ि+इलच् । शाण्डिल्यका पिता । एक मुनि. [रक्षा करनेहारा एक प्रकारका नपुंसक.

शण्ढ, (पु०) शण्+ढ । अन्तःपुर (जनानखाना)की

शत, (न०) शो+डतच् । इस नामकी संख्या । एक सौ । उस संख्यावाला । बहुतसी संख्या । "स्वार्थे कन्" (न०).

शतकुम्भ, (पु०) शतं कुम्भा यत्र । एक पहाड़, जिसमें-से सोना निकलता है.

शतकोटि, (पु०) शतं कोटयः (अग्राणि) यस्य । सौकरोड़ नोक्रोंवाला । वज्र । हीरा । "शतगुणिता कोटिः"। सौक्रोड़की गिन्ती (स्त्री०).

शतक्रतु, (पु०) शतं क्रतवः अस्य । जिसकी सैंकडों ताकते हैं । जिसने सौ यज्ञ किये हैं । इन्द्र । देवोंका राजा.

शतघ्नी, (स्त्री०) शतं हन्ति । हन्+ठक् । एक प्रकारका हथिआर । तोप । वृश्चिक । विच्छू । गलेकी बीमारी.

शततम, (त्रि) शतस्य पूरणः तमप् । सौको पूराकरने-वाला । सौवां. [सतलुज.

शतद्रु, (पु०) शतधा द्रवति । द्रु+कु । नि० । एक नदी ।

शतधा, (स्त्री०) शतं ग्रन्थीन् धत्ते । धा+क । दूर्वा । दूब । शत+धाच् । सौतरहसे । सौगुना.

शतधामन्, (पु०) शतं धामानि यस्य । जिसके सैंकड़ों घर वा तेज हैं । विष्णु.

शतधार, (पु०) शतं धारा (अग्राणि) यस्य । जिसकी सैंकडों नोक हैं । वज्र । हीरा । सौधारवाला (त्रि०) । "वसोः पवित्रमसि शतधारम्" इति श्रुतिः.

शतधृति, (पु०) शतं धृतयः अस्य । सैंकड़ों धीरज-वाला । इन्द्र । ब्रह्मा । और स्वर्ग. [पत्तोंवाला । कमल.

शतपत्र, (न०) शतं (बहूनि) पत्राणि अस्य । बहुत

शतपथ, (पु०) शतं पंथानो यत्र । अच् समा० । जहां बहुत रास्ते हैं । यजुर्वेदका ब्राह्मणस्वरूप एक ग्रंथ.

शतपथिक, (त्रि०) शतपथं वेत्ति अधीते वा ठन् । शतपथको जानता वा पढ़ता है । शतपथ ब्राह्मणस्वरूप ग्रंथको पढने वा जाननेहारा । कई मतों वा रास्तोंपर चलनेहारा.

शतपद, (न०) शतं पदानि यत्र । जहां सैंकड़ों पद हैं । ज्योतिष्में नक्षत्रचरणके अनुसार नामकरणके उप-योगी पहिले वर्णको सूचन करनेहारा एक चक्र । "शतं पादाः यस्याः" । पाद्भावः । ङीप्में पद्भावः । कानख-जूरा । कनकोल.

शतभिषज्, (स्त्री०) शतं भिषज इव ताराः यत्र । जहां सैंकड़ों तारा हकीमोंके समान हैं । अश्विनीसे चौबीसवां नक्षत्र (जिसका एकसौ तारा है) । "शतभिषा".

शतमख, (पु०) शतं मखा यज्ञा यस्य । जिसके सैंकड़ों यज्ञ हैं । इन्द्र.

शतमन्यु, (पु०) शतं मन्यवो यज्ञा यस्य । शते (दैत्येषु) मन्युः (क्रोधो वा) यस्य । जिसके सैकड़ों यज्ञ हैं, अथवा जो दैत्योंपर क्रोध कर्त्ता है । इन्द्र.

शतरुद्रीय, (न०) शतं रुद्रा (देवता) यस्य । जिसके सैंकड़ों देवता हैं । यजुर्वेदका रुद्राध्याय.

शतरूपा, (स्त्री०) शतं रूपाणि अस्याः । जिसके सैंकड़ों रूप हैं । ब्रह्मपत्नी । ब्रह्माकी स्त्री.

शतसाहस्र, (त्रि०) शतं सहस्राणि परिमाणं अस्य अण् । जिसका सैंकड़ों हज़ार माप है । लाखकी गिन्ती-वाला. [ड़ों आवाज़ें हों । विद्युत् । बिजली.

शतह्रदा, (स्त्री०) शतं ह्रदा यस्याः । पृ० । जिसकी सैंक-

शतानन्द, (पु०) शतं आनन्दयति । अण् । गोतमका पुत्र । अहल्याके गर्भसे उपजा एक मुनि । सैंकड़ोंको आनंददेनेहारा (त्रि०).

शतानीक, (पु०) शतं अनीकानि यस्य । जिसकी सैंक-डों सेना हैं । व्यासदेवका चेला । एक मुनि । सैंकड़ों सेना-वाला (त्रि०). [वज्र.

शतार, (न०) शतं आराणि अस्य । सैंकड़ों आरावाला ।

शतायुस्, (त्रि०) शतं आयुर्वर्षकालः अस्य । सौवर्ष-का । एकसौ वर्षकी उमरवाला । "शतायुर्वै पुरुषः" इति श्रुतिः. [चीज़.

शतिक, (त्रि०) शतेन क्रीतः ठन् । सौपर खरीदीगई

शत्य, (त्रि) शतेन क्रीतः यत् । सौकी गिन्तीवाले द्रव्य-से ख़रीदागया.

शत्रु, (पु०) शद्+त्रुन् । रिपु । दुश्मन् । लग्नसे छठा स्थान । शातक (दुःखदेनेहारा-कटनेहारा) (त्रि०).

शत्रुघ्न, (पु०) शत्रून् हन्ति । हन्+क । दशरथका बेटा । सुमित्राके गर्भसे उपजा लक्ष्मणका छोटाभाई.

शद्,-शातन (गिरना-नाशकरना-काटना) और जाना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । शीयते । अशाप्सीत्.

शनि, (पु०) शो+अनि । सूर्य्यका बेटा । छायाके गर्भसे उपजा एक ग्रह. [वारोंमें सातवां वार.

शनिवार, (पु०) शनिस्वामिको वारः । सूर्य्यवारादि

शनैश्चर, (पु०) शनैः चरति । चर्+अच् । शनिग्रह । वह सब ग्रहोंके उपरकी कक्षामें रहता है, बहुत काल तक एक २ राशिको भोगनेसे इसकी मृदुगति अर्थात् बहुत धीरे चलता है.

शनैस्, (अव्य०) मन्द । धीरे २.

शन्स्,-हिंसा (मारना) । स्तुति (तारीफ़करना) भ्वा० प० सक० सेट् । शंसति । अशंसीत्.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शप्,-आक्रोश (चिल्लाना-कसखाना । शापदेना-कसम खाकर इकरार करना) । वा भ्वा० पक्षे दिवा उभ० सक० अनिट् । शपति-ते । शप्यति-ते । अशाप्सीत्.

शपथ, (पु०) शप्+अथन् । सचा करनेके लिये एक प्रकारकी कसम (सौं) खाना । जैसे " यदि यह झूठ हुआ तो मेरा अमुक अनिष्ट (बुरा) हो ".

शपन, (न०) शप्+ल्युट् । शपथ । कसम । सौं.

शप्त, (त्रि०) शप्+क्त । शापदियागया । वदहुआदिया-हुआ. [गौ आदिका खुर । और वृक्षकी जड़.

शफ, (न०) शम्+अच् । पृ० " म " को " फ "

शफर, (पु० स्त्री०) शफं राति । रा+क । एक प्रकारकी मच्छी.

शब्द्,-आवाज़करना । चु० उभ० सक० सेट् । शब्दयति-ते.

शब्द, (पु०) शब्द्+घञ् । ध्वनि (आवाज़)स्वरूप और अक्षरोंके स्वरूपका । कानकी इन्द्रियका विषय । आकाशका गुणविशेष । आवाज़.

शब्दग्रह, (पु०) शब्दं गृह्णाति । ग्रह्+अच् । शब्दको ग्रहण कर्त्ता है । श्रोत्रेन्द्रिय (कानकी इन्द्रिय)। घञर्थे क । ६ त० । शब्दका ज्ञान (जान्ना).

शब्दब्रह्मन्, (न०) शब्दात्मकं ब्रह्म । शब्दस्वरूप ब्रह्म। वेदस्वरूप । सदा रहनेहारा शब्दस्वरूप ब्रह्म.

शब्दभेदिन्, (पु०) शब्दानुसारेण भिनत्ति लक्ष्यं णिनि । शब्दके अनुसार (जहां आवाज होती हो) नशानको फाड़ता है । एक प्रकारका तीर (जो शब्दको वींधता है) । अर्जुन । पायु (गुदा) । उपस्थ (लिंग).

शब्दशक्ति, (स्त्री०) ६ त० । शब्दोंकी (अर्थको जतानेहारी) अभिधा और लक्षणा आदिमें रहनेहारी सामर्थ्य (ताकत).

शब्दानुशासन, (न०) अनुशिष्यते अनेन । अनु+शास्+ल्युट् । ६ त० । शब्दकी साधुता (ठीकहोना-शुद्ध-होना) को जतानेहारा व्याकरण.

शब्दालंकार, (पु०) शब्दमात्रकृतः अलंकारः । अलंकारशास्त्रमें प्रसिद्ध अनुप्रासआदि अलंकार (शब्दसे कियाहुआ).

शब्दित, (त्रि०) शब्द+क्त । आहूत । बुलायाहुआ.

शम्,-शान्ति-अक० । शान्तकराना । सक० दि० पर० सेट् । शाम्यति-अशमत्-अशमीत्. [काबूकरना.

शम, (पु०) शम्+घञ् । शान्ति । भीतरकी इन्द्रियोंको

शमथ, (पु०) शम्+अथन् । शान्ति.

शमन, (पु०) शमयति । शम्+णिच्+ल्यु । जीवोंको पुण्यापुण्य (भलेबुरे)का फल देनेसे दण्ड देनेहारा यमराज । " भावे ल्युट् " शान्तिकरना. [यमुना.

शमनस्वसृ, (स्त्री०) ६ त० । यमराजकी बहिन (भगिनी)

शमल, (न०) शम्+कलच् । विष्ठा । मल । गूंह.

शमि (मी), शम्+इन् वा ङीप् । एकप्रकारका वृक्ष । जण्डीका दरख्त. [साविर.

शमिन्, (त्रि०) शाम्यति । शम्+णिनि । शान्त । धीर।

शमीक, (पु०) शम्+ईकक् । एक मुनिका नाम.

शमीगर्भ, (पु०) शमीगर्भ आधारत्वेन अस्ति अस्य अच् । शमीके गर्भसे उपजा । वह्नि (आग) । और ब्राह्मण.

शम्पा, (स्त्री०) शं पाति । पा+क । विद्युत् । बिजली.

शम्ब्,-गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शम्बति। अशम्बीत्. [मूसलके आगेका लोहा.

शम्ब, (पु०) शम्ब्+अच् । वज्र (इन्द्रका)। भाग्यवाला।

शम्बर, (न०) शम्ब्+अरन् । जल । धन (दौलत) । व्रत । और चित्र (मूरत) । एक मृग । एक दैत्य । एक मच्छ । एक पर्वत । लड़ाई । चित्रकवृक्ष । लोध । और अर्जुनवृक्ष । बहुत अच्छा (त्रि०).

शम्बरारि, (पु०) ६ त० । शम्बरका शत्रु । कामदेव । " शम्बररिपु ".

शम्बल, (पु० न०) शम्ब्+कलच् । कूल (किनारा) । पाथेय (सफरखर्च) । मत्सर (बखीली).

शम्भल, (पु०) शम्भं (कल्याणदायकं तीर्थं)लाति । ला+क । कल्याण देनेहारे तीर्थको बनाता है । एक गाँव, जहां कलकी अवतार होगा । कुट्टनी औरत (स्त्रियां ङीष्.)

शम्भु, (पु०) शम्+भू+डु । महादेव । कल्याणका स्थान.

शम्भुतनय, (पु०) ६ त० । शिवजीका पुत्र । गणेशजी । और स्वामिकार्तिक । " शम्भुसुत " आदि इसी अर्थमें.

शम्बु (म्बू) क, (पु० स्त्री०) शम्ब्+उन्+क् वा । जलशुक्ति । पानीकी सिप्पी । और हाथीके कुम्भस्थलका सिरा । रामायणमें प्रसिद्ध शूद्रतपस्वी । शंख । और दैत्य.

शम्या, (स्त्री०) शम्+यत्+टाप् । युगकीलक । जूलेकी कील. [शय्या (छेज) । पण (शर्त्त).

शय, (पु०) शी+अच् । हस्त (हाथ) । सांप । नींद ।

शयनीय, (न०) शी+अनीयर् । शय्या । छेज । स्वार्थे कन्. [शुक्लपक्षकी एकादशी.

शयनैकादशी, (स्त्री०) ६ त० । आषाढ (हाड़) के

शयालु, (त्रि०) शी+आलुच् । निद्राशील । सोनेवाला । अजगर । और कुत्ता (पु०). [" भावे क्त " नींद (न०).

शयित, (त्रि०) शी+कर्त्तरि क्त । निद्रित । सोगया ।

शयु, (पु०) शी+उ । अजगर सांप । " उनन् " शयुन (यही अर्थ). [छेज.

शय्या, (स्त्री०) शी+क्यप् । खट्वा । खाट । पलंग ।

शर, (न०) शॄ+अच् । जल (पानी) । तीर, सरकड़ा । दही और दूधका सार. [उपजा । कार्तिकेय.

शरजन्मन्, (पु०) शरवणे जन्म यस्य । जो शरवणमें

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शरट, (पु०) शॄ+अटन् । कृकलास । किर्ला । कुसुम्भ-शाक.

शरण, (न०) शॄ+ल्युट् । गृह (घर) । रक्षक (बचानेहारा) । बचाना । वध (मारना) । घातक (मारनेवाला).

शरणागत, (त्रि०) शरणं आगतः । आ+गम+क्त । शरणापन्न । शरणमें आपड़ा. [पथ । रास्ता । सड़क.

श (स) रणि (णी), (स्त्री०) शॄ (सॄ) अनि-वा ङीप् ।

शरण्य, (त्रि०) शरणाय साधुः यत् । शरणपड़नेसे रक्षा करनेलायक । हिफ़ाज़तके लायक । शरणपड़ेकी रक्षा करनेहारा.

शरद्, (स्त्री०) शॄ+अदि । वत्सर । वरिस । आश्विन (अस्सू) और कार्त्तिक (कत्तक) मासमें होनेवाली ऋतु (मौसिम). [रक्खे जाते हैं । तूण । तर्कश.

शरधि, (पु०) शरा धीयन्ते अत्र । धा+कि । जहां तीर

शरभ, (पु०) शॄ+अभच् । एक प्रकारका हरिण (जिसके आठ पांव होते हैं) । हाथीका बच्चा । एक बंदर । ऊंठ.

शरभू, (पु०) शरे (शरवणे) भवति । शरवणमें होता है । कार्तिकेय.

श (स) रयु (यू), (स्त्री०) शॄ (सॄ) अयु-वा ऊङ् । अयोध्या नगरीके नीचे वहनेवाली नदी (दर्य्या).

शरव्य, (न०) शरवे (बाणशिक्षायै) हितं । शरु+यत् । तीरकी विद्या सीखनेके लिये अच्छा । लक्ष्य । नशान । तीरसे वींधनेका स्थान.

शराभ्यास, (पु०) ६ त० । तीर चलानेकी शिक्षा.

शरारु, (त्रि०) शॄ+आरु । हिंस्र । हिंसा (कतल)-करनेवाला.

शरारोप, (पु०) शरा आरोप्यन्ते अत्र । आ+रुह्+णिच् । पुक्च-अच् । जहां तीर चढ़ायेजाते हैं । धनुष् । कमान.

शराव, (पु०) शरं (दध्यादिसारं) अवति । अव्+अण् । जो दहीआदि अच्छी चीजको बचाता है । दहीका एकपात्र (वर्त्तन) । पिआला । कुज्जा.

शरावती, (स्त्री०) शराः सन्ति अस्यां-मुतुप्-मस्य वः पूर्वदीर्घश्च । एक नदी.

शराश्रय, (पु०) ६ त० । तीरका आसरा । तूण । तर्कश.

शरीर, (न०) शॄ+ईरन् । प्रतिक्षण (छिन २)में क्षय होरहा । देह (जिस्म).

शरीरक, (पु०) शरीरं कायति (आत्मत्वेन अभिमन्यते) कै+क । जो शरीरको अपना करके मानता है । जीवात्मा.

शरीरज, (पु०) शरीरात् जायते । जन्+ड । शरीरसे उपजता है । रोग । बीमारी । जो कुछ शरीरसे उपजता है (त्रि०).

शरीरावरण, (न०) शरीरं आवृणोति । आ+वृ+युच । शरीरको ढ़ांकता है । शरीरपर फैलाहुआ चमड़ा । देहको ढ़ांकनेहारा-(त्रि०) ल्युट् । देहका पड़दा (न०).

शरीरिन्, (पु०) शरीरं (आत्माभिमानाश्रयत्वेन) अस्ति अस्य इनि । शरीरपर अपना अभिमान कर्त्ता है । जीव.

[(वाण) । शस्त्र ।

शरु, (पु०) शॄ+उन् । क्रोध । गुस्सा । वज्र । ...

शरेष्ट, (पु०) शृणाति कामम् । शॄ+अच्=शरः (काम:) तस्य इष्टः (इष्+क्त) । कामदेवका पियारा । आम्र । आम.

शर्करा, (स्त्री०) शॄ+करन् । ख़ण्डका विकार । चीनी । खांड । शक्कर । ओलेका टुकड़ा । "शर्करा अस्ति अत्र" मतुप्-उसका लोप । वहदेश जहां शर्करा (छोटे २ कंकर वा रोड़े) है । एक रोग । टुकड़ा.

शर्द्ध, (पु०) शृध्+घञ् । अपानवायु (नीचेकी हवा-पद्द) का छोड़ना । " ल्युट् " (न०) यही अर्थ.

शर्व,-हिंसा (कतलकरना-मारना) और गति (जाना) भ्वा० प० स० सेट् । शर्वति । अशर्वीत्.

शर्मद, (त्रि०) शर्म ददाति । दा+क । सुख देनेहारा । विष्णु (पु०) [ब्राह्मणकी उपाधि (पु०).

शर्मन्, (न०) शॄ+मनिन् । सुख । सुखवाला (त्रि०).

शर्य्याति, (पु०) वैवस्वतमनुका एक पुत्र.

शर्व, (पु०) शर्व्+अच् । महादेव.

शर्वर, (पु०) शर्व्+अरन् । कामदेव । अंधेरा (न०).

शर्व्वरी, (स्त्री०) शॄ+वनिप्-ङीप् वनोरच् । रात । हल्दी. [भवानी । महादेवकी स्त्री.

शर्व्वाणी, (स्त्री०) शर्वस्य पत्नी ङीप् आनुक् ।

शल्,-गति (जाना) भ्वा० प० स० सेट् । शलति । अशालीत्.

शलभ, (पु०) शल्+अभच् । एक कीड़ा । पतंग.

शलाका, (स्त्री०) शल्+आकन् । शल्य । तीर । सलाई । सारिका (मैंना) । मूर्त्ति लिखनेकी कलम । हड्डी.

शलाटु, (त्रि०) शल्+आटु । कच्चा फल । एक प्रकारकी जड़ । बिल्व (बिल्ल) (पु०).

शल्क, (न०) शल्+क । टुकड़ा । वृक्षका वल्कल (खाल) । मच्छीकांटा. [इञ् वा । सिंबलका पेड़.

श (शा) ल्मलि, (पु०) शल्+मलच् । स्वार्थे इञ्

शल्य, (न०) शल्+यत् । बाण (तीर) । तोमर । विष (ज़हिर) और कील. [शल्लति । अशल्लीत्.

शल्ल्, -(गति) जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

शल्व, -(शल्+व) शाल्वनामी देश (पु०).

शव्,-विकार (विगड़ना) और गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शवति । अशावीत्-अशवीत्.

शव, (पु० न०) शव्+अच् । मृतदेह । मराहुआ शरीर । मुर्दा । जल (न०). [मुर्देको चाहता है । उञ्

शवकाम्य, (पु०) शवं काम्यति । शव+काम्यच् ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शवयान, (न०) शववाह्यं यानं । मुर्देको उठानेलायक सवारी । तल्प । तख्ता.

शवर, (न०) शव्+अरन् । एक प्रकारकी म्लेच्छोंकी जाति । पानी और शिवजी (पु०) उसकी स्त्री । ङीष्.

शवरथ, (पु०) शववाहनार्थं रथः । मुर्दा उठानेके लिये गाड़ी.

शवरालय, (पु०) ६ त० । भीलोंके रहनेकी जगह.

शवल, (पु०) शव्+कलन् । कर्बुरवर्ण । रंगबरंगी । उब्बखडब्बा । उसवाला (त्रि०) । उस रंगकी गौ (स्त्री०). [शशाति । अशाशीत्-अशशीत्.

शश्, -प्लुतगति (उछलकरजाना) भ्वा० पर० सक०सेट् ।

शश, (पु०) शश्+अच् । एकप्रकारका मृग (खरगोश) । सयां । स्वार्थे कन् । (शशक) वही अर्थ.

शशधर, (पु०) शशं धरति । धृ+अच् । जिसके पास एकप्रकारका मृग रहता है । चांद (मृगाङ्क-शशाङ्क) । और काफूर (कर्पूर) । " शशभृत् " आदि-वही अर्थ.

शशबिन्दु, (पु०) एक राजा । और विष्णु.

शशाद, (पु०) शशं अत्ति । अद्+अण् । श्येन (बाज-पक्षी) " ल्यु " वही अर्थ. [(हिस्सह).

शशिकला, (स्त्री०) ६ त० । चन्द्रमाका सोलवां भाग

शशिकान्त, (न०) शशी कान्तः यस्य । जिसका पियारा चन्द्रमा है । कुमुद (एकप्रकारका फूल) । चन्द्रकान्तमणि (पु०). [चन्द्रमा.

शशिन्, (पु०) शशः अस्ति अस्य इनि । मृगवाला ।

शशिप्रभ, (न०) चांदकी चमकवाला । कुमुदफूल । ६ त० । चांदकी प्रभा । चांदनी (ज्योत्स्ना).

शशिभूषण, (पु०) शशी भूषणं यस्य । चन्द्रमा जिसका गहना है । महादेव । " शशिमण्डन " आदि भी.

शशिलेखा, (स्त्री०) शशिनो रेखा (रस्य लः) । चन्द्रमाकी कला । गुडूची (गिलो).

शशिशेखर, (पु०) शशी शेखरं यस्य । जिसका सिरका भूषण चन्द्रमा है । महादेव । " शशिमूर्धा " आदि भी. [का रोआँ.

शशोर्ण, (न०) ६ त० । शशलोम । सहे(खरगोश)-

शश्वत्, (अव्य०) शश्+वति । नैरन्तर्य्य । लगातार । सदा । हमेशं । वार २. [अशाषीत्-अशषीत्.

शष्, -वध (कतलकरना) भ्वा० प० स० सेट् । शषति ।

शष्कुल, (पु०) शष्+कुलच् । एक दरख्त । एक प्रकारका पूड़ा (अपूप) । कर्णरन्ध्र (कानका छेक) । एक मच्छ.

शष्प, (न०) शष्+पक् । बालतृण । छोटा २ घास । नयाघास. [अशासीत्-अशसीत्.

शस्, -वध (कतलकरना) भ्वा० प० स० सेट् । शसति ।

शंस्, -आशिष् (आशीर्वाद देना) भ्वा० आ० सक०सेट्-इदित् । अक्सर । यह धातु " आङ् " उपसर्गके साथ रहता है । आशंसते । आशंसिष्ट.

शस्, -स्वप्न (सोना-सुपना आना) अदा० प० अक० सेट्-इदित् । शंस्ति-अशंसत.

शसन, (न०) शस्-वध+ल्युट् । यज्ञके लिये पशुका मारना.

शस्त, (न०) शंस्+क्त । कल्याण । उसवाला । स्तुत । तारीफ़ कियाहुआ । और बहुत अच्छा (त्रि०).

शस्त्र, (न०) शस्+ष्ट्रन् । लोहा । तरवार आदि औज़ार.

शस्त्रजीविन्, (पु०) शस्त्रेण जीवति णिनि । शस्त्रपर जीनेहारा.

शस्त्रपाणि, (पु०) शस्त्रं पाणौ यस्य । जिसके हाथमें शस्त्र है । शस्त्र पकड़नेहारा । एक प्रकारका आततायी (दूसरेके घातमें लगाहुआ).

शस्त्राभ्यास, (पु०) ६ त० । शस्त्र चलानेकी शिक्षा.

शस्त्रिन्, (त्रि०) शस्त्रं अस्ति अस्य इनि । शस्त्रवाला.

शस्त्री, (स्त्री०) स्वल्पं शस्त्रं ङीप् । छोटा शस्त्र । छुरिका । छुरी. [खेतका धान आदि.

शस्य, (न०) शस्+यत् । वृक्षआदिका फल । और

शस्यमञ्जरी, (स्त्री०) ६ त० । नये धान आदिकी मिंजर.

शाक, (पु० न०) शक्+घञ् । पत्ते फूल आदि । एक प्रकारका वृक्ष (पु०) । शक्ति (ताकत) । शिरीषका वृक्ष । संवत् चलानेहारा एक राजा । उसका वरिस (पु०)। हरीतकी (हरीड़) (न०) । "श्यति सामर्थ्यं" शो+क । इस तरहके वृक्ष आदिके पत्ते (न०).

शाकटायन, (पु०) व्याकरणके बनानेहारा एक मुनि.

शाकटिक, (पु०) शकटेन चरति ठञ् । छकड़ेसे जानेहारा.

शाकतरु, (पु०) शाकाख्यः तरुः । सागोनका दरख्त.

शाकम्भरी, (स्त्री०) शाकैर्बिभर्ति । भृ+खच्+मुमुच । " भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राणधारकैः । शाकम्भरीति विख्याति"मिति चण्डी । दुर्गा । सागोंसे पालनेवाली.

शाकराज, (पु०) शाकेषु राजते अच् । शाकानां वा राजा टच् । सागोंमें चमकता है । वा सागोंका राजा । वास्तूकशाक । वास्थूका साग.

शाकिनी, (स्त्री०) शाकः अस्ति अस्याः इनि । साग उपजानेवाली पृथिवी । और एक देवीकी सहचरी (साथ रहनेहारी).

शाकुन, (पु०) शकुनं (शुभाशुभसूचकं निमित्तं) अधिकृत्य कृतो ग्रंथः अण् । शकुन (सगन) जानेका साधन । एक प्रकारका ग्रंथ । काकचरित.

शाकुनिक, (पु०) शकुनेन (पक्षिवधादिना) जीवति ठञ् । जो पक्षिओंको मारकर जीता है । पक्षिओंको मारनेहारा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शाकुन्तलेय, (पु०) शकुन्तलाया अपत्यं ढक् (ण्य)। दुष्यन्तराजाका बेटा, शकुन्तलाके गर्भसे उपजा भरत राजा. [हुआ शक्तिदेवीकी उपासनाकरनेहारा.

शाक्त, (त्रि०) शक्तिः देवता अस्य अण्। तन्त्रमें कहा-

शाक्तीक, (पु०) शक्तिः प्रहरणं अस्य ईकक्। शक्ति- (ताकत-बर्छी)से लड़नेहारा.

शाक्य, (पु०) शक्+घञ् । तत्र साधुः यत्। बुद्धदेव.

शाक्यसिंह, (पु०) शाक्यवंशे सिंह इव। शाक्यके वंशमें मानों शेर है। बुद्धविशेष. [खति। अशाखीत्.

शाख,-(व्याप्ति)फैलना। भ्वा० पर० सक० सेट्। शा-

शाख, (पु०) शाख्+अच् । कृत्तिकाका पुत्र । स्कंद (स्वामिकार्त्तिक)का छोटा भाई। गणविशेष। ग्रंथका भाग। सर्गके स्थानमें ग्रंथका अंश। और द्रख्तका हिस्सा। डाली। राहु। बेल। अन्तिक (नज़दीक) और वेदका एक भाग (स्त्री०).

शाखानगर, (न०) शाखेव नगरं । असली मुल्कके पासका छोटा शहिर। " शाखापुर " आदि भी.

शाखामृग, (पु०) शाखास्थो मृगः। डालीपर वा डालीका पशु। वानर। वंदर.

शाखारण्ड, (पु०) शाखायां (वेदशाखायां) रण्डः (तद्विहितकर्म्मानाचरणात्) । वेदमें कहेहुए कामको न करनेसे वेदकी शाखामें रण्डा है। अपनी शाखाको छोड़कर काम करनेहारा.

शाखिन्, (पु०) शाखा अस्ति अस्य इनि। डालीवाला। द्रख्त। वेदका एक भाग। एक राजा। म्लेच्छविशेष.

शाट, (पु०) शट्+घञ्। वस्त्र। कपड़ा (स्त्रियां ङीष्).

शाटक, (पु० न०) शट्+ण्वुल्। वस्त्र। कपड़ा (स्त्रियां टाप्).

शाट्यायन, (पु०) एक मुनि। " तेन प्रोक्तं अण् " एक प्रकारका होम, जो प्रकृत होममें किसी प्रकारके वैगुण्य (विधिका टूटना)होजानेपर कियाजाता है (न०). [मूर्खता.

शाठ्य, (न०) शठस्य भावः ष्यञ्। शठता। ढीठपना।

शाण, (न०) शणेन निर्वृत्तं अण्। सनके सूतका बनाहुआ कपड़ा आदि। शण्+घञ्। कषपाषाण। कसौटी। शस्त्रआदिको तेज करनेके लिये एक प्रकारका यन्त्र (कला). [कियाहुआ.

शाणित, (त्रि०) शण्+णिच्-क्त । तीक्ष्णीकृत । तेज़

शाण्डिल्य, (पु०) शण्डिलस्य अपत्यं यञ् । गोत्रको चलानेहारा, भक्तिशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि। बिल्व। आग. [कमजोर, और तेज (त्रि०).

शात, (न०) शो+क्त । सुख । उसवाला। कटाहुआ,

शातकुम्भ, (न०) शतकुम्भे भवः अण्। हिरण्य (सोना)। धतूरा। और करवीर (पु०).

शातन, (न०) शो+णिच्-तङ्च ल्युट्। तनूकरण। छोटाकरना। तेजकरना। और विनाशन (बिगाड़ना)। " जायते पत्रशातनम् " इति मीमांसा। झड़ना.

शात्रव, (पु०) शत्रुः एव। स्वार्थेऽण् । रिपु। दुश्मन। " तस्य भावः संघो वा " अण्। वैर। दुश्मनी। शत्रुओंका समूह. [वाल्तृण.

शाद, (पु०) शद्+घञ्। कर्द्दम (कीचड़)। नयाघास।

शादहरित, (पु०) शादेन हरितः (तद्वर्णयुक्तः)। शाद्वलदेश। नयेघासवाली पृथिवी.

शाद्वल, (पु०) शादाः सन्ति अत्र । ड्वलच्। बहुत घासवाली जगह.

शान्,-भेदन (फाड़ना) भ्वा० उभ० सक० सेट्। स्वार्थे सन्। शीशांसति-ते। अशीशांसीत्। अशीशांसिष्ट.

शान, (पु०) शान्+अच् । अस्त्रों (औजारों)के तेज करनेहारा एक यन्त्र.

शान्त, (त्रि०) शम्+क्त । शमयुक्त। शान्तिवाला। आचार्य्य। वह रस कि जिसका स्थायिभाव निर्वेद है (पु०)। लोमपाद राजाकी कन्या। ऋष्यशृङ्गकी स्त्री। शमीवृक्ष। (स्त्री०).

शान्तनव, (पु०) शन्तनोः अपत्यं अण्। शन्तनुकी सन्तान। भीष्म पितामह। " भीष्मः शान्तनव " इति तर्पणम्. [राजाका पुत्र। एक राजा.

शान्तनु, (पु०) द्वापर युगमें हुआ चन्द्रवंशी प्रतीप

शान्ति, (स्त्री०)शम्+क्तिन्। काम, क्रोध आदिका वर्तना। विषयोंसे मनका हटाना (निवारण)। हटाना.

शान्तिक, (त्रि०) शान्तये हितं ठक्। उपद्रवोंको दूर करनेहारी होमआदि क्रिया.

शाप, (पु०) शप्+घञ्। " तेरा बुरा हो " इस प्रकार कहना। लानत। शपथ। कस्म। सौं.

शापास्त्र, (पु०) शाप एव अस्त्रं यस्य। शापही जिसका औज़ार है। मुनि। संत.

शाब्दबोध, (पु०) शब्देन निर्वृतः अण्। शब्दसे बना हुआ। अन्वय (संबंध)का बोध । शब्दके ज्ञानसे उत्पन्नहुआ एक प्रकारका ज्ञान। लफ़ज़की पूरी २ समझ (अर्थज्ञानके लिहाज़से).

शाब्दिक, (पु०) शब्दं (शब्दसाधुताज्ञापकं शास्त्रं) वेत्ति अधीते वा ठक् । शब्दकी शुद्धिको जतानेहारे शास्त्रको जान्नेहारा। व्याकरणशास्त्रके जान्नेवाला.

शामित्र, (न०) शम्+णिच्+इत्रच्। पशुके बांधनेका स्थान.

शाम्बरी, (स्त्री०) शम्बरेण निर्वृत्ता अण्+ङीप्। शम्बरनामी दैत्यसे रचीगई। माया। इन्द्रजाल आदि.

शाम्भव, (पु०) शम्भोरयं अण्। गुग्गल (शंभुका)। शिवजीका पुत्र। और काफ़ूर। एक विष (जहिर)।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

देवदारु । शिवजीका । और उसका उपासक (त्रि०)। दुर्गा (स्त्री०). [और तर्वार (खड्ग).

शा (सा) यक, (पु०) शो (षो) ण्वुल् । बाण (तीर)।

शार, (न०) शार्+अच् । शॄ+घञ् वा । कर्बुरवर्ण । रंगबरंगी । उसवाला (त्रि०).

शारंग, (पु०) शारं (कर्बुरं) अङ्गं यस्य । शक० । जिसका अंग रंगबरंगी है । पपीहा (परिंदा) । हरिण । हाथी । भौरा । और मोर.

शारद, (न०) शरदि भवं अण् । चिट्टा कमल । काही । बकुल । और हरी मूंग (पु०) । जो शरत् कालमें हो (त्रि०) । " चिट्टे कमलवाली " सरस्वती । " श्वेत-पद्मं अस्ति अस्याः अच् " (स्त्री०).

शारदिक, (न०) शरदि भवं श्राद्धं रोगो वा ठञ् । शरत् कालका श्राद्ध । उस कालकी बीमारी (पु०).

शारदीया, (स्त्री०) शरदि भवा-छण् । शरत्कालमें करने-लायक दुर्गाकी पूजा.

शारि (री), (स्त्री०) शॄ+इञ् वा ङीप् । पाशक (पास्सा) आदिकी गोली । एक परिंदा (मैंना) । हाथीका पलाना । छल. [खेलनेका पटड़ा । छक.

शारिफल, (पु० न०) शारेः फलं (आधारः) । पास्सा

शारीर, (त्रि०) शरीरस्य इदं अण् । शरीरके साथ मिला-हुआ सुख दुःख आदि । वृष (बैल) (पु०)। "शरीर-को अपना करके मानता है-अण् " जीव । " शरीर-के दुःख अथवा जीवके विषयमें रचाहुआ ग्रंथ" । अण् । व्यासदेवके बनायेहुए वेदान्तके सूत्र । चिकित्सा(ह-कीमी)का अङ्ग । सुश्रुतग्रंथ आदिका एक हिस्सह.

शारीरिक, (त्रि०) शरीरे भवः ठक् । शरीरमें उपजा दुःख आदि. [करनेहारा.

शारुक, (त्रि०) शॄ+उकञ् । हिंसक । मारने (कतल)-

शार्कर, (त्रि०) शर्करा अस्ति अस्य । अण् । शर्करा (कंकरआदि)वाली जगह (जहां ईंट, रोडे, कंकर बहुत हों).

शार्ङ्ग, (त्रि०) शृङ्गस्य विकारः अण् । सींगका बनाहुआ पदार्थ । विष्णुका धनुष् (कमान) । और हरएक कमान (पु०) अदरक (न०).

शार्ङ्गिन्, (पु०) शार्ङ्गं अस्ति अस्य इनि । विष्णु । हरएक धनुष् पकड़नेहारा (त्रि०).

शार्दूल, (पु०) शॄ+ऊलच्-दुकूच । व्याघ्रविशेष । एक भेड़िया । एक पक्षी । एक राक्षस (पिछले पदमें रहताहै श्रेष्ठ अर्थमें). [छन्दविशेष.

शार्दूलविक्रीडित, (न०) उन्नीस अक्षरोंके पादवाला

शार्वर, (न०) शर्वर्य्या इदं अण् । रातका । बहुत अंधेरा. [अशालिष्ट.

शाल्, -कथन-कहना । भ्वा० आ० स० सेट् । शालते ।

शाल, (पु०) शल्+घञ् । एक मच्छी । प्राकार (फसली)। एक द्रख्त । "रसालः सालः समदृश्यतामुने" ति नैषधम्.

शालग्राम, (पु०) शालानां (वृक्षाणां) ग्रामः (समूहः) यत्र । जहां बहुत सालके द्रख्त हों । एक पहाड़ । "उपजा" अण् । वहां उत्पन्नहुई एक प्रकारकी विष्णुकी मूर्त्ति. [सर्जरस (धुना).

शालनिर्य्यास, (पु०) ६ त० । सालद्रख्तकी गोयँद ।

शालभञ्जिका, (स्त्री०) शालेन भज्यते (निर्मीयते) भञ्ज्+ण्वुल् । काठकी बनीहूई पुतली । और वेश्या (कं. जरी). [तनाकी डाली.

शाला, (स्त्री०) शाला+अच् । गृह । घर । जगह । द्रख्तके

शालामृग, (पु०) शालायां मृग इव । शृगाल । गीदड़ । सियार. [बिल्ला । हरिन । और बंदर.

शालावृक, (पु०) शालायां वृक इव । कुत्ता । गीदड़ ।

शालि, (पु०) शल्+इञ् । कलमा आदि धान.

शालिवाहन, (पु०) विक्रमादित्यको मारकर शकका बरिस चलानेहारा एक राजा.

शालिहोत्र, (पु०) शालयः हूयन्ते अत्र । हु+ष्ट्रन् । जहां धानोंका होम कियाजाता है । घोटक । घोड़ा.

शाली, (स्त्री०) शाल्+अच् ङीप् । काला जीरा.

शालीन, (त्रि०) शालां अर्हति । ख । धृष्ट (ढीठ) । वेशरम. [भेक (मेंडक) (पु०).

शालु, (न०) शाल्+उण् । शालूक । कसैला पदार्थ ।

शालूर, (पु०) शाल्+ऊरच् । भेक । मेंडक । डड्डु.

शालोत्तरीय, (पु०) शालोत्तरे (ग्रामे) भवः । शालो-त्तर गाँवमें उपजा । पाणिनिमुनि.

शाल्मल, (पु०) शाल्+मलच् । सिम्बलका द्रख्त । उ-सके निशानवाला एक द्वीप (ज़ज़ीरा).

शाल्व, (पु०) शाल्+व । एक देश.

शाव, (पु०) शव+घञ् । शिशु । बच्चा । स्वार्थे कन् । " शवका " मुर्देका.

शावर, (पु०) शावयति (विकारयति) शव+णिच् । अरन् । बिगाड़देता है । पाप । अपराध । गुनाह । और लोधका द्रख्त । "शवरसे कहाहुआ । अण्" शवरसे कियाहुआ मीमांसाका भाष्य । " शवरका " (त्रि०).

शावरी, (स्त्री०) शवरस्य प्रिया अण् । भीलनी । शूकशिम्बी । एक प्रकारकी विद्या (इल्म).

शाश्वत, (त्रि०) शश्वद् भवः अण् । सदाहुआ । सतत । नित्य । हमेशका.

शास्, -आशंसा (तारीफ़करना) । भ्वा० आ० स० सेट् । क्लावेट् । अक्सर । इस धातुके साथ "आङ्" रहता है । आशंसते । आशंसिष्ट.

शास्, -आशीर्वाद देना । अदा० आ० सक०सेट् । क्लावेट् ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अक्सर इसके पहिले "आङ्" रहता है। आशास्ते। आशासिष्ट. [क्त्वावेट्। शास्ति। अशासत्.

शास्,-शासन (आज्ञा चलाना) अदा॰ पर॰ द्विक॰ सेट्

शासन, (न॰) शास्+ल्युट्। छोटेको हितसाधनमें लगाना। उपदेश करना। सज़ादेना। हुक्मदेना.

शासनहर, (पु॰) शासनं हरति। हृ+अच्। आज्ञाको लेजानेहारा। दूत। कासिद.

शासितृ-शास्तृ, (त्रि॰) शास्+तृच्-इट् वा। शासनकर्त्ता। हकूमतकरनेहारा। सज़ादेनेवाला.

शास्त्र, (न॰) शिष्यते अनेन। शास्+ष्ट्रन्। हितका उपदेश करनेहारा ग्रंथ। पुस्तक.

शास्त्रदर्शिन्, (त्रि॰) दृश्+णिनि। ६ त॰। शास्त्रके जाननेहारा। "शास्त्रवित्" यही अर्थ.

शास्त्रिन्, (त्रि॰) शास्त्रं वेत्ति-अधीते वा इनि। शास्त्रके जाननेहारा. [धर्म्मआदि.

शास्त्रीय, (त्रि॰) शास्त्रेण विहितः। छ शास्त्रमें कहाहुआ

शास्य, (त्रि॰) शास्+यत्। उपदेशकरनेलायक शिष्य आदि. [शिनुते। अशैषीत्। अशेष्ट.

शि,-छेदन-काटना। भ्वा॰ उभ॰ सक॰ अनिट्। शिनोति।

शिंशपा, (स्त्री॰) शिवं पाति। पा+क-पृ॰। टालीका द्रख्त.

शि (सि) क्थ, (न॰) सिच्+थक्-कुकच। पृ॰। "स" को "श" विकल्पसे। मोम। मधूच्छिष्ट। शहतका झूठन। "स्वार्थे कन्". [रस्सीका बनाहुआ पदार्थ.

शिक्य, (न॰ स्त्री॰) शिक+यत्, शि+यत्-कुकच। छिका।

शिक्यित, (त्रि॰) शिक्यं (शिक्यस्थं) करोति। शिक्य+णिच्-कर्म्मणि क्त। छिक्केके आसरेपर रक्खाहुआ पदार्थ। छिक्केपर रक्खाहुआ. [अशिक्षिष्ट.

शिक्ष्,-अभ्यासकरना। भ्वा॰ आ॰ स॰ सेट्। शिक्षते।

शिक्षा, (स्त्री॰) शिक्ष+अ। पथ। रास्ता। उपदेश। सीख। अभ्यास। अक्षरोंके उच्चारणको दिखानेहारा वेदका एक अंग। ग्रंथविशेष। "शिक्षाकल्पो व्याकरणम्" इति। विद्या। इल्म. [हारा.

शिक्षागुरु, (पु॰) ७ त॰। विद्या देनेहारा। इल्म सिखाने-

शिक्षित, (त्रि॰) शिक्षा जाता अस्य इतच्। शिक्ष्+क्त वा। अभ्यासी। जिसने अभ्यास कियाहै। निपुण। होशियार। समझवाला। सीखाहुआ.

शिख (खा) ण्ड, (पु॰) शिखां अमति। अम्+ढ। ६ त॰। मोरका पिच्छ। चूडा। कलगी। चोटी.

शिखण्डक, (पु॰) शिखण्ड इव कन्। कौवेका पर। पटे.

शिखण्डिक, (पु॰) शिखण्डः अस्ति अस्य ठन्। कुकुट। कुकड़.

शिखण्डिन्, (पु॰) शिखण्डः अस्ति अस्य इनि। कल्गीवाला। मयूर। मोर। द्रुपदराजाका एक पुत्र। और विष्णु.

शिखर, (न॰) शिखा अस्ति अस्य अरच्। "आ" का लोप। पहाड़की चोटी। सिरा। अन्त.

शिखरिन्, (पु॰) शिखरः अस्ति अस्य इनि। वृक्षोंवाला। चोटीवाला। पर्वत (पहाड़)। सत्तारह(सत्रह) अक्षरोंके पादवाला एक छन्द.

शिखा, (स्त्री॰) शी+खक्। पृ॰। आगकी ज्वाला (लाट)। सिरके ऊपर केशों (वालों)का गुच्छा। बोद्दी। चोटी.

शिखाकन्द, (न॰) शिखा इव कन्दः अस्य। गृञ्जन। गाजर. [आगका झंडा है। धूम। धूआं.

शिखिध्वज, (पु॰) शिखिनो वह्नेर्ध्वज इव। मानो

शिखिन्, (पु॰) शिखा अस्ति अस्य इनि। चोटीवाला। मोर। आग। चित्रकवृक्ष। केतुग्रह। कुकुड़। द्रख्त। घोड़ा। ब्राह्मण। मेत्थी। बोद्दीवाला (त्रि॰).

शिखिप्रिय, (पु॰) शिखिनं प्रीणयति। प्री+क। लघुबदर। छोटाबेर. [अच्। अजमोदा। जवैन.

शिखिमोदा, (स्त्री॰) शिखिनं मोदयति। मुद्+णिच्+

शिखिवाहन, (पु॰) शिखी (मयूरः) वाहनं यस्य। जिसकी सवारी मोर है। कार्तिकेय. [हरएक साग.

शिग्रु, (पु॰) शि+रुक्-गुक्च। (सजिना) द्रख्त।

शिघ्,-आघ्राण-सूंघना। भ्वा॰ प॰ स॰ सेट्-इदित्। शिंघयति.

शिंघाण, (न॰) शिघि+आनच्। पृ॰ णत्वं। काचका पात्र। लोहेकी मैल। नाककी मैल। और श्लेष्म(वलगम).

शिञ्ज्,-अस्फुटध्वनि-आवाजका साफ़ सुनाई न पड़ना। इदित्। वा चु॰ उभ॰ पक्षे अदा॰ स॰ सेट्। शिञ्जयति-ते। शिंक्ते। (कई भ्वादिमें भी कहते हैं) शिंजति। अशिंजीत्.

शिञ्जा, (स्त्री॰) शिजि+अ। भूषणशब्द। गहने (ज़ेवर)की आवाज। "शिजि+अच्" धनुर्गुण। कमानका चिल्ला. [चिल्ला.

शिञ्जिनी, (स्त्री॰) शिञ्जति। शिजि+णिनि। कमानका

शित, (त्रि॰) शो+क्त। दुर्बल (कमज़ोर)। शाणित। तेज कियाहुआ. [दर्य्या (नदी).

शितद्रु, (पु॰) शितं द्रवति। द्रु+कु॰ नि॰। सतलज।

शितशूक, (पु॰) शितः (तीक्ष्णः) शूकः यस्य। तेज़पत्तेवाला। यव। जौं.

शिति, (पु॰) शि+क्तिच्। भूर्जपत्रवृक्ष (भोजपत्तेका द्रख्त)। चिट्टारंग। कालारंग। उस रंगवाला (त्रि॰).

शितिकण्ठ, (पु॰) शितिः कण्ठः यस्य। जिसका गला काला है। महादेव। दात्यूह.

शिथिल, (त्रि॰) श्लथ्+किलच्। पृ॰। श्लथ। ढीला। कमज़ोर मेल। मन्द। मूर्ख। धीमा.

शिनि, (पु॰) शि+निक्। यदुके वंशमें एक क्षत्रिय (सात्यकी इसका नप्ता (दोहता) था).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शिप्र, (पु०) शि+रक्-पुक्च । एक सरोवर (तालाव)। एक नदी. [जड.

शिफाकन्द, (पु०) शिफा इव कन्दः । कमलफूलकी

शिरःफल, (पु०) शिर इव फलं अस्य । जिसका फल सिरके समान हो । नारिकेल । नरेल.

शिरःशूल, (न०) शिरसः शूलं इव (तापकत्वात्)। सिरका मानो सूल है (तपानेसे) । सिरदर्द.

शिरज, (पु०) शिरे जायते । जन्+ड । सिरमें उपज-जता है । केश । वाल. [आगे । सिरा.

शिरस्, (न०) शॄ+असुन् । नि० । मस्तक । मत्था । सिर ।

शिरसिरुह, (पु०) शिरसि रोहति । रुह्+क । अलुक् स० । सिरपर जमता है । केश । वाल.

शिरस्क, (न०) शिरसि कायति (प्रकाशते) । कै+क । सिरपर चमकता है । शिरस्त्राण । टोप । पगड़ी । सिरका.

शिरस्त्र, (न०) शिरस्त्रायते । त्रै+क । सिरको बचाने-हारा । उष्णीष । पगड़ी.

शिरस्य, (पु०) शिरसि भवः यत् । सिरपरहुआ । साफवाल (केश) । जो सिरपर उत्पन्न होता है (त्रि०).

शिरा, (स्त्री०) शॄ+क । नाड़ी । नाड़ । नवज़.

शिराल, (त्रि०) शिरा अस्ति अस्य लच् । नाड़ीवाला । शिरायुक्त. [का वृक्ष.

शिरीष, (पु०) शॄ+ईषन् । सिरीसका दरख्त । इस नाम-

शिरोगृह, (न०) शिरःस्थं (उपरिस्थं) गृहं । ऊपरका घर । चंद्रशाला । चुखण्डी.

शिरोधरा, (स्त्री०) शिरः (मस्तकं) धरति । धृ+अच् । माथेको पकड़ती है । ग्रीवा । गर्दन । गला.

शिरोधि, (स्त्री०) शिरः धीयते अत्र ।-धा+कि । जहां सिर पड़ा है । ग्रीवा । गर्दन.

शिरोमणि, (पु०) शिरसि धार्य्यः मणिः । सिरपर धा-रण करनेलायक मणि । सिरकी मणि (चूड़ामणि) । सिर-पै धारण करनेलायक रत्न. [ता है । केश । वाल.

शिरोरुह, (पु०) शिरसि रोहति । रुह्+क । सिरपर उग-

शिरोवेष्ट, (पु०) वेष्ट्+घञ् । शिरसः वेष्टः । सिरका ल-पेट । पगड़ी. [अशेलीत्.

शिल्,-उञ्छ-एक २ कना चुगना । तु०प०स० सेट् । शिलति ।

शिल, (न०) शिल्+क । खेतके मालिकद्वारा शस्य (धान्य) लेजानेके पीछे वाकी धान्योंका (सिला) चुगना । पत्थर । दर्वाजेके नीचे लकड़ीका टुकड़ा (स्त्री०).

शिलाकुट्टक, (पु०) शिलां कुट्टयति । कुट्+ण्वुल् । पत्थरको फाडनेहारा एक औज़ार (अस्त्र).

शिलाजतु, (न०) शिलां जातं जतु । सिलांकी लाख । उपधातुविशेष.

शिलाभेद, (पु०) शिलां अपि भिनत्ति । भिद्+अण सिलको भी फाड़ डालता है । भिद्+ अण् । पत्थरको धाड़नेवाला । दरख्त । और पत्थर फाड़नेवाला औज़ार.

शिलासार, (न०) शिलायाः सार इव । मानों सिलका सार है । लोहा. [की लकड़ी । भेकी । डड्डी.

शिलि, (पु०) शिल्+कि । भोजपत्रका द्रख्त । दर्वाजे-

शिलीन्ध्र, (न०) शिलीं धरति । धृ+क-पृ० मुम्च । कदलीपुष्प । केलेका फूल । एक प्रकारकी मच्छी । मट्टी । खुंब.

शिलीमुख, (पु०) शिली (शल्यं) मुखं अस्य । भ्रमर (भौंरा) । वाण । तीर । युद्ध । लड़ाई । और जड़ हो-गया. [समूह हो । पर्वत । पहाड़.

शिलोच्चय, (पु०) शिलानां उच्चयः यत्र । जहां सिलोंका

शिलोञ्छ, (पु०) शिलेन उञ्छः । उछि+घञ् । धान चुनेगये खेतमेंसे वाकीरहेहुओंका चुन्ना.

शिल्प, (न०) शिल्+पक् । चित्रकलादि कर्म्म । कल-विद्या । हुनर । कारीगरी.

शिल्पकारिन्, (त्रि०) शिल्पं (चित्रादिकलां) करोति । मूर्त्तिआदि हुनर(कला)को कर्त्ता है । चित्रआदि बनानेहारा. [मूरत लिखनेवालोंका घर.

शिल्पशाला, (स्त्री०) ६ त० । कारीगरोंका घर वा स्कूल।

शिल्पशास्त्र, (न०) शिल्पज्ञापनं शास्त्रम् । हुनर सि-खानेहारी विद्या । वास्तुविद्याको जतानेहारा शास्त्र.

शिल्पिन्, (त्रि०) शिल्पं वेत्ति अधीते वा इनि । मूरत-आदि लिखनेके हुनरको जानता वा पढ़ता है । चित्रादि-कर्मकर.

शिव, (न०) शो+वन् । पृ० । मङ्गल । सुख । जल । सैंधानोन । और चिट्टा सुहागा । मंगलवाला (त्रि०) । महादेव । मोक्ष । गुग्गल । वेद । पुण्डरीकका द्रख्त । काला धतूरा । पारा । देवता । लिङ्ग । और वीसवां योग (पु०).

शिवक, (पु०) शिव इव कन् । एक कील । गोवाड़े-(गोष्ठ)में गौओंके खुजलानेके लिये ठोकाहुआ किल्ला.

शिवचतुर्दशी, (स्त्री०) शिवप्रिया चतुर्दशी । फाल्गुन-(फागन)के कृष्णपक्षकी चतुर्दशी.

शिवदूती, (स्त्री०) शिवः दूतः यस्याः । शिव जिसका दूत है । दुर्गाकी एक मूर्त्ति.

शिवद्रुम, (पु०) शिवप्रियः द्रुमः । शिवजीका पियारा वृक्ष । बिल्ववृक्ष । बिल्लका द्रख्त.

शिवधातु, (पु०) ६ त० । पारद । पारा.

शिवपुरी, (स्त्री०) ६ त० । काशी । शिवजीकी नगरी.

शिवरात्रि, (स्त्री०) शिवप्रिया (तदुपासनार्था) रात्रिः । शिवजीकी उपासना करनेके लिये रात । उस दिनका व्रत. [वाला पत्थरका पदार्थ.

शिवलिङ्ग, (न०) ६ त० । शिवजीका लिङ्गके स्वरूप-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शिवलोक, (पु०) ६ त०। कैलासनामी स्थान। शिवका लोक.

शिववाहन, (न०) शिवं वाहयति । वह्+णिच्+ल्यु । शिवको उठाता है। वृषभ। बैल.

शिवा, (स्त्री०) शी+वन् । नि० । मङ्गलवाली स्त्री । दुर्गा । मुक्ति । गिदड़ी । हरीड़ । शमीका वृक्ष । आमलकी (आँवला).

शिवानी, (स्त्री०) शिवं (कल्याणं) आनयति । सुखको लाती है। आ+नी+ड-ङीष्। जयन्तीवृक्ष । शिवकी स्त्री । आनुक् । दुर्गा । पार्वती.

शिवालय, (न०) शिव आलीयते अत्र । ली+अच् । शिव जहां छिपा रहता है। श्मशान (मसान)। ६ त० । लाल तुलसी । और महादेवका घर.

शिवी, (पु०) शि+वि । नि० । (गुण न हुआ)। हिंस्र-पशु । मारनेवाला पशु । भोजपत्रका वृक्ष । उशीनर-राजाका बेटा । एक राजा.

शिविका, (स्त्री०) शिवं करोति । शिव+णिच्+ण्वुल् । एक प्रकारकी सवारी । डोली.

शिविर, (न०) शो+किरच्-वुकुच । कटक । सेनाके निवासका स्थान । छावनी.

शिशिर, (न०) शश्+किरच् । नि० । हिम (वर्फ)। माघ और फागनके महीनोंका मौसिम (ऋतुभेद)। ठण्डा । उसवाला (त्रि०). [स्वल्प (थोड़ा).

शिशु, (पु०) शो+कु-सन्वद्भावः द्वित्वं । बालक (बच्चा)।

शिशुत्व, (न०) ६ त० । शिशोर्भावः त्व । बालपनमें तल् । शिशुता । बचपन. [बेटा । चंदेलीका राजा.

शिशुपाल, (पु०) चेदिदेशका एक राजा । दमघोषका

शिशुपालहन्, (पु०) शिशुपालं हतवान्। शिशुपालको मारताहुआ । हन्+भूते क्विप्। श्रीकृष्णजी महाराज.

शिशुमार, (पु०) शिशुं मारयति । मृ+णिच् । एक प्रकारका जलका जीव । आकाशमें एक तारोंका चक्र (समूह). [चिह्नविशेष.

शिश्न, (पु०) शिश्+नक्-नि० । मेढ्र । लिङ्ग । पुरुष-

शिश्विदान, (त्रि०) श्विद्+कानच् । द्वित्वं । पापकरनेवाला । पापी. [अशिषत्.

शिषृ,-विशेषकरना । रुधा० प० सक० अनिट् । शिनष्टि ।

शिष्ट, (त्रि०) शास्+क्त । शान्त । वेदके वचनपर विश्वास करनेवाला । अच्छी समझवाला । और धीर.

शिष्टाचार, (पु०) शिष्टानां आचारः । सज्जनोंका आचार । भला व्यवहार. [(सज़ा)। ताडन.

शिष्टि, (स्त्री०) शास्+क्तिन् । आज्ञा (हुक्म)। शासन

शिष्य, (त्रि०) शास्+क्यप्। शिक्षणीय । सिखानेलायक। छात्र । उपदेशके लायक। विद्यार्थी. [अशयिष्ट.

शी,-शयन (सोना)। अदा० आ० अक० सेट् । शेते ।

शीकृ,-सेक (सींचना) और सर्पण (सरकना) भ्वा० आ० सक० सेट् । शीकति । अशीकिष्ट.

शीकर, (न०) शीक्+अरन् । सीधा वहना । पानीका कण (कतरा)। हवा. [जल्दीवाला (त्रि०).

शीघ्र, (न०) शिघि+रक्-पृ० । विलम्बका अभाव। जल्दी।

शीत, (न०) श्यै+क्त । शीतल (ठण्डा)। जल(पानी)। और वर्फ । शीतस्पर्शवाला (त्रि०).

शीतक, (पु०) शीतं इव करोति । दीर्घसूत्री । ढीलाकाम-करनेवाला । " शी+स्वार्थे कन् " शीतपदार्थ । शीत-काल । सर्दी । और विच्छू.

शीतकर, (पु०) शीतः करः यस्य । जिसकी ठण्डी किरण है । चन्द्र । चांद । और कर्पूर (काफ़ूर)। शीतकरनेहारा (त्रि०).

शीतकाल, (पु०) ६ त० । शीतका समय । मार्गशिर (मग्गर) और पौष (पूंस)के दो महीने.

शीतकृच्छ्र, (पु०) एक प्रकारका व्रत (जिसमें तीन २ दिन दही, घी और दूध पीकर उपवास कियाजाता है).

शीतगु, (पु०) शीता गावः (किरणाः) यस्य । जिसकी ठण्डी किरण हों । चन्द्रमा । और कर्पूर (काफ़ूर).

शीतभानु, (पु०) शीताः भानवः अस्य । ठण्डी किरणों-वाला । चंद्रमा । और काफ़ूर (कर्पूर).

शीतभीरु, (स्त्री०) ६ त० । सर्दीसे डरनेवाली (मल्लिका) मालती । शीतभीत । सर्दीसे डराहुआ (त्रि०).

शीतरश्मि, (पु०) शीता रश्मयः अस्य । सर्दकिरणों-वाला । चांद । और काफ़ूर.

शीतल, (पु०) शीतं लाति । ला+क । शीतं अस्ति अस्य लच् वा । ठण्डा स्पर्श (सर्द)। उसवाला (त्रि०)। मलयका चंदन । और मौक्तिक (मोत्ती).

शीतला, (स्त्री०) एक देवी । और एक पानीका द्रव्य (ङीप् भी)। एक प्रकारका रोग । हीराकसीस । काफ़ूर। संदल । मोती. [सीता । दूर्वा.

शीता, (स्त्री०) श्यै+क्त । लाङ्गलपद्धति । हलका फाला।

शीतांशु, (पु०) शीताः अंशवः यस्य । जिसकी किरणें ठण्डी हों । चंद्रमा । चांद। कर्पूर । काफ़ूर.

शीतार्त्त, (त्रि०) शीतेन ऋतः । शीतालु । जिसे सर्दी-से कष्ट होगया । शीतपीड़ित. [होगई । शीतबाधायुक्त.

शीतालु, (त्रि०) शीत+अस्ति अर्थे आलुच् । जिसे सर्दी

शीत्कार, (पु०) शीत् इत्यस्य कारः । शीत्+कृ+घञ्। क्रीड़ाके समय स्त्रिओंकी " सी सी" आवाज । " सी २ " करना.

शी (सी) त्य, (त्रि०) शी (सी)तां अर्हति-यत्। हलसे खेंचाग या सर्दीके लायक। खेतआदि। हलचलाया-हुआ. [उपजी एक प्रकारकी मद्य (शराब).

शीधु, (पु० न०) शी+धुक् । इक्षु (ईख-गन्ने)के रससे

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

शीन, (त्रि०) श्यै+क्त । घनीभूत घृत आदि । जमाहुआ घी वगैरह । मूर्ख (बेवक़ूफ़) । और अजगर (वड़ा सांप) (पु०). [अशीभिष्ट.

शीभृ,-कथन (कहना) भ्वा० आ० स० सेट् । शीभते ।

शीर, (पु०) शी+रक् । अजगर सर्प । बड़ा सांप.

शीर्ण, (त्रि०) शॄ+क्त । कृश (कमजोर) । पतला । सूकगया. [होता है) । सिर । मस्तक । मत्था.

शीर्ष, (न०) शिरस् (विकल्पसे " शीर्ष " आदेश

शीर्षक, (न०) शीर्षे कायति । कै+क । शिरस्त्राण । टोप । पगड़ी । सिर । सिरकी हड्डी.

शीर्षच्छेद्य, (त्रि०) शीर्षच्छेदं अर्हति यत् । जिसका सिर काटना चाहिये । वध्य । मारनेलायक । " शीर्षच्छेद्यमतोऽहं त्वां " इति भट्टिः.

शीर्षण्य, (पु०) शीर्षे वध्यते । शीर्ष+यत्-" शीर्षन् " आदेशः । सिरपर बांधाजाता है । शिरस्त्राण । टोप । पगड़ी । " शीर्षे भवः " यत् । विशदकेश (साफवाल) (पु०) । वालोंसे उपजा (त्रि०).

शील,-समाधिलगाना । पूजाकरना । एक कामको वार २ करना । भ्वा० प० अक० सेट् । शीलति । अशीलीत् । चु० उभ० । शीलयति-ते । अशिशीलत्-त.

शील, (न०) शील्+अच् । स्वभाव । अच्छा चालचलन । चरित्र । चलन । अजगर । सांप (पु०).

शीलन, (न०) शील्+ल्युट् । अभ्यास । वार २ करना । मिजाज़ । वहुतही. [चीर्ण । कियाहुआ.

शीलित, (त्रि०) शील्+क्त । अभ्यस्त । वार २ किया ।

शुक्,-गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शोकति । अशोकीत्.

शुक, (न०) शुक्+क । एक द्रख्त । कपड़ा । और कपड़े-का पल्ला । व्यासदेवका पुत्र । एक पक्षी (तोता) । और शोनकवृक्ष (पु०).

शुकदेव, (पु०) व्यासदेवजीका पुत्र.

शुकनास, (पु०) शुकस्य नासेव पत्रं अस्य । जिसका पत्ता तोतेकी नासाके समान है । स्योनाकवृक्ष । तोतेकी ना-साके समान नासवाला । तोतेनका (त्रि०) । कादम्बरी-ग्रन्थमें प्रसिद्ध तारापीड़ राजाका एक मन्त्री (वज़ीर) (पु०).

शुक्त, (न०) शुच्+क्त । मांस । काञ्जी । पिघलाहुआ । एक पदार्थ । और मीठा पदार्थ समयपाकर जो खट्टा होगया है । निर्दय । दुर्जन । और अम्ल (खट्टा) (त्रि०) । शुक्तिका (सीप्पी) (स्त्री०).

शुक्तिज, (न०) शुक्तौ जायते । जन्+ड । सिप्पीमें उ-पजता है । मुक्ता । मोती.

शुक्तिमत्, (पु०) शुक्तिः अस्ति अस्य मतुप् । एक पर्वत (पहाड़) । एक नदी (स्त्री०).

शुक्र, (न०) शुच्+रक् (नि०) । मिज्जसे उपजा पि-छला धातु । वीर्य्य । विंद । और एक प्रकारका नेत्ररोग । एक ग्रह । दैत्योंका गुरु । अग्नि । आग । चित्रकवृक्ष । जेठका मास (महीना) । चौवीसवां योग (पु०).

शुक्रभुज्, (स्त्री०) शुक्रं भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मयूरजातिकी स्त्री । एक प्रकारकी मोरनी.

शुक्रला, (स्त्री०) शुक्रं लाति । ला+क । उच्चटावृक्ष.

शुक्रशिष्य, (पु०) ६ त० । शुक्रका चेला । असुर । दैत्य.

शुक्रिय, (त्रि०) शुक्रः देवता यस्य, तस्य इदं वा घ । शुक्रदेवतावाला वा शुक्रसम्बन्धी । यजुर्वेदका ३६ वां शान्तिअध्याय (न०).

शुक्ल, (न०) शुच्+लक् (कुत्वं) । रजत (चांदी) । नवनीत (मक्खन) । एक प्रकारका आंखका रोग । चि-ट्टारंग (पु०) । चिट्टेरंगवाला और शुद्ध (साफ़) (त्रि०).

शुक्लकर्म्मन्, (त्रि०) शुक्लं (शुद्धं) कर्म्म यस्य । अच्छा काम करनेवाला । पवित्र (पाक) । शुभचरित्र (नेक-चलन) (त्रि०).

शुक्लपक्ष, (पु०) कर्म्म० । चिट्टा पखवाड़ा । चांद्रमासका चिट्टा आधा समय । चिट्टा पर । कौआ । और वगला.

शुक्लवायस, (पु०) कर्म्म० । बक (बगला) । चिट्टा कौआ । श्वेतकाक. [वाला । मयूर । मोर.

शुक्लापाङ्ग, (पु०) शुक्लः अपाङ्गः यस्य । चिट्टी नज़र-

शुक्लिमन्, (पु०) शुक्लस्य भावः इमनिच् । चिट्टापन । चिट्टारंग । चिटाई.

शुक्लोपला, (स्त्री०) कर्म० । सः अस्ति अस्याः अच् । चिट्टे टुकड़ेवाली मिसरी । सफेद पत्थर । शर्करा । सक्कर । खांड. [पाकड़का दरख्त.

शुङ्ग, (पु०) शुम्+ग । नि० । वटवृक्ष । बोड़का द्रख्त ।

शुच्, (स्त्री०) शुच्+क्विप् । शोक । फिकर । " विकल्प-से टाप् होता है ". [शोचति । अशोचीत्.

शुच्,-शोक (अफसोसकरना) । भ्वा० प० स० सेट् ।

शुचि, (पु०) शुच्+किन् । वह्नि (आग) । चित्रकवृक्ष । जेठका महीना । आषाढ (हाड़)का महीना । शुद्धा-चरण । नेकचाल । ग्रीष्म (गर्म्मीका मौसम) । अच्छा वज़ीर । चिट्टारंग । उसवाला (त्रि०) । [पीपलका दरख्त.

शुचिद्रुम, (पु०) कर्म० । पवित्र द्रख्त । अश्वत्थवृक्ष ।

शुण्ड, (पु०) शुण्+ड । मदनिर्झर । मदका झर्ना । गज-हस्त । हाथीका हाथ (सूंड) (पु०) (स्त्रियां टाप्) । मद्यपीनेका घर । कलालखाना । वेश्या (कंजरी) । सुरा (शराब) । कुट्टनी । पानीकी हथिनी (स्त्री०).

शुण्डार, (पु०) शुण्डा अस्ति अर्थे र । शौण्डिक (क-लाल) । और हाथी.

शुद्ध, (न०) शुध्+क्त । सैन्धवलवण । सैंधानोन । और

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

मिरच । केवल । निर्दोष (बेऐब) । पवित्र । और शुभ्र (सफेद) (त्रि०). [(बेल).

शुद्धवल्ली, (स्त्री०) कर्म० । गुडूची । गिलो । पवित्रलता

शुद्धान्त, (पु०) शुद्धः अन्तः (पर्य्यन्तः) यस्य । जो सारा साफ है । अन्तःपुर (जनानखाना) । राजाकी स्त्री (पु० स्त्री०) । "शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततुष्टे" इति नैषधम्. [अलंकार.

शुद्धापहुति, (स्त्री०) कर्म० । एक प्रकारका अर्थसम्बन्धी

शुद्धि, (स्त्री०) शुध्+क्तिन् । मार्जन । सफाई । मांजना । वेदके कामकरनेलायक एक प्रकारका संस्कार । दुर्गा । देवी. [बुद्धका पिता.

शुद्धोदनि, (पु०) एक प्रकारका बौद्ध । "शुद्धोदन"

शुध्,-शौच-साफ होना । शोधन-घटाना । दि० प० स० अनिट् । शुध्यति । अशुधत् । "भक्तो हरः शुध्यति यद्गुणः स्यात्" ली०.

शुन्,-गति-जाना । तु० प० स० सेट् । शुनति । अशोनीत्.

शुन, (पु०) शुन्+क । कुकुर । कुत्ता । "शुनक" यही अर्थ । एक मुनि.

शुनःशेफ, (पु०) शुन इव शेफः अस्य । अलुक् स० । विश्वामित्रका शिष्य । एक मुनि. [पेठी । कूष्माण्डी.

शुनी, (स्त्री०) श्वन्+ङीप् । कुत्तेकी स्त्री । कुत्ती ।

शुन्ध्,-शुद्धि-साफहोना । चु० उभ० स० सेट् । शुन्धयति-ते.

शुन्ध्,-शुद्धि-अक० । साफकरना-सक० भ्वा० उभ० सेट् । शुन्धति-ते । "आपः शुन्धन्तु मैनसः" इति वेदमन्त्रः । अशुन्धीत् । अशुन्धिष्ट.

शुभ्,-दीप्ति-चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । शोभते । अशुभत्. [(त्रि०) । तेईसवां योग (पु०).

शुभ, (न०) शुभ्+क । मङ्गल (भलाई) । शुभवाला ।

शुभंयु, (त्रि०) शुभं+अस्ति अर्थे युस् । शुभान्वित । शुभवाला । भलाईवाला । "क्षितिपः शुभंयुः" भट्टिः.

शुभग्रह, (पु०) शुभः (शुभदायकः) ग्रहः । भलाकरनेवाला ग्रह । साधुग्रह । बृहस्पति । शुक्र । पापग्रहसे न मिलाहुआ बुध.

शुभङ्कर, (त्रि०) शुभं करोति । कृ+अच्-मुमच । मङ्गलकारक । भला करनेहारा । दुर्गा (देवी) (स्त्री०).

शुभद, (पु०) शुभं ददाति । दा+क । पीपलका द्रख्त । मंगल देनेहारा (त्रि०).

शुभा, (स्त्री०) शुभ्+क । शोभा । कान्ति । खूब सूरति । देवताओंकी सभा.

शुभ्र, (न०) शुभ्+रक् । अभ्रक (अबरक) । और रूपा । चंदन । और चिट्टारंग (पु०) । उसवाला (त्रि०).

शुभ्रदन्ती, (स्त्री०) शुभ्रो दन्तो यस्याः ङीप् । चिट्टेदांतवाली । पुष्पदन्तदिग्गजकी हथिनी.

शुम्भ्,-दीप्ति (चमकना) । अक० । मर्दन (मलना) । सक० तु० प० सेट् । शुम्भति । अशुम्भीत् । "प्रागप्राप्तनिशुम्भशाम्भवधनुः" इति वीरचरितम्.

शुम्भ, (पु०) शुम्भ्+अच् । एकप्रकारका दानव (दैत्य).

शुम्भमर्दिनी, (स्त्री०) शुम्भं मृद्नाति । मृद्+णिनि । शुम्भासुरमर्दिनी । दुर्गा । देवी. [अशोरिष्ट.

शुर्,-मारना-रोकना । दि० आ० सक० सेट् । शूर्य्यते ।

शुल्क्,-कहना । छोड़ना (देना) और वर्जन (रोकना) । चु० उ० स० सेट् । शुल्कयति-ते । अशुशुल्कत्-त.

शुल्क, (पु० न०) शुल्क्यते (अतिसृज्यते) कर्मणि घञ् । घाटआदिपर देनेलायक राजाका कर (मासूल) । वरपक्षीय(लड़केवालों)से कन्यापक्षीय (लड़कीवालों)ने लेनेलायक धन । एकप्रकारका स्त्रीधन । लड़कीका मोल । मासूल । दहेज (यौतुक) । मोल । फीस.

शुल्कस्थान, (न०) ६ त० । मासूलकी जगह । चुंगीखाना । करचुकानेकी जगह. [रस्सी.

शुल, (न०) शुल्+अच् । पृ० । ताम्र । तामा । और रज्जु ।

शुल्व, (न०) शुल्व्+अच् । तामा । और रस्सी । जलका निकट । आचार । यज्ञका कार्य.

शुश्रूषण, (न०) श्रु+सन्+ल्युट् । सेवा । नौकरी । "युच्" । वही अर्थ (स्त्री०). [उपासना । सेवा.

शुश्रूषा, (स्त्री०) श्रु+सन्+अ । श्रवणेच्छा । सुननेकी चाह ।

शुष्,-शोष-सूकना । दि० प० स० सकि० अनिट् । शुष्यति । अशुषत्. [(सुराख).

शुष, (पु०) शुष्+क । गर्त । गढ़ा । टोआ । और बिल

शुषिर, (न०) शुष्+किरच् । छिद्र (सुराख) । और वंसीआदि वाजा । छेकवाला (सच्छिद्र) (त्रि०) । मूसा । और आग (पु०) । नदी (स्त्री०).

शुष्क, (त्रि०) शुष्+क्त । धूपआदिसे सूकगया । सूका.

शुष्कल, (न०) शुष्कं (शोषणं) लाति । ला+क । सूकाहुआ मांस.

सकृत्प्रज, (पु०) सकृत् (एकवारं) प्रजायते। प्र+जन्+

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ड । एकवार उत्पन्न होता है । कौआ । काक । एकवार पैदाहुए सन्तानवाला (त्रि०).

सकृत्फला (ली), (स्त्री०) सकृत् फलति । फल्+अच् । एकवार फलता है । कदलीवृक्ष (केलेका दरख्त).

सक्त, (त्रि०) सञ्ज्+क्त । आसक्त (फंसाहुआ) । अविरत । लगाहुआ. [(आदिका चूरा) सत्तु.

सक्तु, (पु०) सच्+तुन् । भृष्टयवादिचूर्ण (भुनेहुए जौं-

सक्थि, (न०) सञ्ज्+क्थिन् । ऊरु (पट्ट) । शकटावयव । गाड़ीका जोड़.

सखि, (त्रि०) सह (समानं) ख्यायते । ख्या+इन् नि० । सौहार्द्दयुक्त (प्रेमसहित) । समानप्रीतिकरनेहारा. [वयस्या । सहेली.

सखी, (स्त्री०) सखि+ङीप् । सहचरी (साथन) ।

सख्य, (न०) सख्युर्भावः यत् । मित्रका होना । मित्रता दोस्ती.

सगर, (पु०) सह गरेण (विषेण) जातः । विष (ज़हिर) के साथ उपजा । सूर्य्यवंशका एक राजा । "सगरात् सागरो जातः" इति पुराणं । विषवाला (त्रि०).

सगर्भ, (पु०) सह (समानः) गर्भः अस्य । बराबर गर्भवाला । सहोदर भ्राता (एक पेटमें उपजा भाई) । सगा भाई । " सह गर्भे " गर्भवाला.

सगोत्र, (न०) सह (समानं) गोत्रम् । एकगोत्र । कुल । " सह (समं) गोत्रं अस्य " एकगोत्रवाला । जातभाई (त्रि०). [भोजन । साथखाना.

सग्धि,(स्त्री०) अद्+क्तिन् । नि० । सह ग्धिः । सह-

संकट, (त्रि०) सम्+कटच् । अल्पावकाशस्थान । छोटी जगह । संबाध (पीड़ा-कष्ट) । "सम्+कट्+अच्" दुःख । "टाप्" एक देवी । ज्योतिष्में एक दशा (स्त्री०).

संकर, (पु०) सम्+कृ+अप् । संमार्ज्जनी (बहारी-झाड़ू) आदिसे फेंकाहुआ रजः (धूरी) । मेलन । मेल । एक प्रकारकी जाति (पुरुष और स्त्री) और दोगला.

संकर्षण, (पु०) संकृष्यते गर्भात् गर्भान्तरं नीयतेऽसौ । सम्+कृष्+युच् । जो एक गर्भसे दूसरे गर्भमें लेजाया गयाथा । बलदेव । "भावे ल्युट्" आकर्षण (खेंचना) । और दूसरे स्थानमें लेजाना (न०).

सङ्कलन, (न०) सम्+कल्+ल्युट् । एकत्र स्थिरीकरण । एकजगहपर इकट्ठाकरना । योजन । जोड़ना । संग्रह (जमाकरना).

संकल्प, (पु०) सम्+कृप्+घञ् । अभीष्टसिद्धि (चाहीगई वस्तुके पानेके लिये "यह इसी प्रकार करना उचित है" इस प्रकार मनका व्यापार । खयाल । कर्मके साधनके लिये अभिलाषवचन.

संकल्पजन्मन्, (पु०) संकल्पात् जन्म यस्य । जिसका संकल्प (ख़याल)से जन्म होता है । कामदेव । " संकल्पभव "

संकल्पयोनि, (पु०) संकल्पः योनिः (उत्पत्तिकारणं) यस्य । जो संकल्पसे उपजता है । कामदेव । "संकल्पयोनेरभिमानभूतं" कुमारः

संकसुक, (त्रि०) सम्+कस्+उकन् । अस्थिर (जो एक बातपर ठहिरता नहिं) । मन्द (मूर्ख) । दुर्जन । दुष्टजन (बदमाश) । कलंकलगानेवाला.

संकाश, (त्रि०) सम्यक् काशते । काश्+अच् । सदृश । समान " निभ "आदिकी भांति इसे नित्य समानता है.

संकीर्ण, (त्रि०) सम्+कॄ+क्त । बहुत जनोंके संघर्ष (रगड़)से निरवकाश स्थान । मनुष्योंसे भराहुआ । भीड़ । मिलाहुआ । सिकुड़ाहुआ । वर्णसंकर (दोगला) (पु०).

संकुचित, (त्रि०) सम्+कुच्+क्त । कृतसंकोच । सिकुड़ाहुआ । संक्षिप्त (थोड़ेमें कहाहुआ) । अप्रफुल्ल । न खिलाहुआ.

संकुल, (न०) सन्+कुल्+क । परस्परपराहतवाक्य । आपसमें टूटनेहारा वचन (मैंने अपने जीवनतक मौन धारण किया मेरा पिता ब्रह्मचारी और माता वंध्या है और मेरे पितामहके यहां कोई पुत्र न हुआ) । आपसमें मारनेवाली लड़ाई । बहुत भीड़ । सिकुड़ाहुआ (त्रि०).

संकेत, (पु०) सम्+कित्+घञ् । मनके भावको प्रकाश करनेके लिये हाथआदिके चलानेका व्यापार (इशारा) अर्थको बोधन करनेहारी एक प्रकारकी शब्दमें रहनेहारी शक्ति । प्यारेको मिलनेके लिये गुप्त (छिपाहुआ) स्थान.

संकेतित, (त्रि०) संकेतः जातः अस्य इतच् । संकेतवाला वाच्य अर्थ । संकेतकियाहुआ । इशारा कियागया.

संकोच, (पु०) सम्+कुच्+घञ् । बहुत विषयवाले वाक्यको अल्प (थोड़े) विषयमें लाना । संक्षेप । सिकुड़ना । एक मच्छी । और केसर (न०).

संक्रन्दन,(पु०) संक्रन्दयति असुरान् । सम्+क्रन्द्+णिच्+ल्यु । दैत्योंको अच्छीतरह रुलाता है । इन्द्र । " भावे ल्युट् " अच्छीतरह चिल्लाना (रोना) (न०).

संक्रमण, (न०)सम्+क्रम्+ल्युट् । संक्रान्ति । जाना । बीचमें सूर्य्यका एक राशिसे दूसरी राशिमें जाना । आना । लांघजाना.

संक्रान्ति, (स्त्री०) सम्+क्रम्+क्तिन् । सम्यक् क्रमण । अच्छा जाना । इकट्ठे जाना । मेल । एक जगहसे दूसरी जगह जाना । सूर्य्यआदिका दूसरी राशिओंमें जाना । दूसरेको देडालना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

संख्य, (न०) संख्यायते (परस्परनामोच्चारणं क्रियते) अत्र । सम्+ख्या+घञर्थे क । जहां एक दूसरेका नाम उच्चारण करते हैं । युद्ध (जंग) । लड़ाई । " अङ् " । विचार । बुद्धि । द्रव्यके आश्रित एकत्व द्वित्व आदि गुण-विशेष । (स्त्रियां टाप्). [गुनागया । वहुत प्रसिद्ध.

संख्यात, (त्रि०) सम्+ख्या+क्त । कृतसंख्य । गिनाहुआ ।

संख्यावत्, (पु०) संख्या (विचारणा) सा अस्ति अस्य मतुप् । "म" को "व" होता है । विचारवाला । पंडित । गिन्तीवाला (त्रि०).

संख्येय, (त्रि०) संख्यायतेऽसौ । सम्+ख्या+यत् । गुनेके लायक । गिन्नेके लायक.

संग, (पु०) सञ्ज्+घञ् । मेल । संबंध । विषयआदि-में राग । " ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते" गीता । (मिलना) । "कर्त्तरि क्त" "मिलाहुआ" (त्रि०).

संगत, (न०) सम्+गम्+भावे क्त । सौहार्द्द । मित्रता.

संगति, (स्त्री०) सम्+गन्+क्तिन् । संगम । मेल । मिलना । सभा । परिचय (वाकफीयत) । विषयरसका मेल । किसीवातका अचानक होजाना । ज्ञान । विशेष-ज्ञानके लिये पूछना.

संगम, (पु०) सम्+गम्+घञ्-न वृद्धिः । संगति (मेल) । स्त्री और पुरुषका संभोग । नदीआदिका नद (बड़ा दर्य्या) आदिके साथ मिलनेका स्थान । " गंगासागर-सङ्गमः " इति पुराणम्.

संगर, (पु०) संगीर्य्यते । सम्+गॄ+अप् । आपद्(मुसी-वत) । युद्ध (जंग-लड़ाई) । प्रतिज्ञा (इकरार) । कामकरनेहारा । विष (ज़हिर) शमीका वृक्ष.

संगव, (पु०) संगता गावो दोहनाय अत्र काले नि० । जिस समय गौएं चोनेके लिये इकठ्ठी होती हैं । प्रातः-कालके अनन्तरके तीन मुहूर्त्त (छ घड़ियें).

संगिन्, (त्रि०) सञ्ज्+घिनुण् । संगयुक्त । संगवाला । साथी । भोगी । शहवती । स्त्रियां ङीप्.

संगीत, (न०) सम्+गै+क्त । दर्शनके लिये नाट्य, गीत, वाद्यत्रिक । नाचना-गाना-वजाना-तीनों । उन तीनोंको प्रतिपादन (वर्णन) करनेहारा ग्रंथ । "कर्मणि क्त" । सम्यग् गीत । भलीभांति गायाहुआ (त्रि०).

संगीर्ण, (त्रि०) सम्+गॄ+क्त । स्वीकृत । मानाहुआ.

संग्रह, (पु०) सम्+ग्रह्+अप् । संचय । इकठ्ठ । संक्षेप । थोड़ासा । वहुत अर्थवाले वाक्योंको एक स्थानमें जोड़ना.

संग्रहणी, (स्त्री०) संचिता ग्रहणी । इस नामका एक रोग । कब्जी.

संग्राम, (पु०) संग्राम-लड़ाई करना+घञ् । युद्ध । जंग । लड़ाई. [विशेष.

संग्रामपटह, (पु०) ६ त० । युद्धका वाजा । रणवाद्य-

संग्राहिन्, (पु०) सम्यक् गृह्णाति मलं । सम्+ग्रह्+णिनि । भलीभांति मलको लेता है । कुटजवृक्ष । मलको रोक-नेवाला (मलावष्टम्भक) । संग्रह (इकट्ठा)करनेहारा (त्रि०).

संघ, (पु०) सम्+हन्+घञ् । सजातीयसमूह । एक-जातिवालोंका मेल । समूह । वहुतसे इकट्ठे रहनेवाले लोग.

संघट्ट, (पु०) सम्+घट्+घञ् । परस्परसंघर्षण । आपसमें रगड़ना । भीड़ । गठन । गांठना । चक्र । पहिया.

संघर्ष, (पु०) सम्+घृष्+घञ् । परस्परघर्षण । आपसमें रगड़ना । पीसना । आपसमें टकराना । स्पर्द्धा । हसद.

संघशस्, (अव्य०) संघ+वीप्सार्थे शस् । भूरिशः । इकट्ठे होकर । वहुतही समूह.

संघात, (पु०) सम्+हन्+घञ् । समूह । एक नरक । सम्यग् हनन(अच्छीतरह चोट लगाना) । दृढ़-संयोग । पक्का मेल । और कफ.

सचि (ची), (स्त्री०) सच्+इन्-वा ङीप् । इन्द्राणी । इन्द्रकी स्त्री. [द्दारा) । मंत्री । वज़ीर.

सचिव, (पु०) सच्+इन् । वा+क । सहाय (मद्दतकरने-

सचेतन, (त्रि०) सह चेतनया । विशिष्टज्ञानयुक्त । विशेषज्ञानवाला । अच्छीसमझवाला । चेतनाके साथ । होशके साथ । होशिआर.

सचेष्ट, (पु०) सचते-सच्+अच् । तथाभूतः सन् इष्टः । आम्र । आम (अंव) । " सह चेष्टया " चेष्टान्वित । चालाक (त्रि०).

सच्चिदानन्द, (पु०) सन् (नित्यः)चित्(चैतन्यं) आनन्दः (सुखस्वरूपं) त्रिपद । कर्म्म० । नित्यज्ञान और सुखस्वरूप ब्रह्म । परमात्मा.

सच्छूद्र, (पु०) कर्म्म० । अच्छा शूद्र । गोप (गवाला) । गूजर । और नापित । नाई.

सजाति, (पु०) समाना जातिः अस्य । एक जातिवाला । समान वर्णसे समान वर्णवाली कन्यामें उत्पन्न कियाहुआ पुत्र । समानजातिवाला (त्रि०).

सजातीय, (त्रि०) समानां जातिं अर्हति । छ (ईय) । समानधर्म्मवाला । अपनीजातिका.

सजु (जू) स्, (अव्य०) सहार्थे । साथके अर्थमें.

सज्ज, (त्रि०) सस्ज्+अच् । उद्युक्त । तयारहुआ । संनद्ध । " सज्जा " आयोजन (लगाना-जोड़ना) । वेश (सजाहुआ) । "सतो जायते-जन्+ड " । साधु-(भले)से उपजाहुआ । अथवा सत्से हुआ (त्रि०).

सज्जन, (त्रि०) सस्ज्+णिच्+ल्युट् । रक्षाके लिये सेना-का स्थापन । सस्ज+ल्युट् । आयोजन (जोड़ना) । सन् जनः । भला मानुष । अच्छी कुलमें उत्पन्नहुआ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

(पु०)। राजाआदिके चढ़नेके लिये हाथीका सजाना.
सञ्जित, (त्रि०) सज्जा जाता अस्य इतच् । कृतवेश । सजाहुआ । पौशाकपहिनेहूए । संनद्ध (तयारहुआ).
सञ्चय, (पु०) सम्+चि+अच् । समूह । और संग्रह (इकट्ठ). [करनेहारा.
सञ्चयिन्, (पु०) सम्+शि+इनि । संग्रहकारक । जमा-
सञ्चार, (पु०) सञ्चरति अनेन । सम्+चर्+घञ्के अर्थमें " क " वा घञ् । सेतु (पुल)। देह (शरीर)। ग्रहआदिका दूसरी राशिमें जाना । "भावे क" । भलीभांति जाना.
सञ्चारिन्, (पु०) सम्+चर्+णिनि । वायु (हवा)। अलंकारमें श्रृंगाररसआदिका अनुसारी भावविशेष । चलनेहारा (त्रि०). [हुआ.
संचित, (त्रि०) सम्+चि+क्त । संगृहीत । इकट्ठाकिया-
संजवन, (न०) सम्+जु+युच् । आपसमें एक दूसरेके सामने बनाहुआ चतुःशालगृह (चौखंडीवाला घर).
संजीवन, (न०) सम्+जीव्+ल्युट् । चतुःशाल गृह । चौखंडीवाला घर । अच्छीतरह प्राणोंको धारण करना । जीना.
सट, (न० स्त्री०) सट्+अच् । व्रतिओंका केशसमूह । जटा । शिखा (बोदी)। सिंह (शेर)आदिका केशर.
सत्, (त्रि०) अस्+शतृ । सत्य (सच)। साधु (भला)। पूजागया । धीर (धीरजवाला) । प्रशस्त (बहुत अच्छा)। और विद्यमान (जो है)। " स्त्रियां ङीप्"। पतिव्रता स्त्री । दक्षकी कन्या । ब्रह्म (न०)। आदर (अव्य०). [जो निरन्तर हो (त्रि०).
सतत, (न०) सम्+तन्+क्त-पृ० । निरन्तर (लगातार)।
सतत्त्व, (न०) सह (सदृशं) तत्त्वेन । तत्त्वके अनुसार । स्वभाव. [उपजा । एक मुनि.
सतानन्द, (पु०) गौतमका पुत्र । अहल्याके गर्भमें
सतीर्थ्य, (पु०) समाने तीर्थे (गुरौ) वसति यत् । " समान " को " स " का आदेश होता है । एक गुरुके पास रहता है । एकही गुरुके पास पढ़नेहारे विद्यार्थी । गुरुभाई. [(त्रि०).
सत्कर्तृ, (पु०) सत्+कृ+तृच् । विष्णु । अच्छा करनेहारा
सत्कर्मन्, (न०) कर्म्म० । वेदादिमें विधान कियाहुआ यज्ञआदि कर्म्म. [पूजन.
सत्कार, (पु०) सत्+कृ+घञ् । सम्मानन । आदर ।
सत्कृत, (त्रि०) सत्+कृ+क्त । पूजाहुआ । आदर कियाहुआ.
सत्क्रिया, (स्त्री०) सत्+कृ+श । सत्कार । आदर । सम्मानन । पूजन. [बहुत अच्छा.
सत्तम, (त्रि०) अतिशयेन सन्-तमप् । अतिशयसाधु ।
सत्ता, (स्त्री०) सतो भावः तल् । होनापन । द्रव्य, गुण और कर्म्ममें रहनेहारी जातिविशेष । विद्यमानता । वर्त्तमान । होना.
सत्र, (न०) सद्+त्रल् । स्थान । यज्ञ । सदादान (प्रतिसमय देना)। आच्छादन (ढकना)। अरण्य (जंगल)। कैतव । छल । धन । गृह (घर) । सर । तालाव । दान । खैरात.
सत्रशाला, (स्त्री०) ६ त० । अन्न, जलआदि देनेके लिये बनायाहुआ घर । धर्म्मशाला.
सत्राजित्, (पु०) सत्रेण आजयति लोकान् । आ+जि+क्विप् । श्रीकृष्णजीका ससुर (सौरा) । सत्यभामाका पिता । एक राजा.
सत्रिन्, (पु०) सत्रं (गृहं) यज्ञः वा विद्यते अस्य इनि । गृहपति । गृहस्थ । जो घरमें रहता है.
सत्त्व, (न०) सतो भावः त्व । सांख्यशास्त्रमें प्रकाशआदिका साधन । प्रकृतिका अवयव (हिस्सा) एक पदार्थ । " तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात् प्रकाशकमनामयम्" गीता । (ये दो तकारका शब्द है-पृ०) । एक तकार हो तो इसका अर्थ " स्वभाव " " प्राण " " उद्यम " " रण " " आत्मा " " चित्त " आयु (उमर)। और धन । न्यायमें सत्तारूप जातिविशेष । जन्तु । जीव (पु० न०).
सत्पथ, (पु०) कर्म्म० । शोभनमार्ग । अच्छा रास्ता । वेदादिमें विधान कियागया आचार (चालचलन).
सत्प्रतिग्रह, (पु०) सद्भ्यः प्रतिग्रहः । भले पुरुषोंसे दियेहुए धनका प्रतिग्रह (लेना).
सत्प्रतिपक्ष, (पु०) कर्म्म० । एक जैसा विरोध करनेहारा न्याय । एकप्रकारका हेतुसम्बन्धी दोष.
सत्फल, (पु०) सन्ति शोभनानि फलानि अस्य । जिसके अच्छे फल होते हैं । दाड़िम । अनारका वृक्ष । अच्छे फलवाला (त्रि०).
सत्य, (न०) सते हितं यत् । सत्ययुग । शपथ (सौंकस)। सिद्धान्त (फैसला)। और ठीक २ । उसवाला (त्रि०)। अश्वत्थ (पीपलका द्रख्त) । और नान्दीमुख श्राद्धका देवता (पु०).
सत्यंकार, (पु०) सत्य+कृ+घञ् । नि० मुम् । " मैंने ये अवश्य मोल लेना है इस प्रकार सत्य करना"। सत्यापन ! बयानादेना. [विष्णुलोक.
सत्यपुर, (न०) सत्ययुक्तं पुरं । सत्यवाला नगर ।
सत्यभामा, (स्त्री०) सत्राजित् राजाकी कन्या । श्रीकृष्णकी स्त्री.
सत्यम्, (अव्य०) स्वीकार । मान्ना । कबूलकरना । हां.
सत्ययुग, (न०) सत्यप्रधानं युगम् । शाक० । बहुत सत्यवाला पहिला युग (समय).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सत्यलोक, (पु०) सत्यप्रचुरो लोकः । बहुत सत्यवाला लोक । ऊपरके सात लोकोंमेंसे सबसे ऊपरका.

सत्यवचस्, (पु०) सत्यं वचः अस्य । जिसका सच्चा वचन है । मुनि । सच्चे वचनवाला (त्रि०) । " सत्यवचनः " यही अर्थ.

सत्यवत्, (पु०) सत्यं विद्यते अस्य मतुप् । " म " को "व" । सत्यवाला । सावित्रीका पति । एक राजा । एक मुनि । सत्ययुक्त (त्रि०) । "स्त्रियां ङीप्" और वह व्यासदेवकी माता है । " सत्यवती ".

सत्यवतीसुत, (पु०) ६ त० । मत्स्यगंधा(धीवरी)-का पुत्र व्याससमुनि.

सत्यवाच्, (पु०) सत्या वाक् यस्य । सच्ची वाणीवाला । ऋषि । और कौआ (इसके शब्दसे शुभ और अशुभका निश्चय होता है) । " सत्यवदनशीलः " सत्य कहना जिसका स्वभाव है (त्रि०).

सत्यवादिन्, (त्रि०) सत्यं वदति । वद्+णिनि । यथार्थ वाक्यका वक्ता । सच्चा वचन कहनेहारा । सत्य बोलनेहारा.

सत्यव्रत, (पु०) सत्यं व्रतं अस्य । सच्चेव्रतवाला । त्रिशंकुनाम राजा । सत्यतत्पर (जो सत्यको कभी न छोड़े) (त्रि०).

सत्यसंगर, (पु०) सत्यः संगरः (प्रतिज्ञा) यस्य । जिसकी प्रतिज्ञा (इकरार) सच्ची है । कुबेर । सत्यप्रतिज्ञ (त्रि०).

सत्यसंध, (त्रि०) सत्या संधा (संधानं) यस्य । सच्चा मेल करनेहारा । सच्ची प्रतिज्ञाकरनेहारा । अपने वचनपर स्थिर । दियानतदार । रामचन्द्र.

सत्यानृत, (न०) सत्यसहितं अनृतं यत्र । जहां सचके साथ झूठ है । वणिग्वृत्ति । बनियेका काम । व्यापार.

सत्यापन, (न०) सत्य+णिच्-पुक्-च-ल्युट् । सत्याकृति । " यह वस्तु मैं अवश्य लूंगा " इस प्रकार सत्य करना । बयाना देना-साईदेना । "युच्" सत्यापना । यही अर्थ.

सत्योद्य, (त्रि०) सत्यं उद्यं यस्य । वद्+क्यप् । सत्यवादी । कर्म्म० । सच्चावचन (न०).

सत्वर, (न०) सह त्वरया । शीघ्र (जल्दी) । त्वरान्वित (जल्दी करनेवाला) (त्रि०). [घर । जल । पानी.

सदन, (न०) सीदति अस्मिन् । सद्+ल्युट् । गृह ।

सदय, (पु०) सन्+अयः । अच्छे शुभको देनेहारी विधि । "सह दयया" दयाके साथ । दयान्वित (त्रि०).

सदस्, (स्त्री० न०) सीदति अस्यां । सद्+असि । सभा । " जिसमें बैठता है.

सदस्य, (पु०) सदसि साधुः वा वसति यत् । सभामें अच्छा वा वास कर्त्ता है । न्यून वा अधिक हुए विषयको ठीक रीतिपर लानेका उपाय दिखानेहारा । सभासद (त्रि०). [हरवक्त । हमेश । नित्य.

सदा, (अव्य०) सर्वस्मिन् काले दाच् सादेशः । सर्वदा ।

सदागति, (पु०) सदा गतिः अस्य । सदा चलनेहारा । वायु (हवा) । सदागतिवाला (त्रि०).

सदाचार, (पु०) कर्म्म० । ६ त० वा । ब्रह्मावर्तदेशमें परम्परासे चला आ रहा नियम । साधुओंका आचरण (चलन). [नित्य (त्रि०).

सदातन, (पु०) सदाभवः । सदा+ट्युल्-तुट्-च । विष्णु ।

सदात्मन्, (त्रि०) सन् (साधुः) आत्मा (चित्तं) यस्य । अच्छेचित्तवाला । साधुचित्त.

सदादान, (पु०) सदा दानं (मदजलं) त्यागो वा यस्य । जिसका मस्तीका पानी सदा होता है अथवा जो सदा दान कर्त्ता है । ऐरावत गज । इन्द्रका हाथी । सदा त्याग करनेहारा (त्रि०).

सदानन्द, (पु०) सदा आनन्दः यस्य । जिसको सदा आनंद है । शिवजी । निरन्तर आनंदवाला (त्रि०).

सदानर्त्त, (पु०) सदा नृत्यति । नृत्+अच् । सदा नाचता है । खञ्जन विहग । ममोला पक्षी । सदा नाचनेहारा (त्रि०). [है । करतोया नदी.

सदानीरा, (स्त्री०) सदा नीरं अस्यां । जिसमें सदापानी

सदाशिव, (पु०) सदा शिवं अस्मात् । जिस्से सदा कल्याण होता है । महादेव । शंकर । शिवजी.

सदुत्तर, (न०) कर्म्म० । प्रतिज्ञापत्रके अनुसार उत्तर । पूछेहुएका ठीक उत्तर (जवाब) । अच्छेउत्तरवाला । (त्रि०).

सदृक्ष, (त्रि०) समानं दर्शनं अस्य । दृश्+क्स् "समान " को " स " का आदेश होता है । तुल्यरूप एक जैसा । बराबर । " सदृश् " और " सदृश " भी होता है. [दीक) । देशवाला (त्रि०).

सदेश, (पु०) सह देशेन । देशके साथ । निकट (नज़-

सद्धेतु, (पु०) कर्म्म० । न्यायमें हेत्वाभासके दोषसे रहित हेतु । अच्छा हेतु (साध्यमें रहनेहारा हेतु).

सद्भाव, (पु०) सतो भावः । सन् वा भावः । होनापन । विद्यमानता । साधुभाव । अच्छा भाव.

सद्भूत, (न०) असत् सत् भूतं । सत्+च्वि+भू+क्त । यथार्थ । ठीक । उसवाला (त्रि०).

सद्मन्, (न०) सीदति अस्मिन् । सद्+मनिन् । जिसमें बैठता वा दुःख उठाता है । गृह (घर) । और जल । पानी.

सद्यःकृत, (त्रि०) सद्यः (तत्क्षणात्) कृतः । कृ+क्त । तत्क्षणकृत । उसीक्षणमें कियाहुआ । झट कियाहुआ.

सद्यःप्राणकर, (त्रि०) सद्यः प्राणं (बलं) आयुर्वृद्धिं च करोति । कृ+अच् । झट बल वा जीवनको कर्त्ता है ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

ताजा मांस, नया अन्न, बाला स्त्री, दूधका भोजन, घी और गरम पानी, ये छ प्राणकर हैं.

सद्यःप्राणहर, (त्रि०) सद्यः प्राणं (आयुर्बलं) वा हरति। झट जीवन वा बलको दूर कर्त्ता है। सूका मांस, वृद्धी स्त्री, नया सूर्य्य, खट्टा दही, प्रातःकालका भोग और नींद, ये प्राणहर समझो.

सद्यःशौच, (न०) सद्यः शीघ्रं अपनेयं अशौचम्। जल्दी नाश होनेलायक अपवित्रता। जल्दी सफाहोना.

सद्योजात, (पु०) सद्यो जायते। जन्+कर्त्तरि क्त। वत्स। वछड़ा। शिवजीकी एक मूर्त्ति। शीघ्र उत्पन्नहुआ (त्रि०).

सद्वृत्त, (न०) वृत्+क्त। कर्म्म०। अच्छे स्वभाववाला। अच्छी जीविकावाला। ६ ब०। अच्छे चरित्र (चाल-चलन)वाला (त्रि०).

सद्वृत्ति, (स्त्री०) कर्म्म०। उत्तम चरित्र। उत्तम व्याख्यान-वाला ग्रन्थ। " सती वृत्तिः यस्य " अच्छी जीविका-वाला (त्रि०).

सधर्म्मन्, (त्रि०) समानः धर्मः अस्य। अनिच्। " समान " को " स " एक जैसे धर्म्मवाला। सदृश। बराबर। स्त्रियां वा टाप्.

सधर्म्मचारिणी, (स्त्री०) सह धर्म्मं चरति। चर्+णिनि। साथ होकर धर्म्मका आचरण करनेहारी। भार्य्या (स्त्री-जोरू).

सधर्म्मिन्, (त्रि०) समानं धर्म्मं चरति। एक जैसा धर्म्म करनेहारा। स्त्रीलिङ्गमें " ङीप् " होनेसे पत्नी-(स्त्री)के अर्थमें भी है. [पति जीता है.

सधवा, (स्त्री०) सह धवेन। वह स्त्री कि जिसका

सध्र्यच्, (त्रि०) सह अञ्चति। अञ्च्+क्विप्। " सह " को " सध्रिः " होता है। सहचर। साथ विचरनेहारा। स्त्रियां ङीप्। " सध्रीची " यह स्त्रीके अर्थमें भी है.

सनक, (पु०) सन्+वुन्। एक मुनि। "सनकश्च सनन्द-नश्चेति " तर्पणमन्त्रः. [(अव्य०).

सनत्, (पु०) सन्+अति। चतुर्मुख ब्रह्मा। " सदा "

सनन्द, (पु०) सह नन्देन। नन्दके साथ। एक मुनि। आनन्दवाला (त्रि०).

सनत्कुमार, (पु०) ६ त०। ब्रह्माका पुत्र। एक मुनि.

सनसूत्र, (न०) सनस्य सूत्रं अस्ति अस्य अच्। पृ०। मच्छी पकड़नेके लिये सनके सूतका बनाहुआ जाल. [हमेश.

सना, (अव्य०) सदा-नि०। " द " को "न" होता है।

सनातन, (त्रि०) सदा+ट्युल्-तुट्च। नि०। सदा होने-वाला। और निश्चल (न हिलनेहारा)। " स्त्रियां ङीप् " सरस्वतीके अर्थमें भी है। लक्ष्मी। शिव। ब्रह्मा। स्वर्गका मनुष्य (पु०).

सनाभि, (पु०) समानः नाभिः यस्य। ज्ञाति। जात-भाई। एक देहमें उत्पन्न होनेसे समान नाभिपन है। मध्य (वीच)वाला। और स्नेहयुक्त। पियारवाला। (त्रि०).

सनामक, (पु०) सना (सदा) अमयति। अम्+ण्वुल्। सदा रोगी कर्त्ता है। शोभाञ्जन (सुहांजने) का वृक्ष (इसके पत्ते आदि खानेसे रोग उपजता है)। " सह नाम्ना कप् " नामवाला (त्रि०).

सनिष्ठी (ष्ठे) व, (न०) सह निष्ठी (ष्ठे)वेन। मुखसे गिरेहुए जलकणके साथ। थूकके साथ.

सनीड, (त्रि०) समानं नीडं सह नीडेन वा। पास रहने-हारा। नीडवाला। बिलवाला.

सन्तत, (पु०) सम्+तन्+क्त। सतत। निरन्तर। लगातार। निरन्तर(सदा)वाला। और विस्तीर्ण (फैलाहुआ) (त्रि०).

सन्तति, (स्त्री०) सन्तन्यते (फैलाया जाता है)। सम्+तन्+क्तिच्। गोत्र। नाम। पुत्र। कन्या (लड़की)। "भावे क्तिन्" विस्तार (फैलाव)। पंक्ति (कतार)। अविच्छिन्नधारा। न रुकनेहारी धार.

सन्तप्त, (त्रि०) सम्+तप्+क्त। मार्गके चलनेसे थका-हुआ। आगसे शुद्धहुआ। अग्निमें तपाहुआ.

सन्तमस, (न०) सन्ततं तमः। अच् समा०। गाढ़ (ब-हुतही) अंधेरा। और मोह.

सन्तान, (पु०) सम्+तन्+घञ्। वंश। अपत्य। खान्दान। औलाद। विस्तार। कल्पवृक्ष.

सन्तानिका, (स्त्री०) सम्+तन्+ण्वुल्-टाप्-अत इत्वम्। क्षीरसर। दूधका लच्छा। मलाई। खोआ। फेन। झाग। छुरीका फल्टा. [से उपजा ताप (गर्मी).

सन्ताप, (पु०) सम्यक् तापः। प्रा०। वह्नि (आग)-

सन्तापन, (पु०) सन्तापयति। सम्+तप्+णिच्-ल्यु। कामदेवके पांचशरों (तीरों)मेंसे एक। सन्ताप करने-हारा (त्रि०).

सन्तोष, (पु०) सम्+तुष्+घञ्। धैर्य्य। हौंसला। खुशी। सबर। स्वास्थ्य (आराम-तन्दरुस्ती)। " सन्तोषमूलं हि सुखं " मनुः.

सन्दंश, (पु०) सम्+दंश्+अच्। एकप्रकारका यन्त्र (सांडासी)। " ण्वुल् " " सन्दंशिका " यही अर्थ.

सन्दंशपतित, (पु०) सन्दंशे (तन्मध्ये) पतित इव। मानों सांड़ासीके वीच गिरगया है। मीमांसामें एक प्रकारका न्याय.

सन्दर्भ, (पु०) सम्+दृभ्+घञ्। रचना। ग्रन्थन (गु-थना)। प्रबंध। एक प्रकारका कथन (गूढ़ार्थ-छिपेहुए अर्थका प्रकाश, सारवचन, श्रेष्ठता-अच्छापन, कई अर्थ-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वाला होना, और वेद्यता-अर्थका समझमें आना-ये सब गुण सन्दर्भमें हैं).

सन्दान, (न०) सन्+दो+ल्युट् । बंधन (बांधना) । दाम (रस्सी) । और सम्यक् खण्डन (अच्छीतरह तोड़ना) । दा+ल्युट् । सम्यक् दान (अच्छा देना) (न०) हाथीके घुटनोंका निचला भाग (पु०).

सन्दानिनी, (स्त्री०) सन्दानं (बंधनं) गवां अत्र इनि ङीप् । जहां गौएं बांधी जाती हैं । गोगृह । गौओंका घर । गोशाला.

सन्दाव, (पु०) सम्+द्रू+घञ् । पलायन । भागना.

सन्दाह, (पु०) सम्+दह्+घञ् । मुखआदिका सूकना । सम्यग् दाह । पूरीजलन.

सन्दिग्ध, (त्रि०) सम्+दिह्+कर्त्तरि क्त । सन्देह (शक)-वाला । " कर्मणि क्त " सन्देहविषय । शकका स्थान.

सन्दित, (त्रि०) सम्+दो+क्त । बद्ध (बंधाहुआ).

सन्दिष्ट, (न०) सम्+दिश्+भावे क्त । वाचिकार्थकथन । कहेहुए अर्थको कहना । सन्देश । वार्त्ता (वात) । " कर्मणि क्त " उपदिष्ट (उपदेशकियाहुआ) (त्रि०).

सन्दिहान, (त्रि०) सम्+दिह्+शानच् । सन्देहवाला.

सन्दी, (स्त्री०) सम्+दो+ड-ङीष् । खट्वा । खाट । मंजा.

सन्देशहर, (पु०) सन्देशं हरति (अभीष्टस्थानं कथनाय नयति) हृ+अच् । सन्देस (सुनिआं-खवर)को चाहेहुए स्थानपर कहनेके लिये लेजाता है । " ण्वुल् " " संदेशहारक ".

सन्देह, (पु०) सम्+दिह+घञ् । " संशय " शब्दके अर्थमें है. [(चोना).

सन्दोह, (पु०) सम्+दुह्+घञ् । समूह । पूरा २ दोह

सन्द्राव, (पु०) सम्+द्रु+घञ् । पलायन । भागना.

सन्धा, (स्त्री०) सम्+धा+अङ् । स्थिति (ठहरना) । प्रतिज्ञा (इकरार) । सन्धान (मेल) । सुरा (शराब) । निकालना । अनुसन्धान (ढूंढ़ना).

संधान, (न०) सम्+धा+ल्युट् । सुरोत्पादनानुगुणव्यापारविशेष । शराब निकालना । अनुसंधान (तालाश) । मेल । (स्त्रियां ङीप्) । गौवांधनेकी शाला.

सन्धि, (पु०) सम्+धा+कि । राजाओंके छ गुणोंमेंसे मेलनके लिये मित्रता करनेका व्यापार । संयोग । जोड़ । भेंट देकर एक राजाका दूसरेके साथ मिलजाना । दो अस्थिओं(हड्डिओं)के जुड़नेका स्थान । चोर-आदिसे कीगई सुरङ्गा (सुरंग-सह) । नाटकका एक अंग (" मुख "आदि संधिके पांच भेद हैं) । व्याकरण-में दो वर्णोंसे उत्पन्नहुआ वर्णविकार.

सन्धिचौर, (पु०) संधिना (कृतसुरंगया) चौरः । सुरंग लगाकर चोरीकरनेहारा । सुहलगानेहारा.

सन्धित, (त्रि०) संध्या जाता अस्य । तार० इतच् । कृतसंध । मिलाहुआ.

सन्धिनी, (स्त्री०) सन्धा (वृषभसंयोगः तज्जगर्भोऽस्ति) अस्याः । बैलके संयोगसे गर्भको धारण करनेहारी गौ.

सन्धिपूजा, (स्त्री०) संधौ (अष्टम्याः शेषे) नवम्याश्च (आद्ये दण्डे) पूजा । आश्विन (अस्सू)के शुक्लपक्ष-की अष्टमी और नवमीके मेलका समय " सन्धि " है उस समयकी पूजा.

सन्धिबंध, (पु०) सन्धिं बध्नाति (संयुनक्ति) सम्+बंध्+अच् । जोड़को जोड़ता है । भूमिचम्पक (पृथिवी-का चम्बा-चमेलीका फूल) इसके सेवन करनेसे टूटी-हूई सन्धिभी मिलजाती है-यह वैद्यक (हकीमी)में प्रसिद्ध है.

संधिविग्रहाधिकारिन्, (पु०) संधिविग्रहेषु अधि-करोति । अधि+कृ+णिनि । राजाओंके संधि (मेल) और विग्रह (लड़ाई)का अधिकारी मन्त्री.

संधिवेला, (स्त्री०) संधियुक्ता वेला (समयः) । जुड़ा-हुआ समय (वक्त) । दिन और रातके मिलनेका समय.

संधिहारक, (पु०) सन्धिना (सुरंगया) हरति पर-द्रव्यम् । हृ+ण्वुल् । सुरंगसे दूसरेके पदार्थको लेजाता है.

सन्धुक्षित, (त्रि०) सम्+धुक्ष्+क्त । उद्दीपित । भड़का-यागया । प्रकाशित.

सन्धेय, (त्रि०) सम्+धा+यत् । संयोज्य । संयोगके लायक । मेलनीय । मिलानेलायक.

सन्ध्या, (स्त्री०) सम्+ध्यै+अङ्-ड वा । एकरूप कालके उत्तरमें होनेहारा पररूप कालका अवकाश । दोनोंवक्त मिलेहुए । दिन और रातके वीचका समय । पहिली और पिछली चार घड़ियें छोड़कर रात्रिका नाम " त्रि-यामा " तीन पहिरवाली है । वही दोनों संध्या है । युगका सन्धिकाल। संध्याके समय उपासना करनेलायक देवता । एक नदी । ब्रह्मा । एक स्त्री.

संध्यानटिन्, (पु०) सन्ध्यायां नटति । नट्+णिनि । संध्याके समय नाचता है । शिव । शंकर.

संध्याभ्र, (न०) संध्याकालिकं अभ्रं इव । मानो संध्या-समयका बादल है । सुवर्ण । गेरी । सांझका बादल.

संध्याराग, (न०) संध्याया इव रागः अस्य । संध्याकी नाईं जिसका रंग है । सिन्दूर । सँधूर.

संध्याराम, (पु०) संध्यायां रमते । रम्+घञ् । जो संध्यानाम स्त्रीमें रमण कर्त्ता है । ब्रह्मा.

सन्न, (पु०) सीदति । सद्+क्त । पियालका वृक्ष । अवसन्न (निर्बल-कमज़ोर-घटाहुआ-दुखीहुआ) (त्रि०) । "स्वार्थे कन् " खर्व । वामन । बौना.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सन्नत, (त्रि०) सम्+नम्+क्त । प्रणत (झुकाहुआ) । शब्द करनेहारा.

सन्नद्ध, (त्रि०) सम्+नह्+क्त । कृतसन्नाह । संजोह पहिरेहुए । तयारहुआ । बंधाहुआ । उत्पन्नहुआ.

सन्नय, (पु०) सम्+नी+अच् । समूह । बहुतसा.

सन्नहन, (न०) सम्+नह्+ल्युट् । वर्म्मग्रहण । संजोह पहिरना । उद्योग । हिम्मत । पूरा बंधन.

सन्नाह, (पु०) सन्नह्यते । सम्+नह्+घञ् । संजोया । वर्म । अच्छीतरह बांधाजाता है.

सन्निकर्ष, (पु०) सम्+नि+कृष्+घञ् । सान्निध्य । निकटता । पासहोना । " सद्वृत्तसन्निकर्षो हि क्षणार्द्धमपि शस्यते " पुराणम् । विषय और इन्द्रियका सम्बन्ध (व्यापार) । न्यायमतमें ज्ञानलक्षण सामान्य लक्षण और योगजधर्म्मविशेष स्वरूप अलौकिक प्रत्यक्षका साधन । एक उपाय.

सन्निकर्षण, (न०) सम्+नि+कृष्+ल्युट् । सन्निधान । निकट होना । नज़दीक होना. [प्यहोना । पासहोना.

सन्निधान, (न०) सम्+नि+धा+ल्युट् । नैकट्य । सामी-

सन्निधि, (पु०) सम्+नि+धा+कि । सामीप्य । पासहोना । " कर्मणि कि " इन्द्रियका विषय । कर्म० । अच्छा खज़ाना. [हाज़िरहुआ । मरगया.

सन्निपतित, (त्रि०) सम्+नि+पत्+क्त । मिलाहुआ ।

सन्निपात, (पु०) सम्+नि+पत्+घञ् । मेलन । मिलना । नीचे गिरना । इकठे होजाना । उतरना । भिड़ना । समूह । एक प्रकारका ज्वर (बुखार-ताप) जिसमें शरीरके तीनों धातु (वात-पित्त-कफ) मिलकर विगड़ जायँ-यह बड़ा कफादिधातुत्रयका विजातीय वैषम्यरूप त्रिदोषज विकार है । नाश । उपस्थिति (पहुचना) । तालविशेष । एकप्रकारका रागमें समयका परिमाण (माप).

सन्निपातनुद्, (पु०) सन्निपातं (त्रिदोषजविकारं) नुदति । नुद्+क्विप् । जो तीन दोषोंसे उत्पन्नहुए विकारको दूर कर्त्ता है । नेपालनिम्ब । नेपालदेशका नीम (निम्म).

सन्निबंधन, (न०) सम्यक् निबंधनम् । प्रा० । अच्छी तरह बांधना । पक्का बांधना । कई स्थानोंमें स्थित होरहे वाक्योंको एक स्थानपर संकलन (इकट्ठाकरना) । और तदुपयोगी (उस कामको पूरा करनेहारा) ग्रंथविशेष । ७ ब० । अच्छी जीविकावाला (त्रि०). [एक जैसा.

सन्निभ, (त्रि०) सम्+नि+भा+क । सदृश । समान ।

सन्निवेश, (पु०) सम्+विश्+आधारे घञ् । पुरके बाहिरका देश । भावे घञ् । सम्यक्स्थिति । भलीभांति ठहरना । खवा । अखाड़ा.

सन्निहित, (त्रि०) सम्+नि+धा+क्त । निकटस्थ । पास ठहिराहुआ । नज़दीक । " कर्म्मासन्निहितं नैवेति " मीमांसा । और भलीमांति स्थापित (रक्खागया) । " भावे क्त " नैकट्य (नज़दीकहोना) (न०).

सन्न्यस्त, (त्रि०) सम्+नि+अस्+क्त । निक्षिप्त । अच्छा रक्खागया । डालागया । अच्छीतरह त्यागागया । जुड़ाहुआ । अर्पित (दियागया).

सन्न्यास, (पु०) सम्+नि+अस्+घञ् । " काम्यानां कर्मणां त्यागं सन्न्यासं कवयो विदुः " इति भगवान्की अचल भक्तिरूप फलको छोड़ केवल सांसारिक विषयोंकी कामनासे कियेगये कर्म्मोंका त्यागदेनाही सन्न्यास है अर्थात् काम्यकर्म्मपरित्याग ही संन्यासका लक्ष्यार्थ है । वेदसे विधान कियेहुए कर्म्मोंका विधान (रीति) हीसे भलीभांति त्यागकरना । उसके योग्य चौथा आश्रम । चेत (चैत्र)में करनेलायक पुराणमें प्रसिद्ध शिवजीमहाराजका व्रतविशेष.

सन्न्यासिन्, (पु०) सम्+नि+अस्+णिनि । सन्न्यासवाला । चौथे आश्रमवाला । चैत्रमें कर्त्तव्य शिवव्रतकर्त्ता.

सपक्ष, (पु०) समानः पक्षः । जहां साध्य और साधन दोनों रहजायँ, जैसे आग और धूंएंका एकही आश्रय पहाड़ है । परवाला । अपनीओरके लोगोंवाला । सम्बन्धी (त्रि०).

सपत्राकरण, (न०) सह पत्रेण (पक्षेण) सपत्रः तथा क्रियते । सपत्र+डाच्+कृ+ल्युट् । परसमेत शर (तीर)के लगनेकी बडी पीड़ा । " कर्मणि क्त " सपत्राकृतः । उस प्रकार पीड़ा पहुंचायागया (त्रि०).

सपत्न, (पु०) सह एकार्थे पतति (यतते) पत्+न " सह " को " स " । एकही अर्थमें साथ यत्न कर्त्ता है । एकके लाभमें अपना लाभ करना चाहता है । शत्रु-दुश्मन.

सपत्नी, (स्त्री०) समानः पतिः यस्याः " ङीप् " और " न " होता है । समान (उसी) पतिवाली । एक भर्त्तावाली स्त्री (जिसकी दूसरी विरोधिनी-सौतिनभी है) । सौतिन-दूसरी औरत । एकही स्वामीवाली भूमिआदि (इस अर्थमें " सपति " भी होता है).

सपदि, (अव्य०) सह पद्यते । पद्+इन् " सह " को " स " । साथही पडता है । तत्क्षण । उसी समय । झट. [सेट् । सपर्य्यति । असपर्य्यीत्.

सपर,-पूजा करना (इज्जतकरना)-कण्ड्वादि० पर० सक०

सपर्य्या, (स्त्री०) सपर्+यक्+अ-टाप् । पूजा । आदर । " सोहं सपर्य्याविधिभाजनेन " इति रघुः.

सपाद, (स्त्री०) सह पादेन (चरणेन-चतुर्थांशेन वा) । पाद (पाँव) सहित-पांववाला । चतुर्थांश (चौत्थेहिस्से)-वाला.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सपिण्ड, (त्रि०) समानः पिण्डः (स्वदेहारम्भकदेहः) यस्य । एकही देहसे आरम्भ होने योग्य देहवाला । ज्ञातिविशेष । बरादरी । रिश्तहहार । जातियें साक्षात्-परम्परा-अतिपरम्परासे एकही देहारभ्य (शरीरसे उत्पन्न होने-लायक) हैं इसीलिये " सपिण्डत्व "है । एकसम्बन्धी जिसका पितरोंको प्रेतपिण्ड देनेमें किसी न किसी प्रकारसे सम्बन्ध रहे । दाय (विरसा) लेनेका अधिकारी.

सपिण्डीकरण, (न०) सह पिण्डेन-ततः अभूततद्भावे च्वि+कृ+ल्युट् । पिण्डके साथ कियागया । मिलायागया । प्रेतपन छुड़ानेके लिये प्रेतके उद्देशसे करनेलायक पिता-आदिके पिण्डोंका समन्वय । एकही स्थानमें मिलाने-हारा श्राद्धविशेष.

सपिण्डीकृत, (त्रि०) सह पिण्डः (पित्रादिपिण्डः) सपिण्डः ततः च्वि+कृ+कर्म्मणि क्त । जिसके लिये "सपिण्डीकरण " श्राद्ध किया है वह मृतक (मराहुआ) जन (कोई हो) । "ये सपिण्डीकृताः प्रेताः " इति स्मृतिः.

सपीति, (स्त्री०) पा+क्तिन् । पीतिः (पानं) । सह एकत्र पीतिः । ज्ञाति (जात-बरादरी)के साथ मिलकर भोजन (खाना).

सप्तक, (न०) सप्तानां अवयवं-कन् । सातकी संख्या (गिन्ती) । " सप्त प्रमाणं अस्य-कन्" सातकी संख्यावाला(त्रि०).

सप्तकी, (स्त्री०) सप्तभिः (स्वरैः) इव कायति (शब्दायते) कै+क । सात सुरोंके समान शब्द कर्त्री है । मेखला । तड़ागी.

सप्ताचत्वारिंशत्, (स्त्री०) सप्ताधिका चत्वारिंशत् । शाक० । सात ऊपर चालीस । संताली । उस संख्यावाला (त्रि०).

सप्तच्छद, (पु०) सप्त सप्त छदाः (प्रतिपत्रं) यस्य । जिसके हरएक पत्तेके साथ सात २ पत्ते हों । सतौनेका द्रख्त.

सप्तजिह्व, (पु०) सप्तजिह्वा इव (आस्वादसाधनानि) अर्चिषो यस्य । जिसकी सातलाटें जिह्वाओंके समान हैं । वह्नि । आग.

सप्तज्वाल, (पु०) सप्त " काली " इत्यादयः ज्वाला यस्य । " काली " " कराली "प्रभृति जिसकी सात लाटें हैं । अग्नि । आग.

सप्ततन्तु, (पु०) सप्तभिः " भूः "आदिभिः (महाव्याहृतिभिः) तन्यते । तन्+तुन् । " भू "आदि सात महाव्याहृतिओंसे जिसका विस्तार कियाजाता है । यज्ञ । याग.

सप्तति, (स्त्री०) सप्तगुणिता दशतिः नि० । सत्तरकी [संख्या । उस संख्यावाला.

सप्ततितम, (त्रि०) सप्ततेः पूरणः तमप् । जिस्से " सत्तर "की संख्या भरजाती है । सत्तरवां.

सप्तदश, (त्रि०) सप्तदशानां पूरणः डट् । सतारवां । जिस्से सतारवी संख्या पूरी होती है.

सप्तद्वीपा, (स्त्री०) सप्त (जम्बूप्रभृतयः)द्वीपा यस्याः । " जम्बू " आदि सात द्वीप (जज़ीरे)वाली पृथिवी.

सप्तधा, (अव्य०) सप्तन्+प्रकारे धाच् । सात प्रकार । सात तरहसे.

सप्तधातु, (पु० ब० व०) सप्तगुणिता धातवः । रस, अस्र, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र (वीर्य्य)-रूप शरीरकी सात धातुएं.

सप्तन्, (पु० त्रि०) सप्+तनिन् । सात । सातसंख्यावाला.

सप्तपदी, (स्त्री०) सप्तानां पदानां समाहारः । ङीप् । विवाहके समयकी सात फेरियें । सात पाँव । सात शब्द.

सप्तपर्ण, (पु०) सप्त सप्त पर्णानि अस्य । जिसके प्रति पत्तेके साथ सात २ पत्ते हों । सतौनेका वृक्ष । छातिम.

सप्तपाताल, (न०) समाहारद्विगुः पात्रादि । "अतल"-आदि पृथिवीके नीचे सात लोक.

सप्तप्रकृति, (स्त्री० ब० व०) सप्त संख्याताः प्रकृतयः । सांख्यमें प्रसिद्ध " महत्तत्त्व " आदि सात प्रकृतियें । सोलह पदार्थोंका हेतु होनेसे " प्रकृतिपन " और प्रकृतिका कार्य्य होनेसे इन्हें (सात प्रकृतिओंको) " विकृतिपन " भी है । " स्वामी" आदि राजाके सात अंग । सातस्वभाव.

सप्तम, (त्रि०) सप्तानां पूरणः मट् । जिस्से सातकी संख्या पूर्ण होती है । सातवां । "स्त्रियां ङीप् " । सप्तमी तिथि । सातवीं तारीख.

सप्तर्षि, (पु० ब० व०) सप्त ऋषयः । कर्म्म० । मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अंगिरा और वशिष्ठ । सात ऋषि.

सप्तर्षिमण्डल, (त्रि०) ६ त० । सात ऋषिओंका मण्डल । आकाशमें नित्य ध्रुव नक्षत्रके घुमानेहारा सात तारोंके स्वरूपका एक प्रकारका नक्षत्रमण्डल " सप्तर्षिमण्डलं तस्माद्दृश्यते सर्वतोपरि " पुराणम्.

सप्तशती, (स्त्री०) सप्तानां शतानां समाहारः । सातसौ । मार्कण्डेयपुराणके अंदर सातसौ मन्त्रोंके स्वरूपमें देवीके माहात्म्य (बड़ाई)को जतलानेहारा ग्रन्थ.

सप्तशलाक, (पु०) सप्तशलाकाकाराः (रेखाः) यत्र । एक प्रकारका चक्र, जिसमें शलाकाके स्वरूपमें सातरेखा होतीं हैं (इससे विवाहमें त्यागदेने योग्य दोष सूचित होते हैं).

सप्तशिरा, (स्त्री०) सप्त शिरा अस्याः । जिसकी सात नाड़ियें हों । ताम्बूलवल्ली । पानकी बेल.

सप्तसप्ति, (पु०) सप्त सप्तयः (अश्वाः) यस्य । सात

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

घोड़ोंवाला । सूर्य्य । और आकका वृक्ष । " सप्ताश्व " आदि भी.

सप्तसागर, (पु० ब० व०) सप्त संख्याताः सागराः । सात समुद्र । एकप्रकारका महादान (जिसमें घीआदि-के सात समुद्र कल्पना किये जाते हैं).

सप्तांशु, (पु०) सप्त अंशवः (ज्वालाः) यस्य । सात लाटवाली आग (वह्नि).

सप्ताश्ववाहन, (पु०) सप्त अश्वाः वाहनानि अस्य । सात घोड़े जिसकी सवारी हैं । सूर्य्य । आकका दरख्त.

सप्ति, (पु०) सप्+ति । अश्व । घोड़ा.

सफर, (पु०) सप्+अरन् । पृ० "प" को "फ" एक प्रकारकी मच्छी (पुंटी) । "सफरी" भी होता है.

सफल, (त्रि०) सह फलेन । "सह" को "स" होता है । अव्यर्थ । फलवाला.

सबल, (त्रि०) सह बलेन (सामर्थ्येन-सैन्येन) वा । सामर्थ्यवाला (ताकतवाला) । सेनासहित.

सब्रह्मचारिन्, (पु०) समानं ब्रह्म (वेदग्रहणकालिकं व्रतं) चरति । चर्+णिनि । एक गुरुके पास वेद पढ़नेके समय उस (वेद)के लिये एक जैसे व्रतको करनेहारा । गुरुभाई । एकजमाती.

सभर्तृका, (स्त्री०) सह भर्त्रा (पत्या) । वह स्त्री कि जिसका पति जीता है । सुहागन.

सभा, (स्त्री०) सह भान्ति (अभीष्टनिश्चयार्थं एकत्र गृहे) यत्र । जहां किसी चाहीगई बातके निर्णय करने-के लिये इकट्ठे चमकते हैं । बहुतोंके बैठनेका स्थान । परिषत् । मजलिस.

सभाज्,-सेवाकरना-और देखना । सक० । प्रसन्नहोना । अक० चु० उ० सेट् । सभाजयति-ते । असभाजत्-त.

सभाजन, (न०) सभाज्+ल्युट् । आने वा जानेके समय कुशल आनन्दका सम्भाषण (बातचीत) । और पूजा करना.

सभासद्, (पु०) सभायां सीदति क्विप् । सभामें बै-ठता है । सामाजिक । सभ्य । मैम्बर.

सभास्तार, (पु०) सभां स्तृणाति । स्तृ+अण् । सभाको ढांकता है । सभ्य । सामाजिक । समाजी । मैम्बर.

सभिक, (पु०) सभा (द्यूतसभा) अस्ति अस्य ठन् । जूएकी सभावाला । द्यूतकारक । जुवारिआ । "सभीक" भी होता है.

सभ्य, (पु०) सभायां साधुः यत् । सभामें भला है । सामाजिक । मैम्बर । और द्यूतकार (जुवारिया) । विश्वासी (त्रि०). [मिलना.

सन्, (अव्य०) सम्यक् । भलीभांति । प्रकर्ष (बहुत) ।

सम, (त्रि०) सम्+अच् । समान । तुल्य (बराबर) । सर्व (सारा) । औरसाधु (भला) । युग्म (जोड़ा) । दूसरी चौथी और छठी राशियें । गाने और बजानेमें एकही समय गायक (गवैये)के हाथ आदिका हिलाना-रूप ताल (न०).

समक्ष, (अव्य०) अक्ष्णः समीपं । अव्ययी० अच् । चक्षुः-सन्निकर्ष । आँखके नज़दीक (पास) । सामने (त्रि०).

समग्र, (त्रि०) समं (सकलं) यथा स्यात्तथा गृह्यते । ग्रह्+ड । सकल । सारा । पूरा २ । कुल्ल.

समङ्गा, (स्त्री०) समज्यते अनया । सम्+अञ्ज्+घञ् । मञ्जिष्ठा । मजीठ.

समचित्त, (त्रि०) समं (सर्वत्र समभावं) चित्तं यस्य । सब स्थानमें एकही प्रकारका देखनेहारा । तत्त्वज्ञानी.

समज, (न०) समजति अत्र । सम्+अज्+अप् "वि" नहिं होता । वन (जंगल) । समूह । पशुओंका समूह । मूर्खोंका समूह.

समज्ञा, (स्त्री०) समस्मिन् (सर्वत्र) ज्ञायते अनया । जिसके द्वारा सब जगह जाना जाता है । कीर्त्ति । यश । बड़ाई. [और कीर्ति.

समज्या, (स्त्री०) सम्+अज्+क्यप्-न वीभावः । सभा ।

समञ्जस, (त्रि०) सम्यक् अञ्ज औचित्यं यत्र । उचित । मुनासिब । और युक्त (ठीक २) । उचितपन (न०).

समदर्शिन्, (त्रि०) समस्मिन् (सर्वत्र) ब्रह्मभावेन अभिन्नतया पश्यति । दृश्+णिनि । सब स्थानमें ब्रह्म-स्वरूपसे एकही देखता है । सब जगह समान देखने-हारा । तत्त्वज्ञानी । " पण्डिताः समदर्शिनः " इति गीता.

समदृष्टि, (स्त्री०) कर्म्म० । सर्वत्र तुल्यदर्शन । सब स्थान-नमें एक जैसा देखना । ६ ब० । समदर्शी (त्रि०).

समधिक, (त्रि०) सम्यक् अधिकः । प्रा० । बहुत ज़ि-यादा । अत्यन्ताधिक. [अन्त । सीमा (हद).

समन्त, (पु०) सम्यक् अन्तः स यत्र वा । अच्छा

समन्ततस्, (अव्य०) समन्त+तसिल् । सब जगह फैलाहुआ । चारोंओरसे.

समन्तपञ्चक, (न०) समन्तात् पञ्चकं (नदपञ्चकं) यत्र । जहां चारोंओर पाँच दर्य्या हों । एक तीर्थ.

समन्तभद्र, (पु०) समन्तात् भद्रं अस्य । जिसको चारों ओरसे कल्याण हो । बुद्धदेव । बुद्धावतार.

समन्तभुज्, (पु०) समन्तात् भुंक्ते । भुज्+क्विप् । चारोंओरसे खाता है । वह्नि । आग.

समन्तात्, (अव्य०) समन्त+आति । चारोंओर.

समन्वित, (त्रि०) सम्+अनु+इण्+क्त । संगत । मिला-हुआ । युक्त.

समपद, (न०) समं पदं यस्मिन् । धनुष् पकड़नेवालों-का एक प्रकारसे खड़ाहोना । जिसमें पाँवको एक जैसा रक्खा जाता है । अवस्थानविशेष.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

समभिव्याहार, (पु०) सम्+अभि+वि+आ+हृ+घञ् । साहित्य । इकट्ठा वर्णन करना । साथ । अच्छीतरह कहना. [सहित । मिलाहुआ.

समभिव्याहृत, (त्रि०) सम्+अभि+वि+आ+हृ+क्त ।

समभिहार, (पु०) सम्+अभि+हृ+घञ् । पौनःपुन्य । वार २. [वार.

समम्, (अव्य०) सम्+अमु । साहित्य । साथ । एकही-

समय, (पु०) सम्+इण्+अच् । काल (वक्त) । शपथ । कसम । सौं । आचार । सिद्धान्त । संकेत । अंगीकार.

समया, (अव्य०) सम्+इण्+अ । नैकट्य । पासपन । बीच.

समयाध्युषित, (पु०) समयः अध्युषितः यत्र । सूर्य्य और ताराओंसे रहित समय (वक्त). [जंग.

समर, (पु० न०) सम्+ऋ+अय् । युद्ध । लड़ाई ।

समरमूर्द्धन्, (पु०) ६ त० । समरके आगे । लड़ाईके मैदानमें. [करना.

समर्च्चन, (न०) सम्यक् अर्चनम् । अच्छीतरह आदर

समर्ण, (त्रि०) सम्+अर्द+क्त । भलीभांति पीड़ा पहुंचायागया. [और हितकारी.

समर्थ, (त्रि०) सम्+अर्थ्+अच् । शक्त (ताकतवाला) ।

समर्थन, (न०) सम्+अर्थ्+ल्युट् (अन) । एक बात जैसी हो उसे युक्तिआदिसे वैसाही साबित करना । फैसला.

समर्द्धक, (त्रि०) समर्द्धयति । सम्+ऋध्+णिच्-ण्वुल् । चाहेहुए फलको देनेहारा । देवताआदि.

समर्य्याद, (त्रि०) सह मर्य्यादया । नियमके साथ । निकट (पास) (पु०)। अच्छे चालचलनवाला । सीमा। हद्द (त्रि०).

समल, (न०) सम्यक् मलं । बहुत मैल । विष्ठा (गूंह) । मैला और काला.

समवतार, (पु०) समवतीर्य्यते अनेन । सम्+अव+तॄ+घञ् । जलावतरणसोपान । पानीमें उतरनेकी सीढ़ी वा पैड़ी.

समवर्त्तिन्, (पु०) समं वर्त्तते । वृत्+णिनि । बरावर वर्त्तता है । यमराज. [नाटक.

समवकार, (पु०) सम्+अव+कृ+घञ् । एक प्रकारका

समवाय, (पु०) सम्+अव+इण्+अच् । समूह । मेल । न्यायमें नित्यद्रव्यआदिमें जातिआदिका सम्बन्धविशेष.

समवेत, (त्रि०) सम्+अव+इण्+क्त । मिलाहुआ । समूहसे युक्त । न्यायमें समवायसम्बन्धसे ठहिराहुआ.

समष्टि, (स्त्री०) सम्+अश्+क्तिन् । सम्यग् व्याप्ति । अच्छीतरह फैलना । समस्तता । सारापन । कुल्ल.

समसन, (न०) सम्+अस्+ल्युट् । समास । संक्षेप । मिलना.

समस्त, (त्रि०) सम्+अस्+क्त । संक्षिप्त (थोड़ा कियाहुआ) । सकल । सारा । व्याकरणमें कृतसमास (मिलायाहुआ अर्थात् बहुतसे शब्दोंका एकशब्द कियाहुआ).

समस्थ, (त्रि०) समं तिष्ठति । स्था+क । बराबर रहता है । समभावसे तुल्यरूप होकर स्थितहुआ.

समस्थली, (स्त्री०) कर्म्म०। गंगा और यमुनाके मध्यमें वेदीका प्रदेश । दुआवा.

समस्या, (स्त्री०) समस्यते (संक्षिप्यते) अनया । सम्-अस्+क्यप् । एक चरण सुनकर बाकी श्लोक पूराकरना । (जो पूरा नहिं).

समा, (स्त्री०) समयति (विकलयति) भावान् । सम्+अट्+टाप् । जो भावों (पदार्थोंको) विकल कर्त्ता है । वत्सर (वरिस) । (अमरने बहुवचन और पाणिनी मुनिने इस शब्दको एकवचनान्त कहा).

समाकर्षिन्, (पु०) सम्+आ+कृष्+णिनि । बहुत दूर जानेहारा गन्ध । अच्छीतरह खेंचनेहारा (त्रि०).

समाख्या, (स्त्री०) समाख्यायते अनया । सम+आ+ख्या+अङ् । जिसके द्वारा प्रसिद्ध होता है । कीर्ति । यश । नाम । संज्ञा.

समाघात, (पु०) समाहन्यते अत्र । सम्+आ+हन्+घञ् । जहां अच्छीतरह चोट कियाजाता है । युद्ध । जंग.

समाज, (पु०) सम्+अज्+घञ् । " वि " नहि होती । पशुओंसे भिन्न समूह । सभा । हाथी.

समाधा, (स्त्री०) सम्+आ+धा+अङ् । निष्पत्ति । सिद्धि । विवादभञ्जन । झगड़ामिटाना । प्रश्नका उत्तर । " समाधान " भी इसी अर्थमें होता है (न०)। चित्तका एकओर लगाना । ध्येय (ब्रह्म)में मनका जोड़ना.

समाधि, (पु०) सम्+आ+धा+कि । समाधा । ध्येयवस्तुमें एकाग्रहोकर मनका टिकानारूप ध्यानविशेष । काव्यका एक गुण । मनलगाना । मढ़ी.

समाध्मात, (त्रि०) सम्+आ+ध्मा+क्त । पूरा अभिमानीहुआ । अच्छीतरह आवाज़ कियाहुआ । अच्छीतरह फूंकागया. [बराबर.

समान, (त्रि०) समं आनयति । अन्+अण् । तुल्य ।

समानोदक, (पु०) समानं (एकं) तर्पणादौ देयं उदकं यस्य । तर्पणआदिमें एकही जल जिसे दियाजाय । " चौदवीं पीढ़ीतक समानोदकभाव समाप्त हो जाता है " ग्यारवें से १४ वें पुरुषतक ज्ञातिविशेष (बरादरी).

समानोदर्य्य, (पु०) समाने उदरे भवः यत् । एक पेटके भाईआदि । भगिनी (बहिन) (स्त्री०).

समाप, (पु०) सम्यक् आपो यत्र । अच् समा० नि० । जहां अच्छा जल होता है । देवताके पूजाकी जगह.

समापन, (न०) सम्+आप्+ल्युट् । समाप्ति । बाकी.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

समापन्न, (त्रि०) सम्+आ+पद्+क्त। समाप्त (खतमहुआ)। प्राप्त (पायाहुआ)। क्लिष्ट (तक्लीफमें हुआ)। समाप्ति (न०).

समाप्त, (त्रि०) सम्+आप्+क्त। अवसानप्राप्त। खतमहुआ। सम्यक् प्राप्त। भलीभांति पहुंचा.

समायोग, (पु०) सम्+आ+युज्+घञ् । संयोगसमवायआदि सम्बन्ध। मेल। मिलाप.

समालम्बिन्, (पु०) समालम्बते (लटकता है)। सम्+आ+लबि+णिनि। भूचम्पक। लटकनेहारा (त्रि०).

समालम्ब, (पु०) सम्+आ+लब्+घञ्-मुम्च। केसर(कुङ्कुम)आदिसे शरीरपर लेप करना.

समावर्त्तन, (न०) समावर्त्तते गुरुकुलात् अनेन । वेद पढ़नेके अनन्तर गृहस्थी होनेके लिये गुरुकुलसे आनेका संस्कारविशेष.

समाविष्ट, (त्रि०) सम्+आ+विश्+क्त । युक्त। मिलाहुआ । मनके अभिनिवेश(हठ)वाला । चाहेगये करनेलायक काममें चित्तकी एकाग्रतावाला। लगाहुआ.

समावेश, (पु०) सम्+आ+विश्+घञ्। बहुतसे अर्थोंको एकवचनमें लाना। करनेलायक अभिनिवेश (हठ).

समास, (पु०) सम्+अस्+घञ्। संक्षेप (खुलासा)। समर्थन (साबितकरना)। समाहार (इकट्ठाकरना)। व्याकरणमें दोआदि पदोंको एकपद बनानेहारा संस्कारविशेष.

समासक्त, (त्रि०) सम्+आ+सञ्+क्त । संयुक्त। मिलांहुआ। अत्यन्तासक्त। बहुतलगाहुआ (फंसाहुआ) और अभिनिविष्ट। खूब जुड़ाहुआ. [अभिनिवेश.

समासङ्ग, (पु०) सम्+सञ्+घञ्। संयोग। मेल। पूरा।

समासादित, (त्रि०) सम्+आ+सद्+णिच्+क्त। पाया। हासिलकिया। पास ठहिराहुआ.

समासार्था, (स्त्री०) संक्षेपेण अर्थः अभिहितः यस्याः। जिसका अर्थ थोड़ेमें कहागया। समस्या.

समाहित, (त्रि०) सम्+आ+धा+क्त । धृतसमाधि। समाधि लगायेहुए। आहित। रक्खागया । प्रतिज्ञात। इकरार कियाहुआ। निष्पन्न। पूराहुआ। शुद्ध । साफ़.

समाहृत, (त्रि०) सम्+आ+हृ+क्त । संगृहीत। इकट्ठाकियागया.

समाहृति, (स्त्री०) सम्+आ+हृ+क्तिन्। संक्षेप। संग्रह.

समाह्वय, (पु०) समाहूयते । सम्+आ+ह्वे+अच्। युद्ध। जंग। आह्वान। बुलाना। एकप्रकारका जूआ। बटेरेआदि प्राणिओंका जूआ. [लड़ाई.

समित्, (स्त्री०) समीयते अत्र। सम्+इण्+क्विप्। युद्ध।

समिता, (स्त्री०) सम्+इण्+क्त। गोधूमचूर्ण (आटा)। मिलाहुआ (त्रि०).

समिति, (स्त्री०) सम्+इण्+क्तिन्। समर। युद्ध। जंग.

समिध्, (स्त्री०) समिन्धतेऽनया । सम्+इन्ध्+क्विप्। काष्ठ। लकड़ी। होमके लिये काष्ठविशेष। पलाशादि.

समिध, (पु०) समिध्यते। सम्+इन्ध्+क। काष्ठ। लकड़ी। और वह्नि। आग. [तरह। चमकना.

समिन्धन, (न०) सम्+इन्ध्+ल्युट्। काष्ठ। अच्छी-

समीक, (न०) सम्+ईकक्। युद्ध। जंग। लड़ाई.

समीकरण, (न०) असमः समः क्रियते अनेन। सम्+च्वि+कृ+ल्युट् (अन)। असम(जो बराबर नहीं)को सम(बराबर) करना । बीजगणितमें न जानीहूई संख्याओंको जाननेके लिये प्रक्रियाविशेष । तुल्यरूपपनको लाना.

समीक्ष, (न०) सम्यक् ईक्षतेऽनेन । जिस्से भलीभांति देखता है। सांख्यदर्शन। " भावे घञ् "। पर्य्यालोचन। चारोंओरसे सोचना । ठीक् समझना । अ। " समीक्षा "। बुद्धि। मीमांसाशास्त्र। यत्न (स्त्रियां-टाप्).

समीक्ष्यकारिन्, (त्रि०) समीक्ष्य करोति। कृ+णिनि। उप० । वस्तुके स्वरूपको भलीभांति सोचकर कामकरनेहारा.

समीचीन, (त्रि०) सम्यग् भवः । सम्+अच्+क्विप्। यथार्थ। ठीक २। साधु । और सत्य (हां) । सत्यवाला (त्रि०). [जाता है। निकट। पास.

समीप, (त्रि०) संगता आपः अत्र। जहां पानी मिल-

समीर, (पु०) सम्यक् ईरयति । सम्+ईर्+अच्। वायु (हवा)। पृ०। " समीर ".

समीरण, (पु०) सम्+ईर्+ल्यु० (अन)। वायु (हवा)। पथिक (राही). [(कहीहूई)। उच्चारिता.

समीरिता, (स्त्री०) सम्+ईर्+क्त+टाप् । कथिता

समीहित, (त्रि०) सम्+ईह्+क्त। अभीष्ट। चाहागया। अभिलषित. [बहुत ठीक (योग्य).

समुचित, (त्रि०) सम्+अच्+क्त । सम्यक् उपयुक्त।

समुच्चय, (पु०) सम्+उद्+चि+अच्। दो तीन राशियें। आपसमें अपेक्षा न रखनेहारे बहुतसे शब्दोंका एकक्रियाआदिमें अन्वय। यह " च " और " तथा " आदि शब्दोंसे प्रकट होता है. [इकट्ठा कियाहुआ.

समुच्चित, (त्रि०) सम्+उद्+चि+क्त। कृतसमुच्चय ।

समुच्च(चा)र, (पु०) सम्+उद्+चर्+अप्-घञ् वा। अच्छीतरह उच्चारणकरना। अच्छीतरह त्यागकरना.

समुच्छेद, (पु०) सम्+उद्+छिद्+घञ् । विनाश। अच्छीतरह काटना.

समुच्छ्र(च्छ्रा)य, (पु०) सम्+उद्+श्रि+अच्-घञ् वा। अत्युन्नति । बहुत ऊंचाहोना। विरोध (दुश्मनी)। ऊंचाई। उत्सेध. [बहुत ऊंचाहुआ.

समुच्छ्रित, (त्रि०) सम्+उद्+श्रि+क्त । अत्युन्नत।

समुच्छ्लित, (पु०) सम्यक् उच्छ्लितं। सम्+उद्+

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

श्वल्+क्त । चारोंओर फैलाहुआ । चारोंओर उछलाहुआ । समन्तात् विस्तीर्ण.

समुच्छ्वसित, (त्रि०) सम्+उद्+श्वस्+क्त । सम्यक्-उच्छ्वासयुक्त । भलीभांति सांसवाला । प्रत्युज्जीवित । फिरजी उठा.

समुच्छ्वास, (पु०) सम्+उद्+श्वस्+घञ् । मुख और नासिकासे प्राणरूप वायु (हवा)का व्यापार (चलना) । सांस.

समुज्झित, (त्रि०) सम्+उज्झ+क्त । त्यक्त । छोड़ाहुआ.

समुत्क्रम, (पु०) सम्+उद्+क्रम्+घञ्-न वृद्धिः । ऊर्द्ध्व-गमन । ऊपरजाना । भलीभांति ऊपर जाना.

समुत्क्रोश, (पु०) सम्यक् उत्क्रोशति-उच्चैः शब्दायते । सम्+उद्+क्रुश्+अच् । ऊंचे चिल्लाता है । कुररीविहग । कूंजनामी पक्षी । " भावे घञ् " ऊंचाशब्द.

समुत्थ, (त्रि०) सम्यगुत्तिष्ठति । सम्+उद्+स्था+क्त-" स " को "थ" । सम्यगुत्पन्न । अच्छीतरह उपजा । उठा.

समुत्थान, (न०) सम्+उद्+स्था+करणे ल्युट्-" स " को" थ " । समुद्योग । पूरी हिम्मत । ऊत्तोलन । उठाना.

समुत्पन्न, (त्रि०) सम्+उद्+पद्+क्त । समुद्भूत । पैदा-हुआ । उपजा.

समुत्पाट, (पु०) सम्+उद्+पद्+घञ् । उन्मूलीकरण । जड़से उखाडना । अच्छीतरह पट्टना.

समुत्पिञ्ज, (त्रि०) सम्+उद्+पिञ्ज्+अच् । अत्याकुल । बहुत घबरायाहुआ । घबराई सेना (पु०).

समुत्सर्ग (पु०) सम्यक् उत्सर्गः । सम्+उद्+सृज्+घञ् । सम्यक् त्याग । पूरा २ छोड़ना । त्यागदेना.

समुत्सुक, (त्रि०) सम्यक् उत्सुकः । प्रा० । अत्यन्तो-त्सुक । बहुत शौकवाला । चाहीगई वस्तुको पानेकेलिये त्वरान्वित (जल्दी करनेवाला).

समुत्सृष्ट, (त्रि०) सम्+उद्+सृज्+क्त । सम्यक् त्यक्त । दियागया । भलीभांति छोड़दिया. [बहुत बढ़ना.

समुत्सेध, (पु०) सम्+उद्+सिध्+घञ् । बहुत ऊंचाई ।

समुदय, (पु०) सम्+उद्+इण्+अच् । समूह । युद्ध (जंग) । बढ़ना । और दिन । ज्योतिषमें लग्न (न०).

समुदीरण, (न०) सम्+उद्+ईर्+ल्युट् । अच्छीतरह कहना.

समुद्ग, (पु०) सम्+उद्+गम्+ड । सम्पुटक । सम्पुटके आकारमें संश्लेषकरनेहारा पदार्थ । सन्दूक । पच्छी । " कः ". [उत्पत्ति.

समुद्गम, (पु०) सम्+उद्+गम्+घञ् । ऊपरजाना ।

समुद्गीत, (त्रि०) सम्+उद्+गै+क्त । ऊंचे गायागया । उच्चैर्गीत.

समुद्गीर्ण, (त्रि०) सम्+उद्+गॄ+क्त । वमित । ऊपर छल कियाहुआ । उगलाहुआ । उठायाहुआ । और कहा-हुआ.

समुद्दिष्ट, (त्रि०) सम्यक् उद्दिष्टं । उद्+दिश्+क्त । अच्छे उद्देश(प्रयोजन)वाला पदार्थ । भलीभांति बतलायाहुआ.

समुद्धत, (त्रि०) सम्+उद्+हन्+क्त । अत्यन्त पगला । बहुत चतुर । अत्यन्ताविनीत । बहुत मूर्ख (जो नम्र वा शिक्षित नहिं) । अभिमानी.

समुद्धरण, (न०) सम्+उद्+हृ+ल्युट् । उत्तोलन । उठाना । खूएआदिसे जल निकालना (खेंचना) । खायेहुए अन्न-का वमन (उगलना) । और उखाड़ना । " कर्म्मणि ल्युट् " । वमनकियाहुआ अन्नआदि । और उखाड़ा-हुआ. [पैदाइश । उत्पन्नहोना.

समुद्भव, (पु०) सम्+उद्+भू+अप् । समुत्पत्ति ।

समुद्भूत, (त्रि०) सम्+उद्+भू+क्त । समुत्पन्न । पैदा-हुआ.

समुद्यत, (त्रि०) सम्+उद्+यम्+क्त । पूरे उद्यमवाला.

समुद्यम, (पु०) सम्+उद्+यम्+घञ् । पूरा प्रयत्न (कोशिश).

समुद्र, (पु०) सम्+उन्द-गीलाकरना+र । सम्+उद्+रा क वा । इस नामसे बहुतजलवाला पदार्थ । "सह मुद्र-या " मुद्रासहित (धनी) (त्रि०).

समुद्रकफ, (पु०) समुद्रस्य कफ इव । मानों समुद्रकी कफ है । समुद्रकी झाग । समुंदरझाग.

समुद्रगा, (स्त्री०) समुद्रं गच्छति । गम्+ड । समुद्रको जाती है । नदी । " सर्वा नद्यः समुद्रगाः " पुराणम्.

समुद्रचुलुक, (पु०) समुद्रः चुलुकः गण्डूषमितजलं इव अनायासेन पीतत्वादस्य । सारे समुद्रको जिसने एक चुलीकर लिया । अगस्त्यमुनि.

समुद्रमेखला, (स्त्री०) समुद्रः मेखला इव वेष्टनाकार-त्वात् यस्याः । घेर लेनेके कारण समुद्र जिसकी तड़ागी है । पृथिवी.

समुद्रयान, (न०) यायतेऽनेन । या+ल्युट् । ६ त० । पोत । जहाज । समुद्रके तरनेका साधनविशेष.

समुद्रि (द्री) य, (त्रि०) समुद्र+भवार्थे घ छ वा । स-मुद्रमें होनेवाला पदार्थ । जो चीज़ समुद्रमें हो.

समुद्वह, (त्रि०) सम्+उद्+वह्+अच् । श्रेष्ठ । सबसे अच्छा । अच्छीतरह उठानेहारा.

समुन्दन, (न०) सम्+उन्द्+ल्युट् । अम्यक् आर्द्रीभाव । बड़ा गीलापन । भीगना. [भीगाहुआ.

समुन्न, (न०) सम्+उन्द्+क्त । क्लिन्न । आर्द्र । गीला ।

समुन्नत, (त्रि०) सम्+उद्+नम्+क्त । एकप्रकारका शस्त्र (औज़ार) (पु०).

समुन्नति, (स्त्री०) सम्+उद्+नम्+क्तिन् । उच्चता ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

उंचाई । " प्रायः पयोधरसमुन्नतिरत्र हेतुः " इत्युद्भटः.

समुन्नद्ध, (त्रि०) सम्+उद्+नह्+क्त । गर्वित । अभिमानी । पण्डितम्मन्य । अपने आपको पण्डित मानेहारा । प्रभु । और समुद्भूत । उत्पन्नहुआ । " कर्मणि क्त " उठाकर बांधाहुआ.

समुन्नय, (पु०) सम्+उद्+नी+अच् । ऊर्द्धनयन । ऊंचे लेजाना । अच्छीतरह लेजायागया । ऊपर फेंकना । प्रकाशकरना. [बहुत कियाहुआ । बढ़ायाहुआ.

समुपचित, (त्रि०) सम्यक् उपचितं । उप+चि+क्त ।

समुपेयिवस्, (त्रि०) सम्+उप+इण्+क्वसु । समीपगत । पासगया । पहुंचगया. [संजात । पैदाहुआ.

समुपोढ, (त्रि०) सम्+उप+वह्+क्त । संगत । मिलगया ।

समुल्लेख, (पु०) सम्+उद्+लिख्+घञ् । पांवआदिसे पृथिवीआदिका खोदना.

समूढ, (त्रि०) सम्+उद्-वा वह्+क्त । राशीकृत । इकट्ठाकियाहुआ । झुकाहुआ । " समूढमस्य पांसुरे " इति यजुर्वेदः । भुग्न । टेढा । काबू कियाहुआ । जिसका विवाह होगया । शोधित । साफ कियागया । "सह मूढेन" मूर्खके साथ (त्रि०).

समूल, (त्रि०) सह मूलेन । जड़समेत । " समूलघातं न्यवधीत् " इति भट्टिः. [बहुत.

समूह, (पु०) सम्+ऊह्+घञ् । समुदय । साराका सारा ।

समूहनी, (स्त्री०) समूह्यतेऽनया ल्युट् । जो इकट्ठा करलेती है । झाड़ू । बुहारी । "भावे ल्युट्" । सम्मार्जन । पोंछना (न०).

समूह्य, (पु०) सम्+ऊह्+ण्यत् । यज्ञियाग्नि । यज्ञकी आग.

समृद्ध, (त्रि०) सम्यक् ऋद्धः । ऋध्+क्त । बहुत सम्पदावाला । अतिवृद्ध । बहुत बूढा.

समृद्धि, (स्त्री०) सम्यक् ऋद्धिः । सम्+ऋध्+क्तिन् । बहुत सम्पदा । दौलत. [हुआ । और संगत । मिलाहुआ.

समेत, (त्रि०) सम्+आ+इण्+क्त । समागत । आया-

समेधित, (त्रि०) सम्+एध्+णिच्+क्त । संवर्द्धित.

समोदक, (न०) समं (अर्द्धभागेन) तुल्यं उदकं यत्र । आधापानी मिलाकर मथे(रिड़के)हुए दहीसे उत्पन्नहुआ तक्रविशेष (छाछ-लस्सी) । " सह मोदकेन " जिसके पास लड्डू है (मोदकसहित) (त्रि०).

सम्पत्ति, (स्त्री०) सम्+पद्+क्तिन् । अतिविभव । बहुत ऐश्वर्य्य । बड़ी दौलत । जिसे जैसा चाहिये उसका वैसाही होना । धन.

सम्पद, (स्त्री०) सम्+पद्+क्विप् । विभव । सम्पत्ति । दौलत । हशमत. [हुआ । सम्पदावाला.

सम्पन्न, (त्रि०) सम्+पद्+क्त । साधित । साधितकिया-

सम्पराय, (पु०) सम्+परा+इण्+अच् । युद्ध । जंग । लड़ाई । आपदा.

साम्परायिक, (न०) सम्परायाय (आपदे) हितं । ठन् (इक) । आपत्तिके लिये हितकारी । युद्ध । जंग । लड़ाई । " साम्परायिकं " भी.

सम्पर्क, (पु०) सम्+पृच्+घञ् । सम्बन्ध । मेल.

सम्पर्किन्, (त्रि०) सम्+पृच्+घिणुन् । सम्बन्धवाला । मेलवाला.

सम्पा, (स्त्री०) सम्यक् (अतर्कितं) पतति । पत्+ड । अचानकही गिरती है । विद्युत । बिजली.

सम्पाक, (पु०) सम्यक् पाको यस्मात् । जिससे भलीभांति पाक होता है । आरग्वध वृक्ष । इसके खानेसे खायाहुआ अन्नआदि भलीभांति पचसक्ता है.

सम्पात, (पु०) सम्+पत्+घञ् । एकप्रकार पक्षी-(परिंदा)की गति (चाल) । अच्छीतरह गिरना.

सम्पाति (पु०) सम्+पत्+णिच्-इन् । जटायु (जटौर पक्षी)का बड़ा भाई । " स्वार्थे कन् " वही अर्थ.

सम्पुट, (पु०) सम्+पुट्+क । कुरुबक वृक्ष । जो दोनोंओरसे भलीभांति पुट (पड़दा-होनेकी शक्ल)के समान हो । मिलाहुआ । एकजातिका पदार्थ भिन्नजातिवालेके साथ दोनोंओरसे व्याप्तहोकर स्थित होरहा (त्रि०) । " सकामैः सम्पुटो जाप्यः " इति तन्त्रम्.

सम्पुटक, (पु०) सम्पुटयति । सम्+पुट्+अच्+स्वार्थे वुन् (अक) । समुद्गक । संदूक । मञ्जूषा । पिटारी । जुड़ाहुआ.

सम्पूर्ण, (त्रि०) सम्+पूर्+क्त । परिपूर्ण । चारोंओरसे भराहुआ । पूरा २ । समग्र । सारा । एकप्रकारकी एकादशी (स्त्री०) टाप्.

सम्पृक्त, (त्रि०) सम्+पृच्+क्त । मिश्रित । मिलाहुआ । बंधाहुआ. [अव.

सम्प्रति, (अव्य०) । सम्+प्रति-समाहारद्वन्द्वः । इदानीम् ।

सम्प्रतिपत्ति, (स्त्री०) समं प्रतिपद्यते क्तिन् । वादीसे कहेहुए अर्थको स्वीकार करना (मान्ना) । एक प्रकारका उत्तर. [वाला.

सम्प्रदातृ, (त्रि०) सम्+प्र+दा+तृच् । दानकर्त्ता । देने-

सम्प्रदान, (न०) सम्+प्र+दा+भावे ल्युट् । सम्यक् प्रदान । भलीभांति देना । " सम्प्रदीयते अस्मै ल्युट् " जिसे दियाजाय । " कर्म्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानं " इति पाणिनिः । दानकर्मोद्देश्य.

सम्प्रधारणा, (स्त्री०) सम्+प्र+धृ+णिच्+युच् (अन) । योग्य वा अयोग्यका विचार करके अर्थका निश्चयकरना । निश्चय.

सम्प्रयोग, (पु०) सम्+प्र+युज्+घञ् । वृद्धिआदि लाभकी इच्छासे धनआदिका विनियोग (लगाना) । मेल ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सम्बन्ध । विषयसुखके लिये मेल । इकट्ठाहोना । भली-भांति जोड़ना.

सम्प्रसाद, (पु०) सम्+प्र+सद्+घञ् । योगआदि-शास्त्रमें चित्तकी निर्मलता(सफाई)को पूरा करनेहारा एकप्रकारका यत्न । " भावे घञ् " अच्छी प्रसन्नता (खुशी).

सम्प्रसाधन, (न०) सम्+प्र+साध्+णिच्+करणे ल्युट् । कटक(कड़ा-चूड़ी)आदि भूषण (ज़ेवर) । " भावे घञ् " भूषणक्रिया (सजाना).

सम्प्रसारण, (न०) सम्+प्र+सृ+णिच्+ल्युट् । सम्यग् विस्तारण । अच्छीतरह फैलाना । व्याकरणमें "यण्"-के स्थानमें जायमान " इक् " संज्ञावाला वर्ण.

सम्प्रहार, (पु०) सम्प्रह्रियते अत्र । सम्+प्र+हृ+घञ् । युद्ध । जंग । " भावे घञ् " अच्छीतरह चोट लगाना । जाना.

सम्प्राप्ति, (स्त्री०) सम्+प्र+आप्+क्तिन् । अच्छीतरह पाना । वैद्यकशास्त्रमें रोगकी एक अवस्था (दशा).

सम्प्रैष, (पु०) सम्+प्र+ईष्+घञ् वा वृद्धिः । नियोग । हुक्म.

सम्प्रोक्षण, (न०) सम्+प्र+उक्ष्+ल्युट् । जलआदि सींचकर एकप्रकारका संस्कार । छिड़कना.

सम्फुल, (त्रि०) सम्+फुल्+अच् । विकसित । खिलाहुआ । " सम्+फुल्+क्त-अत इत्वम् " " सम्फुल्त " यह भी इसी अर्थमें है.

सम्बद्ध, (पु०) सम्+बंध्+क्त । संबंधवाला । "भावे क्त" सम्यग् बंधन । अच्छा बंधाहुआ (न०).

सम्बन्ध, (पु०) सम्+बंध्+घञ् । संसर्ग । मेल । संयोग । न्याय । समृद्ध । अच्छा बंधन । "सम्यग् बन्धो यस्मात्" जिस्से पूरा बंधन होता है । समर्थ । हितकारी (त्रि०).

सम्बर, (न०) सम्ब्+अरन् । जल । बौद्धोंका एक व्रत । पुल (सेतु) । एक दैत्य । एक मृग । एक मच्छी । और एक पहाड़.

सम्बाध, (न०) सम्यक् बाधा यत्र । जहां बहुत पीड़ा है । नरकका मार्ग । " सम्+बाध्+भावे घञ् " । अन्योन्यसंघर्ष (आपसकी रगड़) (पु०).

सम्बोधन, (न०) सम्+बुध्+ल्युट् । सम्यक् ज्ञान । अच्छी समझ । " बुध्+णिच्+ल्युट् " अच्छीतरह ज्ञापन (समझाना) । व्याकरणमें किसी दूसरी बातमें लगेहुएको अपनीओर करनेके लिये जतलाना । आठवीं विभक्ति " हे राम ".

सम्भली, (स्त्री०) सम्यक् भलते । सम्+भल्+अच् । ङीष् । कुट्टिनी । दूसरे पुरुषके साथ किसी स्त्रीको मिलादेनेहारी । दल्ली । व्यभिचारिणी.

सम्भव, (पु०) सम्+भू+अप् । उत्पत्ति (पैदाइश) । बड़ा संदेह (शक) । जो होसक्ता है (मुमकिन) । " अपादाने अप् " । हेतु । " कर्त्तरि अच् " मेलक (मिलानेहारा) (त्रि०).

सम्भावन, (न०) सम्+भू+णिच्+ल्युट् । अर्थसम्बन्धी एक अलंकार । व्याकरणमें विधिलिङ्का अर्थविशेष । और उत्कट कोटिक (दोनोंओर झुकनेहारा) संशयरूप ज्ञान । " सम्भावना " यही अर्थ है । होसकना.

सम्भावित, (त्रि०) सम्+भू+णिच्+क्त । सम्भवयुक्त पदार्थ । होसकनेहारी बात आदि.

सम्भाषण, (न०) सम्+भाष्+ल्युट् । अच्छीतरह कहना । और आपसमें बातचीत करना.

सम्भिन्न, (त्रि०) सम्+भिद्+क्त । विदलित । टूटाहुआ । कटाहुआ । अच्छीतरह खिलाहुआ (विकसित).

सम्भूति, (स्त्री०) सम्+भू+क्तिन् । विभव । ऐश्वर्य्य । ईश्वरका ऐश्वर्य्यविशेष । उत्पत्ति । मूल । मेल । ताकत.

सम्भूयसमुत्थान, (न०) सम्भूय (मिलित्वा) सम्यक् उत्तिष्ठन्ति अनेन । मिलकर उठते हैं (उन्नत होते हैं) इस्से । मिलकर व्यापारिओंका व्यापार करना । एकप्रकारका विवाद. [अच्छीतरह पालन.

सम्भृति, (स्त्री०) सम्+भृ+क्तिन् । सम्यक् पोषण ।

सम्भोग, (पु०) सम्+भुज्+घञ् । सम्यक् भोग । अच्छा भोग । अच्छी क्रीड़ा । हर्ष (खुशी) । शृङ्गाररसकी एक अवस्था.

सम्भ्रम, (पु०) सम्+भ्रम्+घञ् । भय (डर) आदिसे उपजा वेग । त्वरा (काली-जल्दी) । उसके कारण भय । हड़बड़ी । आदर । बहुतभ्रम । अतिशयभ्रम.

सम्मति, (स्त्री०) सम्+मन्+क्तिन् । अनुमति (राय) । अपनी पियारी अभिलाषा (चाह). [(त्रि०).

सम्मद, (पु०) सम्+मद्+क । हर्ष (खुशी) । अच् । हर्षवाला

सम्मर्द, (पु०) संमृद्यते अत्र । सम्+मृद्+घञ् । युद्ध । जंग । " भावे घञ् " । अन्योन्यसंघर्ष । आपसकी रगड़.

सम्मान, (पु०) सम्+मन्+घञ् । आदर (इज्जत).

सम्मार्जन, (न०) सम्+मृज्+ल्यु । संशोधन । साफकरना.

सम्मार्जनी, (स्त्री०) संमृज्यते अनया । सम्+मृज्+करणे ल्युट्-ङीप् । साफ कियाजाता है इस्से । धूली-(धूर)आदिको निकालनेके लिये एक पदार्थ (बुहारी-झाड़). [परिमाण । बराबर मापवाला.

सम्मित, (त्रि०) सम्+मा+क्त । सदृश-तुल्य(बराबर)

सम्मुख, (त्रि०) संगतः मुखं । प्रा० । अभिमुखागत । सामने आया । जो सामने है. [आनेहारा । सामनेहुआ.

सम्मुखीन, (त्रि०) सम्मुखं पतति । ख (ईन) । सामने

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सम्मूर्च्छन, (न०) सम्+मूर्च्छ+ल्युट्। सम्यग् विस्तार। अच्छीतरह फैलना। उंचाई। मोह। वेहोशहोना.

सम्मृष्ट, (त्रि०) सम्+मृज्+क्त। मार्ज्जनयुक्त। पोंछाहुआ। मक्खीआदिको निकालकर शोधन कियाहुआ अन्नआदि. [प्रीति (प्रसन्नता).

सम्मोद, (पु०) सम्+मुद्+घञ्। हर्ष (खुशी)। और

सम्यच्, (अव्य०) सम्+अञ्च+क्विप्। सम्यादेशः। शोभन (ऊंदा)। संगत। मिलाहुआ। मनोज्ञ (मनोहर) (त्रि०)। सच्चावचन (न०)। उसवाला (त्रि०).

सम्राज्, (पु०) सम्यक् राजते। राज्+क्विप्। अनुस्वार नहिं होता। सारी पृथिवीका ईश्वर। राजा। जिसने "राजसूय" यज्ञ करलिया.

सर, (न०) सरति। सृ+अच्। चलता है। सरोवर (तालाव)। और जल (पानी)। लवण (नोंन-लून)। दहीका मठा। उस्से निकला नवनीत (मक्खन)। और बाण (तीर)। झरना (स्त्री०) "भावे अप्"। भेदन (फाड़ना)। और गमन (जाना)। एक शराब.

सरघा, (स्त्री०) सरं (मद्यभेदं) हन्ति। हन्+ड-नि०। एकप्रकारकी शरावको नाशकर्त्ता है। मधुमक्षिका। शहतकी मक्खी.

सरज, (न०) सरात् जायते। जन्+ड। नवनीत। मक्खन.

सरजस्, (स्त्री०) सह रजसा ऋतुमती स्त्री। अव्ययी०। रजोगुणवाला (त्रि०)। अच् समा०। रजोगुणके साथ.

सरट, (पु०) सृ+अटन्। कृकलास। काकलास। किरला.

सरण, (न०) सृ+ल्युट्। गमन (जाना)। और लोहेकी मैल. [पंक्ति। कतार.

सरणि (णी), (स्त्री०) सृ+अनि। पथ (रास्ता)। सड़क।

सरमा, (स्त्री०) सह रमते। कुत्ती। देवताओंकी कुत्ती। दक्षकी कन्याका नाम। विभीषणकी स्त्रीका नाम.

सरयु, (पु०) सृ+अयु। वायु (हवा)। ऊञ्। अयोध्याके पास वहनेहारी एक नदी (स्त्री०).

सरल, (पु०) सृ+अलच्। पीतदारु (पीली लकड़ी)। उदार (खुलेदिलवाला)। और ऋजु (सीधा) (त्रि०)। त्रिपुटा (स्त्री०).

सरस्, (न०) सृ+ असि। जल। और सरोवर (तालाव)। "सरसी" इसी अर्थमें है। "सरसी परिशीलितुम्" इति नैषधम्.

सरस, (न०) सह रसेन (जलेन-आस्वादेन च)। पानी वा स्वादके साथ। सरोवर (तालाव)। रसवाला। सार्द्र (गीला) (त्रि०)। "सरसां सरसां परिसुच्य" इति भट्टिः.

सरसिज, (न०) सरसि जायते। जन्+ड-अलुक् समा०। तालावमें उपजता है। पद्म। कमल। "सरसिजमनुविद्धं" शकुन्तला.

सरसीरुह, (न०) सरस्यां (सरोवरे) रोहति। रुह्+क। तालावमें उत्पन्न होता है। पद्म। कमलका फूल.

सरस्वत्, (पु०) सरांसि (जलानि) सन्ति अस्य मतुप्। "म" को "व"। पानीवाला। सरोवर (तालाव)। सागर। समुद्र। और नदी (दर्य्या)। एक नदी। वाणी। देवी। शक्ति। और सोमलता (स्त्री०).

सराव, (पु०) सरं (जलं) अवति। ऊच्+अण्। पानीको वचाता है। जलका आधार। मट्टीका एक पात्र (वर्त्तन)। पियाला। "सह रावेण" शब्दके साथ। शब्दवाला (त्रि०).

सरित्, (स्त्री०) सृ+इनि। नदी (दर्य्या)। और सूत्र। (सूत-धागा). [समुंदर.

सरित्पति, (पु०) ६ त०। नदिओंका मालिक। समुद्र।

सरित्वत्, (पु०) सरित्स्वामित्वेन अस्ति अस्य मतुप्। "म" को "व"। समुद्र. [पितामह.

सरित्सुत, (पु०) ६ त०। नदी (गंगा) का पुत्र। भीष्म

सरिताम्पति, (पु०) ६ त०। अलुक् समासः। नदिओंका स्वामी। समुद्र। "सरितां नाथः".

सरिद्वरा, (स्त्री०) सरित्सु वरा (श्रेष्ठा)। नदिओंमें वहुत अच्छी गंगा.

सरीसृप, (पु०) वक्रं सर्पति। सृप्+यङ् (उसका लोप)+अच्। टेढ़ा चलता है। सर्प (सांप)। वृश्चिक (बिच्छू)आदि। वृश्चिकआदि राशि.

सरु, (पु०) सृ+उन्। खड्ग (तलवार)आदिकी मुट्ठी.

सरूप, (त्रि०) समानं रूपं अस्य ("समान" को "स" आदेश होता है)। एक जैसी शकलवाला। तुल्यरूपवाला। सदृश। वरावर.

सरोज, (न०) सरसि जायते। जन्+ड। तालावमें उपजता है। पद्म। कमल जो तालावमें उत्पन्न हो (त्रि०).

सरोजिनी, (स्त्री०) सरोजानां समूहः सन्निकृष्टदेशो वा इनि। कमलफूलोंका समूह वा उनके पासकी जगह। कमलोंकी वेल। कमल फूलोंवाली वावली.

सरोरुह् (ह), (न०) सरसि रोहति। रुह्+क्विप्-क वा। तालावमें उपजता है। कमलफूल.

सरोवर, (पु०) सरोभिः जलैः व्रियते असौ। वृ+अप्। जो जलोंसे ढ़काजाता है। तड़ाग। छोटातालाव। तालाव.

सर्ग, (पु०) सृज्+घञ्। स्वभाव। रचना (वनावट)। निर्मोक्ष (छुटकारा)। काव्यआदिका परिच्छेद (विभाग-हिस्सा)। निश्चय। मोह। उत्साह (दिलेरी)। अनुमति। (ण्य). [जाता है। महाकाव्य.

सर्गबंध, (पु०) सर्गैः वध्यते असौ। जो सर्गोंसे वांधा.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सर्ज्,-अर्ज्जन (जमा-इकट्ठाकरना-कमाना)। भ्वा० पर० सक० सेट्। सर्ज्जति। असर्ज्जीत्.

सर्ज, (पु०) सृज्+अच्। शालवृक्ष। उसका रस (धुनाराल)। पीतसाल. [सृष्टि (रचना).

सर्ज्जन, (न०) सृज्+ल्युट्। सेनाका पिछला भाग। और

सर्ज्जि (र्ज्जी), (स्त्री०) सृज्+इन्-वा ङीप्। एक नदी। "सज्जी" रूप मट्टी.

सर्प, (पु०) सृप्+अच्। नागकेशर। और सांप। "सर्पी" (स्त्री०)। "भावे घञ्" गमन (जाना).

सर्पतृण, (पु०) सर्पः तृणं इव (अनायासच्छेद्यो) यस्य। जो सांपको तिनकेकी नाईं सहजहीसे नाशकर सक्ता है। नकुल (नेवला). [है। मयूर। मोर.

सर्पभुज्, (पु०) सर्पं भुङ्क्ते। भुज्+क्विप्। सांपको खाता

सर्पराज, (पु०) सर्पाणां राजा (टच् समा०)। सांपोंका राजा। वासुकी। एक सांप.

सर्पाशन, (पु०) सर्पं अश्नाति। अश्+ल्युट्। साँपको खाता है। मयूर। मोर। और गरुड़.

सर्पिणी, (स्त्री०) सृप्+णिनि। साँपकी स्त्री। सप्पनी। जानेवाला (त्रि०). [वृक्ष.

सर्पेष्ट, (न०) सर्पाणां इष्टं। सांपोंका पियारा। चंदनका

सर्व्व,-सर्पण (जाना-फैलना)। भ्वा० प० स० सेट्। सर्वति। असर्वीत्. [(सारा-सब)। सकल (त्रि०).

सर्व, (पु०) सर्व्+अच्। शिव। और विष्णु। सम्पूर्ण-

सर्वसहा, (स्त्री०) सर्वं सहते। खच्-मुम्च। सबको सहारती है। पृथिवी। भूमि। ज़मीन। सबकुछ सहारनेवाला (त्रि०).

सर्वकर्तृ, (पु०) सर्वं करोति। कृ+तृच्। सबको बनाता है। चारमुखवाला ब्रह्मा। और परमेश्वर.

सर्वकर्म्मीण, (त्रि०) सर्वकर्म्मभ्यः अलं। ख(ईन)। सबकाम करनेहारा। जो सबकुछ करसक्ता है.

सर्वक्षार, (पु०) सर्वः क्षारमयः। सारा खारा। साबन नामसे प्रसिद्ध पदार्थ.

सर्वग, (न०) सर्वं गच्छति। गम्+ड। जल (पानी)। शिवजी, परमेश्वर, वायु (हवा) और आत्मा (पु०)। सबजगह जानेहारा (त्रि०).

सर्वङ्कष, (पु०) सर्वं कषति। कष्+खच्-मुम्च। सबको कसता है। पाप। सबसे बढ़जानेहारा (त्रि०).

सर्वजनीन, (त्रि०) सर्वजनेषु विदितः। ख (ईन)। सबजगह प्रसिद्ध। सर्वत्र विख्यात। सबका हिती.

सर्वज्ञ, (पु०) सर्वं जानाति। ज्ञा+क। सबको जानता है। शिवजी। बुद्धदेव। और परमेश्वर। सब कुछ जान्नेहारा (त्रि०)। दुर्गा (स्त्री०). [सबतरफ़.

सर्वतस्, (अव्य०) सर्व+तसिल्। समन्ततः। चारोंओर।

सर्वतोभद्र, (पु० न०) सर्वतो भद्राणि (मुखानि) यस्य। चारोंओर अच्छे मुखोंवाला। चार दर्वाज़ोंमें युद्धवाला एक घर। प्रतिष्ठाआदिमें पूजा करनेलायक देवताओंका एक मण्डल। ज्योतिषमें शुभ और अशुभको जान्नेके लिये एक चक्र। "सर्वतः भद्रं अस्य" जो सबतरहसे सुखी कर्त्ता है। नीम (निम्ब)का वृक्ष (पु०).

सर्वतोमुख, (न०) सर्वतः मुखं अस्य। चारोंओर मुखवाला। जल। आकाश। शिवजी। ब्रह्मा। परमेश्वर। आत्मा। ब्राह्मण। और अग्नि (पु०).

सर्वत्र, (अव्य०) सर्व+त्रल्। सर्वस्मिन् काले। सब समयमें। हरवक्त। हरदेशमें। सब दिशाओंमें। सबजगह.

सर्वत्रगामिन्, (पु०) सर्वत्र गच्छति। गम्+ड। सब जगहमें जाता है। वायु (हवा)। सब स्थानमें जानेहारा(त्रि०). [तरहसे.

सर्वथा, (अव्य०) सर्वप्रकार-थाच्। सबतरह। हरएक

सर्वदमन, (पु०) सर्वान् दमयति। दम्+णिच्+ल्युट्। सबको दमन (वश-काबूमें) कर्त्ता है। दुष्यन्तका पुत्र भरतराजा। सर्व दमन कर्त्ता (सबको काबू करनेहारा) (त्रि०).

सर्वदर्शिन्, (पु०) सर्वं समभावेन पश्यति। दृश्+णिनि। सबको एकही भावसे देखता है। बुद्ध। और परमेश्वर। सर्वद्रष्टा (सबको देखनेहारा) (त्रि०).

सर्वदा, (अव्य०) सर्व+दाच्। सब समय, देश, और दिशामें। सदा। हमेश.

सर्वधुरीण, (त्रि०) सर्वां धुरं वहति। ख (ईन)। सारा बोझा (भार) उठानेहारा। वृषादि (बैलआदि)। सबके आगेहुआ.

सर्वनाम, (पु०) सर्वेषां नाम (सबका नाम)। व्याकरणमें कार्यविशेषके लिये कीगई (इस)संज्ञावाला "सर्व" आदि शब्दभेद. [सबकुछ खानेहारा (त्रि०).

सर्वभक्ष, (स्त्री०) भक्ष+अण्। उप०। अजा। बकरी।

सर्वमंगला, (स्त्री०) सर्वाणि मंगलानि अस्याः। सारे मंगल (सुख) होते हैं इससे। ५ ब०। दुर्गा। भगवती.

सर्वमय, (त्रि०) सर्वात्मकः। मयट्। सबका स्वरूप। परमेश्वर (पु०). [अच्छा। लवणरस। नोंनका रस.

सर्वरसोत्तम, (पु०) सर्वेषु रसेषु उत्तमः। सब रसोंमें

सर्वरात्र, (पु०) सर्वा रात्रिः। अच् समा०। सारीरात। सकलरात्रि.

सर्वरी, (स्त्री०) सृ+वनिप्-ङीप्-"र" च। रात्रि। रात.

सर्वलिङ्गिन्, (पु०) सर्वेषां लिङ्गानि सन्ति अस्य इनि। सबचिह्नोंवाला। वेदके विरुद्ध आचारवाले बौद्धआदि। सब लिङ्गवाला। पाषण्डी.

सर्वविद्, (पु०) सर्वं वेत्ति। विद्+क्विप्। सबको जानता है। परमेश्वर। सबजान्नेहारा (त्रि०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सर्ववेद, (पु०) सर्वे वेदा अधीतत्वेन सन्ति अस्य अच्। सबवेदोंको पढ़नेहारा । विद्+अण् । उप० । सर्वज्ञ । सबकुछ जाननेहारा (त्रि०).

सर्ववेदस्, (पु०) सर्वाणि (धनानि) वेदयते (लाभयते) पात्राय ददाति । विद्-लाभकरना+णिच्+असि । सब धनोंको पात्रके तईं देता है । सर्वस्वदक्षिणक (सारे धनकी दक्षिणवाला) यज्ञ । "विश्वजित्" नामक यज्ञ करनेहारा.

सर्ववेशिन्, (पु०) सर्वेषां वेशः (धार्य्यत्वेन) अस्ति अस्य । जो सब भेस बनाता है । नट (नकल करनेहारा).

सर्वसन्नहन, (न०) सर्वेषां सन्नहनं (युद्धार्थं सज्जीकरणं) यत्र । जहां लड़ाईके लिये सबको तयार कियाजाता है । सारीसेनाको तयार करके युद्धकी यात्रा करना.

सर्वसह, (पु०) सर्वं सहते अच् । गुग्गल । सबकुछ सहारनेहारा (त्रि०).

सर्वसिद्धि, (पु०) सर्वेषां सिद्धिः अस्मात् । सबकी सिद्धि होती है इससे । श्रीफल । बिल्वका वृक्ष.

सर्वस्व, (न०) कर्म्म० । सकलधन । साराधन.

सर्वहित, (न०) सर्वेषां हितं । मिरिच । ५ ब० । जिस्से हित (उपकार) होता है (त्रि०).

सर्वाङ्गीण, (त्रि०) सर्वाङ्गाणि व्याप्नोति । ख (ईन) । सब अङ्गोंमें फैलजानेहारा (सर्वाङ्गव्यापक) । " सर्वाङ्गीणे तरुत्वचे " भट्टिः.

सर्वान्नीन, (त्रि०) सर्वेषां अन्नं (सर्वं अन्नं) वा भुंक्ते ख (ईन) । सबके अन्न वा सब अन्नको खाता है । सर्वान्नभक्षक.

सर्वार्थसिद्ध, (पु०) सर्वेषु अर्थेषु सिद्धः । सब अर्थोंमें सिद्धि (कामयाब) । बुद्धदेव । सम्पूर्ण चाहीगई सिद्धिवाला (त्रि०). [सारादिन.

सर्वाह्ण, (पु०) सर्वं अहः । टच् समा० । ह्लादेशः । णत्वं ।

सर्षप, (पु०) सृ+अप्+सुकुच् । सरिओं । सरसों । सस्यभेद.

सलिल, (न०) सल्+इलच् । जल । पानी.

सव, (पु०) सूयते । सू+अप् । यज्ञ । और सन्तान । " अच् " सूर्य्य । और अर्कवृक्ष (आकका वृक्ष).

सवन, (न०) सु+ल्युट् । यज्ञका अङ्गरूप स्नान । सोमनिकलनेका व्यापार । सोमका पीना । यज्ञ । और प्रसव.

सवयस्, (त्रि०) समानं वयो यस्य । " समानको "स"-का आदेश । एक जैसी उमरवाला । वयस्य । सखा । मित्र.

सवर्ण, (पु०) समानो वर्णो यस्य । बराबर रंगवाला। एकजातिका आश्रय । स्थान और प्रयत्नसे बराबर अक्षर । जैसे " क " का स्थानसे तुल्य " गकारादि " प्रयत्न साम्यसे " च " का " क " आदि । वर्णसहित (त्रि०) सह वर्णेन.

सवासस्, (त्रि०) सह वाससा । कपड़ेके साथ । जो सदा कपड़ेके साथ रहता है । वेगवान् । वेगवाला.

सविकल्पक, (न०) सह-विकल्पेन कप् । विकल्पके साथ । वेदान्तमें " ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेयकी भेदादिकल्पनासहित एकप्रकारका ध्यान है ।" न्यायमें " एकधर्म्ममें दूसरेके सम्बन्धको अवगाहनकरनेहारा ज्ञानविशेष " । वह ध्यानआदि कि जिसमें त्रिपुटी बनीरहे.

सविकाश, (त्रि०) सह विकाशेन । प्रकाशके साथ । प्रफुल्ल । अच्छीतरह फूलाहुआ । विकसित । खिलाहुआ.

सवितृ, (पु०) सू+तृच् । जगत्स्रष्टा परमेश्वर । संसारके बनानेहारा परमात्मा । "तत्सवितुर्वरेण्य" मिति श्रुतिः । और सूर्य्य.

सविध, (त्रि०) सह विध्यति । विध्+क । " सह " को " स " । साथ बींधता है । निकट (पास).

सविस्मय, (त्रि०) सह विस्मयेन । विस्मयके साथ । विस्मयापन्न । आश्चर्यहुआ.

सवेश, (त्रि०) विशति अत्र । " वेश " का आदेश । सह वेशेन । निकट । नज़दीक (पास) । वेश (भेस)-सहित.

सव्य, (त्रि०) सू-प्रेरण+यत् । वाम (बायाँ) । दक्षिण और (दहिना) । प्रतिकूल (विरुद्ध) । और विष्णु (पु०).

सव्यसाचिन्, (पु०) सव्येन (वामेन) सचति । सच्+णिनि । बांयेसे संग कर्त्ता है । अर्जुन.

सव्येष्ठ, (पु०) सव्ये तिष्ठति । स्था+क । अलुक्-षत्व । बाईओर ठहरता है । सारथि । रथचलानेहारा.

ससत्त्वा, (स्त्री०) सह सत्त्वेन । प्राणीसहित । गर्भवाली स्त्री । प्राणीवाला (त्रि०).

ससन, (न०) सस्-हिंसाकरना+ल्युट् । यज्ञके लिये पशुका मारना. [का धान.

सस्य, (न०) सस्+यत् । वृक्षआदिका फल । और खेत-

सह, (अव्य०) साहित्य (साथ) । साकल्य (सारा) । सादृश्य (बराबर) । यौगपद्य (एकवारही) । सामर्थ्य (ताकत).

सह, (पु०) सहित । सह्+अच् । अगहन(मग्गर)का महीना । भारआदिके सहारनेहारा (त्रि०).

सहकार, (पु०) सह (युगपत्) किरति (सौरभं) । एकवारही दूरतक सुगन्धिको फेंकता है । कृ+अण् । जिसकी सुगन्धि दूरतक जाती है ऐसा आम्र (आमअंब) । भावे घञ् । सहकरण । साथकरना (न०).

सहकारिन्, (त्रि०) सह (सम्भूय) करोति (कार्य्यं)

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कृ+णिनि । इकट्ठा होकर काम कर्त्ता है । साथी । एकप्रकारका हेतु । अपने कार्य्यको करनेहारा कारण.

सहगमन, (न०) सह+गम्+ल्युट् । साथजाना । साथ-मरना.

सहचर, (त्रि०) सह चरति । चर+ट । साथ चलता है । वयस्य । सखा । मित्र । प्रतिबंधक (रोकने-हारा) । सहाय (मदतगार) । और अनुचर (सेवक-नौकर).

सहज, (पु०) सह जायते । जन्+ड । साथ उत्पन्न होता है । सहोदर । भाई । और निसर्ग (स्वभाव) । साथ उठाहुआ (त्रि०) । ज्योतिषमें जन्मलग्नसे तीसरा स्थान (न०).

सहजमित्र, (न०) सहजं (स्वभावसिद्धं) मित्रं । स्वाभाविक मित्र । बहिनका लड़का आदि.

सहजारि, (पु०) सहजः अरिः । स्वाभाविक शत्रु । सापत्नभ्राता (सौतेला भाई) । पितृव्यपुत्र । चाचेका बेटा.

सहदेव, (पु०) सह दीव्यति । दिव्+अच् । माद्रीका पुत्र । पाण्डवविशेष । साथ खेलता है । सांपकी आँख (स्त्री०).

सहधर्म्मिणी, (स्त्री०) सह (समानः) धर्मः अस्ति अस्याः इनि । एक जैसे धर्म्मवाली । पत्नी । स्त्री । औरत.

सहन, (न०) सह्+ल्युट् । क्षमा (सहारना) । शीत, उष्ण आदि जोड़ोंको सहारना । सह्+युच् । सहारने-हारा । क्षमाशील (त्रि०).

सहपान, (न०) सह पानं । साथपीना । इकट्ठेहोकर मद्यपीना. [खानापीना.

सहभोजन, (न०) सह (एकत्र) भोजनं । एकजगह

सहमरण, (न०) सह (मृतेन पत्या) एकचितारोहणेन मरणम् । मरेहुए पतिके साथ एकचितापर चढ़के मरना.

सहस्, (न०) सह्+असि । बल (ज़ोर) । ज्योतिषमें मार्गशीर्ष (अगहन)का महीना (पु०).

सहसा, (अव्य०) हठात् । ज़ोरावरी । अकस्मात् । अचानक. [हितकारी । पौष (पूस)का महीना.

सहस्य, (पु०) सहसे (बलाय) हितः । बलके लिये

सहस्र, (न०) समानं हसति । हस्+र । दस सौकी संख्या । हजार । बहुतकी संख्या । उस संख्यावाला.

सहस्रकर, (पु०) सहस्रं कराः (किरणाः) अस्य । बहुत किरणवाला । सूर्य । " सहस्रकिरण " आदि भी.

सहस्रधारा, (स्त्री०) सहस्रगुणिता धारा । हज़ार-गुना धारा । देवताको स्नान करानेकेलिये बहुत छिद्रों-(छेकों)वाले यन्त्र(कला)से निकलेहुए बहुतसे जलकी धार.

सहस्रनयन, (पु०) सहस्रं नयनानि अस्य । हजार आँखवाला इन्द्र । " सहस्रनेत्र " आदि भी इसी अर्थ-में है. [पद्म । कमलका फूल । " सहस्रपर्ण ".

सहस्रपत्र, (न०) सहस्रं पत्राणि अस्य । हजारपत्तोंवाला ।

सहस्रपाद्, (पु०) सहस्रं (बहवः) पादा अस्य । " पाद् " का आदेश होता है । बहुतसे पाँववाला । विष्णु । परमेश्वर । " सहस्राक्षः सहस्रपात् " इति पुरुष-सूक्तम् । " सहस्रपाद् " भी होता है.

सहस्रभुज, (पु०) सहस्रं भुजा अस्य । बहुतसी भुजा-वाला । विष्णु । कार्त्तवीर्य्यार्जुन । बाणासुर । "सहस्रबाहु".

सहस्रशिखर, (पु०) सहस्रं शिखराणि अस्य । बहुतसी चोटिओंवाला । विंध्यपर्वत.

सहस्रांशु, (पु०) सहस्रं अंशवो यस्य । बहुत किरण-वाला । सूर्य्य । और आकका दरख्त.

सहस्राक्ष, (पु०) सहस्रं अक्षीणि यस्य । षच् समास । हज़ारनेत्रवाला । इन्द्र । विष्णु । और ईश्वर.

सहस्रार, (न०) सहस्रं आराः (कोणाः) अस्य । हज़ारों कोनोंवाला । सिरमें सुषुम्नानाड़ीके वीच हजार पत्तों-वाला कमलफूल.

सहाय, (पु०) सह एति । इण्+अच् । साथ जाता है । सहचर । साथी । मद्दतगार । अनुकूल । " असावनुक्तो-पि सहाय एव " इति कुमारः. [साथिओंका समूह.

सहायता, (स्त्री०) सहायानां समूहः भावे तल् । मदद ।

सहासन, (न०) सह आस्यते अत्र । आस्+ल्युट् । साथबैठना । एकआसन.

सहित, (त्रि०) सम्यक् हितः । पृ० । अच्छा हितकारी। सह्+क्त वा इट् । समभिव्याहृत । साथहुआ । मिलाहुआ.

सहितृ, (त्रि०) सह्+तृच्-वा इट् । सहारनेहारा (स-हनशील) । " सोढा ".

सहिष्णु, (त्रि०) सह्+इष्णुच् । सहनशील । सहारने-वाला. [सहारना.

सहिष्णुता, (स्त्री०) सहिष्णोर्भावः तल् । क्षमा ।

सहृदय, (त्रि०) सह हृदयेन । प्रशस्तचित्त । अच्छे-मनवाला । काव्यके अर्थकी भावनासे भलींभांति पकीहुई बुद्धिवाला । बहुत चतुर.

सहृल्लेख, (पु०) हृदयस्य लेखः (कालुष्यकरणं) हृद्भावः । जिस अन्नको देखकर हृदयमें संदेह उत्पन्न हो । दूषि-तान्न । विगड़ाहुआ अन्न.

सहोक्ति, (स्त्री०) सह उक्तिः । साथकहना । जहां " सह " शब्दकी उक्ति हो । एक अर्थसंबंधी अलंकार.

सहोटज, (पु० न०) सहते आतपादि अत्र । सह्+अच्-कर्म । जहां धूपआदि सहारता है । मुनिओंकी पर्ण-शाला । पत्तोंकी कुटिआ.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सहोढ़, (पु०) सह ऊढा येन । साथ विवाही है जिसने। गर्भवाली स्त्रीके साथ विवाह करनेके अनन्तर उसके जो पुत्र उत्पन्न होता है । " सहोढ़ज " भी.

सहोदर, (पु०) सह (समानं) उदरं यस्य । एकपेटवाला । एकही गर्भमें उपजा भाई । सगाभाई । बहिन । (स्त्री०).

सह्य, (न०) सहायस्य भावः यत् । नि० । साहाय्य । सहायपन । सहारनेलायक (त्रि०) । पहाड़ (पु०).

सा, (स्त्री०) सो+ड । गौरी । लक्ष्मी । वह.

सांख्य, (न०) संख्यायते अत्र । संख्या (सम्यग् ज्ञानं) सा अस्ति अत्र अण् । जिसमें गिनाजाता है । जिसमें ठीक ज्ञान होता है " एषा तेऽभिहिता सांख्ये " गीता । मूलप्रकृतिआदि पदार्थोंकी गिन्ती होती है इसमें । अण् । कपिलका रचाहुआ दर्शनशास्त्र (जिसमें प्रकृति पुरुष और तत्त्वोंका वर्णन है) । सांख्यका योग (पु०).

सांघातिक, (त्रि०) संघाताय हितं ठण् । संघातकारक । इकट्ठाकरनेहारा । ज्योतिषमें जन्मनक्षत्रतक सोलवां नक्षत्र.

सांयात्रिक, (पु०) सम्यक् यात्रायै अलं ठण् । जहाज (पोत)से व्यापारकरनेहारा । व्यापारी.

सांयुगीन, (त्रि०) संयुगे साधुः । ख (ईन) । रण- (जंग) में कुशल (चालाक).

सांवत्सर, (पु०) संवत्सरं वेत्ति अधीते वा अण् । वर्षसंबंधी ज्ञानको प्रकाशकरनेहारे शास्त्रको जान्ने वा पढ़नेहारा । ज्योतिःशास्त्रको जान्नेहारा । गणक । ज्योतिषी.

सांवादिक, (पु०) सम्यक् वादाय अलं ठण् । जो भलीभांति शास्त्रार्थ करसक्ता है । नैयायिक । न्यायशास्त्रके जान्नेहारा.

सांशयिक, (त्रि०) संशयं आपन्नः ठण् । सन्दिहान । सन्देहमें पड़ाहुआ । शक्की । संशयवाला.

सांसारिक, (त्रि०) संसाराय हितं-तत्र भवो वा ठण् । संसारका हितकारी पदार्थ अथवा संसारमें उत्पन्नहुआ । संसारी.

सांसिद्धिक, (त्रि०) संसिद्धिः (स्वभावसिद्धिः) तया निर्वृत्तं ठण् । स्वभावसिद्ध । स्वाभाविक । जो आपसे आपही बना हो । कुदरतन.

साकम्, (अव्य०) सह अकति । साहित्य । साथ (तृतीया)विभक्तिके साथ होता है).

साकल्य, (न०) सकलस्य भावः ष्यञ् । समुदाय । साराही । "स्वार्थे ष्यञ्" । सारा । होमके लिये मिलेहुए तिलआदि द्रव्य.

साकांक्ष, (त्रि०) सह आकांक्षया । साभिलाष । इच्छासहित । चाहके साथ । शाब्दबोधके उपयोगी आकांक्षावाला पदविशेष.

साकार, (त्रि०) सह आकारेण (मूर्त्या) । मूर्त्तिविशिष्ट । मूर्त्तिवाला । शकलवाला । अंगोंवाला । सावयव.

साकेत, (न०) आकित्यते आकेतः । सह आकेतेन । अयोध्यापुर । " जनस्य साकेतनिवासिनः " इति रघुः । अयोध्यानगरी.

साक्षात्, (अव्य०) सह अक्षति । अक्ष्+आति-सादेशः । प्रत्यक्ष । आँखोंके समाने और उसका विषय (जो साम्हने दीखसक्ता है) । " यत् साक्षात् अपरोक्षाद् ब्रह्म " इति श्रुतिः.

साक्षात्कार, (पु०) साक्षात्+कृ+घञ् । प्रत्यक्ष । सामने.

साक्षिन्, (त्रि०) सह अक्षि इनि । साक्षात् द्रष्टा इनि वा नि० । सामने देखनेहारा । " स्त्रियां ङीप् " परमेश्वर (पु०) । " साक्षी चेताः केवलो निर्गुणश्च " इति श्रुतिः । (यही साक्षी चैतन्यस्वरूपसे वेदान्तपरिभाषामें माना है).

साक्ष्य, (न०) साक्षिणो भावः कर्म्म वा ष्यञ् । गवाहका काम । गवाही । " यः साक्ष्यमनृतं वदेत् " इति स्मृतिः. [समुद्र । एकसंख्या.

सागर, (पु०) सगरेण निर्वृत्तः अण् । सगरसे बना ।

सागरगामिनी, (स्त्री०) सागरं गच्छति । गम्+णिनि । न णत्वम् । समुद्रको जाती है । गम्+णि-न णत्वम् । नदी । दर्य्या । छोटी इलाइची.

सागरमेखला, (स्त्री०) सागरो मेखलेव यस्याः । समुद्र मानों जिसकी तड़ागी है । पृथिवी । ज़मीन.

सागरालय, (पु०) सागरः आलयः यस्य । समुद्र जिसका घर है । वरुणदेवता । पानीका देवता.

साग्निक, (पु०) सह अग्निना-अग्निहोत्रेण वा कप् । श्रौत(वेदकी) और स्मार्त (धर्म्मशास्त्रकी) आगवाला । अग्निहोत्र (अग्निका होम) करनेवाला ब्राह्मण.

सांकर्य्य, (न०) संकरस्य भावः ष्यञ् । न्यायमें जातिका बाधक (रोकनेहारा) एक दोष एकमें दूसरेका मिलजाना.

साङ्ग, (त्रि०) सह अंगेन । अंगयुक्त । अंगसहित । पूरा २.

सांग्रामिक, (त्रि०) संग्रामाय प्रभवति ठण् । युद्धके लिये समर्थ होता है । सेनापति । सेनाका मालिक । कप्तान । युद्धके उपयोगी रथआदि.

साचीकृत, (त्रि०) असाचि साचि क्रियते स्म । च्विनि० दीर्घः । वक्रीकृत । टेढ़ा कियाहुआ । तिर्च्छा कियागया.

सात्यकि, (पु०) सत्यकस्य (वृष्णिवंशनृपस्य) अपत्यं अण् । वृष्णिवंशके राजा सत्यकका पुत्र । कृष्णका सारथि. [अधिकारमें एक देश.

सात्वत्, (पु०) सत्त्व+अत्+क्विप् । शक० । यादवोंके

सात्वत, (पु०) सत्वं एव सात्वं अस्ति अस्य त ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सत्वगुणकी उपाधिवाला विष्णु । सात्वतदेशका राजा । अण् । विष्णु । " भगवान् सात्वतां पतिः " पुराणम् । सत्वगुणवाले विष्णुका भक्त । वैष्णव । यदुवंशी अंशुका पुत्र । एक राजा.

सात्विक, (पु०) सत्वात् (सत्वगुणप्रधानात्) विष्णोः भवति ठण् (इक) । विष्णुसे उपजता है । चारमुखवाला ब्रह्मा (यह विष्णुकी नाभिकमलसे उत्पन्न हुआ था) । विष्णु । और सत्वगुणसे उपजा । सतोगुणी जन (त्रि०) । "आहाराः सात्विकप्रियाः" इति गीता । दुर्गा (स्त्री०).

सादिन्, (पु०) सद्+णिनि । घोड़ेपर चढनेहारा । हाथीपर चढाहुआ । गाड़ीपर चढाहुआ । सवार.

सादृश्य, (न०) सदृशस्य भावः ष्यञ् । समानधर्म्म । (एकवस्तुसे भिन्न होकर उसके बहुतसे धर्म्म रखनेहारा) । बराबरी । समानता.

साधक, (त्रि०) साध्+ण्वुल् (अक०) । साधनकरनेहारा । साबितकरनेहारा । तन्त्रमें मन्त्रआदि सिद्धिको करनेहारा शिष्य (चेला).

साधन, (न०) साध्यतेऽनेन । सिध्+णिच्-ल्युट् साधादेशः । जिस्से कोई चीज सिद्ध कीजाय । करण । क्रियाको उत्पन्नकरनेहारा हेतुविशेष । क्रियासाधक व्यापारवाला करण । सैन्य । युद्धका सामान । प्रमाण । और अनुमानकरानेहारा हेतु । " भावे ल्युट् " मारना । मरेहुएका संस्कार । अग्निदान । आगलगाना । जाना । साबितकरना । और सिद्धि.

साधर्म्य, (न०) सधर्म्मस्य (समानधर्मस्य) भावः ष्यञ् । अपना विशेषधर्मरूप लक्षण । " यदुक्तं यस्य साधर्म्यम् " इति भाषापरिच्छेदः । समानधर्मपन । बराबरी । " जैसे कमलकी नाईं सुन्दर मुख " इत्यादिमें सुन्दरता । " समानो धर्मो यस्य । तस्य भावः ष्यञ्."

साधारण, (त्रि०) सह धारणया । स्वार्थे अण् । सदृश । समान । बराबर । वह धन कि जिसपर बहुतोंका अधिकार है । आम । स्त्री-ङीप्-कुञ्चिका (चावी-कुंजी) । वेश्याआदि नायिका (जिसे सब भोगसक्ते हैं) । न्यायमें एकप्रकारका हेत्वाभास (वह हेतु जो सपक्ष और विपक्षमें एक जैसा रहजाय) (पु०) । जैसे "पर्वत वह्निवाला है द्रव्यपन होनेसे" इत्यादिमें द्रव्यत्व हेतु सपक्ष पर्वत और विपक्ष ह्रदादिमें भी रहता है.

साधारणधर्म्म, (पु०) कर्म० । सब वर्ण और आश्रमोंके समान धर्म्म । जैसे अहिंसा-सत्य-अस्तेय (चोरी न करना)-शौच-इन्द्रियोंको रोकना-क्रोध न करना-कोमलता-दान इत्यादि । न्यायमें संशयका कारण और समान धर्म्म.

साधित, (त्रि०) सिध्+णिच्+क्त । दापित । दिलायागया । प्रमाणआदिसे साबित कियाहुआ । पूरा कियाहुआ.

साधिदैव, (त्रि०) सह अधिदेवेन । स्वार्थे अण् । दोनों पदोंको वृद्धि । अधिदेवतासहित । परमेश्वर.

साधिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन साधुः वा ढो वा इष्ठन् साधादेशः । अत्यन्त दृढ । बहुत मज़बूत (पक्का) । बहुत साधु । बहुत अच्छा.

साधिष्ठान, (त्रि०) सह अधिष्ठानेन । आश्रयके साथ । सन्निहित । निकट । पास । तन्त्रमें छ चक्रोंके मध्यमें सुषुम्ना नाड़ीके बीच चक्रविशेष (न०).

साधीयस्, (त्रि०) अतिशयेन साधुः वा साधादेशः । अत्यन्त दृढ़ । बहुत पक्का । न्याय्य । जो न्याय(इन्साफ)के विरुद्ध न हो । और बहुत अच्छा (स्त्रियां ङीप्).

साधु, (त्रि०) साध्+उन् । उत्तमकुलमें उत्पन्नहुआ । सुन्दर । मनोहर । और उचित । स्त्रियां वा ङीप् । मुनि और जिनदेव । " सन्मान पाकर प्रसन्न नहिं होता, निरादर होनेपर क्रोध नहिं कर्त्ता, और क्रोधमें होकर कदापि कठिन वचन नहिं कहता" इस प्रकारके धर्म्मवाला जन । और व्यापारी (पु०).

साध्य, (पु०) सिध्+णिच्+यत् । द्वादशसंख्याक (बारह) गणदेवता । विष्कम्भआदि योगोंमें इक्कीसवां योग । साधनीय (साबित करनेलायक) (त्रि०) । अट्ठारह प्रकारके विवादों (झगड़ों) में प्रमाण (सबूती)आदिसे साबित करनेलायक पदार्थ । अनुमितिसे साधन करनेलायक वह्निआदि-जैसे " वह्निवाला है धूम होनेसे " इत्यादिमें सिषाधयिषित(सिद्ध करनेकी इच्छा कियागया)वह्नि " साध्य " है । संस्कारके लायक मन्त्र.

साध्यतावच्छेदक, (पु०) साध्यतां अवच्छिनत्ति (विशेषयति) । अव+छिद्+ण्वुल् । येन रूपेण यस्य साध्यता रूपा विषयता तस्मिन् धर्मे । जिसे रूपसे जिसकी साध्यता निश्चित हो-जैसे " वह्निमान् धूमात् " यहां " वह्नि " साध्य है जो कि उसकी साध्यता "वह्नित्व " को निश्चय कराता है.

साध्यसिद्धि, (स्त्री०) साध्यस्य सिद्धिः (विनिर्णयः) । सिध्+क्तिन् । सिद्ध करनेलायक पदार्थकी सिद्धि । (साबितहोना) । साध्य (वह्निआदि) की सिद्धि (साधनके आधीन निर्णय) । निष्पत्ति (एककामका पूराहोना) । " जिसमें प्रतिज्ञा करनेलायक अर्थका निर्णय हो " । व्यवहार.

साध्वस, (न०) साधु+अस्यति । अस्+अच् । भय (डर) । पूरा फेंकता है (आनन्दको).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

साध्वी, (स्त्री०) साधु+ङीप्। पतिव्रता स्त्री (जो पतिके साथ छायाके समान रहती है)। भली.

सानन्द, (त्रि०) सह आनन्देन। आनन्दसहित। खुश.

सानु, (पु० न०) सन्+उण्। पर्वतकी चोटी (प्रस्थ)। वन। पथ। आगे.

सानुज, (न०) सानौ जायते। जन्+ड। प्रपौण्डरीक। तुम्बरवृक्ष (पु०)। सहानुजेन। अनुजसहित (भाईके साथ) (त्रि०). [पर्वत। पहाड़.

सानुमत्, (पु०) सानुः अस्ति अस्य मतुप्। चोटीवाला।

सान्तपन, (न०) सन्तापयति। सम्+तप्+णिच्+ल्युट्-स्वार्थेऽण्। अच्छीतरह तपाता है। दो दिनमें सिद्ध होनेहारा व्रतविशेष. [फरक(व्यवधान)के साथ.

सान्तर, (न०) सह अन्तरेण। सादेशः। विरला।

सान्तानिक, (त्रि०) सन्तानः प्रयोजनं अस्य ठक्। सन्तानका साधन विधानविशेष। जिससे सन्तान होती है इस प्रकारका विधान.

सान्त्वन, (न०) सान्त्व्+ल्युट्। आनुकूल्यकरण। अच्छी २ बातें सुनाकर क्रोधको दूर करना। ठण्डाकरना। कान और मनको प्रसन्नता देनेहारा वचन। प्यार.

सान्दीपनि, (पु०) सन्दीपनस्य अपत्यं इञ्। सन्दीपनकी सन्तान। बलराम और कृष्णजीका आचार्य्य। अवन्तिपुरमें निवासकरनेहारा एक मुनि.

सान्द्र, (त्रि०) आदि+रक्। सह अन्द्रेण। निविड़। गाढा। मृदु। कोमल। नरम। स्निग्ध। चिकना। और (मनोहर)। वन (जंगल) (न०). [सांझके समयका.

सान्ध्य, (त्रि०) सन्ध्यायां भवः अण्। संध्याकालिक।

सान्निध्य, (न०) सन्निधिरेव ष्यञ्। नैकट्य। समीपता। पासपन। पासहोना। पास.

सान्निपातिक, (त्रि०) सन्निपातात् (त्रिदोषविकारात्) आगतः। तेन निर्वृत्तो वा ठक्। तीन दोषोंके विगड़नेसे आया वा हुआ। सन्निपातसे उपजा रोग। " विकारे सान्निपातिके " कुमारः.

सापत्न्य, (पु०) सपत्न एव स्वार्थे ष्यञ्। शत्रु (दुश्मन)। " सपत्न्या भवः। तस्य अपत्यं वा यञ्।" सपत्नी (सौतिन)का पुत्र। " सापत्न ".

सापिण्ड्य, (न०) सपिण्डस्य भावः ष्यञ्। सपिण्डता (एकजातपना)। दाय (विरसा) और अशौच (अपवित्रता) स्वीकार करनेके उपयोगी जातिका धर्म्म। " सापिण्ड्यं साप्तपौरुषम् " इति स्मृतिः.

साप्तपदीन, (न०) सप्तभिः पदैः (उच्चारितैः) निर्वृत्तं ख्यञ् (ईन)। सात पदोंके बोलनेसे बनी सख्य। मित्रता। सौहार्द। प्रेम.

साप्तपौरुष, (त्रि०) सप्त पुरुषान् व्याप्नोति अण्। सात पुरुषोंतक फैलता है। सप्तपुरुषव्यापक.

साफल्य, (न०) सफलस्य भावः ष्यञ्। पूरा होना। सार्थक्य। अर्थके सिद्ध करनेवाला होना। सम्पूर्णता। सफलता. [सामयति-ते। अससामत्-त.

साम्,-सान्त्वन (शान्तकरना) चु० उ० स० सेट्।

सामग, (पु०) साम (तद् वेदं)गायति। सामवेदके गाने वा पढ़नेहारा.

सामग्री, (स्त्री० न०) समग्रस्य भावः ष्यञ् (पूराहोना) समस्तता (सारापन) (स्त्री०)। कारणसमूह। और द्रव्य (स्त्री०). [अच्छापन। मुनासिब होना.

सामञ्जस्य, (न०) समञ्जसस्य भावः ष्यञ्। औचित्य।

सामन्, (न०) सो+मनिन्। "अग्निं दूतं वृणीमहे" इत्यादि वेदविशेष। राजाओंके लिये शत्रुको वशकरनेका उपायविशेष। और प्यारे वचनआदिसे शान्तकरना। पशुको बांधनेकी रस्सी (स्त्रियां ङीप्).

सामन्त, (पु०) संश्लिष्टः अन्तः (एकदेशः) यस्य। समन्तः तस्य ईश्वरः अण्। अपने देशके पास रहनेहारे देशका स्वामी। राजा। वह राजा कि जो बड़े राजाको कर (खिराज) देता है। करदराजा। टकाभरनेहारा राजा.

सामयिक, (त्रि०) समये भवः उचितो वा ठञ् (इक)। समय(वक्त)पर हुआ। और समयके उचित (योग्य).

सामयोनि, (पु०) साम योनिः (उत्पत्तिस्थानं यस्य)। सामसे उत्पन्नहुआ। हस्ती (" एकवार ब्रह्माने सूर्य्यके दोनों अण्डकपालोंको हाथमें लेकर सात सामों(गीतों)को गाया, तब हाथी गिरे ")। ब्रह्मा। चतुर्मुख.

सामर्थ्य, (न०) समर्थस्य भावः ष्यञ्। ताकत। शरीरका बल (ज़ोर)। शक्ति। योग्यता। संगतार्थता। अर्थका ठीक जुड़ना.

सामाजिक, (पु०) समाजः प्रयोजनं अस्य। सभास्थापनकरना जिसका मतलब है। सभ्य। सभाका मैम्बर। सभासद्.

सामान्य, (न०) समानस्य भावः ष्यञ्। सादृश्यप्रयोजक धर्म्म। बराबरीको जतलानेहारा धर्म्म-जैसे " मुख कमलफूलके समान सुन्दर है" इत्यादिमें सुन्दरताआदि। स्वार्थे ष्यञ्-"समानं एव " द्रव्य, गुण और कर्म्ममें तुल्यस्वरूपसे रहिनेहारी जाति.

सामान्यलक्षणा, (स्त्री०) सामान्यं (साधारणधर्म्मः) लक्षणं यस्याः। एक जैसे धर्म्मको जतलानेहारी। न्यायमें "अलौकिकप्रत्यक्षका एक उपाय" जैसे एक " घट "-के जाननेमें " घटत्वरूप सामान्यधर्म्मज्ञान"से

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सम्पूर्ण घटत्ववालेका ज्ञान होता है । अलौकिक सन्निकर्षविशेष. [(आम) स्त्री । वेश्या । कंजरी.

सामान्या (स्त्री०) समानैव-स्वार्थे ष्यञ्-टाप् । साधारण

सामि, (अव्य०) साम+इन् । अर्द्ध । आधा । "सामिघटितेति" नैषधम्.

सामीप्य, (न०) समीपस्य भावः । स्वार्थे वा ष्यञ् । नैकट्य । पासहोना । निकट । पास । नज़दीक.

सामुद्रक,(न०) समुद्रेण प्रोक्तं वुण् (अक) । हाथ आदिकी रेखा आदिसे स्त्री और पुरुषके शुभ और अशुभ लक्षणको जतलानेहारा ग्रन्थविशेष । (स्त्रिओंका बायाँ और पुरुषोंका दहिना हाथआदि देखा जाता है) "सामुद्रिक" भी होता है.

साम्परायिक, (न०) सम्परायाय (आपदे) परलोकाय वा हितम् ठण् (इक) । दुःख वा परलोकके लिये हितकारी । युद्ध (जंग) । परलोकका साधन (त्रि०). [योग्य । मुनासिब । अब । ठीक २.

साम्प्रतम्, (अव्य०) सम्+प्र+तन-अनुयुक्त । उचित ।

साम्य, (न०) समस्य भावः ष्यञ् । तुल्यत्वप्रयोजकसाधारण धर्म्म । बराबरीको जतलानेहारा एक जैसा धर्म्म.

साम्राज्य, (न०) सम्राजस्य भावः ष्यञ् । सार्वभौमत्व । सम्पूर्णभूमिका राजा होना । बादशाहत । दसलाख योजन (एक योजन चारकोसका)पर हकूमतकरना.

सायंसंध्या, (स्त्री०) सायं (दिनान्ते)संध्या । तत्र सन्ध्यायते । सम्+ध्यै+क । दिनके अन्तकी संध्या (दोनों वक्त मिलेहुए) । दिनके अन्त(सांझ)में उपासना करनेलायक देवताविशेष.

सायक,(पु०) सी+ण्वुल् । वाण (तीर) । खड्ग । तरवार.

सायन्तन, (त्रि०) सायं भवः । ट्युल्-तुट्च । दिनके अन्तमें हुआ. [वर्त्तते " उद्भटः.

सायम्, (अव्य०) दिनान्त । सांझ । " सायं सम्प्रति

सायाह्न, (पु०) सायोह्नः । त० टच् । अह्नादेशः । दिनका अन्त । सांझ । दिनका शेष पाँचवाँ भाग जो तीन मुहूर्त होता है.

सायुज्य, (न०) सह युनक्ति । युज्+क्विप् । सादेशः । "सयुङ्" तस्य भावः ष्यञ् । साथ जुड़ना । पाँच प्रकारकी मुक्तिमेंसे एकही स्थानमें इष्टदेवताके साथ इकट्ठाहोनारूप मुक्ति.

सार, (न०) सृ+घञ् । सार्+अच् वा । जल । धन । न्यायानुसार । नवनीत (मक्खन) । लोहा । और वन (जंगल) । बल (ज़ोर) । स्थिर अंश (पक्का हिस्सा) । वायु (हवा) । अच्छा (त्रि०).

सारगंध, (पु०) सारः गंधो यस्य । अच्छेगंधवाला । चंदन. [मधु । शहत । क्षौद्र.

सारघ, (पु०) सरघाभिः निर्वृत्तं । मक्खिओंसे बना ।

सारङ्ग, (पु०) सृ+अंगच् । चातक खग (पपीहा) । हरिण । हाथी । भौंरा । छत्रा । राजहंस । एक वाजा । कपड़ा । कईरंग । मोर । कामदेव । कमान । बाल । भूषण (गहना) । कमलफूल । शंख । चंदन । कपूर । फूल । कोइल । वादल । । शेर । रात । भूमि । और दीप्ति. [पशुको मारता है । व्याध । शिकारी.

सारङ्गिक, (पु०) सारंगं (मृगं) हन्ति ठक् (इक) ।

सारज, (न०) सारात् (दध्यग्रात्)जायते । जन्+ड । मट्ठेसे उपजता है । नवनीत । मक्खन.

सारणि (णी), (स्त्री०) सृ+णिच्+अनि-वा ङीप् । छोटी नदी । छोटा दर्य्या । संक्षेपसे ग्रहोंकी गतिआदिको जतलानेहारा ज्योतिष्का ग्रंथविशेष.

सारथि, (पु०) सृ+अथिण् । सह रथेन सरथः (घोटकः) तत्र नियुक्तः । इञ् वा । रथ(गाड़ी)आदि वाहन-(सवारी)को चलानेहारा । नियन्ता । गाड़ीवान.

सारदा, (स्त्री०) सारं ददाति । दा+क । सरस्वती । सारका दाता (त्रि०).

सारमेय, (पु०) सरमायाः (कश्यपपत्न्याः) अपत्यं ढक् (एय) । कश्यपकी स्त्री सरमाका पुत्र । कुक्कुर (कुत्ता) । कुत्ती (स्त्री०) [में हुआ.

सारव, (त्रि०) सरय्वां भवः अण् । नि० । सरयूनदी-

सारस, (न०) सरः (अभिजन-नियतवसतिः) अस्य अण् । जो नियमसे तालावमें रहता है । कमलका फूल । पद्म । और कटी (कमर)का भूषण । "सह रसेन" । स्वार्थेऽण् । जो रस (जल-वा अमृत)के साथ है । चन्द्रमा । हंस । और इसी नामका एक पक्षी । तालावका (त्रि०).

सारस्वत, (पु०) सरस्वती देवता अस्य । सरस्वत्या इदं वा अण् । जिसकी देवी सरस्वती है वा सरस्वतीका यह । विल्लका डण्डा । एक देश । पाँच गौड़ोंमेंसे एकप्रकारका ब्राह्मण । सरस्वतीसे पालन कियाहुआ एक मुनि । ब्रह्माका दिनरूप कल्पविशेष । सरस्वतीवाला (त्रि०).

सारस्वतकल्प, (पु०) कर्म्म० । तन्त्रमें सरस्वतीकी उपासनाके लिये एक प्रकार । इस नामका ब्रह्माका दिन.

सारि (री), (पु० स्त्री०) सृ+उण् । वा ङीप् । पाशक । पास्सा. [पक्षी (मैना).

सारिका, (स्त्री०) सरति (गच्छति) सृ+ण्वुल् । एक

सार्थ, (पु०) सृ+थन् । स्वार्थेऽण् । समूह । जीवोंका समूह । "सह अर्थेन" धनसहित । वनिओंका समूह । धनी (दौलतमंद) (त्रि०) । कन् "सार्थकः" शब्द.

सार्थवाह, (पु०) सार्थं वहति । वह्+अण् । व्यापारी । वणिग्जन. [गीला.

सार्द्र, (त्रि०) सह आर्द्रेण । आर्द्रतायुक्त । गीलेपनके साथ ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सार्द्धं, (अव्य०) साहित्य । साथ । “ सह अर्द्धेन ” । सार्द्धः । आधेके साथ (त्रि०).

सार्प, (न०) सर्पो देवता अस्य अण् । जिसकी देवता सांप है । आश्लेषा नक्षत्र (तारा).

सार्पिष्क, (त्रि०) सर्पिषा संस्कृतं ठण् (इक) । घीमें संस्कार कियागया व्यञ्जन (नाल्दा)आदि.

सार्वजनीन, (त्रि०) सर्वेषु जनेषु विदितः खञ् (ईन) । द्विपदवृद्धिः । सबजनोंमें जानाहुआ । सर्वलोकप्रसिद्ध.

सार्वत्रिक, (त्रि०) सर्वत्र भवं ठक् (इक) । सब समयमें हुआ.

सार्वधातुक, (न०) सर्वधातून् व्याप्नोति ठक् । व्याकरणमें लट् । लोट् । लङ् । विधिलिङ् इन चारोंके प्रत्यय.

सार्वभौतिक, (त्रि०) सर्वाणि भूतानि व्याप्नोति ठञ् । “ दोनों पदोंको वृद्धि होती है” । सब जीवोंमें फैलनेहारा । सर्वभूतव्यापक.

सार्वभौम, (पु०) सर्वस्या भूमेः ईश्वरः । सर्वासु भूमिषु विदितो वा अण् । सारी पृथिवीका मालिक । वा सब पृथिवी (नगरों)में जानाहुआ । चक्रवर्ती राजा । शाहन शाह । उत्तरदिशाका हाथी.

सार्वलौकिक, (त्रि०) सर्वेषु लोकेषु विदितः ठञ् । द्विपदवृद्धिः । सब लोकोंमें जानाहुआ । “ स रामः सार्वलौकिकः ” भट्टिः.

सार्वविभक्तिक, (त्रि०) सर्वासु विभक्तिषु । तदर्थे भवः ठञ् (इक) । सब विभक्तिओंके अर्थमें विधान कियागया “ तसिल् ” आदि प्रत्यय.

सार्षप, (त्रि०) सर्षपस्य विकारः अण् । सरसोंका बनाहुआ तेलआदि । “ अदुष्टं सार्षपं तैलं ” इति स्मृतिः.

साल, (पु०) सल्+घञ् । हरएक वृक्ष । इस नामका वृक्ष । प्राकार । शहरपनाह.

सालनिर्यास, (पु०) ६ त० । सर्ज्जरस । धुना । राल.

सालभञ्जिका, (स्त्री०) सालं भनक्ति । भञ्ज्+ण्वुल् । लकड़ीआदिका बनाहुआ बनावटी खेलका साधन । पुत्तलिका । पुतली । गुड्डी । वेश्या । कंजरी.

सालूर, (पु०) सल्+ऊरच् । णिच् । भेक । मण्डूक । मेंडक । डड्डू.

सालोक्य, (न०) समानः लोकः अस्य । तस्य भावः ष्यञ् । पाँच प्रकारकी मुक्तिमेंसे अपने उपास्य देवताके साथ एकही लोकमें वासकरनारूप मुक्तिविशेष. [अण्.

साल्व, (पु०) ब० व० । सौभदेश । उस देशका राजा ।

सावधान, (त्रि०) सह अवधानेन । जो चित्तको एक कर्त्ता है । सचेतन । होशियार । मनोऽभिनिवेशयुक्त । खबरदार.

सावन, (न०) सवनं (सोमयागाङ्गं स्नानं) तस्येदं अण । वह दिन कि जब सोमयागका अंग स्नान कियाजाता है । यज्ञका अन्त । पूरे तीस दिनका मास (महीना) । वरुण. [अपवाद । कलंक.

सा(शा)वर, (पु०) सवरेण निर्वृत्तः अण् । पाप (गुनाह)

सावर्ण, (पु०) सवर्णायां भवः अण् । सूर्य्यकी स्त्री संज्ञा देवीके गर्भसे उपजा आठवां मनु । इञ् । “ सावर्णिः”.

सावित्र, (पु०) सविता देवता अस्य अण् । जिसकी देवता सूर्य्य है । विप्र । ब्राह्मण । ऋग्विशेष (एकमन्त्र) । (स्त्रियां ङीप्) । गायत्री । सत्यवान्‌की स्त्री । सूर्य्यदेवताका “ चरु ” आदि (त्रि०) । यज्ञोपवीत (न०) । स्वार्थादौ अण् । सूर्य्य । “ तस्येदं अण् ” महादेव । वसु (पु०).

सावित्रीव्रत, (न०) सावित्रीपूजनमुद्दिश्य कर्त्तव्यं व्रतम् । सावित्रीको पूजनेके लिये करनेलायक व्रतविशेष । ज्येष्ठ (जेठ)के कृष्णपक्षकी चतुर्द्दशी.

सास्ना, (स्त्री०) सस्+न-णिच । गौके गलेका लोमसमूहरूप कम्बल । गबगब.

सास्र, (त्रि०) सह अस्रेण । चक्षुर्जलान्वित । आँसुओंके साथ । जिसकी आंखसे पानी चलरहा हो.

साहचर्य्य, (न०) सहचरस्य भावः ष्यञ् । साथरहना । समभिव्याहार । साथ । सामानाधिकरण्य । एकही आश्रयहोना.

साहस, (न०) सहसा (बलेन) निर्वृत्तं अण् । जोरसे कियागया चोरी (चौर्य्य) । स्त्रीसंग्रह (किसीकी स्त्रीको उसकी इच्छाके बिना पकड़लेना)आदि दुष्टकाम । “सहसा (अविवेकेन) कृतं कर्म्म” । बिना विचारे कियागया काम (त्रि०) । “साहसं अनुसरति” साहसकरनेवालेको मिलता है । दण्डविशेष (सजा) । और अग्नि । आग (पु०).

साहसिक, (त्रि०) साहसे प्रसृतः ठन् । “मनुष्यको मार डालना ” आदि दिलेरीमें लगगया । चोर । पारदारिक । मिथ्यावादी । परुषवादी (सख्त बोलनेहारा).

साहस्र, (न०) सहस्राणां समूहः अण् । कई हज़ार । “ स्वार्थे अण् ” । हज़ारकी संख्या (न०) । हज़ारकी संख्यावाला (त्रि०). [मद्दत.

साहाय्य, (न०) सहायस्य भावः ष्यञ् । सहायता ।

साहित्य, (न०) सहितस्य भावः ष्यञ् । मेलन । मिलाना । इकट्ठाहोना । आपसमें अपेक्षा रखनेहारे समानरूपोंका एकही क्रियामें अन्वय होना । एकप्रकारका काव्य वा शास्त्र.

साह्वय, (पु०) सह आह्वयेन (अभिधानेन) । नामके साथ । “ जगाम गजसाह्वयम्” भारतम्.

सिंह, (पु०) हिन्स्+अच् । पृ० । वर्णविपर्य्यय (इसमें अक्षर बदल जाते हैं) । इस नामका पशु । शेर । लाल सुहांजना । मेषसे पाँचवी राशि “ यह अन्तमें आने-

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

से " श्रेष्ठ " के अर्थको प्रकाश कर्त्ता है" । " पुरुष-सिंहः ".

सिंहध्वनि, (पु०) सिंहस्य इव ध्वनिः । शेरके समान आवाज़। "सिंहनाद" आदि भी। ६ त०। सिंहका शब्द.

सिंहल, (पु०) सिंहः अस्ति अत्र लच् । जहां शेर है । एक देश । सीलोन टापू । रांगा । पीतल.

सिंहवाहिनी, (स्त्री०) सिंहरूपो वाहो विद्यते अस्याः । इति । जिसकी सवारी शेर है । दुर्गा । देवी.

सिंहविक्रान्त, (स्त्री०) सिंह इव विक्रान्तः (शेरकी नाईं बली) । अश्व (घोड़ा)। शेरके समान बलवाला । (त्रि०).

सिंहसंहनन, (न०) (त्रि०) सिंहस्य इव संहननं (अंग) अस्य । जिसका अंग शेरके समान है । अच्छेअंग-वाला । सिंहके समान दृढ़ (पक्के) अंगवाला । "सिंह-संहननो युवा " रघुः.

सिंहासन, (न०) सिंहचिह्नितं आसनं । सिंहके चिह्न (नशान)वाला आसन । राजाका आसन । तख्त.

सिंहिका, (स्त्री०) काश्यपकी स्त्री । राहुकी माता.

सिंहिकासुत, (पु०) ६ त० । राहु । सिंहिकाका पुत्र.

सिंही, (स्त्री०) हिनस्ति रोगान् । हिन्स्+अच् । पृ० । वार्त्ताकी । कण्टकारिका । वासक । बृहती । और राहुकी मां। "सिंह+जातौ ङीप्" सिंहकी स्त्री । शेरनी.

सिक्,-सेचन । सींचना । भ्वा० पर० सक० सेट् । सेकति । असेकीत्.

सिकता, (स्त्री०) ब० व० । सिक्+अतच् । वालुका । रेत । " सिकताः सन्ति अत्र-अण्" (उसका लोप)। सिकतायुक्तदेश (रेतवाला स्थान)। बालुवाली जगह.

सिकतिल, (त्रि०) सिकताः सन्ति अत्र इलच् । वालुकायुक्तदेश । वह स्थान जहां रेत हो । रेतीली जगह.

सिक्थ, (न०) सिच्+थक् । मधूच्छिष्ट (शहदकी मक्खीकी जूठ) । मोम । वाल । नीलका पौधा । भात (पु०). [मैल.

सिङ्घा (घा)न, (न०) शिघ्+आनच् । पृ० । नाककी

सिचय, (पु०) सिच्+अयच् । वस्त्र । कपड़ा.

सित, (न०) सो+क्त । रूपा । और चंदन । शुक्रग्रह । और शुक्र (चिट्टा) वर्ण (रंग) (पु०).

सितकर, (पु०) सितः करः (किरणः) यस्य । जिस-की किरण चिट्टी हैं । चन्द्रमा । और कपूर (काफूर) । " सितमयूख".

सितपक्ष, (पु०) सितः पक्षः अस्य । चिट्टेपरवाला । हंस। कर्म्म०। शुक्लपक्ष (जिसमें चन्द्रमाकी किरणें बढ़ती हैं). [मिशरी.

सिता, (स्त्री०) सो+क्त। शर्करा। शक्कर। खांड। चीनी।

सितापाङ्ग, (पु०) सितं अपाङ्गं यस्य । जिसकी आँख-का कोना चिट्टा है । मयूर । मोर.

सितिवासस्, (पु०) सिति (कृष्णं) वासः अस्य । कालेकपड़ेवाला । बलदेव । बलभद्र । कृष्णका बड़ाभाई.

सितेतर, (पु०) सितात् इतरः (चिट्टेसे दूसरा) । काला रंग.

सितोपल, (पु०) कर्म्म० । चिट्टा पत्थर । स्फटिक । बिल्लौर । कठिनी (खड़िया) (न०)। शर्करा । मिसरी। (स्त्री०).

सिद्ध, (न०) सिध्+क्त । सैन्धवलवण । सेंधानिमक । पक्व (पकाहुआ)। निष्पन्न (पूराहुआ) । और नित्य (सदा) (त्रि०) । " सिद्धिः अस्ति अस्य " अच् । सिद्धिवाला । व्यासआदि मुनि । और देवयोनिविशेष (पु०) । निश्चित (जिसका निश्चय हो गया) (त्रि०) । विष्कम्भआदिमें बाईसवां योग । गुड़ । और काला धतूरा (पु०) । योगिनीदशामें सातवीं दशा (स्त्रियां टाप्) । मन्त्रविशेष (पु०).

सिद्धदेव, (पु०) सिद्धानां देवः । सिद्धोंका देवता । महादेव. [पारा.

सिद्धधातु, (पु०) सिद्धः (प्रसिद्धः) धातुः । पारद ।

सिद्धपीठ, (पु० न०) कर्म्म० । सिद्धोंका स्थान (जहां लाखवार बलिदान कियागया है, क्रोड़वार होम और महाविद्याका मन्त्र जपागया हो).

सिद्धपुर, (न०) कर्म्म० । लंकाके नीचे एक पुर है.

सिद्धविद्या, (स्त्री०) सिद्धा विद्या (मन्त्रः) यस्याः । जिसका मन्त्र सिद्ध है । " काली " आदि दस महा-विद्या.

सिद्धसाधन, (न०) सिद्धस्य (निश्चितस्य) साधनं (अनु-मानम्) । न्यायमें एकप्रकारका दोष, जिसमें उस वस्तुका अनुमान कियाजाता है, जिसका पहिलेसे निश्चय होरहा है.

सिद्धान्त, (पु०) सिद्धः (निश्चितः) अन्तः यस्मात् । जिस्से अन्त (असली बात)का निश्चय होता है । प्रमाणआदि देकर पूर्वपक्ष (पहिले कीगई दलील)को तोड़कर असली पक्षको स्थापन करनेहारा वाक्यसमूह । वादी और प्रतिवादीसे निश्चय कियाहुआ अर्थ । ज्योतिः-शास्त्रविशेष.

सिद्धार्थ (क), (पु०) सिद्धः अर्थः यस्मात् । जिस्से प्र-योजन सिद्ध होता है । ५ ब० । वा कप् । श्वेतसर्षप (चिट्टी सरसों) । वटीवृक्ष । ६ ब० । प्रसिद्ध अर्थ (त्रि०) । जिनविशेष.

सिद्धि, (स्त्री०) सिध्+क्तिन् । ऋद्धिनाम औषध । योगविशेष । अन्तर्द्धान (छिपना) । निष्पत्ति (एक कामका पूराहोना) । पाक (पकना-रसोई) । पादुका (खड़ाँव) । मोक्ष । सम्पदा । " अणिमा " आदि

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आठ प्रकारका ऐश्वर्य्य । बुद्धि । "प्रभाव" आदि तीन शक्तियें. [सिद्धिके देनेहारा (त्रि०).

सिद्धिद, (पु०) सिद्धिं ददाति । दा+क । बटुकभैरव ।

सिद्धियोग, (पु०) सिद्धिहेतुर्योगः । सिद्धिकारण योग। ज्योतिषमें शुक्रआदि वारसहित "नन्दा" आदि.

सिध्मल, (त्रि०) सिध्मन्+अस्त्यर्थे लच् । किलासरोगवाला । कोढ़ड़ी.

सिनीवाली, (स्त्री०) सिनीं (श्वेतां) चन्द्रकलां वलति (धारयति) अण्-ङीप् । चतुर्दशीवाली अमावास्या.

सिन्दु (न्धु) वार, (पु०) सिन्धुं (गजमदं) वारयति । वृ+अण् । निसिन्दावृक्ष । "मुक्ताकलापीकृतसिन्धुवारम्" इति कुमारः । (इसमें बहुत गंध होता है-फूल चिट्टे हैं).

सिन्दूर, (न०) स्यन्द्+ऊरन् । सम्प्रसारणम् । लालरंगका चूर्णविशेष । सिंधूर । संधूर । वृक्षविशेष (पु०).

सिन्धु, (पु०) स्यन्द्+उ । सम्प्रसारण । "द" को "ध" होता है । समुद्र । एक नद (दर्य्या)। वृक्ष । एक राग । एक देश । और मदका जल (हाथीकी मस्ती) । उस देशका वासी (पु० ब० व०.).

सिन्धुर, (पु०) सिंधुः (मदजलं) अस्य अस्ति र । मस्तीके पानीवाला । हस्ती । हाथी.

सिन्धुसंगम, (पु०) सिंध्वोः (नद्योः) नदीसमुद्रयोः वा संगमः । दो नदिओं वा नदी और समुद्रका मेल । "स यत्र" वह जहां हो (त्रि०).

सिप्र, (पु०) सिप्+रक् । पृ० । एक तालाव (सरोवर)। चन्द्रमा । गर्म्मीका पानी । और घर्म्म (पसीना) । उज्जयिनी नगरीके पास एक नदी (दर्य्या) (स्त्री०)। "सिप्रातरङ्गानिलकम्पितासु" इति रघुः.

सिम, (पु०) सि+मन् । सर्व । सब । इस अर्थमें सर्वनाम है. [असेकिष्ट.

सीक्,-सेचन-सींचना । भ्वा० आ० सक० सेट् । सीकते ।

सीकर, (पु०) सीक्यते (सिच्यते) अनेन । सीक्+अरण् । जलकण । पानीकी कणी (कतरा).

सीता, (स्त्री०) सि+त । पृ० दीर्घः । लाङ्गलपद्धति । हलका फाला । हलचलानेकी डण्डी । जनकराजाकी कन्या.

सीतापति, (पु०) ६ त० । श्रीराम । सीताका पति.

सीतायाःपति, (पु०) ६ त० । अलुक् समास । श्रीरामचन्द्र.

सीत्कार, (पु०) "सीत्" इति अव्यक्तस्य कारः । सीत्+कृ+घञ । अनुराग (प्रेम-मुहब्बत)से उत्पन्न हुआ शब्द । सी २ करना.

सीधु, (पु०) सिध्+उ । पृ० । मद्य । शराब (गन्नेके पकेहुए रससे तयारहुआ मद्यविशेष).

सीधुरस, (पु०) सीधोरिव रस आस्वादः अस्य । जिसका स्वाद (मज़ा) शराबकी भांति हो । आम्रका वृक्ष। आमका द्रख्त.

सीमन्त, (पु०) सीम्नः अन्तः । शक० । केशोंके भीतर मार्गके समान बनाहुआ । सीवनी । गर्भसे छठे वा आठवें महीनेमें करनेलायक एक संस्कार.

सीमन्तिनी, (स्त्री०) सीमन्त+अस्ति अर्थे इनि । सीमन्तवाली । योषित् । नारी । स्त्री । औरत.

सीमन्तोन्नयन, (न०) सीमन्तस्य (गर्भसंस्कारस्य) उन्नयनं (उद्भावनं) अत्र । जिसमें सीमन्त (भोड़ेवड़ीरीत)नामी गर्भके संस्कारका प्रकाश होता है । गर्भसंस्कारवाला कर्म्मविशेष.

सीमन्, (स्त्री०) सि+इमनि । मर्य्यादा । हद्द । अण्डकोष (पताल़ु) । "सीम्नि पुष्कलको हतः" इति. सि. कौ.

सीमा, (स्त्री०) सीमन्+टाप् । मर्य्यादा (तरीका-नियम)। गाँवआदिका अन्तभाग (हद्द).

सीमाविवाद, (पु०) सीमायां विवादः । अठारह प्रकारके विवादोंमेंसे "सीमा" के विषयमें झगड़ा.

सीर, (पु०) सि+रक् । पृ० । सूर्य्य । आकका वृक्ष । और हल.

सीरध्वज, (पु०) सीरः (हलः-तच्चिह्नितः) ध्वजः यस्य । जिसके झंडेपर हलका चिह्न (नशान) है । जनकराजा. [सके हाथमें हल है । बलदेव । बलराम.

सीरपाणि, (पु०) सीरः (हलः) पाणौ यस्य । जि-

सीरिन्, (पु०) सीरः (हलः) अस्ति अस्य आयुधत्वेन । जिसका शस्त्र हल है । बलराम । बलभद्र.

सी(से)वन, (न०) सिव्+ल्युट् । नि० वा दीर्घः । सीवन । तन्तुसन्तान । तांतफैलाना । सीना.

सु, (अव्य०) पूजा । अच्छा । अतिशय (बहुत).

सुकरा, (स्त्री०) सुखेन क्रियते दुह्यते वा। सु+कृ+खल् । सुशीला गौ (जिसे सहजहीसे चो लेते हैं) । जो सुखसे हो (त्रि०).

सुकल, (पु०) सुष्ठु कल्यते (ख्यायते) आसौ । सु+कल्+घञ् । वह जन जो "दाता" "भोक्ता" आदि गुणोंसे प्रसिद्ध है । वह शब्द जो सुकर, मधुर और व्यक्त हो.

सुकर्म्मन्, (पु०) सुष्ठु कर्म्म यस्मात् । जिस्से अच्छा काम होता है । विष्कम्भ आदिमें सातवां योग । अच्छे कामवाला (त्रि०) । अच्छा काम (न०). [वृक्ष.

सुकाण्ड, (पु०) सुष्ठु काण्डः अस्य । अच्छी शाखावाला

सुकामा, (स्त्री०) सुष्ठु काम्यते असौ । सु+कम्+घञ् । त्रायमाणा लता । अच्छी कामनावाला (त्रि०).

सुकुमारा, (स्त्री०) सु+कुमार+अच्-घञ् वा । जातिवृक्ष । नवमालिका । कदली (केला) । और मालती । बहुत

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कोमल (नाज़क)। सुन्दर कुमारअवस्थावाला (त्रि०) (स्त्रियां ङीप्). [जन.

सुकृत, (त्रि०) सु+कृ+क्विप्। पुण्यकरनेहारा । धार्म्मिक

सुकृत, (न०) सु+कृ+क्त । पुण्य । धर्म्म । और शुभ । अच्छाकाम (न०). [काम.

सुकृति, (स्त्री०) सु+कृ+क्तिन्। पुण्य । मंगल । अच्छा

सुकृतिन्, (त्रि०) सुकृतं अनेन । इनि । पुण्यवाला । भलाईवाला । अच्छेकामसे भराहुआ.

सुख, (न०) सुख+घञ्। पुण्यसे उत्पन्नहुआ गुणविशेष आनंद । " नैयायिक आदि " इसे आत्माका धर्म्म मानते हैं। सांख्यआदि " चित्त "का। " सुखं अस्य अस्ति अच् वा " सुखी (त्रि०).

सुखजात, (त्रि०) जातं सुखं अस्य । परनिपातः। जातानन्द (जिसे आनन्द प्राप्तहुआ) है । " सुखजातः सुरापीतः " इति भट्टिः. [वाला.

सुखभाज्, (त्रि०) सुखं भजते। भज्+ण्वि । सुख-

सुखरात्रिका, (स्त्री०) सुखा रात्रिः अस्याः। ५ ब० । कप् । जिस्से सुखकी रात होती है। आश्विनमास-(अस्सू)की दीपान्विता (जिस रात्रिमें दीपकोंका प्रकाश कियाजाता है दीवाली) अमावास्या (इसमें लक्ष्मीका पूजन कर्त्ते हैं).

सुखाधार, (पु०) सुखानां आधारः। सुखोंका आश्रय । स्वर्ग । कर्म्म०। सुखदेनेवाला निवासस्थान.

सुखावह, (त्रि०) सुखं आवहति (जनयति)। आ+वह्+अच्। सुखजनक । सुखको उपजानेहारा.

सुखोत्सव, (पु०) सुखकर उत्सवो यस्मात्। ५ ब०। जिस्से सुखदेनेहारा उत्सव होता है। पति (मालिक)। कर्म०। आनंदकरनेहारा उत्सव (पु०).

सुगत,-सुष्ठु गच्छति (जानाति) । गम्+कर्त्तरि क्त । बहुत अच्छा जानता है। बुद्धदेव (यह "निर्वाण" को शान्ति मानता है.

सुगन्ध, (न०) सुष्ठु गंधः अस्य। इत् नहीं होता। गंध-तैल । छोटाजीरा । कमल । चन्दन । सुगन्धपदार्थवाली दुकान (त्रि०).

सुगन्धि, (पु०) सुष्ठु गंधः। इत्समास। इष्टगन्ध । चाही-गई खुशबू । सुरभि । " सुष्ठु गंधः अस्य" । सुगंधवाला (त्रि०)। खुशबूदार.

सुगृहीतनामन्, (पु०) सुगृहीतं (प्रातःस्मरणीयं) नाम यस्य । जिसका नाम प्रातःकाल स्मरणकरना चाहिये । पवित्रयशवाला जन.

सुग्रन्थि, (पु०) सुष्ठु ग्रंथिः अस्य। अच्छीगांठवाला । चोरकनामी वृक्ष । अच्छीगांठवाला (त्रि०).

सुग्रीव, (पु०) सुष्ठु ग्रीवा अस्य। अच्छेकण्ठ (गर्दन)-वाला । श्रीकृष्णका घोड़ा । सूर्य्यका पुत्र । और वानरोंका राजा । सुन्दरग्रीवावाला (त्रि०).

सुचक्षुस्, (पु०) सुष्ठु चक्षुः इव फलं अस्य। आँख-की नाईं जिसका अच्छा फल है । उडुम्बर । सुन्दर-नेत्रवाला (त्रि०)। प्रा०। अच्छी आंख (न०).

सुचरित्रा, (स्त्री०) सुष्ठु चरित्रं यस्याः । अच्छेचरित्र-वाली। पतिव्रता स्त्री । अच्छीचालवाला (त्रि०) । प्रा० । सच्चरित्र । अच्छा चरित्र (न०).

सुचिर, (अव्य०) प्रा०। बहुत चिरका समय । बहुत कालका (त्रि०).

सुचिरायुस्,-सुचिरं (बहुतकालिकं आयुः) यस्य। जिसकी बहुत देरतक उमर हो। देवता । बहुत समय-तक जीनेहारा (त्रि०).

सुचेलक, (पु०) प्रा०। सूक्ष्मवस्त्र (महीन कपड़ा)। " सुष्ठुः चेलः अस्य "। महीन कपड़े धारण कियाहुआ। (त्रि०).

सुजल, (न०) शोभनं जलं यस्मात् । जिस्से अच्छा पानी है। ५ ब०। कमलका फूल । प्रा०। सुन्दरजल (न०). [निष्पीड़ित । निचोड़ागया (त्रि).

सुत, (पु०) सु+क्त । पुत्र । कन्या (स्त्रियां टाप्) ।

सु (सू)तक, (न०) सु (सू) भावे क्त । सु (सू)-तं (जननं) तस्मात् आगतम्। उत्पत्ति (बालकआ-दिके उत्पन्न) होनेसे आया । कन्। जननका अशौच (अपवित्रता) । हरएक प्रकारका अशौच । " सूतके मृतके तथा " " मातुश्च सूतकं तस्मात् " इति स्मृतिः.

सुतनु (नू), (पु० स्त्री०) सुष्ठु तनुः यस्याः वा ऊङ् । अच्छेशरीरवाली । नारी । औरत.

सुतपस्, (पु०) सुष्ठु तपति । सु+तप्+असि । बहुत तपता है। सूर्य्य (सूरज)। " सुष्ठु तपः अस्य" अच्छी तपस्यावाला। मुनि (पु०)। सुन्दरतपवाला (त्रि०)। प्रा० । सुन्दर तपस्या (न०).

सुतराम्, (अव्य०) सु+" अतिशय "के अर्थमें आमु तरप्। निश्चय कियेहुए अर्थका बहुत उचितहोना (बहुतही)। "धेन्वा तदध्यासितकातराक्ष्या निरीक्ष्यमाणः सुतरां दयालुः " रघुः । यहां धेनुने राजाको जब का-तराक्षी (घबरायेहुए नेत्रवाली) देखा तो बहुत दयालु-पन राजाके लिये उचितहुआ. [पातालविशेष.

सुतल, (पु० न०) सुष्ठु तलं यत्र । अच्छेतलवाला।

सुतिक्त, (पु०) प्रा०। पर्पट (पापड़) । बहुत तीखा (त्रि०)। नीम (पु०)। [बहुत तेज (त्रि०).

सुतीक्ष्ण, (पु०) प्रा०। सुहाञ्जनेका द्रख्त । मुनिविशेष।

सुतुङ्ग, (पु०) प्रा० । नारिकेलवृक्ष । नरेलका द्रख्त। बहुत ऊंचा (त्रि०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सु (सू) त्रामन्, (पु०) सुष्ठु त्रायते । सु+त्रै+मनिन् (पु०) । भलीभांति बचाता है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

सुत्वन्, (पु०) सु+क्वनिप् । यज्ञके अङ्गका स्नानकरनेहारा । सोमरसके पीनेवाला । सोमरसनिकालनेहारा.

सुदण्ड, (पु०) सुष्ठु दण्डः यस्मात् । ५ ब० । जिस्से अच्छा डण्डा (छड़ी वा सोटी) बनता है । बैंत । बेत.

सुदत्, (पु०) सुष्ठु दन्तः अस्य (" वयस्-अवस्था-उमर " इस अर्थमें "दतृ" आदेश होता है) । अच्छे-दांतवाली उमरके साथ मनुष्य आदि । युवती स्त्री (जवान औरत) ङीप् । " अवस्थासे भिन्न अर्थमें" "सुदन्त " यही होता है (अच्छादांत).

सुदर्शन, (न०) (पु०) सुष्ठु दृश्यते । युच् (अन) । अच्छा दिखाई देता है । विष्णुका चक्र । और इन्द्रकी पुरी (स्त्री०).

सुदामन्, (पु०) सुष्ठु ददाति । दा+मनिन् । अच्छा देता है । मेघ (बादल) । एक पर्वत । एक गोप (ग्वाल्)। समुद्र । ऐरावत हाथी । और श्रीकृष्णका मित्र एक ब्राह्मण । और अच्छा देनेहारा (त्रि०) । एक नदी । (स्त्रियां ङीप्). [चांदना पखवाडा.

सुदि, (अव्य०) सुष्ठु दीव्यति । सु+दिव्+डि । शुक्लपक्ष ।

सुदिन, (न०) प्रादि० । प्रशस्त दिवस । अच्छादिन । अच्छा (त्रि०).

सुदिनाह, (न०) सुदिनं (प्रशस्तं अहः) । टच् समा० । प्रशस्तदिवस । बहुत अच्छादिन.

सुदूर, (त्रि०) प्रा० । अतिदूर । बहुतदूर. [(त्रि०).

सुद्युम्न, (पु०) वैवस्वतमनुका पुत्र । अच्छे धनवाला ।

सुधन्वन्, (त्रि०) सुष्ठु धनुः यस्य । अनङ् । सुन्दर धनुष्को धारण करनेहारा । जिसे धनुष् (कमान) पकड़नेकी रीति अच्छी आती है । एक राजा । अनन्त नाग । और विश्वकर्म्मा (पु०).

सुधर्म्मन्, (स्त्री०) सु+धृ+मनिन् । देवताओंकी सभा । कुटुम्बवाला (पु०) । " सुधर्म्मा " भी.

सुधा (स्त्री०) सुष्ठु धीयते (पीयते) । अर्प्यते वा । धे-धा वा क । अच्छी रीति पीया वा अर्पण कियाजाता है । अमृत । लेपकरनेका पदार्थ (कलीचूना) । गंगा । विजली । रस । जल । आवला (धात्री) । हरीतकी (हरीड़) । मधु (शहद).

सुधांशु, (पु०) सुधा इव आह्लादकाः अंशवः अस्य । जिसकी किरणें अमृतके समान आनंद देती हैं । चन्द्रमा । और कर्पूर (काफूर).

सुधाजीविन्, (पु०) सुधां (लेपनद्रव्यं) आजीवति । जो कलीचूने आदिका काम करके जीता है । पलगण्ड । राज । कारीगर.

सुधानिधि, (पु०) सुधा निधीयते अत्र । नि+धा+कि । अमृत रक्खाजाता है यहां । चन्द्रमा । और काफूर (कर्पूर). [हरणकर्त्ता है । गरुड़ । " सुधाहारक ".

सुधाहर, (पु०) सुधां हरति । हृ+अच् । अमृतको

सुधी, (पु०) सुष्ठु धीः यस्य । जिसकी अच्छी (अकिल) है । पण्डित । " सुष्ठु धीः " । अच्छी अकिल (स्त्री०) " सुष्ठु ध्यायति " सु+ध्यै+क्विप् । नि० । अच्छीबुद्धिवाला (त्रि०).

सुधोद्भव, (पु०) सुधया सह उद्भवति । उद्+भू+अच् । अमृतके साथ निकलता है । धन्वंतरीनामा वैद्योंका (बड़ा हकीम) । ५ त० । हरीड़ (स्त्री०).

सुनन्द, (न०) सुष्ठु नन्दयति । सु+नन्द्+अच् । अच्छीतरह आनन्द कर्त्ता है । बलरामका मुषल (मोहला) । श्रीकृष्णके पास रहनेहारा (सखा वा सेवक) । एकप्रकारका राजाका घर । आनन्द उपजानेहारा (त्रि०).

सुनयन, (पु०) सुष्ठु नयने यस्य । जिसकी आँखें (नेत्र) अच्छे हों । मृग । हरिण । नारी (स्त्री०) । अच्छीआँखवाला (त्रि०).

सुनाशी (सी) र, (पु०) सुष्ठु नासीरः (अग्रसैन्यं) यस्य । जिसकी आगे जानेहारी सेना बहुत अच्छी है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

सुनिष्टप्त, (त्रि०) सु+निस्+तप्+क्त-षत्वम् । अत्यन्तोद्दीप्त । बहुत चमकाहुआ । बहुत तपाहुआ.

सुनीति, (स्त्री०) सुष्ठु नीतिः यस्याः । जिसकी अच्छी नीति है । ध्रुव (भक्त) की माता । सुन्दरनीति (स्त्री०.)

सुनील, (न०) प्रा० । एक मणि (नीलम) । दाड़िम (अनार) । और सुन्दर नीला रंग (पु०) । अतसी । अपराजिता (स्त्री०).

सुन्द, (पु०) एक दैत्य । और एक वानर (बंदर).

सुन्दर, (त्रि०) सु+उन्द्+अरन् । शक० । मनोहर । खूबसूरत । " स्त्रीमें ङीप् " । उत्तम स्त्री । और त्रिपुरसुन्दरी देवी । कामदेव (पु०).

सुपक्व, (पु०) सुन्दरं पच्यते स्म । पच्+क्त (उसको "व") । अच्छा आँम (शोभनाम्र) । भलीभांति पकाहुआ (त्रि०).

सुपथ, (पु०) सुष्ठु पन्थाः । प्रा० अच् समा० । अच्छा मार्ग (रास्ता) । और सदाचार (अच्छा चालचलन) । " सुष्ठु पन्था यत्र । अच् समा० । सुन्दरपथवाला । (त्रि०).

सुपर्ण, (पु०) सुष्ठु पर्णं (पत्र-पक्षः वा) यस्य । जिसका पत्ता वा पर अच्छा है । गरुड़ । सुन्दरपत्तेवाला । (त्रि०) । नागकेशर (पु०).

सुपर्णकेतु, (पु०) सुपर्णः (गरुड़ः) केतुः यस्य । जिसके झण्डेपर गरुड़का चिह्न है । विष्णु.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सुपर्वन्, (पु०) सुष्ठु पर्व यस्य । अच्छे पर्ववाला । देवता । बाण । वांस । और धूआं । प्रा० । सुन्दर पर्व । (न०). [(पु०)। उसवाला (त्रि०).

सुपीत, (न०) प्रा० । गर्ज्जर (गाजर) । सुन्दर पीलारंग

सुपुष्प, (न०) प्रा० । लौंगका फूल । तूल (रूई) । और स्त्रिओंका रज (जो महीनेके पीछे होता है).

सुप्, (स्त्री०) व्याकरणमें " सु " " औ " " जस् "-प्रभृति प्रत्यय.

सुप्त, (न०) स्वप्+भावे क्त-सम्प्रसारणम् । निद्रा (नींद) । और शयन (सोना) । " कर्त्तरि क्त " सोयाहुआ । (त्रि०). [(नींद) । और सुपना.

सुप्ति, (स्त्री०) स्वप्+क्तिन् । शयन (सोना) । निद्रा

सुप्रतिभा, (स्त्री०) सुष्ठु प्रतिभा यस्याः । ५ ब० । जिस्से कई प्रकारकी चमकीली बुद्धि उत्पन्न होती है । सुरा (शराब) । उज्ज्वल (चमकीली) बुद्धि । ६ ब० । उसवाला (त्रि०).

सुप्रभा, (स्त्री०) सुष्ठु प्रभा यस्याः । जिस्से अच्छी चमक होती है । अग्निजिह्वावृक्ष । सुन्दर दीप्ति(अच्छी-चमक)वाला (त्रि०) । प्रा० । अच्छी दीप्ति (स्त्री०).

सुप्रभात, (न०) प्रा० । शुभ(भलाई)को सूचन-(जतलाना)करनेहारा प्रातः(सवेर)का समय । और उससमय पढ़नेलायक मंगलवचन.

सुप्रयुक्तशर, (पु०) सुप्रयुक्तः शरो येन । शीघ्रहस्त । जिसका हाथ खूब चलता है (तीर चलानेमें) । बाण चलानेके अभ्यासकी चतुराईवाला.

सुप्रलाप, (पु०) सु+प्र+लप्+घञ् । सुवचन । अच्छा वचन. [हुआ.

सुप्रसन्न, (पु०) सु+प्र+सद्+क्त । कुबेर । बहुत प्रसन्न-

सुप्रसरा, (स्त्री०) सु+प्र+सृ+घञ् । प्रसारिणी (फैलीहुई) लता । फैलाहुआ (त्रि०).

सुप्रसाद, (पु०) सुखेन (अनायासेन) प्रसादः यस्य । जो सहजहीसे प्रसन्न हो जाता है । शिवजी । प्रा० । सुन्दर प्रसन्नता । अच्छी खुशी.

सुफल, (पु०) सुष्ठु फलं अस्य । जिसका अच्छा फल है । दाड़िम (अनार) । बेर । मूंग । कनेर । और कपित्थ । सुन्दरफलवाला (त्रि०).

सुभग, (पु०) सुष्ठु भगः (माहात्म्यादि) यस्य । जिसकी बड़ाईआदि अच्छी है । चम्पक (चंबा) । अशोक । और टङ्कण (सुहागा) । देखनेमें अच्छा । सुन्दर । पियारा । और अच्छे ऐश्वर्य्यवाला (त्रि०).

सुभगासुत, (पु०) सुभगायाः सुतः । सुभगा (पतिकी पियारी)का पुत्र । सौभागिनेय.

सुभंग, (पु०) सुखेन भज्यते । जो सहजसे टूटजाता है । भञ्ज्+घञ् । नारिकेलवृक्ष । नरेलका दरख्त.

सुभट, (पु०) प्रा० । सुन्दर योद्धा । अच्छा शूरवीर (बहादुर).

सुभद्र, (पु०) सुष्ठु भद्रं यस्मात् । जिस्से अच्छा कल्याण होता है । विष्णु । ६ ब० । अच्छेमंगलवाला (त्रि०) । श्यामालता । श्रीकृष्णकी भगिनी (बहिन) (स्त्री०).

सुभद्रेश, (पु०) ६ त० । अर्जुन । " सुभद्रापति "-आदि भी.

सुभिक्ष, (त्रि०) सुखेन लभ्या भिक्षा यत्र । बहुत अन्नवाला समय (जब भीख सहजसे मिलसक्ती है) । सुकाल.

सुभूति, (पु०) सुष्ठु भवति । सु+भू+क्तिच् । एक पण्डित । प्रा० । सुन्दर ऐश्वर्य्य (स्त्री०) । ६ ब० । उसवाला (त्रि०) । बिल्वका वृक्ष (पु०).

सुभृश, (न०) सुष्ठु भृशम् । बहुतही दृढ़ (पक्का) । उसवाला (त्रि०).

सुभ्रु (भ्रू), (स्त्री०) सुष्ठु भ्रूः यस्याः वा ऊङ् । अच्छेभौंवाली । नारी । औरत । अच्छेभौंवाला (त्रि०).

सुमदन, (पु०) सुष्ठु मदयति कोकिलान् । मद्+णिच्+ल्यु । जो कोइलोंको भलीभांति मस्त कर्त्ता है । आँम । आम्र.

सुमधुर, (न०) प्रा० । बहुत पियारा वचन । और सान्त्वनवाक्य (शान्तिकरानेका वचन) । बड़े मीठे रसवाला (त्रि०).

सुमनस्, (न०) सुष्ठु मनो यस्मात् । जिस्से अच्छा मन होता है । पुष्प । फूल । " कई इसे बहुवचन मानते हैं " । अच्छेचित्तवाला (त्रि०) । प्रा० । अच्छामन (न०).

सुमित्रा, (स्त्री०) लक्ष्मणकी माता । दशरथकी एक स्त्री.

सुमुख, (पु०) सुष्ठु मुखं अस्मात्- अस्य वा । जिसका सेवन करनेसे अच्छा मुख होता है वा जिसका अच्छा मुख है । गणेशजी । पण्डित । अच्छेमुखवाला (त्रि०).

सुमेखल, (पु०) सुष्ठु मेखला यस्मात् । ५ ब० । जिस्से अच्छी तड़ागी बनती है । मुञ्जकावृक्ष । ६ ब० । सुन्दर-तड़ागीवाला (त्रि०).

सुमेधस्, (स्त्री०) सुष्ठु मेधा अस्याः । ५ ब० । असिच् । जिस्से अच्छी बुद्धि हो जाती है । ज्योतिष्मती लता । ६ ब० । सुन्दरमेधायुक्त (अच्छीबुद्धिवाला) (त्रि०).

सुमेरु, (पु०) प्रा० । एक पर्वत (पहाड़) । जपमालाके सिरेका मोटा दाना. [(ब० व०).

सुम्ह (ह्म), (पु०) एकदेशका नाम । उसके वासी (पु०) ।

सुयामुन, (पु०) यमुनाया इदं । सुष्ठु यामुनं प्रियत्वेन अस्ति अस्य अच् । यमुनाका स्थान जिसे पियारा है । विष्णु । वत्सराज । एक महल । एक पहाड़ । और बादल.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सुयोधन, (पु०) सुखेन युध्यते असौ । सु+युध्+युच् । धृतराष्ट्रराजाका पुत्र दुर्य्योधन.

सुर, (पु०) सुष्ठु राति (ददाति अभीष्टं) सु+रा+क । अच्छीतरह अभिलाषा पूरी कर्ता है । देवता । सूर्य्य । और पंडित.

सुरगुरु, (पु०) ६ त० । बृहस्पति । देवताओंका गुरु.

सुरङ्ग, (न०) सुष्ठु रङ्गो यस्मात् । ५ ब० । हींग । प्रा० । सुरँग । एकप्रकारका गद्य. [मुखवाला ब्रह्मा.

सुरज्येष्ठ, (पु०) ७ त० । देवताओंमें बड़ा । चार

सुरत, (न०) सु+रम्+भावे क्त । स्त्रीपुरुषका संगमरूप (आपसमें इकट्ठाहोना) एकप्रकारकी खेल । "कर्त्तरि क्त" बहुत रत (पियारमें आया) (त्रि०).

सुरथ, (पु०) सुष्ठु रथः अस्य । चंद्रवंशी एक राजा । "सुरथो नाम राजाभूत्" इति चण्डी । सुन्दररथवाला । (त्रि०).

सुरदारु, (न०) सुरप्रियं (सुरलोकपर्यन्तं उच्छ्रितं वा) दारु । देवताओंका पियारा वा स्वर्गतक ऊंचा वृक्ष । देवदारुवृक्ष.

सुरदीर्घिका, (स्त्री०) सुराणां दीर्घिकेव । मानों देवताओंकी बावली है । गंगा । "सुरवापी".

सुरद्विष्, (पु०) सुरान् द्वेष्टि । द्विष्+क्विप् । देवताओंके साथ विरोध कर्त्ता है । असुर । दैत्य । देवद्वेष्टा । (त्रि०). [धनुः.

सुरधेनुस्, (न०) ६ त० । देवताओंकी कमान । इन्द्र-

सुरपति, (पु०) ६ त० । इन्द्र । देवताओंका मालिक.

सुरपथ, (पु०) सुराणां पन्था यत्र । अच्-समा० । जहां देवताओंका मार्ग है । आकाश । आस्मान.

सुरपादप, (पु०) ६ त० । देवताओंका वृक्ष । कल्पवृक्ष.

सुरपुरी, (स्त्री०) ६ त० । देवताओंकी पुरी । अमरावती.

सुरभि, (न०) सु+रभ्+इन् । स्वर्ण (सोन्ना) । और सुन्दर । चम्पक (चम्बा) । जायफलवृक्ष । बसन्त ऋतु । सुगंध । चेतका महीना । और पण्डित (पु०) । रुद्रजटा । एकनेवी । गौ । सुरा । तुलसी और पृथिवी (स्त्री०) । धीर । अच्छेगंधवाला । मनोहर । और प्रसिद्ध (त्रि०). [ऋषि । नारदआदि ऋषि.

सुरर्षि, (पु०) सुरप्रियः ऋषिः । देवताओंका पियारा

सुरलोक, (पु०) सुराणां लोकः । देवताओंका लोक (निवास करनेका स्थान) स्वर्ग । "सुरभुवन" भी.

सुरवर्त्मन्, (न०) सुराणां वर्त्म यत्र । जहां देवताओंका मार्ग है । आकाश.

सुरवल्ली, (स्त्री०) सुरप्रिया वल्ली । देवताओंकी पियारी बेल । तुलसी. [ओंका विरोधी (त्रि०).

सुरवैरिन्, (स्त्री०) ६ त० । असुर (दैत्य) । देवता-

सुरसुन्दरी, (स्त्री०) सुरप्रिया सुन्दरी । देवताओंकी पियारी-सुन्दरी । मेनकाआदि अप्सरा । एक योगिनी.

सुरा, (स्त्री०) सुर+क+सु+रक् वा । मद्य । शराब.

सुराजन्, (पु०) सुष्ठु (पूजितः) राजा (टच् नहिं होता) । सुन्दरराजा (अच्छा राजा) । ६ ब० । वह देश कि जिसका स्वामी सुन्दर राजा है (त्रि०).

सुराजीविन्, (पु०) सुरां आजीवति । आ+जीव+णिनि । जिसकी जीविका शराबपर है । शौण्डिक । कलाल. [हारा.

सुराप, (त्रि०) सुरां पिबति । पा+क । मद्यपानकरने-

सुरापगा, (स्त्री०) ६ त० । देवताओंकी नदी । गंगा.

सुरापान, (न०) सुरा पीयते अनेन । "पा+करणे ल्युट्" जिस साधनसे शराब पीजाती है । अवदंश । चटनी । "भावे ल्युट्" शराबका पीना । सुरायाः पानं येषां । णत्व । जो शराब पीते हैं । पूर्वदेशके लोग (पु०).

सुरार्ह, (न०) सुरान् (देवान्) अर्हति । अर्ह्+अण् । जो देवताओंके लायक है । हरिचंदन.

सुराष्ट्र, (पु०) ६ ब० । एक देश (सुरट).

सुरूप, (न०) सुन्दरं रूपं अस्य । सुन्दर रूप है इसका । तूल (रूई) । सुन्दररूपवाका (त्रि०) । पण्डित (पु०) । प्रा० । सुन्दररूप (न०).

सुरेज्य, (पु०) सुरैः इज्यते (पूज्यते) । यज्+क्यप् । ६ त० । जो देवताओंसे पूजा जाता है । बृहस्पति । तुलसी (स्त्री०).

सुरेन्द्र, (पु०) सुराणां इन्द्रः (श्रेष्ठः राजा वा) । देवोंमें अच्छा वा राजा । इन्द्र । "सुरराज" भी.

सुरेश्वर, (पु०) (सुराणां ईश्वरः) । देवताओंका ईश्वर । रुद्र (महादेव) । और इन्द्र । स्वर्गकी गंगा (स्त्री०).

सुरोत्तम, (पु०) सुरेषु उत्तमः । देवताओंमें उत्तम । सूर्य्य.

सुरोद, (पु०) सुरा इव उदकं अस्य (उदका आदेश) । जिसका जल सुरा (शराब)के समान है । सुरासमुद्र.

सुलभ, (त्रि०) सुखेन लभ्यते । सु+लभ्+खल् । सहजसे मिलसक्ता है । अनायासलभ्य । सुखाला.

सुलोचन, (पु०) सुष्ठु लोचनं अस्य । अच्छी आंखवाला । हरिण । सुन्दरनेत्रवाला (त्रि०).

सुलोमशा, (स्त्री०) सुष्ठु लोमानि सन्ति अस्याः । श । अच्छे रोयेंवाली । पाकजङ्घावृक्ष । सुलोमयुक्त । अच्छेरोयेंवाला (त्रि०).

सुवचस्, (त्रि०) सुष्ठु वचः अस्य । जिसका वचन अच्छा है । वाग्मी । जो अच्छीतरह बोलता है.

सुवर्ण, (न०) सुष्ठु वर्णः अस्य । अच्छेरंगवाला । इस नामका धातु (सोन्ना) । "सुष्ठु वर्णः (रूपं-अक्षरं वा) अस्य" । सुन्दररूप(शकल)वाला और सुन्दर अक्षर

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

वाला (त्रि०)। "न सुवर्णमयी तनुः परं ननु वागपि ताव-की तथा" नैषधम्.

सुवर्णकार, (पु०) सुवर्णं (सुवर्णमयभूषणादि) क-रोति। कृ+अच्। सोनेका भूषण (गहना)आदि बनानेहारा। सुनार। सुनिआरा। स्वर्णकार जातिभेद.

सुवयस्, (स्त्री०) सुष्ठु वयः अस्याः। अच्छीउमरवाली। प्रौढ़ा (भरजोबन) (स्त्री०).

सुवास, (पु०) सुष्ठुवासः। अच्छी गन्ध (खुशबू)। और सुखका निवास। अच्छीगंधवाला। और स्वच्छे निवासवाला (सन्निवासान्वित) (त्रि०).

सु(स्व)वासिनी, (स्त्री०) सुखेन वसति। सु+वस्+णिनि। सुखसे वसती है। वा चिरकालतक पिताके कुलमें वास करनेहारी स्त्री.

सुविद्, (पु०) सुष्ठु वेत्ति। विद्+क्विप्। अच्छीतरह जानता है। पण्डित। "सुष्ठु विद्यते (लभ्यते)। विद्-लाभ+क्विप्"। अच्छी मिलती है। गुणोंसे भरीहुई स्त्री (गुणाढ्या स्त्री) (स्त्री०).

सुविदत्, (पु०) सुविदं (गुणाढ्यां स्त्रियं) अतति। गुणोंवाली स्त्रीको पाता है। अत्+क्विप्। नृप। राजा.

सुविनीता, (स्त्री०) सु+वि+नी+क्त। सुशीला गौ। असील गौ। अच्छीनम्रतावाला (हलीम) (त्रि०).

सुवीज, (पु०)सुष्ठु वीज्यते असौ। वीज्+क (खसखस)। एक वृक्ष। ६ व०। सुन्दरवीजवाला (त्रि०)। (प्रा०)। सुन्दर वीज (वी) (न०).

सुवीर्य्य (न०) सुष्ठु वीर्य्यं यस्मात्। अच्छा वीर्य्य होता है जिस्से। वदरीफल (वेर).

सुवृत्त, (पु०) सुष्ठु वृत्तं यस्य। अच्छेवृत्तान्त (हाल)-वाला (त्रि०) ६ व०.

सुवेल, (पु०) सुगता वेला (समुद्रकूलं) येन। समुद्र-का किनारा बहुत अच्छा बनरहा है जिस्से। त्रिकूट-पर्वत। "सुष्ठु वेला (मर्य्यादा-स्थितिः) यस्य"। अच्छे-नियमवाला। शान्त। और प्रणत (झुकाहुआ) (त्रि०).

सुवेश, (पु०) सुखेन विश्यते (उपभुज्यते)। सु+विश्-घञ्। सुखसे भोगाजाता है (चूपाजाता है)। श्वेतेक्षु (चिट्टागन्ना)। सुन्दरवेशवाला (त्रि०).

सुव्रती, (स्त्री०) सुष्ठु व्रतं (नियमः) यस्याः। जिसका नियम अच्छा है। सुशीला गौ। सुन्दरव्रतवाला (त्रि०). [एक राजा। सुन्दरसुखवाला (त्रि०).

सुशर्म्मन्, (पु०) शृ+मनिन्। सुष्ठु शर्म्म (सुखं) यस्य।

सुशिख, (पु०) सुन्दरी शिखा यस्य। अच्छीलाटवाला। वह्नि। आग। और चित्रकवृक्ष। अच्छी शिखा (वोदी)-वाला (त्रि०)। मयूरशिखा (मोरकी चोटी-कलगी) (स्त्री०).

सुशीत, (न०) प्रा०। पीला चंदन। बहुत शीतल (ठण्डे)-स्पर्शवाला (त्रि०).

सुशील, (पु०) सुन्दरं शीलं अस्य। अच्छेस्वभाव-वाला। विष्णुके पास विचरनेहारा। अच्छेचरित्रवाला (त्रि०).

सुश्रीक, (स्त्री०) सुन्दरी श्रीः अस्य। अच्छी शोभा है इसकी। सल्लकीवृक्ष (इसे हाथी खाते हैं)। सुन्दर-शोभावाला (त्रि०).

सुश्रुत, (पु०) सु श्रूयते। सु+श्रु+क्त। अच्छीतरह सुनाजाता है। विश्वामित्र मुनिका पुत्र। चिकित्साशास्त्र-के रचनेहारा एक मुनि। और उसका बनायाहुआ एक ग्रन्थ। सुन्दर सुनागया (त्रि०)। "देवाकर्णय सुश्रुतेन चरकस्योक्तेन" इति नैषधम्.

सुश्लिष्ट, (त्रि०) सु+श्लिष्+क्त। सुसंयुक्त (अच्छी-तरह मिलाहुआ)। पक्का मिलाहुआ.

सुषम, (पु०) सुन्दरः समः। प्रा० षत्वम्। शोभन (अच्छा)। और सम (बराबर)। बड़ी शोभा(स्त्री०).

सुषिर, (न०) शुष्+किरच्। पृ०। "श" "स" होता है। छिद्र। छेक। सुराख़.

सुषीम, (पु०) सुष्ठु सीमा यस्य। अच्छीसीमावाला। शीतलस्पर्श। उसवाला। और मनोज्ञ (मनोहर) (त्रि०).

सुषुप्त, (न०) सु+स्वप्+भावे क्त। "वह अवस्था (हालत-दशा) कि जिसमें सोयाहुआ न कोई अभिलाषा कर्त्ता है और न कोई स्वप्न (सुपना) देखता है" ज्ञानशून्य दशा। "कर्त्तरि क्त" उस अवस्थावाला (त्रि०).

सुषुप्ति, (स्त्री०) सु+स्वप्+क्तिन्। पुरीतत् नाड़ीमें मन-का संयोग होना (मिलना)। सब ज्ञानसे शून्यहोना। वेदान्तमें सब पदार्थोंसे शून्यहोना। अवस्थाविशेष। "सुषुप्तिकाले सकले प्रलीने" श्रुतिः.

सुषुम्ना, (स्त्री०) "सुषु" इति अव्यक्तं शब्दं म्नायति यत्र। म्ना+क। जहां प्राणवायु "सुषु" इस अव्यक्त शब्द (वाहिरकी इन्द्रियसे न पहिचान्नेलायक आवाज़)-का अभ्यास कर्त्ता है। तन्त्रमें मेरुदण्ड (पीठकी लंबी हड्डी-ब्रह्मदण्ड)के वाहिर इडा और पिङ्गला नाड़िओंके मध्यमें एक सूक्ष्म (महीन) नाड़ी.

सुषेण, (पु०) सुष्ठु सेनयति। सेनां करोति। अच्-षत्वम्। वेतस (वेत)। चिकित्सक (लंकानिवासी हकीम)। और एक वानर (बंदर).

सुष्ठु, (अव्य०) सु+स्था+कु। अतिशय (बहुतही)। प्रशस्त (बहुत अच्छा)। और सत्य (ठीक).

सुसंस्कृत, (त्रि०) सु+सम्+कृ+क्त-सुमुच। वडे यत्न-(कोशिस)से घीआदि द्रव्यके साथ पकाहुआ व्यञ्जन (नाल्दा)आदि.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सुसम्पद, (स्त्री०) प्रा० । अच्छी सम्पदा । सौभाग्य । अच्छीसम्पदावाला । ६ ब० । सुसमृद्ध (अच्छा दौलतमंद) (त्रि०). [है । नीरोग । सुख.

सुस्थ, (त्रि०) सुखेन तिष्ठति । स्था+क । सुखसे रहता

सुस्नात, (त्रि०) सुष्ठु स्नातः । सु+स्ना+क्त । जिसने मंगलद्रव्योंसे स्नान किया है । अच्छीतरह नहायाहुआ.

सुहित, (त्रि०) सु+धा+क्त । तृप्त (रजाहुआ) । और विहित (कियाहुआ) । प्रा० । सुन्दरहित (अच्छी भलाई) (न०) ५ ब० । आगकी जीभ । एकप्रकारकी (स्त्री०).

सुहृद्, (पु०) सुष्ठु हृदयं यस्य (" मित्र "के अर्थमें " हृद् " का आदेश होता है) । जिसका अच्छा हृदय है । मित्र (दोस्त-यार) । ज्योतिषमें लग्नसे चौथा स्थान (घर).

सुहृदय, (त्रि०) सुष्ठु हृदयं यस्य । जिसका अच्छा हृदय है । प्रशस्तमनस्क (अच्छेमनवाला) । प्रा० । अच्छा चित्त (न०). [जोर है).

सुहृद्बल, (न०) सुहृदेव बलं । मित्ररूप सेना (मित्रही

सू, (स्त्री०) सू+क्विप् । सूति (सन्तति-औलाद) । प्रसव (सन्तान) । क्षेप (फेंकना) और भेजना.

सूकर, (पु०) " सू " इति अव्यक्तं शब्दं करोति । कृ+अच् । जो " सू " यह धीरेसे शब्द कर्त्ता है । वराह (सूअर) । कुम्भकार (कुह्मार) । एकप्रकारका पशु (मृग).

सूक्त, (न०) सु+वच्+क्त । सुन्दरकथन (अच्छा-उंदा कहना) । एकही अर्थको प्रतिपादन (वर्णन) करनेहारा (जिसमें एकही देवताकी संबोधन कियागया है)। मन्त्रोंका समूह । जैसे " श्रीसूक्त " " पुरुषसूक्त " इत्यादि । ये सब वेदमें बहुत हैं.

सूक्ष्म, (न०) सूच्-स्मन् । कैतव (छल) । फरेब । आत्माके साथ संबंध रखनेहारा पदार्थ । और एक अलंकार । कतक (इमली)वृक्ष (पु०)। बहुत छोटे. परिमाण (माप)वाला । महीन । और अल्प (छोटा) (त्रि०).

सूक्ष्मदर्शिन्, (त्रि०) सूक्ष्मं पश्यति । दृश्+णिनि । सूक्ष्म (महीन आत्मसंबंधीविषय)को देखता है । अत्यन्त सुबुद्धि । बहुतही अच्छी बुद्धि(अकिल)-वाला । जिसकी बुद्धि कुशाके अग्रभाग(नोक)के समान तेज़ है.

सूक्ष्मभूत, (न०) कर्म्म० । वेदान्तमें प्रसिद्ध अपञ्चीकृत (जो अवी पाँचोंसे पचीस नहिं कियेगये) पृथिवीआदि पांच भूतोंके सूक्ष्म (महीन) अंशविशेष (भाग).

सूक्ष्मैला, (स्त्री०) कर्म्म० । क्षुद्रैला (छोटी इलाइची)। गुजराती इलाइची.

सूच्, -पैशुन्य-भीतरसे वैरकरना-चुगलखोरीकरना । चुरा० उभ० सक० सेट् । सूचयति-ते । असुसूचत्-त.

सूचक, (त्रि०) सूचयति (अन्तर्द्रुह्यति) । सूच्+ण्वुल् (अक) । अन्दर (दिल-चित्त)से वैर कर्त्ता है । पिशुन (चुगलखोर) और बोधक (सूचना देनेहारा)। जतलानेहारा । काक । कौवा । कुत्ता । बिल्ला । पिशाच । बूढ़ा । नाटकमें प्रसिद्ध सूत्रधारनामी प्रधान(मुख्य) नट. [ज्ञापन (जतलाना).

सूचन, (न०) सूच्+ल्युट् । हिंसन (मारना) । और

सूचि (ची), (स्त्री०)सूच्+इन्-वा ङीप् । शिखा (नोक)। सीवनसाधन । सीनेका साधन । अपने नामसे प्रसिद्ध लोहेका पदार्थ । सूई.

सूचिक, (त्रि०) सूचिः (तया सीवनं) शिल्पं अस्ति अस्य ठन् (अक) । जो सूईसे सीनेका व्यापार (कारीगरी) कर्त्ता है । दरजी । "सूचिका" (स्त्री०) । हाथीकी सूंड । सूच्या जीवी । सूईपर जीनेवाला.

सूचित, (त्रि०) सूच्+क्त । कथित (कहाहुआ) । बोधित (जतलायाहुआ) । और हिंसित (माराहुआ).

सूचीमुख, (न०) सूचीव मुखं अस्य । सूईके (उसकी नोकके) समान जिसका मुख है । हीरक (हीरा) । ऐसे लक्षणवाला (त्रि०).

सूत, (पु०) सू-उत्पन्नहोना-चलाना-ऐश्वर्य्यवाला होना । क्त । सूर्य्य (सूरज) । ब्राह्मणीके गर्भमें क्षत्रियसे उत्पन्नहुआ वर्णसंकर (दोगला) । विश्वकर्मा । सारथि (गाड़ीवान) । बन्दी (स्तुतिपढनेहारा) । और लोमहर्षणनामक पुराणका वक्ता । पारद (पारा) (पु०न०)। प्रसूत (उत्पन्नहुआ) । और भेजाहुआ (त्रि०).

सूततनय, (पु०) सूतस्य तनयः । सूतका पुत्र । भारतमें प्रसिद्ध राधासुतकर्ण (इसे सूतने पालन कियाथा).

सूति, (स्त्री०) सू+क्तिन् । प्रसव । उत्पत्ति (पैदाहोना)। " सूयते (कण्ड्यते) सोमः अत्र । सू+आधारे क्तिन् " सोमरसनिकालनेका स्थान.

सूतिका, (स्त्री०) सू+क्त-कन् (" अ " को " इ ") । नवप्रसूता स्त्री । नई सूईहुई औरत.

सूतिकागार, (न०) सूतिकाया निवासयोग्यं आगारं । नई सूईहुई स्त्रीके निवासयोग्य घर । प्रसूतहोनेका स्थान.

सूत्थान, (त्रि०) सुष्ठु उत्थानं (उद्योगः) यस्य । अच्छे उद्योग (हिम्मत)वाला । चतुर । कामकरनेमें कुशल.

सूत्या, (स्त्री०) सू+क्यप्-नि० । यज्ञके अंगका स्नानविशेष (नहाना) । और सोमरसका पीना.

सूत्याशौच, (न०) सूतिनिमित्तकं आशौचम् । जन्मके निमित्तसे प्राप्तहुई अपवित्रता । सूतक । जननाशौच.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सूत्र, ग्रन्थन (गांठना)-वेष्टन (लपेटना)। चु० उभ० सक० सेट्। सूत्रयति-ते असुसूत्रत्-त.

सूत्र, (न०) सूत्र्+अच्। वस्त्रसाधन । कपड़ाबुननेका साधन । तांत (तन्तु) । धागा । सूत । व्यवस्था । नियम । प्रस्ताव । प्रसंग । शास्त्रके तत्त्व (मर्म) को संक्षेपमें दिखलानेका नियम.

सूत्रकण्ठ, (पु०) सूत्रं कण्ठे यस्य । जिसके गलेमें सूत है। ब्राह्मण (विप्र) । कपोत (कबूतर) । और ममोला.

सूत्रधार, (पु०) सूत्रं (नाट्यसाधनं) धारयति । नाट्य (तमाशा)के साधनको धारण कर्त्ता है । धृ+णिच्+ अण् । नाटकका प्रसंग (समय २ पर) दिखलानेहारा मुख्य नट । इन्द्र । शिल्पिविशेष । एकप्रकारका कारीगर (तर्खान).

सूत्रभिद्, (पु०) सूत्रं भिनत्ति (सूच्या) । भिद्+क्विप्। सूईसे सूतको फाड़ता है । सूईपर जीनेवाला । सूच्याजीवी । दरजी. [चरखा.

सूत्रयन्त्र, (न०) सूत्रवापनं यन्त्रं । सूतबुननेकी कला । खड्डी ।

सूद, (पु०) सूदयति । सूद्+अच् । रसोईबनानेहारा । सूपकारक (बावर्ची) । व्यञ्जनविशेष । नाल्दा । भाजीतर्कारी । अपराध (कसूर) । पाप.

सूदन, (न०) सूद्+ल्युट् । हिंसन (मारना) । निःक्षेप (फेंकना) । अंगीकार । मान्ना. [घर । बावरचीखाना.

सूदशाला, (स्त्री०) ६ त० । पाकशाला । रसोईका

सून, (न०) सू+क्त (उसको " न " होता है) । पुष्प (फूल) । और प्रसव (उत्पन्नहोना) । " कर्त्तामें क्त " विकसित (खिलाहुआ) । और जात (उत्पन्नहुआ) (त्रि०).

सूना, (स्त्री०) सू+क्त (उसे " न " होता है) । प्राणिवधस्थान । जीवोंके मारनेके जगह । " पञ्चसूना गृहस्थस्य " इति मनुः । तनया (लड़की) । हाथीकी सूंड । मांसका वेचना.

सूनु, (पु०) सू+नु । पुत्र । अनुज (छोटाभाई) । सूर्य । आकका वृक्ष । लड़की (कन्या) स्त्रियां वा ऊङ्.

सूनृत, (न०) सुनृत्यति अनेन । सु+नृत्+क । अच्छीतरह नाचता है । इस्से सचा और पियारा वचन । और मंगल । उसवाला (त्रि०).

सूप, (पु०) सुखेन पीयते । सु+पा+क । पृ० । सुखसे पीयाजाता है । व्यञ्जनविशेष । एकप्रकारका नाल्दा । दाल । रसोई.

सूपकार, (पु०) सूपं करोति । कृ+अण् । पाचक । रसोइया.

सूपाङ्ग, (न०) सूपस्य (तत्संस्कारकं) अङ्गं । उपकरण । दारुआदि नाल्देको साफ़ करनेहारा साधन । हींग । हिङ्गु.

सूर, (पु०) सवति (प्रेरयति) कर्म्मणि लोकान् । सू+ क्रन् । लोकोंको काममें लगाता है । सूर्य्य । और अर्क- (आक)का वृक्ष । सूर+क । पण्डित । दाना.

सूरत, (त्रि०) सु+रम्+क्त । पृ० । दयालु । मिहर्बान । कृपालु. [गरुड़का बड़ाभाई.

सूरसूत, (पु०) ६ त० । सूर्य्यका सारथि । अरुण ।

सूरि, (पु०) सू+क्तिन् । सूर्य्य । आकका वृक्ष । एक यादव । और पण्डित । " सदा पश्यन्ति सूरयः " इति श्रुतिः.

सूरिन्, (पु०) सूर+णिनि । पण्डित । चतुर । दाना.

सूर्पणखा, (स्त्री०) सूर्प इव नखा अस्याः । पृ० । छाजकी तरह जिसके नख (नखून-नऊं) हैं । रावणकी बहिन (भगिनी). [आकका वृक्ष । एक दैत्य.

सूर्य्य, (पु०) सृ+क्यप् । नि० दीर्घः । दिवाकर । सूरज ।

सूर्य्यकान्त, (पु०) सूर्य्यस्य कान्तः (प्रियः) । सूर्य्यका पियारा । स्फटिक मणि । बिल्लौरी मणि । बिल्लौर । वह मणि कि जो सूर्य्यकी किरणोंका सम्बन्ध पाकर जलती है । आतसी शीशा.

सूर्य्यग्रहण, (न०) सूर्य्यस्य (राहुणा तदाक्रान्तभूच्छायया) ग्रहणम् (आक्रमणम्) । सूरजका राहुसे (राहुमें आईहुई पृथिवीकी छायासे) पकड़ाजाना । ज्योतिषमें राहुमें प्रविष्ट (आगई)हुई पृथिवीकी छायासे सूर्य्यमण्डलका आक्रमणरूप (दबायाजाना) ग्रास । सूर्य्यका ग्रहण.

सूर्य्यज, (पु०) सूर्य्यात् जायते । जन्+ड । सूर्य्यसे उत्पन्न होता है । शनिग्रह । यमराज । वैवस्वतमनु । और सुग्रीववानर । " सूर्य्यपुत्र " आदि भी । यमुना नदी (स्त्री०).

सूर्य्या, (स्त्री०) सूर्य्यस्य भार्य्या । टाप् । संज्ञानामवाली सूर्य्यकी स्त्री (अमानुषी) । (मानुषी) कुन्ती (ङीप्) । सूरी.

सूर्य्यालोक, (पु०) ६ त० । सूर्य्यका प्रकाश । आतप । धूप । रौद्र । तेज. [पत्थर । सूर्य्यकान्तमणि.

सूर्य्याश्मन्, (पु०) सूर्य्यप्रियः अश्मा । सूर्य्यका पियारा

सूर्य्योढ, (पु०) सूर्य्येण (सूर्य्यास्तकालेन) ऊढः (प्रापितः) । वह्+क्त । सूर्य्य छिपनेके समय पहुंचाहुआ अतिथि.

सृक्क (न्), (न०) सृज्+कन्-कनिन् वा । ओष्ठप्रान्तभाग । होठोंके पासका हिस्सा । ख़खवाड़ । " सृक्कणी परिलेढ़ि च" स्मृतिः. [दैत्य.

सृगाल, (पु०) सृ+गालन् । जम्बूक (गीदड़) । एक

सृणि, (पु०) सृ+निक् । शत्रु । अंकुश (आंकुस) अस्त्र (स्त्री०) वा ङीप् " सृणी " यह भी.

सृति, (स्त्री०) सृ+भावे क्तिन् । गमन (जाना) । " करणमें " पथ (रास्ता).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सृत्वर, (त्रि०) सृ+करप्। गमनकर्त्ता । जानेवाला । स्त्रीमें ङीप् होता है (तब इसका अर्थ "माता" है).

सृप्,-गति (जाना) भ्वा० प० स० अनिट्। सर्पति । असृपत्. [(त्रि०).

सृमर, (पु०) सृ+क्मरच् । मृगविशेष । जानेवाला।

सृष्ट, (त्रि०) सृज्+क्त । निर्मित (रचाहुआ)। बनायाहुआ । जुड़ाहुआ । निश्चयकियाहुआ । सजाहुआ । और छोड़ाहुआ.

सृष्टि, (स्त्री०) सृज्+क्तिन् । निर्माण (रचना-बनावट)। संसारकी रचना । और स्वभाव । "कर्म्ममें क्तिन्" सृज्यमान (रचाहुआ) । "या सृष्टिः स्रष्टुराद्या" शकुन्तला. [आदिसे गीलाकरना.

सेक, (पु०) सिच्+घञ् । सेचन (सींचना) । जल-

सेकपात्र, (न०) सिच्यते अनेन । "सिच्+करणे घञ्" कर्म० । जिस्से सींचते हैं । पात्रविशेष । डोल । मशक । बोका.

सेक्तृ, (पु०) सिञ्चति रेतः । सिच्+तृच् । वीर्य्यको सींचता है । पति (स्वामी-खाविंद) । सेचक (सींचनेहारा) (त्रि०).

सेचन, (न०) सिच्+भावे ल्युट् । जलआदिसे गीलाकरना । सींचना "करणे ल्युट्" सेचनी । छोटासा सींचनेका वर्त्तन । बाल्टी । (स्त्रियां ङीप्).

सेटु, (पु०) सिट्+उन् । एकप्रकारका वृक्ष (तरबूज).

सेतु, (पु०) सि+तुन् । खेतआदिके जलको पकड़नेके लिये जंगला । पुल । वरुणवृक्ष । तन्त्रमें प्रणव (ओंकार)-स्वरूप मन्त्र.

सेतुबन्ध, (पु०) ६ त० । लंकामें जानेके लिये श्रीरामचन्द्रसे विश्वकर्माके पुत्र नलवानरद्वारा बनवायागया एक पुल । खेतआदिका आलवाल.

सेत्र, (न०) सि+ष्ट्रन् । बेड़ी । निगड़ । हथकड़ी.

सेना, (स्त्री०) सि+न । सह इनेन (प्रभुणा वा) । स्वामी वा प्रभुके साथ । सैन्य । चमू । फौज.

सेनाङ्ग, (न०) ६ त० । हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल-का समूह । और सेनाका उपकरण (साधन).

सेनाचर, (पु०) सेनायां चरति । चर+ट । सेनागामी। सेनामें जानेवाला । "सेनाचरीभवदिभाननेति" नैषधम्.

सेनानी, (पु०) सेनां (देवसेनां वा) नयति । नी० क्विप् । सेना वा देवताओंकी सेनाकी लेजाता है । कार्तिकेय (सेनापति) । महादेवका बड़ापुत्र.

सेनापति, (पु०) ६ त० । कार्तिकेय । सेनाका पति । कप्तान्.

सेनामुख, (न०) ६ त० । सैन्याग्र । सेनाका मुख (आगा) । हाथी घोड़ा आदिकी विशेषसंख्या.

सेनारक्ष, (पु०) सेनां रक्षति । रक्ष्+अण् । सेनाकी रक्षाकरनेहारा । पहरुआ. [लिंग.

सेफ, (पु०) सि+फ । शेफ । पुरुषका विशेष चिह्न ।

सेवक, (पु०) सिव+ण्वुल् । सीवनकर्त्ता । सीनेहारा । दरजी । "सेव्+ण्वुल्" । भृत्य (नौकर) । दास (गुलाम) और अनुचर (त्रि०).

सेवधि, (पु०) सेवं दधाति । धा+कि । जिसकी सेवा करनी पड़ती है । शंखआदि निधि । खजाना.

सेवन, (न०) सिव्-सेव् वा ल्युट् । सूईआदिसे कपड़े-आदिका जोड़ना । सीना । आसरालेना । भोगना । बांधना । पूजना । "सीव्यते अनया" ल्युट् । सूची (सूई) (स्त्रियां ङीप्).

सेवा, (स्त्री०) सेव्+अ । भजन । आराधन । भोगना । आसरालेना । नौकरी. [आसरालियागया । और भोगागया.

सेवित, (त्रि०) सेव्+क्त । पूजागया । सेवाकियाहुआ ।

सेव्य, (न०) सेव+ण्यत् । अश्वत्थ (पीपल) । सेवाके लायक (त्रि०).

सैंहिक, (पु०) सिंहिकायां भवः ठक् । सिंहिका (राक्षसी)में हुआ राहु । "उसका अपत्य (सन्तान) ढक् (एय)" "सैंहिकेय" यही अर्थ है.

सैकत, (न०) सिकताः सन्ति अत्र अण् । जहां रेत है । बहुत बालुका(रेत)वाला नदीआदिका तट (किनारा) । बहुतरेतीली जगह (त्रि०).

सैद्धान्तिक, (न०) सिद्धान्तं वेत्ति ठक् (इक) । सिद्धान्त(असलीबात)के जाननेहारा । सिद्धान्ताभिज्ञ.

सैनापत्य, (न०) सेनापतेः भावः । कर्म० वा यञ् । सेनापति । फौजका मालिक-(कप्तान)का धर्म्म (काम) "सैनापत्यमुपेत्य वः" कुमारः.

सैनिक, (पु०) सेनायां समवैति ठक् । सेनामें मिलाहुआ हाथी घोड़ा आदि । फौजी.

सैन्धव, (न०) सिन्धुनदी समीपे देशे भवं अण् । सिन्धुनदीके निकटदेशमें उपजा । एकप्रकारका लवण (लून-नोन) । सैंधानोन । "सिंधुके निकटहुआ" अण् । घोटक । घोड़ा (वह सिंधुदेश (समुद्र)के निकट अरबदेशमें उपजा है).

सैन्धवघन, (पु०) सैन्धवमिव घनः । सैन्धवशिला-(सैंधानोनकी सिल)के समान चारोंओरसे एकरस-स्वरूप । चिदानन्द (चैतन्य और आनन्द)स्वरूप परमेश्वर.

सैन्य, (पु०) सेनायां समवैति । ञ्य । सेनामें मिलता है । मिलाहुआ हाथी घोड़ा आदि । "सेनाका समूह" ष्यञ् (न०).

सैरन्ध्री, (स्त्री०) सीरं (हलं) धरति । धृ+क-मुमूच । सीरन्ध्रः (कृषकः) तस्येदं शिल्पकर्म्म । अण् । तन्

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अस्य अस्ति अच्। ङीष्। हलजोतनेवाले (किसान)-के कामवाली। दूसरेके घरमें रहनेहारी स्वाधीना (अपनी इच्छापर चलनेवाली)। शिल्पकारिणी (कारीगर)। स्त्री (औरत)। "(सैरिन्ध्री)" भी होता है.

सैरिभ, (पु०) सीरे (हले-तद्वहने) इभ इव शूरः। स्वार्थे अण्। हलके उठानेमें हाथीकी नाईं बहादुर है। महिष। भैंसा। "सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीमिति" महालक्ष्मीध्यानम्.

सैवाल, (न०) सेवायै (मीनादीनां उपभोगाय) अलति (पर्य्याप्नोति) अच्। सेवालः। ततः स्वार्थे अण्। जो मच्छीआदिके भोगनेके लिये बहुत है। शैवाल। (पानीका जंगाल)। स्वार्थे कन्। यही अर्थ है.

सोढ़, (त्रि०) सह्+तृच्-वा इट् अभाव। क्षान्त। सहारागया। क्षमाशील। कर्त्तरि क्त (त्रि०).

सोढ, (त्रि०) सह्+तृच् (विकल्पसे इट् नहिं होता)। सहनकर्त्ता। सहारनेहारा। क्षमाशील.

सोत्कण्ठ, (त्रि०) सह उत्कण्ठया। बहुतसी इच्छाके साथ। प्यारी वस्तुके मिलनेकी इच्छासे विलम्ब (देरी)-को न सहारनेहारा.

सोत्प्रास, (न०) उद्+प्र+अस्+घञ्। सह उत्प्रासेन। पियारे वचनके साथ। दूसरे अर्थवाले शब्दको किसी औरही अर्थमें कल्पना करके बोलना। पियारा वचन। सोल्लुण्ठन। सशब्दहास्य (बहुतऊंचे हसना) (पु०).

सोदय, (त्रि०) सह उदयेन (प्रादुर्भावेण-वृद्ध्या वा)। प्रकटहुआ। ज़ाहिरहुआ। बढ़ाहुआ। लाभवाला। उदयके साथ रहा.

सोदर, (पु०) सह (समानं) उदरं यस्य। एकपेटवाला। एकही पेटमें हुआ। भाई (सगाभाई)। भगिनी (बहिन) (स्त्री०).

सोदर्य्य, (पु०) सह (समाने) उदरे जातः यत्। सादेश। एकपेटमें सोनेवाला। भ्राता (सगाभाई)। भगिनी (बहिन) (स्त्री०).

सोन्माद, (पु०) सह उन्मादेन। पागलपनके साथ। उन्मत्त (पागल)। उन्मदिष्णु। नशेमें चूररहनेहारा.

सोपप्लव, (पु०) सह उपप्लवेन। बड़ी विपत्तिसे दबायागया। राहु वा चंद्रमाकी छायासे पकड़ाहुआ। शत्रुओंसे दबायाहुआ.

सोपाधि (क), (न०) सह उपाधिना। वा कप्। उपाधिके साथ। प्रतिलाभ (उलटकरपाना)की आशासे कियागया दानआदि। किसी विशेषगुणको धारणकरनेहारा। आवश्यक (जरूरी) (त्रि०).

सोपान, (न०) उप+अन+भावे घञ्। सह वियमानः उपानः (उपरिगतिः) अनेन। जिससे ऊपर जासक्ते हैं। चढ़नेका साधन लकड़ीआदिका बनाहुआ पदार्थ। पौड़-सांग। पौड़ी.

सोम, (पु०) सु+मन्। चन्द्रमा। काफूर (कर्पूर)। कुवेर। यमराज। वायु (हवा)। वसु (एकप्रकारकी देवता)। देवता। जल (पानी)। सोमलता (बेल) औषध। उसका रस। अमृत। और किरण। "सह उमया" पार्वतीके साथ। शिवजी। वानरोंका स्वामी सुग्रीव.

सोमगर्भ, (पु०) सोमस्य गर्भः (स्थानम्)। चन्द्रात्मक अमृतस्वरूप मोक्षका स्थान। विष्णु। नारायण.

सोमज, (न०) सोमात् जायते। जन्+ड। सोमरसके पीनेसे उपजता है। दुग्ध (दूध)। चन्द्रमासे उपजा (त्रि०)। बुध (पु०).

सोमतीर्थ, (न०)सोमेन तपः तप्त्वा कृतं तीर्थं। चन्द्रमाने तपस्याकरके जिसे तीर्थ बनाया। प्रभासतीर्थ.

सोमप, (पु०) सोमं (तद्रसं) पिबति। पा+क। यज्ञमें सोमरसके पीनेहारा। "पा+क्विप्"। "सोमपा"। यही अर्थ.

सोमपीति(थि)न्, (पु०) पीतं अनेन। इनि। सोमं पीतः। पृ० वा "त" को "थ" होता है। यज्ञमें सोमरसके पीनेहारा। "पा+क्वनिप्" सोमपी। यही अर्थ.

सोमबन्धु, (पु०) सोमस्य बंधुः। सोमः बंधुः अस्य वा। चन्द्रमाका बंधु वा चन्द्रमा जिसका बंधु है। सूर्य्य। चन्द्रमाका बेटा बुध (पु०)। कुमुद (फूल) (न०).

सोमभू, (पु०) सोम एव भूः (उत्पत्तिस्थानं) यस्य। चन्द्रमाही जिसके उपजनेकी जगह है। बुधग्रह। चन्द्रवंशी क्षत्रिय.

सोमयाग, (पु०) सोमो यागः। तीन वर्षोंमें समाप्त होनेहारा सोमरसपानाङ्गक (जिसमें सोमरस पीयाजाता है)। यागविशेष.

सोमयाजिन् (पु०) सोमेन यजते। यज्+णिनि। सोमरससे यज्ञकरनेहारा। सोमयागकर्ता.

सोमलता, (स्त्री०) सू+मन्। कर्म्म०। इस नामकी लता (बेल).

सोमवंश, (पु०) सोमस्य वंशः। चन्द्रमाका वंश। इस वंशमें उपजा क्षत्रिय.

सोमवार, (पु०) सोमस्वामिकः वारः। वह दिन कि जिसका स्वामी चन्द्रमा है। चन्द्रवार। सोमवार। सौंवार. [नि। सोमलता वा उसके रसको वेचनेहारा.

सोमविक्रयिन्, (पु०) सोमं विक्रीणाति। वि+क्री+णिनि।

सोमसिद्धान्त, (पु०) सोमकृतः सिद्धान्तः। चन्द्रमासे कियाहुआ सिद्धान्त (निर्णय-फैसला)। एक ज्योतिषका ग्रन्थ.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सोमसुत्, (पु०) सोमं सुतवान् । भूते+क्विप् । यज्ञके लिये सोमलताका रस निकालचुका है.

सोमसुता, (स्त्री०) ६ त० । नर्म्मदा नदी (चन्द्रमाकी कन्या) । बुध (पु०) । "सोमोद्भवा" भी यही अर्थ है.

सोमसूत्र, (न०) सोमस्य (जलस्य) सूत्रं इव प्रणाली । पानीनिकलनेकी प्रणाली (नलका-मोरी) । शिवजीके लिंगमें पार्वतीके सिंहासनसे जल निकलनेका स्थान । "सोमसूत्रं न लङ्घयेत्" इति तन्त्रम्.

सोल्लुण्ठ, (त्रि०) सह उल्लुण्ठेन । पृथिवीपर पार्श्वपरिवर्त्त (पलसेट्टा मारना)आदिसे युक्त घोड़ाआदि । और अर्थवाला वाक्य किसी और अर्थमें लगाकर कहना । बोल्ली मारना । आक्षेपसहित वचन हुआ.

सोल्लुण्ठन, (न०) सह उल्लुण्ठनेन । आक्षेपके साथ । और अर्थवाले वचनको किसी दूसरे अर्थमें पलटना (यदि वह वचन स्तुतिको प्रकाश कर्त्ता है तो निन्दामें जोड़ना और यदि निन्दा हो तो स्तुतिमें लगाकार कहना).

सौकर्य्य, (न०) सुकरस्य भावः ष्यञ् । अनायास- (सुख-आसानी)से साध्यत्व (तयारकरना).

सौखसुप्तिक, (त्रि०) सुखसुप्तिं (सुखेन शयनं) पृच्छति । ठञ् । सुखसे सोनेको पूछता है (क्या आप रात्रिको आनन्दसे सोये ?) । प्रातःकाल (सवेर) । सुखका सोना पूछनेहारा वैतालिक (स्तुतिका पाठ करनेहारा).

सौख्य, (न०) सुखं एव ष्यञ् । सुख । आराम.

सौगत, (पु०) सुगत एव अण् । सुगतबुद्धविशेष । "उसका यह-अण्" सुगतसम्बन्धी (सुगतका) (त्रि०).

सौगन्धिक, (न०) सुष्ठु गन्धः । तस्येदं ठण् । कह्लार । एकप्रकारका कमलफूल (इसमें अच्छी गंध होती है).

सौचिक, (पु०) सूचीं (तत्कर्म्म सीवनं) उपजीवति । ठन् । सूईका काम करके जीता है । सीनेवाला । दरजी.

सौजन्य, (न०) सुजनस्य भावः ष्यञ् । भलेमानुषका होना । सुजनता । भलमानसी । और अच्छा व्यवहार । "सौजन्यं यशः" इत्युद्भटः.

सौत्र,-पाणिन्यादिभिः सूत्रेण (कर्म्मविशेषाय) पठितः । अण् । पाणिनिआदि मुनिओंसे किसी विशेषकामके लिये सूत्रद्वारा पढ़ाहुआ । भ्वादि-आदि दशगणोंमें होनेवालोंसे भिन्न केवल सूत्रमें पढ़ेहुए धातु.

सौत्रामणी, (स्त्री०) सुत्रामा (इन्द्रः) देवता अस्य अण् । जिसकी देवता इन्द्र है । एकप्रकारका यज्ञ (इसीमें ब्राह्मणोंकोभी सुरापान-शराबका पीना विहित (वेदमें कहाहुआ) है "सौत्रामण्यां सुरां पिबेदिति" श्रुतिः.

सौदामनी, (स्त्री०) सुदामा (पर्वतभेदः) तत्प्रान्तभवत्वात् अण् । विद्युत् (बिजली) । यह बिल्लौरके सुदामा नाम पर्वतके एक देशमें उत्पन्नहुई । और एक अप्सरा । ऐरावतहाथीकी स्त्री । "सौदाम्नी" (स्त्री०).

सौदायिक, (न०)सुदायात् (बंधुकुलात्) आगतः ठण् । बन्धुकुल (माता-पिता-भाई-पति)से आया । एकप्रकारका स्त्रीधन (जो पतिआदिसे पाया है).

सौदास, (पु०) चन्द्रवंशी कल्माषपादनामक राजा.

सौध, (पु० न०) सुधया (लेपनद्रव्येण) रक्तम् अण् । राजसदनभेद । एकप्रकारका राजाका महल । सुधासम्बन्धी (अमृतका) (त्रि०).

सौनिक, (पु०) सूना (वध्यस्थानं)-तदुपलक्षितमांसादि पण्यं अस्य ठण् । घातकरनेकी जगह (उससे पहिचानागया मांसआदि) है । सौदा-व्यापार इसका । मांस (मास) को क्रयविक्रय (मोल लेना और वेचना-ख़रीद फ़रोख्त) करके जीनेहारा । व्याध (शिकारी) । कसाई.

सौन्दर्य्य, (न०) सुन्दरस्य भावः ष्यञ् । चारुता । मनोहरता । सुन्दरता । खूबसूरती । अंगोंकी ठीक रचना.

सौपर्ण, (न०) सुष्ठु पर्णानि-तद्रूपं अर्हति अण् । अच्छे- [पत्तोंके रंगवाली । मरकतमणि । पन्ना.

सौपर्णेय, (पु०) सुपर्ण्याः (विनतायाः) अपत्यम् ढक् । विनताकी सन्तान । गरुड़.

सौप्तिक, (त्रि०) सुप्तिकाले (रात्रौ) भवं ठञ् । रातमें हुआ । रातकी लड़ाई । सोयेहुओंके विषयमें कियाहुआ ग्रन्थ । महाभारतका एक पर्व (हिस्सा).

सौभ, (न०) सुष्ठु सर्वत्र लोके भाति । भा+क । स्वार्थे अण् । भलीभांति सब लोकमें प्रकाशित है । राजाहरिश्चन्द्रका नगर । कामचारी नगर.

सौभद्र, (पु०) सुभद्रायां भवः अण् । सुभद्राका पुत्र । अभिमन्यु.

सौभरि, (पु०) एक मुनि (जिसे मच्छिओंकी क्रीड़ा- [पर मोह होगया था).

सौभागिनेय, (पु०) सुभगाया अपत्यं ढक्-इनादेशः । दोनों पदोंको वृद्धि होती है । सुभगा (पतिकी पियारी स्त्री)का पुत्र । उसकी कन्या (स्त्री० ङीप्).

सौभाग्य, (न०) सुभगस्य भावः ष्यञ् । द्विपदवृद्धिः । प्रियत्वे स्वार्थे ष्यञ् । सिन्धूर । टङ्कण (सुहागा) । विष्कम्भादिमें चौथा योग (पु०)। अच्छी किस्मत (न०).

सौभिक, (पु०) सौभं (कामचारिपुरं-तन्निर्माणं) शिल्पं अस्य ठण् । कामचारिपुर (अपनी इच्छासे विचरनेहारा नगर)को रचना करनेके व्यापारको जाननेहारा । ऐन्द्रजालिक । मदारी.

सौमनस्य, (न०) सुमनसो भावः ष्यञ् । अच्छेमनका होना । प्रशस्तचित्तता । श्राद्धका पिण्ड देनेके पीछे ब्राह्मणके हाथमें फूल देनेका मन्त्र.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

सौमित्र, (पु०) सुमित्रायां भवः अण् । इञ् वा । सुमित्रामें हुआ । लक्ष्मण.

सौम्य, (त्रि०) सोमो देवता अस्य । व्यण् । सोम (चन्द्रमा) देवतावाला (जिसकी देवता चन्द्रमा है)। "सोम-इव-य" । स्वार्थे अण् । चन्द्रमाके समान । मनोहर । सुन्दर (त्रि०) । बुध (पु०) । शुभग्रह । वृष-आदि समराशि । सोमरसपीनेवाला ब्राह्मण (पु०).

सौम्यग्रह, (पु०) कर्म्म० । ज्योतिषमें चन्द्र-बुध-गुरु-शुक्ररूप शुभग्रह.

सौर, (पु०) सूरस्य इदं । सूरो देवता अस्य अण् वा । सूर्य्यका पुत्र । शनैश्चर । यमराज । सूर्य्यदेवतावाला । (त्रि०) (स्त्रियां ङीप्) "सौरी".

सौरभ, (न०) सुरभेर्भावः । अच्छागंध । सुगंधीवाला । अच् । अण् वा । केसर (न०).

सौरभेय, (पु०) सुरभेरपत्यं ढक् (ए य) । गौ । स्त्रीमें ङीप् । "तस्या इदं ढक् ।" "सुरभिसम्बन्धी" (गौका) (त्रि०).

सौराष्ट्र, (पु०) सुष्ठु राष्ट्रं अस्य अस्ति अण् । जिसका अच्छा राज है । एक देश (सूरत) । "सुराष्ट्रे भवः" अण् । सुराष्ट्रदेशमें हुआ (त्रि०) । एक विष (न०).

सौल्विक, (त्रि०) सुल्वं (ताम्रपात्रादिनिर्माणं) शिल्पं अस्य ठक् । जिसका काम ताम्बेके वर्त्तन बनाना है । ताम्रमय पात्र निर्माणकर्त्ता । कसेरा.

सौवस्तिक, (पु०) स्वस्तिकरणे कुशलः ठक् । भलाई करनेमें चतुर । पुरोहित (सदा भलाई चाहता है).

सौविदल्ल, (पु०) सुष्ठु विदन्तं (विद्वांसं) अपि लाति । ला+क । स्वार्थे अण् । अच्छीतरह जानतेहुएको भी जो पकडता है । अन्तःपुर(जनानखाना)का रखवारा (रक्षक).

सौष्ठव, (न०) सुष्ठु (भद्रं) तस्य भावः अण् । अच्छापन । आतिशय्य(बहुतहोना) । सुन्दरहोना । खूबसूरती.

सौहार्द, (न०) सुहृदो भावः अण् । अच्छेहृदयका होना । स्नेह । पियार । और मित्रता । दोस्ती.

सौहित्य, (न०) सुहितस्य (तृप्तस्य) भावः । तृप्तहोना । रजना । प्रसन्नहोना । तृप्ति.

सौहृद, (न०) सुहृदो भावः अण् । मित्रता । बंधुता.

स्कद्,-(उत्प्लुत्यगति) उछलकरजाना । अक० भ्वा० आ० सेट् । स्कन्दते । अस्कन्दिष्ट.

स्कन्द्, (पु०) स्कन्दते (उत्प्लुत्य गच्छति) अच् । उछलकरजाता है । कार्त्तिकेय (महादेवका बड़ापुत्र).

स्कन्दन, (न०) स्कन्द्+ल्युट् । रेचन । वहना । सूकना । और जाना.

स्कन्ध, (पु०) स्कद्यते (आरुह्यते) कर्म्मणि घञ् । पृ० । जिसपर कुछ चढ़ायाजाता है । अंस । कंधा । मोढ़ा । वृक्षका दण्ड (तना) । रचना । लड़ाई । समूह । शरीर । एक छन्द । सौगतसिद्धोंमें विज्ञानआदि पाँच । रास्ता । और ग्रन्थका भाग (हिस्सा) । "स्कन्धैर्द्वादशभिर्युक्तम्" इति भागवतम्.

स्कन्धावार, (पु०) स्कंधार्थं आवारः । आ+वृ+घञ् । युद्धके लिये उद्यतहुई सेनाओंका स्थापन (टिकाना) । छावनी.

स्कन्न, (त्रि०) स्कन्द्+क्त । च्युत (गिरगया) । गलित । क्षरित । वहाहुआ । सूकाहुआ और चलागया । "भावे क्त" वहना (न०).

स्कम्भ,-चोटकरना (प्रतिघात) । क्र्या० उभ० सक० सेट् । स्कभ्नाति-स्कभ्नुते । अस्कम्भीत्-अस्कम्भिष्ट.

स्खद्,-विदार (फाड़ना) दि० आ० सक० सेट् । स्खद्यते । अस्खदिष्ट. [अस्खालीत्.

स्खल्,-चलना । भ्वा० प० सक० सेट् । स्खलति ।

स्खलन, (न०) स्खल्-भावे ल्युट् । चलन (चलना) । गिरना.

स्खलित, (न०) भावे क्त । झूठेयुद्ध (कूटयुद्ध) आदिमें प्रवृत्त होकर वीरों(बहादुरों)की मर्य्यादासे गिरना । और गिरना । "कर्त्तरि क्त" । चलाहुआ (त्रि०).

स्तन्,-मेघशब्द (बादलकी आवाजकरना) । चु० उभ० सक० सेट् । स्तनयति-ते । अतस्तनत्-त.

स्तन, (पु०) स्तन्+अच् । स्त्रिओंका एक अंग । मम्मां । पिस्तान. [(मेघ)की आवाज़.

स्तनन, (न०) स्तन्+ल्युट् । शब्द(आवाज़) । बादल-

स्तनन्धय, (पु०) स्तनं धयति । स्तनको पीता है । धे-खश्-मुम्च । अतिशिशु (बहुत छोटा बच्चा) । स्त्रीमें ङीप् । "स्तनन्धयी".

स्तनप, (पु०) स्तनं पिबति । पा+क । (स्तनको पीता है) । बहुत छोटाबच्चा । वालक । स्त्रीमें टाप्. [भार.

स्तनभर, (पु०) ६ त० । स्तनोंका बोझा । मोटे स्तनोंका

स्तनयित्नु, (पु०) स्तन्+इत्नु । मेघ । बादल । मोथा । बिजली । मौत । और रोग.

स्तनान्तर, (न०) स्तनयोः अन्तरं । स्तनोंका मध्य (बीच) । हृदय । छाती. [पूर्णता । फैलावट.

स्तनाभोग, (पु०) ६ त० । स्तन(मम्मा)की परि-

स्तनित, (न०) स्तन्+भावे क्त । मेघ(बादल)का शब्द । और क्रीडाआदिका शब्द । "कर्त्तामें क्त" शब्दवाला (त्रि०).

स्तन्य, (न०) स्तने भवं यत् । स्तनमें हुआ । दूध.

स्तम्भ्,-रोधन (रोकना) । क्र्या० स्वा० प० स० सेट् । क्त्वावेट् । स्तभ्नाति । स्तभ्नोति । अस्तभत् । अस्तम्भीत्.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्तब्धरोमन्, (पु०) स्तब्धानि रोमाणि यस्य । पके रोआँवाला । शूकर । सूअर.

स्तभ्,-स्तम्भन (रोकना)-जड़होना-अक० । जड़करना । क्रियाको रोकना । सक० भ्वा० आ० सेट् । इदित् । स्तम्भते । अस्तम्भिष्ट.

स्तम्ब, (पु०) स्था +अम्बच् । पृ० । झाड़ी । तृण (घास)। [गुच्छा । काण्ड । खंबा.

स्तम्बेरम, (पु०) स्तम्बे रमते । अलुक् समा० । वृक्ष-आदि शाखा-गुच्छा वा झाड़ीमें रमण कर्त्ता है (खेलता है) । गज । हाथी.

स्तम्भ, (पु०) स्तम्भ्+अच् । स्थूणा (थाम-खंबा-थम्म) । "भावे घञ्" जड़ होना । रुकना.

स्तम्भन, (न०) स्तम्भ् (जड़करना)+"भावे ल्युट्" जड़ीकरण । चेष्टारहितकरना । रोकदेना । "करणे ल्युट्" तन्त्रमें जड़ बनानेका साधन एक प्रयोग (अमल)। "स्तम्भ्+णिच्+ल्यु" कामदेवके पाँच बाणोंमेंसे एक.

स्तव, (पु०) स्तु+अप् । प्रशंसा और स्तुति (तारीफ़-बड़ाई).

स्तवक, (पु०) स्तु+वुन् । स्था+अवक । पृ०वा । गुच्छा.

स्तावक, (त्रि०) स्तु+ण्वुल् । स्तुतिकारक । बड़ाईकरनेहारा । तारीफ़करनेहारा.

स्तिमित, (न०) स्तिम्+भावे क्त । आर्द्रता । गीलापन । गिलावट । और अचाञ्चल्य (न हिलना) । (निश्चल) । ठहरना । "कर्त्तरि क्त" अचञ्चल (जो हिलता नहिं) । और आर्द्र (गीला) (त्रि०).

स्तुत, (पु०) स्तु+क्त । कृतस्तव । स्तुतिकियाहुआ । [तारीफ़कियागया.

स्तुति, (स्त्री०) स्तु+क्तिन् । स्तव । तारीफ़ । प्रशंसा । बड़ाई.

स्तुतिपाठक, (पु०) स्तुतिं पठति । पठ+ण्वुल् । राजा- [आदिकी बड़ाईकरनेवाला.

स्तुम्भ,-रोधन (रोकना) स्वा० पर० सक० सेट् । स्तुभ्नोति । अस्तुम्भीत् ।

स्तूप, (पु०) स्तू+पक् । स्तूप्+अच् वा । राशीकृतमृत्तिकादि । इकट्ठीकीहुई (ढेर) मट्टीआदि । संघात । समूह । बल (जोर) । और निष्प्रयोजन । बिनमतलब । निकम्मा.

स्तृ,-विस्तार (फैलना) । स्वा० उभ० सक० अनिट् । स्तृणोति । स्तृणुते । अस्तार्षीत् । अस्तृत-अस्तरिष्ट.

स्तृ,-प्रीति (प्रसन्न होना) । अक० । रक्षाकरना (बचाना)। सक० स्वा० पर० अनिट् । स्तृणोति । अस्तार्षीत्.

स्तॄ,-आच्छादन (ढाँपना) । क्र्या० स्वा० उभ० सक० सेट् । स्तृणाति-स्तृणीते । अस्तारीत्-अस्तरिष्ट । अस्तरीष्ट-अस्तीर्ष्ट.

स्तेन्,-चौर्य्य (चोरीकरना) । चुरा० उभ० सक० सेट् । स्तेनयति-ते । अतिस्तेनत्-त.

स्तेन, (पु०) स्तेन्+घञ् । चौर्य्य (चोरीकरना) अच् । [चोर (त्रि०).

स्तेम, (पु०) स्तिम्+घञ् । आर्द्रीभाव । गीलाहोना । और चिकना.

स्तेय, (न०) स्तेनस्य भावः यत् । नि० । चौर्य्य (चोरी-करना) । चोरी । सामने वा पीछे रात वा दिनमें दूसरेका द्रव्य चुराना) । परद्रव्यापहार । दूसरेकी चीज़ चुराना.

स्तेयिन्, (त्रि०) स्तेनं अस्ति अस्य इनि । परद्रव्यापहारक । दूसरेका पदार्थचुरानेहारा । "स्त्रीमें ङीप्".

स्तोक, (पु०) स्तुच्+घञ् । चातक (पपीहा) । और जलबिन्दु (पानीकी बूंद) । अल्प (थोड़ा) (त्रि०).

स्तोत्र, (न०) स्तु+ष्ट्रन् । स्तव । तारीफ । बड़ाई । गुण कर्म्म और स्वभाव आदिसे स्तुति करना.

स्तोभ, (पु०) स्तुभ्+घञ् । गान (गीत)आदिकी स्वरको पूरा करनेके लिये शब्दविशेष (जिसका अर्थ कुछ नहिं) । जैसे सामवेदमें "इडा" "होई" प्रभृति । रोकना । स्तम्भन.

स्तोम्,-आत्मगुणाविष्करण (अपने गुणोंका प्रकाश करना)। चु० उभ० सक० सेट् । स्तोमयति-ते । अतुस्तोमत्-त.

स्तोम, (पु०) स्तोम्+घञ् । स्तु+मन्-वा । समूह । यज्ञ । और स्तव (बड़ाई-तारीफ़) । मस्तक (माथा) । घन । गाढ़ा । शस्य (खेती) । और लोहेका डण्डा (न०) । वक्र (टेढ़ा) (त्रि०).

स्त्यान, (न०) स्त्यै+भावे क्त ("त" को "न" होता है) । स्नेह (चिकना) । घनता (गाढ़ापन) । संहति (मिलाहुआ) । आलस्य । और प्रतिशब्द (गूंज) । "कर्त्तरि क्त" संहतिकारक (इकट्ठाकरनेहारा) । और शब्द करनेवाला (त्रि०).

स्त्यै,-संहति (इकट्ठाहोना) और ध्वनि (आवाज़करना) । भ्वा० अक० अनिट् । स्त्यायति । अस्त्यासीत्.

स्त्री, (स्त्री०) स्तु+ड्रट् । योषित् । नारी । औरत । जनानी. [ख़ास नशान । योनि । कुस । भग.

स्त्रीचिह्न, (न०) स्त्रियाः असाधारणं चिह्नं । स्त्रीका

स्त्रीचोर, (पु०) स्त्रियाः चोर इव । स्त्रीका मानो चोर है । कामी.

स्त्रीजित, (पु०) स्त्रिया जितः । जि+क्त । स्त्रीने जीतलिया । स्त्रीवश्य(जिसको स्त्रीने आधीन किया है). (कवज़ा) है (वह ६ प्रकारका होता है).

स्त्रीधन, (न०) ६ त० । वह धन कि जिसपर स्त्रीका स्वत्व

स्त्रीधर्म्म, (पु०) ६ त० । प्रायः एकमासके अनन्तर (ऋतुके समय) स्त्रीके फूलका खिलना । रजस्.

स्त्रीधर्म्मिणी, (स्त्री०) धर्म्मः अस्ति अस्याः इनि । जिसे स्त्रीधर्म्म होरहा है । ऋतुवाली स्त्री (औरत).

स्त्रीपुंस, (पु०) द्वि० व० । स्त्रीच पुमांश्च । अच् समा० । मिलेहुए स्त्री और पुरुष.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्त्रीपुंसलक्षणा, (स्त्री०) स्त्रीपुंसयोः लक्षणं अस्यां । जिसमें स्त्री और पुरुषके दोनों लक्षण (स्तन-मर्म्मे-श्मश्रु-दाढ़ीप्रभृति) पाये जायँ । एक स्त्री.

स्त्रीलिङ्ग, (पु०) स्त्रिया इव लिंगं (तत्कार्य्यं) यस्य । स्त्रीलिंगमें विधान कियागया व्याकरणमें कहेहुए संस्कारवाला शब्दविशेष । ६ त० । स्त्रीका चिह्न (नशान) [हुआ. (न०).

स्त्रीवश, (पु०) ६ त० । स्त्रीवशीभूत । स्त्रीके आधीन-

स्त्रीविधेय, (पु०) ६ त० । स्त्रीके वशमें रहनेहारा.

स्त्रीसंग्रहण, (न०) स्त्रियाः संग्रहणं यत्र । एकप्रकारका विवाद (झगड़ा), जिसमें दूसरेकी स्त्रीको हरण किया-जाता है । स्त्रीका पकड़ना. [स्त्रिओंका समाज.

स्त्रीसभ, (न०) स्त्रीणां सभा (नपुंसक होता है) ।

स्त्रीसेवा, (स्त्री०) ६ त० । स्त्रीका संभोग । भोगके द्वारा नारीकी सेवा.

स्त्रैण, (न०) स्त्रिया इदं अण् । नञ् । स्त्रीका स्वभाव । और स्त्रियोंका समूह (झुंड) । स्त्रीकी आज्ञामें रहनेहारा । और स्त्रीका (त्रि०).

स्थ, (त्रि०) स्था+क । स्थितिशील । ठहरनेवाला । (प्रायः यह किसी पदके पीछेही लगता है) जैसे-पदस्थ । मार्गस्थ । निकटस्थ । गृहस्थ. [अस्थगीत्.

स्थग्,-संवरण (ढाँपना) । भ्वा० पर० सक० सेट् ।

स्थगन, (न०) स्थग्+ल्युट् । आच्छादन । ढांपना.

स्थगित, (त्रि०) स्थग्+क्त । आवृत । तिरोहित । ढांपा-हुआ । छिपाहुआ.

स्थगी, (स्त्री०) स्थगयते अनया । " घञ् " के अर्थमें " क " ङीष् । ढांपाजाता है इससे । ताम्बूल (पान)-का पात्र । पानका डब्बा.

स्थण्डिल, (न०) स्थल+इलच्-नुक् । " ल " को " ड " होता है । चत्वर । चौतड़ा । अंगन । थड़ा (जो चारोंओरसे समान हो) । " निषेदुषी स्थण्डिल एव केवले " इति कुमारः । यज्ञके लिये संस्कार किया-हुआ स्थान । और होमके लिये कुण्डके प्रतिनिधि (उसकी जगह)स्वरूपसे वालुका (रेत)आदिसे करनेलायक मण्डलविशेष । " नित्य और नैमित्तिक कर्म्म स्थण्डिलपरही करना चाहिये, वह एक हाथभर रेतका बनावे " यह तन्त्रका सिद्धान्त है.

स्थण्डिलशायिन्, (पु०) स्थण्डिले (चत्वरे) शेते (व्रतवशात्) णिनि । व्रतके लिये चत्वर (चौतड़ा-आंगन चारोंओरसे खुली जगह) पर सोनेवाला । थड़ेपर सोनेवाला.

स्थण्डिलेशय, (पु०) स्थण्डिले शेते । अच्-अलुक् समा० । व्रतके लिये । चत्वरपर सोनेवाला.

स्थपति, (पु०) स्था+क । उसका पति । कञ्चुकी (अन्तः-पुरमें रहनेहारा बूढ़ा ब्राह्मण) । शिल्पिभेद । एकप्रकार-का कारीगर । राजा । कुबेर । अधीश (मालिक) । " बृहस्पतिसव "नामक यज्ञके करनेहारा । बहुत अच्छा (त्रि०).

स्थपुट, (त्रि०) तिष्ठति । स्था+क । स्थं पुटं यत्र । विषमोन्नतप्रदेश । टेढ़ी और ऊंची जगह । " स्थपुट-गतमपि क्रव्यमव्यग्रमत्ति " इति मालतीमाधवम् । कठिन स्थानमें विचरनेहारा जीव (पु०).

स्थल्,-स्थान (ठहरना) भ्वा० प० अक० सेट् । स्थलति । अस्थालीत्.

स्थल, (न० स्त्री०) स्थल्+अच् । जलसे रहित अकृत्रिम (जो बनावटी नहिं-स्वाभाविक) पृथिवीका भाग । स्त्रीत्वपक्षमें ङीप् । " वनस्थली मर्म्मरपत्रमोक्षा " इति कुमारः । थल । बनावटी भूभाग (न०).

स्थलेशय, (पु०) स्थले शेते । शी+अच् । अलुक् समा० । वराह (सूअर) और रुरु (एकप्रकारका हरिण)आदि पशु । थलपर सोनेवाला (त्रि०).

स्थविर, (न०) स्था+किरच् । " स्थव "का आदेश । शैलेयनामी गन्धद्रव्य । चारमुखवाला ब्रह्मा (पु०) । अचल । स्थिर । न हिलनेवाला और बूढ़ा (त्रि०) । महाश्रावणी (स्त्री०).

स्थविष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन स्थूलः इष्ठन् । " ल "-का लोप होनेपर गुण हुआ । अतिवृद्ध । बहुत बूढ़ा । " ईयसु " होनेपर " स्थवीयान् " भी इसी अर्थमें है । स्त्रीमें ङीप्.

स्थाणु, (पु०) स्था+नु । पृ० णत्वम् । शिवजी और शाखा(डाली)से रहितवृक्ष (ठोंठ) । बूढ़ा (त्रि०).

स्थान, (न०) स्था+ल्युट् । स्थिति (ठहरना) । समानता । अवकाश (जगह) । वसति (रहना) । ग्रन्थकी सन्धि । भाजन (वर्त्तन) । निकट (पास) । व्याकरणमें प्रसंग (आदिश्यमान " यण् " आदिका कारणस्वरूप " इक् " आदि) । जगह.

स्थानिक, (त्रि०) स्थाने अधिकृतः ठक् । स्थानाध्यक्ष । थानापति । स्थानका मालिक.

स्थानिन्, (त्रि०) स्थानं अस्य अस्ति रक्ष्यत्वेन । स्थानरक्षक । स्थान (जगह)की रक्षाकरनेहारा । स्थानं (प्रसंगः) । अस्ति अर्थे इनि । व्याकरणमें आदिश्यमान " यण् " आदिका कारण " इक् " आदि । " स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ " इति पाणिनिः.

स्थानीय, (न०) स्थीयते अस्मिन् । स्था+आधारे अनीयर् । जहां रहते हैं । नगर (मुल्क) । " स्थानं (वासः) अर्हति-स्थानस्य इदं वा छ " । निवासकरनेलायक देश । स्थानवाला (त्रि०).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्थाने, (अव्य०) स्था+न । योग्यता । और औचित्य (मुनासिबपन)। ठीक है । सत्य । बराबरी.

स्थापन, (न०) स्था+णिच्+ल्युट् । टिकाना । आरोपण। चढ़ाना (कायमकरना) । और " पुंसवन " नाम गर्भका संस्कार-युच् । " स्थापना " यही अर्थ । रखना.

स्थापित, (त्रि०) स्था+णिच्+क्त । निश्चित । पक्का । निवेशित (टिकायाहुआ-रक्खागया) । और न्यस्त.

स्थायिन्, (त्रि०) स्था+णिनि । स्थितिशील । रहनेवाला । अलंकारमें रसके अनुकूल " रति " आदिभाव (पु०).

स्थायुक, (त्रि०) स्था+उकञ् । स्थितिशील (ठहरनेवाला) । एक ग्रामाधिपकृत (एकगांवका मालिक) (पु०).

स्थाल, (न०) स्थलति (तिष्ठति) अन्नादि अत्र । जिसमें अन्नआदि रक्खा जाता है । थाल (अन्नपात्र) । पाकपात्र (देचका-हांडी) । थाली (स्त्रियां ङीष्.)

स्थालीपुलाक, (पु०) स्थालीस्थाः पुलाकाः (तण्डुलाः) सन्ति अत्र अच् । थालीके चावल जिसमें हैं । एक प्रकारका न्याय, जैसे देचके-हांड़ीमें एकचावलका पाक देखकर सारे चावलोंके पाकका अनुमान होजाता है । यदि बटलोहीमें एकदाना गलगया तो सारेही गलेहुए समझने, क्योंकि सबको आगका संयोग एकही समयपर हुआ है.

स्थावर, (त्रि०) स्था+वरच् । अचञ्चल (जो हिलता नहि) । स्थिर (एकजगह कायम) । वृक्ष (द्रख्त)-आदि । पृथिवीआदि । पर्वत (पु०) । धनुष्का चिल्ला । (न०).

स्थाविर, (न०) स्थविरस्य भावः अण् । बूढ़ापन । बुढ़ाप्पा । वृद्धत्व । वह सप्तति (सत्तर)वरिस बीतनेपर होता है. [ज़ेवर) । पानीकी बूंद.

स्थासक, (पु०) स्था+स । स्वार्थे कन् । अलंकार (गहना-

स्थास्नु, (त्रि०) स्था+स्नु । स्थितिशील । ठहिराहुआ । ठहिरनेवाला.

स्थित, (त्रि०) स्था+क्त । स्थित । ठहिराहुआ । खड़ाहुआ । निश्चल । न हिलाहुआ । प्रतिज्ञावाला.

स्थिति, (स्त्री०) स्था+क्तिन् । मर्य्यादा (नियम) । न्याय्यपथ (इन्साफवाला रास्ता)पर स्थिर होना । और स्थान (ठहिरना).

स्थिर, (पु०) स्था+किरच् । पर्वत (पहाड़) । देवता । वृक्ष । पक्का स्वामिकार्तिक । शनि । मोक्ष । ज्योतिषमें वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ राशियें । कठिन । (सख्त) । और न हिलनेवाला (त्रि०) । शाल्मली (सिंबल) । पृथिवी.

स्थिरतर, (त्रि०) अतिशयेन स्थिरः तरप् । अत्यन्त-स्थिर । बहुत पक्का । ईश्वर (पु०).

स्थिरमति, (स्त्री०) स्थिरा मतिः । पक्की अकिल । ६ ब० । स्थिरचित्त । पक्केदिलवाला । स्थिरबुद्धिवाला (त्रि०) । " अनिकेतः स्थिरमतिः " इति गीता.

स्थिरयौवन, (न०) स्थिरं यौवनं (पक्की जवानी) । बहुत देरतक रहनेवाला जोवन । "स्थिरं यौवनं अस्य" । पक्की जवानीवाला । विद्याधरआदि (एकप्रकारकी देवता) । देरतक रहनेवाले यौवन (जोवन)वाला । (त्रि०).

स्थिरायुस्, (पु०) स्थिरं आयुः यस्य । देरतक स्थायी (कायम) रहनेसे पक्की उमरवाला । शाल्मली (सिंवल)का द्रख्त.

स्थूल्,-वृंहण (बढ़ना) । चु०उभ०अक०सेट् । स्थूलयति-ते.

स्थूल, (त्रि०) स्थूल्+अच् । पीवर । मोटा और समूह.

स्थेय, (पु०) स्थीयते (विवादनिर्णायकतया) असौ । स्था+यत् । जिसे किसी विवाद (झगडे)को मिटानेके लिये स्थिर (कायम) कियाजाता है । विवादमें संशयका निर्णयकरनेहारा । जूरी । और पुरोहित । स्थिरा । (त्रि०).

स्थेयस्, (त्रि०) अतिशयेन स्थिरः । ईयसु । स्थादेशः । बहुत पक्का. [याई । मजबूती.

स्थैर्य्य, (न०) स्थिरस्य भावः ष्यञ् । स्थिरता । पकि-

स्थौल्य, (न०) स्थूलस्य भावः ष्यञ् । पीवरता । मोटाई । मोटापन. [षेक करना । न्हाना । स्नान.

स्नपन, (न०) स्ना+णिच्-पुक्+ल्युट् । जलआदिसे अभि-

स्नव, (पु०) स्नु+अप् । स्रवण । दारण । बहना । चूना.

स्नातक, (पु०) स्ना+भावे क्त । स्नानं अस्य अस्ति कन् । वेदपढ़नेके अनन्तर गृहस्थाश्रममें लौटनेके लिये अंगभूत स्नान (न्हाना) करनेहारा । गुरुके पास विद्या समाप्त करके घरमें आनेके लिये स्नान करनेवाला.

स्नातकव्रत, (न०) ६ त० । स्नातकके करनेलायक एकप्रकारका व्रत । " अलाभे चैव कन्यायाः स्नातकव्रतमाचरेत् " स्मृतिः. [नहाना.

स्नान, (न०) स्ना+ल्युट् । शोधन (सफाई) । अवगाहन ।

स्नानीय, (त्रि०) स्नानाय हितं छ । स्नानके लिये हितकारी (साधन) तेल । उद्वर्त्तन (वटना)आदि.

स्नायु, (स्त्री०) स्नाति (शुध्यति) दोषः अनया । स्ना+उण् । जिस्से दोष साफ होजाता है । शरीरमें वायु (हवा)को उठानेहारी एक नाड़ी । रग.

स्निग्ध, (त्रि०) स्निह्+क्त । स्नेहवाला (पियारवाला-वा चिकना) । वयस्य (सखा-मित्र) । सरलवृक्ष (पु०) । मेदा । चरवी (स्त्री०). [प्रियता.

स्निग्धता, (स्त्री०) स्निग्धस्य भावः । स्नेह । चिकनाई ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्नुत, (पु०) स्नु+क्त । क्षरित । बहाहुआ । जलआदि.
स्नुषा, (स्त्री०) स्नु+सक् । पुत्रवधू । पुत्रकी स्त्री । बहू । नूं.
स्नेह, (पु०) स्निह्+घञ् । प्रेम (पियार) । तेलआदि रसविशेष । न्यायमें गुणविशेष (जिस्से एक पदार्थ जल्दी जलता है).
स्नेहन्, (न०) स्निह्+णिच्+ल्युट् । तेलआदिका मलना.
स्नेहभू, (स्त्री०) ६ त० । श्लेष्म (बलगम) नामी शरीर-का धातुविशेष । स्नेहका पात्र । प्रेमका स्थान.
स्नेहिन्, (पु०) स्निह्+णिनि । वयस्य (मित्र) । बंधु । स्नेहवाला (त्रि०).
स्पद्,-ईषत्कम्प (थोड़ासा कांपना) । भ्वा० आ० अक० सेट् । इदित् (स्पन्दते) । अस्पन्दिष्ट.
स्पन्द, (पु०) स्पदि+घञ् । ईषच्चलन । थोड़ासा हिलना । थोडासा कांपना । एकप्रकारकी क्रिया । आंखका फड़-कनाआदि.
स्पर्द्ध,-(संहर्ष-बहुत प्रसन्न होना) । (पराभिभवेच्छा-दूसरेको दबानेकी इच्छा करना) । भ्वा० आ० सक० सेट । स्पर्द्धते । अस्पर्द्धिष्ट.
स्पर्धा, (स्त्री०) स्पर्द्ध+अ । संहर्ष । खुशी । दूसरेको दबानेकी इच्छा । साम्य । बराबरी । उन्नति । तरक्की.
स्पर्श,-ग्रहण (पकड़ना) । और स्तेय (चुराना) । चु० उ० स० सेट् । स्पर्शयति-ते । अपस्पर्शत्-त.
स्पर्श, (पु०) स्पर्श-स्पृश्-अच्-घञ् वा । न्यायमें त्व-गिन्द्रियग्राह्य (त्वचा-चमड़ा इन्द्रियसे जिसका प्रत्यक्ष होता है) गुणविशेष । पकड़ना । रोग । युद्ध (जंग) । गुप्तचर (छिपाहुआ दूत) । और उपपातक (छोटा पातक) । वायु (हवा) (पु०) छूनेवाला (त्रि०) । "क"-से ले "म "तक वर्ण (पु०).
स्पश्,-ग्रन्थ (गांठना) और बांधना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । स्पशति-ते. [गुप्तचर (जासूस).
स्पश, (पु०) स्पश्+अच् । चर । दूत । युद्ध (जंग) ।
स्पष्ट, (त्रि०) स्पश्+क्त । नि० । व्यक्त । प्रकट । स्फु-ट । साफ. [" भावे क्त " छूना (न०).
स्पृष्ट, (त्रि०) स्पृश+क्त । कृतस्पर्श । छूआहुआ ।
स्पृष्टास्पृष्टि, (न०) स्पृश्+भावे क्त । नञ्+स्पृश्+क्तिन् । स्पृष्टश्च अस्पृष्टिश्च द्वयोः समाहारः । स्पर्शास्पर्श । छूना और न छूना. [ते । अपस्पृहत्-त.
स्पृह्,-इच्छा (चाहना) । चु० उ० सक० सेट् । स्पृहयति-
स्पृहणीय, (त्रि०) स्पृह्+अनीयर् । वाञ्छनीय (चाह-नेलायक) । और श्लाघ्य (सराहनेलायक) । " अहो बतासि स्पृहणीयवीर्य्य " इति कुमारः. [वाला.
स्पृहयालु, (त्रि०) स्पृह्+आलुच् । स्पृहाशील । चाहने-
स्पृहा, (स्त्री०) स्पृह्+अङ् । इच्छा (चाह) । "मिथुने स्पृहावती " कुमारः.
स्पृह्य, (त्रि०) स्पृह्+यत् । वाञ्छनीय । चाहनेलायक.
स्फट्,-विशीर्णता (फटना) । अक० भ्वा० पर० सेट् । स्फटति । अस्फटीत् । अस्फाटीत्.
स्फटि(टी)क, (पु०) स्फटि(टी)रिव । इवार्थेकन् । इसनामकी मणि । सूर्य्यकान्तमणि (आतशीशीशा) । बिल्लौर । स्वार्थे अण् । " स्फाटिकं " यही अर्थ (न०).
स्फटिकाचल, (पु०) स्फटिक इव शुभ्रः अचलः । बिल्लौरके समान चिट्टा पर्वत । कैलाशपर्वत (पहाड़) । बिल्लौरका पहाड़. [अस्फायि-अस्फायिष्ट । स्फीतः.
स्फाय्,-वृद्धि (बढ़ना) । भ्वा० आ० अक० सेट् । स्फायति ।
स्फाति, (स्त्री०) स्फाय्+क्तिन् । वृद्धि (बढना).
स्फार, (पु०) स्फाय्+रक् । स्वर्णबुद्बुद । सोनेका बुल-बुला । और विपुल (चौड़ा) । चमकाहुआ । और बहुत (त्रि०). [विकाशन-खिलाना.
स्फारण, (न०) स्फुर+णिच् (स्फारादेश) ल्युट् ।
स्फिच्, (स्त्री०) स्फाय्+डिच् । कटिदेश । नितम्ब । चूतड़. [बढ़ाहुआ.
स्फिर, (त्रि०) स्फाय्+किरच् । प्रचुर (बहुत) । और
स्फुट्,-विकाश (खिलना) । तुदा० अक० सेट् । स्फुटति । अस्फुटीत् । पुस्फोट.
स्फुट, (त्रि०) स्फुट+क । विकसित । खिलाहुआ । व्यक्त (ज़ाहिर) । भिन्न (टूटगया) । और चिट्टा । ज्योतिषमें मेषआदि राशिओंके अंशविशेषोंमें स्थित हो रहे सूर्य्यादिग्रह (पु०) । सांपका फन (स्त्री०).
स्फुटन, (न०) स्फुट्+ल्युट् । विकसन (खिलना) । फूटना । विदलीभाव । फटकर निकलना.
स्फुर्,-स्फुर्ति (फुरना) । तु० प० अ० सेट् । स्फुरति । अस्फुरीत् । पुस्फोर. [कांपना । युच् (स्त्री०) वही अर्थ.
स्फुरण, (न०) स्फुर्+ल्युट् । ईषत्स्पन्दन । थोड़ासा
स्फुर्ज्,-वज्रशब्द (बादलके गाजनेकी आवाज़करना) । भ्वा० प० अक० सेट् । स्फूर्ज्जति । अस्फूर्ज्जीत्. [तम्बू.
स्फुल, (न०) स्फुल्-हिलना-कांपना+क । कपड़ेका घर ।
स्फुलिङ्ग, (पु०-स्त्री०) स्फुल्+इङ्गच् । " स्फुत् " यह धीमी आवाज़ निकलती है जिस्से । लिगि+घञ् । पृ० वा । आगकी कनी. [गिरनेकी आवाज़.
स्फूर्जथु, (पु०) स्फूर्ज्+अथु । वज्रपातशब्द । वज्र
स्फूर्त्ति, (स्त्री०) स्फुर्च्छ्+स्फुर् वा क्तिन् । फुरना । खिलना । चमकनेवाली अकिल । प्रतिभा.
स्फूर्तिमत्, (पु०) स्फूर्त्ति अस्ति अस्य मतुप् । पाशु-पतनामी एकप्रकारका शिवभक्त । प्रतिभावाला । फुर्त्ति-वाला । और खिलाहुआ (त्रि०).
स्फेयस्, (त्रि०) अतिशयेन स्फिरः । ईयसु । स्फादेशः ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अतिप्रचुर । बहुतही । स्त्रीमें ङीप् । ईष्ठन् । "स्फेष्ठः" यही अर्थ.

स्फोट, (पु०) स्फुटति अर्थः यस्मात् । स्फुट्+घञ् । जिस्से अर्थ फूटता (निकलता) है । अर्थको जतलानेहारा अक्षरोंसे पहिचानागया पूरा शब्दविशेष । व्रणविशेष । फोड़ा.

स्फोटक, (पु०) स्फुट्+ण्वुल् । व्रणविशेष (फोड़ा) । और विदारक (फाड़नेहारा) । फोड़नेवाला.

स्फोटन, (न०) स्फुट्+ल्युट् । विदारण (फाड़ना) । और विकाशन (खिलाना) । मणिको वेधनकरनेका एक प्रकारका यन्त्र (स्त्री०).

स्फोटायन, (पु०) स्फोट एव अयनं यस्य । व्याकरणके जाननेहारा एक मुनि (जो शब्दके अर्थकी प्रतीतिमें "स्फोट" हीको स्वीकार कर्त्ता है) । "अवङ् स्फोटायनस्येति" पाणिनिः.

स्फ्य, (न०) स्फा+यत् । नि० । खड्ग (तरवारके स्वरूपमें एक प्रकारका यज्ञके लिये काष्ठ (लकड़ी).

स्म, (अव्य०) स्मि+ड । अतीत (बीतगया) । पादको पूरा करना. [और अद्भुत (आश्चर्य्य).

स्मय, (पु०) स्मि+अच् । गर्व । अहंकार (मगरूरी) ।

स्मर, (पु०) स्मरति प्रियं अनेन । स्मृ+अच् । स्मरणकर्त्ता है पियारेको इस्से । कामदेव । "भावे अप्" । यादकरना.

स्मरगृह, (न०) स्मरस्य गृहं इव । कामदेवका मानों घर है । स्त्रीका एकप्रकारका विशेष चिह्न । स्मरमन्दिर । योनि । कुस । भग.

स्मरण, (न०) स्मृ+ल्युट् । एकप्रकारका ज्ञान (जो जानीहुई वस्तुके अनुभवाधीनसंस्कारसे उत्पन्न होता है अर्थात् उद्बोधक सहकारसे उपजा) । यादकरना । सोचना.

स्मरदशा, (स्त्री०) स्मरकृता दशा । कामिओंकी कामदेवसे कीगई "नयनप्रीति" (आंखका पियार)आदि दस दशा (हालत).

स्मरहर,-स्मरं (हरति नाशयति) हृ+अच् । कामदेवको नाश कर्त्ता है । महादेव । "स्मरमर्द्दन" भी.

स्मराङ्कुश, (पु०) स्मरस्य अंकुश इव । कामदेवका मानों अकुंश है (उत्तेजक होनेसे) । नख (नाखून-नहूं) । जानों)।नखोंके आघात (चोट)से स्त्रिओंका काम भड़कता है.

स्मरासव, (पु०) स्मरोद्दीपक आसवः । कामको भड़कानेहारा मद्य (एकप्रकारका जो आगपर नहिं चढ़ायागया) । लाला (मुखकी लार) । कामिओंका उसके पीनेसे काम बड़ा चमकता है.

स्मार्त्त, (त्रि०) स्मृतौ विहितः । स्मृतिं वेत्ति-अधीते वा अण् । धर्म्मशास्त्रमें विधान कियाहुआ स्नानआदि । स्मृतिशास्त्रके जानने वा पढ़नेहारा.

स्मि,-अनादर-और विस्मय (हैरान होना) (चु० आ० स० सेट्) । स्मापयते । असिस्मयत । दूसरेसे विस्मय होनेपर "स्माययति" ऐसाही होता है । यह भ्वादिमेंभी होता है और अनिट् है । स्मयते । अस्मेष्ट.

स्मित, (न०) स्मि+क्त । ईषद्धास्य । थोड़ासा हसना । विकसित (खिलाहुआ) । और हैरानहुआ (-विस्मित) (त्रि०). [स्मरति । अस्मार्षीत्.

स्मृ-स्मरण (यादकरना) । भ्वा० प० सक० अनिट् ।

स्मृत, (त्रि०) स्मृ+क्त । कृतस्मरण । याद कियाहुआ । स्मृतिविषय.

स्मृति, (स्त्री०) स्मृ+क्तिन् । अनुभवकीहूई वस्तुका उद्बोधसहकार (उस चीज़को जगादेनेहारा कारण)-से संस्कारके आधीन ज्ञानविशेष । यादगीरी । याददास्त । "स्मर्य्यते वेदधर्म्मः अनेन" करणे क्तिन् । स्मरण कियाजाता है वेदका धर्म्म इस्से । धर्म्मका उपदेश करनेहारा शास्त्र । वेदसम्बन्धी अर्थके अनुभवसे उत्पन्न हुआ वेदके अर्थको अनुवाद (कहेहुए अर्थको फिर कहना, किसी दूसरीआदि भाषामें)करनेहारा मुनिओंसे रचाहुआ वाक्यरूप शास्त्र । "वेदोऽखिलो धर्म्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्" मनुः. [रूप गुणविशेष.

स्मृतिहेतु, (पु०) स्मृतिका कारण । संस्कार । वासना-

स्मेर, (त्रि०) स्मि+रन् । विकसित । खिलाहुआ । थोड़ासा हसरहा । "महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति" कुमारः.

स्यद, (पु०) स्यन्द+क । वेग । जोर.

स्यन्द,-स्रवण (वहना) । भ्वा० आ० लुङ्-लृट्-लृङ्-में उभ० अक० वेट् । स्यन्दते । अस्यदत्-अस्यन्दिष्ट-अस्यन्त.

स्यन्द, (पु०) स्यन्द्+घञ् । क्षरण । वहना । चूना । वगना.

स्यन्दन, (न०) स्यन्द+भावे ल्युट् । क्षरण । वहना । "कर्त्तरि ल्यु" । जल (पानी) (न०) । रथ । और तिनिसवृक्ष (पु०).

स्यन्दनारोह, (पु०) स्यन्दनं आरोहति (युद्धार्थं) । आ+रुह्+अण् । रथपर चढ़कर लड़ाईकरनेहारा.

स्यन्दिन्, (त्रि०) स्यन्द्+णिनि । प्रस्रवी । वहनेवाला । लाला (लार) ङीप्. [आदि).

स्यन्न, (त्रि०) स्यन्द्+क्त । स्रुत । वहाहुआ (पानी-

स्यम्,-शब्दकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । स्यमति । अस्यमीत्.

स्यमन्तक, (पु०) स्यम्-झच्-कन् । श्रीकृष्णजीके हाथकी एक मणि (उसके बहुतही गुण थे).

स्यूत, (त्रि०) सिव्+क्त । सूईआदिसे सीआगया.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

कपड़ा आदि । सूतका बनाहुआ पात्र (पु०) । "स्योत" यही अर्थ. [सीवन (सीना).

स्यूति, (स्त्री०) सिव्+क्तिन् । सूईआदिसे कपड़ेका

स्रंसन, (न०) स्रंस्+णिच्+ल्युट् । ऊपरगयेहुएका नीचे गिराना । नीचेगिराना । नीचेगिरना. [गिरनेवाला.

स्रंसिन्, (त्रि०) स्रंस्+णिनि । अधःपतनशील । नीचे

स्रग्वत्, (त्रि०) स्रक् (माल्यं) अस्ति अस्य मतुप् । "म" को "व"। कुत्वम् । मालावाला । मालापहिरेहुए । "स्रग्वी". [माल्य.

स्रज्, (स्त्री०) सृज्यते । सृज्+क्विन् । नि० । माला ।

स्रन्स्,-पतन (गिरना) । भ्वा० आ० लुङ्में उभ० अक० सेट् । स्रंसते । अस्रसत्-अस्रंसिष्ट.

स्रम्भ्, -विश्वास करना । भ्वा० आ० लुङ्में उभ० सक० सेट् । स्रम्भते । अस्रभत्-अस्रम्भिष्ट.

स्र(स्रा)व, (पु०) स्रु+अप्-घञ् वा । क्षरण । बहना । "कर्त्तरि अच्"। निर्झर । झरणा.

स्रवण, (न०) स्रु+ल्यु । मूत्रजल । मूतका पानी (पेशाब)। और घर्म्म (पसीना)। "भावे ल्युट्" क्षरण । बहना.

स्रवन्त, (स्त्री०) स्रु+झिच्-ङीप् । नदी (दर्य्या) । एक औषधी । शतृ (बहनेवाला) (त्रि०)। स्त्रियां ङीप्.

स्रष्टृ, (पु०) सृज्+तृच् । जगत्के बनानेहारा चारमुखवाला ब्रह्मा । और शिवजी । सृष्टिकर्ता (त्रि०).

स्रस्त, (त्रि०) स्रन्स्+क्त । च्युत । पतित । गिराहुआ.

स्रस्तर, (पु०) स्रन्स्+तरच् । आसन.

स्राक्, (अव्य०) स्रु+डाक । त्वरित । द्राक् । झट । जल्दी.

स्रु, -गति (जाना) सक० । क्षरण (बहना) अक० भ्वा० प० अनिट् । स्रवति । असुस्रुवत्.

स्रुघ्न, (पु०) एक देश (पटना).

स्रुच्, (स्त्री०) स्रु+क्विप्-विच्+चिट्च । वटपत्राकृति (बड़-बोड़के पत्तेके स्वरूपवाला विकङ्कत लकडीका बनाहुआ भुजाके माप जितना यज्ञका एक पात्र । स्रुवा.

स्रुत, (त्रि०) स्रु+क्त । क्षरितजलादि (बहाहुआ पानीआदि) । और गत (गया) । हींगकी पत्ती (स्त्री०).

स्रुव, (पु०) (स्त्री०) स्रु+क । खदिर(खैर)की लकडीका बनाहुआ हाथभर यज्ञका एक पात्र । सल्लाकी (स्त्री०).

स्रोत, (न०) स्रु+तच् । स्रोतस् । सोता । प्रवाह । जोरसे आपही पानीका निकलना.

स्रोतस्, (न०) स्रु+तसि । वेगसे आपही पानीका निकलना । और रेतस् (वीर्य्य).

स्रोतस्वत्, (त्रि०) स्रोतः अस्ति अस्य मतुप् । "म" को "व"। सोतेवाला । नदी (दर्य्या) । (स्त्रियां ङीप्).

स्रोतस्विनी, (स्त्री०) स्रोतस्+अस्त्यर्थे विनि ङीप् । सोतेवाली । नदी (दर्य्या) । प्रवाहवाला (त्रि०).

स्रोतोञ्जन, (न०) स्रोतसि भवं । यमुनानदीके प्रवाहके निकट सौवीरदेशमें हुआ अञ्जन । सौवीरदेशका काजल । सुरमा.

स्रोतोवहा, (स्त्री०) स्रोतसा वहति (सरति) । वह्+अच् । प्रवाहरूपसे बहती है । नदी (दर्य्या).

स्व, (न०) स्वन्+ड । धन (दौलत) । आत्मा (आप) और ज्ञाति (बिरादरीका) (पु०) । आत्मीय (अपना) (त्रि०) । "आत्मा" और "आत्मीय" अर्थमें इसकी सर्वनाम संज्ञा हो जाती है.

स्वकर्म्मन्, (न०) स्वस्य कर्म्म । अपने वर्णके उचित कर्म्म । "स्वकर्म्मनिरतः सदा" इति गीता । अपना काम. [अपना.

स्वकीय, (त्रि०) स्वस्य इदम् । छ-कुक्च । आत्मीय ।

स्वगत, (त्रि०) स्वस्मिन् मनसि आत्मनि वा गतं (गम्+क) । अपने मन वा आत्मामें गया । मनोगत, मनकी बात । और मनीमनमें । नाटकमें केवल सामाजिक जनोंके सुननेलायक वचन अर्थात् जिसकी बाबत वचन-कहाजाय वह न सुने (न०).

स्वच्छ, (त्रि०) सुष्ठु अच्छः । प्रा० । बहुत अच्छा । बहुत निर्मल (साफ) । मुक्ता (मोती) । और स्फटिक (पु०) । श्वेतदूर्वा (चिट्टीदूब) (स्त्री०).

स्वच्छन्द, (त्रि०) स्वस्य छन्दः (अभिप्रायः) यस्य । अपनी इच्छापर रहनेहारा । स्वाधीन । आजाद । स्वतन्त्र (खुदमुख्तार). [बिलौर.

स्वच्छमणि, (पु०) कर्म्म० । साफमणि । स्फटिक ।

स्वज, (न०) स्वस्मात् (देहात्-आत्मनो वा) जायते । अपने शरीर वा आत्मासे उत्पन्न होताहै । रुधिर (लोहु) । पुत्र (लड़का) (पु०) । कन्या (लड़की) (स्त्री०) । अपनेसे उत्पन्नहुआ (त्रि०).

स्वजन, (पु०) स्वस्य इव जनः (जननं) एककुले यस्य । अपने समान जिसका एकही कुलमें जन्म है । ज्ञाति । जात । अपने लोक.

स्वतन्त्र, (त्रि०) स्वस्य तन्त्रं (वशीकारः) यस्य । जो अपने आधीन है । स्वाधीन । जो दूसरेके आधीन नहिं.

स्वतस्, (अव्य०) स्व+तसिल् । आत्मनः । अपने आप । आपही. [अपनापन । स्वकीयता । कब्जा.

स्वता, (स्त्री०) स्वस्य (स्वकीयस्य) भावः तल् ।

स्वत्व, (न०) स्वस्य भावः त्व । स्वामित्व । मालिकपना । किसी पदार्थ वा अपनेपर । कब्जा.

स्वधर्म्म, (पु०) स्वस्य वेदादिविहितो धर्म्मः । अपना वेद और शास्त्रमें विधान कियाहुआ धर्म्म । अपने योग्य वेदआदिमें कहाहुआ आचारआदि धर्म्म.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्वधा, (अव्य०) स्वद्+आ-पृ० । " द " को " ध " होता है । पितर-देवताओंके उद्देश(प्रयोजन)से हवि (घीआदि)का देना । स्वेन धयति । धे+क आप् । एक दुर्गा (स्त्री०) " नमः स्वाहायै स्वधायै " इति पितृगाथा.

स्वधाप्रिय, (पु०) स्वधाशिनां प्रियः । शाक० । स्वधा-को खानेवालोंका पियारा । कृष्णतिल (कालेतिल) । " स्वधा " इस शब्दसे उपलक्षित (पहिचानेहुए) श्राद्धआदिका पियारा पिताआदि.

स्वधाभुज्, (पु०) स्वधा इत्यनेन त्यक्तद्रव्यं भुङ्क्ते-भुज्+क्विप् । " स्वधा " इस शब्दसे छोड़ेहुए पदार्थको खाताहै । पितृगण । पितरोंका समूह । और देवता.

स्वधिति (ती), (स्त्री०) । स्वेन धीयते । धा+क्तिच् वा ङीप् । कुठार । कुह्वाडा । कुहाडा । परश्वध " श्वधितिः ". [स्वनति । अस्वनीत्-अस्वानीत्.

स्वन्,-शब्द (आवाजकरना) । चु० उ० स० सेट् ।

स्वन, (पु०) स्वन्+अप् । शब्द (आवाज).

स्वनित, (त्रि०) स्वन्+कर्तरि क्त । शब्दित । आवाज-कियाहुआ । " भावे क्त " । शब्द । आवाज । और बादलका गर्जन (गर्ज्जना) (न०). [निद्रा.

स्वपन, (न०) स्वप्+ल्युट् । शयन । सोना । नींद ।

स्वप्न, (पु०) स्वप्+नन् । नींद । सोना । सोयेहुएका मनका ज्ञानविशेष । सुपना. [मिजाज । शील.

स्वभाव, (पु०) स्वस्य भावः । निसर्ग । अपना धर्म्म ।

स्वभावोक्ति, (स्त्री०) स्वभावस्य उक्तिः अत्र । स्वभावका कथन है इसमें । अर्थसम्बन्धी अलंकारविशेष । ६ त० । स्वभावका कथन (कहना).

स्वभू, (पु०) स्वेनैव भवति । भू+क्विप् । आपहीसे होताहै । ब्रह्मा । विष्णु । शिवजी । और कामदेव.

स्वयंवर, (पु०) स्वयं (आत्मना) वरः (वरणम्) । आपही वरना । सभामें कन्याका आपही अपने पतिको वरलेना । " स्वयं वृणुते पतिम् " वृ+अच् । आपही पतिको वरनेवाली लड़की (स्त्री०).

स्वयंकृत, (पु०) स्वयं (आत्मना) कृतः । आप बनाया । कृत्रिमपुत्र । बनावटी लड़का । आप किया (त्रि०).

स्वयंदत्त, (पु०) स्वयं (आत्मनैव) नतु पितृमातृभ्यां दत्तः । वह लड़का कि जिसने अपनेको आपही दियाहै (पिता वा मातासे नहिं दियागया) । "दत्तात्मा तु स्वयं दत्तः " इति स्मृतिः. [आप.

स्वयम्, (अव्य०) सु+अप्+अमु । आत्मना । आपही ।

स्वयम्भु, (पु०) स्वयम्+भू+डु । आपहुआ । ब्रह्मा.

स्वर्, (अव्य०) स्वृ+विच् । स्वर्ग । वह स्थान कि जहां दुःख नहिं । परलोक । देवताओंका निवासस्थान । और अच्छा.

स्वर, (पु०) स्वर्+अच् । स्वृ+अप् वा । उदात्त (ऊंचा) । अनुदात्त (नीचा) और स्वरित (मिलाहुआ)रूप । अक्षरके उच्चारण करनेका यत्नविशेष । तन्त्रमें प्राण-आदि वायुका व्यापारविशेष । गानेकी आवाज.

स्वरभंग, (पु०) स्वरस्य भंगः यस्मात् । जिससे आवाज रुकजाती है । एकप्रकारका रोग । ६ त० । स्वरका टूटना.

स्वरस, (पु०) स्वस्य रसः (रागः) । अपना अभि-प्राय (आशय) । अपना मतलब । वाक्यमें एकप्रका-रकी रचना.

स्वराज्, (पु०) स्वेनैव राजते । राज्+क्विप् । आपहीसे प्रकाशित होताहै (चमकता है) । ईश्वर । " अर्थेष्व-भिज्ञः स्वराट् " इति भागवतम् । वेदका एक छन्द.

स्वरापगा, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) आपगा । स्वर्गकी नदी । गंगा.

स्वरित, (पु०) स्वरः जातः अस्य इतच् । एक स्वर । जो उदात्त और अनुदात्तके मेलसे उत्पन्न होता है, स्वरवाला (त्रि०).

स्वरु, (पु०) स्वृ+उ । वज्र । यूप(यज्ञका खंभा)का टुकड़ा । तीर । सूर्य्यकी किरण । एकप्रकारका बिच्छु.

स्वरुचि, (त्रि०) स्वस्यैव रुचिः (प्रवर्त्तिका) स्वकृत्ये यस्य । अपने काममें जिसकी अपनीही इच्छा है । स्वातन्त्र्य । आजाद । ६ त० । अपनी अभिलाषा (इच्छा)(स्त्री०).

स्वरूप, (न०) स्वस्य रूपम् । अपना रूप । स्वभाव " स्वमेव रूपम् " । अपना पदार्थ । " स्वं " यथास्वं रूपयति । रूप्+अण् । यथास्वरूप (जिसका जिसका जैसा स्वरूप है) जानेहारा । पण्डित (पु०) । " स्वेन (स्वभावेनैव) रूपं अस्य " । जो स्वभावही-से रूपवाला है । मनोज्ञ (मनोहर) (त्रि०).

स्वरूपसम्बन्ध, (पु०) स्वरूपं सम्बन्धः । स्वरूपयोर्वा संबन्धः । न्यायमें अपना सम्बन्ध (जिसका संबंध अप-नेही साथ है) । ६ पदार्थोंसे भिन्नपदार्थविशेष । जैसे विषयत्व और प्रतियोगित्व । अपने रूपका सम्बन्ध.

स्वरोदय, (पु०) स्वराणां उदयः यत्र । जहां स्वरों (श्वासविशेषों)से शुभ वा अशुभका ज्ञान होता है । तन्त्रशास्त्रविशेष.

स्वर्ग, (पु०) स्वरिति (गीयते) । गै+क । सु+ऋज्+ घञ् वा । दुःखसे न मिलाहुआ सुखसमूह । देवताओंका निवासस्थान । बड़े सुखकी जगह. [" स्वर्गपति " भी.

स्वर्गनाथ, (पु०) ६ त० । स्वर्गका स्वामी । इन्द्र ।

स्वर्गवधू, (स्त्री०) ६ त० । स्वर्गकी स्त्री । अप्सरा.

स्वर्गाचल, (पु०) स्वर्गलोकस्थः अचलः । स्वर्गलोकका पहाड़ । सुमेरुपर्वत.

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्वर्गिन्, (पु०) स्वर्गः अस्ति अस्य भोग्यत्वेन इनिः । स्वर्ग जिसका भोगनेलायक है । देवता । स्वर्गवासी(त्रि०).

स्वर्गौकस्, (पु०) स्वर्ग ओको यस्य । स्वर्ग है स्थान जिसका । देवता.

स्वर्ण, (न०) सुष्ठु अर्णः (वर्णः) यस्य । जिसका अच्छा रंग है । कांचन । सोना । धतूरा । नागकेसर । चित्ररंगका साग.

स्वर्णकाय, (पु०) स्वर्ण इव (पीतः) कायः अस्य । सोनेकी नाईं जिसका पीला शरीर है । गरुड़.

स्वर्णकार, (पु०) स्वर्ण (स्वर्णमयं अलंकारादि) करोति । कृ+अण् । सोनेका भूषण-ज़ेवर-गहनाआदि बनाता है । सुनार । एक जाति.

स्वर्णदी, (स्त्री०) ६ त० । स्वर्गकी नदी । गंगा.

स्वर्भानु, (पु०) स्वः (स्वर्गे) भानुः (दीप्तिः) अस्य। स्वर्गमें है चमक इसकी । राहु.

स्वर्लोक, (पु०) स्वः एव लोकः (भुवनम्) । स्वर्ग-लोक । स्वर्ग । बहिश्त । ६ त० । स्वर्गका लोक.

स्वर्वापी, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) वापीव । स्वर्गकी मानों बावली है । गंगा. [कंजरी । मेनका आदि अप्सरा.

स्वर्वेश्या, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) वेश्या । स्वर्गकी

स्वल्प, (त्रि०) सुष्ठु अल्पम् । प्रा० । बहुत थोडा । क्षुद्र । छोटा.

स्ववासिनी, (स्त्री०) स्वस्मिन् (पित्रालये) वसति । वस्+णिनि । पिताके घरमें रहती है । चिरकालतक पिताके घरमें रहनेहारी स्त्री (चाहे विवाहीहुई हो अथवा कुमारी हो).

स्वसृ, (स्त्री०) सु+अस्+ऋन् । भगिनी । बहिन.

स्वस्ति, (अव्य०) सु+अस्+क्तिच् । क्षेम । आशिष् । कल्याण । और पुण्यआदि स्वीकारसूचन (अंगीकार-वचन).

स्वस्तिक, (पु० न०) स्वस्ति (शुभाय) हितं ठन् । कल्याणदेनेहारा । एकप्रकारका घर । एकप्रकारका आसन (बैठना) । एकप्रकारका द्रव्य.

स्वस्तिवाचन, (न०) स्वस्ति (शुभस्य) विप्रद्वारा वाचनम् । ब्राह्मणके द्वारा मंगलपाठ कराना । कामके प्रारम्भमें विघ्न(रुकावट)की शान्तिके लिये ब्राह्मण-द्वारा करनेलायक कामोंका कल्याण कहाना । मंगलपाठ करना.

स्वस्तिवाचनिक, (त्रि०) स्वस्तिवाचनाय हितं (तत आगतं तत्र भवं वा ठन् । मंगलपाठका साधन । मंगल-पाठ करनेसे प्राप्तहुआ कुछ पदार्थ (लड्डु पेड़ा आदि)-उसका.

स्वस्त्ययन, (न०) स्वस्ति (शुभस्य) अयनं (लाभः) यस्मात् । शुभ (भलाई)का लाभ होता है जिससे । शुभके लिये कियागया वेदादिमें कहाहुआ ग्रहयाग आदि.

स्वस्थ, (त्रि०) स्वः (परलोके) तिष्ठति-स्वेन (स्वभा-वेन-सुखेन वा तिष्ठति) । स्वर्गमें रहनेहारा । स्वभावमें रहाहुआ । सुख(तक्लीफ़के विना)से स्थितहुआ । " स्वस्था भवन्तु मयि जीवति धार्तराष्ट्राः "वेसं०नाटकम्.

स्वस्रीय, (पु०) स्वसुः अपत्यं (ईय) । बहिनका बेटा । भागिनेय । भगिनीसुत । बहिनकी लड़की (स्त्री०).

स्वागत, (न०) सुखेन आगतम् । सु+आ+गम्+क्त । सुखसे आना । भलेआना । " तत् अस्य अस्ति-अच् " कुशल. [पन्द्रवां तारा । सूर्य्यकी एक स्त्री.

स्वाति(ती), (पु० स्त्री०) स्वेनैव अतति । अश्विनीसे

स्वाद्,-प्रीति (प्रसन्नहोना) । स्वादलेना । और चाटना । स्वादते । अस्वादिष्ट.

स्वाद, (पु०) स्वद्-स्वाद् वा+घञ् । रसका अनुभव । स्वादलेना । प्रसन्नहोना । और चाटना.

स्वादु, (पु०) स्वद्+उण् । मीठा रस । और गुड़ । इष्ट (चाहा-गया) । मीठा । और मनोहर (त्रि०) । स्त्रियां वा ङीप्. [आज़ाद । अपने आधीन.

स्वाधीन, (त्रि०) स्वस्य आधीनः । स्वायत्त । स्वतन्त्र ।

स्वाधीनपतिका, (स्त्री०) स्वाधीनः पतिः यस्याः कप् । जिसका पति स्वाधीन है । एकप्रकारकी नायि-का (स्त्री) । " स्वाधीनभर्तृका "(जिसका पति वशमें है). [(मद्दत).

स्वान्त, (न०) स्वन्+क्त । मन (दिल) । सहाय

स्वाप, (पु०) स्वप्+घञ् । सोना । निद्रा । नींद । और अज्ञान.

स्वापतेय, (न०) स्वस्य (धनस्य) पतिः । तस्येदं ढञ् । धनके स्वामीका यह । धन । दौलत.

स्वाभाविक, (त्रि०) स्वभावात् आगतः ठञ् (इक)। स्वभावसे आया । स्वभावसिद्ध । स्वभावहीसे बना-हुआ । " स्त्रियां ङीप् " स्वाभाविकी.

स्वामिन्, (त्रि०) स्व+अस्ति अर्थे मिनिः दीर्घश्च । धन-वाला । अपने आधीन । अधिपति । मालिक । और ईश्वर । स्त्रीमें ङीप् । महादेव । राजा । कार्त्तिकेय । भर्ता । वात्स्यायनमुनि । गरुड़ । परमहंस (पु०).

स्वायम्भुव, (पु०) स्वयम्भुवः अपत्यं । तस्येदं वा अण् । उवङ् । स्वयम्भुका पुत्र । पहिला मनु । स्वयम्भु-(ब्रह्मा)की सन्तान । स्वयम्भुसम्बन्धी (स्वयम्भुका) (त्रि०) । " धाम स्वायम्भुवं ययुः " कुमारः.

स्वार्थिक, (त्रि०) स्वार्थे विहितः ठण् (इक) । व्याकर-णमें कहाहुआ स्वार्थ (अपना अर्थ)में विधान किया-हुआ प्रत्यय.

स्वाराज्, (पु०) स्वः (स्वर्गे) राजते । राज्+क्विप् ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

स्वर्गमें प्रकाशता है (चमकता है)। इन्द्र (देवतोंका राजा). [ब्रह्मपन । इन्द्रपन । इन्द्रत्व.

स्वाराज्य, (न०) स्वराजः-स्वाराजो वा भवः ष्यञ् ।

स्वार्थ, (पु०) स्वस्य अर्थः (प्रयोजनं-अभिधेयो वा)। स्वप्रयोजन। अपना मतलब। और अपना अभिधेय (असली अर्थ)। " सार्थकः स्वार्थबोधकृत् " शब्द-शक्ति प्र०. [" स्वारोचिषेऽन्तरे प्राप्ते " इति चण्डी.

स्वारोचिष, (पु०) द्वितीय मनु । दूसरा मनु ।

स्वास्थ्य, (न०) स्वस्थस्य भावः ष्यञ् । आरोग्य । आराम। सन्तोष (प्रसन्नता)। और सुख.

स्वाहा, (अव्य०) सु+आ+ह्वे+डा-ति । देवताके उद्देश (प्रयोजन)से हवि(घीआदि)का त्यागना (छोड़ना)। अग्निदेवताकी स्त्री " स्वाहयेव हविर्भुजम्" इति रघुः। और एक दुर्गा (स्त्री०) । " नमः स्वाहायै स्वधायै " इति पितृगाथा. [आग.

स्वाहाप्रिय, (पु०) ६ त०। स्वाहाका पियारा। अग्नि।

स्वाहाभुज्, (पु०) " स्वाहा " इति मन्त्रेण त्यक्तं द्रव्यं भुङ्क्ते। भुज्+क्विप्। " स्वाहा " इस मन्त्रसे छोड़ेगये पदार्थको खाता है। देव। देवता. [पूरण.

स्विद्, (अव्य०) स्विद्+क्विप्। प्रश्न (सवाल)। पाद-

स्विन्न, (त्रि०) स्विद्+क्त। घर्मयुक्त। पसीनेवाला.

स्वीकार, (पु०) अस्वस्य स्वस्यकारः (करणं)। स्व+च्वि+कृ+घञ्। ना अपनेको अपना करना। अंगीकार। मान्ना। कबूलकरना.

स्वीय, (त्रि०) स्वस्य इदं (ईय)। ६ त०। स्वसम्बन्धी। अपना। एकप्रकारकी नायिका (स्त्री०).

स्वृ,-शब्द (आवाज़करना)। अक० भ्वा० प० वेट्। स्वरति। अस्वारीत्-अस्वार्षीत्. [(चाह).

स्वेच्छा, (स्त्री०) स्वस्य इच्छा । अपनी अभिलाषा

स्वेच्छामृत्यु, (पु०) स्वेच्छया मृत्युः यस्य । अपनी इच्छासे जिसकी मौत है। भीष्म। अपनी इच्छासे मरनेवाला (त्रि०).

स्वेद, (पु०) स्वेद्-स्विद् वा घञ्। घर्म। पसीना। गर्मी.

स्वेदज, (पु०) स्वेदाज्जायते। पसीनेसे उपजता है। बनकी मक्खीआदि। पसीनेसे हुआ (त्रि०).

स्वेदनी, (स्त्री०) स्विद्यते (पच्यते) अनया। स्विद्+ल्युट्। लोहेका पात्र। तवा। कड़ाही । भूनेका पात्र (तन्दूर-भट्टी). [इच्छा। उसवाला (त्रि०).

स्वैर, (न०) स्वस्य ईरं। ईर्+अच्-वृद्धिः । अपनी

स्वैरिन्, (त्रि०) स्वेनैव ईरयितुं शीलं अस्य । ईर्+णिनि वृद्धिः। स्वेच्छाचारी। अपनी इच्छासे विचरनेहारा। स्वतन्त्र। आज़ाद। व्यभिचारिणी (बदमाश) औरत। (स्त्री०). [किया। आप कमायाहुआ धन आदि.

स्वोपार्जित, (त्रि०) स्वेन उपार्जितं । आप अर्जन-

स्वोवशीय, (न०) श्वः भावि। नि०। प्रसन्नता(खुशी)। सम्पदा। (वह सम्पदा जो आगे होनेवाली है).

ह

ह, (अव्य०) हा+ड। पादको पूरा करनेके लिये। सम्बोधन (बुलाना)। और प्रसिद्ध (मशहूर)। शिवजी। जल। शून्य। मंगल (पु०).

हंस, (पु०) हस्+अच् । पृ०। इस नामका एक पक्षी (परिंदा)। वह राजा जिसके शरीरपर कोईभी रोग नहिं। विष्णु। सूर्य्य। परमात्मा " हंसं तनौ सन्निहितं चरन्तम् " नैषधम्। मत्सर (दूसरेका शुभ देख न सकना)। एकप्रकारका यति (संन्यासी)। एकप्रकारका मन्त्र। एकप्रकारकी शरीरमें वायुकी चेष्टा (हर्कत-किया)। एकप्रकारका घोड़ा। सुमेरु पर्वत (पहाड़)। शिवजी। श्रेष्ठ । बहुतशुद्ध । अजपामन्त्रके अक्षर। " हंकार "से बाहिरजाता और " सकार " से फिर प्रवेश करता है। " हंस " यह मन्त्र जीव निरन्तर जपता रहता है.

हंसक, (पु०) हंस इव कायति (शब्दायते)। कै+क हंसकी नाईं शब्द कर्त्ता है। पादकटक (पाँवका कड़ा-पजेब)। नुपूर (झाञ्जर)। कड़िआँ.

हंसगामिनी, (स्त्री०) हंस इव (मृदु) गच्छति। गम्+णिनि। हंसकी नाईं कोमल जाती है। धीरे २ चलनेवाली स्त्री। " हंसेन गच्छति " हंसके साथ (उसपर चढ़कर) जाती है। णिनि। ङीप्। ब्रह्माणी। एक शक्ति.

हंसनादिनी, (स्त्री०) हंसके समान शब्द कर्त्ती है। हाथीकी गति (चाल)। तन्वी (सूक्ष्मअंगवाली), कोइलकी भांति आलाप (बोलना), और नितम्ब (चूतड़) भारी (गुर्विणी) इस प्रकारके लक्षणोंवाली (स्त्री).

हंसमाला, (स्त्री०) ६ त०। पंक्ति (कतार)के स्वरूपमें स्थित होरहा हंसोंका समूह। हंसोंकी कतार.

हंसरथ, (पु०) हंसः रथः (वाहनं) यस्य । हंस जिसका रथ (गाड़ी) है । चर्तुमुख(चारमुखवाला) ब्रह्मा। " हंसवाहन " आदिभी.

हंसारूढ, (पु०) हंसं आरूढः। आ+रुह्+क्त। हंसपर चढ़ाहुआ। ब्रह्मा। उसकी शक्ति। ब्रह्माणी (स्त्री०).

हंसी, (स्त्री०) हंसस्य भार्य्या । ङीप् । हंसकी स्त्री। बाईस अक्षरोंके पादवाला छन्दोभेद.

हंहो, (अव्य०) हं+हा+डो । सम्बोधन (बुलाना)। अरेरे। प्रश्न (सवाल).

हञ्जे (ञ्जा), (अव्य०) जप्+डे-डा वा। नाटकमें चेटी-(चेड़ीका सम्बोधन). [अहटीत्-अहाटीत्.

हट्,-दीप्ति (चमकना) भ्वा० प० अ० सेट्। हटति।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

हट्ट, (पु०) हट्+ट । क्रयविक्रयस्थान (मोललेने और वेचनेकी जगह) । " प्रतिहट्टपथे घरट्टजात् " इति नैषधम्.

हट्टचौरक, (पु०) हट्टे (प्रकाशिते स्थाने) एव चौरः । स्वार्थे कन् । खुली जगहपर चोरीकरनेवाला । हट्टका चोर.

हठ, (पु०) हठ्+अच् । बलात्कार । ज़ोरकरना । ज़ोरावरी.

हठयोग, (पु०) हठात्कारेण योगः । हठकरके परमात्माके साथ जुड़ना । प्राणायाम (प्राणोंका रोकना)आदि क्रियाके अभ्याससे उत्पन्नहुआ राजयोगके विनाही परमात्माका साक्षात्काररूप चित्तकी वृत्तिका रोकना.

हड्ड, (न०) हड्+ड । पृ० । अस्थि । हड्डी (हाड़-हड्ड) । कन् । एक जाति.

हण्डा, (स्त्री०) हन्+डा । बड़ा मट्टीका पात्र (वर्त्तन) । हांडी । " हण्डे " नाटकमें नीचका सम्बोधन (नीचको बुलाना).

हत, (त्रि०) हन्+क्त । नाशित । नाशहुआ । प्रतिहत । मारागया । बांधाहुआ । आशासे रहित । और गुणहुआ । " भावे क्त " । मारना । और गुणना (न०).

हतक, (त्रि०) हत इव (नष्टप्रायत्वात्)कन् । मानों मराहुआ है । रुढ़ाहुआ । गयागुजरा.

हताश, (त्रि०) हता आशा यस्य । जिसकी आशा जातीरही । आशाशून्य । दयारहित । और पिशुन (चुगलखोर).

हति, (स्त्री०) हन्+क्तिन् । हनन (मारना) । और गुणना.

हत्या, (स्त्री०) हन्+क्यप् । मारना (वध) । प्राणवियोगानुकूलव्यापार (प्राणोंसे विछोड़नेका काम) । किसीको प्राणोंसे जुदाकरना । " ब्रह्महत्या सुरापानं " स्मृतिः. [हदते । अहदिष्ट.

हद्, -(विष्ठोत्सर्ग) मलछोड़ना (हगना) । भ्वा० आ० ।

हन्,-वध (मारना) । गति (जाना) अदा० पर० स० अनिट् । हन्ति । अवधीत् । " कुञ्जं हन्ति कृशोदरी " इत्यादिमें अलंकारशास्त्रके जानेहारे । "गति" अर्थमें मानते है (इसीको निहतार्थता-असली अर्थका टूटना कहते हैं).

हनु (नू)मत्, (पु०) हनु (नू)+अस्ति अर्थे मतुप् । ठोड्डीवाला । रामचन्द्रजीका अनुचर (सेवक) । अञ्जनाके गर्भसे उत्पन्नहुआ वायु (हवा)का पुत्र । एक विशेष वानर.

हन्त, (अव्य०) हन्+त । हर्ष (खुशी) । दया । विषाद (मनका टूटना) । आर्त्ति (पीड़ा) । किसी वाक्यका आरम्भ । खेद.

हन्तकार, (पु०) हन्त (हर्षस्य) कारः (करणम्) । " हन्त " इत्यस्य कारः (उच्चारणम्) वा । कृ+घञ् । खुशीका करना । वा " हन्त " (खुशीहो) इस शब्दका उच्चारण करना । अतिथिको देनेलायक अन्न । (हंहा) । और हन्तशब्दका प्रयोग.

हन्तृ, (त्रि०) हन्+तृच् । हननकर्त्ता । मारनेवाला । जिसका स्वभाव दूसरेको मारनेका पड़गया है । स्त्रीमें ङीप् । हन्त्री. [कृतपुरीषोत्सर्ग.

हन्न, (त्रि०) हद्+क्त । जिसने मलत्याग किया है ।

हम्भा (म्मा), (स्त्री०) हम्+भा । हम्म्+अङ् वा । गौओंकी ध्वनि (आवाज़) । पृ० । " हम्बा " भी.

हय्,-गति (जाना) । पृ० अक० भ्वा० प० सेट् । हयति । अहयीत्.

हय, (पु०) हय्-दिवा अच् । घोटक । घोड़ा.

हयग्रीव, (पु०) हयस्य इव दीर्घा ग्रीवा अस्य । घोड़ेकी नाईं जिसकी लंबी गर्द्दन है । विष्णुका एक अवतार । और एक दैत्य । "हयग्रीववधोपेतं तद्वै भागवतं विदुः" इति पुराणम् । दुर्गा (स्त्री०).

हर, (पु०) हृ+अच् । रुद्र । अग्नि (आग) । गर्द्दभ (गधा) । और विभाजक (वांटनेहारा) । हृ+भावे अप् । हरण (लेजाना) । और विभाजन (वांटना).

हरण, (न०) हृ+भावे ल्युट् । स्थानान्तरकरण । दूसरी जगहपर लेजाना । और विभाजन (वांटना) । "कर्म्मणि ल्युट्" यौतकादि(दाज-दहेज)में देनेलायक धन.

हरगौरी, (स्त्री०) हरदेहार्द्धहरा गौरी । महादेवके आधे देहको लेनेहारी पार्वती । अर्द्धनारीश्वररूप शिवजी और पार्वतीका मूर्तिविशेष । द्वन्द्व० । शिवपार्वती । द्वि० व०.

हरतेजस्, (न०) ६ त० । महादेवका तेज । पारद (पारा) और शिवजीका वीर्य्य । " हरवीज " आदिभी इसी अर्थमें.

हरशेखरा, (स्त्री०) हरस्य शेखरं आवासत्वेन अस्ति अस्याः अच् । महादेवका सिर जिसका निवासस्थान है । गंगा.

हरि, (पु०) हृ+इन् । विष्णु । सिंह (शेर) । सर्प (सांप) । वानर (वंदर) । भेक (मेंडक-डड्डू) । चन्द्र (चांद) । सूर्य्य । वायु (हवा) । अश्व (घोड़ा) । यमराज । महादेव । ब्रह्मा । ब्रह्म । किरण । नौ वर्षोंमेंसे एक । मयूर (मोर) । कोकिल (कोइल) । हंस । शुक (तोता) । भर्तृहरिनामक वाक्यपदीयआदि ग्रन्थका वनानेहारा पण्डित । इन्द्र । पीत (पीला) । और हरा रंग । उसवाला (त्रि०) । " हरिं विदित्वा हरिभिश्च वाजिभिः " इति रघुः.

हरिकेश (पु०) हरिः (पिंगलः) केशः अस्य । पीले केशोंवाला । शिव । शिवका भक्त एक यक्ष (एकप्रकारका देवता).

हरिचन्दन, (न०) हरेः (इन्द्रस्य) प्रियं चन्दनम् ।

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

इन्द्रका पियारा चन्दन । देवताओंका एक वृक्ष । विष्णु-का पियारा चंदन । गोशीर्षनामक मलयके एकदेशमें उत्पन्नहुआ चंदनविशेष । केसर.

हरिण, (पु०) हृ+इनन् । इस नामका पशु । हिरन । शिव । विष्णु । हंस । चिट्टा रंग । उसवाला (त्रि०).

हरिणहृदय, (पु०) हरिणस्य इव भीतं हृदयं अस्य । जिसका हृदय हिरनकी नाईं डरता है । भीरु । डरपोक । डरनेवाला.

हरिणाक्षी, (स्त्री०) हरिणस्य इव अक्षिणी यस्याः । षच् समा०ङीप् । जिसके नेत्र हिरनके समान हैं ऐसी स्त्री । हरिणके समान नेत्रोंवाली (त्रि०) । हट्टविलासिनी नाम गंधवाला द्रव्य.

हरिणाङ्क, (पु०) हरिणः (शशनामकः मृगः) अंकः (चिह्नं) अंके (क्रोड़े) वा यस्य । शशनामी हरिणके चिह्नवाला । वा जिसकी गोदमें हरिण है । चन्द्र (चांद) । चन्द्रमा.

हरित, (पु०) हृ+इति । नीला और पीला रंग मिला-हुआ । और पत्तोंका रंग । उसवाला (त्रि०) । सूर्य्यका घोड़ा । मूंग । शेर (सिंह) । सूर्य्य । और विष्णु (पु०).

हरिताल, (न०) हरिवर्णस्य(पीतवर्णस्य) तालः (प्रतिष्ठा) यत्र । जहां हरेरंगकी प्रतिष्ठा है । पीले रंगका एक प्रकारका उपधातु । हरिताल.

हरितालिका, (स्त्री०) हरेः तालः (हस्ततालः) यस्यां कप् । भादोंके शुक्लपक्षकी तृतीया.

हरिद्वार, (न०) हरेः (तत्प्राप्तेः) द्वारं (सेवनात्) । हरिके मिलनेका दर्वाज़ा (सेवा करनेसे) । इस नामका तीर्थ.

हरिनामन्, (न०) हरेर्नाम तदाख्याने वा । हरिका नाम । वा उसकी प्रसिद्धि । " हरिकी नाईं जिसका नाम है" मूंग (पु०).

हरिनेत्र, (न०) हरेः नेत्रं इव । मानों हरिकी आंख है । श्वेतपद्म । चिट्टा कमलफूल । ६ त० । विष्णुकी आंख । शेरकी नांई जिसका नेत्र है (लंबा होनेसे) । पेचक (उल्लु) (पु०). [मरकतमणि.

हरिन्मणि, (पु०) हरिद्वर्णः मणिः । हरे रंगकी मणि ।

हरिभक्त, (त्रि०) हरौ (विष्णौ) भक्तः । विष्णुमें भक्त (पूजाके योग्य समझकर प्रेमकरनेहारा) । विष्णुकी भक्तिकरनेहारा । " सब जीवोंमें एकही भाव समझकर विष्णुकी भावना करके निरन्तर हरिकी भक्तिमें लगा रहनेवाला " । सब स्थानमें समदृष्टिसे हरिकी सेवाकरनेहारा (पु०).

हरिभुज, (पु०) हरिं (भेकं) भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मेंडकको खाता है । सर्प (सांप).

हरिवंश, (पु०) ६ त० । विष्णुका वंश (खान्दान) । महाभारतमें एक ग्रन्थका नाम. [वर्षोंमेंसे एक.

हरिवर्ष, (न०) हरिनामकं वर्षं । जम्बुद्वीपके नौ

हरिवासर, (न०) हरिप्रियं वासरं । हरिका पियारा दिन । एकादशीका दिन । और द्वादशीका पहिला पाद (हिस्सा).

हरिवाहन, (न०) हरिं वाहयति (स्थानान्तरं नयति) । वह्+णिच्+ल्यु । हरिको दूसरे स्थानपर ले जाता है । हरिकी सवारी । गरुड़ । ६ त०.

हरिबीज, (न०) हरेः बीजं (उत्पत्तिकारणत्वेन) अस्ति अस्य अच् । हरिके बीजसे उत्पन्नहुआ । हरिताल । हड़ताल । "हरितालं हरेर्बीजं लक्ष्म्या बीजं मनःशिला " इति वैद्यकम्.

हरिशयन, (न०)हरेः शयनं (निद्रा) । विष्णुकी नींद । हरेः शयनं यत्र तदुपलक्षितः कालः । वह समय कि जब हरि योगनिद्रामें सोते हैं । आषाढ़की शुक्ल-द्वादशीसे लेकर कार्त्तिकशुक्ल द्वादशीतक चार महिनेका समय.

हरिश्चन्द्र, (पु०) हरिः चन्द्र इव (ऋषिअर्थमें सुट् होता है) । हरि मानों चन्द्रमा है । सूर्य्यवंशमें त्रिशंकुका पुत्र । एक राजा (ऋषिसे भिन्नअर्थमें सुट् नहिं होता) । हरिचन्द्र.

हरिसंकीर्तन, (न०) हरेः (हरिनाम्नः) संकीर्त्तनं (कथनम्) । श्रीविष्णुका नाम उच्चारण करना । हरिनाम लेना " सकलं निष्फलं राजन् हरिसंकीर्त्तनं विना " पुराणम्.

हरिहय, (पु०) हरिवर्णः हयः यस्य । जिसका घोड़ा हरे रंगका है । इन्द्र । " हरिं विदित्वा हरिभिश्च वाजिभिः " रघुः.

हरिहर, (पु०) हरियुक्तो हरः । एकप्रकारकी मूर्त्ति । जिसका एक आधा हरि और दूसरा आधा हर है । द्वित्व० । शिवनारायण.

हरिहरक्षेत्र, (न०) हरिहरयोः प्रियं क्षेत्रम् । हरि और हरका पियारा स्थान । वह स्थान कि जहां गंगा और गण्डकीका संगम होता है । पाटलिपुत्र (पटना)-के उत्तरकी ओर एक तीर्थ.

हरीतकी, (स्त्री०) हरिं (पीतवर्णं) फलद्वारा इता (प्राप्ता) इण+क्त । संज्ञायां कन्-ङीप् । इस नामक एक वृक्ष (जिसका फल पीला होता है) । हरीडका फल, "कदाचित् कुपिता माता नोदरस्था हरीतकी" वैद्यकम्.

हर्तृ, (त्रि०) हृ+तृच् । चुरानेहारा । चोर । और सूर्य्य (पु०). [(एकप्रकारका घर) । महल.

हर्म्य, (न०) हृ+यत्-मुट्च । धनिओंका गृहविशेष

हर्य्यक्ष, (पु०) हरि (पिङ्गलं) अक्षि अस्य । षच्

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

...रा)। शीतलस्पर्श (ठण्डा छूना)। उस-
...(त्रि०)। छोटी इलाइची। नागरमोत्था (स्त्री०)।
...ग्रहायण (मग्गर) और पौष (पोह)स्वरूपऋतु
...ौसिम)। चंदनका द्रख्त। चन्द्र (चांद)। और
...फूर (पु०).

...कर, (पु०) हिमः करः (किरणः) यस्य। जिसकी
...रण वर्फ है। कृ+अच्। चन्द्र (चांद)। और
...ाफूर.

...गिरि, (पु०) हिममयो गिरिः। हिमप्रधानो वा गिरिः।
...र्फका पहाड़। वा जहां बहुत वर्फ है। हिमालयका
...हाड़. [वाला। हिमालयका पर्वत (पहाड़).

...प्रस्थ, (पु०) हिमः प्रस्थः यस्य। शीतल चोटी-

...त्, (पु०) हिमानी (प्राचुर्य्येण) अस्ति अत्र।
... "म" को "व" होता है। जहां बहुत वर्फ
...ती है। हिमालय पर्वत.

...संहति, (स्त्री०) ६ त०। हिमसमूह। वरफका ढेर.

...ांशु, (पु०) हिमाः अंशवः अस्य। शीतलकिरणों-
...ाला। चंद्रमा। चांद। और कर्पूर। काफूर.

...ागम, (पु०) हिमस्य आगमः यत्र। जिसमें वरफ
...ाती है। अग्रहायणी (मग्गर) और पौष (पूस)
...रूप दो महीनोंका ऋतु (मौसिम).

...द्रिजा, (स्त्री०) हिमाद्रौ जायते। जन्+ड।
...हमालयमें उत्पन्न होती है। क्षीरिणी। पार्वती। और
...ंगा. [दुर्गा। पार्वती.

...द्रितनया, (स्त्री०) ६ त०। हिमालयकी पुत्री।

...ानी, (स्त्री०) हिमानां संहतिः। हिम+ङीप्-आनुक्-
...। हिमसमूह। बरफका ढेर। "आगता बत जरेव
...हिमानीत्युद्भटः" [आकका वृक्ष। आग.

...माराति, (पु०) ६ त०। वरफका शत्रु। सूर्य्य।०

...ालय, (पु०) हिमानां आलयः। वरफोंका घर।
...एक पहाड़. [समय उपजता है। उत्पल। कमलफूल.

...ोज्ज, (न०) हिमकाले जायते। जन्+ड। शीतके

...रण्मय, (त्रि०) हिरण्यात्मकं। मयट्। नि०। सोने-
...का बनाहुआ। स्त्रियां ङीप्। "हिरण्मयी सीताप्रति-
...कृतिः" उत्तररामचरितम्। नौं वर्षोंमेंसे एक (न०)।
...पूर्य्यमण्डलमें रहनेहारा परम ब्रह्म। "य एष हिरण्मयः
...पुरुषो दृश्यते हिरण्याक्षः" छान्दोग्यम्.

...ण्य, (न०) हिरणमेव (स्वार्थे) यत्। सुवर्ण। सोना।
...तूरा। धन. [दितिमें हुआ).

...ण्यकशिपु, (पु०) एक दैत्य (वह कश्यपसे

...ण्यकशिपुहन्, (पु०) हन्+क्विप्। ६ त०। हि-
...ण्यकशिपुको मारनेहारा। विष्णु.

...ण्यगर्भ, (पु०) हिरण्यं (स्वर्णमयाण्डं) गर्भः
...(उत्पत्तिस्थानं) अस्य। सोनेके अंडेसे निकला। चार

मुखवाला ब्रह्मा (वह सोनेके अंडेसे निकला था)।
शालग्राममूर्तिविशेष.

हिरण्यवाह (हु), (पु०) हिरण्यं वाहयति (प्रापयति) भक्तान्। भक्तोंको सोना पहुंचाता है। "हिरण्य-वर्णः बाहुरिव तरंगा यस्य"। सोनेकी भुजाके समान जिसके तरंगें (लहरें) हैं। महादेव। शोणनामी एक नद (बड़ादर्य्या).

हिरण्यरेतस्, (पु०) हिरण्यं रेतः यस्य। जिसका वीर्य्य सोना है। वह्नि (आग)। और चित्रकवृक्ष.

हिरण्याक्ष, (पु०) कश्यपका पुत्र। एक दैत्य. [त्याग.

हिरुक्, (अव्य०) हि+उकिक्-रुट् च। वर्जन (रोकना)।

हिल्लोल्,-दोलन (झुलाना) चु० उ० स० सेट्। हिल्लो-लयति-ते. [झुलाना.

हिल्लोल, (पु०) हिल्लोल्+अच्। तरंग (लहर)। घञ्।

हिव्,-प्रीणन (प्रसन्नकरना) भ्वा० प० स० सेट्। इदित्। हिन्वति। अहिन्वीत्. [चौथा स्थान.

हिवुक, (न०) हिवि+उकक्। नि०। ज्योतिषमें लग्नसे

हिंस्,-वध (मारना) वा चु० उ० रुधा० प० सक० सेट्। इदित्। हिनस्ति। हिंसयति-ते। अहिंसीत्। अजि-हिंसत्-त. [विषाद (मनका टूटना)। और शोक.

ही, (अव्य०) हि+डी। विस्मय (हैरानी)। दुःख।

हीन, (त्रि०) ही+क्त। "त" को "न" होताहै। ऊन (कम)। निन्दाके लायक। और अधम (नीच).

हीनवादिन्, (पु०) कर्म्म०। पूर्ववाद (पहिला झगड़ा)-को छोड़कर जो किसी औरका अवलम्वन कर्त्ता है। असली विषयको छोड़ कर किसी दूसरे विषयमें धस-नेहारा। एकप्रकारका वादी (मुद्दई) धर्म्मशास्त्रमें.

हीनाङ्ग, (त्रि०) हीनं अंगं यस्य। स्वभावसे न्यून (कम)-अंगवाला। अंधा। लंगड़ा। लूलाआदि। स्त्रियां वा ङीप्.

हीर, (न०) हृ+क। नि०। वज्र। और हीरा। शिव। सांप। हार। और सिंह (शेर) (पु०)। स्वार्थे कन्। हीरारूप एक मणि.

हु,-होमकरना (आगमें घीआदिका डालना)। जुहो० प० सक० अनिट्। जुहोति। अहौषीत्.

हुङ्कार, (पु०) "हुं" इत्यव्यक्तस्य कारः। कृ+घञ्। उप०। "हुं" इस प्रतिषेधसूचक (रोकको जतलाने-हारा)शब्दका उच्चारणकरना। "मौनव्रतं मसे कष्टं हुङ्कारेणापि नश्यति" पुराणम्.

हुड्,- राशीकरण (इकट्ठाकरना) भ्वा० आ० स० सेट्। इदित्। हुण्डते.

हुड, (पु०) हुड्+क। मेघ (वादल)। चोरको रोक-नेके लिये पृथिवीमें गाडाहुआ लोहेका कील (मेख).

हुत, (त्रि०) हु+क्त। देवताके उद्देशसे मन्त्रपढ़कर

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

आगमें डालागया घीआदि । होमकियाहुआ " भावे क्त " होम (न०).

हुतभुज्, (पु०) हुतं (मन्त्रेण प्रक्षिप्तं) घृतादि भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मन्त्रपूर्वक फेंकेहुए घीआदिको खाता है । अग्नि । आग.

हुतवह, (पु०) हुतं (घृतादिकं) वहति (प्रापयति) देवान् प्रीत्यर्थं । वह्+अच् । होमकियेहुए घीआदिको देवताओंके पास पहुंचाता है (उनकी प्रसन्नताके लिये) । अग्नि । आग । और चित्रकवृक्ष.

हुताश, (पु०) हुतं अश्नाति । अश्+अण् । होमकियेहुएको खाता है । वह्नि (आग) और चित्रकवृक्ष.

हुति, (स्त्री०) हु+क्तिन् । होम.

हुम्, (अव्य०) हु+डुमि । स्मरण (यादकरना) । प्रश्न (सवाल) । अनुज्ञा (हुक्म) । निवारण (हटाना).

हुहु (हू), (पु०) ह्वे+डु । नि० । एक गंधर्व (देवताओंमें गवैया).

हुङ्कार, (पु०) हूं+कृ+घञ् । अवज्ञा (निरादरी)को जतलानेहारा एकप्रकारका शब्द । "हुंकारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका ततः " चण्डी. [हुआ).

हूत, (त्रि०) ह्वे+क्त । सम्प्रसारण । आहुत (बुलाया-

हूति, (स्त्री०) ह्वे+क्तिन्-सम्प्रसारण । आह्वान । बुलाना.

हून(ण), (पु०) ह्वे+नक्-संप्रसारण । एक म्लेच्छोंकी जाति । उनके रहनेका देशविशेष.

हूर्च्छन, (न०) हूर्च्छ+ल्युट् । कुटिलता । तिर्छापन.

हृ,-हरण (चोरीकरना) । लेजाना । भ्वा० उभ० द्विक० अनिट् । हरति-ते । अहार्षीत्-अहृत.

हृ,-बलात्कारहरण (हठ-ज़ोरावरी लेजाना) । जु० प० स० अनिट् (वेदमें आता है) । जहर्त्ति । अहार्षीत्.

हृच्छय, (पु०) हृदि शेते । शी+अच् । हृदयमें सोता है । कामदेव । हृदयशायी (त्रि०).

हृच्छूल, (न०) ६ त० । शूलरोगभेद । एकप्रकारका पेटकी पीड़ाका रोग. [अहृणीयत्.

हृणी,-निन्दाकरना । कण्ड्वा० आ० अ० सेट् । हृणीयते ।

हृणीया, (स्त्री०) हृणीय+अ । निन्दा.

हृत्कम्प, (पु०) ६ त० । हृदयका कांपना । दिलधड़-कना ( ) किसी प्रकारके भय (डर)आदिसे दिलका थराना.

हृत्, (त्रि०) हृ+क्विप्-तुकच । लेजाने वा चुरानेवाला । " त " को " द " होता है । " हृदय " को " हृत् " का आदेश विकल्पसे होता है । हृदय (दिल) और-मन (न०). [दूसरे स्थानपर लेजाया गया.

हृत, (त्रि०) हृ+क्त । अपहृत (चुरायागया) । और

हृदय, (न०) हृ+कयन्-दुकच । मन । और वक्ष-

(छाती) । हृद् एति (हृदयमें आता है) । ब्रह्म । " हृदयं तस्माद्धृदयमिति" श्रुतिः.

हृदयग्रन्थि, (पु०) हृदयस्य ग्रन्थिः । हृदयका अविद्या(मूल)के साथ सम्बन्धरूप संसारका । "भिद्यते हृदयग्रन्थि" रिति भागवतम्.

हृदयङ्गम, (न०) हृदयं गच्छति । गम्+ख-मुम्च । हृदयमें जानेवाला । युक्तियुक्तवाक्य । युक्तिसहितवाक्य मनोहर (त्रि०).

हृदयस्थान, (न०) हृदयस्य (मनसः) स्थानं-हृदयं वा स्थानं । मनकी जगह वा मनोरूप जगह । स्थल । छातीका स्थान.

हृदयिक, (त्रि०) हृदयं (प्रशस्तमनः) अस्ति अस्य, ठन् । प्रशस्तचित्त । अच्छेचित्तवाला । " इनि अर्थे. [सालिक.

हृदयेश, (पु०) ६ त० । हृदयका स्वामी । भर्त्ता ।

हृदावर्त्त, (पु०) हृदिस्थ आवर्त्तः । छातीपरका घेरा । घोड़ेकी छातीपर आवर्त्त (गोल) स्वरूपवाला रोयेंका समूह. [ना.

हृदिका, (स्त्री०) द्रोणके श्यालक (सावे) कृपाचार्य्यकी

हृदिस्पृश, (त्रि०) हृदि (हृदये) स्पृश्यते अर्थात् कर्म्मणि क्विन् । अलुक् समा० । जो हृदयमें छूता है हृद्य । मनोहर । खूबसूरत । " कर्त्तरि क्विन् " । मनको छूनेहारा । दुःखके देनेहारा.

हृद्य, (न०) हृदि स्पृश्यते (मनोज्ञत्वात्) हृद्+ यत् । हृदयमें छूता है (मनोहर होनेसे)। गुड़त्वच् (दारचीनी)। मनोहर (त्रि०). [(बीमारी) और का

हृद्रोग, (पु०) ६ त० । हृदयका एकप्रकारका रोग

हृद्कण्टक, (पु०) ६ त० । हृदयके कांटनेहारा । (पेट).

हृल्लास, (पु०) हृदयस्य लासो यत्र (हृदादेशः) । हृदयका फड़कना । हिक्का (हिचकी)का रोग (इससे हृदय फड़कता हुआ प्रतीत होता है).

हृल्लेख, (पु०) हृदयं लिखति (स्पृशति) । लिख्+अ । हृदादेशः । हृदयको छूता है । ज्ञान (जान्ना) । तर्क । दलील । और तन्त्रमें मन्त्रविशेष । औत्सुक्य (शौक) (स्त्री०).

हृष्,-हर्ष (खुशहोना) । और चित्तोत्साह (दिलका दिलेर होना) । दि० प० अ० सेट् । हृष्यति । अहृषत् । अहर्षीत्.

हृषित, (त्रि०) हृष्+क्त । खुशहुआ (प्रीत) । विस्मित (हैरानहुआ) । जातरोमाञ्च (जिसके रोयें खड़े हो गये हों).

हृषीक, (न०) हृष्+ईकक् । विषयको ग्रहण करनेहारा । (श्रोत्रआदि) इन्द्रिय (ज्ञानका साधन).

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

०। पीली आंखवाला । सिंह (शेर)। और [हरेरंगका है । इन्द्र.

त्र, (पु०) हरिवर्णः अश्वः अस्य । जिसका घोड़ा

(पु०) हृष्+घञ् । सुख । चाहीगई वस्तुके पानेसे ,पजा आनन्द.

ण, (पु०) हर्षयति (अभीष्टदानात्)। हृष्+णिच्+ ल्यु । खुशी देता है (चाहीगई वस्तुके देनेसे)। विष्कम्भआदिमें चौदवां योग । हर्षकरानेहारा (त्रि०)। " हृष्+ल्युट् " हर्ष (न०).

हर्षमाण, (पु०) हृष्+ताच्छील्ये चानश् । एक श्राद्धका देवता । हृष्टचित्त (जिसका चित्त प्रसन्न है) (त्रि०).

हर्षिणी, (स्त्री०) हृष्+णिच्+णिनि-ङीप् । विजया (खुशी-देनेहारी)। भांग । हर्षकारक (खुशीदेनेहारा) (त्रि०).

हर्षित, (त्रि०) हर्षः जातः अस्य इतच् । जातानन्द । खुशहुआ २. [अहालीत्.

हल्,-विलेख (खेंचना) भ्वा० प० सक० सेट् । हलति ।

हल, (न०) हल्यते (कृष्यते) अनेन । हल्+घञ्के अर्थमें क । लाङ्गल । हल.

हलधर, (पु०) हलं धरति (आयुधत्वेन) धृ+अच । हलको ...से धारण कर्त्ता है । बलराम । कृषक (खेत...) । किसान (त्रि०).

हलभूति, (स्त्री०) हलेन (हलसाध्या) भूतिः । हल चलाकर सिद्धहुई जीविका.

हला, (स्त्री०) हेति लीयते । नाट्योक्तिमें सखीका संबोधन । सखी (सहेली)। पृथिवी । और जल (पानी).

हलायुध, (पु०) हलेन आयुध्यति । आ+युध्+क । हलसे लड़ाई करता है । बलदेव.

हलाहल, (पु०) हलेन इव आहलति (विलिखति)। हलके समान खेंचता है । आ+हल्+अच् । एकप्रकारका विष (ज़हिर).

हलिन्, (पु०) हलः अस्ति अस्य आयुधत्वेन इनि । जिसका हल शस्त्र है । बलराम । कृषक (किसान) (त्रि०).

हल्य, (त्रि०) हलं (हलकर्षणं) अर्हति । तस्य इदं वा यत् । हलसे खेंचाहुआ खेतआदि । और हलका । " हलोंका समूह " यत् (स्त्री०).

हव, (पु०) हु+अप् । ह्वे+अप् । पृ० वा । यज्ञ । आज्ञा (हुक्म)। होम । और आह्वान (बुलाना).

हवन, (न०) हु+ल्युट् । होम । देवताआदिके उद्देशसे मन्त्रपढ़कर वह्नि (आग) में घी आदिका फेंकना.

हवनी, (स्त्री०) हूयते अस्यां । हु+ल्युट् । होम किया-जाता है इसमें । यज्ञका कुण्ड.

हवनीय, (त्रि०) हु+कर्म्मणि अनीयर् । होमका पदार्थ.

हविष्यान्न, (न०) कर्म्म० । व्रतआदिमें खानेलायक द्रव्यविशेष.

हविस्, (न०) हूयते । हु+कर्म्मणि असुन् । होम किया-जाता है (घी)। होमकरनेलायक प्रत्येक पदार्थ.

हव्य, (न०) हु+कर्म्मणि यत् । देवताके लायक अन्न । होम करनेलायक द्रव्य (त्रि०)। " भावे यत् " होम (न०).

हव्यवाह, (पु०) हव्यं वहति देवान् । वह्+अण् । देवताओंके पास होमके पदार्थको पहुंचाता है । अग्नि.

हस्-हास,-(हसना) भ्वा० प० अ० सेट् । हसति । अहसीत् । (दोष देखकर हसनाअर्थमें सकर्म्मक होता है).

ह (हा)स, (पु०) हस्+अप्-घञ् वा । हसना । एकप्रकारसे मुखका खिलाना (विकाशन).

हसन, (न०) हस्+ल्युट् । प्रीतिसे मुख और कपोल (गल्ल)आदिका विकाशन (खिलाना)। हास्य । हसना.

हसन्ती, (स्त्री०) हस्+झ-ङीप् । अंगारधानिका । अंगीठी । हसनेवाला (त्रि०)। स्त्रियां ङीप्.

हसित, (न०) हस्+भावे क्त । हास्य । हंसना । कर्त्तामें क्त । जो हंसा है । खिलाहुआ.

हस्त, (पु०) हस्+तन् । शरीरका अंग । हाथ । और हाथीकी सूंड । अश्विनीसे तेरहवां नक्षत्र (तारा) (पु० स्त्री०).

हस्तामलक, (न०) हस्तस्थितं आमलकं । हाथपर लियाहुआ आँवलेका फल । सहजहीसे देखनेलायक पदार्थ। वेदान्तप्रसिद्ध ग्रन्थविशेष । " करामलक ".

हस्तिक, (न०) हस्तिनां समूहः कन् । हाथियोंका समूह. [में गाड़ीगई किली.

हस्तिदन्त, (पु०) ६ त० । हाथीका दांत । घरकी दीवार-

हस्तिन्, (पु०) हस्तः (शुण्डादण्डः) अस्ति अस्य । सूंडरूपी डण्डेवाला । गज (हाथी) । चन्द्रवंशी एक राजा.

हस्तिनापुर, (न०) हस्तिना (तदाख्यनृपेण चिह्नितं तत्कृतत्वात्) पुरं । अलुक् समा० । हस्तिनामक राजासे बनाया गृह । नगर । दिल्ली नगर.

हस्तिनी, (स्त्री०) हस्तिनः योषा । ङीप् । हाथीकी स्त्री । हथिनी । करिणी । एकप्रकारकी स्त्री.

हस्तिप, (पु०) हस्तिनं पाति । पा+क । हाथीपर चढ़नेहारा । हस्त्यारोह । हाथीवान् । स्वार्थे कन्.

हस्तिमद, (पु०) ६ त० । हाथीकी सूंडसे निक... मस्तीका पानी । एकप्रकारका गंधवाला द्रव्य...

हस्त्यारोह, (पु०) हस्तिनं आरोहति । ... हाथीपर चढ़ता है । हाथीवान् । ह...

हा,-त्याग (छोड़ना) । जु० प० ... अहासीत्.

हा,-गति (जाना) जु० आ०...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

हा, (अव्य०) हा+का । विषाद । शोक । पीड़ा । निन्दा.
हाटक, (न०) हट्+ल्युट् । एक देश । उस देशमें उत्पन्न हुआ सोना । धत्तूरा । सोनेका बनाहुआ (त्रि०).
हान, (न०) हा+भावे क्त । परित्याग । छोड़ना.
हानि, (स्त्री०) हा+क्तिन् । नि० निः । क्षति । अपचय । नुकसान.
हायन, (पु०) जहाति (अम्बु) । हा+ल्यु-नि० । व्रीहि । धान । (भावं) जहाति । वत्सर (वरिस) । आगकी लाट (स्त्री०).
हार, (पु०) हृ+कर्म्मणि घञ् । एकप्रकारकी मोतिओंकी माला । माला । " कर्त्तरि घञ् " । बाँटनेहारा । भाजक. [अंक । चुरानेहारा (त्रि०).
हारक, (पु०) हृ+ण्वुल् । चोर- धूर्त्त । खचरा । भाजक
हारावली, (स्त्री०) हार इव आवली । हारकी नाईं कतार । मुक्तावली (मोतिओंका हार) । " शृङ्गारहारावली " इति गंगास्तवः । पुरुषोत्तमका बनायाहुआ एक कोष.
हारिद्र, (पु०) हरिद्रया रक्तः अण् । कदम्ब (कदम)-का द्रख्त, (इसका फूल बहुत पीला होता है) । हल्दीसे रंगाहुआ (त्रि०).
हारिन्, (त्रि०) हारः अस्ति अस्य इनि । हृ+णिनि वा । हारक (चुरानेहारा) । हारवाला । और मनोहारी (सुन्दर).
हारीत, (पु०) हृ+णिच्-इतच् । एक मुनि धर्म्मशास्त्र बनानेहारा । एक पक्षी (मैंना) । और कितव (धूर्त्त-खचरा).
हार्द, (न०) हृदयस्य कर्म्म अण् । " हृद् " का आदेश होता है । स्नेह (पियार) । प्रेम । " हृदि भवः विहितो वा अण् " । हृदयमें हुआ वा जानागया । हृदयका वा हृदयमें जानाहुआ (त्रि०).
हार्य्य, (पु०) हियतेऽसौ । हृ+ण्यत् । विभीतक वृक्ष (बहेड़ा) । हरणीय (लेजाने लायक) (त्रि०).
हाल, (पु०) हलः अस्ति अस्य अण् । हल एव वा अण् । हलवाला । बलराम । और हल. [शराब.
हाला, (स्त्री०) हल्+घञ् । मद (नशा) । तालरसकी
हाला[हल], (पु० न०) हालेव हलति । हल्+अच् । एक-(पु[क]ारका विष (जहिर) । एक कीड़ा । मद्य (स्त्री०)
किसी ...
[...]ना. ... त्रि०) हलेन खनति (हलसे खोदता है) ।
[...]त्रि०) हृ+क्विप्-तुक् [ल]ोचनेहारा) । किसान । " हलः ग्रह-
' को " द " होता है जिसका शत्र है । हलसे युद्धकरने-
[...]देश विकल्पसे होता है । वा ठक्-ठञ् " हलका.
न०). [दूसरे नि० । आह्वान (बुलाना) ।
[...]०) हृ+क्त । अपहृत (... जी चोर ...
(न०) हृ+क्यन्-तुक् च । मन । और ...

हास्तिक, (न०) हस्तिनां समूहः ठण् । हाथिओंका
हास्तिन, (न०) हस्तिना (नृपेण) निर्वृत्तं नगर । हस्तीराजासे बनायागया । (हस्तिनापुर) दिल्ली.
हास्य, (न०) हस्+ण्यत् । हसना । अलंकार विशेष.
हाहाकार, (पु०) हा हा इत्यस्य कारः । ... हाहाकरना । युद्ध(लड़ाई)का शब्द । आवाज़. [...
हि,-बढ़ना और जाना । स्वा० प० सक० अनिट् ।
हि, (अव्य०) हा-हि वा+डि । हेतु (सबब) । ...रण(निश्चय)विशेष । प्रश्न (सवाल) । हेतुका (क्योंकि) । शोक । श्लोकका पूराकरना.
हिंसक, (पु०) हिंस्+ण्वुल् । व्याघ्र (भेड़िया) हिंसक (मारनेवाला) पशु । और शत्रु (दुश्मन) हिंसाकरनेहारा (त्रि०).
हिंसा, (स्त्री०) हिंस्+अ । वध (मारना) । (कतलकरना) । किसीको प्राणोंसे अलग करना जोरआदिका काम.
हिंस्र, (त्रि) हिंस्+र । हिंसाशील ... मारनेवाला घोर (डरावना). [...
हिक्,-शब्दकरना । कूकना । भ्वा० आ० ... सेट् ।
हिक्,-हिंसा (मारना) । चु० आ० स० सेट् । हि... अजिहिक्कत. [(हिचकी
हिक्का, (स्त्री०) । हिक्क+अ । एकप्रकारका ...
हिङ्गु, (न०) हिमं गच्छति । गम्+डु । नि । हीङ् । र... देशका वृक्ष (जिसका रस हीङ्ग होताहै).
हिड्,-गति (जाना) । घूमना । भ्वा० आ० स० ... इदित् । हिण्डते.
हिडिम्ब, (पु०) एकराक्षस (वह भीमसेनसे ... गया) । उस राक्षसकी भगिनी (बहिन) (स्त्रियां टा...
हित, (त्रि०) धा+क्त । हि+क्त वा । ... (नीतगय...) पथ्य (हितकारी) । और मंगल (भलाई).
हितकारिन्, (त्रि०) हितं करोति । कृ+णिनि । ... कारक । भलाईकरनेहारा । हितकरनेहारा.
हितैषिन्, (त्रि०) हितं इच्छति । इष्+णिनि । हि... इच्छा (चाह)करनेहारा । हितेच्छाकारी.
हितोपदेश, (पु०) हितस्य उपदेशः । भलाईका ...देश । हितके लिये उपदेश । विष्णुशर्माका रचा... नीतिविषयको प्रतिपादनकरनेहारा ग्रंथ.
हिन्दोल, (पु०) हिन्दोल्+घञ् । पृ० । दोलन । ...ना । श्रावण(सावनमहीना)के शुक्लपक्षमें ... कियाहुआ झूलनेसे भगवान्‌का झुलानारूप एक... रका उत्सव । एक रागका नाम.
हिम, (न०) हि+मक् । आकाशसे गिराहुआ पा...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

न्ति सृष्टिकर्तृत्वात्, न+हन्+यक् नि-
नके योग्य न हो। ब्रह्मा-गौ (स्त्री०).
) जो सुगन्धिके योग्य न हो-मद्य. शराब.
) अङ्क+घञ्। नाटकका एक भाग-पर्वत-चिन्ह-
का भूषण-समीप। गोद (अस्त्री०) [मोहर.
त्रि०) अङ्क+ल्युट्। चिन्ह-चिन्ह करनेका साधन

पालि, (ली) (स्त्री०) अंक+पा अलि ६ त० वा ङीप्। गोदका सिरा. अंकेन पालयति, अंक+पालि+इ। उपमाता (दाया) अंकस्य पालिरिव त०। आलिङ्गन-गलेमिलना.

न होना।
).
ऽसौ, अग्र+हृ+अच्।
आगेलेनेहारा–पात्र ब्राह्मण.
पूर्वः हायनः। मार्गशिर मास.
) अग्राः श्रेष्ठा हायनाः शालयो यस्यां।
स नक्षत्रकी रात्रीमें उदयकालके समय
उत्पन्न होते हैं यह लोकप्रसिद्ध है।

०) हृ+घञ् (अग्रहर) ब्रह्मचारीको देने-
दे.

) न+ग्रह्+ण्यत् न०त०। न लेनेयोग्य देवताका
दि। न लेनेयोग्य तिल, घोडा सोना आदि.

०) अग्रे भवः, अग्र+डिमच् (बडा भाई)।
न (त्रि०).

०) अग्र+घ, बडा भाई, श्रेष्ठ उत्तम (त्रि०).

०) अग्र+छ बडा भाई, श्रेष्ठ उत्तम (त्रि०).

त्रि०) अग्रे गच्छति, अग्रे+गम्+ड्+अलुक् स०।
नेहारा सेवक.

षु, (पु०) अग्रे+दिधि+सो+कू षत्वं अलुक्स०।
के साथ विवाह करनेहारा। बडी कन्याके विवाहके
प्रथ यदि छोटी विवाह दीजाय तो उसे "अग्रेदिधिषू
कहेंगे" [श्रेष्ठ (त्रि०).

ग्र्य, (पु०) अग्रेभवः, अग्र+यत्। बडा भाई, प्रधान-

घ, (न०) अघ+अच्। पाप व्यसन-दुःख.

घमर्षण, (त्रि०) अघं (पापं) मृष्यतेऽनेन, अघ+मृष्+ल्युट् ६ त०। सम्पूर्ण पापोंके दूर करनेके लिये जपनेयोग्य मन्त्र.

घोर, (पु०) घूर्ण+डोर। न घोरः (शान्तः) न० त०। महादेव, घोरभिन्न (त्रि०) भादोंकी कृष्णा चतुर्दशी (स्त्री).

ष, (पु०) घुष्+घञ् न० त० (नास्ति घोषो यस्य वा) गोपका न होना, शब्दरहित व्याकरणोक्त वर्ण-वर्गोंके १ म, २ य अक्षर और श, ष, स.

(अव्य०) जो शब्द दूरसे पुकारनेके समय नामके

अंकपालिका, (स्त्री०) अंकपालि+क-दाई-वेदी-गोदके पास। गलेमिलना.

अङ्कस्, (न०) अनूज+असुन् कुत्वं। चिन्ह-शरीर.

अङ्कित, (त्रि०) अङ्क+क्त। चिन्हकिया गया-चित्रकियागया-गिनागया.

अङ्कुर, (अस्त्री०) अङ्क+उरच्। बीजसे जो नया उत्पन्न हो-मट्टीको जो फाड कर निकले-तिनका-वृक्ष-जल-शीघ्र उत्पन्न होनेकी समानतासे लोहू-लोम.

अङ्कुरक, (पु०) अनूच्+घुरच् ततः कः। जिसको बडे यत्नसे इकट्ठा कियाजाय। पक्षी आदिका वासस्थान-घुरा.

अङ्कुश, (अस्त्री०) अङ्क+उशच्। हाथीको चलानेके लिये आगेसे टेढा लोहेका एक प्रकारका अस्त्र-अंकस.

अङ्कुशदुर्द्धर, (पु०) दुर्+धारि+खल् ह्रस्व ३ त०। दुर्दान्तहस्ती-जिस हाथीको वशमें लाना कठिन हो। मतवारा हाथी.

अंकोल, (ट) (ठ) अंक्यते लक्ष्यते कीलाकारकंटैः, अंक्+ओट (ठ) (ल) आकोडनामी वृक्ष (जिसके फूल पीले औ सुगन्धियुक्त, लंबे २ कांटोंवाला, एवं फल जिसके लालरंगके होतेहैं). [वृक्षकी विष.

अंकोलसार, (पु०) अंकोलस्य सारः ६ त०। अंकोट

अंकोलिका, (स्त्री०) अक्+वल्+अच् सम्प्रसारणे, अंकोला+क (यह शब्द अंकपालिकाका अपभ्रंश प्रतीत होताहै.) आलिंगन करना-गलेमिलना.

अंक्य, (पु०) अंक+यत्। गोदमें रखकर बजानेका वाजा. मृदंग (तबले) आदि. [उपाय-मन.

अंग, (न०) अंग्+अच्। देहावयव-जोड़-एकदेश-मित्र-

अंगग्रह, (पु०) अंग+ग्रह ६ त०। देहकी पीडा.

अंगज, (न०) अंगात् जायते, अंग+अन्+ड। रुधिर। पुत्र-केश-जो कुछ देहसे निकले (त्रि०). [वेड़ा

अंगण, (न०) अगि-गतौ-अंग्+ल्युट् वा णत्वं। आंगन

अंगति, (पु०) अनक्ति यात्यनेन करणेन, अञ्ज+अति त्वं। सवारी-अज्यते पूज्यते कर्म्मणि+अति-ब्रह्म-अ

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

अङ्गद, (न०) ३.ङ्गं दायति शोधय...
बाहुभूषण, वालिका पुत्र वानर (पु० ...
हारा (त्रि०) दक्षिण दिशाके हाथीकी ...

अङ्गना, (स्त्री०) प्रशस्तं अङ्गं अस्ति यस्याः, ...
च्छे अङ्गोंवाली स्त्री-स्त्रीमात्र-उत्तर दिशाके हाथ...

अङ्गनाप्रिय, (पु०) प्री+क, अङ्गना+प्रिय ६ ...
शोकवृक्ष (उसके फूलसे स्त्रीलोग अपने अङ्गोंको ...
षित कर्तीहैं) जो कुछ स्त्रियोंको प्रिय हो । (त्रि०).

अङ्गपालिका, (स्त्री०) अङ्गं देहं पालयति, अङ्गपालि+ण्वुल् । दाई नामसे प्रसिद्ध उपमाता । अङ्गपालन करनेहारी.

अङ्गमर्द, (पु०) अङ्गं मर्द्दयति, अङ्ग+मर्द्द+णिच्+अच् ६ त० । शरीर दबानेहारा सेवक-मुट्ठीचापी करनेहारा. अङ्गोंको मलनेहारा. (त्रि०).

अङ्गमर्दिन्, (पु०) अङ्गं मर्द्दयति, अङ्ग+मर्द्द+णिच्+णिनि ६ त० । मुट्ठीभरनेहारा सेवक-अङ्गोंको मर्द्दन करनेहारा.

अङ्गरक्षणी, (स्त्री०) अङ्गं रक्ष्यतेऽनया, अङ्ग+रक्ष्+ल्युट्+ङीप् । अंगरखानामी वस्त्र । अङ्गोंको बचानेहारा (त्रि०).

अङ्गराग, (पु०) अङ्गं रज्यतेऽनेन, अङ्ग+रञ्ज+करणे घञ् । अङ्गलेप-केसर-चन्दन-आदि.

अङ्गराज, (पु०) अङ्गेषु तन्नामकदेशेषु राजते, राज्+क्विप् ७ त० । अङ्गदेशका राजा कर्ण.

अङ्गव, (न०) अङ्गे स्वावयवे वाति अन्तर्भवति अतिशोषणात् संकुचिताङ्गमिव भवति, अङ्ग+वा+ड । जो अपने अङ्गोंमेंही सिकुड़ जाय-सूका फल.

अङ्गविकृति, (पु०) वि+कृ+क्तिन्, अङ्गस्य विकृतिश्चालनादि यस्मात् ५ ब० । मृगीनाडानामी मिरगी रोग, अङ्गोंका विकार.

अंगविक्षेप, (पु०) वि+क्षिप्+घञ्, अंगस्य विक्षेपः चालनं यत्र ब० । अंगुली आदि विन्यासके भेदसे तीस प्रकारका नृत्य ६ त० । अंगोंका हिलाना मात्र ।

अंगवैकृत, (न०) विकृतस्य भावः, विकृत+अण्, अंगेन अंगचेष्टया वैकृतं हृदयभावो ज्ञायते यत्र बहु० । हृदयके भावको कथन करनेहारी अंगोंकी चेष्टा-बतावा ६ त० । अंगका विकार.

अंगसंस्कार, (पु०) अंगं संस्क्रियतेऽनेन, अंग+सम्+कृ करणे घञ् । देहको संशोधन करनेहारा स्नान-आटे आदि चूर्णसे अंगोंको मलना-वटना मलना । अंगं संस्करोति, अंग+सम्+कृ कर्त्तरिं अण् ६ त० । केसर आदि.

...ंगहार, (पु०) अंगं ह्रियते चाल्यतेऽत्र. अंग+हृ+आधारे घञ् अंगुली आदि विन्यासके भेदसे ३० प्रकारका नाच । ...भावे घञ् ६ त० । अंगका हरण.

...ाङ्गिभाव, (पु०) अंगस्य अंगिनश्च भावः । गौण और ...ल्य भाव-बडे छोटेका ...

अ...
सब प्र...
चिकित्साशा...

अङ्गारकमणि, (अश्म...

अङ्गारधानिका, (स्त्री०) ...
ङ्गार+धा+आधारे ल्युट् टित्वा...
(हसन्ती-अंगीठी).

अङ्गारपरिपाचित, (न०) अंगारे प...
पच्+स्वार्थे णिच्+क्त । कवाब-पक्वमांस.

अंगारपुष्प, (पु०) अङ्गारमिव लोहितवर्णं पु...
जिंयापुतिनामी वृक्ष-इङ्गुदीवृक्ष.

अङ्गारमञ्जरी, (स्त्री०) अङ्गारमिव रक्तवर्णा मञ्जर...
ब० करौंजानामी वृक्ष, करञ्जवृक्ष.

अङ्गारबली, (स्त्री०) अङ्गारमिव रक्तफलत्वात् रक्त...
कुञ्चनामी गुञ्जालता-करञ्जवृक्ष. [राधारपात्र-अंग...

अङ्गारशकटी, (स्त्री०) अङ्गारस्य शकटी ६ त० । अ...

अङ्गारि, (स्त्री०) अङ्गार मत्वर्थे ठन् पृषोदरादित्वा...
कलोपः । अंगीठी-अङ्गाराधारपात्रविशेष.

अङ्गारिका, (स्त्री०) अङ्गारं विद्यतेऽस्याः, अङ्गार+मत्वर्थे ठन् टाप् (अङ्गारपात्र-अंगीठी).

अङ्गारिणी, (स्त्री०) अङ्गार+इनि । अंगीठी.

अङ्गारित, (पु०) अङ्गारमिवाचरति, अङ्गार+क्विप्+ततः कर्तरि क्तः । पत्तेकी कलीका निकलना । अङ्गारं करोत्यर्थे णिच्+क्तः । जलाहुआ (त्रि०).

अङ्गिका, (स्त्री०) अङ्गं आच्छादयति, अङ्ग+इनि+क+स्त्रियां टाप् (आङ्रखा) अंगरक्खा नामी कञ्चुकवस्त्र-अङ्गी.

अङ्गिन्, (त्रि०) अङ्ग+इनि । प्रधान-अङ्गोंवाला-देहवाला...

अङ्गिरस्, (पु०) अङ्ग+असि डिरागमः । एक ऋषि-ब्रह्म...
मुखसे उत्पन्न हुआ पुत्र-इसे यज्ञका पति और देवताओं...
पुरोहितभी कहा है.

अङ्गीकार, (पु०) अनङ्गं अस्वकीयं अङ्गं क्रियते, ...
च्वि+कृ+घञ् मानलेना-कबूलकरना-अभ्युपगम कर...

अङ्गीकृत, (त्रि०) अङ्ग+च्वि कर्म्मणि क्तः । स्वीका...
गया-मानागया.

अङ्गुरि, (स्त्री०) (स्त्री०) अङ्ग...

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri

CC-0. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized by eGangotri